महामहोपाध्याय

# गौरीशंकर हीराचंद ओझा

के करकमलों में

उन के ७०वें वर्ष की पूर्ति के उपलक्ष में
उन के देश विदेश के मित्रों, सहयोगियों और शिष्यों के
ये अनुशीलन

अनेक मंगल-कामनाओं के साथ

**समर्पित**

११ चैत्र, सं० १९९०
२३वाँ हिन्दी साहित्य सम्मेलन, दिल्ली

# प्राक्कथन

यह ओझा-अभिनन्दन-ग्रन्थ सर्व-साधारण, विशेषत हिन्दीमर्मज्ञ जनता, के सम्मुख उपस्थित करने में मुझे वर्णनातीत हर्ष हो रहा है। मेरे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित मित्र महामहोपाध्याय रायबहादुर पण्डित गौरीशंकर हीराचन्द जी ओझा ने हिन्दी एवं विद्वत्ता की जो कुछ प्रकाण्ड सेवा की है वह केवल हिन्दी-संसार ही क्यों वरन भारतीय एवं योरोपीय विद्वन्मण्डली को भी भली भाँति विदित है। उस का बहुत-कुछ परिचय इस ग्रन्थ-रत्न के अवलोकन से सूक्ष्मरीत्या मिल जायगा और यह भी प्रकट होगा कि विद्वानों में ओझा जी का कैसा मान है। मेरे सभापतित्व में दिसम्बर १६३२ में जो अखिलभारतीय हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन की बैठक ग्वालियर में हुई उस अवसर पर यह प्रस्ताव पास हुआ कि ओझा जी की आयु के ७० वें वर्ष की पूर्ति के उपलक्ष्य में सम्मेलन के अगले अधिवेशन पर उन्हें भारतीय और विदेशी विद्वानों के सहयोग से एक अभिनन्दन-ग्रन्थ भेंट किया जाय। उक्त ग्रन्थ के आयोजन और सम्पादन के लिए सम्मेलन ने छः सज्जनों की एक उपसमिति नियुक्त की जिस के संयोजक का काम प्रोफ़ेसर जयचन्द्र जी विद्यालंकार को दिया गया।

विद्यालंकार जी ने इस महत् कार्य्य में किस योग्यता और उत्साह से काम किया इस का परिचय मुझे इस कारण से बहुत-कुछ हो सका कि सम्मेलन के तत्कालीन सभापति के नाते से प्राय. समस्त साल भर बरन कुछ अधिक समय तक अपीलों, पत्रों इत्यादि पर मुझे निरन्तर हस्ताक्षर करना पड़ा और कभी कभी मैंने उन में कुछ अपनी ओर से भी बढ़ा देने की धृष्टता की। हर्ष का विषय है कि जैसे एतद्देशीय एवं विदेशी विद्वानों ने इस ग्रन्थ के लिए उत्तमोत्तम और महत्त्व-पूर्ण लेख भेजे वैसे ही राजा-महाराजाओं के साथ अनेक धनी-मानी मनुष्यों तथा सर्वसाधारण ने भी अच्छी आर्थिक सहायता की, जिस से ग्रन्थ समय पर आप लोगों की सेवा में उपस्थित हो सका। कहना न होगा कि यदि हमारे रईस एवं अन्य धनी भाई कुछ विशेष उदारता से तथा अधिक सख्या में आर्थिक सहायता करने की अनुकम्पा दिखाते तो कार्यकर्त्ताओं को समय समय पर कुछ भी कष्ट उठाना न पड़ता। अस्तु, जैसे-तैसे काम चल ही गया और हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के पिछले (दिल्ली वाले) अधिवेशन के अवसर पर (जिस में मैं भी उपस्थित था) श्रीमान् ओझा जी के कर-कमलों में इस ग्रन्थ की एक प्रति समर्पित की जा सकी। पं० जयचन्द्र जी विद्यालंकार भी वहाँ थे और उन्हों ने अपनी वक्तृता में ग्रन्थ के उपस्थित करने में जो कुछ कठिनाइयाँ पड़ी थीं तथा उस में कौन कौन विशिष्ट बातें हैं इन का रोचक वर्णन किया।

किन किन विद्वानों ने इस ग्रन्थ के लिए कौन कौन से, किन विषयों पर लेख दिये इस के विशेष वर्णन की आवश्यकता नहीं क्योंकि पाठक-गण उसे आप ही देख लेंगे। मैं समझता हूँ कि मित्रवर ओझा जी के उत्कट पाण्डित्य, पुरातत्त्व-ज्ञान एवं व्यक्तित्व का ही यह फल है कि हिन्दी, बँगला, मराठी, गुजराती,

इंडिया, आसमिया, सिंहली, मलयालम, फ़ारसी, अँगरेज़ी, जर्मन, अमेरिकन, आइरिश, फ्रेंच, स्वीड तथा रूसी विद्वानों ने ऐसे ऐसे उत्कृष्ट लेख दे कर इस ग्रन्थ-रत्न की शोभा बढ़ाई है। इन के विषय बहुत गम्भीर हैं एवं ढंग गवेषणा-पूर्ण और महत्त्वगर्भित हैं। वैदिक एवं पिछले प्राचीन काल से ले कर वर्तमान समय तक की बातें इस में आई हैं और अवश्य ही इन के अवलोकन से हिन्दी रसिकों की ज्ञान-वृद्धि होगी। जैसी कि आशा की जा सकती थी यह ग्रन्थ वास्तव में हिन्दी-भण्डार का एक बड़ा ही देदीप्यमान रत्न होगा और सभी हिन्दी-रसिकों को इस का ध्यानपूर्वक पठन एवं मनन करना चाहिए। "को बड छोट कहत अपराधू" के भय से हम किसी लेखक अथवा लेखविशेष का विशिष्ट वर्णन करना उचित नहीं समझते। ग्रन्थावलोकन से पाठकों को इस का भान आप ही हो जायगा। तो भी इतना कहे बिना नहीं रहा जाता कि इस में कम से कम एक दर्जन लेख बड़े ही उच्च श्रेणी के हैं और ऐसा लेख एक भी नहीं जिस में कुछ न कुछ विशेषताएँ अथवा महत्त्व की सामग्री न हो।

जिन महानुभावों ने दान दे कर इस महत् कार्य्य में सहायता की है उन के शुभ नाम अन्यत्र मिलेंगे। इन महानुभावों की उदारता के बिना कुछ हो ही नहीं सकता था और ये हिन्दी रसिकों के विशेष धन्यवाद-पात्र हैं। इन में प्राय सर्वोच्च दान देने वाले एक दो ऐसे महापुरुष हैं जिन्हों ने इतनी उदारता दिखलाते हुए भी अपना कुछ भी पता एवं नाम तक प्रकट नहीं किया। ऐसे दानियों से भारत का शिर अब भी ऊँचा है।

ग्रन्थ सम्पादन का मुख्य काम भी श्री जयचन्द्र जी विद्यालंकार ने ही बड़ी योग्यता से सँभाला और पूरा किया। विद्वान सम्पादकों की इस ग्रन्थ के सम्बन्ध में जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी है। आप महानुभावों के उत्साह एवं निरन्तर उद्योग के बिना इस में सफलता प्राप्त होना प्रायः असम्भव हो जाता। इन्हें इस कार्य्य में जो जो सहायताएँ मिलीं एवं कठिनाइयाँ झेलनी पड़ीं उन का कुछ विस्तृत वर्णन "वस्तु-कथा" नामक सम्पादकीय भूमिका में लिखा गया है। अपनी तथा पाठकों की ओर से विद्यालंकार जी एवं अन्य सम्पादकों तथा लेखकों और सहायकों को भूरि भूरि धन्यवाद देते हुए हम इस वक्तव्य को यहीं समाप्त करते हैं।

श्यामबिहारी मिश्र
(रावराजा, रायबहादुर)
तत्कालीन सभापति हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन।

गोलागंज, लखनऊ
रविवार, ज्येष्ठ कृ० ६ संवत् १९९१,
ता० ३-६-१९३४,

# वस्तु-कथा

महामहोपाध्याय पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने अपना जीवन भारतीय इतिहास की खोज के लिए अर्पित किया है। वे हम लोगों के बुजुर्ग हैं। अपनी सब रचनायें उन्हों ने हिन्दी में ही की हैं। उन्हें एक ग्रन्थ भेंट करने का प्रस्ताव कर हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन ने एक शुभ अनुष्ठान किया। इस ग्रन्थ के द्वारा ओझा जी के अनेक मित्रों और सहयोगियों को उन्हें पत्र-पुष्प भेंट करने का अवसर मिला है। इस ग्रन्थ के सम्पादन का कार्य सम्मेलन ने हमें सौंपा। हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन (२२ वें अधिवेशन, ग्वालियर) का वह प्रस्ताव इस प्रकार था :—

"यह सम्मेलन निश्चय करता है कि प्रसिद्ध भारतीय ऐतिहासिक और पुरातत्ववेत्ता रायबहादुर महामहोपाध्याय पं० गौरीशङ्कर हीराचन्द जी ओझा की आयु के ७० वें वर्ष की पूर्ति के उपलक्ष्य में सम्मेलन के अगले अधिवेशन पर उन्हें भारतीय और विदेशी विद्वानों के सहयोग से एक अभिनन्दन-ग्रन्थ भेंट किया जाय। उस ग्रन्थ के आयोजन और सम्पादन के लिए सम्मेलन निम्नलिखित सज्जनों की एक उपसमिति नियुक्त करता है :—

१. श्रीयुत काशीप्रसाद जी जायसवाल
२. ,, दीवानबहादुर हरविलास जी सारडा
३. ,, रायबहादुर हीरालाल जी
४. ,, सरदार माधव विनायक किबे
५. ,, डा० सुनीतिकुमार चटर्जी
६. ,, प्रो० जयचन्द्र विद्यालंकार (संयोजक)।"

सम्मेलन में यह प्रस्ताव आने से पहिले भी हीरालाल, हरविलास, काशीप्रसाद और जयचन्द्र ने इस विषय पर परस्पर परामर्श किया था। सम्मेलन के प्रधानमंत्री पं० रमाकान्त मालवीय ने कार्य में बड़ी रुचि दिखलाई, इसी से यह प्रस्ताव सम्मेलन में उपस्थित हुआ। प्रस्ताव की सूचना पाने पर माधवराव किबे और सुनीति चटर्जी ने भी सहर्ष अपना सहयोग दिया।

जनवरी १९३३ में काशीप्रसाद और जयचन्द्र ने पटना में मिल कर तथा अन्य सदस्यों से पत्रों-द्वारा परामर्श कर के ग्रन्थ की योजना निश्चित की। यह निश्चय हुआ कि ग्रन्थ में केवल भारतीय खोज-विषयक लेख हों, वे लेख चाहे किसी भी भाषा में हों, और भारतीय भाषाओं के सब लेख नागरी लिपि में छापे जायँ। इस के अनुसार विद्वानों से लेख माँगे गये। देश-विदेश के विद्वानों से हमें जो सहयोग मिला, वह बहुत ही उत्साहजनक था।

जर्मनी से तीन लेख हमें इण्डिया इन्स्टिट्यूट ऑफ़ डायची एकाडमी की कृपा से प्राप्त हुए हैं, इसी प्रकार श्रीयुत दिनेशचन्द्र भट्टाचार्य का लेख वरेन्द्र-अनुसन्धान-समिति राजशाही की कृपा से। हम इन संस्थाओं के

बड़े कृतज्ञ हैं, और विशेष कर इण्डिया इन्स्टीट्यूट के मंत्री डा० प्राम्स थियरफेल्डर के। जर्मनी से आने वाले तीन लेखों में से दो अँगरेजी में थे, और उन के विषय में हमें आदेश मिला था कि उन का हिन्दी अनुवाद छापा जाय। गिरनार अभिलेख के साथ श्रोझा जी का जो पुराना चित्र दिया गया है वह श्रीयुत गिरजाशंकर नाथूलाल व्यास की कृपा से मिला है।

इच्छा रहते हुए भी बीमारी बुढ़ापे आदि के कारण कुछ विद्वान् इस कार्य में सम्मिलित न हो सके, उन्हों ने अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उन में से विशेष उल्लेखयोग्य नाम सिंहल के श्रीयुत विक्रमसिंह, इंग्लैण्ड के सर एडवर्ड गेट, सर ज्यार्ज ग्रियर्सन, डा० टर्नर, धूलिया (खानदेश) के प० श्रीधरशास्त्री पाठक, नेपाल के राजगुरु श्रीयुत हेमराज पण्डितज्यू तथा तोकियो के प्रो० गामो के हैं।

समूची समिति की बैठक कभी एक स्थान पर नहीं हुई, पर जब तब मिल कर तथा पत्रों द्वारा हम लोग इस ग्रन्थ के सम्पादन के विषय में बराबर परामर्श करते रहे हैं। जनवरी १९३३ में काशीप्रसाद और जयचन्द्र पटना में मिले, फरवरी में फिर और जयचन्द्र इन्दौर में, अप्रैल में हरविलास और जयचन्द्र दिल्ली में, मई में हीरालाल काशीप्रसाद और जयचन्द्र काशी में, सितम्बर में काशीप्रसाद और जयचन्द्र प्रयाग में, दिसम्बर में हीरालाल, काशीप्रसाद सुनीति और जयचन्द्र बड़ौदा में।

सितम्बर में प० रमाकान्त मालवीय के प्रयाग से चले जाने और हिन्दी-साहित्य सम्मेलन का कार्य छोड़ देने से कठिनाई उपस्थित हुई। उन के उत्तराधिकारियों ने ग्रन्थ के खर्च जुटाने का दायित्व लेने से इनकार कर दिया तब आगरा के अध्यापक रामरत्न जी तथा इस समिति के संचालक ने वह दायित्व अपने ऊपर लिया।

हमें आर्थिक सहायता दिलवाने को जिन सज्जनों ने विशेष उद्योग किया उन में से सीतामऊ के महाराज कुमार श्री रघुवीरसिंह जी एम० ए०, एल० एल० बी० का, जो स्वयं एक होनहार ऐतिहासिक हैं, डूँगरपुर के महाराजा साहब श्री नागेन्द्रसिंह जी का इन्दौर राज्य के प्रधान-मंत्री वजारुद्दौला रा० ब० श्री सिरेमल जी बापना बी० ए०, बी० एस-सी०, एल० एल० बी०, सी० आई० ई० का, और अजमेर के श्रीयुत किशनलाल दुर्गाशंकर दुबे तथा श्रीयुत नाथूलाल भगीरथ व्यास का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इन सब सज्जनों के प्रति हम अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं। सहायता देने वाले महानुभावों की सूची अलग प्रकाशित की जा रही है। इण्डियन प्रेस प्रयाग के मालिकों और संचालकों के भी हम अनुगृहीत हैं कि उन्हों ने रियायती दर पर हमारा ग्रन्थ छापना स्वीकार किया।

प्रेस में ग्रन्थ के सम्पादन के लिए श्रीयुत वीरसेन महता विद्यालंकार नियुक्त किये गये। प्रो० हाउअर तथा प्रो० स्टेन के लेखों के अनुवाद तथा अधिकांश लेखों के हिन्दी सार श्रीयुत वीरसेन ही के किये हुए हैं। भाषातत्व विभाग के अँगरेजी लेखों के सारों का हिन्दी अनुवाद श्रीयुत धीरेन्द्र वर्मा ने करने की कृपा की है। विभिन्न भाषाओं से नागरी लिप्यन्तर और अनुवाद करने के काम में निम्नलिखित सज्जनों और संस्थाओं ने सहायता देने की कृपा की है।

बँगला—श्री नारायणदत्त पाण्डेय, बी० ए०, प्रयाग।
श्री अमलानन्द घोष, एम० ए०, प्रयाग।
श्री जयगोपाल चट्टोपाध्याय एम० ए०, प्रयाग।

उड़िया—श्री शरच्चन्द्र पटनायक, गोरखपुर।

श्री सामन्त राय, बी० एस-सी०, प्रयाग।

सिंहली—श्री अभयसिंह परेरा, काशी।

मलयालम—दक्षिण-भारत-हिन्दी-प्रचार सभा, मद्रास।

फ़ारसी—श्री मुहम्मद नैमुर्रहमान, एम० ए०, प्रयाग।

,, मुहम्मद ग़ुलाम क़ादिर, बी० ए०, प्रयाग।

जर्मन—श्री पाउल हूगो तेओदोर तेमि, प्रयाग।

श्री क्षेत्रेशचन्द्र चट्टोपाध्याय एम० ए०, प्रयाग।

रूसी लेख का अँगरेज़ी सार लिख देने की कृपा कलकत्ता-विश्वविद्यालय के अरबी-फ़ारसी विभाग के श्रीयुत बोग्दानोव ने की है। श्रीयुत अभयसिंह परेरा, श्रीयुत नैमुर्रहमान तथा श्री अमलानन्द घोष ने सिंहल, फ़ारसी और जर्मन लेखों के प्रूफ़ देखने की भी कृपा की है।

दूसरी भाषाओं के कई उच्चारणों के लिए जो नये सर्कत हम ने नागरी में बनाये हैं, वे अभी केवल काम-चलाऊ हैं, हम उन्हें पूर्ण और परिपक्व नहीं कहते। इस अंश में और खोज तथा अध्ययन की आवश्यकता है। हमें खेद है कि फ़ारसी से नागरी में लिप्यन्तर आधुनिक जीवित फ़ारसी उच्चारण के अनुसार नहीं हो सका, प्रत्युत फ़ारसी के भारत में प्रचलित उच्चारण के अनुसार हुआ है। श्रीयुत नैमुर्रहमान की सहायता यदि हमें पहले मिल गई होती तो यह त्रुटि न रहने पाती। बँगला और आसमिया से नागरी लिप्यन्तर करने में उन भाषाओं की लिखावट का अनुसरण किया गया है न कि उच्चारण का। किन्तु इस सम्बन्ध में सुनीति चटर्जी ने निम्नलिखित नियम बना दिये थे—

(१) तद्भव शब्दों में—

'य' के बजाय 'ज' और 'व' के बजाय 'ब' लिखा जाय, जैसे 'याइब' के बजाय 'जाइब', 'याय' के बजाय 'जाय'।

(२) तद्भव भाव-वाची शब्दों के अन्त में 'या' के बजाय 'आ' लिखा जाय, जैसे 'याओया' के बजाय 'जाओआ'।

इन अंशों में बँगला और आसमिया का नागरी लिप्यन्तर उच्चारणानुसार किया गया है।

समिति के मंत्री का ध्यान ख़र्च जुटाने में लग जाने से तथा आर्थिक सहायता आने में देर होने से, ग्रन्थ के सम्पादन में अनेक त्रुटियाँ रह गई हैं। हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन की तरफ से छपाई आदि का प्रबन्ध बहुत देर में होने के कारण लेखकों के पास प्रूफ़ भेजने को समय नहीं रहा। जनवरी १९३४ के अन्त में प्रेस के साथ प्रबन्ध हो पाया और वास्तविक छपाई ५ मार्च से शुरू हुई। २५ मार्च को ग्रन्थ दिल्ली में ओझा जी को भेंट किया जाने को था। इस दौड़-धूप में छपाई की बहुत भूलचूक रह गई, जिस के लिए हमें अत्यन्त खेद है। हमें विशेष कर उन लेखकों से क्षमा माँगना है जिन्हों ने हमें प्रूफ़ भेजने का आदेश दिया था।

२४ मार्च की सन्ध्या तक ग्रन्थ के पूर्ण हो जाने का सब प्रबन्ध कर लिया गया था, परन्तु अन्तिम दिनों हमें सूचना मिली कि राजपूताना के दो तीन और राज्य ग्रन्थ की सहायता में योग देना चाहते हैं, इस लिए सहायता की सूचा और प्रस्तावना आदि छपाये बिना तथा कुछ लेखों की छपाई भी स्थगित कर के ग्रन्थ की एक

प्रति तैयार की गई और वही १२ चैत्र सं० १९९० (२६ मार्च सन १९३४ ई०) को दिल्ली में हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के २३वें अधिवेशन में ओझा जी को भेंट की गई।

इस ग्रन्थ से एक नई पद्धति स्थापित हो रही है। विभिन्नभाषी भारतीय विद्वान् अभी तक एक दूसरे की कृति अंगरेज़ी में पढ़ते हैं। परन्तु इस ग्रन्थ से प्रकट होगा कि वे अपनी-अपनी भाषा में लिखें, और उन के लेखों का केवल नागरी लिप्यन्तर कर दिया जाय तो थोड़े ही यत्न से वे एक दूसरे का अभिप्राय समझ सकते हैं। गत वर्ष के आरम्भ में जब हम ने इस शैली का प्रस्ताव किया, तभी बहुत से विद्वानों ने इस का स्वागत किया और अनेक ने स्वयं अपने लेख नागरी में लिख कर भेजे। अनेक महाराष्ट्र, बंगाली और गुजराती विद्वानों ने हिन्दी में ही अपने लेख दिए हैं। भारतीय विद्वानों में अपने विचारों के परस्पर आदान-प्रदान की यह पद्धति क्रमशः पुष्ट होती जाय तो हमारा उद्यम सफल होगा। जिन ओझा जी ने आधुनिक हिन्दी में इतिहास-ग्रन्थ लिखने की शैली पहले-पहल चलाई है, उन्हीं के सम्मान में समर्पित इस ग्रन्थ से इस नई पद्धति का सूत्रपात होना आशाप्रद और मंगल-सूचक है।

हीरालाल,<br>
हरबिलास सारडा,<br>
का० प्र० जायसवाल,<br>
मा० वि० किबे,<br>
श्री सुनीतिकुमार चटर्जी,<br>
जयचन्द्र नारङ्ग।

---

श्रीमान् हिज हाइनेस रायरायाँ महाराजाधिराज महारावलजी श्री लक्ष्मणसिंहजी बहादुर डूंगरपुर-नरेश

[ आप मेवाड़ के गुहिल राजवंश की बड़ी शाखा के प्रमुख वंशधर हैं। आप होनहार एवं साहित्य प्रेमी नरेश हैं। आपको इतिहास से विशेष अभिरुचि है। ]

# सहायता की सूची

(प्राप्ति-तिथि क्रम से)

१५०) गुप्त दान।

२००) विद्याधिकारी बड़ौदा राज्य।

५००) श्रीमान् हिज़ हाइनेस राय-ए रायान्, महारावल श्री लक्ष्मणसिंह जी बहादुर, डूँगरपुर।

२००) श्रीमान् मेजर-जनरल हिज़ हाइनेस् महाराजाधिराज राजराजेश्वरशिरोमणि महाराजा श्री सर गंगासिंह जी बहादुर, जी० सी० एस्० आई०, जी० सी० आई० ई०, जी० सी० वी० ओ०, जी० बी० ई०, के० सी० बी०, एल्-एल्० डी०, ए० डी० सी०, बीकानेर।

५०) श्रीमान् गोस्वामी श्री ब्रजभूषणलाल जी, काँकरोली, मेवाड़।

३००) श्रीमान् हिज़ हाइनेस् महाराजाधिराज राज-राजेश्वर सवाई यशवन्तराव जी होल्कर बहादुर, इन्दौर।

१२५) श्रीमान् हिज़ हाइनेस् महाराणा श्री वीरभद्रसिंह जी रणसिंह जी बहादुर, लुणावाड़ा।

५००) गुप्त दान।

२००) श्रीमान् हिज़ हाइनेस् राय-ए रायान् महारावल जी सर पृथ्वीसिंह जी बहादुर, के० सी० आई० ई०, बाँसवाड़ा।

२००) श्रीमान् हिज़ हाइनेस् महाराजाधिराज महाराणा जी सर भूपालसिंह जी बहादुर, जी० सी० एस्० आई०, के० सी० आई० ई०, उदयपुर (मेवाड़)।

३५०) श्रीमान् महाराजा रामानुजशरणसिंह जी देव, सी० बी० ई०, सरगुजा।

५०) श्रीमान् हिज़ हाइनेस् धर्मदिवाकर महाराजाधिराज महाराजराना जी राजेन्द्रसिंह जी देव बहादुर, झालरापाटन (झालावाड़)।

२५०) श्रीमान् लेफ्टिनेण्ट-कर्नल हिज़ हाइनेस् राजराजेश्वर महाराजाधिराज नरेन्द्रशिरोमणि महाराजा सर उम्मेदसिंह जी बहादुर, जी० सी० आई० ई०, के० सी० एस्० आई०, के० सी० वी० ओ०, जोधपुर (मारवाड़)।

---

# प्रतिष्ठापकों की सूची

(तिथि-क्रम से)

सूचना—प्रतिष्ठापक शुल्क २५) रक्खा गया था।

१ अध्यापक रामरत्न जी, रत्नाश्रम, आगरा।

२ पं० विश्वेश्वरनाथ रेऊ, साहित्याचार्य, अध्यक्ष पुरातत्त्व विभाग, जोधपुर (मारवाड़)।

३ रावबहादुर वासुदेव अनन्त बाम्बर्डेकर, नासिक।

४ सेठ लालचन्द्र जी सेठी, विनोद मिल्स, उज्जैन।

५ पं० हरिनारायण जी पुरोहित, बद्रीलदारों का रास्ता, जयपुर।

६ पं० शिवदत्त जी शर्मा, रेलवे क्लियरिंग आफ़िस, दिल्ली।

७ रावराजा सरदारसिंह जी बहादुर, उणियारा, जयपुर-राज्य।

८ रायबहादुर बाबू नांदमल जी जैन, चन्दननिवास, अजमेर।

९ सेठ भागचन्द जी सोनी, अनूप चौक, अजमेर।

१० दीवानबहादुर हरविलास जी सारडा, अजमेर।

११ स्व० रायबहादुर डा० हीरालाल जी, डी० लिट०, कटनी।

१२ रायबहादुर डा० सरजूप्रसाद जी तिवारी, १२ तुकोगंज, इन्दौर।

१३ रावसाहब श्री विजयसिंह जी, मसूदा-भवन, मसूदा, अजमेर-मेरवाड़ा।

१४ रावराजा रायबहादुर पं० श्यामबिहारी मिश्र, एम० ए०, १०५ गोलागंज, लखनऊ।

१५ श्रीयुत मेलाराम जी वैश्य, भिवानी, हिसार।

१६ पं० सर सुखदेवप्रसाद जी, के० टी०, सी० आई० ई०, प्राइम मिनिस्टर, उदयपुर, मेवाड़।

१७ रायबहादुर बाबू श्यामसुन्दरदास जी, भेलूपुर, काशी।

१८ बा० दुर्गाप्रसाद जी खेतान, ४३ अकरिया स्ट्रीट, कलकत्ता।

१९ श्रीयुत गांगेय नरोत्तम शास्त्री, गांगेय-भवन, नं० १२ आशुतोष दे लेन, चितरञ्जन एवेन्यू नार्थ, कलकत्ता।

२० राजा जी साहेब श्री अमरसिंह जी, बनेड़ा, मेवाड़।

२१ श्रीयुत बाबू शिवप्रसाद जी गुप्त, सेवा-उपवन, नगवा, काशी।

२२ राय रामचरण जी अग्रवाल, एम० ए०, एल्-एल्० बी०, रईस, बड़ी कोठी, दारागंज, प्रयाग।

२३ श्रीयुत बेनीप्रसाद जी अग्रवाल, एम्० ए०, एल्-एल० बी०, कटरा, इलाहाबाद।

२४ सरदार माधव विनायक किबे, सरस्वतीसदन, इन्दौर।

---

# विषय तालिका



## विभाग १ वेद, अवेस्ता, प्रागैतिहासिक

## विभाग २ पिछला प्राचीन काल



## विभाग ३ मध्य काल

## विभाग ४ अर्वाचीन काल



## विभाग ५ अभिलेखों, मुद्राओं, लिपि तथा प्राचीन पोथियों का अनुशीलन

## विभाग ६, ललित कला



## विभाग ७, मानुषविज्ञान, जनविज्ञान



## विभाग ८, भूवृत्त

## विभाग ९ भाषातत्त्व



## विभाग १०. वैयक्तिक



---

## चित्र-सूची

# संक्षेप और संकेत

## (१) नये अक्षर-चिह्न

अ़ = फ़ारसी ऐन को प्रकट करने के लिए।

ऍ = ह्रस्व एकार।

ॆ = ह्रस्व एकार की मात्रा।

ॅ = हिन्दी 'ऐ' का उच्चारण, जैसा "जैसे" शब्द में। ै का वास्तविक उच्चारण "अइ" सा होता है, न कि "अय" सा, हिन्दी शब्दों में हम उसे "अय" सा बोलते हैं, और इस ग्रन्थ के हिन्दी अंश में भी उस का उसी उच्चारण के लिए प्रयोग हुआ है। किन्तु अन्य भारतीय भाषाओं में ै का उच्चारण "अइ" सा है, इसलिए हिन्दी 'ऐ' उच्चारण को ॅ से प्रकट किया गया है।

ॊ = ह्रस्व ओकार।

च़ = "च" का "स" में ढलता हुआ उच्चारण।

झ़ = जैसा फ़ारसी पझ़ या अंग्रेज़ी लेझ़र (leisure) में।

## (२) ग्रन्थ-निर्देश-विषयक

अथ० = अथर्ववेद।

अ० हि० = विन्सेंट स्मिथ कृत अर्ली हिस्टरी आफ़ इंडिया।

आप० = आपस्तम्ब धर्मसूत्र।

आ० स० इं० = आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ़ इन्डिया, ऐन्युअल रिपोर्टें।

आ० स० प० भा० = आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ वेस्टर्न इंडिया (पश्चिमी भारत की आर्कियोलॉजिकल सर्वे रिपोर्टें)।

आ० स० रि० = कनिंघम कृत आर्कियोलाजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया की रिपोर्टें।

इं० आ० = इंडियन आण्टिक्वेरी।

इं० हि० क्वा० = इंडियन हिस्टोरिकल क्वार्टर्ली।

ऋ० = ऋग्वेद।

ए० इं० = एपिग्राफ़िया इंडिका।

उप० = उपनिषद्।

ऐ० ओ० = ऐक्टा ओरटेलिया।

ऐत० ब्रा० = ऐतरेय ब्राह्मण।

क० इं० सि० सू० = कैटलॉग ऑफ़ कॉइन्स इन इंडियन म्यूज़ियम, कलकत्ता (कलकत्ता-संग्रहालय सिक्का-सूची)।

ज० अ० ओ० सो० = जर्नल ऑफ़ दि अमेरिकन ओरियंटल सोसाइटी।

ज० ए० सो० ब० = जर्नल ऑफ दि एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल।

ज० बं० रा० ए० सो० = जर्नल ऑफ दि बम्बई ब्रान्च ऑफ़ दि रॉयल एशियाटिक सोसाइटी।

ज० बि० ओ० रि० सो० = जर्नल ऑफ़ दि बिहार ऐंड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी।

ज० रा० ए० सो० = जर्नल ऑफ़ दि रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ ग्रेट ब्रिटेन ऐंड आयरलैण्ड।

जैमि० ब्रा० = जैमिनीय ब्राह्मण।

तै० आ० = तैत्तिरीय आरण्यक।

ना० प्र० प० = नागरी-प्रचारिणी-पत्रिका।

पु० = पुराण।

प्रा० ध० म० = सैक्रेड बुक्स ऑफ़ दि ईस्ट (प्राच्य-धर्म-ग्रन्थमाला)।

बौ० = बौधायन धर्मसूत्र।

बं० ग० = बबई गजेटियर।

भा० अ० स० = कॉर्पस् इंस्क्रप्शनम् इंडिकेरम् (भारतीय अभिलेख-समुच्चय)।

भा० भा० प० = लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (भारतीय भाषा-पड़ताल)।

मनु० = मनुस्मृति।

म० भा० = महाभारत।

मा० पु० = मार्कण्डेय पुराण।

वा० पु० = वायु पुराण।

वि० पु० = विष्णु पुराण।

शत० = शतपथ ब्राह्मण।

साधारणतः वे ही संकेत बर्ते गये हैं जो 'भारतीय इतिहास की रूपरेखा' में हैं। युरोपीय भाषाओं के संकेत सुपरिचित हैं।

# भारतीय अनुशीलन

# १

# वेद, अविस्ता, प्रागैतिहासिक

# हमारा वैदिक तथा आधुनिक प्रचलित पञ्चाङ्ग

## (तीन संशोधन)

प्रिंसिपल गोविन्द सदाशिव आपटे, एम्० ए०, बी० एस्-सी०, गणकचूडामणि, सुपरिंटेंडेंट,
श्री जिवाजी वेधशाला, उज्जयिनी।

(१) वैदिक काल में जिस पञ्चाङ्ग के अनुसार हमारे पूर्वज चलते थे, अर्थात् जिस के आधार पर यज्ञयागादि सर्व धर्मकृत्य करते थे, उसे वेदाङ्ग-ज्योतिष कहते हैं। इस मे यजुर्वेद-काल में ऋक्-काल की अपेक्षा तेरह श्लोक अधिक थे। कुल श्लोक ४९ हैं। ये सब अङ्कमय हैं। अतः कम से कम आज से ३३०० वर्ष पूर्व उन का जो स्वरूप रहा होगा उस में कई स्थानों मे परिवर्तन अवश्य हुआ है। यहां तक कि मूल शब्दों का केवल अनुमान करना पड़ता है। वेदाङ्ग-ज्योतिष के समय उत्तरायण की प्रवृत्ति सूर्य के धनिष्ठा मे आने पर होती थी, ऐसा यजुर्वेद-ज्योतिष श्लोक ६ मे लिखा है। इस आधार पर भारतीय ज्योतिर्विद् शङ्कर बालकृष्ण दीक्षित तथा लोकमान्य बाल गङ्गाधर तिलक जैसे विद्वानों ने वेदाङ्ग-काल शकपूर्व लगभग १४०० या १५०० वर्ष माना है। खींच-खांच कर बहुत होगा तो वह शकपूर्व ११०० वर्ष पर्यन्त आ सकता है। किन्तु इस से आधुनिक नहीं हो सकता। इस वेदाङ्गज्योतिष-काल में वर्षमान ३६६ दिन का मानते थे। तथा ५ वर्षों के अनन्तर तिथि नक्षत्र जैसे के तैसे ही आते थे। ऐसा उन का गणित था। ५ वर्षों मे दो अधिक मास मानते थे। उस पञ्चाङ्ग की आधुनिक पञ्चाङ्ग से तुलना करने के लिए निम्न लिखित अङ्क दिये जाते हैं।

| सौर-चान्द्र-चक्र | वेदाङ्ग-काल मे ५ वर्ष | | तथा वर्तमान में १९ वर्ष | | है |
|---|---|---|---|---|---|
| पाँच वर्षों की दिन-संख्या | ,, | १८३० | ,, | १८२६ १८ | ,, |
| ६२ चान्द्रमासों के दिन | ,, | १८३० | ,, | १८३० ८९ | ,, |
| पांच सौर वर्षों में चान्द्रमास | ,, | ६२ | ,, | ६१ ८४ | ,, |
| पांच सौर वर्षों मे तिथि | ,, | १८६० | ,, | १८५५ २६३ | ,, |

इतना अन्तरित पञ्चाङ्ग दीर्घ काल पर्यन्त चलना अशक्य है। तब क्या इस अन्तर को हमारे पूर्वज पुराण-प्रियता के हठ से सैकड़ों हजारों वर्ष पर्यन्त यों ही बढ़ने देते थे, अथवा जो स्थिति बारम्बार प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होती थी उस के अनुसार उपरोक्त मानों में सुधार करते थे? यह हम को देखना है।

काल-महिमा से इन ४९ श्लोकों मे जो पाठान्तर आ गए हैं उन का यथार्थ ज्ञान कर के सुसङ्गत अर्थनिष्पत्ति करने के लिए कई विद्वानों ने प्रयत्न किया है। स्वयं सोमाकर की इन श्लोकों पर टीका है। इस में साधारणतः

आधे से अधिक श्लोकों का अर्थ मीमाकर से नहीं लगा है। ई० स० १८७९ में डॉक्टर थीबो ने यह प्रयत्न किया। उन से ६ श्लोकों का अर्थ मीमाकर से अधिक लगा। आगे सन् १८८४ में जनार्दन बालाजी मोडक ने और दो तीन श्लोकों का अर्थ लगाया। सन् १८९६ में शङ्कर बालकृष्ण दीक्षित ने और ८ श्लोकों का व्याख्यान किया। उस के अनन्तर १९०७ में यू० पी० के एक एंजिनियर लाला छोटेलाल ने, बार्हस्पत्य नाम धारण कर के अपनी टीका-टिप्पणी के साथ सब श्लोकों का अँगरेजी भाषान्तर प्रकाशित किया, और सन् १९१४ में अपनी पुस्तक ज्योतिषवेदाङ्ग लोकमान्य तिलक के पास समालोचना के लिए भेजी। वह उन को मांडले की बन्दीशाला (जेल) में मिली। लाला छोटेलाल ने जो १०,१७ श्लोक लगाये थे उन पर तिलक महाशय ने अपनी टिप्पणी लिख कर उन्हें दी। सन् १९१८ में, जब मैं पूना में फर्ग्युसन में था, तिलक महाशय ने प्रकाशित करने से पहले अपनी टिप्पणी देखने के लिए मेरे पास भेजी। मैंने अपनी टिप्पणी लिख कर लोकमान्य को दे दी। उन में से आधे भाग पर उन की मेरे साथ चर्चा भी हुई और शेष भाग के ऊपर उन्हों ने 'फुरसत में बातचीत करेंगे, फिर आओ' ऐसी आज्ञा दी। किन्तु दुर्भाग्य से फिर दूसरी बैठक न हुई और चर्चा का काम अधूरा ही रहा। फलस्वरूप लोकमान्य के पुत्रों ने अपने पिता की टिप्पणी जैसी की तैसी ही प्रकाशित कर दी। मैं ने अपनी टिप्पणी के आधार पर यह संशोधन-निबन्ध लिखा है। सन् १९०८ में पं० सुधाकर द्विवेदी ने "याजुष ज्योतिष" करके अपनी टीका समेत एक पुस्तक और छपवाई है। उन्हों ने भी उस में सभी श्लोकों का अर्थ दिया है।

इतने प्रयत्न होने पर भी उन ४९ श्लोकों में कई स्थान अद्यापि बाद्ग्रस्त हैं। पर मैं समझता हूँ तो भी इस बात का पता हम को चल सकता है कि दीर्घ काल तक वह पञ्चाङ्ग-पद्धति कैसे चली और प्रस्तुत पद्धति उस पद्धति से किस प्रकार सम्बद्ध है।

यजुर्वेदज्योतिष में लिखा है—

दुहेयं पर्व चेत्पादे पादस्त्रिंशत्तु सैकिका ।
भागात्मनाऽपवृज्यांशान् निर्दिशेदधिको यदि ॥१७॥

इस श्लोक का प्रथम चरण थोड़ा ध्यान देने लायक है। उसी के ऊपर मेरा संशोधन निर्भर है। उस का आपातत जो अन्वय नजर आता है सो यों है 'पर्व पादे चेत् दुहेयम्'। किन्तु इस में दुहेयम् पद दुर्बोध है। यह दुह धातु का कोई रूप नहीं, क्योंकि यह धातु अदादिगण का होने से उस का दुग्राम् रूप होगा, न कि दुहयम् और आर्ष समझ कर उस रूप को यदि ठीक मान भी लिया जाए तो उस से कोई अर्थ नहीं लगता। इस से यह अनुमान निकालना चाहिए कि दुहयम् यह किसी अन्य शब्द का अपभ्रष्ट रूप है। कई प्रकार का कल्पना करने के बाद लोकमान्य तिलक ने शुहेयम् यह पाठ सूचित किया और वह मुझे भी बहुत पसन्द आया। किन्तु उस से लोकमान्य तिलक ने जो अर्थ निकाला है[1], वह मुझे मान्य नहीं। युहेयम् इस का सीधा अर्थ 'एक दिन का त्याग करना चाहिए' ऐसा है। और वह कब? इस का उत्तर पर्व चेत् पादे में है। यानी पर्व की समाप्ति यदि पाद अर्थात् नक्षत्र के चरण पर हो तब। पाँच वर्षों का यह पञ्चाङ्ग मध्यम मानों से बनाया हुआ है। मन्दफल इत्यादि संस्कार उन दिनों में अज्ञात थे। वैदिक पञ्चाङ्ग का कोष्ठक दीक्षित महाशय ने अपने भारतीय ज्योतिष में दिया

१ दे तिलक—वैदिक क्रोनोलॉजी एंड वेदाङ्ग ज्योतिष (पूना १९२५), पृ० ८९—९१।

हैं[1]। उस पर दृष्टि डालन से व्यक्त होता है कि वेदाङ्ग-काल में युग[2] के पाँचों वर्षों के पृथक् पृथक् नाम क्रम से सवत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर, अनुवत्सर और इद्वत्सर थे। इन में परिवत्सर की वैशाख-पूर्णिमा, इदावत्सर के अधिक श्रावण की अमावास्या, अनुवत्सर की कार्तिकी पूर्णिमा और इद्वत्सर की श्रावण अमावास्या, ये चार पर्व ऐसे हैं जा नक्षत्र के चरणों के अन्त पर ही समाप्त हाते हैं। नक्षत्र-चरण ३१ अशों का होता है क्योंकि **पादः त्रिंशत् तु सैकिका** ऐसा श्लोक के द्वितीय चरण में लिखा है (त्रिंशत्=३०, सैकिका=एक से युक्त)। जैसे हम आजकल नक्षत्र की ८०० कला मानते हैं उस प्रकार की गणना उन दिनों नहीं थी। वे एक पञ्चवर्षी युग में ६२ चान्द्रमास एवं ६७×२=१३४ पर्व (पक्ष) मानते। सूर्य १२४ पर्वों में २७×५=१३५ नक्षत्र भ्रमण करता है। एक पक्ष में $\frac{१३५}{१२४}$=१$\frac{११}{१२४}$ नक्षत्र हुए। अर्थात् १ पक्ष में सूर्य १ नक्षत्र और १२४ अशों में ११ अश और अधिक चला। इस प्रकार नक्षत्र के पूरे अश १२४ माने जाते हैं। हर एक पक्ष में ११ के हिसाब से ३१ वें पर्व के अन्त में $\frac{३१\times११}{१२४}$=२$\frac{९३}{१२४}$ यानी ९३ अश होते हैं। इसी प्रकार ६७ वें पर्व के अन्त में १८६ अश यानी ६७ अश, ९३ वें पर्व मे ३१ अश और १२४ वें पर्व के अन्त में १२४ अश होते हैं, अथवा इन पर्वों के समाप्ति-काल में क्रम से नक्षत्र का ३ रा, २ रा, १ ला तथा ४ था चरण पूर्ण होता है। इन चारों समयों पर १ दिन त्यागने की आज्ञा है। श्लोक में पादे यह एकवचनान्त प्रयोग है तथापि जातिदर्शक एकवचन का प्रयोग व्याकरणसम्मत है। अर्थात् पादे का अर्थ 'प्रथम पाद के अन्त में', 'द्वितीय पाद के अन्त में' इत्यादि समझना चाहिए। १२४ में से और किसी पर्व के अन्त में ३१ या ३१ के किसी पट के बराबर अश नहीं आ सकते। इसलिए ५ वर्ष के चक्र में यानी ४ पर्वान्त पर एक एक दिन छोडना चाहिए। इस प्रमाण से पाँच वर्षों में चार दिन छोड़े जाते थे। उपरोक्त श्लोक ऋग्वेदज्योतिष में न होने से यह ज्ञात होता है कि आरम्भ में यह बात कि इस प्रकार ४ दिनों का त्याग करना चाहिए, ध्यान में नहीं आई थी, किन्तु जब आई तब आचार्यों ने पुराण प्रिय न होते हुए यजुर्वेद-काल में उन का त्याग किया। इस का परिणाम स्पष्टतया ऐसा हुआ कि ५ वर्ष में स्थूल मान से जो ४ दिन अधिक मानते थे उन का छोडने से चान्द्र और सौर मान का मेल ठीक बैठने लगा। आरम्भ में इस की आवश्यकता ज्ञात होने का कारण यह मालूम होता है कि गणितागत विषुवदिन नहीं मिलते थे। ३० घटी-पात्रों के समय में दिन पूरा होना चाहिए किन्तु जब कभी प्रारम्भ में २०,२५ वर्षों में विषुव दिन में २० दिनों का अन्तर पड़ा होगा तब सशोधन करना आवश्यक हुआ होगा।

तीसरे तथा चौथे चरण का अन्वय ऐसा होता है —'यदि अधिक तर्हि अशान् भागात्मना अवपृज्य निर्दिशेत्'। इस अन्वय में मैंने मूल श्लोक के **अधिरः** के स्थान में **अधिकाः** इतना पाठान्तर किया है। क्योंकि उस से अर्थ सुलभ और विशद होता है। इस अन्वय से यह अर्थ व्यक्त होता है कि प्रत्येक पर्व के अन्त मे समाप्त होने वाले नक्षत्र के अश यदि अधिक (यानी १२४ अश से अधिक) हों, तो नक्षत्र के भागों का जो आत्मा यानी १२४ अशों का समुच्चय हो, उस को अवपृज्य यानी घटा कर शेष जो अश बचें उन्हें ही गणक को यानी (उस काल के) पञ्चाङ्ग-कर्त्ता को बता देना चाहिए। उदाहरणार्थ १२ वें पर्व की समाप्ति पर यदि कोई उस से पूछे तो

---

१ द० श० बा० दीक्षित—भारतीय ज्योतिः शास्त्र या भारतीय ज्योतिषा चा प्राचीन आणि अर्वाचीन इतिहास (पूना बुधवारपेठ १८८६) पृ० ७०-७८।

२ तिथि नक्षत्र आदि के एक पूरे चक्कर का नाम युग है; अर्थात् एक के बाद दूसरे युग में वे फिर पहले की तरह ही लौटते हैं।

१३७ अंश हुए हैं यह न कह कर उसे १३२ में से १२४ घटा कर बाकी ८ अंश ही बताने चाहिए। ताकि प्रश्नकर्ता यह जान ले कि दिन घटाने का समय अभी नहीं आया। अर्थात् १२४ से घटाने के व्यतिरिक्त पर्वान्त नक्षत्र-पाद की समाप्ति पर होता है या नहीं इस का पता सुलभता से नहीं लग सकता। दीक्षित ने १२४ पर्वों की समाप्ति के समय के नक्षत्रांश दिये हैं। उन को देखने से यह अर्थ सुलभता से व्यक्त हो सकता है।

पाँच सौर वर्षों के दिन १८२६ होने चाहिए, उन के स्थान में वेदाङ्ग-ज्योतिषकार ने १८३० माने हैं। किन्तु वस्तुस्थिति से मिलान के लिए चार दिन का त्याग किस प्रकार करते थे यह ऊपर बतलाया है, इस युक्ति से सौरवर्ष की शुद्धि हो गई। किन्तु ६२ चान्द्र मासों के दिन १८३० के स्थान में १८३१ होने चाहिए थे, इस के लिए कौन-सी योजना की जाती थी यह समझना आवश्यक है। वह योजना भी यजुर्वेद ज्योतिष के उपरिनिर्दिष्ट श्लोक के अनन्तर एक श्लोक छोड़ कर दूसरे श्लोक में दी है।

स्यु पादोर्ध्वं त्रिपद्यायास्त्रिद्व्यकेऽह्न कृते स्थिता. ।
साम्येनेन्दोस्तृणोऽन्यंतु पञ्चकाः पर्वसम्मिता ॥१४॥

मैंने एक हस्तलिखित पोथी प्राप्त की थी। उस में इस श्लोक के प्रथमार्ध में स्थितम् पद था। उस में थोड़ा परिवर्तन कर के मैंने स्थिता: ऐसा पाठ माना है। इस में इस श्लोक का अन्वय इस प्रकार हो सकता है। 'पादोर्ध्वं, त्रिपद्याया अह्न कृते त्रिद्व्यके पादा इन्दो स्तृण साम्येन स्थिता स्यु। अन्यं तु पञ्चका पर्वसम्मिता (इति मन्यन्त)।' इस में त्रिपद्या का अर्थ प्रतिपदा तथा स्तृ का अर्थ नक्षत्र होता है, इतना ध्यान में रखना चाहिए। यह रखने पर उपरोक्त श्लोक का अर्थ निम्नलिखित निष्पन्न होता है।

यजुर्वेद-ज्योतिष श्लोक १७ के अनुसार नक्षत्र-पाद के अन्त में पर्व-समाप्ति होने के अनन्तर जो प्रतिपदा आवेगी उस तिथि के विषय में तीसरा, दूसरा, पहला, यानी तीनों पादों के लिए जिस नक्षत्र के सान्निध्य में चन्द्रमा प्रत्यक्ष होगा उसी नक्षत्र के तुल्य उस दिन का नक्षत्र समझना चाहिए (न कि तिथिपत्रों में लिखा हुआ, यदि वह भिन्न हो)। प्रतिपदा का चौथा पाद कुछ कर्मों के लिए निषिद्ध माना गया है। इस कारण जो विशुद्ध तीन पाद हैं, उन्हीं के उपलक्ष में प्रतिपदा को त्रिपदा कहते हैं। कई अन्य आचार्यों के मतानुसार प्रतिपदा के चारों पाद और उस के निकट का पूर्णिमा का अन्तिम पाद इन पाँचों के लिए पर्वान्त के समय प्रत्यक्ष दिखने वाला चन्द्र-नक्षत्र मानना चाहिए, यह एक मतान्तर है। तथापि इतनी बात स्पष्ट है कि नक्षत्र-पादों पर समाप्त होने वाले पर्व आते ही उन दिनों के लिए गणितागत नक्षत्र का त्याग कर आकाश में जो नक्षत्र चन्द्र के पास नज़र आवे उसी नक्षत्र के ग्रहण करने की आज्ञा है। इस का वस्तुत तो यह आशय समझना चाहिए कि ऐसे मौकों पर दृग्गोचर नक्षत्र को मान कर उसी के अनुसार आगे चलते थे। अब भी हम देखते हैं कि चन्द्रमा का मध्यम गणितागत स्थान तथा स्पष्ट स्थान इन में सदैव अन्तर रहता है, और यह अनियत है। उस का जानने के नियम उन दिनों में अज्ञात थे। तथापि यागकर्ता ऋत्विजों की यह इच्छा अवश्य थी कि उस दिन का कर्म आकाश में जो नक्षत्र प्रत्यक्ष हो उसी पर होना चाहिए, और उस इच्छा के अनुसार वे क्या प्रयत्न करते थे, उस का कथन इस श्लोक में है। चन्द्र का गणित थोड़ा जटिल है। उस में बहुत संस्कार करने पड़ते हैं, आधुनिक आविष्कारों से तो चन्द्र के ४० तक संस्कार हैं, जिन को किये बिना वह ठीक दृग्गोचर नहीं होता। कोई १०,१२ संस्कार करते हैं, कोई ८,६ करते हैं। किन्तु कम से

कम पाँच तो अत्यन्त आवश्यक हैं। उनके संस्कार न करें तो महत्व नहीं मिलते। वेदाङ्ग-काल में तो इन में से एक भी संस्कार ज्ञात न होने से हमारे आचार्यों ने प्रत्यक्ष नक्षत्र को ही देखने की प्रथा डाली थी। गणित की रीतियों में वे सुधार न कर सके। किन्तु इस में कोई सन्देह नहीं कि वे प्रत्यक्ष फल से काम लेते थे; ६२ चान्द्रमासों के वे १८३० दिन मानते थे। उन मे एक दिन कम आता था। वह अन्तर इस युक्ति से उन्हों ने हटाया। इस उपाय से चान्द्रमास दिन-संख्या की शुद्धि हो गई।

आचार्यों ने सौरमान शुद्ध किया तथा चान्द्रमान भी शुद्ध किया। किन्तु पाँच सौरवर्षों में ६२ चान्द्रमास मानते थे उस में ग़लती रही। वास्तव मे ६२ के स्थान मे ६१.८४ मानना चाहिए था। इस का अर्थ यह है कि पाँच वर्ष में सौरमास ६० मानते थे तथा चान्द्रमास दो अधिक लेते थे अथवा इस गणित से ९५ वर्ष में ३८ अधिक मास मानते थे। इस में तीन मास अधिक लेते थे। यह तीन मास का अन्तर निकाल डालने के लिए ९५ वर्ष में तीन क्षयमास मानने पड़ते हैं। अथवा स्थूलतः ३२ वर्ष मे एक क्षयमास मानना चाहिए। इन दो मार्गों में से आचार्य कौन-से मार्ग का अवलम्बन करते थे यह हम नहीं कह सकते, किन्तु गणित-शुद्धि के लिए क्षयमास मानते थे इस मे सन्देह नहीं, क्योंकि आगे भारत काल मे इन क्षयमासों का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। भारत शान्तिपर्व मोक्षधर्म में लिखा है कि—

> क्षयं संवत्सराणां च मासानां च क्षयं तथा।
> पक्षक्षयं तथा दृष्ट्वा दिवसानां च संक्षयम ॥ अ० ३०१।

इस श्लोक मे दिवस, पक्ष, मास तथा वर्ष इन सभी का क्षय लिखा है। दिन के क्षय के प्रसङ्ग श्लोक १२ मे ज्ञात होते हैं। कभी प्रति पञ्च-वर्षी युग में चार दिनों का क्षय मानने की विस्मृति हुई तो २० वर्ष मे एक पक्ष के त्याग करने का प्रसङ्ग आता ही होगा। मास का क्षय प्रति ३२ वर्ष में मानना अनिवार्य हुआ था सो ऊपर बतलाया ही है। परन्तु क्षय-वर्ष का कोई विचार हमने अब तक नहीं किया है। आधुनिक आविष्कार ऐसा है कि १९ वर्ष मे चन्द्र तथा सूर्य क्रान्तिवृत्त मे अपने पूर्व स्थान पर आते हैं, और फिर उसी पर्याय का प्रारम्भ होता है। वेदाङ्ग-ज्योतिष के स्थूल नियम से पाँच वर्ष में एक पर्याय, अथवा २० वर्ष में चार पर्याय मानते थे। वस्तुतः वह चार पर्यायों का एक बड़ा पर्याय १९ वर्ष में मानना चाहिए। उसी के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव था। इस कारण प्रत्यक्ष स्थिति से मेल करने के लिए २० वर्ष मे १ वर्ष का त्याग करना पड़ता था। इस गणित से हम समझ सकते हैं कि उपरोक्त श्लोक में जो संवत्सर का क्षय लिखा है वह यथार्थ था। ऋग्वेद-काल मे इतनी सूक्ष्मता ध्यान मे नहीं आ सकी। किन्तु उस काल के आचार्यों ने इतना अवश्य जाना था कि पाँच वर्षों से कुछ दिन का क्षय मानना चाहिए। इसी कारण ऋग्वेदज्योतिष में ५ वाँ श्लोक इस प्रकार का लिखा है :—

> स्वराक्रमेते सोमार्कौ यदा साकं सवासवौ।
> स्यात्तदादियुगं माघस्तपः शुक्लो दिनं त्यज ॥५॥

यद्यपि ऋग्वेदकाल में दिन, मास तथा संवत्सर का कौन कौन-से प्रसङ्ग पर त्याग करना चाहिए इस का ज्ञान नहीं हुआ था, तथापि कुछ दिनों का त्याग न करें तो पञ्चाङ्ग का प्रत्यक्ष से मेल नहीं बैठता इतना तो तत्कालीन आचार्यों ने माना था।

सारांश यह है कि वेदकालीन परम्परा से वर्तमान काल पर्यन्त यदि हम इतिहास का विचार करें तो यह स्पष्ट होता है कि आवश्यकतानुसार वे आचार्य और ज्योतिषी अपने गणित में सुधार करने के लिए उद्यत थे। आधुनिक काल में पाश्चात्य राष्ट्रों के पञ्चाङ्ग विषयक इतिहास के परिवर्तन पर यदि दृष्टि दी जाय तो भी यह व्यक्त होता है कि ईसवी सन् १५८२ में तेरहवें पोप ग्रेगरी ने आज्ञापत्र निकाला था कि उक्त वर्ष के अक्टोबर की ४थी तारीख के दूसरे दिन १५ ता० माना जाय। इस आज्ञापत्र के अनुसार कई देशों के पञ्चाङ्ग में परिवर्तन हुआ। स्वयं इंग्लैंड में भी पार्लियामेन्ट की आज्ञा से सन् १७५२ के सितम्बर महीने में ता० २ के दूसरे दिन ता० १४ माना गई[1]। इस विषय में संसार में किस प्रकार प्रगति हो रही है इस पर यदि हम ध्यान दें तो हम लज्जित होना चाहिए कि हम सूर्य सिद्धान्त के काल से आज तक अपने वर्षमान में प्रतिवर्ष ८॥ पल अधिक मानते आये और इस कारण जो ४ दिन सञ्चित हुए हैं उन का त्याग करने की हमारी सम्मति नहीं है। हमें महाराष्ट्र में आजकल जिसे तिलक पञ्चाङ्ग कहते हैं उसी का स्वीकार करना उचित है। चन्द्रादि ग्रहों के सम्बन्ध में जो आविष्कार नये हुए हैं,* जिन का हमें आकाश में प्रत्यक्ष अनुभव होता है, हमें अपने आधुनिक प्रचलित पञ्चाङ्ग में उन का संशोधन कर लेना चाहिए।

(२) हमारा वर्तमान पञ्चाङ्ग वेदाङ्ग ज्योतिष से किस प्रकार सिद्ध हो सकता है इस का विवरण मैं ने अपनी पुस्तक में दिया है[2]। इस लिए उस की पुनरुक्ति यहाँ करना अनावश्यक है।

(३) अन्त में ऋग्वेदाङ्ग ज्योतिष के १९ वें श्लोक के विषय में मैंने जो संशोधन किया है उसे विद्वानों की सेवा में उपस्थित करता हूँ। इस श्लोक को कई संशोधकों ने दुर्बोध समझ कर छोड़ दिया है, तथा अन्य विद्वानों ने जो उस का अर्थ किया है वह मेरे मत से आक्षेपार्ह है।

श्रविष्ठाभ्यां गुणाऽभ्यस्तान् प्राग्विलग्नान् विनिर्दिशेत् ।
सूर्यान् मासान् षडभ्यस्तान् विद्याच्चान्द्रमसान् ऋतून् ॥

इस श्लोक का उत्तरार्द्ध सुलभ सा दिखता है किन्तु पूर्वार्द्ध के अर्थ का कुछ पता नहीं चलता। मैं समझता हूँ मेरे लगाये हुए अर्थ में कुछ सुबोधता है।

पूर्वार्द्ध का गुणाभ्यस्त पद एक दुर्भेद्य चट्टान-सा ज्ञात होता है। मैं उस का काठिन्य इस प्रकार शिथिल करता हूँ। अभ्यस्त का अर्थ है गुणा हुआ। जब गुण शब्द का प्रयोग संख्या सूचित करने के लिए होता है तब उस का अर्थ 'तीन' होता है यह गणितज्ञ जानते हैं। गुणाभ्यस्त का अर्थ 'तीन से गुणा हुआ' ऐसा होता है। परन्तु यह अर्थ यहाँ पर नहीं जमता। इसलिए अभ्यस्त का मूल अर्थ क्या है यह देखना चाहिए। किसी वस्तु को बारम्बार करना इसे हम उस वस्तु का अभ्यास करना समझते हैं। जैसे किसी पाठ को बारम्बार पढ़ने से हम उसे उस पाठ का अभ्यास समझते हैं। व्याकरण में भी एक पद की पुनरावृत्ति करने की क्रिया को अभ्यास कहते हैं। उदाहरणार्थ लिट् के रूप को सिद्ध करते समय चर् धातु के प्रथमाक्षर को दुहरा कर चचार, चचर ऐसे रूप होते हैं। और

१ दि नॉटिकल एल्मनक (अंगरेजी पञ्चाङ्ग) पृ० ७२१ इ०।
२ सर्वानन्द करणम् पृ० १६२ इ०।

यहाँ पर च को अभ्यस्त किया है ऐसा कहते हैं। यानी वस्तु को दुहराना इसे उस का अभ्यास करना कहते हैं। इस नियम के अनुसार गुणाभ्यस्त का अर्थ 'तीन तीन से पुनरावृत्त होने वाला' कर सकते हैं। गुणाभ्यस्तान् यह मासान् का विशेषण है। इस लिए गुणाभ्यस्तान् मासान् इस का अर्थ 'तीन तीन के अनन्तर आने वाले मास को' ऐसा कर सकते हैं। ये 'तीन तीन मास' कहाँ से गिनने चाहिए इसे बताने के लिए श्रविष्ठाभ्याम् पद लिया है। श्रविष्ठा शब्द का अर्थ धनिष्ठा नक्षत्र है। उस का प्रयोग एकवचन में अथवा बहुवचन में होता है परन्तु इस स्थान में उसे द्विवचन में प्रयुक्त किया है। कदाचित् यह प्रमाद होगा ऐसा कोई कह सकते हैं, किन्तु मेरे विचार में यह द्विवचन हेतुपूर्वक है। वेदाङ्गज्योतिष के काल में सूर्य के धनिष्ठा पर आते ही वर्षारम्भ मानने की प्रथा थी। उस समय उदगयन अथवा प्रस्तुत समय का सायन मकरारम्भ होता था। उस के अनन्तर तीन महीनों के पश्चात् (२१ मार्च को) सूर्य मेष में आता है, और उस समय पहला अथवा वासन्तिक विषुवदिन (जिस रोज दिन और रात्रि समान होते हैं) आता है। विषुवदिन का महत्त्व वार्षिक यज्ञों में बहुत था। यह हम को तैत्तिरीय संहिता (७ ४ ८) तथा ऐतरेय ब्राह्मण (१८ १८) इत्यादि से ज्ञात होता है[1], और इसी कारण उसकी उन दिनों में बहुत प्रतीक्षा करते थे। वासन्तिक विषुवदिन से ६ महीनों के अनन्तर दूसरा विषुवदिन (सितम्बर २१ को) आता है। इस क्रम से पहले विषुवदिन से ६ महीने बीतने पर यानी दूसरे विषुवदिन के तीन महीने पश्चात् फिर उदगयनारम्भ (२२ दिसम्बर) अथवा धनिष्ठार्क होता था। अर्थात् वर्षारम्भ के धनिष्ठार्क के तीन महीने अनन्तर वासन्तिक विषुवदिन आता था। तथा वर्ष के अन्त में जो धनिष्ठार्क होता था उस के तीन महीने पहले शारद विषुवदिन होता था। इस प्रकार एक ही वर्ष के आदि तथा अन्त में होने वाले धनिष्ठार्क से तीन तीन महीनों के अन्तर पर विषुवदिन आया करते थे। अर्थात् दो धनिष्ठाओं से तीन तीन मास आगे तथा पीछे विषुवदिन की पुनरावृत्ति होती थी। जिन महीनों में विषुवदिन आते हैं वे सायन मेषार्क के तथा सायन तुलार्क के महीने होते हैं। इन महीनों के प्रारम्भ में सूर्य ठेठ पूर्व दिशा में उगता है। उस समय उस की अग्रा (उदय समय में पूर्व बिन्दु से उस का अन्तर) शून्य होती है। इस कारण उन दोनों मासों को प्राग्विलग्न अर्थात् 'पूर्व बिन्दु से लगने वाले' ऐसा कह सकते हैं। इस से यह विशद होगा कि दो धनिष्ठाओं से तीन तीन महीने पूर्व व पश्चात् पूर्व बिन्दु पर संलग्न होने वाले मास कैसे आ सकते थे। पाँच वर्षों के युग में ऐसे १० मास आते थे इसी कारण से पञ्चवार्षिक पञ्चाङ्ग के लिए "मासान्" यह बहुवचनात्मक प्रयोग यथार्थ है। तस्मात् प्रथमार्द्ध का अन्वय अब इस प्रकार बैठता है —श्रविष्ठाभ्यां गुणाभ्यस्तान् (मासान्) प्राग्विलग्नान् विनिर्दिशेत्। संक्षेप में शब्दशः इस का अर्थ यह है —'दो धनिष्ठाओं से तीन मास पहले तथा अनन्तर पुनरावृत्त होनेवाले मासों को पूर्व दिशा में लग्न मास बता देना चाहिए'। एंजिनियर लाला छोटेलाल ने 'गुण' का अर्थ ८ किया है, और उस का कारण यह दिया है कि धनिष्ठा के आगे आठवाँ नक्षत्रपुंज कृत्तिका का होता है और कृत्तिका नक्षत्र का उदय ठीक पूर्व दिशा में होता है ऐसा शतपथब्राह्मण में लिखा है। इस कल्पना से इस श्लोक का अनुवाद वे इस प्रकार करते हैं "श्रविष्ठा से आठवाँ नक्षत्र कृत्तिका होता है और वह प्राग्विलग्न भी है"। हमारा इस पर यह आक्षेप है कि इस से

[1] दे० भा० ज्यो० पृ० ३८,४७,४८।

अभ्यस्त पद का अर्थ ठीक नहीं बैठता तथा प्राग्विलग्नान इस पुल्लिंगी द्वितीयान्त पद को नक्षत्रान् इस अध्याहृत पद का विशेषण मानना पड़ता है। किन्तु नक्षत्र शब्द नपुंसक होने के कारण यह कल्पना अग्राह्य है। व्याकरण के नियम को तोड़ने का दोष इस में स्पष्ट है। इस के अतिरिक्त और भी एक न्यूनता है। *वह यह है कि श्रविष्ठाभ्याम् इस द्विवचन का इस में थोड़ा भी समर्थन नहीं* है, तथा गुण शब्द का अर्थ 'आठ' करने के लिए गणितशास्त्र में कहीं भी आधार नहीं। वेदकाल (शकपूर्व ३००० वर्ष) में कृत्तिका ठीक पूर्व दिशा में उदित होती थी यह सच है; परन्तु वेदाङ्गकाल में यह स्थिति कैसी रही इस प्रश्न का उत्तर आपने कहीं भी नहीं दिया है। इन कारणों से उन का किया हुआ अर्थ मान्य नहीं हो सकता।

पण्डित सुधाकर द्विवेदी ने उपरोक्त कारणों से लाला छोटेलाल की कल्पना नापसद की और मूल श्लोक में *"श्रविष्ठाभ्यो गणाभ्यस्तान् प्राग्विलग्नान् विनिर्दिशेत्। स्वार्शान् मासान् षडभ्यस्तान् इत्यादि"।* इस प्रकार बहुत परिवर्तन कर के जो अर्थ किया है वह यह है—"गण यानी नक्षत्रगण अथवा २७, इस से, श्रविष्ठा का उदय होने से इष्ट काल पर्यन्त तक में नक्षत्रों के अंश को गुणने से पूर्व बिन्दु पर उदित होने वाले नक्षत्र के अंश मिलते हैं।" इस अर्थ के विरुद्ध बड़े बड़े आक्षेप हो सकते हैं। श्रविष्ठाभ्यां के स्थान में श्रविष्ठाभ्यः यह पाठभेद किसी भी पोथी में नहीं मिलता, न किसी अन्य पण्डित ने सूचित किया है। तीसरे चरण में स्वार्शान् यह पाठभेद भी नया है। गुण के स्थान में गण माना है और उस का अर्थ भगण अथवा नक्षत्रों की संख्या यानी. २७ किया है। धनिष्ठा प्रतिदिन जब कभी उदित होती है उस समय से इष्ट काल पर्यन्त जो सावयव नक्षत्र बीतते हैं उन्हें २७ से गुणने को कहा है। अर्थात् धनिष्ठोदय से इष्ट काल कितना व्यतीत हुआ यह नक्षत्रांश से ज्ञात कर लेना चाहिए।

किन्तु वह काल और उस काल में भुक्त होने वाले अंश अथवा नक्षत्रांश किस रीति से निकालने चाहिए इस का नियम वेदाङ्गज्योतिष में कहीं भी लिखा हुआ नहीं है, तथा इस अर्थ में भांशान् पद का पूर्णतया अध्याहार करना पड़ता है, और वह मुख्य है। जो अर्थ इतनी खींचातानी से किया गया है वह ग्राह्य नहीं हो सकता। लोकमान्य तिलक ने भी उस को अपनी सम्मति नहीं दी।

श्लोक के उत्तरार्द्ध का अन्वय इस प्रकार हो सकता है —सूर्यान् मासान् षडभ्यस्तान् चान्द्रमसान् ऋतून् विद्यात्। इसका अर्थ यह है—'पञ्चसंवत्सर युग में जितने सौरमास होते हैं उन्हें ६ से गुणने से चान्द्रऋतुओं की संख्या का ज्ञान होता है।' किन्तु इस अर्थ के अनुसार इस श्लोकार्द्ध से पाँच सौरवर्ष में कितनी चान्द्रऋतुएँ हुई इस का ठीक ज्ञान नहीं होता। क्योंकि पाँच वर्षों में सौरमास ६० होते हैं। उन को ६ से गुणा करने से ३६० चान्द्रऋतुएँ होती हैं। वास्तव में जब चन्द्रमा का नक्षत्रों में एक पर्याय होता है तब उस को ६ ऋतु मान सकते हैं। परन्तु पाँच वर्ष में चन्द्रमा के ६७ पर्याय होते हैं, अर्थात् ६७ × ६ = ४०२ चान्द्रऋतुएँ होती हैं यानी ४२ ऋतुएँ अधिक होती हैं। यह अन्तर उपेक्षणीय नहीं है। तथापि यह सत्य है कि ये ४०२ ऋतुएँ ६,६ ऋतुओं के पर्याय से अपने को पुनरावृत्त करती हैं। और इस अर्थ को निकालने के लिए षडभ्यस्त का अर्थ '६,६ के पर्याय से जिन की पुनरावृत्ति होती है' ऐसा समझ सकते हैं। इस अर्थ में असत्यता का तथा व्याकरण के नियमों के विरुद्ध होने का दोष नहीं है।

इतना संशोधन कर के मैं यह अवश्य कहूँगा कि वेदाङ्गज्योतिष का पूर्णतया अर्थ अब तक लगा नहीं है, किन्तु, प्रत्येक प्रयत्न दूसरे संशोधन का मार्गदर्शक होता है इस नियम के अनुसार आशा है मेरा यह अल्प प्रयत्न भी भविष्य में और संशोधकों को लाभदायी होगा। वह आशा सफल हो तथा जिन महामहोपाध्याय पं० गौरीशङ्कर हीराचन्द जी ओझा के पुण्य प्रताप से यह संशोधन प्रसिद्ध करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है वे दीर्घायु हो कर सुखी रहें ऐसी प्रार्थना कर के इस निबन्ध को समाप्त करता हूँ।

---

## व्रात्यसमस्या और अथर्ववेद का १५वाँ काण्ड*

(प्रो० डा० हावर, त्युबिंगेन विद्यापीठ, जर्मनी)

अथर्ववेद का १५ वाँ काण्ड वैदिक वाङ्मय की सब से कठिन पहेली समझी जाती है। हमारे प्रमुख संस्कृतज्ञों को इस के बारे में अत्यन्त क्षुद्रतासूचक बातें कहनी पड़ी हैं[1]। प्रो० लैन्मन ने इस के महत्त्व को थोडा-बहुत पहिचाना है। ह्विटनी के अनुवाद पर अपनी प्रारम्भिक टिप्पणी से उन्हों ने लिखा है कि, 'इस में दीखते वाले लडकपन और अस्पष्टता रहते भी यह काण्ड अनुशीलन के अनुपयुक्त नहीं'।[2] जब से मुझे पहले पहल इस में योग के कुछ आरम्भिक तत्त्वों का पता लगा[3], मैं इस दुर्बोध प्रबन्ध का बार बार परिशीलन करता रहा हूँ।

ध्यानपूर्वक विवेचन के बाद मुझे स्पष्टतया विदित हो गया कि यह प्रबन्ध प्राचीन भारत के ब्राह्मणेतर आर्य-धर्म को मानने वाले व्रात्यों के उस बृहत् वाङ्मय का कीमती अवशेष है जो प्राय: लुप्त हो चुका है[4]।

अपनी पुस्तक दे र व्रा त्य ० में मैंने बताया है कि व्रा त्य शब्द व्र त से व्युत्पन्न हुआ है, जिस का अर्थ है व्र त (=पुण्य-कार्य) में दीक्षित मनुष्य या मनुष्यों का समुदाय। यह ब्राह्मणों के दी क्षि त का ठीक प्रतिवाचक है; ब्राह्मणों के यहाँ ब्राह्मण को सर्वोत्तम दीक्षित कहा गया है। इसी कारण मतपरिवर्तन के बाद जब व्रात्यों ने ब्राह्मण-धर्म स्वीकार किया तो ये लोग ब्राह्मण वर्ण में लिये गये। व्रात्य लोग असल में उस निधर्मी सम्प्रदाय के पूज्य व्यक्ति थे, जिस का प्रधान देवता रुद्र था। शुरू में ये लोग अद्भुत वेश वाली टोलियों में घूमने वाले धर्मगुरु और जादूगर थे, जिन की कई श्रेणियाँ थीं और अपना एक अलग ही पवित्र ज्ञान था; और बाद में एकाकी योगी और सिद्ध जो अपने गुप्त ज्ञान और पवित्र अनुष्ठानों का खजाना लिये देश में घूमते फिरते।

व्रात्यों का अधिदेव रु द्र - ई शा न - म हा दे व, जिस ने भ्रमण कर के सब पदार्थों के आरम्भ में विश्व का सृजन किया, स्वय भी व्रा त्य या ए क व्रा त्य कहाता। और जैसा कि बृ ह त्स र्वा नु क्र म णी में माना है, अथर्ववेद का १५ वाँ काण्ड इस अनादि व्रात्य का ही एक स्तुतिपरक प्रकरण है। उस में इस का यों बखान है—अध्यात्मकं मन्त्रोक्तदेवत्या उत व्रात्यदैवतम्। यह व्रात्य लौकिक व्रात्य की सनातन प्रतिमूर्ति है।

---

* इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ् ड्यूश एकाडेमी, म्युन्शन (जर्मनी) की कृपा से प्राप्त।

१. मिलाइए, ब्लूमफील्ड—दि अथर्ववेद ऐंड गोपथ ब्राह्मण (ग्रुन्ड्रिस देर इन्दोईरानिश् फिलालॉजी अन्द् अन्तरतुम्सकुंदे—हिन्द-ईरानी आर्य खोज का विश्वकोष) ९४; रुडाल्फ रॉथ कृत अथर्ववेद का जर्मन अनुवाद (पाण्डुलिपि—त्युबिंगेन विद्यापीठ, जर्मनी, के पुस्तकालय में)। २. ह्विटनी—अथर्व संहिता जि० २, पृ० ७७०।

३. दी अनफैंग देर योगप्राक्सिस इम आलतन इंडियन पृ० १७२ प्र। ४ हावर—देर व्रात्य उंतरसुशिंगनऑवर दी निश्त ब्राह्मानिश रेलीजिओन आलतइंडियन्स्, जि० १, स्तुतगर्त, १९२७ (आगे संक्षिप्त—देर व्रात्य०)।

यह काण्ड लगभग दो समान भागों में विभक्त है। प्रथम अनुवाक १—७ सूक्तों तथा द्वितीय अनुवाक ८—१८ सूक्तों का है। इन में पहला अनुवाक तो सुसम्बद्ध और सम्पूर्ण है; उस में व्रात्य का वर्णन आदिदेव-रूप में तथा उस की उत्पादक चेष्टाओं के साथ है। दूसरा अनुवाक मेरी राय में व्रात्य अनुश्रुति के विभिन्न अंशों का सङ्कलन है। ८ और ९ सूक्त जिन में राजन्य की उत्पत्ति का विषय है एक स्वतन्त्र भाग है; तथा वैसे ही १०—१३ सूक्त भी जिन में अकेले व्रात्य के पृथ्वी-विचरण का वर्णन है; सूक्त १४—१७ में व्रात्य के श्वास-प्रश्वास को विश्व की धारक शक्ति बताया है; और अन्त में सूक्त १८ वें में उस का वर्णन विश्व-पुरुष के रूप में है।

इन सूक्तों की साहित्यिक शैली पर्यायों की है। यह सिद्ध किया जा सकता है कि व्रात्य रचनाओं की शैली मुख्यतः यही थी। ये भजन हैं, जो कि वैदिक साहित्य के वर्णवृत्तों की योजना में नहीं बैठते (यद्यपि बृहत्सर्वानुक्रमणी में उन्हें बैठाने का जतन किया गया है)। तथापि इन में छन्दों की सी गति लगातार विद्यमान है, और शब्दों का अनुपात रखने की स्पष्ट प्रवृत्ति है।

पहले सूक्त में सब पदार्थों के उद्भव का वर्णन है। वह यों चलता है—

१. (आरम्भ आरम्भ में) व्रात्य घूम रहा था। उस ने प्रजापति को प्रेरित किया[1]।

२. उस ने प्रजापतिरूप में सुवर्ण को अपने में देखा। उसे जना (प्राजनयत्)।

३. वह एक हो गया। वह माथे का ललाम (तिलक) हो गया। वह महत् हुआ, ज्येष्ठ हुआ, ब्रह्म हुआ, सृजने वाली गर्मी (तप) हुआ, सत्य हो गया और इस प्रकार प्रकट हुआ (प्रजायत)।

४. वह उद्दीप्त हो उठा, वह महान् हो गया, महादेव बन गया।

५. वह देवताओं के ईश्वरत्व को लाँघ गया, ईशान हो गया।

६. वह एकव्रात्य हो गया। उस ने एक धनुष उठा लिया, वही इन्द्रधनुष है।

७. उस का पेट नीला, पीठ लाल है।

८. नीले से ही वह अप्रिय भ्रातृव्य को आवृत (प्र-ऊर्णु) करता है; लाल से ही विद्वेषी को बींधता है। ब्रह्मवादियों का यह कहना है।

यहाँ आदिदेव को व्रात्य कहा गया है। व्रात्य-देवविदों ने सब पदार्थों के मूल और एक-मात्र कारण की कल्पना पृथ्वी पर पुण्यात्मा व्यक्ति-विशेष के रूप में की थी, जैसे कई बार आदिदेव को पहला ब्राह्मण (ज्येष्ठ ब्राह्मण, अथ० १०.७ १७) कहा जाता है। इन महात्माओं का परिभ्रमण और अनुष्ठान पृथ्वी पर सभी सचेष्ट शक्ति का कारण था। अतः सनातन और सर्वोत्तम व्रात्य को भी सब पदार्थों का मूल कारण कल्पित करना और यह सोचना कि उस के परिभ्रमण से विश्व की प्रसुप्त कार्योत्पादक शक्तियाँ जाग उठीं, कोई दूर की या कठिन बात न थी। कहना होगा कि ब्राह्मणों के तप और यज्ञ की तरह यहाँ व्रात्यों के पुण्य कार्यों को ही देवत्व प्रदान किया गया और मूल कारण माना गया। व्रात्य के इस देवत्व का प्रमाण यह सूक्त ही नहीं—जैमिनीय ब्राह्मण २.२२२ में भी ईशान का, जिस का वहाँ वायु से एकत्व माना गया है, स्वरूप एकव्रात्य[2] बताया है। जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण ३.२१ में वायु को, जो कि विश्वदेव है तथा अन्य सब देवता जिस की नाना

[1] 'व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापतिं समैरयत्।' परन्तु पैप्पलादसंहिता में "व्रात्यो वा इदमग्र आसीत्" यह पाठ है।

[2] हेर व्रात्य० पृ० २६।

अभिव्यक्तियाँ मात्र हैं, व्रात्य, एकव्रात्य, अकृत, सब देवों की योनि (निज) और (विकास की) चरमावधि[1] कहा है। प्रश्नोपनिषद् २ ११ में सर्वोच्च देवता के लिए कहा गया है,—"हे प्राण, एकर्षि, विश्व के भोक्ता, तुम ही एक-मात्र असल स्वामी व्रात्य हो।"[2] अतः वैदिक काल में किसी न किसी एकेश्वरवादी या एकराजेश्वरवादी सम्प्रदाय की अनुश्रुति अवश्य रही होगी, जिस के अनुसार परमेश्वर वायु-ईशान, व्रात्य था। हम इसे ब्राह्मण धर्म के मुकाबले में व्रात्य धर्म कह सकते हैं। केवल सामवेदीय और आथर्वणिक वाङ्मय में ही यह अनुश्रुति सुरक्षित है, अन्यथा ब्राह्मणों के सारे वाङ्मय से इस व्रात्य धर्म की पृथक् सत्ता के चिह्नों को चुन चुन कर नष्ट कर दिया गया है।

*प्रजापति, जो कि आदि व्रात्य के प्रजनक पर्यन्त से प्रेरित हो कर प्रकट होने वाला प्रथम दैवी* सत्ता है, जैमि० ब्रा० में सहायक देवता है, जो कि एकव्रात्य को त्यागने वाले व्रात्यों को शरण देता है। पर हमारे पहले सूक्त में प्रजापति आदिव्रात्य की सृष्टि है। अतः यह उस समय रचा गया होगा जब कि प्रजापति व्रात्यदेव के मुकाबले में प्रधानता हासिल करने की स्पर्धा कर रहा था और व्रात्यों के बहुत से प्रमुख नेता उस की तरफ हो गये थे। ये ही वे लोग थे जो व्रात्यस्तोमों द्वारा ब्राह्मण वर्ग में ले लिये गये थे। यह सूक्त श्रद्धालु व्रात्यों की तरफ से अपने पुरखों के देवता के प्रति किए गए इस विद्रोह का जवाब था। वे प्रजापति की तथा तपः, एकम् आदि ब्राह्मणों के अन्य विचारों की उपेक्षा न कर सके, पर उन्हों ने उन को व्रात्यदेव का आश्रित बना दिया, जिस ने कि उन्हें उत्पन्न किया। ब्राह्मणों के देवताओं और सिद्धान्तों के साथ ही उन्हों ने अपने परम्परागत ललाम[3], महत्, महान् आदिक को भी रक्खा। "सुवर्णमात्मन्नपश्यत्, तत् प्राजनयत्" यह वाक्य बड़े ही महत्त्व का है, क्योंकि सुवर्ण के स्थान में हिरण्यगर्भ बदल कर यह सारा वाक्य लगभग इसी रूप में व्रात्य अनुश्रुति से सम्बद्ध एक उपनिषद् ने यों दुहराया है,—यो देवानां प्रभवश्च उद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वम्।[4] मेरे विचार में यह अप्रजनित सुवर्ण ही पिछले सांख्यों का अव्यक्त प्रधान या प्रकृति है, जिस में से व्यक्त (संसार) का विकास होता है। व्रात्य अनुश्रुति के एक दूसरे[5] सूक्त में त्रिगुणवाद की तरह यहाँ हम पिछले सांख्यों की बहुत-सी परिभाषाओं—महत्, महान्, आदि का मूल भी पाते हैं।

इस सूक्त का, जिसे मैं व्रात्यकाण्ड में सब से अर्वाचीन समझता हूँ, रचनाचातुर्य इस से प्रकट है कि अव्यक्त सुवर्ण से व्यक्त पहली परम्परा जिस का अन्त महत् पर होता है, सब नपुंसकलिङ्ग वस्तुओं की है, तब दिव्य पुरुष-सत्ताओं की दूसरी परम्परा आरम्भ होती है जिस का अन्त एकव्रात्य पर होता है। वह व्रात्यों के चामत्कारिक धनुष-स्थानीय ज्या-हृड को उठाता है और उस से सारे विरोधियों को चीर डालता है और तब अपने विश्व भ्रमण का आरम्भ करता है, जिस का सूक्त २ में वर्णन है।

---

१ दे॰ व्रात्य० २०७।

२ दे॰ व्रात्य० ३१०।

३ ललाम शैवों के साम्प्रदायिक चिह्न पुण्ड्र का पर्याय है। कालाग्निरुद्र नामक एक सारी की सारी उपनिषद् इसी पुण्ड्र के विराट स्वरूप के वर्णन में लिखी गई है।

४ श्वेत० ३ ४ २।

५ अथ० १० ८ ४३।

सूक्त १ में एक बड़ी कठिनाई है जिस की उपेक्षा नहीं की जा सकती। मंत्र ६ का एकव्रात्य आदिव्रात्य की अन्तिम अभिव्यक्ति है। अन्त में मि० उ प० भा० की तरह हमारे इस सूक्त में ये दोनों एक नहीं। इस विरोध का कारण यह है कि यह सूक्त आदिव्रात्य से प्रकट होने वाली एक परम्परा स्थापित करना चाहता है; जिस से कि आदिव्रात्य को इस प्रकार हर एक अव्यक्त पदार्थ से परे, देवगाथाओं के क्षेत्र से अलग, एक अध्यात्म-पुरुष के रूप में माना गया है। इस प्रकार विश्वपुरुष व्रात्य की पुरानी परम्परागत देवगाथायें, जो २—८ तथा १४—१८ सूक्तों में हैं, आदिव्रात्य के एकाकी स्वरूप से मेल नहीं खातीं। अतः इन सूक्तों का मुख्य विषय व्रात्यों के देवगाथाओं में कल्पित मुखिया एकव्रात्य को बना दिया गया है, यद्यपि मूल प्रसंग व्रात्य का ही था[1]। इसी से पिछले वाङ्मय में व्रात्य और एकव्रात्य को एक माना गया है। सो ठीक भी है, क्योंकि ये एक ही सत्ता के दो विभिन्न रूप हैं।

२—७ सूक्तों में विश्वपुरुष व्रात्य के भ्रमण और कर्मकाण्ड का वर्णन है, जो कि लौकिक व्रात्य के नमूने पर है। इन सूक्तों में दो मूल कल्पनायें हैं। पहली कर्मकाण्ड-सम्बन्धी, अर्थात् लौकिक व्रात्य के पर्यटन तथा उस के पवित्र अनुष्ठान, इन में प्रधान कर्म महाव्रत है, जैसा कि मैंने अपनी पुस्तक दे र व्रा त्य ० (पृ० २४६ प्र) में दिखाया है। दूसरी विश्वरचनाविषयक, अर्थात् विश्व का भ्रमण करने वाला आदिव्रात्य वा यु है, जिसे हम भारतीय हे र्मे स (Hermes) या ओ दि न (Odin) कह सकते हैं। इन दोनों कल्पनाओं का समन्वय इन सूक्तों में हुआ है, और जैसे लौकिक महाव्रत की परिसमाप्ति वर्षा, अन्न और भूमि का उपजाऊपन आदि विश्व की पोषक शक्तियों की उत्पत्ति से होती है, ठीक वैसे ही पहले अनुवाक के अन्त और दूसरे के आरम्भ में ये शक्तियाँ प्रकट हो कर पृथ्वी और द्युलोक में अपना कार्य आरम्भ कर देती हैं। निस्सन्देह हम कह सकते हैं कि प्रथम अनुवाक के ये सूक्त एक प्रकार से सृ ष्टि - म हा व्र त का वर्णन करते हैं, जिस में मुख्य पात्र सनातन व्रात्य है। यही विचार १४ वें सूक्त में, जिस में कि विश्वपुरुष व्रात्य की सवारी द्वारा दिव्य शक्तियों का अवतार होता है, तथा १५—१७ सूक्तों में भी जहाँ कि व्रात्य का उच्छ्वास-प्रश्वास संपूर्ण विश्व की प्राण-धारक क्रिया के रूप में वर्णित है, है। सृजनेवाली शक्ति के रूप में चमत्कारी उच्छ्वास-प्रश्वास महाव्रत का एक मुख्य अङ्ग था।

दूसरा सूक्त ४ गद्यों में विभक्त है जिन में से हर एक फिर ७ गद्यावसानन में विभक्त है। पहला गद्य यों है—"वह (विश्व-व्रात्य) उठ खड़ा हुआ, वह पूर्व दिशा को चला (=अनुव्यचलत्), बृ ह त् र थ न्त र आ दि त्य और सब देवता (=विश्वेदेवा) उस के पीछे चले। ऐसे विद्वान व्रात्य की जो बुराई करता है, *बृहत् रथन्तर आदित्य और विश्वदेव सब से अपने को जुदा कर लेता है।* जो यों जानता है, वह बृहत् रथन्तर आदित्य और विश्वदेवों का प्रेम-पात्र (=प्रियधाम) हो जाता है। पूर्व में इस व्रात्य की श्रद्धा रखैल (=पुंश्चली), मंत्र भाट (=मागध), विज्ञान वस्त्र, दिन पगड़ी (=उष्णीश) रात्रि केश, दोनों पीले (=हारीतौ) गोले सूर्य चाँद दो अलंकार (कुण्डल), भूत और भविष्य आगे पीछे चलने वाले दो अनुचर (=परिष्यन्दौ), मन वाहन (=विपथ) मातरिश्वा (=मातरिश्वा) और हाँक (=पवमान) खींचने वाले (=विपथवाहौ), तूफान सारथी, बगूला (=वातूल) चाबुक (=प्रतोद), कीर्ति और यश चावदार (=पुर सरौ) हैं। जो यह जान उसे कीर्ति और यश मिलता है।"

[1] मि० अथ० ३.१५ प्र, १८ ।

चारों गण इसी तरह हैं। उन में व्रात्य चारों मुख्य दिशाओं में भ्रमण करता है। हर एक दिशा में उस का मार्ग भिन्न है, तथा देवता साम और हर दिशा में अनुसरण करने वाली अन्य शक्तियाँ विभिन्न हैं। यहाँ विश्वव्रात्य के साथी सामान आदि सब वही हैं जो धर्मानुष्ठान के लिए देश में घूमने वाले लौकिक व्रात्यों के। जैसे ऋ० १० ८५ में सूर्या के विवाह में उस के वस्त्र सामान सखियाँ आदि अंशों सूक्तों व अन्यान्य प्राकृतिक व दैवी सत्ताओं को बनाया गया है, वैसे ही यहाँ विश्व-व्रात्य के। दूसरी तरफ एक छायामयी तुलना द्वारा लौकिक व्रात्य के साथी सामान आदि भी सब वही हैं, यह सूक्त ३ से सिद्ध किया जा सकता है। वहाँ विश्वव्रात्य की आसन्दी (=चौकी) को बनाने वाली विभिन्न शक्तियों की तुलना लौकिक पुरोहित की आसन्दी के अवयवों से की गई है।

सूक्त का सामान्य अभिप्राय स्पष्ट है। व्रात्य पहले पूरब का प्रस्थान करता है, फिर दक्खिन को मुड़ता है, तब पच्छिम और उत्तर को। यों उस की सवारी पूरा चक्कर काटती है। यह पवित्र प्रदक्षिणा है। महाव्रत में वेदी की प्रदक्षिणा, जिस में कि बहुत-सी गुप्त सिद्धियाँ उस पवित्र आँगन में प्रकट हो जातीं और उस की क्रियाशक्तियाँ जाग पड़तीं मानी जाती हैं, इसी का प्रतीक है। विश्वव्रात्य मानों अपनी अमलदारी की तरह संसार की, जो कि उस की जगत् सृजने और पालने वाली चेष्टाओं की पुण्य लीलाभूमि है, परिक्रमा करता है।

छठे सूक्त में इसी प्रकार एक दूसरी परिक्रमा का वर्णन है। वहाँ प्राकृतिक शक्तियों की एक अत्यन्त कौतुकमयी परम्परा उस का अनुसरण करती है। ज़्यादा विस्तार न कर के संक्षेप में मैं इतना ही कह देता हूँ कि इन दिशाओं में, जिन में व्रात्य घूमता है, और उन में व्रात्य का अनुसरण करने वाली शक्तियों में खास प्रकार का सम्बन्ध है। सारा विश्व यहाँ विश्वव्रात्य के सञ्चालन से चलायमान है। दिशायें किन्हीं अचिन्त्य प्रान्तों की तरफ ऊँची-सी उठ रही हैं, जिन में से एक मानव कल्पना से इतना दूर है कि यह समझा गया है कि व्रात्य वहाँ से न लौटेगा। सचमुच ही वह उस के बाद महिमा-मह (=बढ़ती हुई महानता) में परिवर्तित हो जाता—संसार को घेरने वाला महासमुद्र बन जाता—है (सूक्त ७)। व्रात्य वायु की तरह विश्व के कोने कोने में व्याप जाता है, कोई जगह उस की सचेष्ट समुपस्थिति से नहीं बचती; और जहाँ जहाँ वह जाता है प्राकृतिक शक्तियाँ जाग उठतीं और उस का अनुगमन करतीं हैं।

इस सूक्त से यह परिणाम निकाला जा सकता है कि व्रात्य-देववादियों की अपनी एक आधिदैविक सृष्टि थी, जिस में बहुत-से लोकों का, जो ब्राह्मण वाङ्मय में एक प्रकार से अपरिचित थे, उल्लेख था, जिन में हर एक का एक अधिष्ठातृदेवता अलग था, और वे सब सनातन व्रात्य—एक सार्वभौम परमेश्वर—के अधीन थे।

तीसरे सूक्त में विश्वव्रात्य पूरे एक वर्ष सीधा खड़ा रहता है। व्रात्य का यह अनुष्ठान भी लौकिक महाव्रत के उस अनुष्ठान के नमूने पर है, जहाँ एक मनुष्य बहुत देर तक खड़ा रह कर सूर्य का स्तवन करता और बड़े प्रभावोत्पादक स्तोत्र पढ़ता हुआ सूर्य के साथ साथ घूमता है। मैं समझता हूँ स्कम्भ के अनुष्ठान की कल्पना भी, जिस का व्रात्य-कल्पना से निकट सम्बन्ध है, इसी नमूने पर हुई है।

और ठीक जैसे कि महाव्रत में उद्गाता के लिए आसन्दी बनाई जाती है, यहाँ देवता लोग साम और अन्य विश्वशक्तियाँ से व्रात्य के लिए एक आसन्दी तैयार करते हैं। यह समता कोई मेरा अपना अनुमान नहीं, साम के मूल सन्दर्भों[1] द्वारा इसे सिद्ध किया जा सकता है। क्योंकि व्रात्य की आसन्दी में

---

1 जैमिनीय ब्रा० २ २२ २६, लाट्यायन श्रौत सूत्र ३ १ ७ और देर व्रात्य० २४१ म।

आसन्दी के भिन्न भिन्न अवयवों और कतिपय रहस्यमयी शक्तियों का साम्य वैसा ही है जैसा कि महाव्रत की आसन्दी में। आसन्दी की बनावट के रहस्य का विषय व्रात्य याधिदैविकों का बड़ा प्रिय था। इसी से यह कुछ आश्चर्य की बात नहीं कि इस आसन्दी कल्पना को व्रात्यों के एक नये कृषानक के सम्प्रदाय ने व्रात्य-मत छोड़ने के बाद भी जारी रक्खा और बढ़ाया, कौशीतकी उपनिषद् (१ ५) का वह एक मुख्य भाग है।

*क्योंकि व्रात्य की आसन्दी महाव्रत के उद्गाता की आसन्दी है और प्रमुख सामों द्वारा बनी है, इस से* यह प्रकट है कि व्रात्य को महान् विश्वउद्गाता के रूप में कल्पित किया गया है, जो साम-गान और आह्वार-नाद से विश्व को *शब्दब्रह्म से परिपूर्ण कर देता है। तब समस्त देव प्रजा उस की पदाति बन जाती है और उस* के मन के संकल्प ही उस के दूत।

यही विचार चौथ और पाँचवें सूक्त में प्रकट हुआ है। वहाँ वर्ष के बारहों महान—जिन के उपजाऊपन के लिए उद्गाता गा रहा है—तथा सब महासाम और परमात्मा के अर्थात् स्वयं आदिव्रात्य के अपने सात विभिन्न रूप उस के सहायक साथी बनाये गये हैं, जो उस एक जीवित शक्ति के रूप में, जिस में विश्व की अन्य सब सत्तायें केन्द्रित हैं, सब दिशाओं और प्रदिशाओं में घर हैं।

महाव्रत में उद्गाता आसन्दी पर बैठ सामगान करता था, जिस के पश्चात् महदुक्थ का पाठ होता। अब दोनों को मिला कर एक पुरुष—अर्थात् महाव्रत के अधिष्ठातृदेवता—के रूप में कल्पित किया गया। ऐ त रे य आ० २ ३ ३ के अनुसार यह पुरुष ही संसार के चारों तरफ का महासमुद्र है। इस महासमुद्र से जल और जलों से अन्न पैदा होते हैं। ठीक इसी कल्पना की तुलना में ७ वें सूक्त में विश्व-महाव्रत का प्रमुख पुरुष 'बहुता महानवा' हो जाता, पृथ्वी के अन्त तक पहुँचता और महासमुद्र बन जाता है। और उस के पीछे पीछे प्रजापति और परमेष्ठी, पिता और पितामह, और जल वर्षा बन कर बहते हैं। और तब श्रद्धा और यज्ञ, जगत् और अन्न, तथा अन्न खाने की शक्ति (अन्नाद) अर्थात् जगत् की पोषक शक्तियाँ पैदा हो कर चलती हैं। विश्व-महाव्रत यों सफल और सम्पूर्ण हो गया।

*अब चूँकि जगत् और उस की पोषक शक्तियाँ—श्र द्धा, य ज्ञ, अ न्न और अ न्ना द पैदा हो गये, अत* अनादि व्रात्य से, जो कि (विश्व-महाव्रत की प्रेरक शक्तियों द्वारा) रज से प्रदीप्त हो उठता है (=अरज्यत्), *रा ज न्य की उत्पत्ति होती है। राजन्य एकात्मक वि श (कबीलों) सजात बान्धवों (=सबन्धून्) अ न्न और* अ न्ना द्यों के ऊपर होने की आकांक्षा हो जाती है (अभ्युदतिष्ठत्)[१]।

६ वें सूक्त में व्रात्य विश की तरफ बढ़ता—विश की सत्ता स्थापित करता—और इस प्रकार राजन्य के मनोरथ को पूर्ण करता है। उस के पीछे पीछे स भा, स मि ति, से ना और सु रा अर्थात् उन प्राग्भारतवर लोगों के बड़े बड़े जमाव और उत्तेजनापूर्ण पान-गोष्ठियाँ चलती हैं। इस सूक्त की व्याख्या उन सुरापान-महोत्सवों को ध्यान में रख कर करनी चाहिए, जिन की झलक श त रु द्रि य में है तथा जिन का वर्णन मेगास्थनेस् ने भारतीय दिओनुसस् अर्थात् रुद्र शिव की पूजा का उल्लेख करते हुए किया है। समयाभाव से मैं ज्यादा बारीकियों में नहीं जा रहा हूँ, उन का सविस्तर वर्णन अपने ग्रन्थ दे र ब्रा त्य जि० २ में दूँगा।

---

१ सूक्त ८।

१०—१३ सूक्तों में लौकिक व्रात्य को अतिथि के रूप में देश में घूमते हुए तथा राजन्यों और जन-साधारण के घरों में जाते हुए दिखलाया गया है। इन सूक्तों का, अ ति थि ना क्ष ण वाले सूक्तों[१] से, जो कि इसी तरह पर्यायों में रचे गए हैं और व्रात्य अनुश्रुति से सम्बन्ध रखते हैं, तथा आ प स्त म्ब ध र्म सू त्र[२] के अतिथि-सन्दर्भो से, जहाँ इन्हीं सूक्तों के अक्षरशः उद्धरण दिये गए हैं, गहरा सम्बन्ध समझना चाहिए। इस प्रकार की तुलना से यह सिद्ध किया जा सकता है कि अतिथि घूमने फिरने वाला साधु ही है, जो पूर्वकाल में पुरोहित या जादूगर होता, और बाद में सिद्ध, जो अपने साथ अलौकिक बातों का गुप्त ज्ञान लाता और अपना स्वागत करने वालों को असीम देता। ऋग्वेद और अन्य धर्मों से तुलना करने पर मालूम पड़ता है कि यह आर्यावर्त्त और युरोप की उभयनिष्ठ संस्था थी, और प्राचीन भारत में व्रात्य लोग उस के ब्राह्मणेतर प्रतिनिधि थे। वह जहाँ जाता उस की आव-भगत बड़ी श्रद्धा-भक्ति से होती और व्रात्य देवता की तरह, जिस का कि वह पार्थिव प्रतिनिधि है (१३ ८-६) उस का स्वागत किया जाता। इस आतिथ्य का बड़ा माहात्म्य है। यदि वह किसी घर में एक रात ठहरे तो गृही पृ थ्वी के सब पु ण्य लो कों को पा जाता है, दूसरे दिन ठहरे तो अ न्त रि क्ष के, तीसरे दिन द्यु के, चौथे दिन पु ण्य के पु ण्य लो कों को तथा पाँचवें दिन अपरिमित पुण्यलोकों को।

ऐसा मालूम होता है कि बहुत-से कपट-व्रात्य (व्रा त्य ब्रु व) भी होते थे, जो सिर्फ व्रात्यों के नाम का फायदा उठाने के खयाल से व्रात्य बनने का ढोंग करते[३]। १३ वें सूक्त में गृहपति को एक बड़ा मजेदार आदेश है जिस से कि वह कपट-व्रात्य के आने से भी वही फल पा सके जो सच्चे व्रात्य के आने पर[४] होता है।

१२ वें सूक्त के आरम्भ में यह पता चलता है कि अतिथि अब घूमते धर्मगुरु और जादूगर के रूप में पहले व्रात्यों वाली सजधज और मण्डली के साथ नहीं आता, अब तो यह ए वं वि द्वा न् व्रा त्य है, जिस के ज्ञान ने अब पुराने कर्मकाण्ड की जगह ले ली है। प्राचीन भारत में एक ही व्यक्ति ऐसा है जिस पर यह बात घट सके, वह है परिव्राजक योगी या सन्यासी। योगियों-संन्यासियों का सब से पुराना नमूना व्रात्य है।

पहले पहल अजब जान पड़ने वाला १४ वाँ सूक्त जिसे रूडाल्फ रॉथ ने तो एकदम ही फिजूल और निरर्थक करार दिया था, प्रारम्भिक होते हुए भी रहस्यवाद का एक उत्तम गम्भीर सन्दर्भ है, जिस का भाव अथ० ६.६ के अ ति थि ना क्ष ण वाले प्रकरण में भी स्फुट हुआ है, और सम्भवत यहाँ भी यही कारण है कि अतिथि-सूक्तों के बाद ही इसे स्थान मिला है। इस में भी १२ गण हैं जिन की रचना उसी क्रम से हुई है।

"ज्यों ही वह (व्रात्य) पूरब को चला मरुत की सेना उत्पन्न हो कर (=भूत्वा) और मन को भोक्ता (=अन्नाद) बना कर उस के पीछे हो ली। जो यों जाने, वह मन के अ न्ना द से अ न्न खाता है।"

बारहों दिशाओं में इसी प्रकार विश्व-शक्तियों व दैवी सत्ताओं की १२ विभिन्न मंडलियाँ उठती हैं और व्रात्य के पीछे हो लेती हैं। वे बारहों अलग अलग अ न्ना द भी बनाती हैं, जिन सब के साथ दीक्षित लौकिक व्रात्य भोजन करता है।

---

१ अथ० ६ ६।

२ २ ३ ७।

३ अथ० १५. १३ ६।

४ वहीं, ६—११

इस सूक्त की ठीक व्याख्या के लिए प्राचीन भारतीयों के उस तत्त्वज्ञान को समझना आवश्यक है जिसे हम अन्न-मीमांसा कह सकते हैं और जो व्रात्य-विचारकों का एक प्रिय विषय था।

इन समस्याओं ने कि अन्न शरीर और मन की पोषक शक्ति के रूप में कैसे परिवर्तित हो जाता है, कि खाद्य पदार्थों (अन्नों) में वस्तुतः खाद्य (अन्न) क्या है, और कि मनुष्य में वह कौन सी शक्ति है जो उसे हज़म करती है, बहुत से वैदिक विचारों को जगाया था। और सच ही प्रकृति और चेतन की समस्या का, जिस का हल आज भी नहीं किया जा सका, यह आरम्भिक स्वरूप था। इन्हीं चिन्ताओं में अ न्न और अ न्ना द का विचार जन्मा,—अन्न अर्थात् विश्व का पोषक तत्त्व जो अपने को विभिन्न रू प, ऋ तु या मू र्ति में बाँट लेता है, और अन्नाद या भोक्ता अर्थात् सचेष्ट तत्त्व जिसे कि प्रायः अन्तस्तम में बसने वाला अ ग्नि या प्रा ण माना जाता है, और जो अपने को विभिन्न लोकों में बाँट लेता है।

यही प्रधान और पुरुष का निराला द्वैतवाद है।[1]

अन्नाद बन कर अथवा विश्व अ न्ना द के साथ विशेष दिशा में बैठ कर अ न्न खाने से, साधक विश्व के उस भाग से जीवित सम्पर्क स्थापित कर लेता है। १४ वें सूक्त का निर्माण इन्हीं विचारों से हुआ है, और इसी लिए यह सूक्त हमारे व्रात्यकाण्ड के गूढ़ अभिप्राय का द्योतक है। जो आध्यात्मिक चित्र यह खींचता है वह बहुत ही विशाल है;—विश्व का कोना कोना व्रात्य की उत्पादक चेष्टाओं और दैवी सत्ताओं से समाक्रान्त है, वे अपने अपने स्थान के अधिष्ठाता हैं, और वहाँ अन्नादों को नियुक्त करते हैं जो कि साधकों को अपने विशेष क्षेत्र की गुप्त शक्तियों से दीक्षित करते हैं। यह विश्व एक सुव्यवस्थित सजीव देह है, जिस की मूल प्रेरक शक्ति सनातन व्रात्य है और इस लोक में उस का ज़िम्मेदार वि द्वा न व्रा त्य। योगदर्शन में इसी आशय को यों स्पष्ट किया है, 'योगी का मन मूल प्रकृति अथवा प्रधान से, जो कि सब पदार्थों की अभिव्यक्ति और लय का स्थान है, सीधे सम्पर्क में रहता है, और इसी से सब दिशाओं कालों और पदार्थों से भी।' योगी की ऐहलौकिक चमत्कारपूर्ण सभी विभूतियों का मूल स्रोत यही है।

हमारे काण्ड में बारबार आने वाले वाक्य—प्रि यं धा म भ व ति य ए वं वे द—में इसी आशय का तनिक दूसरे ढंग से कहा है—साधक में अभिव्यक्त होने वाली संपूर्ण शक्तियाँ उस में सजीव रूप में अवतरित हो जाती हैं।

यह सूक्त क्या निरर्थक आँय बाँय है? हमें यह न भूलना चाहिए कि विश्व के क्रम-नियम और उस से अपने सम्पर्क के बारे में वैदिक ऋषियों की धारणायें हमारी धारणाओं से मिलें यह आवश्यक नहीं है।

१५—१७ सूक्तों के आध्यात्मिक विचार भी कम महत्त्व के नहीं। व्रात्य 'तीन बार सात गुणे' ढाल से विश्व के अन्तरङ्ग में प्राणवायु फूँकता है, और इस तरह इसे अनुप्राणित रखता है। उस के इक्कीस प्राण हैं—७ प्राण अर्थात् आगे-श्वास, ७ अपान अर्थात् नीचे-श्वास और ७ व्यान अर्थात् बीचोंबीच-श्वास, उस में से कइयों के विभिन्न नाम हैं, और हर एक पराक्ष या अपरोक्ष विश्व का भाग, अर्थात् उस की गूढ़ धारक शक्ति, है।

[1] दे०—ऐ० आ० २.१, तै० उप० २.२, ऐ० उप० १.१; बृ० उप० १.५; २.२, मैत्री उप० ६.११ म; कठोप० २.१, महा-नारा० उप० ११, शत ब्रा० ११.८०; छा० उप० ३.१२.७-८।

हम जब अपने इस काण्ड के अन्तिम सूक्त पर निगाह डालते हैं तो व्रात्य-विचार का एक नया पहलू सामने आता है—अर्थात् सनातन व्रात्य विश्व-पुरुष के रूप में। जैमि० उप० ब्रा०[1] से ज्ञात होता है कि व्रात्य लोग "ऊर्ध्व-लोकों में स्थित तथा यज्ञ की बलि से घृणा करने वाले देवाधिदेवों का," तथा ओ३म् इस अक्षर का गूढ़ ज्ञान भी रखते थे। इस प्रकार हम व्रात्य-विचार के प्रमुख आध्यात्मिक विषयों को पहचान सकते हैं, और आगे प्र श्न, श्वे ता श्व त र, मै त्रा आदि रुद्र-शिव की अनुश्रुतिपरक उपनिषदों में इन्हीं का विवेचन और अधिक दार्शनिक ढंग से पाते हैं। इन के साथ सम्बद्ध का ठ क, मु ण्ड क और म हा ना रा य णो प नि ष द् का नाम भी जोड़ा जा सकता है। क्योंकि उपनिषदों में स्पष्ट ही साख्य परिभाषाओं—म न, बु द्धि, चि त्त, अ ह ङ्का र—का प्रयोग है, और क्योंकि अथर्ववेद के एक व्रात्य-सूक्त में त्रि गु ण वा द का उल्लेख भी हम देख चुके हैं, इस लिए हम यह निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि आरम्भिक सांख्य और योग की नींव, जिन का आरम्भ इतना पहले वैदिक काल में मिल रहा है, पहले पहल व्रात्य सम्प्रदाय में ही पड़ी।

अब मैं अन्त में थोड़े से वाक्यों में इस प्रश्न पर विचार करता हूँ कि आया मेरी यह स्थापना कि अथर्ववेद के १५वें काण्ड का व्रात्य बाद के योगियों का अग्रगामी है, मान्य हो सकती है। निश्चय ही महादेव के रूप में व्रात्य-ईशान की स्थिति पिछले योग-दर्शन के ईश्वर अथवा परम पुरुष की स्थिति से ठीक मेल खाती है। तब, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, १०—१३ सूक्तों का ए वं वि द्वा न् व्रा त्यः परिव्राजक योगी का पूर्वरूप है।

पर क्या यहाँ हमें पिछले योग की किन्हीं विशेष क्रियाओं का आभास मिल सकता है?

इस काण्ड में वर्णित विश्वव्रात्य और लौकिक व्रात्य का पारस्परिक सम्बन्ध यहाँ संक्षेप में बता देना आवश्यक है। यह बात ख़ास कर सूक्त ७ से स्पष्ट है कि सनातन व्रात्य के कार्यों और स्वरूप को लौकिक व्रात्य के नमूने पर ही गढ़ा गया है। अतः सनातन व्रात्य के वर्णन से लौकिक व्रात्य के विषय में कुछ बातें हम जान सकते हैं। यदि सनातन व्रात्य तीन-बार-सतगुने ताल से साँस लेता है तो लौकिक व्रात्य भी इसी तरह की कोई क्रिया अर्थात् कोई ख़ास तरह का प्राणायाम अवश्य करता होगा। फिर यदि सनातन व्रात्य पूरे एक वर्ष भर सीधा खड़ा रहता है तो देर तक सीधे खड़े रहने की क्रिया लौकिक व्रात्य से छिपी न होगी, क्योंकि विशेषतः मै त्रा य णी उ प नि ष द् के अनुसार, जिस का व्रात्य-अनुश्रुति से निकट सम्बन्ध है, राजा बृहद्रथ ने एक हज़ार दिन तक ऐसा किया था और तब देवताओं ने प्रकट हो कर उस के सम्मुख औपनिषद ज्ञान का प्रकाश कर दिया था।

यह मैं पहले ही बता चुका हूँ कि व्रात्यों की बहुत-सी क्रियाओं का मूल पुराने कर्मकाण्ड में निहित है। उदाहरणार्थ, सामगायकों के नियमित प्राणायाम, और उन के साथ प्राणों के विषय में आध्यात्मिक विचार—जैसा कि हम उन्हें विशेषतः जैमि० उप० ब्रा० में पाते हैं—उपासकों के कर्मकाण्ड छोड़ने पर बन्द नहीं हो गये, बल्कि वे नये प्रकार के पवित्र जीवन में ध्येय-प्राप्ति के साधन रूप में अङ्गीकार कर लिये गये। इसी प्रकार, जब कि सामों का गायन कर्मकाण्ड के साथ साथ छोड़ दिया गया, तब भी ओंकार के जाप को मन की एकाग्रता में सहायक मान कर प्रचलित रक्खा गया। व्रात्य लोग ओ३म् इस अक्षर के रहस्य के ज्ञाता थे, सो पहले ही कह चुका हूँ। इसी तरह बैठने का निश्चित आसन तब भी जारी रहा जब कि आसन्दी को अकेले फिरने वाले व्रात्य

[1] १.१०.३४; मि० हेर व्रात्य० पृ० २४८।

की स्वच्छन्दता में बाधक मान कर छोड़ दिया गया[1]। इन सब योग-मन्त्रों का वर्णन ३—४ सूक्तों में है, जहाँ
का सब तक सदाव्रत-अनुष्ठान से, जिस में से कि उन का विकास हुआ, सम्बन्ध है।

यह कहते समय कि अथर्व का १५वाँ काण्ड एक योग-ग्रन्थ है[2] निःसन्देह मैंने अत्युक्ति की
परन्तु इतना तो स्पष्ट है कि इस काण्ड में उस सनातन व्रात्य-विषयक गुह्य अनुश्रुति विद्यमान है जिस का
दीक्षित साधक लोग समझो एवं विद्वान् व्रात्य बनने के लिए ध्यान किया करते थे। अनः
ही विश्वशक्ति का ध्यान और परमेश्वर से साहचर्य-संपादक यह पवित्र ज्ञान इन व्रात्यों के जीवन का
मुख्य अंग था, जो कर्मकाण्ड को छोड़ तत्त्वज्ञान और तत्सम्पादक अभ्यासों की ओर झुके।

और क्योंकि वे अपने आप को सब देवताओं और दिव्य शक्तियों का प्रिय धाम अनुभव करते
विश्व के सब भागों की अधिष्ठात्री शक्तियों से अपना सजीव सम्बन्ध समझते, यही नहीं बल्कि स्वयं अपने
देवाधिदेव व्रात्य अनुभव करते थे, इस लिए यह मनःस्थिति, जो कि अपनी परमावस्था में समाधि-
अर्थात् अपरिमित आत्मविस्तार और अभ्युदय—की एक दशा में परिणत हो जाती है, अवश्य ही इन तत्त्वज्ञों
से कुछ अत्यधिक प्रतिभावान् महाभागों को हो जाती होगी। अतः इस काण्ड में पिछले योग के प्रा
सभी मुख्य तत्त्वों का पूर्वाभास मिलता है।

मैं यह नहीं कहता कि व्रात्य-प्रकरण की सभी पहेलियाँ बूझ ली गईं। पर अनेक अब तक अनसुल
सूक्ष्म गुत्थियों के अलावा इस काण्ड का सामान्य आशय भी प्रकट हो गया है और वैदिक काल के इतिहा
में इस का स्थान निश्चित हो गया है। व्रात्य-धर्म का सम्बन्ध अथर्व से पहले या पिछले काल से स्थापि
करना अब अगले अनुसन्धान का कार्य होगा। अब तक की मेरी खोज में तो बातें पाई गई हैं, उन से य
सम्भावना होती है कि व्रात्य लोग, जो आर्य तो निश्चय से थे ही, भारत में आने वाले आर्य प्रवासियों के पह
समूह में से थे। यदि कहीं पञ्चविंश ब्राह्मण २४.१८.५ में उल्लिखित लुप्त ब्राह्मण की प्रति मि
सके तो यह इतिहास बहुत कुछ सुलझ सकेगा, क्योंकि उस में व्रात्यों के नेता बुध की अनुश्रुति थी।

और दूसरे यह सिद्ध हो गया कि सांख्य-योग की जड़ भी यहीं खोजी जानी चाहिए।

इस प्रकार अथर्व का बहुत बदनाम १५वाँ काण्ड भारत के प्राचीन इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्व
पूर्ण सिद्ध हुआ। यह एक लुप्तप्राय वाङ्मय का एकमात्र अवशेष है अतः इस का महत्त्व और
बढ़ जाता है।[3]

---

१ एक जातक चित्र से सिद्ध है कि पिछले काल में भी योगी लोग आसन्दी बरतते थे। दे०—देर व्रात्य पृ० ११ टि०।

२ दी अनौंग देर योगप्राक्सिस पृ० १८४।

३ इन स्थापनाओं का विस्तृत पोषण मेरी पुस्तक देर व्रात्य जिल्द २ में होगा।

# सद्रु*

प्रो० डा० ओटो स्टॉम, पीएच० डी०, मेरबर्ग विद्यापीठ, जर्मनी

अथर्ववेद-संहिता के व्रात्यकाण्ड (१५) के सातवें पर्याय का पहला मन्त्र यह है —

स महिमा सद्रुर्भूत्वान्तं
पृथिव्या अगच्छत्समुद्रो ऽभवत्।

इस पङ्क्ति का अनुवाद ह्विट्नी-लैन्मैन ने इस प्रकार किया है[1] —

'वह महत्ता उस में से सीधा निकल कर (Becoming Sessile) पृथ्वी के अन्त तक गई। समुद्र हो गई।' इस के समर्थन में वहीं निम्नलिखित टिप्पणी दी गई है, "ह्वि० ने हाशिये पर पेंसिल के नोट से इस प्रकार सुझाया है—'अथवा वह उस में से सीधा निकलने वाला महानता बन कर इत्यादि'। औफ्रेख्त और स्क्र्त-वा टें वुँ ख ने सन्देह प्रकट किया है कि सद्रु और समुद्र शब्द में सम्बन्ध दीख पड़ता है। पर समानता इतनी थोड़ा है कि निश्चय से कुछ कहा नहीं जा सकता। औफ्रेख्त स द्रु र्भू त्वा का अर्थ 'अपने आप को गति दे कर' (स+द्रु भूत्वा) करता है। और वो टें वुं ख भी इसी व्युत्पत्ति का समर्थक प्रतीत होता है। परन्तु यह मानना कठिन है ।"

हमारा पहला सवाल यही होगा कि क्या कोई पुराना भारतीय प्रमाण भी सद्रु, की इन व्याख्याओं का समर्थक है? और इस का जवाब है हाँ, क्योंकि पाणिनि की अ ष्टा ध्या यी के ३.२.१५९ सूत्र दा धे ट् सि श द स दो रु: के अनुसार इन धातुओं के आगे रु होता है, और ३.२.१३४ सूत्र के अनुसार इस उकारान्त प्रत्यय का अर्थ होता है त च्छी ल त द्ध र्म त त्सा धु का रि। इस के अतिरिक्त का शि का में ३.२.१५९ का उदाहरण स द्रु दिया गया है। अतः यह स्पष्ट है कि पाणिनि सद्रु का अर्थ समासन्न (Sessile) करने के पक्ष में है।

अब हम दूसरी व्युत्पत्ति पर आते हैं, जिसे लैन्मन के मत में ठीक मानना कठिन है। "अपने आप को गति दे कर" इस अनुवाद के प्रस्तावक दोनों जर्मन विद्वान् औफ्रेख्त और रुडोल्फ रॉथ इतने बड़े विद्वान् हैं कि उन की सम्मति को इतनी आसानी से उड़ाया नहीं जा सकता। रॉथ जो कि वो टें वुं ख के वैदिक लेखों के लिए जिम्मेदार हैं, वैदिक विचारों को समझने में बहुत प्रवीण थे। क्या वास्तव में ऐसी कोई युक्ति नहीं है जिस से उन का द्रु धातु से सद्रु शब्द की व्युत्पत्ति करना, और समुद्र शब्द से उस का सम्बन्ध स्थिर हो सके?

मेरे विचार में पाणिनि से भी पुराने एक आचार्य का मत इस के पक्ष में है। नि रु क्त (२.१०) में यास्क ऋक् १०.९८.५ पर टीका करते हुए कहते हैं—

समुद्रः कस्मात्? समुद्द्रवन्त्यस्मादापः। समभिद्रवन्त्येनमापः।

* इंडिया इन्स्टीट्यूट आफ़ डच अकादमी, म्युनशन (जर्मनी) की कृपा से प्राप्त।

[1] हार्वर्ड ओरियंटल सीरीज़ जि० ८, पृ० ७८१।

इस से यह स्पष्ट है कि यास्क ने समुद्र और द्रु धातु में सम्बन्ध समझा था। आधुनिक दृष्टि से यह सम्बन्ध भले ही अद्भुत प्रतीत हो, और पाणिनि के वैज्ञानिक सम्प्रदाय द्वारा यह भले ही परित्यक्त है, पर ब्राह्मण ग्रन्थों के ढंग से यह मेल खाता है। और अथर्ववेद १५ ७ १ के रचयिता का भी यही अभिप्राय था। स्पष्ट ही उस ने समुद्र के साथ साथ सद्रु को उसी प्रकार रक्खा है जैसे पर्याय ८ १ में राजन्य के साथ सरज्यस को।

इस लिए मेरा विचार यह है कि प्राग्य-काण्ड में हम द्रु से ही सद्रु की व्युत्पत्ति करनी चाहिए, और इस का अनुवाद 'उस ने अपने आप को गति दे कर' यही करना चाहिए।

बहुत से पीछे के कवियों ने भी समुद्र और द्रु धातु के इस सम्बन्ध का अनुभव किया है और अलङ्कार रूप में इस का प्रयोग करते रहे, चाहे निरुक्ति की दृष्टि से वे इसे ठीक न मानते रहे हों। जैसे भगवद्गीता (११ २८) —

> यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः
> समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति।
> तथा तवामी नरलोकवीरा
> विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति ॥

---

# ऋग्वेद के देवता

श्रीविनयतोष भट्टाचार्य, एम०ए०, पिएच्० डि०, बड़ौदा

[ऋग्वेद के देवता केवल प्रकृति-देवता नहीं हैं जैसा कि साधारणतः समझा जाता है। यह विचार कि ऋग्वेद में वर्णित सब देवता प्रकृति की भिन्न भिन्न शक्तियों की अभिव्यक्तियां हैं, गलत है। यह भ्रम ऋग्वेद पर लिखने वाले पुराने और नये लेखकों की गलत व्याख्याओं के फल-स्वरूप फैला है। ऋग्वेद की व्याख्या के लिए—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष इन छहों वेदाङ्गों का अच्छा ज्ञान आवश्यक है और खास तौर पर ज्योतिष का, जो कि सब वेदाङ्गों में प्रमुख है। पर सब से अधिक दुःख का विषय यही है कि ऋग्वेद की व्याख्या में ज्योतिष का उपयोग भले प्रकार नहीं किया गया। इसी त्रुटि के कारण ऋग्वेद के देवताओं का प्रश्न इतना जटिल हो गया है।

वेदाङ्ग-ज्योतिष में २७ राशियों के, जिन में कि उत्क्रान्ति-वृत्त विभक्त है, २७ नक्षत्र-देवताओं अथवा अधिष्ठातृदेवों का वर्णन है। ये सत्ताइसों देवता सूर्य के सत्ताइस विभिन्न नक्षत्रों में पहुँचने पर पड़ने वाले नाम हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण हर एक देवता को एक खास नक्षत्र के साथ जोड़ता है। उदाहरण के लिए जब रुद्र का उल्लेख हो तो समझना चाहिए कि वह आर्द्रा का सूर्य है जब कि बादल गरजते हैं, बिजली कड़कती है और मूसलाधार बरसता है। वैसे ही जब पूषा का वर्णन हो तो समझना चाहिए कि यह रेवती नक्षत्र का सूर्य है जिस का काम पशु-प्रसार का पालन करना है।

यह तो अच्छी तरह विदित है कि ऋग्वेद की प्रत्येक ऋचा किसी न किसी एक देवतापरक है, और जब तक उस देवता को ठीक तरह समझ और पहचान न लिया जाय, उस ऋचा का असली अभिप्राय समझ में आना कठिन है। और क्योंकि अधिकांश देवता किसी न किसी नक्षत्र-देवता के या सूर्य के विभिन्न स्वरूपों को प्रकट करते हैं, अतः ऋग्वेद की किसी भी ऋचा का अर्थ करने का तब तक साहस न किया जाना चाहिए जब तक कि उस के देवता को किसी खास नक्षत्र के साथ सम्बन्ध से पहचान लिया जाय।

अगर इस सम्बन्ध को समझ लिया जाय तो ऋग्वेद की दुर्बोध भाषा का धुँधलापन बहुत कुछ साफ हो जाता है।]

ऋग्वेदेर देवता सम्बन्धे अनेककाल हइते अनेक प्रकार मत-भेद चलिया आसितेछे। केह बलेन, वैदिक ऋषिरा पौत्तलिक छिलेन; केह बलेन, ताँहारा प्राकृतिक सौन्दर्येर उपासक छिलेन, ताँहारा सूर्य-चन्द्रेर उपासना करितेन, कखन-ओ मेघ ओ वृष्टि, कखन-ओ नदी उपनदी एवं कखन-ओ गाछ-पालार उपासना करितेन। अनेके बलेन, एइ रूप उपासना पुरातन काले सकल असभ्य ओ वर्बर जातिदिगेर मध्ये वर्तमान छिल, एव एखन-ओ कोल, भील, साँओतालदिगेर मध्ये एवं आफ्रिकार वर्बर जातिदेर मध्ये देखिते पाओया जाय, अतएव पुरातन वैदिक ऋषिरा-ओ अनेकटा सेइ श्रेणीभुक्त छिलेन। ऋग्वेदेर धर्मके इउरोपीय पण्डितेरा "हिनोथिस्म्" (Henotheism) नाम दियाछेन, अर्थात् ऋषिरा जखन जाहाके पूजा करितेन, जाँहार उद्देशे सूक्त लिखितेन, ताँहाके-इ सर्वापेक्षा बड़ो करिया तुलितेन, एवं अन्य समस्त देवताके एकेबारे छोटो करिया दितेन। आवार अन्य एकटि देवताके जखन धरितेन, तखन बाकी सकलगुलिके-इ छोटो करिया दितेन। अर्थात् वेदेर धर्म एक प्रकार खोशामोद-वादे इउरोपीय पण्डितेरा परिणत करिया फेलियाछेन। काजे-इ, वेदेर एइ सनातन खोशामोद-वाद हइते-इ भारतवर्षेर आवाल-वृद्ध-वनिता खोशामोद-प्रिय हइया पड़ियाछे, एवं ताहा हइवार-इ कथा!

एखन देखा जाक्, कथाटा कतोदूर सत्य। ऋग्वेद कोन् काले लेखा हइयाछिल ताहार-इ ठिक नाइ। पश्चिम भारतेर सिन्धु-प्रदेश मोहेन-जो-दड़ो हइते जाहा नूतन आविष्कार हइयाछे, ताहा हइते अनेकटा अनुमान करा जाय जे ऋग्वेदेर सभ्यता सिन्धु-देशीय प्राचीन सभ्यता हइते-ओ किञ्चित् पुरातन। ताहा हइले-इ ऋग्वेदके खीष्ट-पूर्व ३००० वत्सरेर परे आना जाय ना। ताहाइ यदि हय, एखन आमरा ऋग्वेदेर अर्थ जाहा करितेछि ताहा-इ ठिक, ना सायणाचार्य चतुर्दश शताब्दीते जे अर्थ करियाछेन ताहा-इ ठिक। सायणाचार्य यदि ऋग्वेदेर अर्थ स्पष्ट बुझितेन, ताहा हइले तिनि एकटि अर्थेर बदले कोनो कोनो स्थले पाँच-छयटि अर्थ दिन केनो? एकटि ऋकेर अर्थ एक प्रकारइ हइबे,—सायणाचार्य एक-इ ऋकेर जन्य, पाठकेरा जाहाते बाछिया लइते पारे ताहार जन्य, एकेबारे दोकान साजाइया देन केनो? काजे-इ वेश बोझा गेलो, एखन-ओ ऋग्वेदेर अर्थ करा ठिक हय नाइ, एव बहु पण्डितेरा चेष्टा करिया ताहार प्रकृत अर्थ धरिते पारेन नाइ।

तुलनात्मक भाषाशास्त्रेर साहाय्य लइया ऋग्वेदेर दुइ-चारिटि शब्देर अर्थ करा हइयाछे। एवं एइ रूप तुलना-मूलक पद्धतिते शब्देर अर्थ करा खुब-इ विज्ञान-सम्मत, सन्देह नाइ। किन्तु अति सामान्य शब्देर अर्थ लइया कि करिया एइ बृहत्कलेवर ऋग्वेदेर सम्पूर्ण अर्थ करा सम्भवपर हइते पारे? ताहार पर आवार जे लाटिन, ग्रीक, अवेस्ता इत्यादि भाषार मारफते ऋग्वेदेर शब्देर अर्थ करा हइतेछे, देखा दरकार ताहादेर प्राचीनतम साहित्य ऋग्वैदिक कालेर समसामयिक कि ना। ग्रीक ओ लाटिनेर सर्वापेक्षा पुरातन साहित्य-ओ ऋग्वेदेर कयेक सहस्र वत्सर परे रचित हइयाछे। से क्षेत्रे ग्रीक, लाटिन, अवेस्ता इत्यादि साहित्य हइते आजकाल जे अर्थ करा हइतेछे, ताहाइ जे ऋग्वेदेर समयकार शब्देर अर्थ, ताहा कि करिया अनुमान करा जाइते पारे? कारण भाषा कखन-ओ एक थाके ना; भाषा समय-हिसाबे एवं स्थान-हिसाबे सदा-इ परिवर्तित हइतेछे। संस्कृत हइते प्राकृत, प्राकृत हइते अपभ्रंश, एवं अपभ्रंश हइते प्रादेशिक वर्तमान भाषा-सकल, एइ परिवर्तन-वाद-इ समर्थन करिया थाके। काजे-इ तुलना-मूलक भाषाशास्त्रेर मारफते-ओ ऋग्वेदेर मतन प्रकाण्ड साहित्येर कणा-मात्र-ओ बुझा जाय ना।

अतएव, एइ रूप आंशिक भावे विवेचित दुइ-चारिटि तथ्येर उपर भरसा करिया पण्डितेरा जे सकल

अभिनव मत प्रदर्शन करियाछेन, ताहार उपर सम्पूर्ण आस्था स्थापन करा कोनो बुद्धिमानेर काज नहे।

आर एकटि कथा। इउरोपीय पण्डितदेर निकट वेद प्रागैतिहासिक युगेर असभ्यता ओ वर्वरतार-इ एकटा निदर्शन। एवं वेदे-इ जे ताहारा आपनादेर मनोभाव प्रकाश करियाछे, एइ कथा मुक्तकण्ठे ताँहारा प्रचार करेन। किन्तु भारतवर्षे वेदेर सम्मान सकलेर चेये बड़ो; न्याय-वेदान्तेर अतो सम्मान नाइ। ताहा छाड़ा, 'हिन्दु' बलिते गेले-इ बुझिते हय—जाँहारा वेदे विश्वास करेन। वेदेर दोहाइ ना दिले भारतवर्षेर कोन-ओ शास्त्र सम्मान पाय ना—एवं से शास्त्रके केहइ माने ना। वेदेर भितर जाहाते कोनोरूप भुल-भ्रान्ति प्रवेश करिते ना पारे, से-जन्य नानारूप पाठेर व्यवस्था करा हइयाछे, ताहाते-इ पदपाठ, स्वरपाठ, जटापाठ, घनपाठ इत्यादिर प्रतिष्ठा हइयाछे। एखन-ओ भारतेर नाना स्थाने जटापाठी, घनपाठी देखिते पाओया जाय। इहादेर-इ बहु सहस्र वत्सरेर प्रचेष्टार फले वेदेर आदि स्वरूप रक्षित हइयाछे। यदि वेद, मात्र वर्वरतार-इ अभिव्यक्ति हय, ताहा हइले ताहा रक्षा करिबार जन्य एतो बहुकालव्यापी चेष्टाइ वा केनो, आर कोनोशास्त्र लिखिते गेले, से वेदेर दोहाइ देओया-इ वा केनो ?

ताहार कारण, भारते वेदेर सर्वापेक्षा बेशी मान। वेद-इ सर्वशास्त्रेर आकर, वेद-इ सकल धर्मेर उत्स। वेदके बले अपौरुषेय। ताहार अर्थ इहा नहे जे पुरुषे उहा तैयारी करे नाइ। इहार अर्थ एइ जे, उहा मानवेर क्षमतार अतीत, यदि मानवे-इ करिया थाकेन, तो तिनि अतिमानव, तिनि ऐश्वरिक-शक्ति-सम्पन्न। वेद विद्-धातु हइते सिद्ध हइयाछे, विद्-धातुर अर्थ जाना, ताइ वेद बलिते ज्ञानेर भाण्डार बुझाय। सब चाइते बेशी जानार दरकार यज्ञ-क्रिया, जे यज्ञेर जन्य वेदिर दरकार हय ना, पुरोहित, ऋत्विकेर प्रयोजन हय ना, घी, दुध, चरु, पुरोडाशेर दरकार हय ना। से यज्ञ एइ विराट सृष्टि-यज्ञ, जाहाते एइ अद्भुत सृष्टि, स्थिति ओ प्रलयेर लीला अनादि अनन्त काल हइते चलिया आसितेछे। एइ लीलार प्रकृत ज्ञान-इ मानवेर वाञ्छित ज्ञान, एइ ज्ञानके-इ आत्मज्ञान बले, आर एइ ज्ञान हइले-इ सकल मोक्षलाभ करा जाय। एइ आत्मज्ञानके-इ आमादेर शास्त्रे श्रेष्ठ ज्ञान बलियाछे। जतोदिन नाना विपद आपद, झड़झञ्झार भितर दिया एइ सृष्टि-प्रतिवाहित हइबे, ततोदिन एइ ज्ञान मानवेर थाकिबे, एवं अन्यान्य सकल ज्ञानेर उपर आसन पातिया बसिया थाकिबे। वेदे एइ विराट सृष्टि-रहस्येर द्वार खुलिया दियाछे, आत्मज्ञान लाभ करिबार रास्ता देखाइया दियाछे,—ताइ आमादेर देशे वेदेर एतो सम्मान।

एइ सृष्टि-यज्ञे सर्वशक्तिमान सूर्य-इ कर्ता, तिनि एकटि सवत्सर उत्पत्ति, स्थिति ओ ध्वंसेर बीज वपन करिया जाइतेछेन। तिनि विष्णु, तिनिइ सर्वव्यापी, तिनि-इ सर्वशक्तिमान, स्व-इच्छाय आपनाके बहुधा विभक्त करियाछेन, एवं एइ विराट सृष्टि-यज्ञे उत्पत्ति, स्थिति ओ लयेर लीला प्रवर्तन करियाछेन। वेदेर ज्ञान सर्वोच्च दर्शनेर ज्ञान—ताइ वेद हइते सर्वशास्त्रेर उद्भव, एवं सेइ-जन्य वेद सर्वज्ञानेर उत्स रूपे परिकल्पित हइयाछे। आमादेर काछे वेद वर्वरतार अभिव्यक्ति नहे, सर्वोच्च सभ्यतार अभिव्यक्ति,—से सम्बन्धे आर कखनओ आसिबे किना सन्देह।

बलितेछिलाम, वेदेर अर्थ जाना सहज नहे। सायणाचार्य कर्म-मीमांसक छिलेन, तिनि-ओ कर्म-मीमांसार चशमार भितर दिया-इ वेदके देखियाछेन, वेदे ज्ञान देखिते पान नाइ। तुलनात्मक भाषाशास्त्र प्राय अन्ध, ताहार सबे चक्षु फुटितेछे। भाषाशास्त्रेर मध्य दिया वेदके देखिले ज्ञान हइबे ना, अज्ञानेइ आच्छन्न थाकिते

इइने। वेदेर ज्ञान जाहाते सम्यक् प्रचार हय एवं सम्यक् बोधगम्य हय, ताहा सकले-इ कामना करेन, किन्तु ए प्रबन्ध से प्रचारेर उद्देश्य लइया लिखितेछि ना। इहाते शुधु वैदिक देवता सम्बन्धे दुइ-चारिटि कथा बलिबो। विलाती पण्डितेरा वैदिक देवता सम्बन्धे जाहा बलियाछेन, ताहा-इ शेष कथा नय, ताहा-इ बुझाइबार जन्य एतो बड़ो भूमिका दिते बाध्य हइयाछि।

वैदिक देवता सम्बन्धे विस्तारित विवेचना करिते गेले एकटि बृहत् ग्रन्थेर आवश्यक हय, कारण एइ विषय-टो वेदेर-इ न्याय गहन, एवं एकटि समुद्र-विशेष। काजे-इ एइ विषये दुइ-एकटि नूतन तथ्य एखाने पाठक-के उपहार दिबो, मन स्थ करियाछि। सकले-इ जानेन, वेदेर छयटि करिया अङ्ग आछे, अर्थात् वेदेर सहित अविच्छिन्नभावे संयुक्त छय प्रकारेर साहित्य आछे। एइ छय साहित्य के 'वेदाङ्ग' बला हइया थाके। वेद बुझिते हइले एइ छय अङ्गेरइ साहाय्य लइते हय। व्याकरण ओ निरुक्तेर साहाय्ये वेदेर शब्द सम्बन्धे बोध हय, एवं इहार-इ साहाय्य बेशी करिया सायनाचार्य्य ओ आधुनिक पण्डितेरा ग्रहण करियाछेन। किन्तु ज्योतिष शास्त्र-ओ एकटि वेदेर अङ्ग बलिया परिचित। वेदेर अर्थ निर्णय करिबार जन्य ज्योतिष-शास्त्रेर साहाय्य आज पर्यन्त अति अल्प-इ लओया हइयाछे। वेदाङ्ग ज्योतिषेर पुस्तके ज्योतिष सम्बन्धे निम्नलिखित श्लोक देखिते पाओया जाय—

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां ज्योतिषं मूर्धनि स्थितम्॥
—लगधकृत वेदाङ्गज्योतिष

अर्थात्, मयूरेर शिखा जेमन ताहार माथाय थाके, नागेर मणि जेमन ताहार माथाय थाके, सेइ रूप वेदाङ्ग-शास्त्रेर मध्ये ज्योतिष सकलेर उपरे अवस्थान करिया थाके।

आर एक जायगाय बले "ज्योतिषं अयनं चक्षु" अर्थात् वेदेर चक्षु-इ ज्योतिष, अथवा वेद देखिते गेले ज्योतिष दियाइ ताहाके देखिते हय। एवं एइ-सकल कथार सारवत्ता एकटु चेष्टा करिले-इ बुझिते पारा जाय। आर कोनो कथा बुझा जाक्, वा ना जाक्, वेदेर देवता बुझिते हइले ज्योतिष शास्त्रेर सहायता विना आर कोना उपाय नाइ।

बलिबार दरकार नाइ जे वेदे नाना देवतार नाम पाओया जाय,—यथा प्रजापति, त्वष्टा, अहिर्बुध्न, यम, अश्विनी इत्यादि। इँहारा कारा, इँहादेर काहार सहित सम्बन्ध, इँहादेर कार्य कि, इत्यादि कोनो प्रश्नेर भालो उत्तर पाओया जाय ना। ए विषये केह किछु लिखियाछेन कि ना, जानि ना। वेदेर देवता सम्बन्धे किन्तु वेदाङ्ग ज्योतिषे एकटि बेश श्लोक आछे—

अग्निः प्रजापतिः सोमो रुद्रोऽदितिर्बृहस्पतिः।
सर्पाश्च पितरश्चैव भगश्चैवार्यमापि च॥
सविता त्वष्टाऽथ वायुश्चेन्द्राग्नी मित्र एव च।
इन्द्रो निर्ऋतिरापो वै विश्वेदेवास्तथैव च॥
विष्णुर्वसवो वरुणोऽज एकपात्तथैव च।
अहिर्बुध्न्यस्तथा पूषाश्विनौ यम एव च॥
—लगधकृत वेदाङ्गज्योतिष

उपरोक्त श्लोके कयेकटि देवतार तालिका देखानो हइयाछे। एइ-सकल देवताके वेदोक्त ज्योतिषे "नक्षत्र देवता" बला हइयाछे। इहादेर भितर सविता सूर्येर नाम, विष्णु सूर्येर नाम, अर्यमा आर भग सूर्येर नाम। कारण एइ-गुलि सब-इ जे सूर्येर भिन्न भिन्न नाम, से विषये सन्देह करिबार युक्तियुक्त कारण देखिते पाओया जाय ना। एइगुलिके आबार जखन नक्षत्र-देवता बला हइतेछे, एवं जखन २७-टिर बेशी नाम पाओया जाइतेछे ना, तखन स्वत-इ मने हय जे सूर्य जखन भिन्न भिन्न नक्षत्रे अधिष्ठान करेन, तखन ताँहार एइ रूप भिन्न भिन्न नाम हइया थाके। काजे-इ बुझा जाय, एइ जे समस्त देवता, इँहारा सूर्य हइते भिन्न नहेन, एवं सूर्य आपनाके गुण-कर्म-भेदे एइ रूपे भिन्न भिन्न देवतारूपे भाग करिया थाकेन। साताश नक्षत्रे एइ रूपे आपनाके भाग करा, "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति"—एइ मतेर-इ पोषकता करिया थाके।

कोन् नक्षत्रे अधिष्ठान करिले सर्वरश्मिमान् सूर्यदेवेर कि नाम हइया थाके, एवं ताँहार गुण एवं कर्मेर किरूप भेद हइया थाके, ताहा परवर्ती ब्राह्मण-युगेर पुस्तक तैत्तिरीय ब्राह्मणे[1] देखिते पाओया याय। एइ पुस्तके प्राप्त विवरण निम्नलिखित कोष्ठके देखानो हइलो—

| संख्या | देवता | नक्षत्र | संख्या | देवता | नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | अग्नि | कृत्तिका | १५ | मित्र | अनुराधा |
| २ | प्रजापति | रोहिणी | १६ | इन्द्र | ज्येष्ठा |
| ३ | सोम | मृगशिरा | १७ | निर्ऋति | मूला |
| ४ | रुद्र | आर्द्रा | १८ | आप | पूर्वाषाढा |
| ५ | अदिति | पुनर्वसु | १९ | विश्वेदेवा | उत्तराषाढा |
| ६ | बृहस्पति | पुष्या (तिष्या) | २० | विष्णु | श्रवणा (श्रोणा) |
| ७ | सर्प | अश्लेषा (आश्रेषा) | २१ | वसुगण | धनिष्ठा (श्रविष्ठा) |
| ८ | पितर | मघा | २२ | वरुण | शतभिषक् |
| ९ | भग | पूर्वफल्गुनी | २३ | अज एकपात् | पूर्वभाद्रपदा (प्रोष्ठपदा) |
| १० | अर्यमा | उत्तरफल्गुनी | २४ | अहिर्बुध्न | (उत्तरभाद्रपदा) |
| ११ | सविता | हस्त | २५ | पूषा | रेवती |
| १२ | त्वष्टा | चित्रा | २६ | अश्विनीद्वय | अश्विनी |
| १३ | वायु | स्वाती | २७ | यम | भरणी |
| १४ | इन्द्राग्नी | विशाखा | | | |

जखन-इ ऋग्वेदे इँहादेर मध्ये कोन एकटि देवतार नाम करा हइबे, तखन-इ बुझिते हइबे जे, जे देवतार नाम करा हइयाछे, ताँहार-इ नक्षत्रेर कथा बला हइयाछे। अर्थात् सूर्य सेइ नक्षत्रे अवस्थानकालीन

१। काण्ड ३, प्रपाठक ४, अनुवाक ४।

कि कि करिया थाकेन, एवं ताँहार गुण आ कर्मे कि रूप भेद हइया थाके, ताहारइ विवरण देओया हइतेछे। ऋग्वेदेर देवता वुझिते हइले, प्रथम एइ नक्षत्रेर सहित सूर्येर कि सम्बन्ध, ताहा सम्यक् बोधगम्य हओया चाइ। यथा, पूषार नाम अनेकगुलि सूक्त आछे। पूषा बलिते गेले-इ इहा जाना दरकार जे, इहा रेवती नक्षत्राधिष्ठित सूर्येर नाम। रेवती नक्षत्रे अवस्थान काले सूर्य सकलेर—पशु-पक्षी, मानव ओ उद्भिज्जगतेर—पोषण सम्पादन करिया थाकेन, एवं सेइ-जन्य ताँहार नाम 'पूषा' देओया हइयाछे—पूषा पुष्-धातु हइते निष्पन्न हइयाछे, एव एइ धातुर अर्थ पोषण करा।

ताहार पर आवार देखा दरकार, जे क्रान्ति-वृत्ते एइ २७-टि नक्षत्र थाके, ताहा आवार १२-टि राशित विभक्त। सूर्येर एक एकटि राशिभोग-कालके एक एकटि सौरमास बलिया अभिहित करा हय। एइ सौरमास द्वादशटि, इहाते-ओ सूर्येर नाम भिन्न हय, एवं ताँहार गुण ओ कर्म प्रभेद हइया थाके। प्रत्येक राशिते आवार सओया दुइटि नक्षत्र अवस्थान करे। यथा—

| राशि | नक्षत्र |
|---|---|
| मष | अश्विनी, भरणी, कृत्तिका |
| वृष | कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा |
| मिथुन | मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु |
| कर्कट | पुनर्वसु, पुष्या, अश्लेषा |
| सिंह | मघा, पूर्वफल्गुनी, उत्तरफल्गुनी |
| कन्या | उत्तरफल्गुनी, हस्ता, चित्रा |
| तुला | चित्रा, स्वाती, विशाखा |
| वृश्चिक | विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा |
| धनु | मूला, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा |
| मकर | उत्तराषाढा, श्रवणा, धनिष्ठा |
| कुम्भ | धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वभाद्रपदा |
| मीन | पूर्वभाद्रपदा, उत्तरभाद्रपदा, रेवती |

ऋग्वेदे जखन-इ कोनो देवतार नाम करे, तखन-इ सूर्येर एकटि विशेष नक्षत्रे अवस्थान निर्देश करे, एवं सेइ नक्षत्र जे राशित अवस्थित, सेइ राशि-ओ निर्देश करे। धरुन, यदि यम देवतार नाम ऋग्वेदे करा हय, ताहा हइले वुझिते हइबे तिनि भरणी नक्षत्रेर देवता एव भरणी नक्षत्र मेष राशित अवस्थान कराय, यम शब्दे उक्तराशि-ओ निर्दिष्ट हइबे। तिनि भरणी नक्षत्रेर देवता, एव भरणी नक्षत्र मष राशित अवस्थान कराय, यम शब्दे उक्त राशि-ओ निर्दिष्ट हइबे। ताहा हइलेइ देखा जाय, ऋग्वेदेर प्रत्येक देवतार सहित नक्षत्र ओ राशिर प्रत्यक्ष ओ परोक्ष भावे अविच्छिन्न सम्बन्ध रहियाछे।

परवर्ती युगेर पौराणिक अनेक आख्यान ऋग्वेदेर सूत्र हइते लओया हइयाछे। किन्तु पुराणोक्त आख्यानगुलि ज्योतिष व्यतिरेके हेँयालि-रूपे एखन पर्यवसित हइयाछे। जेमन, महादेवेर माथार जटा हइते गङ्गार अवतरण। इहा कि करिया हइते पारे? एइ रूप गल्प बलिबार कारण कि? यदि ज्योतिषेर भितर दिया देखा जाय, ताहा हइले पाठकवर्ग देखिबेन, एइ रूप वर्णनाय अतिरञ्जन वा हेँयालि किछु-इ नाइ। रुद्र वा शिव वा महादेव आर्द्रा-नक्षत्रेर देवता, आबार आर्द्रा मिथुन-राशिते अवस्थित। एइ मिथुन-राशिर भितर दिया आकाश-गङ्गा प्रवाहित हइतेछे। एइ जिनिसटि बुझाइबार जन्य गङ्गावतरणेर आख्यानटि रचित हइयाछे। कोनो काले-इ शिव-नामक देवतार माथार जटा हइते आमादेर गङ्गा वा भागीरथी प्रवाहित हय नाइ। *जाँहादेर से धारणा आछे, ताँहादेर जाना उचित जे उहा नितान्त भुल।*

सूर्येर आख्यानटि-ओ ठिक एइ प्रकारेर। पुराणे बले, सूर्य त्वष्टार कन्या प्रभा वा सरण्युके विवाह करियाछिलेन, एवं ताँहार गर्भे मनु, यम, ओ यमी नामक दुइ पुत्र ओ एक कन्यार जन्म हय। किन्तु सरण्यु सूर्येर तेज सह्य करिते ना पाराय, उत्तरकुरुते पालाइया जान, एवं तथाय घोटकीर रूप धारण करिया तपस्या करिते आरम्भ करेन। जाइबार समय पतिर सेवार जन्य आपनार शरीर हइते निजेर-इ मत छायाके उत्पन्न करिया सूर्येर निकट राखिया जान। छायार गर्भे शनि, सावर्णि मनु, ओ तपतीर जन्म हय। एक समय छाया यमेर उपर राग करिया ताहाके भयङ्कर शाप देन। इहाते-इ यम ओ सूर्य, दुइ जने-इ छाया जे यमेर माता नहेन, ताहा जानिते पारेन। सूर्यदेव ध्यानस्थ हइया देखिलेन, प्रभा उत्तर-कुरुते घोटकीर रूप धारण *करिया तपस्या करितेछेन, एवं सेइ-जन्य तिनि-ओ घोटकेर रूप धरिया ताँहार* सहित मिलित हन। एवं सेइ घोटकीर गर्भे तिनटि पुत्र उत्पादन करेन। ताँहारा सकलेइ अश्वरूपे जन्म-ग्रहण करेन, एवं ताँहाराइ अश्विनीकुमार-द्वय एवं रेवन्त नामे परिचित हन।

यदि ऋग्वेदे एइ विषय अनुसन्धान करा जाय, ताहा हइले देखा जाइबे, ऋग्वेदेर दुइटि ऋकेर उपर निर्भर करिया एइ आख्यानटि रचित हइयाछे। सेइ दुइटि ऋक् नीचे देओया हइलो, एवं ताहादेर अनुवाद-ओ देओया हइलो—

त्वष्टा दुहित्रे वहतुं कृणोतीतीदं विश्वं भुवनं समेति।
यमस्य माता पर्युह्यमाना महो जाया विवस्वतो ननाश॥

—मंडल १०. १७. १।

अर्थात्, त्वष्टा ताँहार कन्याके विवाह दितछेन, सेइ-जन्य समस्त जगतेर जीव एकत्र हइयाछेन।, यमेर माता एवं महान सूर्येर पत्नी परिणयेर समय आपनाके लुकाइया फेलिलेन।

अपागूहन्नमृतां मर्त्येभ्य कृत्वी सवर्णामददुर्विवस्वते।
उताश्विनावभरद्यत्तदासीदजहादुद्वा मिथुना सरण्यु॥

—मंडल १०. १७. २॥

देवतारा मर्त्यदिगेर निकट हइते अमृत गोपन करिया सूर्य देवके ताहार कृत्रिम प्रतिकृति दान करिलेन। *आबार सरण्यु अश्विनीद्वयके गर्भे धारण करिया ताहादेर जन्मदान करिलेन,* एवं आर-ओ दुइ-जनेर जन्म दिलेन।

सूक्तेर देवता त्वष्टा, चित्रा नक्षत्रेर देवता। तिनि-इ विश्वकर्मा नामे ख्यात, तिनि स्वर्गेर स्थपति,—ताँहार काज, सकल जिनिसे रूप देओया। तिनि ना थाकिले कोनओ जिनिस जगते देखिते पाओया जाइतो ना। ताँहार कन्या प्रभा—अर्थात् जे प्रभा सूर्यके रूप दिया थाके, अर्थात् ताँहार रश्मि। आबार प्रभार-इ आर एक नाम सरण्यु, अर्थात् जिनि अनुसरण वा अनुगमन करेन। सूर्य जेखाने-इ जान, प्रभा वा सूर्येर रश्मि से-इ से-इ स्थले-इ विराजमान थाकेन बलिया, प्रभार द्वितीय नाम सरण्यु। दक्षिणायने सूर्येर तेज क्रमशः कमिते थाके; एवं जखन सूर्य चित्रा नक्षत्रेर निकटवर्ती हन, तखन दिन अत्यन्त छोटो हइया थाके, एवं रात्रिर अन्धकार बाड़िते थाके। एइ जिनिसटि बुझाइबार जन्य प्रभार उत्तर-कुरुते पलायन काहिनी विवृत हइयाछे। तारपर, सूर्य छायार सहित थाकिते-थाकिते जखन मकर-राशिते अवस्थान करेन, तखन ताँहार तिनटि पुत्र-कन्या छायार गर्भे उत्पन्न हय। ताहादेर मध्ये शनि एक। एइ शनि सेइ-जन्य मकर-राशिर अधिपति बलिया परिचित। मकर-संक्रान्ति हइते-इ, उत्तरायणेर आरम्भ, अर्थात् एइ समय हइते-इ दिन धीरे धीरे बड़ो हइते थाके, एवं अन्धकार कम हइते थाके। ऋग्वेदे ज्ञानके-इ आलोक ओ अज्ञानके-इ अन्धकार बलिया मानियाछे। एतो दिन अन्धकार छिलो बलिया सूर्य अज्ञान छिलेन, एवं सेइ-जन्य छायाके प्रभा-रूपे ग्रहण करियाछिलेन। किन्तु क्रमे अन्धकार जखन काटिया गेलो, तखन छाया जे प्रभा नहे, ताहा बुझिते पारिलेन, एवं ताँहार खोँज लइते लागिलेन। देखिलेन, प्रभा उत्तर-कुरुते अर्थात् सूर्य-देवेर उत्तरायणेर पथे घोटकीर रूप धारण करिया तपस्या करितेछेन; काजे-इ सूर्य-ओ घोड़ार रूप लइया ताँहार सहित वास करिलेन। मेष-राशिते अश्विनी-नक्षत्रे अश्विनीकुमार-द्वयेर जन्म हइलो बलिया ताँहादेर उक्त नक्षत्रेर अधिपति करिया दिलेन। तार पर आबार प्रभा आपनार पूर्व रूप धारण करिया चलिते लागिलेन, एवं शीघ्र-इ परवर्ती नक्षत्र भरणीते आसिया उपस्थित हइलेन। एइ समय प्रभार गर्भे यम, यमी, ओ मनुर जन्म हइलो, एव यमके उक्त भरणी नक्षत्रेर अधिपति करिया निनि भागाइया गेलेन। परे परे आबार सेइ-रूप त्वष्टार सज्ञा, छायार लीला वत्सर-वत्सरे चलिते लागिलो। सूर्यदेव घोड़ार रूप लइलेन केनो, ए विषये एकटा उत्तर देओया दरकार। सकले-इ जानेन, घोड़ार गर्भ सम्पूर्ण हइते पूरा बारो मास लागिया थाके; एवं सूर्येर-ओ समस्त क्रान्ति-वृत्त एकबार घुरिते बारो मास लागे बलिया सूर्यके ऋग्वेदेर अनेक स्थले अश्व-रूपे कल्पना करा हइयाछे।

शेषे विशेष वक्तव्य एइ जे, भविष्यते ऋग्वेदेर देवता सम्बन्धे कि भावे गवेषणा करिले सत्य निर्धारित हइते पारे, ताहार-इ एकटा दिक् एइ प्रबन्धे देखाइबार चेष्टा करियाछि। एइ विषय अति गहन, एवं एइ भावे सूक्तेर सम्यक् अर्थ ग्रहण अत्यन्त समय-सापेक्ष। जाँहादेर सुविधा हइबे, ताँहारा यदि एइ विषये आर-ओ गवेषणा करेन, ताहा हइले-इ श्रम सार्थक ज्ञान करिबो।

---

# शिश्नदेव

श्री विधुशेखर भट्टाचार्य, विश्वभारती, शान्तिनिकेतन

पृथिवी के अनेक देशों में लिङ्गोपासना प्रचलित है, हमारे भारतवर्ष में भी है। हमारे देश में कब से इस का प्रचार है, इस बात का विचार पण्डितों ने किया है। पाश्चात्य पण्डित-गण कहना चाहते हैं कि वेदों के समय में यह बात प्रचलित थी। इस बात के प्रमाण के लिए वे ऋग्वेद में केवल दो स्थानों[1] में आये शि श्न दे व शब्द का उल्लेख करते हैं। शिश्न ही अर्थात् लिङ्ग ही जिस का देव अर्थात् देवता है वह शिश्नदेव हुआ। इस शब्द का अक्षरार्थ यही है, इस में सन्देह नहीं। किन्तु अक्षरार्थ ही तो एकमात्र अर्थ नहीं होता। लाक्षणिक आदि अन्य अर्थ भी होते हैं। यह देखना आवश्यक होता है कि शब्द का प्रयोग किस अर्थ में होता है। नहीं तो गलती होने की सम्भावना भी रहती है। शब्द का अर्थ निर्णय करते समय आगम, सम्प्रदाय या गुरु-शिष्य-परम्परा की एकदम अवज्ञा करने से काम नहीं चलता। आगम का अनुसरण करने पर देखा जायगा कि यास्क[2] और सायण[3] दोनों ही ने उस शब्द का अर्थ किया है, अ ब्र ह्म च र्य, अर्थात् 'ब्रह्मचर्यहीन', 'जिस का ब्रह्मचर्य नहीं है', अर्थात् 'का मु क' या 'का मा स क्त'। ऋग्वेद के जिन दो स्थानों में यह शब्द प्रयुक्त हुआ है, उन स्थानों पर यह अर्थ खूब सङ्गत है।

दे व शब्द के साथ जिनका समास किया गया है ऐसे समस्त अन्यान्य शब्दों के अर्थों की आलोचना कर के देखने पर कोई इस बात में सन्देह नहीं रह जाता कि यास्क और सायण का यह अर्थ ही एकमात्र अर्थ है। तै त्ति री य उ प नि ष द्[4] में है—

"मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथिदेवो भव।"

यहाँ जिस तरह की उपासना लोग शिव विष्णु प्रभृति देवताओं की करते हैं ठीक उसी तरह माता-पिता, आचार्य और अतिथि की भी उपासना हो, यह तात्पर्य नहीं है। देवता के प्रति जिस प्रकार भक्ति और आदर रखते हैं उसी प्रकार की भक्ति और आदर के साथ माता आदि की सेवा शुश्रूषा यत्न आदर सत्कारादि करना चाहिए, यहाँ देव शब्द के प्रयोग से वक्ता का यही अभिप्रेत है। इस लिए मा तृ दे व वह व्यक्ति है जिस के निकट माता देव या देवता की नाईं (साक्षात् देव या देवता नहीं) है। इसी तरह पितृदेव आदि शब्दों को समझना चाहिए। शंकराचार्य भी यही अर्थ करना चाहते हैं। उन्हों ने स्पष्ट हो लिखा है देवतावत् उपास्या एत इत्यर्थः अर्थात् ये देवता की तरह उपास्य हैं।

इसी प्रकार एक शब्द और लीजिये। अनेक ब्राह्मण ग्रंथों और तै त्ति री य सं हि ता[5] में श्रद्धादेव शब्द का उल्लेख है। जर्मन-भाषा में लिखित सुप्रसिद्ध संस्कृत कोश सं स्कृ त वा र्‌ टे र्‌ बु ख (Sanskrit Worterbuch) के प्रणेताओं ने उस का अर्थ किया है दे व-वि श्वा सी (Gott Vertrauend गॉट फेर्ट्रॉयन्ट्), मालूम नहीं,

१. ७।२१।५; १०।९९।३। २ निरुक्त ४।१९। ३ ऋक् ७।२१।५; १०।९९।३। ४. १।११।२। ५ ७।१८।२।

किस प्रकार इस का ऐसा अर्थ होता है। यह भी नहीं मालूम कि ग्रुगेलिङ्ग साहब ने किस प्रकार इस का अर्थ 'देव-भीरु'[1] किया है। हमारे देश के भाष्यकारों ने इस का अर्थ किया है 'श्रद्धालु' या 'श्रद्धावान्' तैत्तिरीयसंहिता[2] में सायण ने लिखा है 'श्रद्धा है देव जिस का वह हुआ श्रद्धा-देव' (श्रद्धा देवो यस्यासौ श्रद्धा-देव)। उक्त भाष्यकार विश्लेषण कर के तात्पर्यार्थ कहते हैं, 'जिस प्रकार देवता में आदर होता है उसी प्रकार जिस का श्रद्धा में (हो वह) यह तात्पर्य है' (यथा देवतायामादरस्तथा श्रद्धायामित्यर्थ)। अत इस शब्द का अर्थ भी यही समझना चाहिए। जैसा देवता में वैसा ही शिश्न में जिस का आदर हो वही हुआ शिश्नदेव।

इस प्रसङ्ग में स्त्रीदेव शब्द का अर्थ विचार करने पर आलोच्य विषय और भी स्पष्ट हो जायगा। अध्यात्म रामायण (निर्णयसागर) के ४र्थ पृष्ठ पर उद्धृत ब्रह्माण्ड पुराण[3] में लिखा है—

> प्राप्ते कलियुगे घोर नरा पुण्यविवर्जिता ।
> दुराचाररता सर्वे सत्यवार्तापराङ्मुखा ।
> परापवादनिरता परद्रव्याभिलाषिण ।
> परस्त्रीसक्तमनस परहिंसापरायणा ॥
> देहात्मदृष्टया मूढा नास्तिका पशुबुद्धय ।
> मातृपितृकृतद्वेषा स्त्रीदेवा कामकिङ्करा ॥

यहाँ स्त्रीदेव शब्द का अर्थ हुआ जो कामुक है, इस विषय में किसी को जरा भी सन्देह नहीं हो सकता। शिश्नदेव शब्द का अर्थ भी यही अर्थात् कामुक है।

अभारतीय, या संस्कृत-भाषा की वाक्-पद्धति से जो अच्छी तरह परिचित नहीं हैं उन के लिए शिश्नदेव शब्द का आक्षरिक और यौगिक अर्थ ले कर लिङ्ग-पूजक अर्थ करना अस्वाभाविक नहीं। किन्तु जो लोग भारतीय हैं, या संस्कृत वाग्विन्यास से परिचित हैं, वे तो इस प्रकार के प्रयोगों के भावार्थ को लौकिक संस्कृत में ही बहुत पायेंगे। संस्कृत में शिश्नोदरतृप और शिश्नोदरम्भर ये दो शब्द प्रयुक्त होते हैं। इन दो शब्दों का अर्थ है 'कामी और पेटू'। और इसी अर्थ में शिश्नोदरपरायण शब्द का भी प्रयोग होता है। इस में परायण शब्द का अर्थ ('परमगति,' 'परम आश्रय') लक्ष्य में रखना चाहिए। इस के साथ ही नारायणपरायण और कामक्रोधपरायण की तुलना करनी चाहिए। पहले जो आलोचना की गई है उस से समझा जा सकता है कि वेद का शिश्नदेव और लौकिक शिश्नोदरपरायण इन दोनों शब्दों में यथाक्रम प्रयुक्त देव और परायण शब्दों का अर्थ एक ही है। और दोनों स्थलों पर उस का भावार्थ या तात्पर्यार्थ है 'आसक्त'। अतएव शिश्नदेव शब्द से 'शिश्न में आसक्त' और शिश्नोदरपरायण शब्द से 'शिश्न और उदर से आसक्त' यह अर्थ समझा जायगा।

---

१ शतपथ ब्राह्मण (अँगरेज़ी अनुवाद) १।५२। २ ७।१८२। ३ उत्तरखण्ड १।६।१।

# ऋग्वेद की दानस्तुतियों में ऐतिहासिक उपादान

प्रो० डा० मणिलाल पटेल, पीएच्० डी० (मारबुर्ग), विश्वभारती, शान्तिनिकेतन

ऋग्वेद के ऐतिहासिक उपादानों का, जान पड़ता है, अभी तक इस प्रकार का अध्ययन नहीं हुआ कि उस के प्रत्येक पहलू को ध्यान में रक्खा गया हो। लुड्विग् के प्रबन्ध को[1], जिस में ऋग्वेद के इस अंश पर विचार किया गया था, प्रकाशित हुए लगभग ५० वर्ष से अधिक हुए। आज उस पुस्तक के वक्तव्यों को आधुनिक खोजों के प्रकाश में दुहराने और शोधने का समय आ गया है। इस विषय में हम ऋग्वेद के उन सूक्तों या मन्त्रों से, जिन्हें दा न स्तु ति कहा जाता है, अतुल कुछ सहायता पा सकते हैं। विंटरनित्स कहते हैं—"ये दानस्तुतियाँ सर्वदा धार्मिक दाताओं के पूर्ण नाम देती हैं और निस्संदिग्ध भाव से ऐतिहासिक तथ्यों की या वास्तविक घटनाओं की सूचना देती हैं। इस लिए वे महत्त्वपूर्ण हैं।"[2]

दानस्तुति के इन्हीं ऐतिहासिक उपादानों का इस लेख में, जिसे मैं इतिहास के प्रगाढ़ विद्वान् रायबहादुर गौरीशङ्कर हीराचन्द जी ओझा की ७० वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में अपने विनम्र अर्घ्य के रूप में समर्पित कर रहा हूँ, विचार करूँगा।

इस स्थान पर मैं सर्व-प्रथम उन दान-स्तुतियों की सूची देना आवश्यक समझता हूँ जिन के आधार पर यह लेख लिखा जा रहा है। यह सूची मैंने अपने दि दा न स्तु ति स् दे स ऋ ग्वे द नामक जर्मन ग्रन्थ से ली है[3]। उसी के द्वितीय अध्याय में ऋग्वेद की दान-स्तुतियों को निश्चित करने के पुरातन या अर्वाचीन प्रयत्नों का सविस्तर वर्णन किया गया है। वे प्रयत्न बृहद्देवता और अनुक्रमणिका के प्रणेता, मैक्समूलर, आउफरेक्ट्, लुड्विग्, ओल्डनबर्ग, गेल्डनर् आदि के द्वारा किये गये थे। स्थानाभाव के कारण हम यहाँ नीचे उस सूची को ही देते हैं जिस में मेरी राय में ऋग्वेद की उन सभी ऋचाओं का समावेश है जो दानस्तुति-परक हैं।

मण्डल १ १०० १६—१७ १२२ ७—१४, १२५—२६।
" ४ १५ ७—१०, ३२ १९—२४।
" ५ १८ ५, २७, ३० १२—१५ ३३ ७—१०, ३४ ९, ३६ ६ ५२ १७, ६१. ५—१०।
" ६ २७ ८, ४५ ३१—३३, ४७ २२—२५, ६३ ९—१०।
" ७ १८ २२—२५।

---

1 लुड्विग—दि नख़रिख़्टे देस ऋग्वेद उन्ड अथर्ववेद उँबर ओग्रोग्राफ़ी गेशिश्टे, फेरफासुंग देस आल्टन इंडियेन प्राग १८७५।

2 विन्टरनित्स—गेशिश्टे देर इंडिशेन् लिटरातुर (अंगरेजी अनुवाद—हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिट्रेचर (१), कलकत्ता १९२७) (१) लाइपज़िग १९०७ पृ० ९९।

3 हारासोवित्स द्वारा प्रका० (लाइपज़िग्), १९२९।

मण्डल ८ १ ३०—३३, २ ४१-४२, ३ २१—२४, ४ १९—२१; ५. ३७—३९, ६. ४६—४८, १९ ३६-३७, २१ १७-१८, २५. २२—२४, ३४. १६—१८, ४६. २१—३३, ५५-५६, ६५ १०-१२, ६८ १४—१९, ७०. १३—१५।

" १०. ६२ ८—११, ९३ १४-१५।

इस के बाद उन राजाओं के नाम तथा उन के बारे में उपर्युक्त दानस्तुतियों में जो कुछ आया है उस का विवरण दिया जाता है।

ऋ० १. १२२. ८ १० ११ में पञ्च ऋषियों का राजा नहुष कहा गया है। नहुष नामक एक प्राचीन आर्यजाति के प्रधान पुरुष का नाम भी नहुष था[1]। वह प्रधान पुरुष निश्चय से यही नहुष होगा। इसी नहुष या नहुष जाति के एक व्यक्ति ने ५ वार्षगिरों (वृषागिर के पुत्रों) को पुरस्कृत किया था (ऋ० १. १०० १६)। लुड्विग का कहना है[2] कि राजा मशशरि और आयवस जिन की चर्चा ऋग्वेद (१ १२२ १५) में हुई है, नहुष जाति के ही थे। ऐसा मालूम होता है कि ये दोनों राजा जिन्हों ने नहुष के साथ महायज्ञ किया था, या तो उस के सम्बन्धी थे या उस के साथ मित्रता के बन्धन में आबद्ध थे। ऋग्वेद के समय यह एक साधारण नियम था कि किसी महायज्ञ का अनुष्ठान कई राजा मिल कर किया करते थे, और उन में से हर एक गायक कवियों को उपहार दिया करता था। इसी लिए दानस्तुति में हम अनेक आश्रयदाताओं का उल्लेख एक साथ पाते हैं। नहुष जाति ने सिन्धुनद[3] या सरस्वती[4] के किनारे पर वास किया था। ऋ० ८. ४६. २७ स्पष्ट ही कहता है कि अर्हंमत्त एक नहुष था और उस ने अनेक उत्तम कार्य (सुकृत) किये थे। नहुष सदा एक विशेष राजा या जाति के वाचक शब्द के रूप में पाया जाता है। न तो संस्कृत वोर्टेरबुख़[5] जो इस शब्द का अर्थ "पड़ोसी, प्रतिवेशित्व, एक पड़ोसी जाति" करता है इस का ठीक अर्थ बताता है, और न नैघण्टु (२ २) ही जिस में इस का अर्थ सिर्फ़ 'आदमी' किया गया है।

नहुष।

यह सहदेव का पुत्र[6] और सृञ्जयों का 'कुमार' था। ऋ० (४. १५. ४) में एक सृञ्जय दैववात की चर्चा आई है। ऐतरेय ब्राह्मण (७. ३४) में अन्य राजकुमारों के साथ सहदेव साञ्जय का उल्लेख है। देववात को, जिसे हम सृञ्जय का पिता समझ सकते हैं भारत बताया गया है[7]। अगर भरत

सोमक साहदेव्य।

---

१ आयु भी इसी तरह एक जाति और उस का प्रधान पुरुष था, दे०—ऋ० १ ३१ ११ इत्यादि।

२ देर ऋग्वेद (३), प्राग १८७६-८८, पृ० २०६।

३ ऋ० १ ३१ ११, ६ २२. १०, ४६. ७ १० ८० ६।

४ ऋ० ७ ९५. २, ६ ८८ २; ६१ २। दुर्भाग्यवश, वैदिक युग में सरस्वती नदी की भौगोलिक परिस्थितियों को निश्चित करने का हमारे पास कोई साधन नहीं है। यह बिलकुल असम्भव है, कि सरस्वती और सिन्धु एक ही नदी का नाम हो। जैसा कि लुड्विग ने कहा है, (डी नखरिष्टेन० पृ० १२ १३) यह कहना अधिक युक्तिसङ्गत है कि सरस्वती सिन्धु की एक छोटी सी सहायक नदी थी।

५ रुडोल्फ रॉथ और बोथलिंक—संस्कृत वोर्टेरबुख़, सेंट पीटर्सबुर्ग, यथास्थान।

६ ऋ० ४ १५. ७—१०।

७ ऋ० ३ २३ २।

देववात का पिता हो तो हमें ५ पीढ़ियों का पता चलता है—भरत, देववात, सृञ्जय, सहदेव और सोमक। शत० ब्रा० (२.४.४.४) में सुप्लन् सहदेव का नाम दिया गया है। यह सोमक सहदेव ही था या उस से सम्बद्ध कोई अन्य, यह बात अभी स्पष्ट नहीं है। सुप्लन् नाम बाहर से आया हुआ जान पड़ता है[१]।

त्र्यरुण।

यह त्रिवृष्ण का पुत्र था। ऋ० (५.२७) में इस का उल्लेख त्रसदस्यु और अश्वमेध के साथ है। बृ० दे० (५.३१) और अनुक्रमणिका में त्रसदस्यु और अश्वमेध को इस सूक्त में भिन्न भिन्न व्यक्ति बताया गया है। जो हो, यह बात ज्यादा सम्भव जान पड़ती है, जैसा कि पौराणिक वंशावली में दिखाया गया है,[२] कि त्र्यरुण त्रसदस्यु की संतान है। इसी लिए कवि ने (ऋ० ५.२७ में) त्रसदस्यु शब्द को त्र्यरुण के कुल-नाम के रूप में प्रयोग किया है। अश्वमेध और त्रसदस्यु मित्र राजा जान पड़ते हैं।

त्रसदस्यु।

(३०) औक्षगन्धि—(अ० २.२६.७; ४.३७.३)—ह्इटनि साहेब इहाके 'बृषेर मत गन्ध' अथवा 'वृष हइते प्रस्तुत कोनो गन्धद्रव्य' मने करेन। अथर्ववेदे पति पाइबार जन्य मन्त्रे एवं नाना प्रकार दुष्ट प्रेतात्मार विपक्षे मन्त्रे व्यवहृत हइयाछे। आमरा आयुर्वेदे वृषगन्धा नामे गाछेर नाम पाइ; इहा वीर्यवर्धन ओ गर्भसञ्चारेर जन्य व्यवहृत हइत। वैज्ञानिक नाम Argyreia speciosa Sweet. इहा औक्षगन्धि हइते पारे।

(३१) करञ्ज (Pongamia glabra Vent.) (ऋ० १.२३.८, १०.४८.८)।—जिम्मार, लुड्विक्, एवं हिलेब्रान्ट् साहेब इहाके इन्द्रेर शत्रु बलेन। आमादेर मने हय इहा गाछ।

(३२) करीर (Capparis aphylla Roth.) कथाटि एखनओ हिन्दीते चलित। (तैत्ति० सं० २.४.९.२ इत्यादि)।

(३३) कर्कन्धु (कुवलाय—Zizyphus jujuba Linn.) बहुस्थले उल्लेख आछे। इहार फलके कुवल ओ बदर बला हइयाछे।

(३४) काकम्बीर (ऋ० ६.४८.१७)—वैदिक इण्डेक्से कोनो गाछ मने करा हइयाछे। आबार 'काकम्बीर' अर्थ 'काकेर आश्रयभूत' हइते पारे।

(३५) काश (Saccharum spontaneum)—तैत्तिरीय-आरण्यके (६.९.१) काश हइते मादुर प्रस्तुतेर कथा आछे।

(३६) कार्ष्मर्य (काश्मीरी—Gmelina arborea Linn.)—कृष्णयजुर्वेद ओ शतपथब्राह्मणे इहार उल्लेख आछे।

(३७) किंशुक (Butea frondosa Roxb.) इहार काष्ठे रथ प्रस्तुत हइत (ऋ० १०.८५.२०)।

(३८) कियाम्बु (ऋ० १०.१६.१३ = अ० १८.३.६); क्याम्बु (तैत्तिरीय-आरण्यक ६.४.१२) वैदिक इंडेक्से कोनो प्रकार जलीय गाछ मने करा हइयाछे। सम्भवतः कियाम्बु अर्थ 'किंचित् जल'।

(३९) कुमुद (अ० ४.३४.५)—Nymphaea lotus Linn.

(४०) कुल्माष (छान्दो० उप० १.१०.२.७; निरुक्त १.४)—अमरकोषे इहाके 'यावक' (बोरक, बरबटि—Vigna catjang Endl.) बला हइयाछे, अन्यमते इहा कुलत्थ कलाइ—Dolichos biflorus Linn. निरुक्ते इहाके 'अल्पमाष, छान्दोग्य-उपनिषदेर टीकाकार इहाके कुत्सित माष ओ भागवत पुराणेर (५.९.११) टीकाकार कीटदष्ट माष बलिया-छेन। सम्भवत. सिद्ध वा सिद्ध बरबटि वा कुलत्थ कलाइ लक्ष्य करा हइयाछे।

(४१) कुश (शतपथ ब्रा० २.२.३.१२ इत्यादि) रोट् साहेबेर मते इहा प्रथमत. साधारण घास, परे कुश घास (Eragrostis cynosuroides Beauv.) बुझाइत।

(४२) कुष्ठ (अ० ५.४.१—१०; ६.९५.१,२; इत्यादि) तक्मन् वा म्यालेरिया ज्वरेर विरुद्धे इहार स्तुति आछे। इहा एक प्रकार औषधि, तुषारमण्डित पर्वते जन्माय। इहार मूलेर कथा आछे। वैदिक इडेक्से इहाके Costus speciosus Sm मने करा हइयाछे। हिलेब्रान्ट् साहेबेर मते इहा Saussuria lappa C. B. Clarke - द्वितीय गाछटि काश्मीरेर पर्वते प्रचुर परिमाणे पाओया याय, एवं इहार मूल एखनओ घात ओ चर्मरोगे व्यवहृत हय। सुतरां इहा कुष्ठ।

(४३) क्रमुक (शतपथब्रा० ६.६.२.११; कौशिकसूत्र ११.१०, इत्यादि) क्रमुक (तैत्ति० सं० ५.१.९.३, तै० ब्रा० १.७.७.३) । Morus serrata Roxb. पाञ्जाबे 'किमु' ओ 'क्रम' नामे परिचित। सम्भवतः इहाइ क्रमुक।

(४४) खदिर (Acacia catechu Willd.)। इहार बहु उल्लेख पाओया याय। इहार दृढ़, सारवान् काष्ठे बहु द्रव्य (मणि, स्रुव अर्थात् हाता) प्रस्तुत करा हइत।

(४५) खर्जुर (तैत्ति० सं० २ ४ ९ २) Phoenix sylvestris Roxb.

(४६) खलकुल (बृहदारण्यक ६ ३ १३) शङ्कराचार्येर मते कुलत्थ कलाइ (Dolichos biflorus Linn.)

(४७) खल्व (अ० २.३१.१; ५ २३.८, वाज० सं० १८ १२; बृहदारण्यकोपनिषद् ६ ३.१३)। अथर्ववेदे इहा आकारे गुँड़ा बलियार कथा आछे। आजसनेयिसंहितार टीकाकारेर मते इहा चणक (Cicer arietinum Linn.) शङ्कराचार्येर मते इहा निष्पाव, अत एवआज इहाके श्वेतशिम्बी बला हइयाछे (Dolichos lablab Linn)

(४८) गर्मुत् (तैत्ति० सं० २.४ ४ १,२) गर्मुत् (काठकसंहिता १०.११)। शब्दकल्पद्रुमे गर्मुत् शब्द दुइ गाछेर जन्य व्यवहृत हइयाछे, 'मघना' (Meliorago denticulata Willd) एवं 'गड़गड़' गाछ (Coix lachryma-jobi Linn.)। गड़गड़ बुन्देलखण्डे 'गन्डुत, गरुत' एवं मध्यप्रदेशे 'गुर्लु' नामे अभिहित। सम्भवत वेदेर गर्मुत् गड़गड़ हइबे।

(४९) गवीधुक, गवीधुका, गवेधुक। इहा बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे। इहाते सक्तु (सत्तु) प्रस्तुत हइत। वैज्ञानिक नाम Polytoca barbata Stapf। शब्दकल्पद्रुमे इहाके गड़गड़ देधान बला हइयाछे।

(५०) गोधूम (Triticum vulgare Vill.) इहा बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे। इहाते सक्तु प्रस्तुत हइतो।

(५१) जङ्गिड (अथर्ववेद २.४, १९.३४,३५)। अथर्ववेदे इहाके वनस्पति ओ ओषधि दुइइ बला हइयाछे। इहार फलेर कथा पाओया जाय। कौशिकसूत्रेर टीकाकार दारिल इहाके अर्जुन वृक्ष मने करेन। कोथा वा शुष्क हरीतकीके हिन्दुस्थानीते 'जङ्गी हर' बला हय (Watt's Dictionary of Economic Products)। सम्भवत इहाइ जङ्गिड—Terminalia chebula Retz; अर्जुन (Terminalia arjuna Bedd) नहे।

(५२) जम्बिल (वाज० सं० ३६.३)—महीधरेर मते इहा जम्बीर अर्थात् नेबु—Citrus medica acida Brandis।

(५३) तण्डुल। बहु स्थले इहार नाम पाओया जाय। इहा जे केवल व्रीहि अर्थात् धानेर 'चाल', ताहा नहे। श्यामाक धानेर (शतपथ ब्रा० १०.६.३.२) ओ यवमानेर (छान्दोग्योपनिषद् ५ २.४ ६) तण्डुलेर कथा पाओया जाय। तैत्तिरीयसंहिताय (१.८.९.१) कर्ण-तण्डुल (जाहार कर्ण अर्थात् awn आछे) ओ अकर्ण-तण्डुलेर (जाहार awn नाइ) नाम आछे। कर्णतण्डुलके unhusked एवं अकर्णतण्डुलके husked rice बला हइयाछे। आमादेर मत हय—कर्ण अर्थे awn। ऋग्वेदे धान चालेर कथा पाओया जाय ना (जिम्मेर Altindisches Leben देखुन)।

(५४) तलाश (अ० ६.१५.३), तालीश। बाङ्लाय पानियाल—Flacourtia cataphracta Roxb.

(५५) ताष्टीव (कौशिकसूत्र २५.२३; अ० ५ २९ १५)—टीकाकारमते सर्प।

(५६) तिर्य, तिल (Sesamum indicum DC)—इहा बहुस्थले उल्लिखित हइयाछे। तिलेर डाँटाके तिलपिञ्ज (अ० १२.२ ५४), तिलपिञ्जी (अ० २.८ ३) बला हइत। इहार काठ ज्वालान हइत। बला हइयाछे, तिलगाछ हेमन्त ओ शिशिरे जन्माय। तिलेर मण्डके तिलौदन बला हइत, इहा खाद्यरूपे व्यवहृत हइत। तैल (बृहदारण्यकोपनिषद् १.४.२१) वा तौल (अ० १.७.२) तिलेर तैल, इहा मलमे लागान हइत।

(५७) तिल्वक (मैत्रायणीसंहिता ३.१ ९, श० ब्रा० १३ ८.१.१६, इत्यादि)। चलित कथाय 'लोध' (Symplocos racemosa Roxb)

(५८) तौदी (अ० १०.४.२४)। बाङ्लाय Matthiola incana R. Br. के 'तोदि' बला हय। इहा कि तौदी?

(५९) त्रायमाणा (अ० ८.२.६)। इहा एक प्रकार ओषधि। बोम्बाइए Delphinium Zalil Aitch et Hesl के त्रयमान बला हय; इहाओ ओषधि। इहा त्रायमाणा हइते पारे।

(६०) दर्भ—बहु स्थले पाओया जाय। अथर्ववेदे इहाके सहस्रपर्ण, शतकाण्ड ओ भूरिमूल बला हइयाछे। इहार हिन्दी नाम 'दभ' एवं बाङ्लाय 'उलु' बले। Imperata arundinacea Cyrill.

(६१) दूर्वा—बहु स्थले दूर्वार नाम पाओया जाय। ऋग्वेदे बला हइयाछे जे आर्द्रभूमिते दूर्वा जन्माय, एवं श्मशाने इहा रोपण करा हइत। अथर्ववेदे शाण्ड-दूर्वार नाम आछे (१८.३ ६)। 'शाण्ड' अर्थे 'काण्डविशिष्ट' अर्थ करा जाय। ताहा हइले इहाके 'मुथा घास' (Cyperus rotundus Linn) मने करा जाइते पारे, कारण इहार मूले छोट छोट डिमेर मत कन्द जन्माय। तैत्तिरीय-आरण्यके 'पाक-दूर्वा' कथा पाओया जाय। सायण इहाके परिपक्व दूर्वा बलियाछेन। दूर्वार वैज्ञानिक नाम

Cynodon dactylon Pers.। पाकदूर्वा सम्भवत Panicum sanguinale Linn (Digitaria sanguinales Scop)। साधारण लोके इहाके बड़ आकारेर दूर्वा मने करे।

(६२) न्यग्रोध, न्यग्रोध। इहा बट गाछ—Ficus bengalensis Linn इहार काष्ठे यज्ञेर पात्र प्रस्तुत हइत। बहु स्थले इहार नाम पाओया याय।

(६३) नड़। नाना स्थले इहार नाम पाओया याय। इहा ह्रदे जन्माय, वर्षाय वर्धित हय (ऋ० ४ ११ ३) इहाते मादुर प्रस्तुत हइत। नाम Phragmites karka eincta Hooker

(६४) नराचि (अ० ५ ३१ ४)। 'जाहा नरेर सहित मेशिसष्ट'—एइ अर्थ धरिया इहाके कान विषाक्त गाछ बलिया मने करा हइयाछे (वैदिक इण्डेक्स)।

(६५) नलद नलदि, नर्द (ऋ० ६ १०२ ३; ४ २० ३; ऐत० ब्रा० ३ २ ४; शांखा० आरण्यक २१ ४)। Nardostachys jatamansi D C।

(६६) नाच—याच देखुन।

(६७) नीवार—(वहीधान—इहा वन्य धान्य; धान्ये भेदमात्र—a variety of rice)। बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे।

(६८) नीलाकसाला, नीलागलसाला—सायण इहाके सरवल्ली बलेन। आमरा 'नीलवल्ली' नामक गाछेर उल्लेख पाइ, इहार साधारण नाम बाँदा (Vanda roxburghii Br)। इहा एइ गाछ हइते पारे।

(६९) न्यग्रोध। नग्रोध देखुन।

(७०) न्यस्तिका (अ० ६ १३९ १)। इहाके 'सहस्रपर्णी' बला हइयाछे। सायण इहाके 'शङ्खपुष्पिका' बलेन। वैदिक इण्डेक्से इहाके Andropogon aciculatus Retz. बलिया स्थिर करा हइयाछे। अभिधाने शङ्खपुष्पी कथा पाओया याय, इहा शङ्खाहुली नामेओ ख्यात, बाङ्गलाय 'डानकुनी'—Canscora decussata Roem and Schult। Andropogon aciculatus Retz. शङ्खिनी—शङ्खपुष्पी नहे। इहार बाङ्गला नाम 'चोरकाटा'। सम्भवत डानकुनीइ न्यस्तिका।

(७१) पर्ण, पलाश (Butea frondosa Roxb)। पलाश गाछ बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे। इहार काष्ठे पात्र, आदि हाता, यूप प्रभृति प्रस्तुत करा हइत। इहार छालओ व्यवहृत हइत।

(७२) पाकदूर्वा—दूर्वा देखुन।

(७३) पाठा (अ० २ २७ २; कौशिकसूत्र ३७ १, ३८.१४) कौशिकसूत्रेर टीकाकार इहाके पाठा बलेन। चलित कथाय आकनादि—Stephania hernandifolia Walp

(७४) पीतदारु—दारु देखुन।

(७५) पीलु (अ० ४ ३७ ३) —अथर्ववेदे इहाके 'अप्सरा' बला हइयाछे। Salvadora persica Linn के पीलु बला हय। इहार फले तीव्र गन्ध आछे; छालेओ तीव्र निर्यास आछे। जे रूपे कथाटि व्यवहृत हइयाछे, ताहाते एइ गाछ हइते पारे।

(७६) पीलु—(श० २० १३१ १२), कपोत इहार फल खाय। वैदिक इण्डेक्से इहाके Careya arborea Roxb अथवा Salvadora persica Linn तालिका धरिके पीलुके Careya arborea Roxb बला हइयाछे। मराठी भाषाय आबार Salvadora persica Linn के पीलु बले। संस्कृतेओ इहाके पीलु बले। Careya arborea र संस्कृत नाम 'कुम्भी'। सुतरां पीलु (अथर्ववेदेर) Salvadora persica हओयाइ सम्भव।

(७७) पुण्डरीक—भाण्डीक देखुन। कथाटि बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे।

(७८) पुष्कर। पद्म—Nelumbium speciosum Willd बहु स्थले इहार नाम पाओया याय।

(१०९) शफक (अथर्ववेद ४.३४ ५; आपस्तम्बश्रौतसूत्र ५.१४ १४) इहा अज्ञात उद्भिद्। सम्भवत इहा पानीफल (शृङ्गाटक)। इहार फलेर चारे क्षुरेर मत वखना आछे। इहार सङ्गे 'विस' कथार उल्लेख आछे। विस पद्मेर डाँटा।

(११०) शमी (अ० ६.११.१; इत्यादि)। इहा Prosopis spicigera Linn. रोट् बलेन—Mimosa suma Kurz. ओ हइते पारे, इहा 'साँईकाँटा', शमी नय। अथर्ववेदे इहाके केशघ्न, मादक, ओ शमतालायुक्त बला हइयाछे। इहार काठ यज्ञे व्यवहृत हइत।

(१११) शमीधान्य (शत० ब्रा० १.१ १.१०) शिम्बीजात शस्यके (seeds of leguminous plants) शमीधान्य बला हइत (अमरकोष; भावप्रकाश)।

(११२) शाल्मलि (Bombax malabaricum DC) बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे। इहार काष्ठे रथ प्रस्तुत हइत। इहाके दीर्घतम वृक्ष बला हइयाछे। ऋग्वेदे (३.५३ २२) 'शिम्बल' कथा आछे। सायण इहाके शिमुल पुष्प मने करेन।

(११३) शर (Saccharum ciliare E.D) इहाते बाणदण्ड प्रस्तुत हइत। बहु स्थले इहार उल्लेख आछे।

(११४) शालुक (अ० ४ ३४ ५)। Nymphaea lotus Linn.

(११५) शिंशपा (Dalbergia sissoo Roxb) इहा ऋग्वेद (३ ५३.१७) ओ अथर्ववेदे (६.१२९.१; २० १२९.७) उल्लिखित हइयाछे। इहार काठ व्यवहृत हइत।

(११६) श्यामक (Panicum frumentaceum Trin) इहा बहु स्थले उल्लिखित हइयाछे। इहा पाखीर खाद्य छिल। इहा अति क्षुद्र ओ हालका।

(११७) सर्षप (Brassica napus Linn) षड्विंशतिब्राह्मण (५ २), शाङ्खायनश्रौतसूत्र (४.१५ ८) ओ छान्दोग्योपनिषदे (३ १४ ३) इहार उल्लेख आछे।

(११८) सह (अ० ११.६.१५)। रोट् साहेबेर मते 'इहा एक रकम गाछ'। ह्वाइट्नि साहेब इहार अर्थ 'बलवान्' मने करेन। सहा 'बला' गाछेर एकटि नाम—Sida cordifolia Willd.

(११९) सहदेवा (सामविधानब्राह्मण), सहदेवी (अ० ६.५९.२)। सहदेवीर आर एक नाम महाबला—Sida rhombifolia Linn सहदेवा सम्भवत Vernonia cinerea Less इहार बाङ्गला नाम कुकसिम, काजजिरा।

(१२०) सहमान (अ० २.२५२.२, इत्यादि)—सायणमते इहार अर्थ 'बलवान्'। वैदिक इन्डेक्से इहाके गाछ मने करा हइयाछे।

(१२१) सिलाचि—अरुन्धती देखुन।

(१२२) सिलाञ्जाला (अ० ६ १६ ४), टीकाकारमते शष्पाञ्जल्य, कौशिकसूत्र ३१.११ शिलाञ्जल; केशव (टीकाकार) इहाके सस्यवल्ली बलेन। अभिधाने शिलाञ्जनी नामे छोट वृक्षेर कथा पाओया याय (Memecylon edule Roxb.)।

(१२३) स्पन्दन—स्यन्दन देखुन।

(१२४) स्फूर्जक (शत० ब्रा० १३ ८ १.१६)—इहा गाब Diospyros embryopteris Pers)।

(१२५) स्यन्दन (ऋ० ३.५३.१९)—सम्भवत Ougeinia dalbergioides Benth (हिन्दी सन्दन) रोट् साहेब 'स्पन्दन' पाठ धरिया 'रथ' अर्थ करेन।

(१२६) स्रक्त्य (अ० २.११ २; इत्यादि)। वेबर साहेब-मते इहा बहुकोण स्फटिक (crystal)। टीकाकार इहाके तिलक वृक्ष बलेन। सम्भवत Clerodendron phlomoides Linn

(१२७) स्रेकपर्ण (मैत्र० ब्रा० २ ६,१२, तैत्ति० ब्रा० ३ ६ ६ ३) सायणमते करवीर पत्रेर आकार। करवीर वृक्षेर एक नाम स्रेक—Nerium odorum Soland

(१२८) स्वधिति (ऋ० ५.३२ १०) रोट् साहेब इहाके कोनो दृढ़ काष्ठविशिष्ट वृक्ष मने करेन। सम्भवतः इहा गाछ इ नय।

(१२९) हरिद्रु (शत० ब्रा० १३ ८.१ १६)। अभिधानकारगण इहाके दारुहरिद्रा बलेन। वैदिक इन्डेक्से देवदारु बला हइयाछे। (द्रुतु देखुन)।

# भारतीय संस्कृति का सूत्रपात

अध्यापक डा० श्री सुनीतिकुमार चटर्जी, एम० ए०, डी० लिट्०, कलकत्ता विश्वविद्यालय

हम लोग अपनी भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति के प्रति प्राचीनत्व के सम्बन्ध में विशेष रूप से सचेत हैं। प्राचीन इतिहास की जिन्हों ने भली भांति चर्चा नहीं की, परन्तु जिन्हों ने साधारण शिक्षा पाई है, ऐसी हिन्दू-सन्तान इस बात को स्वत-सिद्ध समझने में अभ्यस्त है, कि सारी दुनिया में सभ्यता का प्रथम प्रकाश हमारे इस भारतवर्ष में ही हुआ और इस प्राचीनतम सभ्यता का सूत्रपात हमारे आर्य पूर्वजों में हुआ था। जगत् में सभ्यता का उद्भव आर्यों की मनीषा का फल है; सभ्यता के कारण जो कुछ कृतित्व मिलता है, वह आर्यों को मिलना चाहिए, और इस के बाद, हम लोग आर्यों के वंशधर हैं, इसलिए हम लोग भी इस कृतित्व के उत्तराधिकारी हैं। हमारी हिन्दू जाति की अति-प्राचीनता के विषय में एक धारणा या संस्कार बचपन से हमारी नसों में जा बैठता है। पुराण की कहानियों से सत्य, त्रेता, द्वापर, कलि—इन चार युगों की बात हम पढ़ते हैं, वह कितने लाख वर्ष की बात है। यदि लाखों वर्षों की बात न भी सही, तो नि सन्देह हजारों वर्ष की बात तो माननी ही पड़ेगी।

हम लोगों में जिन्हों ने थोड़ी-सी आधुनिक शिक्षा को प्राप्त किया है, साधारणत इस बात को एक प्रकार से मान लिया है कि *भारतवर्ष के बाहर के किसी एक स्थान से सहस्रों वर्ष पहले आर्य लोग इस* देश में आ कर बसे, और इस के बाद हिन्दू सभ्यता की प्रतिष्ठा इन आर्यों ने की। जिन को केवल प्राचीन शिक्षा मिली, अथवा जो प्राय सिर्फ संस्कृत की चर्चा करते हैं, वे इस बात पर ध्यान देने की कुछ भी जरूरत नहीं समझते, या किसी जरूरत को स्वीकार भी नहीं करते,—उन के लिए भारतवर्ष ही आर्य जाति की पितृभूमि है,—भारत के बाहर के किसी स्थान से कभी आर्य लोग यहाँ आए, ऐसा सोचना इन के विचार में एक असम्भव कल्पना है। भारत के बाहर से आर्य लोग आए थे या नहीं, इस अवसर पर इस विषय की कुछ आलोचना हम नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही हम कह सकते हैं कि भारत के बाहर ही से आर्यों का यहाँ आगमन हुआ था, ऐसे मतवाद को हम मानते हैं। बाहर से आर्य लोग भारत में आए थे, यह विचार विगत उन्नीसवीं सदी के मध्य भाग से यूरोप के कई भाषातात्त्विकों के लेख में प्रकट होने और रूप ग्रहण करने लगा।

*इंगलैंड में बसे हुए जरमन पंडित फ्रीड्रिख् माक्स्-म्यूलर न ही अपने लेखों और पुस्तकों में इस* विचार को फैलाया। माक्स्-म्यूलर ने और उन के अनुयायी कई विद्वानों ने ऐसा अनुमान किया कि आज-कल के समय से चार हजार वर्ष पूर्व मध्य-एशिया में आर्य जाति वास करती थी, वहाँ प्राकृतिक विपर्यय या और दूसरी किसी घटना के वश आर्य लोगों का वास करना असम्भव हो गया, इसी से वे पश्चिम और दक्षिण के विभिन्न देशों में फैल गए। उन के कुछ झुंड यूरोप में गए, और वहाँ रूस, ग्रास, इटली, जर्मनी,

माल्म प्रभृति देश में उपनिविष्ट हुए। इन सब देशों के अधिवासी स्लाव, ग्रीक, इटालीय, ट्यूटन, केल्ट जाति के लोग इन्हीं के वंशधर हैं। मध्य एशिया से आर्यों का एक झुंड दक्षिण में आया, वह ईरान में उपनिविष्ट हुआ, फिर ईरान से उस का कुछ अंश भारतवर्ष में पधारा, इन से भारतीय आर्यों की उत्पत्ति हुई जिन्होंने वेद के सूक्त रचे, जो कि भारतीय सभ्यता की जड़ हैं। विज्ञान तथा इतिहास के और विचार तथा मतवाद के साथ यह मतवाद भी यथासमय भारतवर्ष में आ पहुँचा, और अंगरेजी शिक्षित भारतीय लोगों ने बिना प्रतिवाद किए उसे ग्रहण किया। यूरोप में अंगरेज और अन्य यूरोपीय जातियों के पढ़े लिखे लोगों में इस मतवाद की प्रतिष्ठा तुरन्त हुई। संस्कृत, प्राचीन ईरानी, आर्मेनी—एशिया-खंड की तीन सुसभ्य जातियों की ये तीन प्राचीन भाषाएँ, तथा यूरोप की प्रायः कुल जातियों की भाषाएँ—यथा ग्रीक, लातीन प्राचीन स्लाव, लिथुआनी, केल्ट, ट्यूटन—ये सब एक अधुना विलुप्त मूल या आदि आर्य भाषा से उत्पन्न हुईं। विगत उन्नीसवें शतक के प्रथमार्द्ध में तुलना-मूलक भाषा-तत्त्व विद्या ने इस तथ्य का निरूपण किया। जब एक "आदि आर्य भाषा" मानी गई, तब इस को बोलने वाली एक "आदि आर्य जाति" को भी मानना पड़ा, और साथ साथ यह भी स्वीकार करना पड़ा कि किसी प्राचीन समय में कहीं न कहीं यह जाति वास करती थी। जो लोग इस समय विभिन्न आर्य-भाषाएँ बोलते हैं, वे ज्यादातर उन्हीं आदि आर्यों के वंशधर हैं, और वे आजकल दुनिया की सब से अधिक सभ्य जाति गिने जाते हैं। इस के अलावा, प्राचीन जातियों में हिन्दू, पारसीक, ग्रीक, रोमन इत्यादि आर्यभाषी कई जातियाँ भी सभ्यता के विषय में विशेषतः उन्नत थीं। इस से, आदि आर्य जाति के लोग भी सुसभ्य थे, ऐसा अनुमान करने में आधुनिक आर्य-भाषीय अथवा 'आर्यमन्य' लोगों को कुछ अन्तराय नहीं प्रतीत हुआ। इस "आर्यवाद" को यूरोपीय पंडितों ने माहिम्ना माहिम्ना स्थापित और सुगठित किया। देखा गया कि यूरोप के आधुनिक जातियों के लोग तमाम पृथिवी पर फैल गए—पुर्तगीज, हिस्पानी, ओलन्दाज, अंगरेज, फ्रांसीसी, जरमन, स्कान्दिनावीय लोगों ने अफ्रीका, एशिया, अमरीका, आस्ट्रेलिया इन सब महादेशों में सर्वत्र यूरोप की सभ्यता का प्रचार किया, बिना ज्यादह तकलीफ उठाए हुए वे लोग उन मुल्कों में अपना अप्रतिद्वन्द्वी प्रतिष्ठा को स्थापित कर, स्थानीय "नेटिव" लोगों पर आधिपत्य कर रहे हैं,—उन 'नेटिव' लोगों को सुसभ्य बना रहे हैं (यह तो यूरोपीय विजेताओं की कही बात है)—और जब देखते हैं कि "नेटिव" लोगों का अवस्थान अपनी जाति के लिए असुविधा जनक है, अथवा जब वैसा करना आवश्यक समझते हैं, तब उनका समूल उच्छेद भी करते हैं—कई देशों में उच्छेद कर भी चुके। वे 'आर्यवाद' के मामले पर, 'एक ही इतिहास विभिन्न काल में पुनरावृत्त होता है' (*History repeats itself*) इस अर्ध-सत्य वचन को काम में लाए। इस समय आर्यभाषी लोग जैसा करते हैं, प्राचीन काल में इन के पूर्वजों ने वैसा ही किया था—इस प्रकार का अनुमान पंडितों ने उपस्थापित किया। इस समय के यूरोपियन आर्यभाषी लोगों के सदृश, सुसभ्य श्वेतवर्ण सुन्दरकान्ति प्राचीन आर्य लोग अपनी पितृभूमि से फैल गए नाना असभ्य या अर्ध-सभ्य जातियों के देशों पर जा कर, आर्यों ने बिना श्रम के उन्हें जीत लिया, सभ्यता के आलोक से उन्हें उनकी बर्बर अवस्था से उठा कर मनुष्यपद-वाच्य बनाया। प्राकृतिक तथा ऐतिहासिक कारणों से ग्रीस, इटली, भारतवर्ष प्रभृति देशों में नए बसे हुए आर्यों ने नई नई सभ्यता की सृष्टि की। ऐसा व्यापार विशेषतया भारतवर्ष में हुआ था। इस भारतवर्ष में कृष्णकाय असभ्य जंगली अनार्य लोग रहते थे, इन में सभ्य जीवन सम्बन्धी चिह्न कुछ भी न था। आर्य लोग आए। वे अनार्यों से

बहुत उन्नत थे, यह तो स्वत सिद्ध बात है कि आर्य लोग उन्हें पराजित कर उनके शासक बन बैठते—और ऐसा तो होना ही चाहिए था। यद अनार्य, आर्य लोगों के कब्जे में आए, उन्होंने आर्यों को मान लिया, वे आर्यों के अधीन हुए, आर्यों के दास बने, आर्यों ने कृपा कर के अपने समाज में उन्हें एक निम्न स्थान दिया, और वे "शूद्र" कहलाए। किन्तु बहुश अनार्य लोग आर्यों के हाथ मारे गए। और जिन्हों ने आर्यों की अधीनता को स्वीकार नहीं किया, वे पहाड़ और जंगल में भाग गए, जहाँ कि इन के वंशज, आज कल के कोल-भील-सान्ताल-कुर्कू, गोंड़-कन्ध-उराव-मालेर, गारो-बोडो-कुकी-नागा अब तक जगली अवस्था मे रहते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भारत में जो आर्य लोग आर्य थे, वे यूरोप के आर्य लोगों के पूर्वजों के सम्बन्धी थे; इस विचार से, भारत के उच्चवर्णीय हिन्दू, जो कि अपने को विशुद्ध आर्यवंशीय सोच कर मन ही मन अभिमान रखते हैं, अगरेज़ और दूसरे यूरोपीय गण के स्वगोत्रीय बने—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ये सब अंगरेजों के दूर-सम्पर्कीय हम-नस्ल या ज्ञाति साबित हुए। ऐसी बात भारत के उच्चवर्ण के लोगों को बुरी न लगी (यह भी याद रखना चाहिए कि उच्चवर्णीय हिन्दू सब से पहले अंगरेजी पढने लगे)। ऐसा प्रतीत होता है कि अगरेज लोग, जो भारत पर शासन करते हैं, हम उन्हीं के समान हैं, क्योंकि हम उन की हम-नस्ल हैं,—इस विचार से उच्चवर्णीय हिन्दुओं के मन के निभृत कोण में आनन्द का हिल्लोल-सा बहा। पर इस मनोभाव को स्पष्ट भाषा से जाहिर कर भारतीय जातीय आत्म-सम्मान-बोध पर डंडा मारने को कोई तैयार न था। अगरेज़ों ने भी इस सम्पर्क को किसी प्रकार से मान लिया, और भारतवर्ष के ब्राह्मण तथा और उच्चवर्ण के हिन्दुओं को (और उन के अनुगामी निम्नश्रेणी के हिन्दू लोगों को भी), our Aryan brother the mild Hindu ऐसी आख्या दे कर उन की पीठ ठोंकी, और अंगरेजों की तुच्छता-बोधमिश्र इस उदारता से हमारे बहुत-से लोग आनन्द से लोट-पोट हो गये।

हमारी हिन्दू-जाति विभिन्न जातियों के मिश्रण का फल है। प्राचीन काल में अनुलोम-प्रतिलोम विवाह-द्वारा यह संमिश्रण हुआ था। इस के बाद, तुर्कों के हिन्दुस्तान-विजय के उत्तर काल से, जाति-भेद की कठोरता आ गई, समिश्रण पूरा नहीं हो सका। इस का नतीजा यह निकला कि हिन्दुओं के विभिन्न समाज या सम्प्रदायों में एक प्रकार का स्वातन्त्र्य-बोध रह गया, कहीं कहीं नई तौर से यह स्वातन्त्र्य-बोध आ गया, विभिन्न श्रेणियों में एक अगाध sympathy या अनुकम्पा का अभाव नवीन रूप से प्रकट हुआ। अनुकम्पा का यह अभाव आधुनिक हिन्दू संसार का सब से बड़ा अभाव है। इस स्वातन्त्र्य या पार्थक्य-बोध के फल-स्वरूप, जो अपने आर्यत्व का अभिमान रखते हैं ऐसे उच्चवंशीय हिन्दुओं के मन मे आभिजात्य-बोध भी और सुदृढ हुआ, यूरोप से लाई हुई अनार्य-जयी आर्यों की कल्पना ने उसे सहायता दी।

इस सुखद ढङ्ग से हिन्दू-सभ्यता के सूत्रपात का इतिहास तैयार हुआ। कृष्ण-वर्ण कुत्सित-काय असभ्य बर्बर अनार्य जाति स्मरणातीत काल से इस देश में रहती थी। इस जाति का धर्म निहायत निम्न स्तर का था, इस की रीति और नीति क्रूर थी। गौरवर्ण सुसभ्य आर्यों ने आ कर इसे जीत लिया। आर्यों के हाथ हिन्दू-सभ्यता का प्रारंभ हुआ। पहले युग के आर्यों की देवताओं की आराधना को अवलम्बन कर वेद-संहिता बनी, इस के उत्तर काल में उन्हीं की देवताओं की कथाओं पर पुराण ग्रन्थ बने, रामायण, महाभारत और पुराण आर्य राजाओं की पौराणिक कहानी-विषयक पुस्तकें हैं। अनार्य लोगों का धर्म और धार्मिक अनुष्ठान एक-आध

प्राय अनुष्ठान या आचार के बीच किसी प्रकार थोड़ा सा रह गया—निम्न जातियों में प्रचलित पूजा-पद्धति और देवतावाद में नष्ट प्राय अनार्य धर्म चाहे कहीं आत्मगोपन कर के रहता हो, परन्तु इस के कुल चिह्न आर्य-सभ्यता के प्लावन के सामने मिट गए।

इस समय अनार्यों के सम्बन्ध से भारतवर्ष में, विशेष कर के उत्तर भारत में, एक प्रकार का घृणा का भाव आ गया है। "अनार्य" शब्द ही इस के लिए बहुत अंश में उत्तरदायी है। यदि "अनार्य" शब्द केवल "अन् आर्य" अर्थात् "जो आर्य नहीं, या आर्य जाति-सम्पर्कित नहीं" इस अर्थ में प्रयुक्त होता, तो कुछ बात न था, परन्तु "अनार्य" शब्द का "घृण्य, नीच" ऐसा अर्थ संस्कृत युग में आ जाने के कारण, यह शब्द सिर्फ जाति-वाचक या संस्कृति वाचक न रहा, यह मानसिक तथा नैतिक अपकर्ष-वाचक हो गया। इस वक्त हमारे आर्यावर्त में हिन्दुओं की सब जातियाँ आर्यत्व का दावा पेश कर रही हैं—सब जातियों की राय है कि वे आर्य—द्विज—हैं—ब्राह्मण, क्षत्रिय, या वैश्य—वे शूद्र नहीं, अनार्य नहीं। हिन्दुओं के समस्त समाज समान द्विज हों, आर्य हों या अभिजात हों, अपने को उच्च समझें यथार्थ रूप से उच्च रहने की शक्ति को प्राप्त करें—आर्यानार्य सब ही के लिए हम यह हार्दिक कामना करते हैं।

आर्यों की श्रेष्ठता के विरुद्ध प्रश्न उठाना तो आजकल हिन्दू जाति में heresy या पाषण्डोचित मनोभाव प्रसूत चिन्ता का फल समझा जायगा। आर्य लोग पृथिवी की प्राचीनतम सभ्य जाति न थे, ऐसी बात कहना, अथवा ऐसी बात का इङ्गित करना, पितृपुरुष की निन्दा करना जैसा या स्वजाति-द्रोहिता जैसा महापातक है—इस प्रकार का मनोभाव, बहुतेरे हिन्दुओं के मन में ज्ञान से या अनजान से परिव्याप्त है। पर हिन्दू के मन में 'सत्यानुसन्धित्सा" (अर्थात् सत्य निरूपण के लिए अभिलाषा) भी सदा जाग्रत रहती है। हमारे विचार में तीन मनोभाव हमारी हिन्दू-संस्कृति के जड़ हैं—समन्वय, सत्यानुसन्धित्सा और अहिंसा। हमारी जाति को अतीत जीवन में जो कुछ आध्यात्मिक तथा आधिमानसिक उत्कर्ष मिला, इसी सत्यानुसन्धित्सा की बदौलत। हमारी सत्यानुसन्धित्सा-रूप मनोवृत्ति अभी तक सम्पूर्ण रूप से विनष्ट नहीं हुई। इसी से, सत्य की खोज के कारण अगर कुछ संस्कार विरुद्ध विचार हिन्दू-सन्तान के समक्ष प्रकट किये जायें, तो चाहे पहले पहल प्रचलित संस्कार पर कुछ आघात सा हो लगे, परन्तु साधारण हिन्दू प्रस्तुत सामग्री को अच्छी तरह से समझना चाहता ही है—नूतन तथा सम्पूर्ण रूप से अनपचित होने के कारण ही प्रस्तावित विचार से घृणा नहीं करता और न अन्त तक उस से विमुख हो रह जाता है।

आर्य भाषा संस्कृत का स्थान भारतवर्ष में आर्यों के एकाधिपत्य के पक्ष में प्रबलतम युक्ति स्वरूप है—समग्र हिन्दू शास्त्र इस आर्य-भाषा ही में निबद्ध हैं। उत्तर भारत में इस वक्त एक ही आर्य भाषा (पंजाबी, हिन्दी, बिहारी बंगला आदि) प्रचलित है। आर्य एकाधिपत्य के विषय में यह दूसरी प्रबल युक्ति है। इस के अलावा संस्कृत शास्त्र के—वेद के न हों, पुराण के सही—मत के अनुसार हमारा इतिहास भारतवर्ष में अनादि काल से धारावाहिक रूप से चला आया है—अनादि काल से अगर न माना जाय तो भी अतिशय प्राचीन काल से तो है ही। भाषा-गत और साहित्य-गत इन दो युक्तियों ने हमें सब से अधिकतया "आर्यवाद" ग्रस्त बना रक्खा है।

इन युक्तियों के प्रतिपक्ष में कई युक्तियाँ हैं, जिन में मुख्य ये हैं—दाक्षिणात्य तथा दक्षिण-भारत में सुसभ्य अनार्य भाषा का अस्तित्व, संस्कृत-समेत उत्तर-भारत की आर्य भाषाओं में आत्मसात भाव से विद्यमान अनार्य

भाषा का प्रभाव, खीष्ट-पूर्व चतुर्थ शतक के पूर्वकालीन समय के आर्यभाषी हिन्दुओं की संस्कृति के निदर्शन न मिलना, भारत के बाहर आर्य-जाति का इतिहास, और पृथिवी के और प्राचीन स्थानों के इतिहास से भारत के इतिहास का संयोग।

तामिल भाषा अपने विराट् और प्राचीन साहित्य के साथ दक्षिण भारत में खड़ी है,—यही भाषा द्राविड़ों की स्वतन्त्र सभ्यता का एक अनपनेय निदर्शन है, जिस ने आर्य-सभ्यता के सामने सम्पूर्णतया आत्म-बलिदान न किया। वैदिक-भाषा भारत की आर्य-भाषा का प्राचीनतम निदर्शन है, इस भाषा में प्राचीन आर्यपन विशेषतया मौजूद है। पर इस वैदिक भाषा में भी अनार्य भाषा का प्रभाव थोड़ा-सा विद्यमान है। इसके अलावा, जितना इधर हम आते हैं, आर्य-भाषा (संस्कृत और प्राकृत) पर अनार्य-भाषा का प्रभाव उतना ही बढ़ता जाता है। धीरे धीरे आर्य-भाषा को अनार्य-भाषा के अर्थात् कोल और द्राविड़ के साँचे में ढाल दिया गया, आर्य-भाषा ने आहिस्ता आहिस्ता अनार्य-भाषा के घर में अपनी जाति का सत्यानाश किया, इतना समझने में देर नहीं लगती।

दूसरी बात यह है कि हमें रामायण, महाभारत और पुराणों में बड़े बड़े राजाओं के नाम मिलते हैं, एक प्रौढ़ सभ्यता का पता भी इन ग्रन्थों से हमें चलता है। परन्तु रामायण, महाभारत और पुराण के युग की (अर्थात् कम से कम तीन चार हजार बरस पूर्व के हिन्दू-युग की) पुरानी इमारतें, हाथ के काम, शिल्प के निदर्शन, ये सब कुछ भी नहीं मिलते। केवल कई हजार बरस के "पुराण" और "इतिहास" की कहानियाँ हमारी प्राचीन हिन्दू-संस्कृति के अस्तित्व की एकमात्र प्रमाण स्वरूप विद्यमान हैं। इस साहित्यिक आधार के सिवा दूसरा आधार, जिसे हम "पत्थरिया आधार" कह सकते हैं, हमारे पास मौजूद नहीं। क्या मौर्य-युग की पूर्व-कालीन हिन्दू-सभ्यता के निदर्शन कुछ भी नहीं हैं? मिसर, बाबिल देश, असीरिया, लघु एशिया, क्रीट द्वीप—इन सब स्थानों में अब से तीन चार पाँच हजार बरस पूर्व की चीजें मिली हैं। भारतवर्ष में माहेन-जो-दड़ो और हरप्पा में जो नगर के खँडहर और दूसरी चीजें मिली हैं, वे सचमुच चार या पाँच हजार बरस के पहले की हैं, परन्तु वे आर्य-जातीय लोगों के हाथ के काम नहीं,—जो पंडित इस विषय पर अनुसन्धान कर रहे हैं, उनका विचार तो यही है। इस के अतिरिक्त, भारत के बाहर रहने वाले आर्य जातीय लोगों के इतिहास पर विचार करना है। सब से पहले अपनी आदि वासभूमि से निकल कर इतिहास के क्षेत्र पर (अर्थात् और जातियों के साथ मिलन या संघर्ष में) किस समय आर्य लोग पधारे, उसका कुछ कुछ पता अब चल रहा है। यह तो अब से सिर्फ चार या साढ़े चार हजार बरस की बात है। इसी समय ग्रीस तथा उत्तर-पूर्व एशिया-माइनर में आर्यों से हमारी पहली भेंट होती है। इस घटना के बहुत काल बीतने के बाद आर्य लोग भारतवर्ष में आये। हमारे विचार से, भारतवर्ष से आर्य लोग बाहर के देशों में गये, ऐसे अनुमान के पक्ष की युक्तियाँ वैसी प्रबल नहीं। शेष बात यह है—भारतवर्ष के इतिहास को और देशों के इतिहास से अलग या विच्छिन्न कर के देखना सही नहीं। प्राचीन काल में पारस्य, बाबिल देश तथा एशिया माइनर इत्यादि मुल्कों से भारतवर्ष घनिष्ठ सम्बन्ध-सूत्र से बँधा हुआ था। उन देशों के साथ जो योगसूत्र भारतवर्ष का था, वह प्राचीन भारत के इतिहास के विवेचन में हमारा एक प्रधान अवलम्बन है। उसे छोड़ने से हमें कुछ फायदा न पहुँचेगा। ग्रीस प्रभृति विभिन्न देशों में, विभिन्न प्रकार की संस्कृतियों और जातियों के लोगों के मिश्रण से किस प्रकार एक

नवीन जाति और नवीन संस्कृति सृष्ट हुई, हमारी हिन्दू जाति तथा हिन्दू-संस्कृति की सृष्टि की आलोचना करने के समय उस विषय पर भी हमें ध्यान देना चाहिए।

कैसे हिन्दू सभ्यता का सूत्रपात आरम्भ हुआ, और अपने पूर्ण रूप या पूर्ण वैशिष्ट्य को प्राप्त करने के बाद हिन्दू-सभ्यता कब "स्व महिमा" में स्थित हुई इन विषयों पर जो सम्प्रति हमारे विचार में धीरे धीरे प्राचीन भारतीय संस्कृति के आलोचक पंडितों से साधारणतया स्वीकृत होता जाता है और अन्त में जिसे सब ही स्वीकृत करेंगे, मैं अब उस का कुछ दिग्दर्शन कराने की चेष्टा करूँगा। इस विषय को [illegible] रीति से (अर्थात् परिचित तथ्य के आधार पर अनुमान) प्रकट न कर के, [illegible] रीति से (अर्थात् इतिहास-वर्णन के ढंग से), पौर्वापर्य अनुसार पुनर्गठित रूप की कल्पना कर के कहूँगा।

इस समय से पाँच हजार वर्ष पूर्व, लगभग ईसवी ३,००० के आस-पास, मध्य या पूर्व यूरोप के किसी भाग में आदि आर्य जाति वास करती थी। अपनी पितृ भूमि में आर्य लोग सभ्यता के उच्च स्तर पर पहुँच न सके। वास्तव सभ्यता में ये लोग प्राचीन काल की सुसभ्य जातियों के बहुत पीछे ही थे। पर इन में बहुत-से मानसिक और नैतिक गुण थे। ये लोग एक साथ कृतकर्मा तथा चिन्ताशील, कल्पनाशील तथा दृढ़मना जाति थे, और आपस में संघबद्धता का भाव भी यथायुक्त था फिर यह अनुमान होता है कि इस जाति के विषय में इन में कुछ ऐसी उच्च धारणाएँ थीं जो आजकल की सभ्यता में भी विद्यमान हैं। आर्य जाति में कई tribe या गोत्र थे, इन गोत्रों में इन की मूल भाषा के कुछ कुछ पार्थक्य आ गये। यह आर्य जाति किन्हीं कारणों से अपनी पितृ भूमि छोड़ कर पूर्व पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में चली जाने को बाध्य हुई, देश में अत्यधिक सर्दी का आकस्मिक प्रभाव इस में एक कारण हो सकता है और यह भी संभव है कि पूर्व और उत्तर से मंगोल अल्ताई जाति के लोगों ने आदि आर्यों पर चढ़ाई की, इस से इन्हें अपना प्राचीन वास छोड़ना पड़ा।

जिस समय आर्य लोग ईसवी सदी के लगभग ३,००० वर्ष पूर्व, पहले अपने देश में थे, और कुछ खेती का काम तथा कुछ गो-मेषादि पालन इनकी मुख्य वृत्ति थी, उसी समय पृथ्वी के कई अन्य भागों की सभ्यता विशेष ऊँची थी। इन में पहली थी मिसर की सभ्यता, जिस का प्रारम्भ ईसवी साल के पूर्व ४,००० से अधिक वर्ष से था, और जिस की जड़ और भी प्राचीन है। दूसरी—बाबिल और असीरिया की सभ्यता, जो मिसर से बराबरी करती है और इन दोनों से भी अलग एशिया-माइनर और यूनान की प्राचीन सभ्यता है। विविध प्रकार के ज्ञान विज्ञान बड़ी बड़ी इमारतें और बड़े बड़े देव-मन्दिर, वाणिज्य, युद्ध विग्रह, विजयगाथा देवतावाद और पुराण-कहानी, पुरोहितश्रद्धा, भास्कर्य, मूर्तिशिल्प, चित्रविद्या, शिलाक्षर, मृण्मय लेख, धातुनिर्मित और मृण्मय पात्र इत्यादि विषयों के सहारे इन सभ्यताओं ने रूप ग्रहण किया, आदिम अवस्था के आर्यों में ये सब कुछ न थे—यहाँ तक कि इन में शिल्प विद्या विषयक जागृति भी न हो सकी। जब आदिम आर्य लोग अपनी पितृभूमि में थे तब उन्होंने एक विशेष उपयोगी साधन संग्रह किया—वे घोड़े को अपने वश में लाए। घोड़े पर सवार हो कर, या दो पहिए वाले रथ पर चढ़ कर दूर दूर देश तुरन्त अतिक्रम करने का एक उपाय उन्होंने आविष्कार किया। इस आविष्कार का एक फल यह हुआ, कि आर्य लोग जब पहले पहल इतिहास के रंग-मञ्च पर उतरे, तब पार्थिव सभ्यता में अर्द्ध-बर्बर होते हुए भी, सुसम्बद्ध, स्वाभिमान, कर्मशक्तियुक्त तथा भावनाशक्तियुक्त होने के कारण आसिरीय-बाबिल, एशिया-माइनर और ग्रीस की सुसभ्य जातियों के लिए इन्हें रोकना कठिन काम हो गया। ईसा के करीब २,००० वर्ष

पहले, आर्य-जाति इतिहास के क्षेत्र पर (अर्थात्, अपनी पितृभूमि के बाहर दूसरी जातियों के देशों में) सर्वप्रथम दिखाई दी। इन के आगमन का समाचार हमें प्राचीन असीरिया और बाबिल, प्राचीन एशिया-माइनर और प्राचीन यूनान में मिलता है। उस समय भारतवर्ष की अवस्था कैसी थी, यह हम ठीक ठीक नहीं जानते। निःसन्देह उस समय द्राविड़ी और कोल (आस्ट्रिक) श्रेणी के अनार्य लोग, उत्तर-भारत में गंगा और सिन्धु के तीर पर तथा दक्षिण भारत में, अपने जीवनाचार को स्थापित कर के शान्त-भाव से दिन बिताते थे। इतने में आर्य लोग की, जो अब तक कई झुंडों में विभक्त हो चुके थे और इन विभिन्न झुंडों में कुछ कुछ भाषा-गत पार्थक्य भी आ गया, एक शाखा एशिया-माइनर में उपनिविष्ट हुई, जो कि अब "हित्ती" Hittite नाम से हमारे यहाँ प्रख्यात है; भाषा-तात्त्विक लोग इन की भाषा की (जिसे पंडितों ने पढ़ा है) चर्चा कर के ऐसा विचार करते हैं कि हित्ती शाखा के आर्य लोग सबसे पहले आदिम आर्य-संसार से विच्छिन्न हुए, और एशिया-माइनर में आ कर बसे, वहाँ स्थानीय जातियों में सुप्रतिष्ठित हो कर उन के शासक बने। हित्ती लोगों की आर्य बोली में मूल आर्य-भाषा की कुछ ऐसी विशेषताएँ संरक्षित थीं, जो कि दूसरी प्राचीन आर्य बोलियों में भली भाँति नहीं मिलतीं (देखना—एडगार एच्० स्टर्टेवेन्ट्—ए कॉम्पैरटिव् ग्रामर ऑव दि हिट्टाइट लैंग्वेज, लिंग्विस्टिक सोसायटी ऑव अमेरिका, फिलाडेल्फिया, १९३३, पृ० २६—३३, तथा अन्यान्य पृष्ठों पर दिये विचार)। ईसा के पूर्व द्वितीय सहस्रक के मध्य-भाग में हित्ती लोग एशिया-माइनर में राज्य करते थे, निश्चय ही इसके कुछ शतक पहले वे यहाँ आए होंगे। ईसा के दो सहस्र वर्ष पूर्व, आर्यों के तीन झुंडों का पता हमें चलता है, पहला, ग्रीस-विजयी आर्यों का, जो ग्रीस की प्राचीन सुसभ्य अनार्य जाति के साथ संघर्ष में आए, दूसरा, एशिया माइनर के हित्ती आर्यों का, जिन के विषय में ऊपर कुछ कहा गया है, और तीसरा, पूर्व के आर्य लोगों का, जो ईसा के पूर्व लगभग २,५०० वर्ष से उत्तर-इराक, असीरिया और बाबिल देश में आते थे। इन तीनों श्रेणियों के आर्यों में कुछ भाषागत पार्थक्य दिखाई देता है। अतः मूल आर्य-भाषा का परिवर्तन और विभिन्न रूप-ग्रहण का काम कम से कम ईसा के पूर्व तीसरे सहस्रक के प्रथमार्ध से शुरू हुआ।

ऐसे कुछ कारण हमारे समक्ष अब दीखते हैं, जिन से हमारी सभ्यता की उत्पत्ति के इतिहास को मध्य-एशिया के सम्पर्क से छुड़ाना पड़ेगा। जो आर्य भारतवर्ष की ओर चले, वे उत्तर-मेसापोतामिया की राह से आये,—ऐसा आभास हम पाते हैं। मध्य-एशिया में आर्य पितृ-भूमि का अवस्थान निश्चय करने की सामग्री कुछ नहीं है, यह तो केवल कल्पना-प्रसूत ही है। मेसोपोतामिया से सम्पर्क के सम्बन्ध में कुछ प्रमाण मिलने के बाद, मध्य-एशिया की बात काल्पनिक साबित हो जाती है। जब से आर्य लोग उत्तर-मेसोपोतामिया में सर्वप्रथम प्रकट हुए, तब से उनके सम्बन्ध में बाबिल देश और असीरिया के लोगों ने जो कुछ कहा, वह ही आर्य लोगों के विषय में सबसे प्राचीन समसामयिक उल्लेख है। इन की कही हुई बातों से ऐसा प्रतीत होता है कि सुसभ्य असीरीय, बाबिलोनीय तथा एशिया-माइनर की जातियों के बीच आर्य लोग जब आए, वे चाहे कृष्ण-सागर के उत्तर तीर की राह लेकर उत्तर से कौकसस पर्वत अतिक्रम करके आए हों, या चाहे उत्तर ग्रीस के मकदूनिया और थ्रेशिया की राह हो कर कृष्ण सागर के दक्षिण तीर का पन्थ ले कर एशिया-माइनर और मेसोपोतामिया में आए हों। बहुत-से झुंडों में नवागत आर्य लोग पधारे। इन के कुछ गोत्र उन सब स्थानों पर रहते थे और अन्त में वहीं बस गए, इन्हों ने स्थानीय

पहले, आर्य-जाति इतिहास के क्षेत्र पर (अर्थात्, अपनी पितृभूमि के बाहर दूसरी जातियों के देशों में) सर्वप्रथम दिखाई दी। इन के आगमन का समाचार हमें प्राचीन असीरिया और बाबिल, प्राचीन एशिया-माइनर और प्राचीन यूनान में मिलता है। उस समय भारतवर्ष की अवस्था कैसी थी, यह हम ठीक ठीक नहीं जानते। नि सन्देह उस समय द्राविड और कोल (आस्ट्रिक) श्रेणी के अनार्य लोग, उत्तर-भारत में गंगा और सिन्धु के तीर पर तथा दक्षिण भारत में, अपने जीवनाचार को स्थापित कर के शान्त भाव से दिन बिताते थे। इतने में आर्य लोग की, जो अब तक कई झुंडों में विभक्त हो चुके थे और इन विभिन्न झुंडों में कुछ कुछ भाषा-गत पार्थक्य भी आ गया, एक शाखा एशिया माइनर में उपनिविष्ट हुई, जो कि अब "हित्ती" Hittite नाम से हमारे यहाँ प्रख्यात है, भाषा तात्त्विक लोग इन की भाषा की (जिसे पंडितों ने पढ़ा है) चर्चा कर के ऐसा विचार करते हैं कि हित्ती शाखा के आर्य लोग सबसे पहले आदिम आर्य-संसार से विच्छिन्न हुए, और एशिया-माइनर में आ कर बसे, वहाँ स्थानीय जातियों में सुप्रतिष्ठित हो कर उन के शासक बने। हित्ती लोगों की आर्य बोली में मूल आर्य भाषा की कुछ ऐसी विशेषताएँ सुरक्षित थीं, जो कि दूसरी प्राचीन आर्य बोलियों में भली भाँति नहीं मिलतीं (देखना—एडगार एच्० स्टर्टेवेन्ट्—ए कॉम्परेटिव ग्रामर ऑव दि हिट्टाइट लैंग्वेज, लिंग्विस्टिक सोसायटी ऑव अमेरिका, फिलाडेल्फिया, १९३३, पृ० २६—३३, तथा अन्यान्य पृष्ठों पर दिये विचार)। ईसा के पूर्व द्वितीय सहस्रक के मध्य भाग में हित्ती लोग एशिया-माइनर में राज्य करते थे, निश्चय ही इसके कुछ शतक पहले वे यहाँ आए होंगे। ईसा के दो सहस्र वर्ष पूर्व, आर्यों के तीन झुंडों का पता हमें चलता है, पहला, मास विजयी आर्यों का, जो मास का प्राचीन सुसभ्य अनार्य जाति के साथ संघर्ष में आए, दूसरा, एशिया माइनर के हित्ती आर्यों का, जिन के विषय में ऊपर कुछ कहा गया है, और तीसरा, पूर्व के आर्य लोगों का, जो ईसा के पूर्व लगभग २,५०० वर्ष से उत्तर-इराक, असीरिया और बाबिल देश में आते थे। इन तीनों श्रेणियों के आर्यों में कुछ भाषागत पार्थक्य दिखाई देता है। अतः मूल आर्य भाषा का परिवर्तन और विभिन्न रूप-ग्रहण का काम कम से कम ईसा के पूर्व तीसरे सहस्रक के प्रथमार्ध से शुरू हुआ।

ऐसे कुछ कारण हमारे समक्ष अब दीखते हैं, जिन से हमारी सभ्यता की उत्पत्ति के इतिहास को मध्य-एशिया के सम्पर्क से छुड़ाना पड़ेगा। जो आर्य भारतवर्ष की ओर चले, वे उत्तर-मेसोपोतामिया की राह से आये,—ऐसा आभास हम पाते हैं। मध्य एशिया में आर्य पितृभूमि का अवस्थान निश्चय करने की सामग्री कुछ नहीं है, यह तो केवल कल्पना प्रसूत ही है। मेसोपोतामिया से सम्पर्क के सम्बन्ध में कुछ प्रमाण मिलने के बाद, मध्य-एशिया की बात काल्पनिक साबित हो जाती है। जब से आर्य लोग उत्तर-मेसोपोतामिया में सर्वप्रथम प्रकट हुए, तब से उनके सम्बन्ध में बाबिल देश और असीरिया के लोगों ने जो कुछ कहा, वह ही आर्य लोगों के विषय में सबसे प्राचीन समसामयिक उल्लेख है। इन की कही हुई बातों से ऐसा प्रतीत होता है कि सुसभ्य असीरीय, बाबिलोनीय तथा एशिया-माइनर की जातियों के बीच आर्य लोग जब आए, वे चाहे कृष्ण सागर के उत्तर तीर की राह लेकर उत्तर से कौकसस पर्वत अतिक्रम करके आए हों, या चाहे उत्तर मास के मकदूनिया और थ्रेशिया की राह हो कर कृष्ण सागर के दक्षिण तीर का पन्थ ले कर एशिया-माइनर और मेसोपोतामिया में आए हों। बहुत-से झुंडों में नवागत आर्य लोग पधारे। इन के कुछ गोत्र उन सब स्थानों पर रहते थे और अन्त में वहीं बस गए, इन्हों ने स्थानीय

जातियों के बीच अपने लिए एक गौरवान्वित स्थान कायम कर लिया, और ये कहीं कहीं स्थानीय लोगों को जीत कर उन के शासक बने, यहाँ तक कि आर्य आगन्तुकों के एक झुंड ने (जिसके गोत्र का नाम था Kashshu या Cossaei—शायद आर्य भाषा में इस शब्द का रूप "काशि", "काश्य" हो) बाबिल नगरी पर दखल कर कई सदी तक वहाँ राज्य किया। जो आर्य गोत्र वहाँ रह गए, वे धीरे धीरे उस देश के लोगों में मिल गए, और उन्होंने उनकी भाषा को ग्रहण कर अपना स्वतंत्र अस्तित्व को विलुप्त कर दिया। परन्तु इन आर्यों के राजा या मुखियों के नाम, इन के देवताओं के नाम, और इन की भाषा के दो चार शब्दों से पता चलता है कि इन की भाषा कैसी थी। इन सब आधारों से, ईसा-पूर्व २,००० से १,२०० तक मेसोपोतामिया और उसके आस-पास उपनिविष्ट हुए आर्यों की अवस्था का कुछ पता भी हमें चलता है। ये आर्य ही इस प्रान्त में सब से पहले याद किए जाते हैं। जो भाषा इन में बोली जाती थी, वह वैदिक और प्राचीन ईरानी इन दोनों की जननी थी। अपितु, इनका जो धर्म था, और जिन देवताओं की अर्चना ये लोग करते थे, उन के सम्बन्ध में जो खबर हमें मिलती है, उस से प्रतीत होता है कि इन्हीं का धर्म, तथा इन्हीं का देवता-लोक भारतवर्ष में पहुँच कर वैदिक धर्म तथा वैदिक देवता-लोक में परिवर्तित हो गया। सचमुच मेसोपोतामिया और एशिया-माइनरवाले आर्य-लोग प्राग्-वैदिक या वेद-पूर्व आर्य थे। भारतीय वैदिक धर्म का सूत्रपात इन्हीं के तथा पारस्य की ओर चले हुए दूसरे आर्यों के बीच हुआ था। और यह बात भी सम्भव है कि मेसोपोतामिया तथा पारस्य में, ये आर्य लोग अपने देवताओं के विषय में जो स्तोत्र या भजन बनाते थे, उन सब स्तोत्र या भजनों में से कुछ कुछ अंश भारतवर्ष तक पहुँचे, भारतवर्ष में नये बनाये हुए और स्तोत्रों के साथ ये पुराने स्तोत्र (जो कि ईसा के पूर्व लगभग २,००० या १,८०० या १,५०० में बनाये गए) भारतीय द्विज, ऋषि या आचार्यों से ईसा के पूर्व लगभग १००० या ९०० में ब्राह्मी लिपि में लिखित हुए, और "व्यास" नामक किसी ऋषि के द्वारा चार संहिता-ग्रन्थों में संगृहीत और संरक्षित हुए।

वेद के पूर्व के युग के इन आर्यों के कुछ नाम और उन की भाषा के कुछ शब्द नीचे दिए जाते हैं। ये नाम तथा शब्द बाबिलीय तथा एशिया-माइनर की प्राचीन भाषाओं में गृहीत हो कर रक्षित हुए। स्थानीय अनार्य भाषाओं में इन प्राचीन आर्य-शब्दों का रूप तथा उच्चारण ज्यों का त्यों संरक्षित नहीं हो सका। इनके मूल-रूप जो कि हिन्दू-ईरानी युग की आर्य भाषा में चालू थे, तथा इन के भारतीय वैदिक भाषा अनुमोदित प्रतिरूप, बहुत विचार और अनुमान कर निर्धारित किए गए हैं।

## देवताओं के कुछ नाम यथा—

[१] Shuriash—वेद-पूर्वीय आर्य भाषा में * Suria-, वैदिक 'सूर्य'।

[२] Maruttash=वेद-पूर्व * Marutas, वैदिक 'मरुत'।

[३] Shimalia='हिमालय (अर्थात् तुषार पर्वत) पर्वताधिष्ठात्री देवी'=वेद-पूर्वीय * Zhimalia=वैदिक 'हिम + आलय';

[४] Shuqamuna='महामारी का देवता, ज्योति का देवता'=वेद-पूर्वीय * Sauka-manas=वैदिक 'शोक' + 'मनः';

([३] और [४] सम्भवतः ये देवता भारतवर्ष में वैदिक जगत् से निर्वासित हुए, यहाँ में इनका पता नहीं चलता)

[५] Dikash = "नक्षत्रों का पिता" = भारतीय "दक्ष", सत्ताईस नक्षत्रों का पिता,

[६] Indara = वैदिक "इन्द्र" ("इ-न्द-र"—स्वरभक्तियुक्त रूप),

[७] Mitra = वैदिक "मित्र";

[८] Nashattiya = वैदिक "नासत्य",

[९] Uruwna या Aruna = वैदिक "वरुण", संस्कृत "अरुण", आकाश तथा सागर का देवता।

राजा या प्रधानों के कुछ नाम—

[१] Abirattash = वैदिक "अभिरथ",

[२] Shuzigash = वैदिक रूप "सु-त्रिगः",

[३] Artamanya = वेदपूर्वीय ० Rta-manyas, वैदिक "ऋतमन्य",

[४] Arzawiya = वैदिक "आर्जव्य",

[५] Biriamaza = वैदिक "वीर्यवाज",

[६] Biridashwa = वैदिक "बृद्धाश्व",

[७] Dishru = सम्भाव्य वैदिक ० "दस्रु" अथवा "दस्र";

[८] Aitagama = वेदपूर्वीय ० Aitagama, वैदिक "एतगाम",

[९] Indaruta = वेदपूर्वीय ० Indaruta, Indruta, वैदिक "इन्द्रोत",

[१०] Namyawaza = सम्भाव्य वैदिक ० "नाम्यवाज",

[११] Rushmanya = सम्भाव्य वैदिक "रुचिमन्य";

[१२] Shatiya = वैदिक "सत्य",

[१३] Shubandu = वैदिक "सुबन्धु";

[१४] Shumittarash = वैदिक "सुमित्र,"

[१५] Shuwardata = सम्भाव्य वैदिक ० "सुवर्दात" = "स्वर्दत्त";

[१६] Teuwatti = सम्भाव्य वैदिक ० "देवात्त";

[१७] Turbazu = "तुर्वश, तुर्वसु",

[१८] Tushratta = पूर्व वैदिक ० Durzhratha = वैदिक "दूरथ";

[१९] Artashumara = वैदिक "ऋतस्मर",

[२०] Artatama = वैदिक "ऋतधाम",

[२१] Dishartti = सम्भाव्य वैदिक ० "दासर्ति"

[२२] Mattiwaza = सम्भाव्य वैदिक "मतिवाज",

[२३] Saushshatar = "सौक्षत्र", इत्यादि।

हिन्दू ईरानीय युग की आर्य भाषा के कुछ शब्द—

[१] Marya = वैदिक "मर्य" (=योद्धा)

[२] Aika = वेदपूर्वीय ० Aika, वैदिक "एक";

[३] Jcra = त्रि नव।
[४] I zai= पञ्च।
[५] Satta= सप्त।
[६] N... –नव।
[७] J j ksl h= वरम्
[८] Wrt ana= वर्तनम् —चक्कर देना।
[९] Vas ena 'वासनम् —आसन।

(ये नाम और शब्द, Acta Oriental (XI 1, II) इन तीन खण्डों में प्रकाशित स्वर्गीय अध्यापक N D Miron कर्तृक लिखित Aryan Vestiges in the Near East of the 2nd Millenary B.C. नामक उपयोगी प्रबन्ध से लिए गए हैं, Miron के संगृहीत जिन नाम और शब्दों की व्युत्पत्ति पर सन्देह है, वे यहाँ नहीं उद्धृत किए गए।) इस प्रकार वैदिक भाषा की साक्षात् जननी कथित किसी भाषा के व्यवहार करने वाले आर्यों को ख्रीष्ट-पूर्व लगभग २,००० से १,५०० में, और उस के बाद भी, मेसोपोटामिया और एशिया माइनर में हम देखते हैं।

आर्य लोग इन देशों में रहने के समय सुसभ्य Ashur अशुर या 'असुर' (अर्थात् आसिरीय वाबिलोनीय) जाति के प्रभाव से प्रभावित हुए। आसिरीय वाबिलोनीय जाति की बड़ी बड़ी इमारतें, इन के (विशेषतया आसिरीयों के) शौर्य तथा निष्ठुरपन से आर्य लोग अभिभूत हो गए। आसिरीय वीर-जाति ने भी आर्यों पर अन्त प्रभाव डाला। भारतवर्ष में आने के बाद आर्य लोगों के मन में असुर जाति के सम्बन्ध में जो स्मृति निहित थी, वह परिवर्तित होकर उत्तर-कालीन हिन्दुओं में प्रचलित, यन्त्र तथा गृह निर्माण के काम में सुदक्ष देवता विरोधी असुर या दानव की कल्पना में रूपान्तरित हुई।

जिन आर्य गोत्रों ने मेसोपोटामिया में उपनिवेश नहीं किया, पर जो पूर्व की तरफ आए वे ही पारसीक तथा भारतीय आर्यों के पूर्वज थे। पर्शु या पार्श्व, मद, शक, पार्थव प्रभृति कुछ आर्य गोत्र पारस्य देश में ही रह गए, भरत कुरु, मद्र, शिवि द्रुह्यु त्रित्सु पुरु, भृगु प्रभृति विभिन्न गोत्र भारतवर्ष में पधारे। ऐसा अनुमान होता है कि पारस्य तथा भारतवर्ष के उत्तर पश्चिमांश में एक ही जाति के अनार्य लोग रहते थे, जो कि आर्यों के द्वारा "दास या दस्यु' कहलाए।

भारतवर्ष के बाहर ही दास या दस्यु नाम के अनार्यों के साथ आर्यों का संघर्ष शुरू होना सम्भव है। इस संघर्ष की बात कुछ कुछ वैदिक साहित्य में—ऋग्वेद में—हमें मिलती है। उस के बाद, आहिस्ते आहिस्ते इन अनार्यों के साथ मित्रता सम्बन्ध भी होने लगा। ऐसा अनुमान होता है कि भारतवर्ष में तीन प्रकार के अनार्य रहते थे। [१] Negrito नेग्रिटो या 'निग्रोबटु' श्रेणी के अनार्य,—नाटा कद, रंग खूब काला, आफ्रिका के निग्रो के माफिक नाक और होठ, बाल मेष-लोम सदृश,—ये लोग उपसागर कर के सामुद्रिक उपकूल के प्रान्त में रहते थे अगर सभ्यता की बात कही जाय, तो इन में उच्च सभ्यता का कुछ भी भाग न था मछली मार कर या जंगल में चिड़ियाँ या जानवर का शिकार कर ये लोग गुजर कर रहे थे—यह जाति अब बिलकुल विनष्ट हो गई है, सिर्फ दक्षिण बिलोचिस्तान में, दक्षिण भारत में और आसाम प्रान्त में इस का

कुछ अवशेष अभी तक कष्ट से बचा है। सम्भावना अधिक है, कि इस जाति के लोग भारत के प्राचीनतम अधिवासी थे। [२] Austric - आस्ट्रिक जाति—जिस के लोगों ने उत्तर-पूर्व की राह से—आसाम-प्रान्त—बर्मा तथा हिन्द-चीन—से भारतवर्ष में प्रवेश किया। इन का चेहरा किस प्रकार का था, यह तो हम ठीक से नहीं जानते, ऐसा प्रतीत होता है कि ये भी कद में नाटे थे, इन की नाक भी चपटी थी, और जो बोली ये लोग बोलते थे, उसी से मध्य भारत की "कोल" बोलियाँ, और (आसाम की) खासी या खसिया बोली उत्पन्न हुई। इन की और शाखाएँ हिन्द-चीन, मालय देश तथा द्वीपमय भारत के द्वीपपुञ्ज में, एवं प्रशान्त महासागर के द्वीपों में फैल गईं। भारतवर्ष में तो गंगा की उपत्यका में, तथा मध्य और दक्षिण भारत में ये लोग ज्यादा फैले। हिमालय-प्रान्त में भी ये थे, इस का प्रमाण भी है। धान की खेती, केला नारियल आदि कुछ फलों का उत्पादन, तथा आनुष्ठानिक और सामाजिक जीवन में पान-सुपारी का व्यवहार—हिन्दू-सभ्यता की ये वस्तुएँ आस्ट्रिक जाति का दान हैं, ऐसा प्रतीत होता है। और इस के अलावा, इन में प्रचलित धर्म-विश्वास तथा आचार-अनुष्ठान हमारे हिन्दू पुनर्जन्मवाद के अन्तराल में और हमारी हिन्दू पूजा-पद्धतियों में तथा विवाह और श्राद्ध के बहुत अंगों में छिपे हुए रहते हैं। आस्ट्रिक-भाषी जनगण उत्तर-भारत के समतल प्रान्तों में इस समय हिन्दू जनता में रूपान्तरित होकर अपने पृथक् आस्ट्रिक अस्तित्व को भूलकर, इसकी स्मृति तक से बिछुड गए हैं। [३] नेग्रिटो तथा आस्ट्रिक के अलावा तीसरी अनार्य जाति जो आर्यागमन के पूर्व से भारतवर्ष में रहती थी, वह द्राविड-जाति है। पंडित लोग सोचते हैं कि द्राविड-जाति दीर्घकाय, सरल-नासिक, और "दीर्घकपाली" थी। भारत के पश्चिम के देशों के लोगों के साथ इनका संयोग या सम्बन्ध था। भारतवर्ष में आर्य लोगों के आगमन के कई सहस्र वर्ष पूर्व, पश्चिम की घाटियों की राह से इनका भारतवर्ष में प्रवेश हुआ था—ऐसा सोचा जाता है। दक्षिण भारत में इनका घनिष्ठ वास हुआ था, पर उत्तर तथा पूर्व भारत में भी इनका प्रसार हुआ था, ऐसा अनुमान होता है। वहाँ ये लोग आस्ट्रिक जाति के लोगों के साथ मिल-जुल के रहते थे। ऐसा प्रतीत होता है कि आस्ट्रिक और द्राविड, इन दोनों जातियों का बहुत-कुछ मिलन तथा सम्मिश्रण हुआ था। द्राविड लोग आस्ट्रिकों से अधिक सभ्य थे, ये बड़ी बड़ी इमारतें, बड़े बड़े शहर बनाते थे, हिन्दू-सभ्यता के बहुत-से बाह्य उपकरण इस द्राविड जाति से ही गृहीत हुए, शिव, उमा, विष्णु, श्री आदि देवताओं की विराट् कल्पनाएँ पहले-पहल द्राविड जाति ही में उद्भूत हुईं। योग-साधना के मूल तत्त्व तथा आचार, द्राविड जाति की धार्मिक चिन्ता का फल था। मोहन-जो-दड़ो तथा हरप्पा[1] की विराट् सभ्यता द्राविड जाति के लोगों के कृतित्व के परिचायक हैं, ऐसा प्रतीत होता है। द्राविड जाति के लोग आर्यों के सदृश गोपालन करते थे—गोपालन आस्ट्रिक जाति के रिवाज में नहीं था, और द्राविड लोग सर्वप्रथम हाथी को अपने वश में लाए, ऐसा भी सम्भव है।

जब आर्य लोग भारतवर्ष में पहले आए, तब इस देश में सुसभ्य (या किसी प्रकार की सभ्यता को प्राप्त की हुई) ये दो अनार्य जातियाँ वास करती थीं। नागरिक संस्कृति का उन्मेष द्राविडों में हुआ था, आस्ट्रिक जाति की सभ्यता मुख्यतया ग्रामीण सभ्यता थी, इनके सामने नवागत आर्यों की सभ्यता यायावर तथा ग्रामीण सभ्यता ही थी। आर्यों के आगमन से इस देश के प्राचीन अनार्य अधिवासियों का पूरी तौर से मूलोत्पाटन या पूर्ण विनाश नहीं हुआ। नये आए हुए आर्य और पुराने बाशिन्दे अनार्य, एक दूसरे के पास रहने लगे। ज्यादा करके आर्य लोगों का आगमन होना सम्भव नहीं था, फिर विजेता तथा नूतन देश में भाग्यान्वेषण के लिए आए हुए आर्यों में

१—स्थानीय उच्चारण हरप्पा नहीं, हड़पा है—अ० घ०।

स्वजातीय स्त्रियों का कमी होना ही सम्भव और स्वाभाविक है। आर्य, द्राविड़ कोल (आस्ट्रिक)—इन चार जातियों में भाषा का आदान प्रदान और शोणित-सम्मिश्रण होने लगा। आर्य लोग तो विजेता थे—कम से कम इतना तो मानना पड़ेगा कि पंजाब-प्रान्त में विजेतृ-रूप से आर्यों का प्रवेश हुआ था। आर्यों की भाषा एक शक्तिशाली भाषा थी, और आर्यों की सहज शक्ति भी असाधारण थी। आर्यों की भाषा आहिस्ते आहिस्ते प्रतिष्ठित हुई और उनकी सहज शक्ति के कारण अनार्यों के द्वारा यह भाषा गृहीत होने लगी। सम्भव है कि उस जमाने में द्राविड़ तथा कोल (आस्ट्रिक) गोष्ठी की परस्पर विरोधी अनार्य भाषा और उपभाषा के अनैक्य के गड़बड़ के कारण, आर्य भाषा सर्वजनग्राह्य भाषा बनी और इसी से इसका फैलाव सहज हुआ,—समग्र उत्तर-भारत ने अपनी पुरानी द्राविड़ तथा कोल (आस्ट्रिक) भाषाओं को छोड़ आर्य भाषा को अपनाया। आर्यों के कुछ धार्मिक अनुष्ठान और देव-देवियों को अनार्य लोगों ने स्वीकार कर लिया, फिर धीरे धीरे अनार्यों के देवता, अनार्यों के धर्मानुष्ठान, अनार्यों के दर्शन और तत्त्वज्ञान, अनार्यों का भक्तिवाद आर्यों के मन पर अपनी छाप लगाने लगे। अनार्य राजा तथा पुरोहित लोग आर्य भाषा ग्रहण करने के साथ ही साथ आर्य समाज (अर्थात् आर्यभाषी समाज) में गृहीत होने लगे—एक क्रम वर्धन-शील आर्य भाषी जनता संगठित होने लगी। इस रीति से, संस्कृत भाषा जिसका वाहन था ऐसी एक मिश्र आर्यानार्य सभ्यता, या हिन्दू-सभ्यता, आर्यों के भारतवर्ष के आगमन के थोड़े समय के बाद धीरे धीरे तैयार होने लगी।

इस उपाय से हिन्दू यानी प्राचीन भारत की जातीय सभ्यता के विशिष्ट रूप से विकसित होने में करीब करीब एक हजार बरस लग गए। आर्यों का भारतवर्ष में आना, उनके मेसोपोटामिया में प्रकट होने के थोड़े समय बाद ही हुआ, ऐसा अनुमान करना अनुचित नहीं होगा। अर्थात् ख्रीस्ट-पूर्व १,५० के बाद या लगभग १५०० ख्रीस्ट पूर्व, यह घटना हुई थी। बुद्ध के समय, करीब ५०० ख्रीस्ट पूर्व के आस पास हिन्दू-सभ्यता का ढाँचा बन गया। अनार्य, आस्ट्रिक, और द्राविड़ देवताओं की लीलाएँ, उनके राजाओं की प्राचीन कहानियाँ,—ये सब आहिस्ते आहिस्ते संस्कृत भाषा में ग्रथित होकर, आर्यों की देव कहानियों के तथा राज-कहानियों के साथ एकही सूत्र के योग से संयुक्त हो गईं, और इनको रामायण, महाभारत, और पुराणों में स्थान मिला। यही प्राचीन भारत में भी हुआ था। सम्प्रति ऐसा एक अभिमत प्रकाशित किया गया है, की प्राचीन काल के क्षत्रिय लोग प्रधानतया अनार्य राजन्य सम्प्रदाय के लोग थे इस देश में स्मरणातीत आर्य पूर्व युग से जो अनार्य राजा लोग राज्य करते थे, नव-जात हिन्दू समाज में वे ही अपने पूर्व गौरव को अक्षुण्ण रख कर क्षत्रिय-रूप से गृहीत हुए। फिर ऐसा भी मत किसी विद्वान् ने प्रकट किया कि भारतवर्ष में आर्य-सन्तान के झुण्ड यहाँ आए ही नहीं, सिर्फ आर्यों की भाषा और आर्यों के कुछ धार्मिक अनुष्ठान, Cult [illegible] अर्थात् प्रवहमान संस्कृति स्रोत के हिसाब से ईरान से भारतवर्ष में आए—मूल आर्य जाति के आदमी नहीं आए, पर उनकी भाषा आई और उनका धर्म फैला।

आर्यों की विशिष्ट उपासना-रीति का नाम 'होम" है। वैदिक आर्यों के देवता लोग आकाश में रहते हैं। अग्निदेव उन के दूत या मुखपात्र थे, वेदी बना के उस पर लकड़ी की आग जला के, उसी आग में इन्द्र, वरुण, सूर्य, पूषा, अग्नि, अश्विद्वय, उषा, मरुद्गण प्रभृति देवताओं के उद्देश्य में दूध, घी, यव की रोटी (पुरोडाश), मांस, सोमरस इत्यादि खाद्य वस्तु की आहुति दी

जाती थी। देवता लोग आग के सहारे से उन वस्तुओं को प्राप्त कर खुश होते, और होमकर्त्ता को अश्व, गो, स्वर्ण, पुत्र सन्तान, प्रचुर शस्य आदि दान करते थे। पर 'पूजा' की रीति आर्यों में चालू नहीं थी—प्रतिमा या और किसी प्रकार के देवप्रतीक पर फूल, पत्ता, चन्दन, सिन्दूर इत्यादि चढ़ाना, अर्चन, फल मूलादि के नैवेद्य अथवा बलिदान किए हुए पशु के मुण्ड या पात्र से उसका लोहू निवेदन करना—यह सब वैदिक अर्थात् आर्य-अनुष्ठान नहीं था। "पूजा" शब्द भी मूल में द्राविड भाषा का है, ऐसा अनुमान होता है। ये अनार्य अनुष्ठान, अनार्य देवताओं के साथ साथ "संस्कृत" होकर हिन्दू-अनुष्ठान में परिणत हुए।

आर्य लोगों के आगमन के समय भारतवर्ष के प्राचीन अधिवासी लोग द्राविड और कोल आदि अनार्य बोली बोलते थे, इस में कुछ भी सन्देह नहीं। *आर्य लोगों के आने के और बसने के बाद बहु* शत वर्ष तक ये सब अनार्य भाषाएँ जिन्दा थीं। बुद्ध के समय, और उनके उत्तर-काल में पाँच छः सौ साल पर्यन्त उत्तर-भारत के बहु अंश में जन-साधारण अनार्य बोलियाँ बोलते थे, ऐसा अनुमान करने के लिए बहुत-से कारण हैं। इन अनार्य-भाषियों ने जब आर्य-भाषा ग्रहण की, तब इन के धर्म, देवता और आचार-अनुष्ठान भी आर्यीकृत हो गए, वे सर्वजनगृहीत हो गए, पौराणिक देववाद, भक्तिवाद इत्यादि आ गए, और वैदिक धर्म से एक गंभीरतर उन्नततर धर्म-जीवन आर्यानार्य-मिश्र भारतीय समाज में सृष्ट हुआ। अनार्यों के प्रधान देवता शिव, उमा, विष्णु—अनुरूप गुण के आर्य-देवताओं के साथ मिल कर एक हो गए, और इस प्रकार उन्हें भी महनीय बनाया गया। अनार्य वृक्ष-देवता, यक्ष, रक्ष, नाग, और दैवी शक्ति के विकास के स्वरूप से कल्पित पशु और पक्षियों की पूजा भी आर्यानार्य-मिश्र नव सृष्ट हिन्दू-जाति में प्रचलित हो गई।

खीस्ट-पूर्व प्रथम सहस्रक के प्रथमार्द्ध में जब आर्यों का वैदिक साहित्य, मिश्र आर्यानार्य या हिन्दू-जाति के द्वारा *प्राचीन धर्म-शास्त्र रूप से स्वीकृत हो गया, तब प्रायः सब आर्य-भाषियों ने श्रद्धा के साथ* उसे ग्रहण किया। हमारी पुरोहित-श्रेणी की (ब्राह्मणों की) प्रतिष्ठा इसी समय हुई। वेद गृहीत होने का एक मुख्य कारण यह था, कि वेद पहले युग के विजेता शक्तिमान् आर्यों का शास्त्र या प्राचीन साहित्य एवं आदरणीय वस्तु था। वेद माने जाने के और ब्राह्मणों का प्राधान्य स्वीकृत होने के बाद, अनार्य-भाषाओं की प्रतिष्ठा होना फिर सम्भव न था। परन्तु अनार्य-भाषाओं ने इतनी जल्दी अपना स्थान नहीं छोड़ा। अनार्य शब्द बहुत कुछ आर्य प्राकृत तथा संस्कृत के भीतर आ गए, अनार्य-चिन्ता-रीति आर्य-भाषा संस्कृत और प्राकृत में भी आ गई। खीस्ट-जन्म के डेढ़ सौ बरस पहले कलिङ्ग के जैन-धर्मावलम्बी राजा खारवेल का जो ब्राह्मी अक्षर में खुदा हुआ प्राकृत भाषामय विराट् अनुशासन है, उसे पढ़ कर किसी को सन्देह तक भी नहीं हो सकता है कि राजा का नाम आर्य-भाषा का नहीं, वरन् द्राविड भाषा का है; द्राविड "कार" शब्द का अर्थ "काला" या "कृष्ण", और "वेलू" शब्द का अर्थ "भाला" या "बल्लम"—मूल *"कारवेल्", जिस से शायद "खारवेल" निकला है, उस का संस्कृत अनुवाद हो सकता है "कृष्णर्ष्टि (अर्थात् कृष्ण या भयानक ऋष्टि या बल्लम है जिस का)। दाक्षिणात्य के अन्ध्रवंशीय राजा लोग खीस्टीय युग के प्रारम्भ में राज्य करते थे, इनके प्राकृत-भाषा में लिखे हुए बड़े बड़े अनुशासन हैं, इसके गोत्र नाम इस प्रकार के होते थे—"वासिष्ठीपुत्र, गोतमीपुत्र, मढरीपुत्र" इत्यादि, परन्तु इनका *वंश-नाम "सातवाहन" आर्य-भाषा का*

कुमारपाल के पूर्वजों के विषय में भिन्न भिन्न ग्रन्थों के जुदे-जुदे उल्लेख मिलते हैं। प्रबन्धचिन्तामणिकार भीमदेव का पुत्र हरिपाल, हरिपाल का त्रिभुवनपाल और त्रिभुवनपाल का पुत्र कुमारपाल बताते हैं। साथ-साथ यह भी बतलाते हैं कि भीमदेव ने चउलादेवी नाम की वाराङ्गना रक्खी थी, जो सदाचारिणी और नीतिमती थी। उस से हरिपाल का जन्म हुआ। परन्तु यह बात और कहीं देखने में नहीं आती।

महाराजा कुमारपाल

प्र भा व क च रि त्र में लिखा है कि देवप्रसाद, कर्णराज का भाई (भीम का पुत्र) था, उस का पुत्र त्रिभुवनपाल, और उस का पुत्र कुमारपाल राजा के उत्तम लक्षणों से युक्त था। कु मा र पा ल प्र ति बो ध के कर्ता भीम का पुत्र क्षेमराज उस का पुत्र देवप्रसाद और देवप्रसाद के पुत्र त्रिभुवनपाल का पुत्र कुमारपाल बतलाते हैं[२]। कुमारपाल चौलुक्यवंश प्रथम भीम के कुल का और त्रिभुवनपाल का पुत्र था। इस में तो किसी का मत भेद नहीं है।

कुमारपाल छत्तीस प्रकार की शस्त्रकला में प्रवीण बहादुर कुशल और उद्यमी था।

सिद्धराज ने जब सुना कि मेरे सन्तान न होगी और कुमारपाल उत्तराधिकारी होगा तब उस को बहुत दुःख हुआ। कुमारपाल को किसी तरह वह अपने राज्य का मालिक बनाना नहीं चाहता था। सम्भव है कि कुमारपाल के एक पूर्वज के वेश्या से उत्पन्न होने के कारण वह उस को भी नीच समझ कर घृणा करता हो। कुछ भी हो, कुमारपाल को मारने का विचार कर के उसने चारों ओर अपने सिपाही दौड़ाए[३]।

कुमारपाल का भविष्य

जब कुमारपाल को यह मालूम हुआ कि सिद्धराज मुझे मारना चाहता है तब वह पाटण से निकल कर गुप्त वेष में इतस्ततः परिभ्रमण करने लगा। कई बार वह करीब करीब दुश्मन के हाथ पड़ गया परन्तु अपनी चालाकी से बचा। कई बार इसे अपने प्राण बचाने को काँटों की बाड़ों और निभाड़ में छिपना पड़ा। जङ्गलों में एकाकी भूखे प्यासे घूम कर के इस ने बहुत कष्ट उठाए। पास में खर्च का कौड़ा भी नहीं था। घूमता-घूमता यह खम्भात में उ द य न म न्त्री के यहाँ

कुमारपाल का दुःख प्रवास

१ प्रभावकचरित्र में लिखा है कि हेमचन्द्र सूरि ने तीन उपवास और ध्यान कर के अम्बा देवी को प्रत्यक्ष किया, और सिद्धराज के उत्तराधिकारी के विषय में पूछा। देवी ने उत्तर दिया कि इस राजा के भाग्य में सन्तति नहीं है। अतः इस राजा के भाई का पुत्र कुमारपाल जो पुण्य प्रताप और महिमा से युक्त है, राजा होगा दूसरे राज्यों को भी अपने अधीन करेगा और जैन-धर्म को पालेगा। श्लो० ३५२।

२ एक राज वंशावली में आमयः सिद्धराजस्य अर्थात् कुमारपाल सिद्धराज का भाणजा था लिखा है परन्तु यह बात सत्य नहीं मालूम होती क्योंकि सभी तत्कालीन प्राचीन ग्रन्थों में कुमारपाल को भीमवंशीय चौलुक्य बतलाया है। और आमय लिखने वाला ग्रन्थकार बहुत पीछे का (अर्वाचीन) है। टॉड-राजस्थान के कर्ता कुमारपाल को वे हाथवाली लिखकर सिद्धराज का उत्तराधिकारी लिखते हैं। और एक जगह पर दत्तक पुत्र लिखते हैं। यह बात किसी पुराने ग्रन्थ में देखने में नहीं आती। सभी प्राचीन लेखक कुमारपाल को चौलुक्य ही बतलाते हैं। सं० द्व्याश्रय के टीकाकार अभयतिलक लिखते हैं—सिद्धराज त्रिभुवनपाल का चचा लगता था अतः कुमारपाल का सिद्धराज पितामह हुआ।

३ आचार्य हेमचन्द्र ने इस बात का उल्लेख कहीं पर नहीं किया है, परन्तु प्रबन्धचिन्तामणि आदि ग्रन्थों में कुमारपाल के प्रति, सिद्धराज का कोप स्पष्ट दिखता है। विशेष में जिनमण्डनगणि कुमारपाल प्रबन्ध में लिखते हैं—कुमारपाल के पिता त्रिभुवनपाल को सिद्धराज ने मरवा दिया था। इनके प्रति सिद्धराज के प्रचण्ड कोप का कोई कारण हमारी समझ में अभी तक नहीं आया।

खाने पीने का कुछ साधन माँगने पहुँचा। उदयन[1] उस समय आचार्य हेमचन्द्र के पास बैठकर धर्म चर्चा कर रहे थे। कुमारपाल वहाँ पौषधशाला में गया। उदयन से बातें हुईं। हेमचन्द्राचार्य ने उस के लोकोत्तर लक्षण देख कर मन्त्री के आगे कहा कि यह बहुत बड़ा राजा होगा।

हेमच न्द्राचार्य से भेंट

कुमारपाल बहुत थक गया था। निराश भी बहुत हो गया था। हेमचन्द्र सूरि ने विश्वास दिला कर कहा कि यदि वि० सं० ११९९ कार्तिक[2] वदि २ को तुम को राज्य न मिलेगा तो मैं ज्योतिष और निमित्त शास्त्र को देखना छोड़ दूँगा[3]।

आचार्य का निर्णय सुन कर कुमारपाल बहुत चमत्कृत हुआ। उस के मन में बड़ी श्रद्धा हुई। प्रसन्न हो कर उस ने हेमचन्द्र सूरि से कहा—आप की बात सत्य होगी तो आप ही राजा हैं मैं तो आप का दास रहूँगा[4]। आचार्य ने कहा कि हम तो निःस्पृही हैं। हमें राज्य से कोई प्रयोजन नहीं। कामिनी काञ्चन को हम स्पर्श तक नहीं करते। साहित्य-सेवा और धर्मोपदेश हमारा व्यवसाय है। तुम अपनी कृतज्ञता के लिए जैन धर्म और देश की सेवा करने का प्रयत्न करना। आचार्य का वचन बड़ी श्रद्धा से कुमारपाल ने स्वीकार किया। कुमारपाल और हेमचन्द्र की यह पहली ही मुलाकात था। परन्तु इन में गुरु शिष्य का सम्बन्ध जुड़ गया, जो दिन बदिन इतना बढ़ा कि चाणक्य और चन्द्रगुप्त की दूसरी आवृत्ति जैसा हो गया।

• मन्त्री उदयन ने हेमाचार्य के कहने से कुमारपाल का योग्य सत्कार कर कुछ धन दे कर उस को रवाना किया। कहा जाता है कि हेमचन्द्र भी इस की रक्षा के लिए सावधान रहते थे। कई बार हेमचन्द्र ने अपने उपाश्रय में छिपा कर भी इस को बचाया।

कुमारपाल मालवे में उज्जैन गया। वहाँ कुडङ्गेश्वर[5] मन्दिर में उस ने एक शिलालेख देखा जिस में निम्न गाथा लिखी थी—

पुन्ने वाससहस्से सयम्मिवरिसाण नवनवग्रहिए।
होही कुमर नरिन्दो तुह विक्कमराय सारिच्छो ॥ १ ॥

अर्थात् हे विक्रम! ११९९ वर्ष के बाद तुम्हारे जैसा कुमारपाल राजा होगा[6]। कुमारपाल को यह गाथा पढ़ने से साश्चर्यानन्द हुआ और आचार्य हेमचन्द्र के वचन पर विशेष विश्वास हुआ।

१ यह मारवाड़ का जैन वणिक था पर बड़ा ही वीर चतुर और प्रतिभासम्पन्न था। इसलिए गुजरात में आकर इस ने बहुत लक्ष्मी और कीर्ति प्राप्त की। यह सिद्धराज और कुमारपाल का मुख्य मन्त्री (महामात्य) हुआ। महाकवि वाग्भट इसी का पुत्र था।

२ जिन मण्डनगणि ने कुमारपाल का राज्यारोहण काल वि० सं० ११९९ मार्गशीर्ष कृष्णा ४ पुष्य नक्षत्र और मीन लग्न लिखा है। प० शिवदत्तजी ने हेमचन्द्राचार्य के लेख में ११९९ मार्गशीर्ष कृष्णा १४ मालूम नहीं किस आधार पर लिखा है। प्र० चि० (पृ० १२२) में तो वि० सं० ११९९ कार्तिक कृष्णा २ का उल्लेख है।

३ स पौषधशालामागतमाकर्ण्य तत्रागते तस्मिन्नुदयनेन पृष्ट—श्रीहेमचन्द्राचार्य प्राह—लोकोत्तराणि तदङ्गलक्षणानि वीक्ष्य सार्वभौमोऽयं नृपतिर्भावीत्यादिशत्। सं० ११९९ कार्तिक वदि २ रवौ हस्तनक्षत्रे यदि भवतः पट्टाभिषेको न भवति तदातः परं निमित्तावलोकसंन्यास इति पत्रमालिख्यैकं मन्त्रिणेऽपरं तस्मै समार्पयत्। प्र० चि० पृ० १२२।

४ यद्यद् सत्यं तदा भवानेव नृपतिः अहं तु त्वच्चरणरेणुः। प्र० चि० कुमारपाल प्रबन्ध—पृ० १२६।

५ यह महाकाल का मन्दिर होना चाहिए। जैन इतिहास कहता है कि इस का निर्माता जैन था। इस में अवन्ती पार्श्वनाथ की मूर्ति थी परन्तु ब्राह्मणों ने उस को बदा कर अपनी सत्ता जमा ली। दे० प्रबन्धचिन्तामणि।

६ प्रबन्धचिन्तामणि के अन्तर्गत विक्रम-प्रबन्ध में लिखा है कि जब विक्रम ने सिद्धसेन दिवाकर से पूछा कि मेरे जैसा कोई अन्य राजा होगा तब सिद्धसेन ने विक्रम के आगे पुन्ने वाससहस्स गाथा कही थी। दे० विक्रम प्र० पृ० १३।

वि० सं०[1] ११९९ में जब सिद्धराज जयसिंह का स्वर्गवास होने का समाचार कुमारपाल ने सुना, तब वह बड़ी ही शीघ्रता से पाटण में पहुँचकर अपने बहनोई कान्हडदेव के यहाँ जा कर ठहरा, जो सिद्धराज का दस हज़ार योद्धों का सेनापति था।

राज्याभिषेक किस का करना ? इसका निश्चय करने के लिए जब सभा हुई तब का न्ह ड दे व, कुमारपाल को स्नान करवा कर वस्त्रादि से अलङ्कृत कर के राज्य-कचहरी में ले गया। पहले दो क्षत्रिय युवक भी

राज्य-प्राप्ति

राजा बनने के लिए वहाँ आए थे, परन्तु उन में वीरता और प्रभाव की योग्यता न देख कर लोगों ने उन्हें पसन्द न किया। कान्हडदेव के इशारे से कुमारपाल ऊँचे आसन (स्टेज) के ऊपर चढ़कर अच्छी तरह से दुपट्टे का आसन बिछा कर प्रतापयुक्त नेत्र करके बड़ी कुशलता से तलवार घुमाने लगा। लोगों ने पूछा, राजा हो कर क्या करोगे ? उत्तर में कुमारपाल ने कहा कि पृथ्वी का शासन करूँगा। बस अब क्या था ! सब लोगों ने समझा कि यही प्रभावशाली है, अतः राज्य के योग्य है। सब ने एकमत हो कर समारोहपूर्वक कुमारपाल का राज्याभिषेक किया। वि० सं० ११९९ कार्तिक कृष्णा २ को उच्च ग्रहों के आने पर कुमारपाल सिद्धराज की राजगद्दी पर बिठाया गया था। उस वक्त यह करीब ५० वर्ष का था।

आज कुमारपाल की कई दिनों की आशा सफल हो गई। उस ने राज्य प्राप्त कर के जो-जो उस के उपकारी थे, उन को यथायोग्य बदला दे कर कृतज्ञता प्रकट की। उ द य न को मुख्य मन्त्री, वा ग भ ट को नायब

कृतज्ञता

दीवान, निभाड़े में छिपाकर रक्षा करने वाले आ लि ङ्ग रा ज को सात सौ गाम वाली चि त्तो ड पट्टि का मालिक, काँटे में छिपा कर बचाने वाले को अङ्गरक्षक, जङ्गल में भोजन देने वाली एक बाई को धोलेरा की स्वामिनी, और अन्न देने वाले एक वैश्य को बड़ौदे का राजा बनाकर कुमारपाल ने प्रत्युपकार किया।

कान्हडदेव, जो कुमारपाल का उपकारी और बहनोई था, मना करने पर भी ऑफ़िसरों के सामने खुल्लमखुल्ला बार-बार कुमारपाल का उपालम्भ देता तथा उपहास करता था। अतः कुमारपाल ने उस का अङ्गच्छेद करवाया, ताकि मायन्द, अग्नि की तरह, और कोई मेरा अपमान न करे[2]। जो हो, जैसे श्रीरामचन्द्रजी ने सीताजी को एकाकिनी जङ्गल में भेज कर अन्याय किया वैसे कुमारपाल ने इस उपकारी के प्रति कृतघ्नता कर के अपने शुभ्र यश में ज़रा कलङ्क लगाया है, ऐसा मेरा मत है।

कुमारपाल के राजगद्दी पर आते ही सिद्धराज के दुश्मन राजा, कुमारपाल को दबाने का और गुजरात के राज्य को छीनने का चारों ओर यत्न करने लगे। आचार्य हेमचन्द्र के संस्कृत द्व्याश्रय काव्य[3] से पता चलता

---

१. टॉड राजस्थान म सिद्धराज का राज्यकाल १२०१ विक्रम तक लिखा है, जो प्रमाण से बाधित है।

२. थाद्दी मयैवायमदीपि नूनं न तद्वदन्यामवहृलितोऽपि।

इति प्रमादक्ष्ल्पर्षणाऽपि स्फुरयेत मो दीप इवावनीपः ॥ प्र० चि० पृ० १२७ ॥

३. सिद्धहेम नामक हैम व्याकरण-सूत्रों के उदाहरणार्थ यह ग्रन्थ भट्टिकाव्य की पद्धति का बनाया गया है। इस में मूलराज से गुजरात का विस्तृत इतिहास निबद्ध है। सोलहवें सर्ग से कुमारपाल-चरित्र का प्रारम्भ होता है। बम्बई गवर्नमेंट सिरीज़ म यह सम्पूर्ण ग्रन्थ सटीक दो भागों में छपा है। महाराजा गायकवाड़ ने इस का गुजराती अनुवाद भी प्रकाशित करवाया है। कुमारपाल का शेष जीवन प्राकृत द्व्याश्रय काव्य में इन्हीं आचार्य ने लिखा है। यह भी उपर्युक्त 'सिरीज़' से प्रकाशित हुआ है। ये दोनों ग्रन्थ सोलङ्कियों के विषय में बहुत प्रकाश डालते हैं, क्योंकि ये सिद्धराज और कुमारपाल के जीवन-काल में लिखे गए हैं। सिद्धहेम व्याकरण की ३२ श्लोकों की प्रशस्ति भी सोलङ्की इतिहास के लिए उपयुक्त है।

है कि उत्तर से स पा द ल च के आ न्न राजा ने शिवद्वार नदी के तटवर्ती छोटे-बडे राजाओं को साथ ले कर लडने की तैयारी की। दक्षिण के राजाओं के साथ अवन्ती के ब ल्ला ल राजा ने पाटण पर आक्रमण करने का विचार किया। कांथकद्द, अरण्यदेश, शिवरूप, पूर्व मद्र, अपरेय, कामशम, गोमती, गोष्ट्या, तैक्या, यकृल्लोमन्, पटचर, शूरसेन-वाहीकराट्, रोमकराट्, नैकेती, काण्व, द्राक्ष, चैकीय, कौशीय राजाओं को भी दुश्मन राजाओं ने अपने पक्ष में कर के कुमारपाल पर आक्रमण करने को उत्तेजित किया। इधर कुमारपाल के चार (गुप्तचर) चारों ओर घूमा करते थे। एक दूत ने कुमारपाल को दुश्मनों की इस तैयारी के हाल कह सुनाए[1]।

शत्रुओं का प्रयत्न

इस तरफ़ कुमारपाल के कुछ अधिकारी[2] और माण्डलिक (जागीरदार) भी विरुद्ध होने लगे।

इन सब बातों को जान कर कुमारपाल ने क्रोध को दबा कर गम्भीरता से विचार किया। विचार करने के बाद उसने सब शत्रुओं का सामना कर उन का अभिमान मिटाने का निश्चय किया। छोटे-बडे माण्डलिक सामन्तों को एकत्र करके उन की परीक्षा करने के बाद सांकाश्य, फाल्गुनीवह, नांदीपुर आदि के राजाओं को अपने सेनापति के साथ ब ल्ला ल के प्रति युद्ध करने को रवाना किया। ऐरावत, अग्निमार, दर्वि, स्थल, धूम आदि प्रदेशों के राजाओं को और वीर सेना को ले कर ख़ुद कुमारपाल सपादलक्ष के आन्न[3] राजा का दमन करने चला।

दुश्मनों का दमन

समुद्र समान इन की—हाथी, घोडे, रथ और पैदल—सेना मीलों तक फैल गई। बीच में जो जो उद्धत राजा माण्डलिकादि आते थे उन को साम-दाम दण्ड-भेद से अधीन करता गया। कई राजा अपनी-अपनी सेना शस्त्रादि सहित कुमारपाल के साथ मिलते गए, जैसे कि स र ह्व रो ज के साथ ग़दर के बाद दूसरे राजा मिलते गए थे। कुमारपाल के सामने कौन टिक सकता था? इस तरह चक्रवर्त, युगन्धर, साल्व और कुरु आदि के कई राजाओं की सेना कुमारपाल में मिलने से कुमारपाल को बडी ख़ुशी हुई।

इस तरह सर्वत्र विजयी होता हुआ राजा आ बू पहाड पर आया। वहाँ चन्द्रावती का विक्रमसिंह[4] राजा था। उस ने डर कर के भक्ति-पूर्वक नम्र हो कर कुमारपाल से प्रार्थना कर कहा कि 'यह राज्य आप का ही है। मैं तो आप का सेवक हूँ। आप मेरे मालिक हैं।' राजा ने आबू से सपादलक्ष में जाकर आ न्न के साथ युद्ध शुरू किया। आन्न भी अपने गो विन्द रा ज सरदार और सेना के साथ युद्ध में उतरा। दोनों का घमासान युद्ध हुआ।

---

१. आचार्य हेमचन्द्र रचित संस्कृत द्व्याश्रय सर्ग १६ के श्लोक ९ से १६ तक।

२ प्रबन्धचिन्तामणि में लिखा है कि वाग्भट मन्त्री, जिस को सिद्धराज ने पुत्र समान समझा था, ईर्ष्या से कुमारपाल के विरुद्ध हो कर सपादलक्षीय राजा के पक्ष में सेनापति हो कर गया था। सं० द्व्याश्रय में भी (सर्ग १६ श्लोक १४) यह बात इशारे से मिलती है। पर वहाँ पर चाहड नाम लिखा है, जो वाग्भट का भाई था। दे० प्र० चि० १५३। वाग्भट को कुमारपाल ने नायब दीवान बनाया था। मेरुतुङ्ग लिखते हैं—आनाक राजा गुजरात की सीमा तक युद्ध करने को आ पहुँचा था। पृ० १२८।

३ प्र० चि० में इस का नाम आनाक और प्रभावक-चरित्र में अर्णोराज लिखा है। सपादलक्ष देश अजमेर के आस पास के प्रदेश का नाम है।

४ प्रभावकचरित्र के हेमचन्द्राचार्य प्रबन्ध में लिखा है कि अन्दर से विक्रमसिंह अर्णोराज के पक्ष में हो गया था और उस ने कुमारपाल को धोखे से मारने की कोशिश की थी। विक्रमसिंह को कुमारपाल ने कैद कर लिया और उस के भाई रामदेव के पुत्र यशोधवल को राज्य दिया। यह प्रसङ्ग वि० १२०७ के करीब का है ऐसा श्रीमान् मुनि कल्याणविजयजी का मत है।

आन्न की सेना पीछे हटती गई। सामने के शत्रुओं को हटाता हुआ कुमारपाल हाथी[1] पर चढ़ कर शत्रु राजा आन्न के हाथी के पास जा पहुँचा। बड़ी ही शीघ्रता और कुशलतापूर्वक[2] लोहशर ( शस्त्र विशेष ) का प्रहार आन्न के ऊपर कुमारपाल ने किया। आन्न मूर्च्छित हुआ। सब शत्रु-सेना तितर बितर हो गई। राजनीति विरुद्ध होने से कुमारपाल ने कृपया आन्न को जान से नहीं मारा, परन्तु उस के हाथी घोड़े आदि युद्ध का सामान छीन कर स्वाधीन कर लिया। कुमारपाल की विजय हुई, यह बात चारों तरफ फैल गई।

जिस की जबरदस्त गर्द थी वह आन्न राजा भी कुमारपाल से हार गया। अन्त में आन्न ने दूत भेज कर माफी माँगी। अपने अच्छे अच्छे हाथी घोड़े आदि कुमारपाल को भेंट किए और अपनी कन्या का कुमारपाल से विवाह करने की प्रार्थना की। कुमारपाल ने उस को उदारता से माफी दी और कन्या तथा भेंट पाटण लाने को कहा। समारोहपूर्वक राजा ससैन्य पाटण आया और आन्न की कन्या से विवाह किया[3]।

बल्लाल[4] की तरफ जो कुमारपाल की सेना भेजी गई थी वह भी अन्ततोगत्वा विजयी हुई। उस के सेनानियों ने बल्लाल को मार डाला, ऐसा वृत्तान्त राजा कुमारपाल ने दूत से सुना। यह सुन कर वह बड़ा प्रसन्न हुआ और दूत को इनाम में सिरपाव दिया[5]।

इस प्रकार जो दुश्मन खड़े हुए थे उन का सम्पूर्ण रीत्या दमन कर के राजा स्वस्थ हुआ।

राज्य मिलने के बाद राज्य का बहुत काम कुमारपाल खुद ही करने लगा। मन्त्रियों का भरोसा कम रखता था इसलिए कुछ मन्त्री आदि अहलकारों ने कुमारपाल का षड्यन्त्र रचा, परन्तु आप्त सेवकों से मालूम होने के बाद कुमारपाल ने उन सब को कड़ी सजाएँ दीं और मार डाला।

जब आचार्य हेमचन्द्र को यह मालूम हुआ कि कुमारपाल राजा होकर विजयी हुआ है, तब वे अपने दिल में प्रसन्न हुए। अपने शिष्य का पुरुषार्थ जान कर भला कौन खुश न होगा?

उस वक्त कुमारपाल मालव में था। जहाँ उस का डेरा था वहाँ पैदल चल कर हेमचन्द्राचार्य पहुँचे। आचार्य ने उदयन द्वारा राजा का समाचार जाना और राजा को पूर्वोपकार का उदयन द्वारा स्मरण करवाया। राजा को सब याद आया। उसने आचार्य का बड़े भाव से सत्कार किया और कहा कि भगवन्[6], मैं धीरे धीरे आप की सभी आज्ञाओं का पालन

आचार्य और सम्राट् की मुलाकात

---

[1] इस हाथी का नाम कलहपञ्चानन था। प्र० चि० में लिखा है कि राजा ने बाग्भट को भी घायल कर दिया और सैनिकों ने उसे पकड़ कर स्वाधीन किया।

[2] कुमारपाल ने ३६ प्रकार के शस्त्र पास में रखे थे। आवश्यकतानुसार उन को काम में लाता था। उस की युद्ध-शस्त्र कला में प्रवीणता प्रसिद्ध थी।

[3] हेमचन्द्राचार्य का द्व्याश्रय काव्य १९वाँ सर्ग।

[4] अवन्ती का राजा।

[5] द्व्याश्रय काव्य सर्ग १६

[6] भवदुक्तं करिष्येऽहं सर्वमेव शनैः शनैः।
कामयेऽहं परं सङ्गं निधेरिव तव प्रभो!॥

[7] 'कुमारपाल प्रतिबोध' में सोमप्रभ सूरि लिखते हैं—

राज्यादि सुख को देने वाले सत्य धर्म को जानने की कुमारपाल की आकांक्षा हुई। ब्राह्मणादि के धर्मोपदेश से उस की जिज्ञासा पूरी नहीं हुई। इसलिए वह धर्म का सच्चा तत्त्व जानने का अभिलाषी था। उस के मन्त्री वाग्भटदेव ने राजा को श्रीहेमचन्द्राचार्य का परिचय दिया। राजा ने पहली बार यहीं हेमचन्द्राचार्य से मुलाकात की और पीछे से सम्बन्ध बढ़ा।

करूँगा, इस के लिए मैं आप का सङ्ग चाहता हूँ। उस के बाद भूपाल की प्रार्थना से आचार्य हमेशा कुमारपाल के पास जा कर धर्म, नीति और राजधर्म समझाने लगे। आचार्य के चारित्र्य और पाण्डित्य का असर कुमारपाल पर बढ़ता गया।

गुजरात आने पर भी इन दोनों का सम्बन्ध प्रगाढ होता गया। इस तरह हेमचन्द्र सूरि की बढ़ती हुई कीर्त्ति को कुछ ईर्ष्यालु अन्ध-श्रद्धालु लोग सहन नहीं कर सकते थे। इस का कारण यह था कि जैन साधु के आदर्श उपदेश को राजा समझेगा तो उन की ख़ुशामद और गपोड़ों की कीमत कम हो जायगी। इसी लिए कई लोगों ने हेमचन्द्र जैसे पवित्र महात्मा की और जैन धर्म की कई बार निन्दा[1] राजा के आगे की, परन्तु राजा समझदार और हेमचन्द्राचार्य का प्राय शिष्य था अत उस का समाधान हेमचन्द्र से ही पूछ लेता था।

एक दिन कुमारपाल ने हेमचन्द्र से पूछा कि मेरा यश विक्रम की तरह चिरस्थायी होने का उपाय बताइए। आचार्य ने दो उपाय बतलाए। एक तो विक्रम की तरह जगत् को ऋण से मुक्त करने का, और दूसरा सोमनाथ महादेव के मन्दिर का जीर्णोद्धार कराने का। जगत्प्रसिद्ध सोमनाथ का मन्दिर उस वक्त *जीर्ण-शीर्ण हो गया था*, ऐसा प्रबन्धचिन्तामणिकार लिखते हैं[2]। कुमारपाल को इस निष्पक्ष सलाह से हेमचन्द्र के ऊपर बहुत श्रद्धा हुई। उस ने सोमनाथ का जीर्णोद्धार शुरू करवाया। जब तक सोमनाथ के मन्दिर पर ध्वजारोपण न हो तब तक हेमचन्द्र के कहने से राजा ने मांस-मद्य का त्याग किया। दो वर्ष में सब कार्य हो गया, ध्वजा चढ़ाई गई। राजा ने हेमचन्द्र से महादेव की स्तुति करने की प्रार्थना की। आचार्य ने ख़ुशी से नई स्तुति बना कर कही। राजा बहुत प्रसन्न हुआ। मन्दिर में साक्षात् शिवजी ने आकर दर्शन दिए। कुमारपाल ने वहाँ पर यावज्जीवन हेमचन्द्र के उपदेश से मांस का त्याग किया[3]।

**कुमारपाल का धार्मिक जीवन**

( १ ) आचार्य हेमचन्द्र के उपदेश से कुमारपाल ने लावारिस का धन लेना छोड़ दिया, जिस की आमदनी एक साल में राज्य भर में ७२००००० बहत्तर लाख रुपयों की थी। इस त्याग की हेमचन्द्र ने इस प्रकार प्रशंसा की है—

---

१. प्रबन्ध चिन्तामणि, प्रबन्ध चतुर्विंशिकादि ग्रन्थों में ऐसे कई प्रसंग हैं। सिद्धराज के आगे भी इन लोगों ने हेमचन्द्र की निन्दा करने में कमी नहीं की। इसी झूठी निन्दा के आधार पर अथवा अपनी कपोलकल्पित कल्पनाओं से आज भी कुछ लोग इस आचार्य और जैन धर्म की निन्दा करने की धृष्टता करते हैं। इस में श्रीयुत के० एम० मुंशी और ममोर के लेखक मुख्य हैं। बीसवीं सदी के उदार ज़माने में ऐसा काम करना किसी तरह से योग्य नहीं है।

२. 'मिराते अहमदी', 'आईन अकबरी' प्रभृति—मुसल्मानी लेखकों के—ग्रन्थों के आधार पर फार्बस साहब कहते हैं कि उस वक्त तक महमूद सोमनाथ मन्दिर पर आक्रमण कर चुका था। सम्भव है, इसी से कुमारपाल ने जीर्णोद्धार करवाया हो। यह मन्दिर प्रभासपाटण में है।

३ सोमनाथ की प्रतिष्ठा का प्रसंग विस्तार से जैन ग्रन्थों में मिलता है। हेमचन्द्र सूरि ने स्तुति की जिस का एक श्लोक यह है—

> भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपागता यस्य।
> ब्रह्मा वा विष्णुर्वा हरो जिनो वा नमस्तस्मै॥ प्र० चि० १२६।

अपुत्राणां धनं गृह्णन् पुत्रो भवति पार्थिव ।
त्वं तु सन्तोषतो मुञ्चन् सत्यं राजपितामह ॥

प्रबन्ध चिन्तामणि

( २ ) कुमारपाल ने शत्रुञ्जय नामक जैन तीर्थ का संघ[1] निकाला।

( ३ ) तारङ्गा नामक जैन तीर्थ में श्री अजितनाथ का भव्य मन्दिर बनवाया।

( ४ ) मांस, शराब, परस्त्री, वेश्या प्रभृति सातों व्यसनों का त्याग किया और राज्य में भी यथाशक्य त्याग करवाया। यक्ष तथा देवियों के निमित्त हिंसा बंद करवाई।

( ५ ) अपने राज्य में चौदह वर्ष तक अहिंसा का काफी प्रचार किया[2]।

( ६ ) कुमारपाल ने कई शैव मन्दिर, तालाब, कुएँ, दानशाला और १४४४ जैन मन्दिर बनवाए। राज्य के खर्च से जो मन्दिर बने थे उन का नाम प्राय 'कुमार या कुंवर विहार' होता था। अभी तक दूर दूर तक इन के मन्दिर मिलते हैं। एक मन्दिर जावालीपुर ( जालोर ) मारवाड़ में के, जो जोधपुर स्टेट में है, सुवर्णगिरि दुर्ग पर अभी मौजूद है जिस पर यह शिलालेख है—

ॐ॥ संवत् १२२१ श्रीजावालिपुरीयकांचनगिरिगढस्योपरि प्रभुश्रीहेमसूरिप्रबोधितगुर्जरधराधीश्वर-परमार्हतचौलुक्यमहाराजाधिराजश्रीकुमारपालदेवकारिते श्रीपार्श्वनाथसत्क . बिंबसहितश्रीकुवरविहारा भिधाने जैनचैत्ये ॥ प्रा धा न सै न ल स म प्र इ शि ला ले स, नं० ३५२।

( ७ ) कुमारपाल ने विक्रम सं० १२१६ मार्गशीर्ष शुक्ला ७ को समवपूर्वक[3] जैन धर्म स्वीकार कर १२ व्रत ( धार्मिक नियम ) ग्रहण किए।

( ८ ) हेमचन्द्र के जन्मस्थल और दीक्षास्थल पर कीमती मन्दिर बनवाए।

( ९ ) हेमका योग शास्त्र और वीतराग-स्तोत्र का स्वाध्याय करता था।

जैन होने के बाद कुमारपाल की कीर्ति खूब बढ़ी। अच्छे अच्छे जैन कवियों और विद्वानों ने इस की कीर्तिगाथा गाई। व्याकरणादि ग्रंथों में उल्लेख किया। ग्रन्थकारों ने इस को परमार्हत और राजर्षि कहा है।

---

१ बहुत लोगों को एकत्र कर के अपने खर्च से जो लोग तीर्थों में यात्रा कराने जाते हैं, उस को जैन लोग संघ कहते हैं, और ले जाने वाले को संघपति। कुमारपाल के इस संघ में हेमचन्द्र सूरि, वादिदेव सूरि, धर्म सूरि, ७२ सामंत, श्रीपाल आम्रभट, प० सिद्धपाल, राणा प्रह्लादन राजा का दौहित्र प्रतापमल्ल, रानी भोपालदेवी राजपुत्री लीलू प्रभृति एक लाख मनुष्य थे, ऐसा राजशेखर सूरि 'प्रबन्ध कोष' के हेमचन्द्राचार्य प्रबन्ध में लिखते हैं।

२ कुमारपाल के आध्यात्मिक जीवन का परिचय देने वाला 'मोहपराजय' नाटक बहुत ही अच्छा है। यह ग्रंथ "प्रबोध चन्द्रोदय" की पद्धति का है। परन्तु इस में किसी धर्म विशेष का खंडन नहीं है। प्रो० पीटरसन (Peters n) ने दक्कन कॉलेज में व्याख्यान देते हुए कहा था कि यह ग्रंथ क्रिश्चियन लोगों के 'पिलग्रिम्स प्रोग्रेस' पुस्तक जैसा है।

३ कुमारपाल के कुछ शैव और वैष्णव मन्दिरों के शिलालेखों में 'उमापतिवरलब्ध' विशेषण आता है। इस के आधार पर श्रीयुत के० हर्षदराय ध्रुव ने 'प्रियदर्शना' की प्रस्तावना में कुमारपाल का जैन न होना लिखा है, जो ठीक नहीं जँचता क्योंकि वि० सं० १२१६ के पहले के लेखों में ही वैसा विशेषण दिखता है। तब तक वह जैन नहीं हुआ था। दूसरा कारण यह भी है कि चौलुक्य-कुल के मान्यदेव परंपरा से सोमनाथ महादेव हैं अतः जैन होने के बाद भी उस के लिए 'उमापतिवरलब्ध' कोई लिखे तो अनुचित नहीं है। जैन होने के बाद कुल-परंपरा छोड़ने को जैन धर्म नहीं कहता। जैन साधु होने के बाद भी इन्द्रभूति गणधर ने गौतम गोत्र रक्खा था। टॉड राजस्थान के कर्ता टॉड साहब ने जैन बौद्ध को एक मान कर कुमारपाल को बौद्ध-धर्मी लिखा है। पृ० ७०२।

कुमारपाल में महत्त्वकांक्षा थी, वीरता और प्रताप था। कोंकण के पराक्रमी मल्लिकार्जुन राजा को हरा कर उस का करोड़ों का माल लूटा। इस को परास्त करने के लिए अम्बड सेनापति को भेजा था जो जैन था। दक्षिण में विजयनगर काञ्ची तक कुमारपाल का राज्य हो गया था। कुमारपाल पूर्व उत्तर, पश्चिम दिशाओं में भी दिग्विजय करने गया। इस दिग्विजय में कुमारपाल को बहुत सफलता मिली। 'प्राकृत कुमारपाल-चरित्र' (सर्ग ६) में इस का उल्लेख यों है—

दिग्विजय

(१) सिन्धु के राजा ने इस की आज्ञा मानी।

(२) यवन देश के राजा ने कुमारपाल की आराधना की।

(३) उच्चेश्वर इस का मित्र हुआ।

(४) वाराणसी का स्वामी वश हुआ।

(५) मगध और गौड के राजा ने इस राजा को भेंट दी।

(६) कान्यकुब्ज सेना का इस ने पराभव किया।

(७) दशार्णभद्र देश का राजा इस के भय से मर गया और उस का शहर लूट लिया गया।

(८) चेदि नगर के राजा का इस ने गर्व मिटाया।

(९) मथुरा के राजा ने कुमारपाल से माफ़ी माँगी।

(१०) जाङ्गलपति ने नम्र होकर प्रार्थना की।

मतलब यह कि कुमारपाल की राज्य-सत्ता दूर-दूर तक चारों[१] दिशाओं में फैल गई थी। दक्षिण में कोलापुर, उत्तर में जालन्धर, काश्मीर, पूर्व में चेदि, मगध, कुशार्त, दशार्ण और पश्चिम में सिन्ध, पञ्चनद, वाहक, सौराष्ट्र देश तक इस का राज्य हो गया था। सारा मारवाड, मालवा इस की सत्ता में आ गया था। सिद्धराज से इस ने अपनी राज्यसीमा बहुत बढाई। सेना शस्त्रादि में वृद्धि की। बहुत नए राज्यों को अपने पुरुषार्थ से इस ने प्राप्त किया। इस के अधिकारियों में बहुत से जैन धर्मी थे। वे भी बडे वीर थे। जैन धर्म की अहिंसा को न समझनेवाले मानते हैं कि जैन धर्म कायर बनाता है। उन का यह अनुमान सर्वथा झूठा है। जैन धर्म में गृहस्थों के लिए तो इतनी ही अहिंसा है कि वे गुनहगारों को न मारें[२]। जो देश, धर्म, राज्य और निज के गुनहगार हों उन को मारना श्रावक के लिए निषिद्ध नहीं है। इसी कारण श्रेणिक, कोणिक, चन्द्रगुप्त, सम्प्रति और कुमारपाल आदि जैन राजाओं ने वीरतापूर्वक भूमि का रक्षण किया है।

अठारह देशों का राज्य कुमारपाल की सत्ता में था। जिनमण्डन सूरि ने कुमारपाल का सेना इस प्रकार लिखी है—११०००० घोडे, ११०० हाथी, ५००० रथ, ७२ सामन्त और १८०००० पैदल सेना थी। मेरे पास जो अमुद्रित गुर्जरराजभूपावली है उस में तो सेना की संख्या बहुत बडी लिखी है जो मानने योग्य नहीं दीखती।

कुमारपाल का सैन्यबल

---

१ श्री महावीरचरित में लिखा है—

स कौबेरीमातुरुष्कमैन्द्रीमात्रिदशापगाम्।
याम्यामाविन्ध्यमावाब्धि पश्चिमां साधयिष्यति ॥ १२—८२ ॥

अर्थात् कुमारपाल उत्तर में यवन देश तक, पूर्व में गङ्गा तक, दक्षिण में विन्ध्याचल पर्यन्त और पश्चिम में समुद्र तक अपनी राज्यसत्ता फैलावेगा।

२. निरागस्त्रसजन्तूनां हिंसां संकल्पतस्त्यजेत्॥ हैम योगशास्त्र।

यद्यपि प्रारम्भ में कुमारपाल सिद्धराज के इतना विद्वान् नहीं था, और मेरे ख्याल से विद्या का उतना व्यसनी भी नहीं होगा, तो भी हेमचन्द्र जैसे सर्व-शास्त्रीय विद्वान् के सङ्ग से उस में विद्या, कला और साहित्य का प्रेम बढ़ता गया। उस के अधिकारियों में कपर्दी मन्त्री बहुत बड़ा कवि और विद्वान् था। वाग्भटादि अन्य भी कवि थे। एक बार उपमा की जगह औ प म्य शब्द बोलने से कपर्दी मन्त्री ने उपहास किया। राजा को अपनी कमज़ोरी मालूम हुई तब उस ने व्याकरण और काव्य-शास्त्र का काफ़ी अभ्यास किया। उसके बाद वह 'विचारचतुर', 'कवि-बान्धव' उपाधियों से प्रसिद्ध हुआ। विद्वानों का स्वागत भी अच्छा करने लगा। देवबोधादि भिन्न-भिन्न मत के विद्वान् और संन्यासी उस की राजसभा में अपनी विद्वत्ता दिखलाने आते थे। हेमचन्द्र, रामचन्द्र, श्रीपाल, सिद्धपाल, कपर्दी आदि पण्डितों से उस की पण्डित-सभा[1] विश्व-विख्यात हो गई थी। सोलाक नाम के एक सङ्गीतज्ञ के ऊपर प्रसन्न होकर राजा ने उस को अच्छा इनाम दिया था। शिल्प[2] का भी खूब विकास हुआ था। राजा की प्रार्थना से आचार्य हेमचन्द्र ने "योग-शास्त्र", "त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र" और "वीतराग-स्तोत्र" की रचना की थी। इसी को राजनीति का ज्ञान कराने के लिए हेमचन्द्र ने अ ई न्नी ति ग्रन्थ बनाया जो कौ टि ल्य-अ र्थ शा स्त्र की पद्धति का है। कई ग्रन्थ-कारों ने इसके राज्य में रहकर ग्रन्थ बनाए हैं। दू ता ङ्ग द नाम का छाया-नाटक भी इसी की यात्रा में बना है।

ज्ञान-कला-प्रेम

कुमारपाल में खुद काम करने की आदत थी। अधिकारियों के ऊपर ही भरोसा रखना यह अच्छा नहीं समझता था। चन्द्रगुप्त सुकुमार और धीरललित था पर कुमारपाल धीरोदात्त था। इस में परस्त्री-पराङ्-मुखता और युद्ध-कुशलता सिद्धराज से बहुत बढ़ी-चढ़ी थी, ऐसा प्रबन्ध-चिन्तामणि में लिखा है। यह अपनी श्लाघा नहीं सुनना चाहता था। यही कारण है कि यह खुशामदी लोगों का शिकार नहीं हुआ। यह बड़ा कृतज्ञ था।

गुण

जो सम्बन्ध चन्द्रगुप्त का चा ण क्य के साथ था वही कुमारपाल का हे म च न्द्र के साथ रहा[3]। विद्वत्ता की दृष्टि से विक्रम और हर्ष के साथ का लि दा स और बा ण के समान हेमचन्द्र का सम्बन्ध था। अतः यदि हेमचन्द्र का कुछ भी परिचय न दिया जाय तो कुमारपाल का वृत्तान्त अधूरा ही रहता है। हेमचन्द्र का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

आचार्य हेमचन्द्र

हेमचन्द्र का जन्म वि० सं० ११४५ कार्तिक शुक्ल १५ को धन्धुका में, मोढवंश में, हुआ। वि० सं० ११५० में देवचन्द्र सूरि के पास से जैन साधु की दीक्षा लेकर सर्वशास्त्रों में पारङ्गत हुए। इन की बुद्धि बड़ी तीव्र थी। न्याय, व्याकरण, काव्यालङ्कार, छन्द[4], कोष, अध्यात्म सभी विषयों पर इन के ग्रन्थ हैं, जिन की श्लोकसंख्या साढ़े तीन करोड़ कही जाती है। प्रबन्धशतकर्ता रामचन्द्र सूरि आदि इन के विद्वान् शिष्य थे। हेमचन्द्र तप-त्याग और ब्रह्मचर्य के अवतार थे। इन की आयु ८४ वर्ष की थी।

---

१. विश्वमहासुहावयंसा विउसा सुहरो अबीयगुणविहरा।
विद्दवन्ति अणेय कुआसणिवे पुहवीस सब्वहिअजे॥ प्रा० द्वया० सर्ग १—४। इसमें पाटण का उदात्त वर्णन है।

२. सर्वाणिपुर के राज्य-काल में शिल्प-विद्या की जितनी उन्नति हुई थी उतनी दूसरे किसी काल में नहीं हुई। टॉड राजस्थान।

३. पर कुमारपाल की भक्ति चन्द्रगुप्त से अधिक थी इस का कारण यह है कि हेमचन्द्र एक तपस्वी धर्माचार्य भी थे, परन्तु चाणक्य गृहस्थ थे।

४. मल्लिनाथ की टीकाओं आदि सैकड़ों ग्रन्थों में "इति हैमः" से इन के कोष के उदाहरण दिखते हैं।

सिद्धराज की तरह कुमारपाल को भी कोई पुत्र न था। अपना उत्तराधिकारी बनाने के विषय में उस ने हेमचन्द्र सूरि से सलाह पूछी। आचार्य ने राजा के दौहित्र प्र ता प म ल्ल को राज्याधिकारी बनाने को कहा, और अजयपाल के लिए साफ मना कर दिया, क्योंकि वह मूर्ख, दुराचारी और कायर था। हेमचन्द्र के शिष्य बालचन्द्र ने अजयपाल से ये सब बातें कह दीं। अजयपाल को हेमचन्द्र के ऊपर बड़ा क्रोध आया। वह कुमारपाल का भतीजा लगता था और महिपाल का पुत्र था। अजयपाल के जहर देने से वि० सं० १२३० में कुमारपाल की मृत्यु हुई। आचार्य हेमचन्द्र का स्वर्गवास वि० सं० १२२६ में राजा के पहले ही हो चुका था। इस से भी राजा को बड़ा आघात पहुँचा था[1]।

कुमारपाल का उत्तराधिकारी या स्वर्गवास

अजयपाल ने वि० सं० १२३० में कुमारपाल का राज्य ले लिया। द्वेष और दुष्टता से उस ने हेमचन्द्र तथा कुमारपाल के सम्बन्धियों को घोर यातनाएँ दीं। कपर्दी मन्त्री को तेल के कड़ाह में भूनकर मरवा डाला। रामचन्द्र सूरि को तप्त शिला पर बैठाकर मरवाया। कई 'कुमार विहार मन्दिर' तुड़वाए। दीप के नीचे अँधेरे की तरह यह अजयपाल अयोग्य निकला। इस कुनृपति का राज्य तीन ही वर्ष टिका। इसी के एक प्रतिहारी ने इसे छुरी से मार डाला। अत्युग्र पाप का फल शीघ्र मिलता है।

कुमारपाल सोलङ्कियों का अन्तिम प्रतापी राजा हुआ। उस ने अपने प्रताप से गुजरात की और सोलङ्कियों की कीर्ति खूब बढ़ाई। अपने पूर्व के सभी सोलङ्कियों से राज्य-सत्ता भी खूब फैलाई थी। किन्तु इस के बाद के तीन राजाओं के कमजोर और अयोग्य होने से गुजरात का राज्य गया। कुमारपाल जैनधर्मी था, बाकी सभी वैदिक मत के थे। हमें दुःख है कि कुमारपाल या सोलङ्कियों के विषय में देशी भाषा में कोई सम्पूर्ण आप्त ग्रन्थ या लेख किसी ने नहीं लिखा है। गुजरातियों के लिए तो यह शर्म की बात है।

उपसंहार

सङ्कोच से लिखने पर भी, विषय व्यापक होने के कारण, लेख बहुत बढ़ गया है, एतदर्थ पाठक क्षमा करें।

आज्ञावर्त्तिषु मण्डलेषु विपुलेष्वष्टादशस्वादरात्
　अब्दान्येव चतुर्दशप्रसृमरां मारि निवार्यौजसा।
कीर्त्तिस्तम्भनिभांश्चतुर्दशशतीसङ्ख्यान् विहारांस्तथा
　कृत्वा, निर्मितवान् कुमारनृपतिर्जैनो निजैनोव्ययम्॥

---

1 दे० "प्रबन्ध-कोष" कुमारपाल प्रबन्ध और जैन युग की राजावली।

# जावा के हिन्दू-साहित्य के कुछ मुख्य ग्रन्थों का परिचय एवं उन की ऐतिहासिक उपयोगिता

श्रीयुत बहादुरचन्द्र शास्त्री, [illegible]।

रामायण[1], महाभारत आदि तथा बौद्ध-साहित्य के जातक, अवदान आदिक अनेक प्राचीन ग्रन्थों में जावा, सुमात्रा प्रभृति द्वीपों के सम्बन्ध में नाना उल्लेख मिलते हैं सही, परन्तु खेद है कि उन से, उन द्वीपों पर भारतवासी कब आए, क्यों आए तथा उन्हों ने वहाँ पर अपनी सभ्यता और संस्कृति का प्रचार किस प्रकार किया, इत्यादिक ऐतिहासिक विषयों पर कोई विशेष प्रकाश नहीं पड़ता। तद्विपरीत उन द्वीपों पर आज तक जो प्राचीन ध्वंसावशेष—यूप, स्तूप, मन्दिर, विहार आदिक—प्राप्त हुए हैं, वे इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि भारत से आर्य लोग वहाँ आए, वर्ण एवं वाणिज्य व्यापार और धर्म का प्रचार करते रहे। यह अभी तक निश्चय से नहीं कहा जाता कि सब से पहले भारतवासियों ने इन द्वीपों पर पदारोपण कब किया। हाँ, वहाँ से प्राप्त कई एक संस्कृत के शिलालेखों के आधार पर यह अनुमान किया जाता है कि तीसरी और चौथी ईसवी शताब्दी में हिन्दू लोग वहाँ मौजूद थे। अभी तक वहाँ से जितने भी ध्वंसावशेष उपलब्ध हुए हैं, उन में से ये शिलालेख ही सब से पुराने हैं, और उन से यही पता चलता है कि दक्षिण भारत से ब्राह्मण लोग[2] वहाँ आए और उन्हों ने शैव मत का प्रचार किया; जहाँ कि आशा यह हो सकती है कि ईसा से २३५ वर्ष पूर्व जब कि सम्राट् अशोक ने बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिए देशान्तरों और द्वीपान्तरों में भिक्षुगण भेजे तो कुछ भिक्षु जावा, सुमात्रा आदि द्वीपों में भी आए होंगे। परन्तु यावदुपलब्ध प्रमाणों से यही सिद्ध होता है कि बौद्ध धर्मावलम्बी वहाँ वैदिक-धर्मावलम्बियों की अपेक्षा एकाध शताब्दी बाद पहुँचे। किञ्च बौद्ध धर्म वहाँ अधिक मात्रा में और अधिक वेग से फैला—यह बात वहाँ के स्तूप आदि अनेक स्मारकों से स्पष्ट है। यह बात भी यहाँ ध्यान देने योग्य है कि जावा आदि द्वीपों पर शैवों और बौद्धों में, धर्म के विषय में, परस्पर कोई विरोध नहीं था, प्रत्युत आगे चल कर दोनों में दूध और मिश्री का सा सम्मिश्रण पाया जाता है। सिंहसारी का महाराज कृतनगर[3] शिव और बुद्ध दोनों का उपासक था। उस की उत्कट भक्ति के कारण लोग उसे शिव-बुद्ध कहा करते थे। उस की स्मृति में शिव-बुद्धालय

---

१ उदाहरणार्थ—वाल्मीकीय रामायण ४ (किष्किन्धा काण्ड) ४०, ३० यत्नवन्तो यवद्वीपं सप्तराज्योपशोभितम्, इत्यादि। कथासरित्सागर आदि ग्रन्थों में भी ऐसे कई श्लोक मिलते हैं।

२. "तस्य पुण्यस्य यूपोऽयं कृतो विप्रैरिहागतैः" इत्यादि—दे० फोगल—'दि यूप इंस्क्रिप्शन्स ऑफ किंग मूलवर्मन् फ्राम कुटे (पूर्व बोर्नियो)', बीजड्रागन् टट दे टाल-लंड एन फ़ॉल्केन कुंडे वॅन नीदरलैंड्स इंडिया (१९१८) भाग ७४, पृ० १६७-२३२। यह लेख अँगरेज़ी भाषा में है।

३ इस के विषय में अधिक विवरण नीचे दिया गया है।

नाम का एक मन्दिर बनवाया गया, जिस में शिव और बुद्ध दोनों की मूर्त्तियाँ प्रतिष्ठापित की गईं। यह मन्दिर अब चण्डी[1] जवी के नाम से प्रसिद्ध है।

बाद में अरब से मुसलमान लोग यहाँ आने लगे, उन्हों ने अपने मत का प्रचार किया। अन्त में यहाँ योरुपीय जाति वालों का आगमन हुआ जो अपना ईसाई मत साथ लाए। फलतः आज उन द्वीपों पर उक्त चारों धर्म अथवा चारों मत कई अंशों में मिश्रित और कई अंशों में पृथक् पृथक् विद्यमान हैं।

प्राचीन काल में जावा आदि द्वीपों का चीन आदि देशों के साथ भी घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है, और चीन देश का प्राचीन इतिहास भारत के प्राचीन इतिहास की अपेक्षा कहीं अधिक सुरक्षित दशा में वर्तमान है। उस से भी जावा के प्राचीन इतिहास पर बहुत कुछ प्रकाश पड़ता है।

प्राचीन हिन्दू सभ्यता और संस्कृति के चिह्न जावा, सुमात्रा, बोर्नियो, बाली प्रभृति अनेक द्वीपों पर मिलते हैं, किन्तु उन सब में आरम्भ से ही जावा की ही प्रधानता रही है, जैसा कि आज भी राजनैतिक दृष्टि से पूर्वीय द्वीप-समूह में जावा ही प्रधान गिना जाता है। जावा के प्राचीन इतिहास-सम्बन्धी आज तक कई एक छोटे-मोटे ग्रन्थ और निबन्ध लिखे जा चुके हैं। एक सर्वोत्तम और शृङ्खलाबद्ध इतिहास[2] सम्भवतः लयिदन विश्वविद्यालय के सुयोग्य प्रोफ़ेसर

**हिन्दू-जावा इतिहास और तदर्थ सामग्री**

डाक्टर एन० जे० क्रोम ने ही लिखा है, और यह डच भाषा में है। अपने इस ग्रन्थ के पहले परिच्छेद में उन्हों ने उक्त इतिहास के निर्माण में यावदुपलब्ध साधनों का विवरण दिया है। सारी सामग्री को उन्हों ने दो वर्गों में विभक्त किया है—अन्तरीय और बाह्य। 'अन्तरीय' से उन का अभिप्राय उन साधनों से है जो स्वयं जावा द्वीप से उपलब्ध हुए हैं, एवं 'बाह्य' से वे साधन अभिप्रेत हैं जो भारत, चीन, अरब आदि देशों के इतिहास-ग्रन्थों से जावा-सम्बन्धी उल्लेखों के रूप में मिलते हैं। अन्तरीय साधन-वर्ग के पुनः कई एक अवान्तर भेद किए गए हैं; जैसे—शिलालेख, मन्दिर-स्तूपादि, ध्वंसावशेष, साहित्य इत्यादि। शिलालेख[3] यहाँ सर्वमुख्य और सर्वमान्य प्रमाण हैं। एक तो ये, जैसा कि ऊपर कहा गया है, सब से पुराने हैं; दूसरे इनमें किसी प्रकार की शङ्का नहीं उठ सकती, जैसा कि ग्रन्थों के विषय में प्रक्षेप आदि का सन्देह कोई भले ही उठाता रहे। दूसरा नम्बर मन्दिर, स्तूपादि ध्वंसावशेषों[4] का है। यद्यपि ये शिलालेखों के समान मुखर प्रमाण नहीं तथापि इतने दृढ़ अवश्य हैं, और इन से हिन्दू-जावा इतिहास के निर्माण में बहुत कुछ सहायता मिली है। तीसरा स्थान साहित्य का है और यही प्रस्तुत लेख का विषय है। उस का पूरा परिचय[5] कराना असम्भव है, यहाँ तो दिग्दर्शन मात्र कराएँगे।

---

१. 'चण्डी' शब्द का अर्थ मन्दिर अथवा सामान्यतः धर्मस्थान है। जावा में प्रत्येक मन्दिर के नाम के पहले इस शब्द का प्रयोग किया जाता है। जैसे—चण्डी पाम्बनन, चण्डी कालसन, चण्डी जगो इत्यादि।

२ डॉ० एन्० जे० क्रोम—'हिन्दू जवान्शे गिशेडनिश्' ग्रावेनहागे (हेग), द्वितीय संस्करण, संशोधित और परिवर्धित, १९३१।

३ दे० फोगल—'दि अर्लियस्ट संस्कृत इंस्क्रिप्शन्स आफ़ जावा', पुब्लिकटीज वन हेत औडहेड कुंडिगेन डीन्स्ट इन् नीदरलैंड्स इंडिया, भाग १—१९२५। मिश्र द्विवेदी अभिनन्दन ग्रन्थ, काशी, १९३०, पृ० २११ प्र।

४ "हिन्दू-जावा शिल्प" डॉ० क्रोम का दूसरा प्रामाणिक ग्रन्थ है, जो उसके पहले कहे हुए 'हिन्दू-जावा इतिहास" नामक ग्रन्थ की पूर्ति करता है। डॉ० एन्० जे० क्रोम—इन्लइडिंग टट दे हिन्दू जवान्शे कुन्स्त ग्रावेनहागे, १९२३। यह ग्रन्थ भी डच भाषा में है। यह तीन जिल्दों में है और ११२ छायाचित्रों और मानचित्रों से युक्त है।

५. लयिदन विश्वविद्यालय के ही प्रोफ़ेसर डॉक्टर सी० सी० बेर्ग ने एक ग्रन्थ प्रकाशित किया है, जिस में उन्हों ने जावा के

शुरू से ही जावा का साहित्य वहाँ के शासकों के अधीन फला-फूला है, और समय-समय पर उन के अधःपतन और अभ्युत्थान के साथ-साथ इस में भी ह्रास विकास होता रहा है। इस दृष्टि से जावा की राजनैतिक परिस्थिति का एक सिंहावलोकन यहाँ सर्वथा अप्रासंगिक न होगा। किन्तु इस बात का उल्लेख कर देना यहाँ आवश्यक प्रतीत होता है कि जावा के शासकों के परस्पर के संघर्ष से वहाँ के साहित्य को भारी हानि पहुँची है, और फलतः दसवीं शताब्दी से पूर्व का साहित्य सर्वथा लुप्त प्राय है। प्राय वहाँ जितने भी ग्रन्थ मिलते हैं सब पीछे के हैं।

जावा के राजनैतिक इतिहास पर

रामायण में जावा पर सात राज्यों का होना लिखा है—सप्तराज्योपशोभितम्—और यथार्थ ही प्रतीत होता है। प्राप्त प्रमाणों से भी इसी बात की पुष्टि होती है कि जावा कई राज्यों में बँटा हुआ था। यों भी जावा सदा से तीन मुख्य विभागों में विभक्त रहा है—पश्चिमीय, मध्य और पूर्वीय। पश्चिमीय जावा से कई एक संस्कृत के शिलालेख मिले हैं। उन में तिथि, संवत् आदि का कोई उल्लेख नहीं, किन्तु लेखन शैली के आधार पर चौथी, पाँचवीं शताब्दी का अनुमान किया गया है। उन से पता चलता है कि उन दिनों इस प्रदेश में तारुम नाम का राज्य था और पूर्णवर्मा नाम का शासक। किन्तु इस तारुम राज्य का मध्य जावा और पूर्वीय जावा के साथ क्या सम्बन्ध रहा है—इस विषय में इतिहास अभी तक चुप है। इस के बाद सातवीं शताब्दी में मध्य जावा में श्रीविजय नाम के साम्राज्य का होना पाया जाता है। यह राजवंश शैलेन्द्र नाम से प्रसिद्ध है। जगत्प्रसिद्ध बोरोबुदूर के स्तूप एवं अन्य कई बौद्ध स्मारकों की रचना इन्हीं के काल में हुई थी। इन का इतिहास कुछ तो मध्य जावा से प्राप्त इन्हीं के शिलालेखों से और बहुत कुछ चीन देश[१] के इतिहास ग्रन्थों से मिलता है। किन्तु इन का इतिहास भी अभी अधूरा पड़ा है। इस बात का भी अभी तक ठीक निश्चय नहीं हुआ कि इस श्रीविजय साम्राज्य का मुख्य स्थान सुमात्रा द्वीप में था अथवा जावा में[२]। नालन्दा से प्राप्त आठवीं शताब्दी के पालवंशीय देवपालदेव नामक राजा के ताम्रपत्र लेख[३] में तत्कालीन सुमात्रा के शैलेन्द्रवंशीय बालपुत्र नामक राजा का जो उल्लेख मिलता है, उस से भारत से सुमात्रा, जावा आदि द्वीपों पर बौद्ध धर्म के प्रचार के विषय में खूब प्रकाश पड़ता है। ग्यारहवीं शताब्दी के आरम्भ में इस प्रतापशाली साम्राज्य का अधःपतन शुरू हो गया, जिस के कई एक कारण हैं। दक्षिण भारत के चोळवंशीय[४] राजाओं के साथ वैमनस्य भी श्रीविजय के अधःपतन में एक प्रधान कारण है। इसी बीच में जावा पर कई एक छोटे-बड़े नए राज्य उठ खड़े हुए। मतरम-

---

साहित्य और भाषा विषयक एक सुविस्तृत वर्णन दिया है। सी० सी० बेर्ग—'हिन्दू लिटरटूर', इनलाइडिङ् टट डे स्टूडियवन हेट औड जवान्शे, सुराकर्ता (जावा) १९२८। किन्तु प्रो० बेर्ग का एक लेख अंग्रेज़ी भाषा में भी मिलता है—'हिन्दू लिटरेचर इन् जावा', 'इंडियन आर्ट एंड लेटर्स', लंदन, न्यू सिरीज़ जि० ३, सं० २, १९२९, पृ० १२१-१३१।

१. लिअङ्-वंश (५०२—५५६), तङ्-वंश (६१८—९०६), सुङ् वंश (९६०-१२७९) युआन वंश (१२८०-१३६०), मिङ्-वंश (१३६८ १६४३) इत्यादि वंशों का इतिहास यहाँ आलोचनीय है। इन के संक्षिप्त विवरण के लिए दे० डब्ल्यू० पी० ग्रुनेवल्ट—नोट्स आन दि मलाय आर्किपेलेगो एंड मलक्का, कम्पाइल्ड फ्राम चाइनीज़ सोर्सेज़, 'वर्हान्डेलिंगेन वन हेट बटाविआश गेनूटशप' ३९ (१८८०), पहले भाग में।

२. दे० इस विषय की एक पुस्तिका—डॉ० डब्ल्यू० एफ़० स्टटरहाइम—'ए जावानीज़ पीरियड इन सुमात्रन हिस्ट्री', सुराकर्ता (जावा) १९२९।

३. ए० इं० जि० १७, भा० ७ (जु०, १९२४)।

४. हल्ट्श, साउथ इंडियन इंस्क्रिप्शन्स ३, (१९०३) पृ० १९४, १९५, २०६। दे० वीरराजेन्द्र चोल प्रथम की प्रशस्ति।

वर्ती वाली द्वीप से ऐरलङ्ग नाम के व्यक्ति ने अवसर पाकर जावा का पूर्वीय भाग अपने वश में कर लिया और क्रमशः वहाँ एक राज्य स्थापित कर लिया। इस की मृत्यु के अनन्तर इस का राज्य दो हिस्सों में विभक्त हुआ—एक जङ्गल अथवा कौरिपन, और दूसरा दह अथवा दहन अथवा काडरी नाम से प्रसिद्ध हुआ। ऐरलङ्ग ने इधर वाली द्वीप पर भी अधिकार जमा लिया था। किन्तु बाद में वाली द्वीप वालों ने अपने आप को स्वतन्त्र कर लिया, और इधर पूर्वीय जावा पर कनङ्गक नाम के एक साहसी व्यक्ति ने काडिरी का राज्य दबा लिया। राजा होने पर यह राजस नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस की सन्तान में आगे चलकर, तेरहवीं शताब्दी के मध्य में, कृतनगर नाम का प्रभावशाली राजा हुआ, जिस ने सिंहसारी नामक राजधानी एवं राज्य की स्थापना की। इस ने वाली द्वीप को भी अपने अधीन कर लिया। किन्तु तेरहवीं शताब्दी के अन्त में जयकत्वङ्ग नामक एक अधिकारी के हाथों इस का वध हुआ। जयकत्वङ्ग स्वयं राजा बनना चाहता था। इधर कृतनगर के दामाद विजय ने चीनी शासकों की सहायता से इस जयकत्वङ्ग को मार भगाया। किन्तु इस मुठभेड़ में सिंहसारी का राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और वाली द्वीप फिर स्वतन्त्र हो गया। विजय ने अब जिस नए राज्य की स्थापना की वह क्रमशः मजपहित[1] नाम के साम्राज्य में परिणत हो गया, जो दो सौ साल से अधिक समय तक फला-फूला (१२९३-१५२५)। इस में भी पारिवारिक झगड़ों के कारण कई हेर-फेर होते रहे। इस का अन्तिम शासक हयम्वुरुक था। इस ने अपने साम्राज्य का सञ्चालन-भार गजमद नामक अधिकारी के हाथों में दे रक्खा था। इस ने वाली द्वीप पर फिर अधिकार जमाया। अन्त में कई कारणों से मजपहित का साम्राज्य भी मन्द पड़ गया, और बाद में इसी वंश के कुछ अधिकारियों ने मतरम नाम के राज्य की स्थापना की, जिस का तब से प्राधान्य रहा। इन अन्तिम राज्यों तथा साम्राज्यों का मूलस्थान पूर्वीय जावा ही रहा है, किन्तु इन्हों ने मध्य जावा और द्वीपान्तरों पर भी अपना अधिकार जमा रक्खा था। इसी बीच पश्चिमीय जावा और मध्य जावा में अरब से मुसलमान सौदागरों का आगमन हो चुका था। शुरू में इन लोगों का उद्देश्य केवल व्यापार ही था, पर क्रमशः ये लोग अपने मत का प्रचार भी करने लगे और जावा के राजनैतिक विषयों में भी हस्तक्षेप करने लगे। बाद में योरुप से पुर्तगीज़ और डच लोग आने लगे; उन्हों ने भी वैसा ही किया। फलतः वहाँ की सभ्यता और संस्कृति में कई परिवर्तन हुए।

जावा के जिन शासकों का अभी तक कुछ परिचय मिलता है उनकी एक सूची नीचे दी जाती है—

जावा के शासक (१२९२ ईसवी से पहले)

| पश्चिमीय जावा | | मध्य जावा | |
|---|---|---|---|
| देववर्मा (?) | १३२ | सिमो | ६७४ |
| पूर्णवर्मा | ±४०० | रके मतराम, सञ्जय | ७३२ |
| पम्रोतोकिम्र | ४२४ | ,, पणङ्करण | ७७८ |
| द्वारवर्मा (?) | ४३५ | ,, पुनङ्गलन | ... |
| जय भूपति | १०३० | ,, वरक | ... |

[1] प्रशस्तियों में इस का दूसरा नाम 'तिक्तविल्व' मिलता है। नागर कृतागम ग्रन्थ में इस के और भी कई नाम मिलते हैं; जैसे श्रीफलतिक्त, तिक्तश्रीफल, तिक्तमालूर इत्यादि। मजपहित सम्भवतः यव भाषा का शब्द है, जिस का अर्थ भी 'तिक्तविल्व' आदि ही है। जावा में के राज्यों के नाम बहुधा राजधानी के नाम से ही प्रसिद्ध हैं। मजपहित भी वस्तुतः राजधानी का नाम है।

| मध्य जावा | |
|---|---|
| रके गरुङ्ग | ८२६ या ८३६ |
| ,, पिकतन | ८६४ (?) |
| ,, कयुवङ्गि | ८७९-८८२ |
| ,, वतुहुमलङ्ग | ८८६ |
| मध्य और पूर्वीय जावा | |
| रके वतुकुर, बलितुङ्ग | ८८८-९१० |
| ,, हिनो, दच | ९१५ |
| ,, लयङ्ग, तुलोडोङ्ग | ९१९-९२१ |
| ,, पङ्कज, वव | ९२४-९२८ |
| पूर्वीय जावा | |
| देवसिंह | ... |
| गजयान | ... |
| भ...नन (?) | ७६० |
| रके हिनो, सिण्डोक | ९२९-९४७ |
| लोकपाल | ९५० |
| मकुटवंश वर्धन | ... |
| धर्मवंश अनन्तविक्रम | ९९१-१००७ |
| रके हलु, ऐरलङ्ग | १०१९-१०४२ |
| ,, ,, जुरु (? जङ्गल) | १०६० |
| जयवर्ष (काहिरी) | ११०४ |
| कामेश्वर पहला | १११५-११३० |
| जयभय | ११३५-११५७ |
| सर्वेश्वर पहला | ११६० |
| आर्येश्वर | ११७१ |
| क्रौञ्चार्य दीप, गन्द्र | ११८१ |
| कामेश्वर दूसरा | ११८५ |
| सर्वेश्वर दूसरा, शृङ्ग | ११९४-१२०० |
| कृतजय | १२१६-१२२२ |

## सिंहसारी और मजपहित के शासक

| | |
|---|---|
| राजस | १२२२-१२२७ |
| अनूषपति | १२२७-१२४८ |
| तोहजय | १२४८ |
| विष्णुवर्धन | १२४८-१२६८ |
| कृतनगर | १२६८-१२९२ |
| जयकत्वङ्ग | १२९२-१२९३ |
| कृतराजस, जयवर्धन | १२९३-१३०९ |
| जयनगर | १३०९-१३२८ |
| त्रिभुवना* | १३२९-१३५० |
| राजसनगर | १३५०-१३८९ |
| विक्रमवर्धन | १३८९-१४२९ |
| सुहिता* | १४२९-१४४७ |
| कृतिमपल | १४४७-१४५१ |

* शासिका

जैसा कि ऊपर कहा गया है, जावा का अति प्राचीन साहित्य लुप्तप्राय है। शैलेन्द्र-वंश के समय में जावा के साहित्य में खूब वृद्धि हुई होगी, किन्तु उस समय के बहुत थोड़े ग्रन्थ देखने में आते हैं। ऐरलङ्ग के समय से लेकर पूर्वीय जावा में जो साहित्य भाण्डार विद्यमान था उस का बहुत सा हिस्सा आज सुरक्षित मिलता है और वही आज प्राचीनतम गिना जाता है। स्वयं जावा में बहुत से ग्रन्थ नष्ट हो चुके थे, किन्तु पूर्वीय जावा का बाली द्वीप से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है, इस से जावा का साहित्य बहुत अंश में बाली द्वीप पर भी पहुँच चुका था। इधर पूर्वीय जावा पर राजनैतिक हेर-फेरों में जो साहित्य लुप्त हो गया, वह आज बाली द्वीप से मिल रहा है। बाली द्वीप पर साहित्यिक विषय में भी कुछ स्वातन्त्र्य रहा है, और इस के फलस्वरूप एक जावा-बाली नाम की भाषा का आविर्भाव हुआ। अन्त में मतरम राज्य के अधीन मध्य जावा में पुनः साहित्य का प्राबल्य हुआ। कई ग्रन्थों के अनुवाद हुए और कई ग्रन्थ नए लिखे गए। भाषा में बहुत कुछ परिवर्त्तन हो चुका था, जिस से अनुवादों की आवश्यकता हुई। पूर्वीय जावा के भारतयुद्ध आदिक ग्रन्थ अब 'ब्रतयुध' आदि के रूप में आए।

जावा साहित्य की दशा

देश-काल के उक्त परिवर्त्तनों के अनुसार जावा की भाषा भी आजकल तीन मुख्य विभागों में विभक्त की जाती है—प्राचीन यव-भाषा, जिस का प्रयोग दसवीं शताब्दी से पूर्वीय जावा में होता था और जिस का साहित्य आज सब से पुराना माना जाता है; मध्य यव-भाषा, जिस में बाली द्वीप की भाषा का भी सम्मिश्रण हो गया था और जिस का प्रयोग तत्कालीन साहित्य में हुआ; नव्य यव-भाषा, जो मतरम राज्य के समय से आज तक प्रचलित है, और जिस में प्रायः प्राचीन ग्रन्थों के अनुवाद मिलते हैं।

यव-भाषा[1]

इसे ह्रास समझा जाय या विकास, किन्तु जावा के प्राचीन साहित्य में संस्कृत शब्दों का बाहुल्य है, और ज्यों-ज्यों आगे चलते हैं, त्यों-त्यों या तो संस्कृत शब्दों के विकृत रूपों का प्रयोग अधिकाधिक मिलता है अथवा संस्कृत शब्दों के स्थान पर स्वयं यव-भाषा के शब्दों का। कहीं-कहीं संस्कृत शब्दों के आगे-पीछे एवं मध्य में कई प्रकार के प्रत्यय और आगम जोड़े गए हैं, जिस से संस्कृत शब्द का रूप पहचानना दुष्कर हो जाता है। यव-भाषा में पृथक् क्रियापदों का अभाव है, प्रायः संज्ञावाचक शब्दों के साथ कई तरह आगम जोड़ कर क्रियापदों एवं भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल के अर्थों का बोध कराया जाता है, जैसे आकर्षण से काकर्षण=खींचा हुआ, अचि से काचि=देखा हुआ, एवं क्षमा से अक्षम, इनक्षमाकन, पङक्षम इत्यादि, चक्र से मचक्र, चिनक्र इत्यादि। ऐसे शब्दों के अर्थ-निर्धारण में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अभी तक इस भाषा का कोई अच्छा व्याकरण नहीं लिखा गया। कई डच विद्वानों ने इस विषय में खोज की है और व्याकरण के ग्रन्थ लिखे भी हैं, पर इस विषय में अभी बहुत कुछ करना शेष है। दूसरी कठिनाई यह है कि यव-भाषा का कोई कोष भी नहीं मिलता। ग्रन्थों के परिशीलन से और शब्दों की तुलना के आधार पर डच विद्वानों ने यव-भाषा के कई एक कोष लिखे हैं, पर अर्थों के विषय में बहुधा मतभेद ही है। तीसरी कठिनाई यव-भाषा की लेखन-प्रणाली है। यहाँ ह्रस्व दीर्घ का कोई विचार नहीं; क और ग, द और ध आदि अक्षरों में परस्पर कोई भेद नहीं किया जाता। अ के स्थान पर बहुधा ह का प्रयोग किया जाता है। ऐसे ही कई कारणों से यव-भाषा का अध्ययन टेढ़ी खीर है।

१. जावा की भाषा, संक्षेपार्थ जावा-भाषा न लिखकर यव-भाषा शब्द का प्रयोग किया गया है।

हाँ, संस्कृतज्ञों के लिए यव-भाषा के रामायण और महाभारत आदि ग्रन्थ अपेक्षा बुद्धि से कुछ सुगम हैं, क्योंकि वहाँ स्थान-स्थान पर संस्कृत के मूलपाठ के टुकड़े उद्धृत किए गए हैं, कहीं एक चरण, कहीं आधा श्लोक, कहीं पूरा श्लोक। शुरू में जो ग्रन्थ यव-भाषा में लिखे गए हैं वे बहुधा संस्कृत ग्रन्थों के शब्दशः अनुवाद हैं, बाद में इन की व्याख्याएँ हुईं और इन के आधार पर स्वतन्त्र ग्रन्थ लिखे गए, जो अब दुर्बोध हैं। जावा में इन ग्रन्थों का कुल-परम्परा से अध्ययन नहीं होता रहा, और बीच-बीच में वहाँ के राजनैतिक हेर-फेरों से वहाँ की प्रथाएँ भी भग्न होती रहीं, जिस से उक्त ग्रन्थों का अध्ययन आज स्वयं जावा-निवासियों के लिए भी कुछ कम दुर्गम नहीं।

आज जावा-साहित्य के जितने भी ग्रन्थ मिलते हैं, उन में से रामायण और महाभारत सब से पुराने हैं। ये गद्यमय अनुवाद हैं, और, जैसा कि ऊपर कहा गया है, इनके बीच-बीच में संस्कृत के मूलपाठ के टुकड़े उद्धृत हैं।

जावा साहित्य का स्वरूप

महाभारत यद्यपि जावा पर सम्पूर्ण विदित था, क्योंकि कई स्थानों पर इस का 'अष्टादश पर्व' से उल्लेख हुआ मिलता है, परन्तु वहाँ से अभी तक इस के आठ पर्व ही मिले हैं—आदि, विराट, उद्योग, भीष्म, आश्रमवासिक, मौसल, महाप्रस्थानिक और स्वर्गारोहण। इस के बाद वस्तुतः जावा का अपना साहित्य आरम्भ होता है, जिस के ककविन्, किदुङ्, पर्व्वा, लुलुङ्दिद्, बबद्, लकोन इत्यादि कई भेद हैं।

ककविन् का अर्थ काव्य है। 'कवि' शब्द से संस्कृत में जहाँ भाववाचक 'काव्य' शब्द का प्रयोग किया गया है, वहाँ उसी 'कवि' शब्द से उसी अर्थ में 'ककविन्' शब्द का यव-भाषा में प्रयोग हुआ है। यहाँ ककविन् से अभिप्राय महाकाव्यों से है, क्योंकि ये 'सर्गबन्ध' इत्यादि संस्कृत के महाकाव्यों के लक्षणों का अनुसरण करते हैं। इन में संस्कृत के छन्दों का ही प्रयोग किया गया है।

जावा-साहित्य में बहुत से ककविन् देखने में आए हैं। कुछ का नाम-निर्देश यहाँ किया जाता है—अर्जुन-विवाह, भारत युद्ध, स्मरदहन, रामायण, भोमकाव्य, ब्रह्माण्डपुराण, सुतसोम (अथवा पुरुषादशान्त), सुमनसान्तक, कृष्णायन, रामविजय, रत्नविजय इत्यादिकों में वर्णित विषय तो इतिहास-पुराणादि ग्रन्थों में सुप्रसिद्ध हैं, किन्तु कई एक ऐसे हैं जिन का वृत्त सर्वथा कवि-कल्पित है, जैसे वृत्तसञ्चय (चक्रवाकदूत, यह वस्तुतः खण्ड-काव्य है), नीतिसार लुब्धक, कुञ्जरकर्ण अङ्गबन्धन, धर्मसवित (धर्मसहित?) और धर्मशून्य, देवरुचि, मतुकू अम मङ्कुर्तडिस्, पमसङ्कलन, नागर कृतागम (यह महाकाव्य की शैली पर ऐतिहासिक ग्रन्थ कहा जा सकता है), घण्टकिरण, उसनबाली, अजशनिरर्थ इत्यादि। इन में से एकाध का परिचय नीचे दिया जायगा।

किदुङ् भी वस्तुतः एक प्रकार के महाकाव्य ही हैं। ककविन् से इन का मुख्य भेद यह है कि इन में संस्कृत छन्दों का प्रयोग नहीं, प्रत्युत जावा के अपने छन्दों का प्रयोग किया गया है। किञ्च इन में की भाषा बहुत कुछ अर्वाचीन है, प्रतिपाद्य विषय भी सर्वथा जावा द्वीप से ही सम्बन्ध रखता है।

कुछ मुख्य किदुङ्गों के नाम ये हैं—सुदमल, सुन्द, सुन्दायन, रामायण, नवरुचि, सुमनसान्तक, आदि-पर्व, अर्जुन प्रलब्ध, दवुङ्वले अङ्कुद, कुन्तीस, वङ्बङ्, सरतुति, भीमस्वर्ग, धर्मजाति, शुद्धमल इत्यादि।

रामायण, सुमनसान्तक आदिक ककविनों में भी आए हैं और यहाँ भी। कथावस्तु वही है किन्तु छन्दोभेद और भाषाभेद के रूप से वे यहाँ भी मिलते हैं। भाषान्तर करते समय लेखक कभी तो मौलिक ग्रन्थ का नाम ही रखता है, कभी नाम बदल भी देता है। अर्जुन-विवाह के कई भाषान्तर किए गए, एक का नाम मित्तराग है, जो किदुङ्गों में गिना जाता है।

पश्चो और लुलुङ्गिद गद्य ग्रन्थ हैं और प्रायः पञ्चतन्त्र के समान नीति की कथाएँ इन का विषय है। विविध आख्यान और आख्यायिकाएँ भी इसी के अन्तर्भूत हैं। तन्त्र कामन्दक नाम का मध्य यव-भाषा का एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है जिस का विषय पञ्चतन्त्र का ही है पर कथाओं में बहुत अन्तर है, किन्त्र कथामुख सर्वथा भिन्न है।

बबद आदि जावा के मुसलमानों के काल से इतिहास के ग्रन्थ हैं।

नीचे कुछ ग्रन्थों का परिचय दिया जाता है—

आज तक जावा-साहित्य के जितने भी ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं, उन में से इतिहास की दृष्टि से 'नागर कृतागम' का स्थान सर्व-प्रथम है। यह ६८ सर्गों का एक पद्यमय काव्य है। इस का रचना-काल आश्विन मास शक संवत् १२८७ (अर्थात् सन् १३६५ ई०) ग्रन्थ के अन्त में ही दिया हुआ है। कवि का नाम प्रपञ्च है। पूर्वीय जावा में मजपहित का साम्राज्य उन दिनों समृद्धि पर था। हयम्वुरुक नाम का राजा राज्य करता था, यद्यपि राज्य का सञ्चालन-भार एक गजमद नामी विश्वस्त और निपुण व्यक्ति के सिर पर था। राज्य के अन्यान्य विभागों में एक धर्म-विभाग भी था, जिस में शैव और बौद्ध दोनों मतों को प्रतिष्ठा प्राप्त थी। उक्त काव्य का कर्ता प्रपञ्च इस विभाग में बौद्धमत का मुख्य धर्माधिकारी था। इस की उपाधि धर्माध्यक्ष रिङ कसोगतन् थी। 'कसोगतन्' शब्द में '-सोगत-' से अभिप्राय '-सौगत-' है। कवि होने से प्रपञ्च राजा हयम्वुरुक के विशेष सम्मान का पात्र था। नागर कृतागम एक स्तुतिपरक काव्य है, हयम्वुरुक और उस के पूर्वजों की एवं राज्य-सञ्चालक गजमद की प्रशंसा करना यहाँ कवि का प्रधान लक्ष्य है। तो भी, जैसा कि इस के प्रतिपाद्य विषय से स्पष्ट है, इस से बहुत सी तत्कालीन एवं पूर्ववर्ती ऐतिहासिक घटनाओं का प्रामाणिक परिचय मिलता है, जो यावदुपलब्ध अन्य साधनों से नहीं मिलता। इस में वर्णित बहुत सी बातें कवि की अपनी आँखों देखी हैं, और जो उस ने सुनी-सुनाई लिखी हैं वे भी, उस की पदवी को ध्यान में रखते हुए, कम प्रामाणिक नहीं। कई अवसरों, उत्सवों और यात्राओं पर कवि राजा के साथ रहा है, नाना अनुभव प्राप्त करता रहा है, और तदनन्तर उस ने नागर कृतागम की रचना की है, और प्रायः उन्हीं अनुभूत घटनाओं का इस में वर्णन दिया है, इसी से अन्तिम सर्ग में कवि ने इस काव्य का दूसरा नाम 'देशवर्णन' दिया है।

नागर कृतागम

संक्षेप से ग्रन्थ का विषय इस प्रकार है—पहले सर्ग में, मङ्गलाचरण के बाद, राजा हयम्वुरुक के जन्म (१३३४ ई०) का वर्णन है, जहाँ कवि ने उसे भट्टार गुरु का अवतार मान कर उस की स्तुति की है। २-७ सर्गों में राजा के पूर्वजों का वर्णन है। ८-१५ सर्गों में राजधानी मजपहित का विस्तृत वर्णन एवं मजपहित साम्राज्य के वशवर्ती जावा और द्वीपान्तरों पर के राज्यों का वर्णन दिया है। सोलहवें सर्ग में शैव और बौद्ध मतों के धर्म-प्रचार के कार्य का विवरण दिया है। १७-७० सर्गों में राजा की विविध यात्राओं का वर्णन है। कवि राजा के साथ है। कई मठ-मन्दिर-स्तूप-विहार एवं अन्यान्य धर्मस्थानों के दर्शन होते हैं। उत्सव मनाए जाते हैं। दान-पुण्य किया जाता है। कई जीर्ण स्थानों का उद्धार होता है और कई नए स्थानों का निर्माण। एक बार यात्रीगण राजा के पूर्वजों की (कुतनगर की) राजधानी सिङ्हसारी में पहुँचते हैं, जहाँ कवि को (३८ वाँ सर्ग) एक ८३ साल के बूढ़े मठाधीश आचार्य रत्नांश नाम बौद्ध भिक्षु से मिलने का अवसर मिलता है। कवि की प्रार्थना पर आचार्य रत्नांश राजा के पूर्वजों के इतिहास का वर्णन करता है। फलतः आगे के कुछ सर्ग (४०-४९) एकान्त ऐतिहासिक कहे जा सकते हैं। आगे चल कर (१३६२ ई० में)

राजा की पितामही—कृतनगर की पुत्री और राजा विजय की पत्नी—का श्राद्धोत्सव मनाया जाता है (६३-६७ सर्ग)। सन् १३६४ ई० में पति गजमद की मृत्यु हो जाती है। वह अकेले सारे कार्य-भार को बड़ी निपुणता से सँभाले हुए था, उसी कार्य-भार को सँभालने के लिए उस के स्थानापन्न अब कई कर्मचारी भी समर्थ नहीं हो सकते—इस बात का आश्रय ले कर तत्कालीन शासन-प्रणाली का सुविस्तृत वर्णन किया गया है (७२-८२ सर्ग)। अन्त में कई प्रकार के धार्मिक उत्सवों का वर्णन दे कर (८३-९८ सर्ग) ग्रन्थ की समाप्ति की गई है।

इतिहास और पुरातत्त्व की दृष्टि से १७-७० सर्ग विशेष महत्त्व के हैं। इन में वर्णित धर्मस्थान अब भी खण्डिताखण्डित रूप में विद्यमान हैं। ताम्रपत्र और शिलालेखों से अन्यान्य घटनाएँ भी सत्य सिद्ध हो रही हैं।

ग्रन्थ के अन्त में प्रपञ्च कुछ अपने विषय में भी लिखता है। धर्माध्यक्ष का पद ग्रहण करने से पूर्व उस का नाम म्पु[1] विनाद था। नागर कृतागम के अतिरिक्त उस ने कई एक अन्य ककविन् और किदुङ्ग भी लिखे थे, जो अभी तक नहीं मिले, नागर कृतागम में ही इन का नाम-निर्देश मिलता है।

इस के अनन्तर दंबदेनि राजधानी के काल में आर्य या राजपूतों का नाम लङ्का इतिहास में आता है। पराक्रमबाहु दूसरे के पुत्र राजा बोसत् विजयबाहु चौथे के दो वर्ष गद्दी पर बैठने के बाद मित्र नामक एक राजद्रोही सेनापति ने उस राजा का वध करवा डाला। राजा का छोटा भाई भुवनेकबाहु कुमार शत्रुओं के हाथ से छूट कर, पीछा करने वालों से बच कर, यापहू दुर्ग में जा छिपा। उस के बाद सेनापति मित्र राजवस्त्र पहन कर महल में गया और सिंहासन पर बैठ कर अपने को सेना के सामने दिखलाया। वेतन देकर सेना को अपने पक्ष में करने के ख्याल से उस ने सब से पहले आर्य सैनिकों को प्रथम वेतन देना चाहा। ठकुरक नामक उन के नायक ने वेतन लेने से इनकार कर प्रथम सिंहल सैनिकों को वेतन दे कर उन का आदर करने को कहा। सिंहल सैनिकों के मानपूर्वक वेतन लेने के बाद उस ने फिर आर्य सैनिकों को वेतन देना चाहा। परन्तु ठकुरक ने फिर इनकार कर दिया। इस का कारण पूछा जाने पर उस ने कहा कि मैं राजा के सामने पाऊँगा और वह अपने सैनिकों समेत गद्दी पर बैठे हुए राजा के सामने पहुँचाया गया। सेनाधिपति मित्र के सामने मुहूर्त भर विनयपूर्वक खड़े रहने के बाद ठाकुर ने आर्य सैनिकों को इशारा किया और अपनी तेज तलवार खींच कर मित्र का सिर धड़ से अलग कर दिया। उस समय एक भारी उपद्रव उठ खड़ा हुआ। "यह अधर्म कर्म तूने क्यों किया है" ऐसा प्रश्न करते हुए सिंहल सैनिक उस को धमकाने लगे। निर्भीक ठाकुर ने कहा कि यापहु नगर में बैठे हुए राजा भुवनेकबाहु की आज्ञा से यह काम किया गया है। इस के बाद सिंहल सैनिकों ने भी ठकुरक प्रमुख आर्य भटों के साथ यापहु जा कर कुमार भुवनेकबाहु का अभिषेक किया और उन को गद्दी पर बैठाया।

ये लोग राजवंशी हैं इस बात को सर्व-प्रथम बता देने वाला मि० कोडुरिंग्टन् है। आर्य सैनिकों के नायक का महावंश ठकुरक नाम से उल्लेख करता है। यह नाम हिन्दी, बङ्ग आदि उत्तर भारतीय भाषाओं में प्रचलित "ठकुर" शब्द ही है।

इन बातों से ज्ञात होता है कि इन दिनों में सिंहल राजा की फ़ौज में राजपूत अपनी भरती करा लेते थे। स्वामिभक्त आर्य या राजपूत अपने जीवन तक की उपेक्षा करते हुए स्वामी का काम करते थे, यह भी इन बातों से प्रदर्शित होता है। राजद्रोही के पक्ष में सिंहल सैनिकों के रहते हुए, हस्त-प्राप्त लाभ (धन) को छोड़ कर, 'मित्र' के पक्षपातियों से सम्भव दुर्गतियों की भी उपेक्षा करते हुए, अपने स्वामि-वंशी एक राजकुमार को राज्य दिलाने के उद्देश से ठकुरक और उन के सैनिकों ने शूरवीरता-पूर्वक ही काम किया था। इन प्रकार गुणों के लिए राजपूत प्रसिद्ध हैं। यवन राजाओं द्वारा राजपूतों का बहुत सा राज्य छीन लिया जाना ही लङ्का में आकर सिंहली राजाओं के आश्रित इन दिनों में इन के रहने का कारण हो सकता है।

अपने रूप-सौन्दर्य और पातिव्रत धर्म से दुनिया को चकित करने वाली पद्मिनी लङ्का के एक राजपूत चौहान की पुत्री रही है, ऐसा राजस्थान के इतिहासों से पता लगता है। पद्मिनी की कहानी से अपरिचित कोई न होगा, इसलिए उस के बारे में

यहाँ लिखना अनावश्यक है। कुमारी पद्मिनी का समय राजा विजयबाहु के निकट होने के कारण लङ्का में राजपूतों की स्थिति-सम्बन्धिनी सिंहल-इतिहास से ज्ञात बातें, राजस्थान की वंशकथाओं में दिखाई हुई बातों से परस्पर मेल खाती हैं।

कुमारी पद्मिनी का जन्मस्थान लङ्का, यह द्वीप नहीं है वरन् वह राजस्थान के निकट एक प्रदेश है, ऐसा कुछ काल पहले महामहोपाध्याय पं० गौरीशङ्कर ओझा-लिखित एक लेख में बताया गया है। राजस्थान के इतिहास और पुरावृत्तों के विषय में अद्वितीय ज्ञान रखने वाले इस विद्वान् का मत हर तरह से आदरणीय है। तो भी लङ्का में राजपूतों के सम्बन्ध में यहाँ दिखाई गई बातों को मिला कर इस प्रश्न पर फिर से विचार करने के लिए मैं उक्त पण्डितजी से आदर पूर्वक प्रार्थना करता हूँ।

पन्द्रहवीं शताब्दी में रचा हुआ काव्यशेखर नामक सिंहल-काव्य में लङ्का और राजस्थान के बीच रहे सम्बन्ध को पुष्ट करनेवाली एक और बात मिलती है। बनारस से तक्षशिला (तक्सला) तक का मार्ग वर्णन करने वाला काव्यशेखर का रचयिता गङ्गा के किनारे प्रयाग तक जा कर पुनः वहाँ से पश्चिम की ओर हो कर गोवर्धन पर्वत होता हुआ मालव देश की शिप्रा नदी को पार कर तक्षशिला में जाना बताता है। इस से मालूम होता है कि उस कवि का तक्षशिला गन्धार देश में तक्षशिला नाम से प्रसिद्ध शहर नहीं है, प्रत्युत राजस्थान का एक शहर है। राजस्थान के चित्तौड़ की पूर्वकालीन प्रसिद्धि तक्षशिला नाम से रही थी ऐसा राजस्थानीय इतिहास और पुरावृत्तों का लेखक श्री कर्नल टॉड् अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ में बताता है। यह निश्चित है कि राजस्थान में तक्षशिला नामक एक स्थान पन्द्रहवीं शताब्दी में सिंहलियों को ज्ञात रहा क्योंकि काव्यशेखर की तक्षशिला का स्थान भी चित्तौड़ के समीप है।

लङ्का और राजस्थान के बीच सम्बन्ध की द्योतक (साक्षीभूत) एक और बात कुछ दिन पहले प्रकट हो गई है। अनुराधपुर के स्वर्णमालि स्तूप (रुवन्‌वेलि) के मध्य चतुष्कोण घेरे में से प्राप्त प्राचीन चीज़ों के बीच राजपूत देश की प्रायः बीस प्राचीन ताम्रमय मुद्राएँ भी हैं। इन मुद्राओं में एक ओर बैल का और दूसरी ओर अश्वारोहक (घुड़सवार) का चित्र है। इन मुद्राओं को चलाने वाले राजाओं के नाम उन में नागरी अक्षरों से लिखे हैं। अधिक घिस जाने के कारण ये नाम अच्छी तरह पढ़े नहीं जा सकते। भारतीय प्राचीन मुद्राओं के बारे में कनिंघम्, विन्सन्ट् स्मिथ की लिखी पुस्तकों में इन मुद्राओं का परिचय दिया गया होगा। स्वर्णमाली स्तूप की इन मुद्राओं के साथ प्राप्त अन्य वस्तुएँ भी लगभग तेरहवीं शताब्दी की हैं। राजपूत मुद्राएँ भी उस समय की हैं। राजस्थान से लङ्का में आए हुए लोग इन मुद्राओं को लाए होंगे, ऐसा अनुमान होता है।

राजस्थानीय ऐतिहासिक अन्वेषण में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण करने वाले, भारतवर्ष एवं विदेशों में भी अपनी विद्वत्ता से कीर्ति-प्राप्त, महामहोपाध्याय पं० गौरीशङ्कर ओझा के गौरवार्थ संगृहीत अभिनन्दन-ग्रन्थ में "लङ्का और राजस्थान" के सम्बन्ध में लिखा गया यह छोटा लेख भेंट करना अति हर्षप्रद है। इस में लिखी हुई कुछ बातें—अभी तक निश्चित न होने पर भी—राजस्थानीय इतिहास के विषय में विशाल ज्ञान रखने वाले पण्डितों के विचार का विषय हो जायँगी, ऐसी आशा है।

---

# माधवाचार्य और अमात्य माधव

श्रीयुत बलदेव उपाध्याय एम० ए०, साहित्याचार्य हिन्दू विश्वविद्यालय काशी।

दक्षिण भारत के इतिहास में विजयनगर का राज्य विशेष महत्त्व रखता है। पन्द्रहवीं शताब्दी में यही एक स्वतन्त्र हिन्दू राष्ट्र था जो वैभव तथा शासन के विषय में प्रभावशाली मुगल साम्राज्य के सामने खड़ा हो सकता था। इस के विपुल वैभव को देख कर, सुशासन से उत्पन्न होने वाले आर्य-सभ्यता के विस्तार तथा विद्या के प्रसार का अवलोकन कर विदेशी यात्रियों को चकित होना पड़ा था। वास्तव में, उत्तर भारत के विधर्मी यवन आततायियों के निर्दय उत्पीड़न से दक्षिण की हिन्दू प्रजा को बचाने के लिए विजयनगर के राजाओं ने जो कार्य कर दिखलाया वह इतिहास में अत्यन्त श्लाघनीय है तथा सुवर्णाक्षरों से लिखने लायक है।

चौदहवीं सदी की बात है। आजकल के मैसूर राज्य तथा समग्र दक्षिण भारत के ऊपर 'होयसल' नामक राजवंश राज्य करता था। यह राजवंश अपने समय में (तेरहवीं सदी में) अत्यन्त प्रतापी तथा प्रसिद्ध था, परन्तु चौदहवीं सदी के आरम्भ में ही उत्तर भारत के उत्साही पठान आक्रमणकारियों के आक्रमण से इस की शक्ति क्षीण हो चला था। १३१० ई० में मलिक काफ़ूर ने चढ़ाई की। इस वंश का राजा बल्लाल तृतीय उस समय राज्य करता था। वह पहले पकड़ लिया गया परन्तु पीछे छोड़ दिया गया। पठानों की सदा यही अभिलाषा रही कि समग्र दक्षिण भारत पर शासन करने वाला होयसल राज्य उन की अधीनता में आ जाय। १३२७ ई० में इसी अभिलाषा की पूर्ति के लिए मुहम्मद तुग़लक़ ने फिर चढ़ाई की। होयसल राज्य को हानि उठानी पड़ी तथा उस की शक्ति निर्बल पड़ने लगी। मुहम्मद तुग़लक़ अपनी राजधानी को लौट गया, परन्तु उस का आतङ्क सारे दक्षिण भारत पर छा गया[1]। वहाँ के वीर सरदारों को यह साफ साफ मालूम पड़ गया कि अल्प-प्राय होयसल नरेशों के हाथ में दक्षिण भारत की स्वतन्त्रता निरापद् नहीं है। १३४३ ई० तक बल्लाल तृतीय ने राज्य किया। उस के अनन्तर बल्लाल चतुर्थ को राज्य मिला, परन्तु केवल तीन वर्षों तक राज्य कर होयसल-वंश के अन्तिम सम्राट् ने अपनी ऐहिक लीला संवरण की। १३४६ ई० दक्षिण भारत के इतिहास में अत्यन्त महत्त्व पूर्ण वर्ष है। इसी वर्ष हरिहर ने अपने भाइयों—बुक्क मारप्प तथा कम्पण—की सहायता से दक्षिण भारत की स्वतन्त्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विजयनगर राज्य की स्थापना की। बल्लाल नरेशों के समय में हरिहर राज्य का प्रधान अधिकारी था। मारप्प मैसूर के पश्चिम भाग में तथा कम्पण पूर्व भाग में राज्य के विस्तार करने में लगे थे। अतः कर्नाटक में स्वतन्त्रता के लिए सब से अधिक प्रयत्न करने वाले इन चारों भाइयों ने १३४६ ई० में तुङ्गभद्रा के तीर पर विजयनगर राज्य की स्थापना की[2]। इस कार्य में उन को विशेष सहायता देने

---

[1] आ० स० ई० १९०७-८ पृ० २३२।

[2] रायबहादुर कृष्ण शास्त्री आदि विद्वान् विजयनगर की स्थापना १३३६ ई० में ही मानते थे, परन्तु नवीन ऐतिहासिक सामग्री की उपलब्धि होने से यह मत ठीक नहीं जँचता। प्राचीन मत की आलोचना तथा उपरिलिखित सिद्धान्त की पुष्टि के लिए दे०—इं० हि० क्वा०, जि० ४, पृ० ५२१ ३३।

वाले थे माधवाचार्य नामक विद्वान्। इसी नैष्ठिक ब्राह्मण के उपदेश का यह सुपरिणाम था कि आर्य संस्कृति को जीवित रखने, हिन्दू धर्म को विधर्मियों से बचाने तथा वैदिक साहित्य के पुनरुद्धार करने में विजयनगर के सम्राटों ने विशेष रूप से हाथ बँटाया।

माधवाचार्य अपने समय के बड़े भारी विद्वान् थे। विजयनगर के प्रथम महाराजाधिराज हरिहर के ये प्रधान मन्त्री थे। महाराज हरिहर अत्यन्त स्वातन्त्र्य-प्रेमी तथा वैदिक धर्म के स्थापक क्षत्रिय नरेश थे। माधवाचार्य भी आदर्श विद्वान् थे। इस प्रकार ब्राह्म तथा क्षात्र तेज के दुर्लभ योग से विजयनगर का राज्य चमक उठा तथा सदा के लिए भारतीय इतिहास में हिन्दू-राज्य का एक आदर्श बन गया। इन्हीं माधवाचार्य के विषय में नाम-साम्य से उत्पन्न होने वाली कुछ मिथ्या बातों के निराकरण के लिए यह छोटा लेख लिखा गया है।

कहा जाता है कि माधवाचार्य ने विजयनगर के राज्य-विस्तार के लिए कई देशों पर चढ़ाई की थी तथा उन्हें जीत कर राज्य में मिलाया था। इन्होंने सेनापति का भी काम किया था। परन्तु यह वर्णन वास्तव में सत्य नहीं है। जो स्वयं एक बड़े भारी विद्वान् थे तथा अन्त में सन्यासी बन कर विद्यारण्य के नाम से प्रसिद्ध हुए, उन्हीं शान्तचित्त ब्राह्मण का क्षत्रियोचित सेनापति का पद ग्रहण करना उतना उचित नहीं प्रतीत होता। इस प्रसिद्धि का कारण यह मालूम पड़ता है कि हरिहर के एक दूसरे मन्त्री, शत्रुओं के विनाशक तथा गोवा के शासक का नाम भी माधव था। अत माधव की विजयवार्ता, नाम की समता के कारण, माधवाचार्य के ऊपर आरोपित की गई है, परन्तु ये दोनों भिन्न-भिन्न व्यक्ति थे। इन के वंश, गुरु तथा रचनाओं की परीक्षा करने पर हम इसी सिद्धान्त पर पहुँचते हैं।

अनन्तभोगससक्तो द्विजपुङ्गवसेवित ।
सचिव सर्वलोकानां त्राता जयति माधव ॥

सायणस्य।

माधवाचार्य के जीवन-चरित के विषय में उन के तथा उन के भाइयों के लिखे ग्रन्थों से ही सहायता नहीं मिलती, बल्कि तत्कालीन विजयनगर के राजाओं के शिलालेखों तथा शासनों से भी विशेष रूप से सहायता प्राप्त होती है। माधवाचार्य ने अपने ग्रन्थों के आरम्भ में अपने माता-पिता तथा अपने गुरुओं का नामोल्लेख किया है। उन के अनुज प्रसिद्ध वेदभाष्यकर्ता सायणाचार्य ने भी अपने ग्रन्थों के प्रारम्भ में अपने वंश का संक्षिप्त परिचय प्रदान किया है। विजयनगर के प्रधान मन्त्री होने के कारण उस समय के राजकीय शासनपत्रों में भी इन का उल्लेख हुआ है। इसी सामग्री से हम माधवाचार्य का ऐतिहासिक वृत्त सङ्कलन कर सकते हैं।

माधवाचार्य के पिता का नाम मायण था। माता का नाम था श्रीमती। इन के दो छोटे भाई थे। उन में जेठे का नाम सायण था तथा छोटे का भोगनाथ। उन का सूत्र बौधायन सूत्र था, वेद कृष्ण-यजुर्वेद तथा गोत्र भारद्वाज था। 'पराशरमाधवीय' के उपोद्घात से ये बातें मालूम होती हैं—

श्रीमती जननी यस्य सुकीर्ति मायण पिता।
सायणो भोगनाथश्च मनोबुद्धी सहोदरौ ॥ ६ ॥
यस्य बौधायनं सूत्रं शाखा यस्य च याजुषी।
भारद्वाज कुलं यस्य सर्वज्ञ स हि माधव. ॥ ७ ॥

'यन्त्रतन्त्रसुधानिधि' के आरम्भ में मायणाचार्य के निम्नलिखित श्लोकों से इसी बात की पुष्टि होती है—

तस्याभूदन्वयगुरुस्तत्त्वसिद्धान्तदेशिता ।
सर्वज्ञ सायणाचार्यो मायणार्यतनूद्भव ॥ ७ ॥
उपेन्द्रस्येव यस्यासीत् इन्द्र सुमनसां प्रिय ।
महाक्रतूनामाहर्ता माधवार्य सहोदर ॥ ८ ॥

इस श्लोक की उपमा पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि माधवाचार्य सायण के जेठे भाई थे। अन्य ग्रन्थों में व्यक्त रूप से ही सायण ने माधव को अपना जेठा भाई लिखा है। 'अलङ्कारसुधानिधि' की पुष्पिका में सायण ने अपने को 'माधवाचार्यानुजन्मन' तथा 'प्रायश्चित्तसुधानिधि' की पुष्पिका में 'माधवभोगनाथसहोदरस्य' लिखा है जिस से माधवाचार्य के जेठे होने में तनिक भी सन्देह नहीं रहता।

माधवाचार्य के अनुज सायणाचार्य को हम चारों वेदों के भाष्यकार के रूप में भली भाँति जानते हैं, परन्तु सायण ने केवल वेदभाष्य ही नहीं लिखा प्रत्युत यज्ञ, धर्मशास्त्र, व्याकरण तथा अलङ्कार-सम्बन्धी उपयोगी अनेक ग्रन्थों की भी रचना की। इन के नाम ये हैं—( १ ) सुभाषितसुधानिधि, ( २ ) प्रायश्चित्तसुधानिधि, ( ३ ) अलङ्कारसुधानिधि, ( ४ ) धातुवृत्ति, ( ५ ) पुरुषार्थसुधानिधि तथा ( ६ ) यज्ञतन्त्रसुधानिधि। इन ग्रन्थों में अलङ्कारसुधानिधि बडे महत्त्व का है। इस में अलङ्कारों के उदाहरण सायणाचार्य ने अपने ही विषय में दिए हैं। ग्रन्थ अधूरा ही है, परन्तु फिर भी इस की ऐतिहासिक महत्ता अधिक है[1]। इस के अवलोकन से जान पड़ता है कि सायण के तीन पुत्र थे—कम्पण, मायण तथा शिंगण। कम्पण सङ्गीत-शास्त्र के विशेषज्ञ थे, मायण कवि थे—गद्य-पद्य-रचना में बडे प्रवीण थे। शिंगण वैदिक थे—घनान्त वेद का इन्होंने अभ्यास किया था—

तन्वन् कम्पण व्यसनिन सङ्गीतशास्त्रे तव
प्रौढिं मायण गद्यपद्यरचनापाण्डित्यमुन्मुद्रय।
शिक्षां दर्शय शिङ्गण क्रमजटाचर्यासु वेदेष्विति
स्वान् पुत्रानुपलालयन् गृहगत समोदते सायण ॥

माधवाचार्य के दूसरे अनुज का नाम भोगनाथ था। इन के ग्रन्थों के नष्ट हो जाने के कारण हम इन के विषय में बहुत कम जानते हैं, परन्तु ये भी अपने समय के एक बड़े सहृदय कवि थे। इन्होंने कम से कम इन छः काव्य-ग्रन्थों की रचना अवश्य की थी क्योंकि इन का उल्लेख हम सायण के 'अलङ्कारसुधानिधि' में पाते हैं। इन के नाम ये हैं—( १ ) रामोल्लास, ( २ ) त्रिपुरविजय, ( ३ ) उदाहरणमाला, ( ४ ) महागणपतिस्तव, ( ५ ) शृङ्गार-मञ्जरी तथा ( ६ ) गौरीनाथाष्टक। काव्य कला में निपुण होने के कारण इन्हें तदनुरूप पद भी मिला था। ये महाराज सङ्गम द्वितीय के नर्म सचिव थे। इन की कविता बडी सरस होती थी।

माधवाचार्य ने अपने ग्रन्थों में अपने तीन गुरुओं का बड़े आदर से स्मरण किया है। इन के नाम थे—विद्यातीर्थ, भारतीतीर्थ तथा श्रीकण्ठ। ये उस समय के प्रधान विद्वान् तपस्वी यतियों में गिने जाते थे। 'काल-माधव' में गजानन की स्तुति के अनन्तर माधवाचार्य ने एक ही पद्य में इन तीनों गुरुओं का एक साथ स्मरण किया है—

सोऽहं प्राप्य विवेकतीर्थपदवीमाम्नायतीर्थे परं
मज्जन् सज्जनसङ्गतीर्थनिपुण सद्वृत्ततीर्थं श्रयन्।

1. इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के संक्षिप्त वर्णन के लिए दे० इ० आ० भाग १२ ( १९१६ ), पृ० २२–२३।

लब्धामाकलयन् प्रभावलहरीं श्री भा र ती ती र्थ-तो
वि द्या ती र्थ मुपाश्रयन् हृदि भजे श्री क ण्ठ मव्याहतम् ॥

इन में भारतीतीर्थ उस समय शृङ्गेरी मठ की गद्दी पर विराजमान थे। १३४६ ई० में समस्त शत्रुओं को जीत कर महाराज हरिहर ने अपने भाइयों क साथ शृङ्गेरी की यात्रा की थी। इस विजय के उपलक्ष में उन्हों ने नौ गांवों का दान शृङ्गेरी में रहने वाले ब्राह्मणों तथा तपस्वियों को दिया[1]। उस शासनपत्र में भारतीतीर्थ श्रीपाद का नाम आदर से लिया गया है। आप उस समय के एक पहुँचे हुए महात्मा थे। माधवाचार्य ने अपने 'न्यायमालाविस्तर' में यतीन्द्र भारतीतीर्थ की कृपा से प्रतिष्ठा प्राप्त करने का उल्लेख किया है—

स भव्याद् भा र ती ती र्थ-यतीन्द्रचतुराननात् ।
कृपामव्याहतां लब्ध्वा परार्ध्यप्रतिमोऽभवत् ॥

विद्यातीर्थ स्वामी उस समय के एक सिद्ध पुरुष थे। आप श्री परमात्मतीर्थ के शिष्य थे तथा 'रुद्रप्रश्न-भाष्य' नामक ग्रन्थ के प्रणेता भी। विजयनगर के प्रतापी नरेश भी आप की कृपा के भिक्षुक बने रहते थे। आप की बड़ी प्रतिष्ठा थी। माधव ने इन्हें अपना मुख्य गुरु कहा है—

अन्त प्रविष्ट शास्तेति योऽन्तर्यामिश्रुतीरित ।
सोऽस्मान्द मुख्यगुरु पातु वि द्या ती र्थ-महेश्वर ॥

आप सायणाचार्य के भी गुरु थे। वेदभाष्यों के आरम्भ में सायणाचार्य ने विद्यातीर्थ महेश्वर की जो श्लाघनीय स्तुति की है उस में इन की ओर भी स्पष्ट सङ्केत किया गया है तथा इन्हें महेश्वर का अवतार माना है[2]।

तीसरे गुरु श्रीकण्ठ या श्रीकण्ठनाथ के विषय में विशेष पता नहीं चलता। ये कोई शैव महात्मा जान पड़ते हैं। भोगनाथ ने अपने ग्रन्थों में इन का सादर उल्लेख किया है जिस से जान पड़ता है कि भोगनाथ इन्हें अपना गुरु मानते थे[3]। काञ्ची के एक शिलालेख में श्रीकण्ठ सायण के भी गुरु कहे गए हैं।

सारांश यह कि भारतीतीर्थ, विद्यातीर्थ तथा श्रीकण्ठ—ये तीनों महापुरुष माधवाचार्य तथा उन के दोनों अनुजों के गुरु थे।

माधवाचार्य ने बहुत से धार्मिक तथा दार्शनिक ग्रन्थों की रचना की है जिन में ये ग्रन्थ अत्यन्त प्रसिद्ध हैं—(१) पराशरस्मृति व्याख्या या पराशरमाधव, (२) व्यवहारमाधव, (३) कालमाधव, (४) जीवन्मुक्ति-विवेक, (५) जैमिनीयन्यायमालाविस्तर तथा (६) पञ्चदशी। अन्तिम ग्रन्थ की रचना विद्यारण्य स्वामी ने की थी। कुछ लोग माधवाचार्य तथा विद्यारण्य को भिन्न भिन्न व्यक्ति मानते हैं[4], परन्तु पण्डितों की सार्वत्रिक प्रसिद्धि तथा पीछे के ग्रन्थों के निर्देश से दोनों एक ही व्यक्ति जान पड़ते हैं। पण्डितों का यह विश्वास है और ऐतिहासिक दृष्टि से यह ठीक भी जँचता है कि माधवाचार्य ही सन्यास लेने पर विद्यारण्य के नाम से

---

१ इ० हि० क्वा० वर्ष ९ सं० २ (जून १९३३), पृ० ५१२।

२ यस्य निःश्वसित वेदा यो वेदेभ्योऽखिल जगत् ।
निर्ममे तमह वन्दे विद्यातीर्थमहेश्वरम् ॥

३ श्रीकण्ठश्च गुरु परेऽपि गुरवो लोकत्रयेऽप्यद्भुतम् ।
भक्ताधीनभवाश्च दैवतमहो सर्वेऽप्यमी देवता। ॥ महागणपतिस्तव।

४ दे० इ० हि० क्वा० जि० ६, सं० ४, पृ० ७०१—१७।

प्रसिद्ध हुए तथा शृङ्गेरी मठ के अधिपति हुए[1]। पञ्चदशी इसी समय का ग्रन्थ है। अन्य ग्रन्थ पहले की रचनाएँ हैं।

इस प्रकार माधवाचार्य चतुर्दश शताब्दी के एक बड़े भारी शास्त्रवेत्ता विद्वान् ठहरते हैं। विजयनगर के महाराजाधिराज हरिहर तथा बुक्क के समय में वैदिक धर्म का जो पुनरुद्धार तथा प्रतिष्ठा हम देखते हैं उस के लिए सब से अधिक श्रेय माधवाचार्य को है। वैदिकमार्गप्रतिष्ठापक हरिहर की आज्ञा से माधवाचार्य ने चारों वेदों का भाष्य अपने अनुज सायणाचार्य से लिखवाया। इस कार्य के लिए हम लोग आप के अतीव अनुगृहीत हैं। यदि आज सायणभाष्य उपलब्ध न होता, तो वेदों का जो कुछ थोड़ा-बहुत अर्थ तथा रहस्य हम समझ पाते हैं, वह भी असम्भव हो जाता। अत, विद्वत्समाज सदा के लिए इस महापुरुष का ऋणी रहेगा।

तस्यास्मि शब्दपयसां नवनीतमुग्र्यैः
स्थाने गुरोर्जगति माधव इत्यमात्य।
यो ब्रह्म निगद्मलाधिकृत पवित्र
ग्रन्थे च जैत्रसमयाय भुवो बिभर्ति॥

कस्यचित्।

माधव नाम के एक दूसरे विद्वान् ब्राह्मण ने, विजयनगर के अनेक महाराजों के समय में मन्त्री का काम करते हुए, राज्य-विस्तार करने में अधिक सहायता पहुँचाई थी। ये महाशय मन्त्री थे। अत: माधवाचार्य से इन की भिन्नता दिखलाने के लिए शिलालेखों तथा शासन-पत्रों में ये माधव मन्त्री या माधव अमात्य कहे गए हैं।

इन के पिता का नाम चाउण्ड भट्ट तथा माता का माचाम्बिका और गोत्र आङ्गिरस था[2]। इन के गुरु का नाम काशीविलास क्रियाशक्ति था जो एक महान् शैवाचार्य प्रतीत होते हैं[3]। माधव मन्त्री का जहाँ कहीं उल्लेख है वहाँ इन के गुरु का भी नाम आदर के साथ उल्लिखित हुआ है। माधव अमात्य अद्वैत मत के प्रतिष्ठापक थे। शिलालेखों में लिखा है कि उस समय अद्वैत मत—उपनिषदों के द्वारा प्रतिपादित वेदान्तमार्ग—छिन्न-भिन्न हो गया था। माधव ने उसे फिर उचित स्थान पर प्रतिष्ठित कराया। इसी लिए इन की उपाधि 'उपनिषन्मार्गप्रवर्तकाचार्य' थी। इस उपाधि-धारण से इन की विपुल वेदान्ताभिज्ञता का पता चलता है। उपनिषद् मार्ग को परिष्कृत करने की उच्च भावना से प्रेरित हो कर ही अमात्य माधव ने स्कन्दपुराण के अन्त-

१ ए० इं० भा० जि० ४२ पृ० १८—१९, ई० हि० क्वा० जि० ८ सं० ३ पृ० ९११—१४।

२ गोत्रे योऽङ्गिरसो प्रचण्डतरमरचावुण्डदुग्धाम्बुधे-
महादुद्भवमेत्य नीतिसरणी दुर्गा श्रियं धीमतीम्।
सूरिः सचिव सर्वशासनमन प्रद्धाद्भुताभिरो
यद् भूप कविनो व्यनक्ति तनुते नो कस्य तेनाद्भुतम्॥

३ क्रियाशक्तिगुरुः साक्षात् तेजसा श्रोत्रियच्छकः।

क्रियाशक्ति चतुर्दश शताब्दी के शिव शैवाचार्य थे। कहीं-कहीं ये विजयनगर के महाराज हरिहर द्वितीय के कुलगुरु कहे गए हैं—विरूपाक्ष साक्षात् कुलसमदैवं कुलगुरुः
क्रियाशक्त्याचार्यः कविकलमकण्ठीरवपराः॥

ई० आ० ४१, पृ० १८।

गत ब्रह्मज्ञान प्रतिपादिका सूतसंहिता की 'तात्पर्यदीपिका' नामक विशद व्याख्या की है। इस टीका का अनुशीलन करने से स्पष्ट पता लगता है कि माधव मन्त्री एक बड़े भारी दार्शनिक विद्वान् थे। इस ग्रन्थ के आरम्भ में भी *माधव ने अपने गुरु का सादर स्मरण किया है*[1]। *विद्वान् होने के साथ-साथ ये शिव के बड़े भारी* उपासक थे। कितने ही स्थानों में इन्होंने शिव-मन्दिरों की स्थापना की थी।

अब माधव की क्रियाशीलता पर दृष्टिपात कीजिए। १३४७ ई० में जब हरिहर प्रथम के अनुज मारप्प अपरान्त प्रदेश पर शासन कर रहे थे, तब माधव उन के मन्त्री थे। कुछ काल के अनन्तर हरिहर के पीछे बुक्कराय विजयनगर के शासक हुए। तब माधव उन्हीं के अमात्य बन कर वहीं निवास करने लगे। इतिहास के देखने से पता चलता है कि इसी समय मुसलमानों ने जा कर गोवा पर कब्जा कर लिया तथा पूर्व पश्चिमी घाट पर अपना शासन जमाया। इन दुष्टों को उखाड़ने के लिए माधव मन्त्री भेजे गए। इन्होंने अपने प्रबल प्रताप तथा सैन्यबल से विधर्मी यवनों का समूल नाश किया तथा हिन्दू देवताओं की पूजा प्रतिष्ठा को फिर से आरम्भ किया[2]। महाराज ने प्रसन्न हो कर १३६८ ई० के आसपास इन्हें बनवासा प्रान्त (जयन्तीपुर) का शासक बनाया। माधव ने बहुत दिनों तक यहाँ शासन किया तथा अपनी नीतिकुशलता से विजयनगर के सम्राट् की समृद्धि में योगदान दिया। १३९१ ई० में माधव मन्त्री की मृत्यु हुई। शिलालेख में माधव 'भुवनैकवीर' कहे गए हैं जिस से इन के विपुल शौर्य तथा चारित्र्य से सम्पन्न होने की बात सहज में ही जानी जा सकती है।

ऊपर माधवाचार्य तथा माधव अमात्य के विषय में ज्ञात घटनाओं का वर्णन किया गया है। इस वर्णन से *स्पष्ट मालूम पड़ेगा कि मायण तथा श्रीमती के पुत्र, विद्यातीर्थ भारतीतीर्थ तथा श्रीकण्ठ के शिष्य, सायण* तथा भोगनाथ के ज्येष्ठ भ्राता, हरिहर प्रथम तथा बुक्कराय के सलाहकार तथा गुरु, कालमाधव' 'न्यायमाला-विस्तर' आदि ग्रन्थों के रचयिता, सन्यास ग्रहण करने पर विद्यारण्य के नाम से प्रसिद्ध होने वाले माधवाचार्य चाउण्ड भट्ट तथा माचाम्बिका के पुत्र, क्रियाविलास क्रियाशक्ति के शिष्य, सूतसंहिता की 'तात्पर्यदीपिका' व्याख्या के रचयिता, अपने बल से गोवा से तुरुकों को मार भगाने वाले, वनवासी के शासक, उपनिषन्मार्ग-प्रवर्तकाचार्य माधव अमात्य से सर्वथा भिन्न हैं। अतः माधव मन्त्री की विजय-वार्ताओं का माधवाचार्य पर आरोप करना नितान्त अनुचित है।

---

[1] श्रीमत्काशीविलासाख्यक्रियाशक्तीशसेविना।
श्रीमत्त्र्यम्बकपादाब्जसेवानिष्णातचेतसा ॥ २ ॥
वेदशास्त्रप्रतिष्ठात्रा श्रीमन्माधवमन्त्रिणा।
तात्पर्यदीपिका सूतसंहितायां विधीयते ॥ ३ ॥
आनन्दाश्रम-संस्कृत ग्रन्थमाला २५।

[2] आशान्तविश्रान्तयशाः स मन्त्री दिशो जिगीषुर्महता बलेन।
गोवाभिधां कोंकणराजधानीमन्येन मन्येऽरणदर्पणेन ॥
प्रतिष्ठितांस्तत्र तुरुष्कसङ्घान् उत्पाट्य दोर्भ्यां भुवनैकवीरः।
उन्मूलितानामकरोत् प्रतिष्ठां श्रीसप्तनाथादिसुधाभुजां यः ॥
ज० ब० रा० ए० सो० ४ पृ० ११५।

# आहोम राज्यर शासन-प्रणाली

श्रीयुत मथुराप्रसाद गोस्वामी, गुवाहाटी (गौहाटी, आसाम)।

[ आसाम के आहोम वंशी राजाओं ने लगातार ६०० वर्ष सफलतापूर्वक राज्य किया है। उन की शासन प्रणाली का अध्ययन करना तथा आसाम की तात्कालिक सामाजिक और राजनीतिक परिस्थिति से उस का सामञ्जस्य कर के देखना इस लेख का उद्देश्य है।

इन आहोम राजाओं का विरुद स्वर्गदेव था। युद्ध, सन्धि और क़ानून बनाने का सब अधिकार इन के हाथ में था। पर इस का मतलब यह नहीं कि आहोम राजा स्वेच्छाचारी और निरङ्कुश थे। शासन में उन के अधिकार समसामयिक मुग़ल सम्राट् अकबर या औरङ्गजेब की अपेक्षा बहुत कम और सीमित थे। पर आसाम के गोहाइयों (मन्त्रियों) के हाथ में बहुत शक्ति थी। मुख्य तीन गोहाइयों की सलाह से ही राजा का चुनाव होता था। आहोम राजा वंश-परम्परागत न होते थे। कुछ निश्चित घरानों (फैद) के मध्य से योग्य राजकुमार में से ही राजा चुना जाता था। राजा के दुष्कर्मी या अत्याचारी होने पर मन्त्रियों को उसे गद्दी से उतार देने का भी अधिकार था। आसाम के इतिहास में इस प्रकार के उदाहरण दिए जा सकते हैं। योग्य शासक न मिलने पर कभी कभी मन्त्रि मण्डल मिल कर स्वयं भी शासन करता था। एक बार इसी तरह गोहाइयों ने राजा सुकाफा के बाद उस के पुत्र ताउशिलाइ को गद्दी न दी और जो कोई योग्य कुमार उन की नज़र में न था; अतः उन्होंने कुछ काल (१६११—२० ई०) तक स्वयं ही शासन चलाया। चोरा राजा ने बहुत अत्याचार और उत्पीड़न प्रारम्भ कर दिया था। अतः सब कर गोहाइयों ने परस्पर सलाह की और उसे उतार कर कामरूप के एक कुमार गदाधरसिंह को राज्य सौंप दिया।

इस प्रथा के कारण कभी-कभी मन्त्रि-मण्डल के विभिन्न सदस्य अपने अनुकूल कुमारों को गद्दी देने का यत्न करते थे। ऐसे मौकों पर खूब षड्यन्त्र रचे जाते थे। पर इन सब का स्पष्ट प्रभाव देश की साधारणिक शान्ति पर कभी देखने में नहीं आता। सरदारों में ही ये बातें चला करतीं, प्रजा से इन का कोई सम्पर्क न था। आहोम शासन तन्त्र एक वैध शासन प्रणाली थी। राजा भी शासन-तन्त्र का एक मुखिया मात्र था। यों कहने को तो सम्पूर्ण शक्ति उस के पास थी, पर उसे राज्य की चली आती हुई प्रथाओं का पालन करना पड़ता था। उस के विरुद्ध चलने या नई प्रथा चलाने का सामर्थ्य उस के पास न होता क्योंकि उस की कोई अपनी स्थायी सेना न होती थी। रुपए का चलन भी वहाँ प्रायः नहीं था। पर इस का मतलब यह नहीं कि आहोम राज्य की सामरिक शक्ति कम थी। यदि ऐसा होता तो आसाम ६०० साल तक लगातार अपनी स्वतन्त्रता कायम न रख सकता। इस सम्पूर्ण समय में सदा न कछाड़ी और मुसलमानों के उपद्रवों और आक्रमणों का सामना उन्हें करना पड़ता रहा। मुसलमानों ने १३ बार आसाम पर आक्रमण किया पर हर बार उन्हें असफल होना पड़ा। बिना एक सशक्त सैनिक बल के किसी भी राज्य का इस अवस्था में चिरकाल तक बना रहना असम्भव होता।

आहोमों की सामरिक अवस्था बड़ी उत्तम थी। उनके शत्रु मुसलमानों ने उन के अनुशासन और रणकुशलता की बड़ी प्रशंसा की है। गोहाईं फुकन बरुआ हजारिका सैकिया बड़ा सब उन के सैनिक अधिकारियों के नाम हैं। इन को युद्ध के अवसर पर ससैन्य युद्ध-क्षेत्र में उपस्थित रहना अनिवार्य था। साधारण सैनिकों को पाइक अर्थात् पदाति कहते थे। ये सब साधारण प्रजा में से होते थे। इन्हें वेतन-स्वरूप २ पुरा (८ बीघा) ज़मीन मिलती थी। हर चार पाइकों में से एक को राजसेवा में उपस्थित रहना आवश्यक था। उस की अनुपस्थिति में उस की भूमि आदि का प्रबन्ध शेष तीन पाइकों को करना पड़ता था। इस २ पुरा ज़मीन पर पाइकों का स्वाभाविक अधिकार था। एक नियत आयु के बाद इसे पाने का अधिकार हरएक पाइक को था। शान्ति के समय इन पाइकों का काम राजा के घर के काम करना, सड़कें बनाना, तालाब खोदना और क़िला आदि बनाना होता था। सरदारों और उच्च पदाधिकारियों को वेतन-स्वरूप राज्य से पाइक मिलते थे जो उन के खेतों में तथा अन्य

काम करते थे। साधारणतया हम इसे सामन्त पद्धति कह सकते हैं, पर यूरोप की सामन्त-पद्धति से इस में फर्क था। वहाँ रैयत सामन्तों के अधीन रहती थी। पर आहोम शासन प्रणाली के अनुसार हरएक व्यक्ति पर राजा का सीधा अधिकार था। सामन्तों को राजा की ओर से परिचर आदि मिलते थे। अतः इन का उपयोग राज-शक्ति के खिलाफ नहीं किया जा सकता था। भूमि और मनुष्य दोनों पर राजा का एक समान अधिकार समझा जाता था। सुव्यवस्था के लिए पाइकों को कई जत्थों में बाँटा जाता था। जत्थेदार को बड़ा और सैकया कहते थे। छोटे छोटे अपराधों का फैसला ये ही लोग करते थे। इन्हें चुनने का अधिकार पाइकों को था। ये जब चाहते उन्हें पदच्युत कर अपने में से ही किसी दूसरे को इन पदों पर नियत कर लेते थे। बड़े बड़े अपराधों के मुकदमे राजधानी के बरुआ फुकन आदि उच्च पदाधिकारियों के पास जाते थे।

आहोम राजाओं ने अपने यहाँ रुपए का चलन न होने से व्यापार पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन की नीति सदा कृषि की उन्नति की ओर रहती थी। सड़कें बनाना, तालाब खुदवाना, तथा अन्य प्रकार से खेती की उन्नति करना, यही उन की आर्थिक नीति थी।]

सामाजिक आरु राजनैतिक अनुष्ठान-विलाक चिरकाल एके दोर ना थाके। अवस्था आरु कालभेदे सेइ-विलाक लरचर करा आवश्यक हय। जि जातिये पुरनि अनुष्ठान-विलाकते सदाय खामोचमारि धरि थाकिव खोजे, सेइ जातिर अधःपात हबलै बेशि दिन ना लागे। आहोम-विलाके जे छ'श' बछर काल आसामत अति सुख्यातिरे राजत्व करिब पारिले, तार एटा कारण तेओँलोकर उदार आरु गुणग्राही स्वभाव। धर्म आरु समाज सम्बन्धीय आहोमर भालेमान निजा अनुष्ठान आछिल। आसामत किछुदिन थकार पिछते सेइ-विलाक एरि दि आहोम-विलाके तार ठाइत हिन्दू अनुष्ठान ग्रहण करिले। रासिले मात्र तेओँलोकर राज्यशासन-प्रणाली। चुकाफा आसामलै आहि एइ देशत जि शासन-प्रणाली चलाले, चन्द्रकान्तसिंहस्वर्गदेवेओ प्राय सेइ एके प्रणालिरेइ राजकार्य चलाइछिल। छ'श' बछर स्वच्छन्दे चलि अहा एइ शासन-प्रणालीटोनो कि, तार लगत आसामर सामाजिक आरु राजनैतिक अवस्था खाप खाइछिलने नाइ—ताके आलोचना करा आमार प्रबन्धर उद्देश्य।

आहोम-रजा स्वर्गदेव आहोम शासन-प्रणालीर अधिपति आछिल। समर, सन्धि, आइन-कानून आदि राज्यर यावतीय काम स्वर्गदेवर आज्ञा मते हैछिल। डाङरीया आदि विषया-सकलक स्वर्गदेवे पातिछिल, आरु जगर पाले तेओँलोकक स्वर्गदेवे भाडिबओ पारिछिल। एई बुलि जे आहोम रजा स्वेच्छाचारी आछिल, तेने न हय। मोगल सम्राट् आकबर वा औरङ्गजेबर तुलनात आहोम रजार अधिकार नानाप्रकारे सीमाबद्ध। मोगल सम्राटर इच्छार विपरीते चलिब परा विषया मोगल राज्यत नाछिल। मन्त्री-सकल सम्राटर अनुग्रहापेक्षी साधारण कार्यकारक (Secretaries) मात्रहे। तेओँलोकर निज बुद्धि आरु विवेचना मते राज्यर कोनो कामके करिबपरा क्षमता मोगल मन्त्री-सकलर नाछिल। आजिकालिर आमेरिकार युक्त-प्रदेशर चेक्रेटरी-सकल मोगलमन्त्री-सकलर अनुरूप। आहोम गोहाँइ तिनिजना एओँलोकर तुलनात बर क्षमताशाली विषया। एकगोट हले तेओँलोके रजा भङ्गा पता करिब पारिछिल, आरु उपयुक्त कोँवर ना पाले राजकार्यके चलाइछिल। आसामर बुरञ्जी लिखक गेइट चाहाबे एइ नियम-विलाक केवल नामत हे थका बुलि कय। प्रतापसिंह आरु गदाधरसिंहर दरे पराक्रमी आरु लरा रजा आरु कमलेश्वरसिंहर दरे दुर्बल रजार दिनत शासन-नियमर अनेक व्यतिक्रम घटिछिल बुलि तेखेते कैछे। एने व्यतिक्रम भालकै चाले सकलो देशर शासन बुरञ्जीत पोवा जाय। टूडर वंशी अष्टम हेनरीर दिनत अखण्ड प्रतापी पार्लामेंट सभाके अति वशवर्ती अवस्थात देखा जाय। किन्तु सेई पार्लामेंट सभाइ एसमयत शासनतन्त्रर वलत निज प्रभाव देखुवाइ चार्लस रजार प्राणदण्ड विधानो करि-

छिल। आसामतो सेई दरेई सबल रजार हातत परि दुर्बल मन्त्रीर निज क्षमता केतियाबा केतियाबा लनपरा एको आचरित हव लगीया कथा न हय। किन्तु एने व्यतिक्रम थका बुलिएइ आहोम रजा स्वेच्छाचारी वा सइमन बुलिले भूल हब।

मन्त्रीर हातत रजा भङ्गापना क्षमता थकाटो भारतर इतिहासत एको नतुन कथा न हय। सङ्गाटो परिलेखो रजा पतार उदाहरण पुरनि भारतर हिन्दू राज्य-बिलाकत अनेक देखा जाय। अध्यापक जायसवालर 'हिन्दू पोलिटि' नामर ग्रन्थत रजा निर्वाचन सम्बन्धे यहलाइ आलोचना करा हैछे। प्राचीन भारतत रजा बदा मन्त्रीसकलक राजकृत बुलिछिल। पालीभाषार कोनो एक सूत्रमते राजकृत शब्दर अर्थई मन्त्री बुलि जायसवाले लिखिछे।

बाढनि प्रथा आछिल बुलि गोहाँइ-सकले जरे तरे परा ढेका अनि रजा पातिब नोवारिछिल। गोटा-दियक निर्दिष्ट फैदरपरा कोवँर आनि सदाय राजपाटत बहुवा हैछिल। सेइ फैद केइटार कोवँर-सकल भितरत जाक उपयुक्त बुलि गोहाँइ-सकले सेवा करिछिल, तेवें सिंहासन पाइछिल। योग्य कोवँर नापाले मन्त्री-सकले निज राज्य चलाव परा विधान आछिल। अध्यापक सूर्यकुमार भुञाँदेवे सम्पादन करा स्व० हरकान्त बरुवार 'आसाम बुरञ्जीर' १७ पृष्ठात एइ दरे कैछे। "पाछे मन्त्रीसकले आर्श माल ना पाइ चतुर्थ चुत्याफा राजार राजत्वर गर्भत जात ताबोचुलाइ कोवँरक रजा ना पाति १२११ शकर परा १२२० सकलैके राज्यशासन करि आछिल।" एइ धरणर मन्त्रिशासन आहोम राजत्वत केइबा बारो हैछिल। देशर सुशासनर निमित्ते मन्त्री-सकलर हातत एने असाधारण क्षमता दि आहोम शासनतन्त्रइ एटा डाङर काम करिछिल। एने दिहा नथका हले दुर्बल रजाइ पाइ आहोम राज्य काहानिबाइ चारखार करिलेहेतेन। अनुपयुक्त आरु दुर्बल कोवँ-रक राजपाट निदियार उपरिओ अत्याचारी आरु अयोग्य रजाक भाङ्गि न रजा पता क्षमता मन्त्री सकलर आछिल। लरा रजार अविचार आरु उत्पीडन सहिब नोवारि डाङरीया-सकले केनेके गदापाणि कोवँरक राजपाट दिले एइ विषयतो हरकान्त बरुवार बुरञ्जीत लिखा आछे। "लरा रजाइ अनेक कोवँर-सकलक धरि धरि आनि दण्डबन्ध करि अनेक अनीति कर्म करिब धरिले। सेइ देखि बुढागोहाँइ प्रभृति डाङरीया-सकले मनत निरस है अन्य एक जनके रजा पाति लवर मनस्थ करिले, जेहेतु राज्य भङ्गापता करार भार डाङरीया-सकलर आछिल। पाछे डाङरीया-सकले रजा हबर योग्य लोक नेदेखि गदापाणि कोवँर कामरूपत थका शुनि तेवेँइ वइ रजा हबर उपयुक्त हेन जानि रजा पातिलै जाबर कारणे बरफुकन प्रभृतिलै लिखात......बन्दर बरफुकने सकलो फुकन राजखोवारे परामर्श करि गदाधर कोवँरके योग्य हेन जानि रजालोवा थिर करि रजा होवा बुलि सेवा करिले।" (पृष्ठ ५६)

सकलो समयते उपयुक्त कोवँर पावा ना जाय। केतियाबा-केतियाबा प्राय सकलो कोवँरर गाते एटा न हय एटा दोष थाके। एने स्थलत काक एरि काक धरिब डाङरीया-सकलर एटा समस्या है परे। स्वभावते प्रत्येक जनेइ आपोनार मनर मिला कोवँर एजन राजपाटत पाले भाल पाय, कारण तेतियान रजाइ तेओँक आन दुजन गोहाँ-इतकै बेचि अनुग्रह देखुवाब, आरु मन्त्रीसभात तेओँर क्षमता आरु प्रतिपत्ति बहुत गुणे बाढिब। गतिके समान गुणी कोवँर केइजनो थाकिले गोहाँइ-सकले निज निज स्वार्थर अनुरोधत राजपाटर कारणे कलिकन्दल करे। एने कन्दलत साधारण प्रजार कोनो सम्बन्ध नाछिल, डाङरीया आरु विषया-सकलेहे एइ-बिलाकत योग दिछिल। समूह प्रजार सहायेरे देखादेखि युद्धत राजपाट लोवार आशा नेदेखि कोवँर-सकले गोहाँइ-सकलर लगत योग है दलादलि करि नाना अभिसन्धिर सूत्रपात करे। एने धरणर अभिसन्धि आहोम राजत्वत अनेक बार हैछिल, आरु

अनक धार एन चक्रान्तत परि फाँवैर आरु डाङ्गरीया सकले अनाहकत चकु फाण, आनकि समय समय प्राण पर्यन्त हरुवाइछिल।

निर्वाचन नीति थका कारण सिंहासन लै प्रतियोगिता होवाटो स्वाभाविक। एने अरियाअरि आजिकालिओ हय, किन्तु दलबद्ध राजनैतिक मत नथका कारण आहोम राज्यर प्रतियोगिता डाङ्गरीया आरु फाँवैर भितरते आवद्ध आछिल। पराजित दलक दमाइ राज्य निरापद करिबर निमित्ते न राजा आरु तेओँर दल गुरु व्यवस्था करिब लगा हैछिल। वास्तविकत शासन तन्त्र-मते चलिब खोजा रजाइ सेइ दिनत एने नीति अवलम्बन न करि नोवारिछिल। गोहाँइ-सकलर सन्मति बिने जतिआ रजाइ कोनो काम करिब नोवारे, सेइ गोहाँइ-सकलर भितरत जात रजार विरुद्धपन्थी कोनो डाङ्गरीया ना थाके ताले चोवा रजार थाइ कर्त्तव्य। नतुवा शासन विषयत सदाय ऐक्य मत पोवा टान हय, आरु आनकि सिंहासनेइ निरापद न हय। सेइ कारण प्रत्येक आहोम रजा शिङ्गरीघरत उठियेइ आगर विषया भाँगि निजर थाइनि मत विषया पातिलोवा देखा जाय। राजद्रोह आदि गुरु अपराधर चेक थका पुरनि निषयार विस्तसम्पत्ति काढि आनि, प्राणदण्ड शास्ति दियारो उदाहरण आछे। दायित्वपूर्ण इङ्गराज शासनप्रणालीत एकालत एइ देरई मन्त्रीर दोष विचार करि प्राणदण्ड दिया हैछिल। आधुनिक राजनीतित मात्र प्राणदण्डर व्यवस्था गुचाइछे।

अभिषेकर समयत रजाक नीतिवाक्य शुनुवा नियम आछिल। तुङ्खुङ्गीया बुरञ्जीर ४१ पिठित बुढा गोहाञे रजाक शुनुवा उपदेश लिखि एइ देर दिछे—"तोमाक महाप्रभु राजपदक दिले। सन्तक पालन, दुष्टक दण्डिब, प्राणीर सुख दुख विचार तोमार इहे धर्म, आरु डाँगर सूत्तर आशयत जनो कै ताप आदिक नापाय, ककाई रजा देवर आश्रयत तनकै देवको देवको देशर प्रजार दोष गुण ना पाइछिल। आजि धरि परमेश्वर दोष गुणर आश्रय कराले। जि कार्य्यर परा दोष हइ, जि कार्य्यर परा गुण हइ आको स्वर्गदेव नियम करिब लागे। आरु तोमार तिनटि भाइ आछे, इ धारका पुत्रवत प्रतिपाल करिब लागे। इ-धारया पितृनाथ सेवा करिब लागे। पाछे लैका घर-सरु क्रम प्रवर्त्तिब लागे। आरु तिपाम रजाको नरिसा, पुत्रवत स्नेह दया करिबा। बुढा गोहाँइर एइ उपदेशत रजार थाइ कर्त्तव्य बिषयर एटा आभास पोवा जाय। उपदेशर भाव लै चाइ आहोम रजाक स्वर्गदेव बुलिलेओ तेओँर ज कोनो दैवदत्त अधिकार थका बुलि स्वीकार करा न हैछिल, सेइ विषय कोनो सन्देह नाथाके। स्वर्गदेव उपाधिटो हिन्दुवे दिया, आहोम रजा-सकल आदिर परा देववंशी बुलि घोषणा करिछिल, आरु हिन्दु सिलाकेओ आहोम रजाक देवअंशी बुलि कै स्वर्गदेव उपाधिरे विभूषित करिछिल। किन्तु सिंहासनत उठार दिनरे परा स्वर्गदेवे प्रजार दोष गुणर भागी हब लागे। देवतात उत्पत्ति हलेओ स्वर्गदेउ एके बारह दायित्व रहित न हय। दैवदत्त अधिकार थका हले आहोम रजाक सिंहासनर परा नमाब परा क्षमता मन्त्री सकलक दिब नोवारिलेहेँतेन, कारण देवतार परा अधिकार पोवा रजाइ मन्त्रीर वश है चलिब नोवारे। किन्तु आहोम शासनतन्त्रइ दैवदत्त अधिकार ना मानिछिल आरु सेइ कारणेइ मन्त्री सिलाकर हातत विशेष क्षमता दि रजार हात भरि बान्धि दिछिल।

आहोम शासनविधिमते राजसिंहासनत जनक कोनो वापतीया अधिकार नाछिल, राजक्षमताओ सेई रूप कोनो रजार व्यक्तिगत स्वत्व बुलि धरा न हैछिल। पुरनी हिन्दु राज्यर नीतिमते राजक्षमता चुक्तिबद्ध अधिकार। राजभार पाइ रजाइ निज स्वार्थ एरि प्रजार हितर निमित्ते चेष्टा करिब लागे। आहोम सिलाकर मतेओ राजपद ठिक पुरनि हिन्दूयुगर देर एखन विश्वास करि दिया भार। नियम-मत वहन करिब नोवारिले कोनो नृपतियेइ एइ

भार चिरकाल दायी करिब नोवार। अनुपयुक्त जेन देखिले डाङरीया-सकले एजन रजार मूरर परा सहाइ नि राजभार आन जनर हातत दियाटो आहोम राजतन्त्रर एटा अति स्वाभाविक फल बुलि धरिब लागिब। यथार्थते आहोम शासन-प्रणालीर राज्यर शेष अधिकार (sovereignty) रजा, नाइबा गोहाँइ-सकलर हातत नाछिल। आमेरिकार युक्त-प्रदेशर दरे एइ अधिकार शासनतन्त्रते निबद्ध। गोहाँइ-सकले शासनतन्त्रर पराइ रजा भडा पता क्षमता पाइछिल, आरु रजायो शासनतन्त्रर भङ्ग हिचाबेहे राजकार्यत प्रधान क्षमता चलाब पारिछिल। राज्यर सुशासनर निमित्ते शासनतन्त्रत बन्धा छटा नियम आछिल, सेइ नियम उलङ्घा करिले रजायो राजक्षमता चलाब नोवारिछिल आरु मन्त्री-सकलेओ रजा भङा पता करिबले बल पाइछिल। एनेके आहोम मते रजा, मन्त्री, डाङरीया सकलो समाने शासनतन्त्रर अधीन।

आहोमर एइ कटकटीया शासनतन्त्र लिपिबद्ध अवस्थात नाछिल। देश दस्तुर आरु पूर्वापर आचार मते राजकार्य ओ चलोवा हैछिल। एइ आचार-बिलाकर सकलो देशर मानुहर माजतेइ अद्भुत क्षमता देखा जाय। जनसाधारण सहजे आगर धरण करण एरि नतुन नीति नियम लब नोखोजे, आरु रजाइ किवा कारणे न प्रथा सुमाब खुजिलेओ अशेष चेष्टार फलत हे सेइ प्रथा चलाब पारे। आहोम राज्यर नीति-नियम बिलाक प्राय सदाय एकेइ आछिल। तार कारण एटा एइ जे आहोम रजार सैनिक-बल एने नाछिल जे सहजे कोनो एटी पुरणि नियम गुचाइ बलेरे प्रजार माजत नतुन नियम चलाब पार। आहोम राज्यत स्थायी फौज रखा दिहा नाछिल, आरु स्थायी फौज ना राखिले रजार क्षमता स्वतः सीमाबद्ध।

स्थायी फौज रखार दिहा नाछिल यदिओ आहोम-बिलाकर राज्य रखार निमित्ते एटा अति सुश्रृङ्खल सामरिक व्यवस्था आछिल। तेओँलोके राज्य लबरे परा सेषलैके प्राय सकलो समयते देशत एटा न एटा उत्पात आछिल। मगाग, कछारी, मछलमान आदिर उपद्रवर माजत देशत शान्तिरक्षा करि प्रजाक सुखे सन्तोषे रखा साधारण शक्तिर काम न हय। एबार न हय दुबार न हय बैंध बार मछलमाने आसाम आक्रमण करे, आरु एइ बैंधबारेइ आहोम-बिलाके शत्रु लगत जुजि देशर स्वाधीन जीवनरक्षा करिछिल। मछलमान-सकले निजे अमर्मीया सेनाक शत्रागि गैछे। आचल कथा, आसामर सामरिक व्यवस्था एने परिपाटी आरु टान आछिल जे इङ्गितते गोटेइ जातिटोवेइ काचिपारि जुजले आब पारे। सेइ कारणेइ देखा जाय जे आगर परा गुरि लैके गोटेइ आहोम बिषया-बिलाक सामरिक मर्यादार अधिकारी। गोहाँइ, फुकन, बरुवा, हाजरीका, शईकीया, बडा सकलोटि सामरिक कर्मचारी। युद्धर समयत तेओँलोक भागे भागे सेना लै युद्धक्षेत्रत उपस्थित हब लागे। एइ सनार परिमाण अनुसार उपरुवा कर्मचारी-सकलर मान-मर्यादाओ कम-बेच हय। सेना-बिलाकक पाइक बोला हैछिल। पाइक शब्दर अर्थ पदातिक। पाइक-बिलाकर भितरत सकलोवे सदाय जुज करिबले जाब ना लागे। आचलत पाइक-बिलाक साधारण रायत। आजिकालिर दरे सेइ दिनत धनर व्यवहार कम थकाकारणे रजा घरर काम करिबले मानुह पोवा टान आछिल। गतिके रजाइ रायतर परा माटिर कर न लय। राजसार सलनि प्रत्येक चारिजन पाइकर भितरत एजने गै रजाघरत काम करि दिया नियम आछिल। रजाघरत माटि दियावाबे पाइके पति टुपुराकै माटि पाइछिल। जि जन पाइक रजाघरत खाटिबले जाय तेओँर माटि बारि, सेनिवालि बाकी तिनिजने चाय। शान्तिर समयत रजाघरर काम सहज आछिल। सेनिवालि करा, आलि-पदुली तोला, पुखुरी खना आदियेइ पाइकर धाइ काम। जि-बिलाक पाइक रजाक ना लागे, सेइ-बिलाके गै डाङरीया आदि बिषया-बिलाकर घरत काम करि दिया व्यवस्था आछिल। गतिके डाङरीया-सकले आजिकालिर उच्च कर्मचारीर

दरमहा ना पाइछिल। तेओँलोकर पारिश्रमिक हिचापे यावतीय काम करिबर निमित्ते रजाघरर परा किछुमान बनुवा पाइछिल। एइ बनुवा-बिलाकेइ युद्धर समयत साजिपारि निज निज विषयार अधीनत गै जुज करिब लागिछिल।

माटिर राजनार सलनी रजा वा राजकर्मचारीर घरत काम करा नियमटो इंग्लण्डतो एकालत आछिल, ताके "फिउडेलिज्म्" बोलिछिल। किन्तु आसामर पाइक-बिलाक इंग्लंडर "भिलेन" प्रजार अनुरूप यथार्थते नाछिल। इंग्लंडर "भिलेन" रायत-बिलाक सेइ देशर डाङर डाङर डाङरीया वा लर्ड-बिलाकर प्रजा। लर्ड-बिलाकर आहामते तेओँलोके जुज करिबले जाब लागिछिल। तेओँलोके जि माटि प्याइछिल सि लर्ड-बिलाकर सम्पत्ति। किन्तु असमीया पाइक-बिलाक आरु आसामर माटि उभयेइ असमीया रजार निजा सम्पत्ति। "सि-सकलर मते (आहोमर मते) रजा जे केवल भूमिर अधिकारी एने न हय, मानुहरो अधिपति। उभयके दान आरु हस्तान्तर करिब पारिछिल।" आसाम बुरञ्जी—गुनाभिराम बरुवा—२७३ पृ०। पाइक-बिलाकरो निजा भागर माटि दुपुरा पोवा एटा स्वत्व बुलि रजाइ स्वीकार करिछिल, आरु सेइ कारणे पाइक प्रजाइ निर्दिष्ट वयसत भैरिदिलेइ खेलर विषयार परा निजर भागर माटि दावी करिब पारिछिल, रबिनछन चाहाबे तेओँर 'एकाउण्ट अव् आसाम' नामर कितापत लिखिछे।

आसामर एइ "फिउडल" प्रणालीर एटा डाङर गुण ए जे आछिल जे एइ देशर प्रजा-बिलाक सदाय रजार अधीनेइ आछिल। इयोरोपर फिउडेल राज्यर डाङरीया-सकलर दरे असमीया पाइकक कोनो डाङरीयाइ रजार विरुद्धे तुलि देशत उत्पात करिब नोवारिछिल। कालक्रमत जेतिया धनर प्रचलन हल गा-खाटनिर ठाइत धन दि माटि खोवा नियम चलिल।

पाइक-प्रणाली थका कारणे आहोम आसामत राजकोषर अवस्था कोनो समयते दुर्बल हबले ना पाले। देशर दुर्योगर समयत आहोम रजाइ प्रजाक करकाटलेरे चेपा निदि प्रजार द्वारेइ राज्यर यावतीय काम कराइछिल। शिल्प, वाणिज्यर बहुल विस्तारले बाट नाचायो आहोम रजाइ जयसागर, शिवसागरर दरे पुखुरी, चेउनी, धोदर आलीर दरे गड आरु नानान दौल, देवालय कराइ राज्यर समृद्धि बढ़ाब पारिछिल। आन फाले रजा आरु प्रजार भितरत सदाय घनिष्ठ सम्बन्ध आछिल। राज्यर यावतीय कार्यते प्रजार स्वार्थ थका बुलि प्रजाइ सहजे अनुमान करिब पारिछिल, सेइहे विपदर समयत आहोम रजाइ गोटेइ प्रजारे अकपटीया सहाय आरु समर्थन पाइछिल।

चलोवा-करोवार सुविधार कारणे पाइक-बिलाकक खेले खेले भगोवा हैछिल। खेले खेले बडा, शइकीया आदि पाइकर उपरत विषया आछिल। साधारण अपराधी-बिलाकर दोषादोष बिचार करि एइ कर्मचारी बिलाकेइ दण्ड विहित पारिछिल, किन्तु डाङर अपराधीर विचार आरु दण्डकराब भार बरबरुवा आदि राजधानीर विषया-सकलर हातत। कोनो खेलर विषया अत्याचारी है पाइकर उपरत उपद्रव करा जेन देखिले पाइक-बिलाक एकमत है तेओँक भाङ्गि न विषया पातिब पारिछिल, एइ धरणर निर्व्वाचन क्षमता आजिकालिर अति उन्नत गणतन्त्र प्रधान देशतो विरल। बडा, शइकीया, हाजरिका आदि विषयार हातत खेलर ओपरत यावतीय क्षमता दिया थाके, तेने विषयाको जि शासनतन्त्र-मते प्रजाइ भाङ्गिब पातिब पारिछिल सेइ शासनतन्त्रर श्रेष्ठता-सम्बन्धे किबा सन्देह थाकिब पारेने? मोटते कबले गले आहोम शासनतन्त्रत गणतन्त्रर सकलो लक्षणेइ विद्यमान आछिल। देशर सुशासन आरु प्रजार व्यक्तिगत स्वाधीनतार कोनो प्रकार क्षति नोहोवाकै जिमान खिनि स्वायत्त-शासन दिब पारि, आहोम शासनतन्त्रत सेइमिनि दिया व्यवस्था आछिल। एने एटा उन्नततर शासनप्रणालीरे जि जातिए च' श' बछर काल एखन राज्य सुख्यातिरे राजत्व करिछिल, सेइ जातिर राजनैतिक प्रतिभा सकलोरे गौरवर विषय।

---

# श्री चैतन्यदेव कोन् शके अन्तर्हित हन ?

अध्यापक श्रीयुत दीनेशचन्द्र भट्टाचार्य, चट्टग्राम।

[श्री चैतन्यचरितामृत नामक गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय के सुविख्यात ग्रन्थ में वर्णित है कि शक संवत् १४५५ में ४८ वर्ष की अवस्था में, श्री चैतन्य महाप्रभु की मृत्यु हुई। जयानन्द तथा लोचनदास इन की मृत्युतिथि आषाढ़ शुक्ल सप्तमी, रविवार बताते हैं। परन्तु शक संवत् १४५५ में आषाढ़ शुक्ल सप्तमी को रविवार नहीं था। इस से, संवत् में ही भूल मालूम पड़ती है, तिथि में नहीं। दूसरा संवत् १४५८ बताया जाता है परन्तु उस में भी यही कठिनाई आ पड़ती है। यह संवत् १४५४ (शक) होना चाहिए क्योंकि उस वर्ष आषाढ़ शुक्ल सप्तमी रविवार को था। बालकवि कर्णपूर के 'श्री चैतन्यचरितामृत' में श्री चैतन्यदेव की वय ४७ वर्ष दिया है तथा उसी लेखक के 'श्री चैतन्यचन्द्रोदय' नाटक द्वारा भी संवत् १४५४ की ही पुष्टि होती है।]

प्राचीन वङ्गसाहित्य इतिहास ओ जीवनी ग्रन्थ अति दुर्लभ। कतिपय 'चरित'-ग्रन्थ पाओया गलेओ, महापुरुषगणेर जन्म-मृत्युर तारिख-निर्णय करा एक प्रकार असाध्य। एइ साधारण धारणार वशवर्ती हइया आमरा जखन गौड़ीय वैष्णवाचार्यगणेर विवरणीते पाश्चात्य धरणे लिखित वहुतेर जन्ममृत्युर शकाङ्क प्रथम देखिते पाइ, तखन वस्तुतइ आनन्दलाभ हय। सम्प्रति कौतूहल-वशत ऐ रूप कतिपय शकाङ्क विशेषभाव आलोचना करिया आमरा एककाले हताश हइयाछि। एकमात्र श्रीचैतन्यदेवेर जन्म-शकाङ्क व्यतीत, 'वङ्गभाषा ओ साहित्य' प्रभृति ग्रन्थे गृहीत वैष्णवाचार्यगणेर तारिखगुलिर एकटीओ अभ्रान्त वलिया प्रतिपन्न हय किना सन्देह। आमरा वङ्गीय साहित्यिकवृन्दके अनुरोध करितेछि, पवित्र वैष्णव-इतिहासेर एइ कलङ्क जन तांहारा विज्ञान-सम्मत प्रणाली अवलम्बन अपनोदन करुन। आमरा वर्तमान प्रवन्धे देखाइते चेष्टा करिव जे स्वय महाप्रभु कोन् शके अन्तर्हित हइयाछिलेन से विषय यथेष्ट विचारेर अवकाश रहियाछे।

श्री चैतन्यचरितामृत ग्रन्थ स्पष्टाक्षर लिखित आछे, १४५५ शके ४८ वत्सर वयसे महाप्रभुर अन्तर्धान हय। अन्य कोन ग्रन्थे बोध हय अन्तर्धानेर कोन शकाङ्क स्पष्ट करिया लिखित नाइ। चरितामृत ग्रन्थ महाप्रभुर अन्तर्धानेर अनेक पर रचित। ग्रन्थशेषे ग्रन्थसमाप्तिकाल एइरूप पाओया जाय—

"शाके सिन्ध्वग्निवाणेन्दौ ज्येष्ठे वृन्दावनान्तरे।
सूर्येऽह्न्यसितपञ्चम्यां ग्रन्थोऽयं पूर्णतां गतः॥"

लिपिकारेर दोष पाठान्तर घटाय, बहुकाल यावत् तारिखटी सन्दिग्ध अवस्थाय रहियाछे। अथच गणित ज्योतिषशास्त्रेर माहात्म्ये अकाट्यरूपे इहा निर्णय करा चले। आमरा गणना करिया देखियाछि, १५३७ शकाब्द (७ई मे १६१५ खी०) ८-इ ज्यैष्ठ रविवार (चान्द्र वैशाखेर) कृष्णा पञ्चमी तिथि ३९-५० पल पर्यन्त छिल। सुतरां इहाइ चरितामृतेर प्रकृत रचनाकाल। "सूर्येऽह्नि सितपञ्चम्यां" पाठ भुल, कारण ऐ शके 'असित' अर्थात् कृष्णा सप्तमी मङ्गलवार पड़े, एवं शुक्ला पञ्चमी ज्यैष्ठ मासे सोमवार एवं शुक्ला सप्तमी बुधवार पड़े। "शाका-

त्रिबिन्दुबाणेन्दौ" पाठटी एकेवारेइ भुल एव कल्पित—१५०३ शाके ( २३शे मे १५८१ खृ० ) २५ शे ज्येष्ठे ( चान्द्र ज्येष्ठेर ) कृष्णा पञ्चमी ४ । १० पल पर्ज्जन्त छिल, किन्तु से दिन मङ्गलवार, रविवार नहे । ऐ मासेइ कृष्णा सप्तमी बुधवार । गौडीय वैष्णवेर सम्प्रदायविशेष दीर्घकाल जावत् एइ भ्रान्त एव कल्पित रचनाकाल ( १५०३ शक ) प्रचार करिया आसितेछेन । प्रेमविलासेर एक अभिनव विलासे एव वनविष्णुपुरेर एक पुँथिते ( वङ्गीय कवि २८-६ पृ० ) नाकि एइ तारिख पाओआ जाय ।

जाहा हउक, महाप्रभुर अन्तर्धानेर ८२ बत्सर पर रचित एकमात्र ग्रन्थेर उपर निर्भर करिया १४५५ शाके ताँहार तिरोभाव अविसंवादितरूपे ग्रहण करा जुक्तिजुक्त नहे । चरितामृते शकाङ्क भिन्न मासादिर उल्लेख नाइ । जयानन्द ओ लोचनदासेर मते रथजात्रार अव्यवहित परवर्ती आषाढेर शुक्ला सप्तमीते महाप्रभुर तिरोधान हय एव से दिन रविवार छिल । बहुकालपूर्वे पुरातन "श्री श्रीविष्णुप्रिया पत्रिकाय" द्वितीय वर्षे ( ७२ पृ० ) जनैक लेखक एइ तारिखटी गणना करिया देखियाछिलेन । १४५५ शाके ३१ शे आषाढ रविवार शुक्ला अष्टमी ४८।४१ पल छिल ( आमादेर गणनाय ४६।३३ पल ), किन्तु से दिन शुक्ला सप्तमी पाओआ जाय ना । उक्त लेखक महोदय १४५५ शकाङ्क अभ्रान्त धरिया तिथिटाइ भुल साव्यस्त करियाछिलेन । आमरा किन्तु मने करि तिथि अपेक्षा शकाङ्कटाइ भुल हओआर अधिक सम्भावना । चरितामृते लिखित शकेर ठिक एक बत्सर पूर्वे १४५४ शकाब्दे १२ इ आषाढ रविवार ( ९ इ जुन, १५३२ खृ० ) शुक्ला सप्तमी ५१।५४ पल पाओआ जाय एव इहाइ महाप्रभुर तिरोधानेर प्रकृत तारिख हइवे । पक्षान्तरे १४५८ शकेओ २७ शे आषाढ रविवार ( २५ शे जुन १५३६ खृ० ) शुक्ला सप्तमी ५५।१० पल छिल । महाप्रभुर जीवनीपञ्जी विभिन्नग्रन्थे विभिन्नप्रकार, चैतन्यभागवते ताँहार नीलाचले वास अधिकांश पुँथिते ' अष्टाविंशति बत्सर" लेखा आछे ( संशोधन करिया "अष्टादश सम्वत्सर ' लिखित हइयाछे ) । जयानन्दओ तिन बार लिखियाछेन ( पृ० १३७, १४९५० ) २८ बत्सर । दुइ जनेर मते ऐक्य देखिया आमरा प्रथमत १४५८ शकइ अवधारण करिते प्रवृत्त हइयाछिलाम । कृष्णदासेर मते २४ बत्सरे सन्न्यास, १८ बत्सर नीलाचले वास एव ६ बत्सर विभिन्नस्थान भ्रमण । ६, १८, २४ सरयागुलि गणिताङ्केर हिसावे एतइ विशुद्ध एव निर्दोष जे स्वभावतइ ए स्थले निपुण हस्तेर परिचालना आशङ्कित हय । चैतन्येर चरितावलीमध्ये सर्वापेक्षा प्राचीन एव प्रामाणिक ग्रन्थेर दोहाइ दिया आमरा उक्त उभय मतइ परित्याग करिते बाध्य हइयाछि ।

इहा नितान्त कलङ्केर विषय जे गौड़ीय-वैष्णव सम्प्रदायेर कीर्त्तिस्तम्भ बालकवि कवि-कर्णपूरेर "चैतन्य-चरितामृत ' महाकाव्य ए जावत् समुचित आदरलाभे वञ्चित रहियाछे । जगतेर साहित्ये १६ बत्सरेर बालक-रचित महाकाव्य अति विरल । एइ ग्रन्थेर शेष श्लोके "वदा रसा श्रुतय इन्दुरिति ' रचनाकाल निबद्ध रहियाछे—१४६४ शक ज्येष्ठ मास कृष्णा द्वितीया सोमवार । एइ तारिखटी गणितशास्त्रेर साहाज्ये विशुद्ध प्रतिपन्न हय । १४६४ शाके ५ इ ज्यष्ठ सोमवार (१ ला मे १५४२ खृ०) कृष्णा द्वितीया २२।१० पल छिल । सम्प्रति ढाका विश्वविद्यालये एइ काव्येर एक मूल्यवान् हस्तलिखित प्रतिलिपि सग्रहीत हइयाछे—ताहाते प्रतिलिपिकारक ४टी श्लोके निजेर परिचयादि ज्ञापन करियाछेन । ताँहार नाम विष्णुदास गोस्वामी एव तिनि स्वय रूपगोस्वामीर शिष्य छिलेन । ( ढाकार पुँथिखानि विष्णुदासेर स्वहस्तलिखित पुँथिर अपेक्षाकृत आधुनिक एकखानि नकल-मात्र हइब । ) तृतीय श्लोकटी मूल्यवान् ।

चैतन्यचन्द्रचरितामृतमद्भुतामैद्रुर्य ह्यब्दिकैर्विरचितं कविकर्णपूरैः ।
रूपाख्यमत्प्रभुवरैः स्वकराम्बुजाभ्यां शाके हयर्तुभुवने लिखितं पुरा यत् ॥

इहा हइते जाना जाय अद्भुतकर्मा कविकर्णपूर मात्र १६ वत्सर वयसे ( २८ वत्सर नहे—मूलकाव्ये ओ द्वितीय सर्ग ६० श्लोके "दुग्धपद" १६ अर्थे प्रयुक्त हइयाछे ) एइ महाकाव्य रचना करेन एवं रचनार मात्र तिन वत्सर परे १४६७ शाके स्वयं रूपगोस्वामी स्वहस्ते एइ ग्रन्थ नकल करियाछिलेन। रूपगोस्वामीर करकमलाङ्कित ग्रन्थेर प्रामाण्यविषये बोध हय सन्देह हइते ना। एइ महाकाव्येर शेष सर्गे पाओया जाय ( ४० श्लोके ) महाप्रभुर २४ वत्सरे संन्यास, ३ वत्सर श्रीक्षेत्रेर बाहिरे नानादेशे यातायात एवं २० वत्सर श्रीक्षेत्रवास ( १८ सर्ग, ६१ श्लोक द्रष्टव्य )। परवर्ती ४१ श्लोके स्पष्ट भाषाय ४७ वत्सर लीलाकालेर उल्लेख रहियाछे। एतदनुसारे १४५५ ( किंवा १४५८ ) शक छाड़िया १४५४ शकाब्देइ अन्तर्धान अवधारित हय। शास्त्रमते आयुर्गणना सावनमाने करिते हय। १४५४ शके तिरोधानकाले ताँहार वयःक्रम ठिक ४६ वत्सर ११ मास कयेकदिन उत्तीर्ण हइयाछिल। तर्कस्थले सौरमान धरिया परवत्सर ( १४५५ शके ) ओ वयःक्रम स्थूलतः ४७ वत्सर पाओया जाय बटे, किन्तु शुक्ला सप्तमी तिथि ओ रविवारेर सम्मिलन घटे ना। तद्भिन्न १४५४ शकाब्द आरेकटी निदर्शन द्वारा सूचित हय।

कविकर्णपूरेर परिणतवयसेर रचना चैतन्यचन्द्रोदय नाटकेर दशम अङ्के नीलाचले एक वत्सरेर महामहोत्सव विशेषभावे चित्रित हइयाछे। अङ्केर शेषे अद्वैत ओ महाप्रभुर जे कथोपकथन लिपिबद्ध हइयाछे ताहा आलोचना करिले निःसन्देह प्रतिपन्न हय जे से वत्सरइ महाप्रभुर लीलावसान हइयाछिल। 'लोकान्तरे' किंवा 'अपुरन्तरे' महाप्रभुर अद्य प्रार्थना एवं 'अवतारान्तरे' प्रतिश्रुति दान अन्यथा अर्थहीन हइया पड़े। एइ शेष वत्सरेर महोत्सवेर शेष दिन हेरापञ्चमी छिल—इहाओ जयानन्देर ओ लोचनदासेर उल्लिखित तिथिर परिपोषक बटे। एइ शेष वत्सरटी गणितेर साहाय्ये बाहिर करिया लओयार एकटी प्रकृष्ट चिह्न अज्ञातभावे विद्यमान रहियाछे। दशमाङ्केर १३ श्लोक हइते जाना जाय से वत्सर "महाज्येष्ठी जोग" सङ्घटित हइयाछिल। एइ जोग स्मृतिशास्त्रोक्त एकटी दुर्लभ ग्रह-समावेश। रघुनन्दनेर तिथितत्त्वे एइ जोगसङ्घटनेर नानाविध शास्त्रीय प्रकार प्रदर्शित हइयाछे। महाप्रभुर नीलाचल-वासकाले दुइ बार मात्र एइ महाज्येष्ठी जोग गणना द्वारा पाओया जाय। १४४३ शके एवं १४५४ शक। १४५४ शके २१शे ज्येष्ठ शुक्ला चतुर्दशी ४।२९ पलेर पर पूर्णिमा; अनुराधा नक्षत्र ४५।११ पल पर्यन्त, बृहस्पति अनुराधा नक्षत्रे ( ७।१।१४।०।२४ ) एवं रवि अनुराधा नक्षत्र हइते ठिक पञ्चदश रोहिणी नक्षत्रे वर्तमान छिल। तिथितत्त्वधृत व्यासभूति-वचनानुसार किंवा तृतीय मतानुसारे इहाइ "महाज्येष्ठी जोग" बटे।

सुतरां श्रीचैतन्यदेवेर अन्तर्धान घटियाछिल १४५४ शकाब्दे १२६ आषाढ़ रविवार शुक्ला सप्तमी तिथि-मध्ये—१५३२ खृष्टाब्दे २९ जुन तारिखे।

---

# मध्ययुग में राजस्थान और बङ्गाल के बीच साधना का सम्बन्ध

श्रीयुत क्षितिमोहन सेन, विश्वभारती, शान्तिनिकेतन।

भारतवर्ष में आज आधुनिक शिक्षा-दीक्षा का इतना विस्तार हुआ है और हम लोग विराट् भारतीय संस्कृति और सार्वभौमिकता की बँधी-सधी इतनी बोलियाँ रटा करते हैं, फिर भी हमारी सङ्कीर्ण प्रान्तीयता का अन्त नहीं।

अच्छी तरह देखने से मालूम होता है कि हमारी उदारता का अर्थ यही है कि दूसरे लोग उदार हो कर हमारी सारी प्रादेशिक वस्तुएँ निर्विवाद स्वीकार कर लें पर हमें अपनी सीमा छोड़ कर जरा भी बाहर न जाना पड़े।

प्राचीन काल में, सम्भवत, इस तरह की बँधी-सधी बोलियाँ नहीं थीं, पर ज्ञान, धर्म और संस्कृति का लेन-देन कितना स्वाभाविक था। बाहर की दुनिया के साथ भी इन सब विषयों के साथ योग रहने में भारतवर्ष को कोई बाधा नहीं थी। और रेल, स्टीमर, तार, डाकघर आदि के बिना ही उन दिनों में भारतवर्ष के सभी प्रदेशों में जो योग था वह बड़ा ही विस्मयजनक है।

मैं गौड़ (बङ्गाल) का हूँ और आपलोग राजस्थान के। यद्यपि इतनी दूर से आज मैं अपनी अन्तर् की निर्मल श्रद्धाञ्जलि निवेदन करने जा रहा हूँ, फिर भी आजकल बहुतों के लिए इस प्रदेश-भेद का मूल जानना सम्भवत कठिन होगा। पर उन दिनों में इस व्यवधान से कुछ आता-जाता नहीं था।

शङ्कराचार्य, रामानुज आदि दक्षिण भारत के निवासी थे पर आज समूचे भारतवर्ष में उन का स्थान है। जयदेव बङ्ग देश के थे पर भारतवर्ष में कहाँ उन का गान आदर के साथ नहीं गाया जाता? लीलाशुक बिल्वमङ्गल तामिल देश के रहने वाले थे पर आज का बङ्गाली भी, प्रत्येक गृह में, यही समझता है कि वे उस के अपने देश के ही आदमी हैं।

उन दिनों सारे भारतवर्ष में ऐक्य-योग के कितने ही साधन थे। सारे भारत में फैले हुए तीर्थ थे, इसी लिए अन्यान्य प्रान्तों के लोगों की भाँति ही बङ्गाली के प्रत्येक घर में उस का चित्त राजस्थान के पुष्कर क्षेत्र के दर्शन के लिए व्याकुल रहा करता था। राजस्थान के जैन साधु, दल बाँधकर, बङ्ग देश के पारसनाथ आदि नाना जैन तीर्थों का दर्शन करने आया करते थे।

साधु लोग अपने शिष्यों के साथ, दल बाँध कर, तीर्थ-दर्शन और अन्य कई उद्देश्यों से नाना प्रदेशों में भ्रमण किया करते थे। चातुर्मास्य और वर्षाकाल के उपलक्ष में बहुत दिनों तक एक ही स्थान पर वास भी करते थे। इसी लिए अनेक प्रकार से प्रत्येक प्रान्त में पारस्परिक भावों का आदान-प्रदान चलता था, इसी लिए एक प्रान्त की संस्कृति (culture) दूसरे प्रान्त में फैल जाती थी।

किसी एक प्रान्त में एक धर्म या संस्कृति का उदय होता तो उस धर्म और संस्कृति के साथ ही साथ उस प्रदेश की भाषा भी अन्यान्य प्रान्तों में समादृत होती थी।

संस्कृति और धर्म के साथ ही भाषा का भी विस्तार और प्रचार हुआ करता, तथा प्रत्येक प्रदेश में आपस का परिचय भी घनिष्ठ हो जाया करता था। नाना प्रदेश विस्तृत भाषा पर नाना स्थानों की छाप पड़ा करती थी।

मध्य भारत में प्रचलित संस्कृत की बात छोड़ देने पर भी देखते हैं कि जो पाली भाषा बौद्धों की इतनी भक्ति और श्रद्धा का धन था वह क्या बाद में केवल उत्तर मागधी मात्र रह सकी? दिनों-दिन वह शौरसेनी धर्माक्रान्त हो गई। जैन-मागधी में ही क्या अन्य एक मगध का वह रूप टिक सका था?

'कल्चर (संस्कृति) के प्रयोजन से परवर्ती काल में भी, देखा जाता है अपभ्रंश भाषा नाना स्थानों में व्याप्त हो गई। अवश्य ही प्रान्तभेद से उस में कुछ रूप भेद भी हुआ था। 'बौद्ध गान और दोहा' में जिस प्रकार का अपभ्रंश पाया जाता है, प्रायः उसी तरह का अपभ्रंश, जरा जरा प्रादेशिक विशिष्टता के साथ, कर्नाटक से बङ्गाल तक फैला हुआ था। भिन्न भिन्न प्रान्तों के भक्त और साधक लोग उस समय एक-दूसरे के गान और मर्म समझ सकते थे।

बङ्गाल के नाथ और योगियों के पद मैनामती और गोपीचन्द के गान सारे उत्तर भारत—यहाँ तक कि सिन्ध, कच्छ, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक—में भी गाए जाते थे। मैं ने राजपूताने के योगियों में, यहाँ तक कि कच्छ धीनोधर में भी—बङ्गाल के नाथ और योगियों के अनुरूप वाणी का प्रचलन देखा है। गोरखनाथ (गोरक्षनाथ) के गान, नाथ और योगी-पद बङ्गाल, राजपूताना इत्यादि सब जगह प्रचलित थे। जयदेव की भाषा यद्यपि संस्कृत है फिर भी वह काफी मात्रा में प्राकृतधर्मी है। फिर भी, उन के गान काश्मीर से कुमारी तक सर्वत्र समान भाव से समादृत था। यह ठीक है कि इस तरह का विस्तार होने में काफी समय लगा था, किन्तु आज के इस वैज्ञानिक सुयोग के काल में भी वैसा होना सहज नहीं है।

दिल्ली के बादशाह के सेनापति हो कर राजा मानसिंह बङ्गाल आए थे, फलतः यशोहर (जैसोर) की देवी गई राजपूताने के आमेर में। साथ ही साथ यशोहर की देवी के पुजारियों को भी आमेर जाना पड़ा। आज भी वहाँ उस देवी की पूजा भक्ति के साथ होती है और देवी के उन बङ्गाली सेवकों का दल आज भी उस की पूजा करता चला रहा है।

वृन्दावन में गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय के सात प्रधान ठाकुर थे। श्री श्री गोविन्द को श्री रूप गोस्वामी ने प्रतिष्ठित किया था, श्री श्री मदनमोहन को श्री सनातन गोस्वामी ने और श्री श्री राधामोहन को श्री जीव गोस्वामी ने प्रतिष्ठित किया था। किसी किसी का मत है कि इन्हें श्री रूप गोस्वामी ने प्रतिष्ठित किया था। श्री श्री गोपीनाथ की प्रतिष्ठा श्री भूगर्भ गोस्वामी और श्री मधु पण्डित ने की थी। श्री श्री श्यामसुन्दर उत्कल देश के भक्त श्री श्यामानन्द के प्रतिष्ठित थे। श्री श्री राधाविनोद की प्रतिष्ठा श्री नरोत्तम ठाकुर ने, श्री श्री गोकुलानन्द की प्रतिष्ठा श्री लोकनाथ गोस्वामी ने और श्री श्री राधारमण की प्रतिष्ठा श्री गोपाल भट्ट ने की थी। श्री श्री राधाविनोद और श्री श्री गोकुलानन्द की सारी सेवा एक ही साथ होती है।

उत्कलवासी भक्त श्री श्यामानन्द के स्थापित श्री श्री श्यामसुन्दर के सेवक उड़िया हैं, और बाकी ६ ठाकुरों के सेवक बङ्गाली हैं। गोविन्द गोपीनाथ, मदनमोहन इन तीन ठाकुरों की ही प्रतिष्ठा ज्यादा है। उन में भी गोविन्द की प्रतिष्ठा सब से अधिक है।

अन्त तक श्री गोपाल भट्ट के प्रतिष्ठित श्री श्री राधारमण का विग्रह ही वृन्दावन में टिक सका। दिल्ली के अत्याचार से श्री श्री गोविन्द राधा-दामोदर गोपीनाथ श्यामसुन्दर, राधाविनोद गोकुलानन्द इन कई

विग्रहों को राजपूताने के जयपुर में चला जाना पड़ा और श्री श्री मदनमोहन को जयपुराधीश ने अपनी ससुराल करौली में भेज दिया। जयपुर नरेश के साले करौली के राजा गोपालसिंह ने सन् १७४० ई० के आस-पास करौली में मदनमोहन का एक सुन्दर मन्दिर बनवाया। कहा जाता है कि भक्त सूरदास वृन्दावन में इन्हीं मदनमोहन के बड़े उपासक थे।

वृन्दावन में गोविन्दजी का जो मन्दिर था वह जैसा मनोरम था वैसा ही विशाल भी। इस मन्दिर की दीवाल में जड़े हुए एक अस्पष्ट प्रस्तर-फलक के पाठ से जाना जाता है कि आमेर नरेश मानसिंह ने अकबर के चौंतीसवें राज्याब्द में, श्री रूप-सनातन के तत्त्वावधान में, गोविन्दजी की प्रतिष्ठा कराई थी। मुल्तान के कृष्णदास वणिक् ने भी इस में काफ़ी सहायता दी थी। यह मन्दिर बाद को मुसलमानों के हाथ से विकृत हो गया। जो थोड़ा सा बच रहा है उसे देख कर ही अचरज में पड़ जाना पड़ता है। गोपीनाथ का मन्दिर भी शेखावाटी (राजपूताना) के रायसिंह का बनवाया हुआ था। ये सम्राट् अकबर के सभासद थे। इस समय यह मन्दिर जीर्ण हो गया है।

वृन्दावन के सात विग्रहों में से छः तो गए राजपूताने में। वहाँ जाने पर भी छः में से पाँच के सेवक बङ्गाली हैं, उन का विवाहादि सम्बन्ध आज भी बङ्गालियों में ही होता है।

दिल्ली के अत्याचार से राजपूताना बचा था। इसी लिए केवल देवता या देवविग्रह ही नहीं अनेकानेक स्वाधीन मत और सम्प्रदायों के उपदेष्टाओं ने भी अपने अपने पोथी पत्रों के साथ राजस्थान में आश्रय ग्रहण किया। नाना स्थानों से सेठों का दल भी आ कर वहाँ आश्रित हुआ था। इसी लिए उन दिनों में राजपूताना नाना धर्मों भावों और ऐश्वर्यों से समृद्ध हो उठा था।

छः छः गौड़ीय ठाकुर अपने सेवकों सहित राजस्थान में प्रतिष्ठित हुए। इस के फल स्वरूप गौड़ीय मतवाद राजस्थान में विशेष रूप में सम्मानित हुआ। आज भी गीजगढ के सरदार खुशहाल सिंह के समान विद्वान् और भक्त लोग गौड़ीय गुरु के शिष्य हैं। आप एक बार जयपुर के हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे।

वृन्दावन में गौड़ीय ठाकुर का मन्दिर बनवा कर और कुसमय में छः ठाकुरों को आश्रय दे कर तथा उन की सेवा के लिए व्यय की व्यवस्था कर के राजपूताने के—खास कर जयपुर के—राजा लोग बङ्गाल के चिर कृतज्ञता के पात्र हुए हैं।

नाना कारणों से जयपुर के साथ बङ्गाल का सम्बन्ध बहुत पुराना है। प्राचीन जयपुर नगर का जो नगर प्रतिष्ठान व्यवस्था (Town Planning) इतनी सुन्दर है वह बङ्गाली विद्याधर भट्टाचार्य की बनाई हुई है।

अँगरेज राजत्व के प्रारम्भ में राज काज के लिए और विशेषतः अँगरेजी शिक्षा देने के लिए जो बङ्गाली राजपूताने में गए थे, आज उन की चर्चा नहीं करूँगा, साथ ही राजपूताने से कलकत्ते में तथा सारे बङ्गाल में जा राजस्थानी मारवाड़ी व्यवसायियों का दल वास करके दिन दिन स्वदेश को समृद्ध कर रहा है उस की बात भी आज नहीं कहूँगा। क्योंकि यह बात इस नए युग से सम्बन्ध रखती है। हमारा वक्तव्य उस मध्य युग से है जब नाना प्रान्तों में सम्बन्ध स्थापित करने में धर्म और 'कल्चर' का तकाजा छोड़कर अन्य कोई स्थूल वैषयिक तकाजा हो नहीं था।

आज कलकत्ते का बड़ा बाज़ार देखने से जान पड़ता है कि कोई राजस्थान का ही महानगर है। प्राचीन काल में भी व्यवसाय के लिए मुर्शिदाबाद, जियागञ्ज प्रभृति स्थानों में अनेक राजस्थानी जैन सेठ आ कर वास करने लगे थे।

जो हो, राजनैतिक और वैषयिक सम्बन्ध कभी भी ऐसा विशुद्ध नहीं होता। इसी लिए राजपूताने और बङ्गाल में जो विशुद्ध आध्यात्मिक सम्बन्ध है उसी को मैं आज श्रद्धा-सहित स्मरण कर रहा हूँ।

राजपूताने के पास ही हैं वृन्दावन और मथुरा। श्री श्री वल्लभाचार्य के मत को पुष्टि-मार्ग कहते हैं। इन का स्थान मथुरा-गोकुल में था, वृन्दावन में नहीं। इन को भी अन्त में नाथद्वारा में जा कर आश्रय लेना पड़ा। वृन्दावन गौड़ीय भक्तों की साधना और राजपूत राजाओं की सहायता से ही गठित हो उठा था।

सनकादि सम्प्रदाय से उद्भूत होने पर भी वृन्दावन का राधावल्लभी सम्प्रदाय गौड़ीय मत से, विशेष कर नित्यानन्दी भाव से, प्रभावान्वित था। इसी लिए ये पुरुष की अपेक्षा प्रकृति को ही प्रधान मानते हैं। उन की राधा आगे हैं कृष्ण पीछे। इस सम्प्रदाय के साथ गौड़ीय महाप्रभु के सम्प्रदाय का बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। कवि नागरीदास राधावल्लभी कहे जाते हैं पर बहुत लोग उन्हें गौड़ीय सम्प्रदाय के ही समझते हैं।

सोलहवीं शताब्दी के शेष भाग में वृन्दावन में हरिदासी या टट्टी सम्प्रदाय का उद्भव हुआ। इन में भी गौड़ीय भावों का प्रभाव पाया जाता है। इस सम्प्रदाय में विट्ठलविपुल, बिहारिणीदास, सहचरीशरण प्रभृति विख्यात लोगों ने जन्म ग्रहण किया। विख्यात कवि शीतल स्वामी का जन्म भी इसी टट्टी सम्प्रदाय में हुआ था। इन सब महापुरुषों के लेख और प्रभाव से भी राजपूताने में गौड़ीय भावों का बहुत प्रसार हुआ है।

भक्त और साधिका मीराबाई राजस्थान की कन्या हैं, यह बात बङ्गाल के भक्त कभी मन में भी लाते हैं? मीराबाई तो उन के अपने घर की हैं; उन की जीवनी, उन का गान तो बङ्गाली भक्तों की अपने अन्तर की वस्तु है!

मीरा के साथ गौड़ीय साधकों का घनिष्ठ परिचय हुआ था, बहुत कुछ गौड़ीय प्रभाव भी उन के जीवन में घटा था। फिर मीरा के गान ने भी बङ्गाल के भक्तों को कम सरस नहीं किया था। वे तो मीरा को अपना स्वजन ही समझते थे।

उन दिनों में भी देखते-देखते किस प्रकार एक प्रदेश का उत्तम काव्य और साहित्य दूसरे प्रदेशों में फैल जाता था, इस बात को हम मलिक मुहम्मद जायसी (१५४०) के 'पदुमावती' काव्य के प्रसार को देख कर समझ सकते हैं। जायसी एक ओर तो चिश्ती सम्प्रदाय के मुहीउद्दीन के शिष्य थे और दूसरी ओर अलङ्कारादि शास्त्रों में ब्राह्मण पण्डितगण उन के गुरु थे। अमेठी के हिन्दू राजा उन के भक्त थे। उन्हों ने ही जायसी की दरगाह बनवा दी थी।

इस पदुमावती की रचना के कुछ ही दिन बाद बङ्गाल में भी उस की ख्याति फैल गई।

सुदूर अराकान तक जब इस की ख्याति फैल गई तो वहाँ के मुसलमान राजा मगन ठाकुर के अनुरोध से कवि आलावल ने पदुमावती का बँगला अनुवाद किया। कहाँ जायसी का देश और कहाँ अराकान! इस पदुमावती काव्य से ही बङ्गाली के घर-घर में भीमसिंह और पद्मिनी की कथा प्रसिद्ध हो गई। इसी लिए पुरानी बँगला कहानियों में पुष्कर की अपेक्षा चित्तौर का नाम अधिक सर्वजन-परिचित है। चित्तौर की इस कथा के कारण सारा राजस्थान उन की अपने घर की चीज हो गई।

उस समय साधारण जनता उदयपुर का नाम बहुत कम जानती थी। त्रिपुरा राज्य में एक उदयपुर के स्थापित होने पर भी राजा-रईसों को छोड़ कर साधारण लोग उदयपुर का नाम कुछ अधिक नहीं जानते थे।

वर्तमान युग में प्राचीन भारत की वीरता के प्रति भक्ति दिखाने के लिए राजपूताने के इतिहास ने सम्भवत. बँगला साहित्य में ही पहले-पहल अत्यन्त मुख्य स्थान ग्रहण किया था। किन्तु हमारा विषय है मध्य युग की साधना का परिचय। इसी लिए आज इन बातों के उल्लेख का कोई हेतु नहीं है।

केवल हिन्दुओं के द्वारा ही बङ्गाल और राजपूताने का सम्बन्ध घनिष्ठ नहीं हुआ। मुसलमान साधकों के द्वारा भी यह सम्बन्ध दिन-दिन घनिष्ठ होता गया है।

साधक-शिरोमणि मुईनुद्दीन चिश्ती ( ११४२-१२३६ ) ने अपनी साधना का पीठ अजमेर को बनाया। इसी लिए बङ्गाल के ठेठ देहात के मुसलमान भी मक्का की भाँति पवित्र समझ कर अजमेर में तीर्थ-यात्रा को जाते हैं। हिन्दू साधकों में से भी अनेक साधकों ने चिश्ती के साधना-स्थान तक तीर्थ-यात्री की भाँति श्रद्धा सहित यात्रा की है। १६२५ ई० के आस-पास श्रीहट्ट के विथङ्गल मठ के संस्थापक साधक रामकृष्ण अपने शिष्य कृपालदास को ले कर वहाँ गए थे और वहाँ कुछ दिन रह कर बहुत से साधकों से परिचित हुए।

सुप्रसिद्ध फ़ैज़ी और अबुलफ़ज़ल के पिता का नाम था मुबारक नागोरी। ये यद्यपि भारतवर्ष के बाहर से आए थे फिर भी आ कर जोधपुर के अन्तर्गत नागोर नामक ग्राम में रहने लगे थे। इसी लिए इन की उपाधि 'नागोरी' हुई। कुरान, हदीस इत्यादि शास्त्रों पर मुबारक की विशेष आस्था नहीं थी। वे स्वाधीन 'कल्चर' के उपासक थे। इसी लिए वे यूनानी अर्थात् ग्रीक दर्शन और नव-अफ़्लातूनी ( Neo-Platonic ) ज्ञान के अगाध पण्डित थे। भारत में इतना स्थान रहते हुए भी क्यों ये राजपूताने में ही आ कर रहने लगे, यह समझना कुछ विशेष कठिन नहीं है। जो राजस्थान चिर काल अपनी स्वाधीनता की रक्षा के लिए युद्ध करता आया था वही स्वाधीनता के साधकों का आश्रय-स्थान था और था स्वाधीन चिन्ता का उपयुक्त साधना-पीठ। इसी लिए देखा जाता है कि मध्य युग में राजस्थान में अनेकानेक स्वाधीन मतवाद का प्रादुर्भाव हुआ है और बाहरी अत्याचार से पीड़ित अनेक मतवाद इसी राजस्थान में आश्रित हुए हैं।

अकबर जब अपने उदार धर्म के प्रचार के लिए उद्यत हुए उस समय नागोरी मुबारक के पुत्र सुप्रसिद्ध फ़ैज़ी ( १५४७ ) और अबुलफ़ज़ल ( १५५१ ) ही उन के दाहिने हाथ थे। मुबारक ने अपने पुत्रों को भारतीय शास्त्र, दर्शन और कल्चर ( संस्कृति ) में सुपण्डित बनाया था। फ़ैज़ी वेदान्त के गम्भीर पण्डित थे। उन्हों ने अच्छे-अच्छे वेदान्त ग्रन्थों, महाभारत, रामायण आदि का अनुवाद किया था।

जब मध्ययुग के उदार धर्म-साधकों ने साधना में हिन्दू और मुसलमानों की अध्यात्म-विद्याओं का समन्वय करना चाहा तो उस समय भारतीय संस्कृति ने वेदान्त-विद्या को तथा मुसलमानों द्वारा समादृत यूनानी 'कल्चर' ने नव-अफ़्लातूनी ( Neo-Platonic ) मत को आगे किया। इन दोनों मतों ने दो दिशाओं से आ कर बीच में मिलन-सेतु की रचना की थी। वास्तव में ये ही दो मत ऐसे थे जिन में इतना प्रसार-गुण था कि इस कार्य को कर सकते थे। मध्ययुग के भारतीय असाम्प्रदायिक उदार साधकों में, विशेष कर बङ्गाल के आउल-बाउलों में, इस भारतीय नव-अफ़्लातूनी मत को *'नागोरी विद्या'* नाम दिया गया है। *खूब सम्भव है कि मुबारक नागोरी के नाम पर ही यह नामकरण हुआ हो।*

दरिया साहब नाम के दो साधकों ने साधना के द्वारा इस नागोरी मत को विशेष रूप से प्रतिष्ठित और विस्तृत किया था। एक थे दरिया साहब मारवाड़ी ( १६७६-१७५८ )। इन का जन्म मुसलमान माता से धुनिया वंश में हुआ था। बहुत लोग इन्हें दादू का अवतार समझते हैं। दादू की ही भाँति इन के उपदेश

जो हो, राजनैतिक और वैषयिक सम्बन्ध कभी भी ऐसा विशुद्ध नहीं होता। इसी लिए राजपूताने और बङ्गाल में जो विशुद्ध आध्यात्मिक सम्बन्ध है उसी को मैं आज श्रद्धा-सहित स्मरण कर रहा हूँ।

राजपूताने के पास ही हैं वृन्दावन और मथुरा। श्री श्री वल्लभाचार्य के मत को पुष्टि-मार्ग कहते हैं। इन का स्थान मथुरा-गोकुल में था, वृन्दावन में नहीं। इन को भी अन्त में नाथद्वारा में आ कर आश्रय लेना पड़ा। वृन्दावन गौड़ीय भक्तों की साधना और राजपूत राजाओं की सहायता से ही गठित हो उठा था।

सनकादि सम्प्रदाय से उद्भूत होने पर भी वृन्दावन का राधावल्लभी सम्प्रदाय गौड़ीय मत से, विशेष कर नित्यानन्दी भाव से, प्रभावान्वित था। इसी लिए ये पुरुष की अपेक्षा प्रकृति को ही प्रधान मानते हैं। उन की राधा आगे हैं कृष्ण पीछे। इस सम्प्रदाय के साथ गौड़ीय महाप्रभु के सम्प्रदाय का बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। कवि नागरीदास राधावल्लभी कहे जाते हैं पर बहुत लोग उन्हें गौड़ीय सम्प्रदाय के ही समझते हैं।

सोलहवीं शताब्दी के शेष भाग में वृन्दावन में हरिदासी या टट्टी सम्प्रदाय का उद्भव हुआ। इन में भी गौड़ीय भावों का प्रभाव पाया जाता है। इस सम्प्रदाय में विट्ठलविपुल, बिहारिणीदास, सहचरीशरण प्रभृति विख्यात लोगों ने जन्म ग्रहण किया। विख्यात कवि शीतल स्वामी का जन्म भी इसी टट्टी सम्प्रदाय में हुआ था। इन सब महापुरुषों के लेख और प्रभाव से भी राजपूताने में गौड़ीय भावों का बहुत प्रसार हुआ है।

भक्त और साधिका मीराबाई राजस्थान की कन्या हैं, यह बात बङ्गाल के भक्त कभी मन में भी लाते हैं? मीराबाई तो उन के अपने घर की हैं; उन की जीवनी, उन का गान तो बङ्गाली भक्तों की अपने अन्तर की वस्तु है!

मीरा के साथ गौड़ीय साधकों का घनिष्ठ परिचय हुआ था, बहुत कुछ गौड़ीय प्रभाव भी उन के जीवन में घटा था। फिर मीरा के गान ने भी बङ्गाल के भक्तों को कम सरस नहीं किया था। वे तो मीरा को अपना स्वजन ही समझते थे।

उन दिनों में भी देखते-देखते किस प्रकार एक प्रदेश का उत्तम काव्य और साहित्य दूसरे प्रदेशों में फैल जाता था, इस बात को हम मलिक मुहम्मद जायसी (१५४०) के 'पदुमावती' काव्य के प्रसार को देख कर समझ सकते हैं। जायसी एक ओर तो चिश्ती सम्प्रदाय के मुहीउद्दीन के शिष्य थे और दूसरी ओर अलङ्कारादि शास्त्रों में ब्राह्मण पण्डितगण उन के गुरु थे। अमेठी के हिन्दू राजा उन के भक्त थे। उन्हीं ने ही जायसी की दरगाह बनवा दी थी।

इस पदुमावती की रचना के कुछ ही दिन बाद बङ्गाल में भी उस की ख्याति फैल गई।

सुदूर अराकान तक जब इस की ख्याति फैल गई तो वहाँ के मुसलमान राजा मगन ठाकुर के अनुरोध से कवि अलावल ने पदुमावती का बँगला अनुवाद किया। कहाँ जायसी का देश और कहाँ अराकान! इस पदुमावती काव्य से ही बङ्गाली के घर-घर में भीमसिंह और पद्मिनी की कथा प्रसिद्ध हो गई। इसी लिए पुरानी बँगला कहानियों में पुष्कर की अपेक्षा चित्तौर का नाम अधिक सर्वजन-परिचित है। चित्तौर की इस कथा के कारण सारा राजस्थान उन की अपने घर की चीज़ हो गई।

उस समय साधारण जनता उदयपुर का नाम बहुत कम जानती थी। त्रिपुरा राज्य में एक उदयपुर के स्थापित होने पर भी राजा-रईसों को छोड़ कर साधारण लोग उदयपुर का नाम कुछ अधिक नहीं जानते थे।

वर्तमान युग में प्राचीन भारत की वीरता के प्रति भक्ति दिखाने के लिए राजपूताने के इतिहास ने सम्भवतः बँगला साहित्य में ही पहले-पहल अत्यन्त मुख्य स्थान ग्रहण किया था। किन्तु हमारा विषय है मध्य युग की साधना का परिचय। इसी लिए आज इन बातों के उल्लेख का कोई हेतु नहीं है।

केवल हिन्दुओं के द्वारा ही बङ्गाल और राजपूताने का सम्बन्ध घनिष्ठ नहीं हुआ। मुसलमान साधकों के द्वारा भी यह सम्बन्ध दिन-दिन घनिष्ठ होता गया है।

साधक-शिरोमणि मुईनुद्दीन चिश्ती ( ११४२-१२३६ ) ने अपनी साधना का पीठ अजमेर को बनाया। इसी लिए बङ्गाल के ठेठ देहात के मुसलमान भी मक्का की भाँति पवित्र समझ कर अजमेर में तीर्थ-यात्रा को जाते हैं। हिन्दू साधकों में से भी अनेक साधकों ने चिश्ती के साधना-स्थान तक तीर्थ-यात्री की भाँति श्रद्धा सहित यात्रा की है। १६२५ ई० के आस-पास श्रीहट्ट के विथङ्गल मठ के संस्थापक साधक रामकृष्ण अपने शिष्य कृपालदास को ले कर वहाँ गए थे और वहाँ कुछ दिन रह कर बहुत से साधकों से परिचित हुए।

सुप्रसिद्ध फ़ैज़ी और अबुलफ़ज़ल के पिता का नाम था मुबारक नागोरी। ये यद्यपि भारतवर्ष के बाहर से आए थे फिर भी आ कर जोधपुर के अन्तर्गत नागोर नामक ग्राम में रहने लगे थे। इसी लिए इन की उपाधि 'नागोरी' हुई। कुरान, हदीस इत्यादि शास्त्रों पर मुबारक की विशेष आस्था नहीं थी। वे स्वाधीन 'कल्चर' के उपासक थे। इसी लिए वे यूनानी अर्थात् ग्रीक दर्शन और नव-अफ़्लातूनी ( Neo-Platonic ) ज्ञान के अगाध पण्डित थे। भारत में इतना स्थान रहते हुए भी क्यों ये राजपूताने में ही आ कर रहने लगे, यह समझना कुछ विशेष कठिन नहीं है। जो राजस्थान चिर काल अपनी स्वाधीनता की रक्षा के लिए युद्ध करता आया था वही स्वाधीनता के साधकों का आश्रय-स्थान था और था स्वाधीन चिन्ता का उपयुक्त साधना-पीठ। इसी लिए देखा जाता है कि मध्य युग में राजस्थान में अनेकानेक स्वाधीन मतवाद का प्रादुर्भाव हुआ है और बाहरी अत्याचार से पीड़ित अनेक मतवाद इसी राजस्थान में आश्रित हुए हैं।

अकबर जब अपने उदार धर्म के प्रचार के लिए उद्यत हुए उस समय नागोरी मुबारक के पुत्र सुप्रसिद्ध फ़ैज़ी ( १५४७ ) और अबुलफ़ज़ल ( १५५१ ) ही उन के दाहिने हाथ थे। मुबारक ने अपने पुत्रों को भारतीय शास्त्र, दर्शन और कल्चर ( संस्कृति ) में सुपण्डित बनाया था। फ़ैज़ी वेदान्त के गम्भीर पण्डित थे। इन्हों ने अच्छे-अच्छे वेदान्त-ग्रन्थों, महाभारत, रामायण आदि का अनुवाद किया था।

जब मध्ययुग के उदार धर्म-साधकों ने साधना में हिन्दू और मुसलमानों की अध्यात्म-विद्याओं का समन्वय करना चाहा तो उस समय भारतीय संस्कृति ने वेदान्त-विद्या को तथा मुसलमानों द्वारा समादृत यूनानी 'कल्चर' ने नव-अफ़्लातूनी ( Neo-Platonic ) मत को आगे किया। इन दोनों मतों ने दो दिशाओं से आ कर बीच में मिलन-सेतु की रचना की थी। वास्तव में ये ही दो मत ऐसे थे जिन में इतना प्रसार-गुण था कि इस कार्य को कर सकते थे। मध्ययुग के भारतीय असाम्प्रदायिक उदार साधकों में, विशेष कर बङ्गाल के आउल-बाउलों में, इस भारतीय नव-अफ़्लातूनी मत को 'नागोरी विद्या' नाम दिया गया है। खूब सम्भव है कि मुबारक नागोरी के नाम पर ही यह नामकरण हुआ हो।

दरिया साहब नाम के दो साधकों ने साधना के द्वारा इस नागोरी मत को विशेष रूप से प्रतिष्ठित और विस्तृत किया था। एक थे दरिया साहब मारवाड़ी ( १६७६-१७५८ )। इन का जन्म मुसलमान माता से धुनिया वंश में हुआ था। बहुत लोग इन्हें दादू का अवतार समझते हैं। दादू की ही भाँति इन के उपदेश

१५ अङ्गों में विभक्त हैं। इस मत में हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्मों के शिष्य हैं। ये लोग राम, परब्रह्म आदि शब्दों का व्यवहार करते हैं। इन के यहाँ मन्त्र परिचय है, और हैं योग की गम्भीर बातें।

और एक दरिया साहब बिहारी थे। उज्जयिनी के राजवंश की एक धारा आ कर बक्सर के पास जगदीशपुर में राज्य करती थी। इसी क्षत्रिय-वंश में साधक पीरनशाह ने जन्म ग्रहण किया था। सूफ़ी साधना से आकृष्ट हो कर पीरन साहब सूफ़ी हो गए। इन्हीं पीरन साहब के पुत्र थे दरिया साहब। कबीर के द्वारा ही विशेष रूप से आप अनुप्राणित हुए थे। आप भगवान् को 'सत्यनाम' कहा करते थे।

ये लोग लिखित किसी शास्त्र, व्रत, तीर्थ, आचार, बाह्य विधि आदि के क़ायल नहीं हैं। विग्रह-मूर्त्ति या अवतार की पूजा भी ये लोग नहीं करते। जाति-भेद भी नहीं मानते। मत्स्य-मांस और जीव-हिंसा का इन के यहाँ निषेध है। इन के ३६ प्रधान शिष्य थे। चार स्थानों पर इन के चार प्रधान अखाड़े हैं। मनुआ चौकी के अखाड़े के अलखशाह पूर्व देश में गए थे। गौड़ वरेन्द्र हो कर, मैमनसिंह और श्रीहट्ट होते हुए, ये दक्षिण में शाहबाज़पुर तक गए थे। हिन्दू और मुसलमान सब को ये योग और मैत्री का उपदेश सर्वत्र करते फिरे। इन्हीं के उपदेश के फल स्वरूप नागोरी मत विशेष रूप से बङ्गाल में प्रचारित हुआ और आउल-बाउल, दरवेश आदि सम्प्रदायों में फैल गया। पूर्व बङ्ग के मदन प्रभृति पद-रचयिताओं में, दक्षिण शाहबाज़पुरी और श्रीहट्टी बाउलों में और रङ्गपुर के पश्चिम भाग के सोनाउल्लाशाह के सम्प्रदाय आदि में यह नागोरी मतवाद इसी तरह प्रतिष्ठित हुआ।

अलवर राज्य में अट्ठारहवीं शताब्दी में रसूलशाह नामक एक फ़क़ीर रहते थे। बङ्गाल के एक तान्त्रिक साधक के निकट वे तान्त्रिक साधना के रहस्यों से अवगत हो कर तान्त्रिक साधना में प्रवृत्त हुए। बाद को वे एक मशहूर तान्त्रिक हुए और उन्हीं ने इस मत का प्रचार किया। यह मत पञ्जाब तक फैल गया। ये लोग तान्त्रिकों की तरह चक्र में बैठते हैं और वीराचार से साधना करते हैं। ये लोग षट्चक्र-भेद कर के सहस्रार सुधा का पान करते हैं। लौकिक मद की भी ये लोग उपेक्षा नहीं करते। ये लोग अलौकिक क्रिया कर सकते हैं और रसायनविद्या में बड़े पटु होते हैं। काव्य-साहित्य के रसास्वादन में भी इन की प्रतिष्ठा है*।

इन के एक शिष्य थे शाहअली। ये बङ्गाल में आ कर उत्तर बङ्ग के भोटमारी में गए और सहज साधक रूपचन्द गोसाईं के साथ साधन में युक्त हुए। उस समय वहाँ तीन सहज मत के साधकों के सम्प्रदाय थे। कमलकुमारी, भाभवाड़ी और मध्यमा। कमलकुमारी मत के साधक माला-विग्रह आदि ग्रहण करते थे, इसी लिए शाहअली की उन के साथ विशेष घनिष्ठता नहीं हो सकी। भाभवाड़ी सम्प्रदाय के साधकगण उदार और "अव्यक्तलिङ्गाचार" थे। ये माला, विग्रह, तुलसी, गङ्गाजल आदि की विशेष पूज्यता नहीं मानते। साम्प्रदायिक भेद-बुद्धि भी इन में कुछ वैसी नहीं थी। इसी लिए इन्हीं के साथ शाहअली का योग हुआ। रूपचन्द गोसाईं के शिष्य खेपा (=पागल) गोसाईं नीलफामारी के अन्तर्गत बेलपुकुर ग्राम में १५-१६ वर्ष पहले मरे हैं। उस समय उन की अवस्था शायद ७५ वर्ष की थी। उस प्रदेश के हिन्दू-मुसलमान बाउलों में आज भी उन की साधना का प्रभाव स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

---

* यह लेख लिखा जा चुका था, मैं भेजने की व्यवस्था कर रहा था, कि मेरे एक गुजराती मित्र ने काठियावाड़ में पाई गई बँगला की एक प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तक दिखाई। यह पुस्तक बङ्गाल के रसूलशाही तान्त्रिक मत की है। पुस्तक जैन पुस्तकालय में पड़ी थी। मालूम होता है, भूल से यह पुस्तक राजपूताने का सफ़र करती हुई जैन साधुओं के साथ काठियावाड़ पहुँची।

जयदेव के गीतगोविन्द का ही नाम प्रसिद्ध है। किन्तु साधकों में उन के अनेक सहज पद भी प्रचलित हैं। केवल सिक्ख लोगों के ग्रन्थ साहब में ही नहीं, दादू पन्थी साधकों प्रभृति ने भी अत्यन्त समादर के सहित उन सब पदों को अपने संग्रह-ग्रंथों में ग्रहण किया है। ये पद असल में बँगला में लिखे गए थे; किन्तु पञ्जाब, राजपूताना प्रभृति प्रदेशों तक पहुँचने में उन्हें कोई बाधा नहीं थी! यद्यपि उन स्थानों में जा कर इन पदों में बहुत रूपान्तर हो गया है। उन दिनों राजस्थान और पञ्चनद के साधक जयदेव को अपने घर का ही आदमी समझते थे; यह बिलकुल नहीं समझते थे कि वे एक भिन्न प्रदेश के आदमी हैं।

रामानन्द के बहुत से शिष्य थे। उन में बहुतों का जन्म राजस्थान में हुआ था। कुछ लोग ऐसे भी थे जो साधना की सुविधा के लिए वहां जा बसे थे। रामानन्द के शिष्यों में धन्ना जाट जाति के थे। पीपा राजपूत थे और एक छोटे से राज्य के अधिपति थे। अपने कुल-धर्म शाक्त-साधना को छोड़ कर भक्ति के पथ में आप और राज्य-ऐश्वर्य त्याग कर बाहर निकल पड़े। उन की एक रानी भी उन के साथ चलीं। द्वारका के पास पीपावट में वे बहुत दिनों तक रहे। वहाँ पीपा के भक्तों का एक मठ है।

पूर्व बङ्ग के *विख्यात विथट्ठल मठ के स्थापयिता प्रसिद्ध साधक रामकृष्ण १६२५ ई० के आसपास तीर्थ-यात्रा के लिए पीपावट में गए और कुछ दिनों तक वहाँ रहे भी। इसी लिए रामकृष्ण के स्थापित विथट्ठल मठ और* ढाका फरीदाबाद के मठ में भी उन दिनों पीपा-पन्थी साधुओं का प्रचुर यातायात हुआ करता था। रामकृष्ण के भक्त भी *राजस्थान और द्वारका के पीपा भक्तों के मठ में जाया-आया करते थे। वे लोग जयपुर गलता के* अनन्तानन्द के मठ में भी जाया-आया करते थे। अनन्तानन्द रामानन्द के ही एक शिष्य थे। जयपुर में खाकी सम्प्रदाय का एक मठ है; वहाँ तक भी बङ्गाल के भक्तों की गति-विधि थी।

साधक रैदास *जाति के चमार थे। एक समय राजपूताने में उन का यथेष्ट प्रभाव था। राजस्थान के* अनेक कुलीन और राजवंशियों में भी उन के भक्तों का अभाव नहीं था। बङ्गाल में भी बहुत रैदासी थे। इसी लिए वे लोग चिर दिन से ही राजस्थान को प्रीति के साथ स्मरण करते आए हैं।

अलवर के *लालदास का जन्म उस मेव-वंश में हुआ था जिन का व्यवसाय ही लूट-पाट था।* भक्तों में यह बात प्रसिद्ध है कि एक गौड़ीय वैष्णव साधक की प्रेम-साधना देख कर ही ये भजन-कीर्तन के अनुरागी हुए थे। अलवर के डेहरा ग्राम में भक्त चरणदास का जन्म हुआ था। दिल्ली के आस-पास इन के बहुत भक्त हैं। बिहार और बङ्गाल में भी इन के भक्त बीच-बीच में दिखाई दे जाते हैं।

रामसनेही सम्प्रदाय के प्रवर्तक सन्तराम या रामचरण का जन्म जयपुर के सुरासेन ग्राम में हुआ था। उत्तर-पश्चिम प्रदेश से ले कर गुजरात तक उन के अनेक मठ हैं। बङ्गाल में भी उन के भक्त कहीं-कहीं थे।

कहा जाता है कि दादू और उन के कई शिष्य देश-पर्यटन करते-करते बङ्गाल और जगन्नाथ तक आए थे। दादू के शिष्य सुन्दरदास भी बङ्गाल में रहे थे। १५९६ ई० में, दौसा नगर में, सुन्दरदास का जन्म हुआ था। कवित्व से सुन्दरदास की खूब ख्याति है।

भक्त दादू का ( १५४४–१६०३ ) नाम और साधना-स्थान राजपूताने में मशहूर है। बङ्गाल के बाउल भी उन का नाम अति श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं। इन्हीं बङ्गाल के बाउलों के गान में ही मुझे प्रथम बार सन्धान मिला कि दादू पहले मुसलमान थे और उन का नाम था 'दाऊद'। बाउलों के गान में ही सुना था—
"श्रीगुरु 'दाऊद' बन्दि 'दादू' याँर नाम।"

( श्री दाऊद गुरु की वन्दना करते हैं जिन का नाम है दादू। ) बाद को अनेक राजस्थानी ग्रन्थों में भी मैंने इस बात का समर्थन पाया था।

कहा जाता है कि दादू ने देश परिक्रमा करते समय बङ्गाल में आ कर यहाँ के भक्तों और साधना के साथ घनिष्ठ भाव से परिचय स्थापन किया था।

दादू-पन्थी अनेक पुरातन संग्रह ग्रन्थों में नवनाथों के नाम और उन के पद पाए जाते हैं। मैंने इस प्रकार का एक बृहत् संग्रह ग्रन्थ जयपुर के एक वृद्ध दादू-पन्थी साधु के पास देखा था। उन के शिष्य शङ्करदासजी हमारे परिचित थे। ग्रन्थ सन् १७०६ ई० का लिखा था। बाबा ईश्वरदास ने अपने शिष्य वैरागी सन्ता से इसे लिखवाया था। ग्रन्थ का लेखन कुतुबपुरा की मढ़ी में बाबा गोकुलदासजी की कुटिया में वैशाख कृष्ण ११ को समाप्त हुआ था। यह एक संग्रह ग्रन्थ है। इस में एक नाथ-पद है—

"अदेख देखिबा देखि बिचारिबा,
आकृष्ट राखिबा बाचिया...
पाताल गङ्गा स्वर्गे चढ़ाइबा"—इत्यादि।

बङ्गाल के नाथ-पन्थियों में ये पद अति परिचित हैं।

दादू बानी के माया अङ्ग में है—

"ऊभा मारं, बैठ विचार, सम्भारं जागत सूता।
तीन लोक तत जाल विडारण तहाँ जाइगा पूता।" ( १३६ )

और पूर्व वङ्ग क नाथ योगियों में पाया जाता है—

"उठ्या मारम, बैठ्या मारम, सामाल जागत सूता।
तिन भुवने बिछाइना जाल कइ यावि रे पूता"

राजस्थान के नाना ग्रन्थों में माया और गोरखनाथ का संवाद पाया जाता है। उस में देखा जाता है कि माया कहती है कि—

ऊभा मारु बैठा मारू, मारूं जागत सूता।
तीन भवन भग जाल पसारूं, कहाँ जायगा पूता।

और पूर्व वङ्ग के नाथपन्थियों के पद में देखते हैं—

उठ्या मारुम बैठ्या मारुम, मारुम जागत सूता।
तिन धामे* काम जाल बिछाइमू कइ जावि रे पूता।

राजस्थानी दादू-पन्थी पोथी में देखते हैं तो गोरखनाथ इस के उत्तर में कहते हैं—

ऊभा खण्डू बैठा खण्डू, खण्डू जागत सूता।
तीन भवन ते भिन है खेलूं तो गोरख अवधूता।

बङ्गाल के योगियों के पद में देखते हैं—

उठ्या खण्डुम बैठ्या खण्डुम खण्डुम जागतसूता।
तिन भुवने खेलुम आलग तय तो अवधूता।

---

* "तिनभवे भगजाल बिछाइमू" पाठ भी है।

नाथ-योगियों के पद की यह भाषा पूर्व बङ्गाल की नितान्त परिचित ठेठ ग्राम्य भाषा है।

इस से क्या यह नहीं मालूम होता कि राजस्थान और बङ्गाल के साधकों की घनिष्ठता कितनी गहरी और एकान्त थी ?

नराना, आमेर और सांभर में दादूजी के साधना-स्थान, धौसा में जगजीवनजी और सुन्दरदासजी का स्थान, सांगानेर और फतेहपुर में रज्जबजी का स्थान, जोधपुर के गूलर ग्राम में माधोदासजी का स्थान, डीडवाणा और फतेहपुर में प्रयागदासजी विहाणी का स्थान, चूरोरा में शङ्करदासजी का स्थान, सांगानेर में मोहनदासजी का स्थान, आन्धी में जनगोपालजी का स्थान—ये सब स्थान बङ्गाल के साधकों के निकट भी अपरिचित नहीं हैं। आजकल के शिक्षित विद्वद्वृन्द इन सब घनिष्ठताओं की कोई खबर नहीं रखते, फिर भी इन दो देशों के निरक्षर दीन-दुखी साधकों के दल कितने प्राचीन काल से ही परस्पर में घनिष्ठता-स्थापन करते आ रहे हैं।

---

# ४

# अर्वाचीन काल

# भारतीय दुसरा रणसंग्राम

अथवा

## विजयनगरचें शेवटचें युद्ध

श्रीयुत बा० सी० बेन्द्रे, पुणें

[विजयनगर के युद्ध का कारण धार्मिक नहीं था। उस का वास्तविक कारण यह था कि रामराजा के राज्य-काल में विजयनगर का उत्कर्ष तत्कालीन दक्षिण भारतीय मुसल्मान राजाओं को असह्य था। वास्तव में यह युद्ध दक्षिण भारत के उत्तरी और दक्षिणी अंशों का युद्ध था, न कि हिन्दुओं और मुसलमानों का धार्मिक युद्ध। धर्म का कारण तो पीछे से अली आदिलशाह को अपनी ओर मिलाने के लिए जोड़ा गया। सर्वप्रथम अली आदिलशाह रामराजा के पक्ष में था, तथा उन दोनों में पूर्ण मित्रता थी। रामराजा ने अली आदिलशाह का बाल्यावस्था से पालन किया था, इन दोनों में विरोध का कोई कारण नहीं था। विजयनगर के युद्ध की पहली दो लड़ाइयों में—जिन में से दूसरी लगातार साढे चार दिन तक होती रही—रामराजा की विजय रही, तथा यदि एकाएक अली आदिलशाह धोखा दे कर उस पर धावा न कर देता तो शत्रु-सैन्य का पूरा पराभव हो जाता। अली आदिल ने धोखे से रामराजा को पकड़ लिया तथा उसी के कहने से उस का शिरश्छेद कर डाला।]

हिंदुस्थानाच्या इतिहासांत 'विजयानगरच्या साम्राज्याला' महत्वाचें स्थान प्राप्त झालेलें आहे। हें महत्व त्या साम्राज्याच्या क्षेत्रमर्यादेवरून मिळालेलें नसून तें विजयानगरचा उद्दाम व त्यावेळीं झालेला अतुल रणसंग्राम यामुळें मिळालें आहे। हा रणसंग्राम इ० स० १५६५ त झाला व त्यानंतर थोडक्याच अवधींत विजयनगरचें साम्राज्य लयास गेलें।

सोळाव्या शतकाच्या सुरुवातीस विजयनगरच्या सम्राटपदावर तुळूव वंशीय कृष्णदेवराय आला होता। यानें मोठा दिग्विजय करून मुसलमानी राज्यांतील बराचसा मुलुख काबिज केला। कृष्णदेवराय इ० स० १५२९ त मरण पावला तेव्हां त्याचा सावत्रभाऊ अच्युतराय गादीवर आला। हाही इ० स० १५४२ त मरण पावला। नंतर त्याचा मुलगा व्यंकटदेव व नंतर सदाशिवराय गादीवर बसले। कृष्णदेवरायाच्या कारकीर्दीत त्याचा जावई अळीय रामराजा हा शूर व कर्तृत्ववान असल्यानें प्रबळ झाला होता। कृष्णदेवरायानंतर यानेंच सर्व कारभार पाहिला व आपल्या बाहुबलानें पुंडपाळेगारांचा मोड करून व शेजारील बराच मुलुख जिंकून आपलें राज्यक्षेत्र वाढविलें आणि सर्वांवर चांगलाच दरारा बसविला, शेजारील उत्तरेकडील पादशाहाहि चिंताक्रांत होऊं लागले। रामराजाचा उत्तरोत्तर होणारा उत्कर्ष व त्याचें चढाईचें वर्तन त्यांस असह्य वाटत होतें। अशा विजयानगरच्या भरभराटीच्या परिस्थितींत हा रणसंग्राम घडून आला।

इतिहासांत या रणसंग्रामाचें असें कारण देण्यांत येतें कीं, रामरायानें आदिलशाहाच्या एका हरकाऱ्याच्या तोंडावर इस्लामी धर्माचा गौणपणा सिद्ध करण्याचा प्रयत्न केला। त्यामुळें सर्व पातशहांना त्यानें चिडवून

लढाईच्या भरीस पाडलें। त्यास आदिलशाहावर कांहींच परिणाम झाला नाहीं। परंतु जालनापूर येथें जमलेले कुत्बशाहा, निजामशाहा, व इमाद-उल्-मुल्क अल्लाउद्दीन अकबर रागावले व त्यांनी सयनमत करून कर्नाटकच्या स्वारीचा बेत ठरविला। या रणसंग्रामात सामील झालेल्यांत एकीकडे मुसलमान चारहि पादशाहा व दुसरीकडे रामराजा असल्यानें या युद्धास इस्लामी व हिंदु धर्मांचा लढा समजावा असें वाटणें अगदीं स्वाभाविक आहे। परंतु इस्लामी पादशाहांतर्फे जसा सैन्याचा मोठा भाग व मांडलिक हिंदु होते त्याचप्रमाणें देहार्पण करण्यास सिद्ध झालेला इस्लामी समाज हिंदु रामराजाकडे लढत होता। इतकेंच नव्हे तर या हिंदु राज्याचा शेजारी आदिलशाहा अगदीं शेवटच्या दिवसापर्यंत रामरायलूचीच मैत्री अभिलाषित होता। सारांश, धर्मांतील लढा हें कारण अगदींच गौण दिसतें। मुख्य व खरें *कारण म्हणजे रामरायानें केलेली कर्तेगारी व साम्राज्याची आकांक्षा धरून केलेली राज्याची वाढ हें होय।*

रामराजाचा नाश करण्याची मूळ कल्पना इमाद उल्मुल्क अल्लाउद्दिन अकबराची। तिला बाहदूर निजामशाहा व इब्राहिम कुत्बशाहा यांनी पुष्टि देताच ती मूर्त स्वरूपास आली। परंतु रामराजावर चालून जाण्याचा मार्ग आदिलशाहींतून। तेव्हां त्याला वश करून घेणें जरूर। परंतु अली आदिलशाहाचा ओढा प्रथमपासूनच रामराजाकडे। अर्थात् त्यांनी इस्लामी बंधुत्वाची आज्ञा देऊन त्याला आपलेकडे मिळवून घेतलें। परंतु त्याला जरीया कारणपरंपरेचा फोलकटपणा स्पष्ट दिसत होता तरी त्याच्यांत या तिघां पादशाहांच्या विरुद्ध जाण्याची शक्ति नव्हती। म्हणून त्यानें आपल्या इस्लामी बंधूस मिळण्याचें ठरविलें। मात्र रामराजास आपल्या निश्चयदत्त स्नाश्री देऊन आंतून मदत करित होता। यावरून हा रणरूपास इस्लामी धर्मासाठीं झाला नसून इस्लामियांची राजसत्ता रामराजानें डळमळविलीं होती ती कायम राखण्याकरितां व विशेषत रामराजाच्या आगामी धोरणास प्रतिबंध देण्यासाठीं झाला असें म्हणणें अधिक सयुक्तिक दिसते। इली आदिलशाहानें हा कट रचला असे कांहींचे म्हणणे दिसते। परंतु तत्कालीन माहितीवरून हे खरें वाटत नाहीं। बहुध हा कट म्हणजे हुसेन बहिरी निजामशाहा व कुत्बशाहा यांचेच हें कारस्थान असावें व हे कारस्थान इ० स० १५६४ च्या एप्रिलमें मध्ये शिजलें असावें।

ह्या कटाची बातमी रामराजा किंवा राजा भूवर यांस दसऱ्याचें पूर्वी म्हणजे इ० स० १५६४ च्या सप्टेंबरांत आली। विजयादशमीच्या दरबारांत त्यानें ती जाहीर केली व या मुसल्मानी पादशाहांत तोंड देण्यासाठीं पुढें चालून जाण्याचें ठरविलें। आपली व मांडलिकांची सर्व सेना एकत्र जमवून विजयानगराहून कूच केलें। आदिलशाहानीं आपल्यास मिळावें म्हणून रामराजाप्रमाणे पादशाहांच्याहि खटपटी चालल्या होत्या। शेवटीं आदिलशाहानें पादशाहींच्या सैन्यास वाट देण्याचें व त्यांत शामील होण्याचें ठरवून गुप्तपणें रामराजाला मैत्रीचें व निष्ठेचें अभिवचन दिलें। पादशाही सैन्यहि कूच करून कर्नाटकावर चालून येऊं लागलें।

या सैन्याची मोजदाद बरीचशी अतिशयोक्तीनें दिली आहे। मात्र या सर्वांची सैन्यें बरींच अफाट होती व तयारी ही चांगली होती असें मानण्यास हरकत दिसत नाहीं। रामराजाकडील सैन्याच्या तळानें तुंगभद्रेच्या उत्तरेकडे कृष्णा नदीपर्यंतचा बत्तीस कोसांचा मुलुख व्यापला होता। निजामशाहाचें सैन्य भीमानदीवरील फरूखाबादेजवळील सुलतानपुराच्या आश्रयानें उतरलें होतें इमादचें सैन्य इब्राहिमाबरोबर राहिलें। आदिलशाहा व कुत्बशाहा कृष्णेवर जमालगडाजवळ राहिले। येथून मुसलमानी सैन्यानें कृष्णेच्या दक्षिणेकडील मुलुखांत लुटालुट करण्याचा आरंभ केला। तेव्हां राजा भूवरने दहा हजार घोडे स्वार व वीस हजार पायदळ त्या भागांत पाठवून पळून जाणाऱ्या प्रजेस धीर दिला। इ० स० १५६५ च्या एप्रिलच्या सुरुवातीस रामराजानें आपल्या सैन्याचा तळ-

हलविला। एकसमयी तंगडगीजवळ जाऊन लढाईस सज्ज राहण्याचा हुकुम दिला। लवकरच तें सैन्य आपल्या युद्धसामग्रीनिशीं जाऊन आपापल्या जागीं उभे राहिलें। नंतर रामराजानें सर्वांस निरनिराळीं वचीसें वगैरे देऊन प्रोत्साहित केलें। पातशहांना ही बातमी समजतांच त्यांनीहि आपले तरळरानें हालविले व राजा भूवरवर चालून जाण्याचे हुकुम दिले। रामराजाच्या एकसमयी तगडीच्या मुक्कामाजवळ चार कोसावर पातशाही सैन्य उतरलें। येथें सर्व पादशाहांचा पुन्हा शपथविधि झाला।

निजामशहानें गढी बांधून लढण्यास [१२एप्रिल] सुरुवात केली। इमाद-उल्-मुल्कहि सज्ज होऊन कर्नाटकी सैन्यावर चालून येऊं लागला। रामराजानेंहि आपले सरदार पाठविले। तोफांस सरबत्ती दिली। जेजाळा, सुतरनाळा वगैरे अस्त्रें सारखी महार करूं लागलीं। दोन्ही बाजूंच्या सैन्यांत सारखी हातघाईची लढाई चालू झाली। तीन दिवस पर्यंत सारखी धुमश्चक्री माजून राहिली। निजामशाहा व कुत्बशाहा यांनी मोठ्या धैर्यानें व निकरानें लढून चांगलाच पराक्रम दाखविला। परन्तु त्यांचे बरेच सैन्य नाश पावलें। रामराजाच्या सैन्यानें फारच चांगलें शौर्य दाखविलें व शत्रु सैन्याचा मोड [१४ एप्रिल] केला। यावेळी अली आदिलशाहा व बहिमनमुल्क यानी या लढाईंत मुळींच भाग घेतला नाहीं। या तीन दिवसांत निजामशाहा व कुत्बशाहा यांचे कडील जे मुख्य मुख्य सरदार कामास आले त्यांत, अळूय मुकुंद देव, जमादार तुळाजीराव, केदारजी सुरावंत, चंद्रोजी कोंढकर, भुजबलराव, सुलतानखान, वडेखान, मुल्कसाहेब, हसनखान, हुसेनखान, अकबर थोरखान, कटुमलखान, मुकरर अलीखान, महमद अलीखान, जाफरखान, रसूलखान, सिद्दी मुर्तुजाखान, भुजंगराव, सुभानराव, बंकूराव, शीवराव, दिन्दुराव, मुरारी घोरपडे व रामराव हे ठार झाले, आणि शिवाजी राजा, नागोजी भोंसला, निंबाजी काळा, विनूजी पूरा, सूरराव, अकुशराव, हंसाजी, इब्राईमखान, फरादखान, हिम्मतखान, सुगलखान, विलोलखान, मुर्तुजा बेग, सिद्दी हबीबउल्ला, इनायतखान, दाउदखान, अवलसखान, हजरतखान, अबाजीराव, ढवळोजीराव, सुखराव व नागोजी तुकदेव हे जखमी झाले। कैद केलेल्यांत अली नाईक, महिपतराव नाईक, अब्दुल नाईक व पीर नाईक असे चौघे मुख्य होते। रामराजाकडे रघुवीर नाईक, कुमारराव अवधूतराव, शिवाजीराव, अंकुशराव, परांडेराव, जगपतीराव, महीपतीराव, भुजंगराव, अलोजीराव, तिम्म नायक, देवराव व सत्यराज साळुंकी हे ठार झाले। सीलरखान, सैद अली लाला, सुलवानजी हिरूजीराव, कृष्णाजीराव, दौलतसिंग, राजा अंकुश, राजा भीमसेन, भास्करराव, सोमण्णा दळवी जगपती, गोपालराय, राजा कुमार शंकरराव, राजा गोपाल, राजा हंसाजी, सेनापती रघुवीर नायक हुळळी, शर्मद शारंगाप व तकुळगुंठी वीराप्पा नायक हे जख्मी झाले। सीवळ नायक, पास नायक, मल्ल नायक, नागोजी नायक व तिम्म नायक हे धरले गेले। अशा तऱ्हेने या रणसंग्रामाची पहिली फेर उडाली व जरी दोन्हीहि बाजूंच्या सैन्याचा बराच नाश झाला तरी पातशाही सैन्याचा मोड झाला व त्यांचे सैन्य रण सोडून आपापल्या तळाकडे निघून गेलें।

यानंतर दोन्हीही बाजूंचे आदिलशहाच्या मदतीकडे डोळे लागले। आदिलशाहा पहिल्या रणसमरांत सामील झाला नाहीं हें पाहून दळवी वीराप्पा नायक व पावडी नायक यांचे बरोबर रामराजानें निरोप पाठविला *कीं तुला सहानमर्थी सांडीवर खेळविलें व तुमच्या दुष्काळाकरितां रायचूर मुद्गल व अदोनी हे प्रान्त दिले।* तुला आजपर्यंत हरतऱ्हेची मदत केली व तूंहि आजपर्यंत माझे इच्छेनुरूपच वागत आला आहेस। तरी आतां जे तीन पादशाह माझा नाश करण्यास उद्युक्त झाले आहेत त्यांस तूं मिळणें तुला योग्य आहे की? आदिलशहानें उत्तर पाठविलें कीं, 'मी शत्रुसैन्यास अंत:करणपूर्वक मिळालेला नाहीं। या तीन पादशाहांनीं आपलीं सैन्यें जबरदस्तीनें माझ्या मुलुखांत घुमविलीं। झाडापानांचा जंगलांचा वगैरे बराच नाश केला।

गुलामागुलेंच माझा त्याचेवरोबर यावें लागतें। मी तुमच्या मांडीवर खेळला आहें व आजपर्यंत तुमचा पुत्र आहें असेंच मानित आहे। आपणांस दिलेल्या आश्वासनांत यत्किंचित फेर करणार नाहीं। मी तुमचा आहें। जरी मी शत्रू बरोबर असलों तरी माझ्या विषयीं शंका घेण्याचें कारण नाहीं। परंतु ही बातमी पादशहांस लागलीच त्यानीं आदिलशाहास थोडो निरोप पाठवून विचारलें की, 'ही लपंडावी व फितुरी तुम्हीं करित आहांत हें योग्य नाहीं। आम्हीं तुमचेवर अवलंबून नाहींत। रामराजाचा आम्हीं नाश करणारच। परंतु तुम्हीं जर या लढाईंत आमच्या बाजूनें भेटून केली नाहींत तर प्रथम तुमचाच नाश करणें आम्हांस भाग पडेल। आदिलशाहा या दडावणीस घाबरला व 'तुम्हीं यथाप्रमाणें सांगला त्याप्रमाणें आजपर्यंत करीत आलों आहें व पुढेंही करीन, शंका नसावी असें त्यानीं कळविलें। आदिलशाहाचें या पूर्वीचें वर्तन व आश्वासन यावर रामराजाचा विश्वास बसला असल्यास नवल नाहीं।

नंतर रामराजानें आपली सेना रक्कसगी-तंगडगीच्या उघड्या मैदानांत नेली। तेथें खंदकाची बांधून रणस्तंभही उभारला व त्यासभोंवतीं आपलें सैन्य ठेवून शत्रूवर हल्ले करण्यास सुरवात केली। तीन दिवस [१७-१८ एप्रिल] असा तडाखा गेले। इमादच्या सैन्यानें आपला मोर्चा मालीकोट सर्पांत आहास घरांच्या मागें नेला व तेथें बारगीर, वजीर व मराठे सरदारांसह तळ दिला। राजा भूपरायनेंही आपलें मुख्य सैन्य रक्कसगीच्या मैदानांत ठेवून तो कांहीं निवडक निवडक सैन्यानिशीं मालीकोटकडे गेला। अशा रितीनें या दुसऱ्या फेरीचा वेढा हे रक्कसगी ते मालिकोट पर्यंत पसरलेले गेले होतें। रक्कसगीच्या सैन्याचें आधिपत्य राजा कोंडराजकडे दिलें होतें।

उजाडताच [ता० २० एप्रिल] पादशाही सैन्य कर्नाटकी सैन्यावर चालून आलें। राजा कोंडराज व इतर सरदार त्यांस तोंड देण्यास पुढें गेले। सकाळपासून दुपारीं तीन वाजेपर्यंत निकराचें युद्ध झालें। दोन्हींहि बाजूंकडील बरेच लोक कामास आले। पादशाही सैन्याचा जोर दिसताच राजा कोंडराजनें राजा भूपरायकडे निरोप पाठविला कीं 'तीनही पादशाहा आमचेवर तुटून पडत आहेत। तरी त्याचें पाठीवर सैन्य पाठवावें। असें केल्यास त्यांच्या सैन्याचा नाश होईल व आपणास जय मिळेल। आदिलशाहा व इमाम नायक हे अद्यापि युद्धांत सामील झाले नाहींत। त्यावरून असें वाटतें कीं ते आपले विरुद्ध लढणार नाहींत। परंतु ते आपली कदाचित वेळेवर फसगतहि करतील। तरी त्याचे बोलण्यावर विश्वसून चालणार नाहीं। जर आपण आमच्याशीं नायकाबरोबर दहा हजार घोडदळ व वीस हजार पायदळ रवाना केलेत तर आमची फत्ते होईल व शत्रूचा धुव्वा उडेल। रामराजाला हा बेत पसंत पडला व त्यानें ताबडतोब कुमक रवाना केली। इकडे युद्ध चालूच होतें। इमादचें सैन्य व निजामशाहा धीर धरून लढत होते। कुतबशाहानें तर माघार घेतली व आश्रयाची जागा पाहून तेथें जाऊन राहिला। या धुमश्चक्रींत राजा भूपरायचेहि बरेच सैन्य कामास आलें। हें पाहून रामराजानें त्या दोन्हीं पादशाहावर तुटून पडण्यास सांगितलें। स्वतः रामराजाही आपल्या प्रमुख गजावर आरूढ होऊन लढाई करीत होता व हुकूम देऊन सैन्य लढवित होता। अशा तऱ्हेनें तीन दिवस व चौथ्या दिवशीं नऊ तास युद्ध झालें। तेव्हां शत्रूपक्षाचे बरेच लोक मारले गेले व शत्रुसैन्य सैरावैरा जंगलांत पळूं लागलें। शेवटीं त्या तीन्हींहि पादशाहांनीं माघार घेऊन दोन कोस मागें तळ घेतला। अशा रीतीनें रामराजाला हा दुसरा विजय मिळाला व रामराजाचें सैन्य आनन्दभरित होऊन गाफिल राहिलें।

पातशाही सैन्याचें झालेलें नुकसान व या विजयानें त्यांचा झालेला मानहानी यामुळें ते सर्व चिडून गेले। त्यानीं पुन्हां एकदां जोराचा हल्ला करण्याचें ठरविलें। त्यानीं आदिलशाहास निकराचा निरोप धाडला कीं, 'तुम्हीं आतापर्यंत आम्हांस कांहींच मदत केली नाहींत। उलट शत्रु आमच्या सैन्याचा नाश कसा करीत आहे हें पाहाण्यांतच आपण मग्न आहांत। आपली इच्छा। आम्हीं धैर्यानें पुन्हां एकदां निकराचा प्रयत्न करूं आणि आमच्या विश्वासू सरदारांच्या

माहात्म्यानें इस्लामी धर्माची अब्रू सांभाळू।" हा निरोप गेला त्यावेळीं दुपारचे तीन वाजले होते। पातशाही सैन्य शत्रूवर हल्ला चढविण्यासाठीं तयारी करीत होतें व अली आदिलशाह निमाज पढत होता। त्यानें तो निरोप ऐकून इस्लामीयांची अब्रू वाचविण्याबद्दल व त्यास शत्रूवर विजय मिळविण्याबद्दल परमेश्वराची करुणा भाकली। एकदम आपल्या सैन्यास हुकुम दिले व राजा भूवरच्या गाफिल असलेल्या सैन्यावर तो तुटून पडला। रामराजाच्या सैन्याची दाणादाण उडाली व लोक लढण्यास तयार होण्यापूर्वीच त्यांचा नाश केला गेला। चिजवस्तु लुटली। आदिलशाहाच्या लोकांनीं राजा भूवर यास वेढा घातला व त्याला पकडून आदिलशाहापुढें नेलें। तेव्हां राजा भूवर बोलला कीं, 'आतापर्यन्त तुला मी माझा मुलगा म्हणून समजत आलों। शेवटीं तूं मला असा हा दगा दिलास। हें तुझ्या अब्रूस साजेसें आहे काय ? थोर मनुष्य आपल्या पितृस्थानीं मानलेल्या माणसाला असें फसवितात कां ? माझ्याबद्दल म्हणशील तर अशा तऱ्हेनें माझी प्रजा व सैन्य विश्वासघातानें बळी पडल्यानंतर मला या जगांत कांहीं मिळवावयाचें राहिलें नाहीं। तूं कृतघ्नपणें जरी असा विश्वासघात केला आहेस तरी मी तुझ्याजवळ शेवटची मागणी करीत आहे कीं माझें शीर शत्रु सैन्याच्या हातीं पडण्यापूर्वी तूं आपल्या तरवारीनें काप व नंतर तुझ्या जातीचा, धर्माचा व राज्याचा अखंड उपभोग घे। शेवटीं रामराजानें परमेश्वराची प्रार्थना केली व पुन्हां एकदां आदिलशाहास शीर कापण्यास मागीतलें व आदिलशाह नें रामराजाचें शीर धडापासून वेगळें केलें। ही खातमी इतर पादशाहांस समजतांच त्यांनींहि हल्ले चढविले। कर्नाटकी सैन्याचा संहार व लुटालुट केली। अशा तऱ्हेनें या भारतीय दुसऱ्या रणसंग्रामाचा शेवट झाला।

नंतर ते पादशाही सैन्य ग्यास विजयानगरावर चालून गेलें व तें शहर लुटलें। आदिलशाहानें सवीस मंजवानी देऊन त्यांची ओळखण केली। राजा भूवरचें शव कागीस पाठविलें। विजयानगरचे शहर लुटलें तेव्हां राजधानी पेनकोंड्यास नेली होती। तेथें आदिलशाहानें वेढा दिला व पेनकोंड नंतर दीड महिन्यानीं म्हणजे जूनच्या सुरूवातीस ताब्यांत घेतलें। विजयानगरचें साम्राज्य मोडलें। इसलामी पादशाहांस या दुसऱ्या भारतीय रणसंग्रामांत मिळालेल्या यशानें आपलीं राज्यें चिरस्थायी करतां आलीं।

रामराजा रक्ताक्षी संवत्सरीं (गत) शालीवाहन शके १४८७ (चालू १४८६) वैशाख मासीं वद्य अष्टमी व सोमवार रोजी श्रवण नक्षत्रीं (२३ एप्रिल १५६५ अथवा २२ रमजान ९७२ हिजरी) सायंकाळानंतर मारला गेला।

वरील हकीकतीला मुख्य आधार म्हणजे समकालीन रामाजी हरकारा नांवाच्या खुद्द रामराजाच्या नोकरानें लिहिलेली हकीकत होय यावरून रणसंग्रामाला धर्माधर्मातील तंटा हें कारण नसावें। हा रणसंग्राम हिंदू मुसलमानांतील नसून कर्नाटकचें साम्राज्य व उत्तरेकडील राजे यांचेतील असावा। रामराजा इस्लामी पादशाहांस तोंड देतांना सेनापतीचें काम उत्कृष्टपणें करीत होता व त्या सर्वांस तोंड देण्याइतकें त्याचें सामर्थ्य होतें। आदिलशाहाचें व त्याचें वांकडे नसून उलट त्यांची मैत्रीच होती। मात्र आदिलशाहानें ऐनवेळीं विश्वासघात, आणि तेंहि इतर पादशाहांच्या दटावणीला भिऊन, केल्यामुळें रामराजा तालीकोट जवळ पकडला गेला व शेवटीं मारला गेला आणि अशा रीतीनें हें रक्कसकगी-तंगडगीच्या मैदानापासून तालीकोटपर्यंत व्यापलेल्या रणक्षेत्रांत हा हिन्दुस्थानच्या इतिहासांतील दुसरा मोठा भारतीय रणसंग्राम हिंदू साम्राज्याच्या नाशास कारणीभूत झाला।

## आधार ग्रन्थ

'रामराजा चरित्र' अथवा 'दि हिस्ट्री ऑफ़ दि पुराक ऑफ़ रामराजा किंग ऑफ़ विजयनगर' मैकेन्ज़ी का संग्रह, जि० ८, इण्डियन आर्किव; बाम्बे गवर्नमेंट गजट बीजापुर; 'हिस्ट्री आफ़ दि कर्नाटिक एण्ड डेकन'; भारत इ० सं० मं० इति वृत्त व संमेलन वृत्त; राजपुरोहित—'कर्नाटकाचा इतिहास'।

---

# हीरविजय सूरि और अकबर

मुनि विद्याविजय

इतिहासज्ञ लोग, जितना अकबर से परिचय रखते होंगे, उतना हीरविजय सूरि से नहीं। कुछ वर्षों के पहले तो, जहाँ तक मेरा खयाल है, अच्छे अच्छे जैन विद्वान् भी इस बात को नहीं जानते थे कि हीरविजय सूरि का अकबर के साथ भी खासा सम्बन्ध था। परन्तु संशोधन के ज़माने में कई अप्रकट बातें प्रकाश में आ ही जाती हैं। इस प्रकार अब यह बात प्रकट हो चुकी है कि हीरविजय सूरि का अकबर के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रहा और उन्हों ने अकबर के पास चार साल तक निरन्तर रह कर उस पर अपने चरित्र का अपूर्व प्रभाव डाला था।

हीरविजय सूरि अकबर के समकालीन जैन धर्म के प्रभावशाली आचार्य थे। जैन समाज पर उन का बड़ा प्रभाव था। करीब दो हजार साधुओं के वे अधिपति थे। उन की विद्वत्ता और साधुता की ख्याति सर्वत्र फैली हुई थी। यद्यपि वे अधिकतर गुजरात में ही भ्रमण करते थे, परन्तु दूर दूर के जैन लोग उन पर बड़ी श्रद्धा रखते थे।

वे बहुत बड़े, जैन-धर्म के शासनसम्राट् होते हुए भी जैन साधुओं के आचारों का कठोरता के साथ पालन करते थे। शारीरिक श्रृंगार न करना, परिमित वस्त्र, और भोजन के लिए काष्ठपात्र रखना, मधुकरी वृत्ति से निर्वाह करना, हमेशा पैदल ही भ्रमण करना, किसी भी प्रकार की सवारी नहीं बरतना, जूते और छाते का धारण न करना, एक स्थान में न रह कर आठों मास भ्रमण करते रहना, और चातुर्मास एक स्थान में रहना, स्त्री और पैसे से सर्वथा दूर रहना इत्यादि साधु आचार, जो भगवान् महावीर के समय से, ढाई हजार वर्ष पूर्व से, चले आये हैं, उन का यथोचित पालन करते थे।

इस प्रकार हीरविजय सूरि एक आदर्श साधु, त्याग की मूर्ति, बड़े भारी विद्वान् और उपदेशक थे।

हीरविजय सूरि का जन्म वि० सं० १५८३ में हुआ और उन्हों ने सं० १५९६ अर्थात् १३ साल की उम्र में विजयदान सूरि के पास साधु-दीक्षा ली। उन्हें सं०१६०७ में 'पण्डित' पद, १६०८ में 'उपाध्याय' पद, और १६१० में आचार्य पद प्राप्त हुआ।

जैन साधुओं का उपदेश सार्वजनिक कल्याण के लिए होता है। उन के उपदेश में स्वार्थ की मात्रा नहीं रहती। क्योंकि वे ऐहिक सुखों के लिए किंवा किसी प्रकार के स्वार्थ के लिए साधु नहीं होते। यही कारण है कि जैन साधु प्रजा में सुख शान्ति स्थापित करने के लिए, प्रजा का कल्याण करने के लिए, समय समय पर राजाओं को भी प्रतिबोध करते आये हैं। जैन साधु हमेशा से मानते आये हैं कि हजार आदमियों को उपदेश देने की अपेक्षा एक राजा को उपदेश देना अधिक अच्छा है। क्योंकि राजा का सदाचरण-सद्भाव प्रजा के लिए लाभदायक होता है। इसी कारण कई जैन पूर्वाचार्यों ने राजाओं को प्रतिबोध करने का गौरव प्राप्त किया है। उदाहरणार्थ सम्प्रति राजा को आर्य सुहस्ति ने, आम राजा को बापभट्टि ने, हस्तिकुंडी के राजाओं को वासुदेवाचार्य ने, वनराज को शीलगुण सूरि ने और सिद्धराज एवं कुमारपाल को हेमचन्द्राचार्य ने प्रतिबोध कर प्रजाहित के महत्वपूर्ण कार्य करवाये थे। हिन्दू ही नहीं, मुहम्मद तुगलक, फीरोजशाह, अलाउद्दीन और औरंगजेब सरीखे क्रूरहृदय, निष्ठुर मुसलमान बादशाहों पर भी जिनसिंह सूरि, जिनदेव सूरि और रत्नशेखर सूरि जैसे जैनाचार्यों ने प्रभाव डाल कर धर्म और समाज की रक्षा की थी।

इसी प्रकार हीरविजय सूरि ने अकबर जैसे सम्राट् पर भी बहुत प्रभाव डाला, और जैन धर्म के ही नहीं, समस्त प्रजा के कल्याण के अपूर्व कार्य करवाये। बल्कि यों कहना चाहिए कि हीरविजय सूरि और उन के बाद अकबर के समीप गए हुए उन के शिष्यों ने अकबर के जीवन की कायापलट भी कर दी थी।

अकबर की मुलाकात

यह तो जगप्रसिद्ध बात है कि अकबर बड़ा भारी महत्त्वाकांक्षी था। उस को अपनी बुद्धि, ज्ञान और राजत्व का गर्व था। तिस पर भी किसी न किसी कारण से उस में जिज्ञासा वृत्ति अवश्य थी। कोई नई बात उस के देखने या सुनने में आती तो वह उस का परिज्ञान करने की कोशिश करता। हीरविजय सूरि के समागम में भी ऐसी ही विचित्र घटना का प्रसंग पाया जाता है।

फतहपुर-सीकरी में चंपा नाम की एक जैन श्राविका ने छ महीने के उपवास[1] किये थे। अकबर को इस का पता चला। बादशाह, अपने दो मनुष्यों को, जिन का नाम मंगल चौधरी और कमरुखाँ बताया जाता है, भेज कर जाँच करता है। बाद में छ महीने के उपवास की समाप्ति पर जैनों की तरफ से जो जुलूस निकला, उस में यह तपस्विनी बाई भी थी। अकबर ने बाई को बड़े आदर के साथ महल में बुला कर, कितने उपवास किये, किस प्रकार किये, इतने उपवास क्योंकर हो सके, इत्यादि कई प्रश्न किये। चंपा बाई ने यथोचित उत्तर देते हुए कहा कि—"मैं अपने गुरु हीरविजय सूरि की कृपा से ही इतने उपवास कर सकी हूँ।" बादशाह के पूछने पर बाई ने यह भी बताया कि "हीरविजयसूरि इस समय गुजरात के गंधार शहर में हैं।"[2]

---

१ जैन साधु किंवा गृहस्थ जितने भी उपवास करते हैं वे सर्वथा निराहार ही करते हैं। दिन में या रात्रि में कोई भी खाद्य चीज नहीं ली जाती। बहुत प्यास लगने पर सिर्फ दिन दिन में ही गरम पानी लिया जाता है। इस प्रकार छ महीने का उपवास इस बाई ने किया था।

२ जगद्गुरु काव्य के कर्ता का कथन है कि अकबर ने थानसिंह नामक जैन गृहस्थ से हीरविजय सूरि का पता दर्याफ्त कर लिया था। विजयप्रशस्ति काव्य के अनुसार अकबर ने हीरविजय सूरि को बुलाने का निश्चय एतमादखाँ से उन की प्रशंसा सुन कर ही किया था।

हीरविजय सूरि की तरफ आकर्षित होने का तथा उन को बुलाने का यही खास निमित्त था।

बाद में अकबर ने एक पत्र मानुकल्याण और थानसिंह नामक जैन गृहस्थों तथा धर्मसिंह पन्यास से लिखवाया और एक स्वत खुद लिखा।

उस समय गुजरात का सूबेदार था शहाबखां (शहाबुद्दीन अहमदखां)। बादशाह ने इस सूबेदार को लिखा दिया कि 'हीरविजय सूरि को हाथी, घोड़े, रथ, प्यादे आदि ठाट व इज्जत के साथ भेजो।' ये पत्र बादशाह ने दो मेवड़ाओं के साथ भेजे। 'हीरसौभाग्य काव्य' में इन मेवड़ाओं के नाम मौदी और कलाम दिये गये हैं।

हीरविजय सूरि इस समय गंधार में थे। दोनों पत्र हीरविजय सूरि के पास पहुँचने पर अहमदाबाद, खंभात, गंधार आदि के जैन गृहस्थ लोग इकट्ठे हुए। हीरविजय सूरि को जाना चाहिए या नहीं? इस विषय में बहुत परामर्श हुआ। गृहस्थ लोगों ने, अकबर के निमंत्रण पर अनेक तर्क वितर्क कुतर्क कर के सूरि जी को जाने से मना किया, परन्तु अन्त में सूरि जी ने अपनी ओजस्वी भाषा में संघ को उत्तेजित कर के वस्तुस्थिति समझाई, और अकबर के पास जाने का निश्चय किया।

वि॰ सं॰ १६३९ के मार्गशीर्ष कृष्णा ७मी के दिन हीरविजय सूरि ने फतहपुर सीकरी के लिए प्रस्थान किया। लम्बी मुसाफरी थी। अपना पुस्तक, वस्त्र, पात्र आदि सब सामान कंधे पर उठा कर पैदल चलना था। ग्रामानुग्राम भिक्षावृत्ति करते हुए जाना था। इन कारणों से भक्त जनों को आचार्य जी का गुजरात छोड़ना बहुत खटकता था, दुःखकर होता था, परन्तु भविष्य में होने वाले लाभ पर दृष्टिपात करते हुए सूरि जी ने उन सारे कष्टों को तुच्छ समझा।

हीरविजय सूरि के साथ इस समय ६७ साधु थे, जिन में प्रधान विमलहर्ष उपाध्याय, शान्तिचन्द्र गणि, पं॰ सोमविजय, पं॰ सहजसागर, पं॰ सिंहविमल, पं॰ गुणविजय, पं॰ गुणसागर, पं॰ कनकविजय, पं॰ धर्मसी ऋषि वगैरह थे।

हीरविजय सूरि, अपनी इस मंडली के साथ ज्येष्ठ शुक्ला १२ (सं॰ १६३९) को फतहपुर सीकरी पहुँचे। उन्हों ने गंधार से चलकर, जंबूसर, मातीरा, मातर, सोरीसाणा, कड़ी, महसाना, पाटन, सिरपुर, रोह, आबू, सिरोही, सादड़ी, राणा, बगड़ी, जयतारण, फलोदी, सांगानेर, हिंडवण, और बयाना होते हुए फतहपुर सीकरी में प्रवेश किया था। आखरी मुकाम उन्हों ने अभीरामाबाद[१] में किया।

---

१ ट्रिगोमेट्रिकल नकशे में यह ग्राम (अभिरामाबाद) नहीं है, परन्तु प्राचीन ग्रन्थों से पता चलता है कि हीरविजय सूरि ने आखिरी मुकाम अभिरामाबाद में किया था। ऋषभदास कवि ने हीरविजय सूरि रास में लिखा है—

"बयाना नई अभिरामाबाद गुरु आवंता थयो विवाद।
फतेपुर भणी आवइ जसिं अनेक पंडित पूंठि तसिं" ॥२४॥ पृ॰ १०८।

अर्थात् बयाना के बाद अभिरामाबाद आये थे।

हीरसौभाग्य काव्य में लिखा है—

"पवित्र स्तीर्थं इवाप्यजन्तुपुरेऽभिरामादाभिन।
यावत्समेत प्रभुरेष तावद् हाराबहेन्द्रेण मत स तावत्॥
सर्ग १३, श्लो॰ ४४।

हीरविजय सूरि का प्रवेशात्सव बडे आडम्बर के साथ किया गया। जैनों के साथ राज्य के सहकार ने इस उत्सव की शोभा बहुत बढा दी।

'ही र वि ज य सू रि रा स' के कर्त्ता ऋषभदास कवि का कथन है कि जिस दिन हीरविजय सूरि ने फतहपुर सीकरी मे प्रवेश किया, वे फतहपुर सीकरी के एक सामन्त जगन्मल्ल कच्छवाह[1] के महल मे ठहरे थे। जगन्मल्ल कच्छवाह ने बडे आदर के साथ सूरि जी की भक्ति की।

दूसरे दिन अर्थात् ज्येष्ठ शुक्ला १३ के दिन हीरविजय सूरि की मुलाकात साम्राट् अकबर से होने वाली थी। अकबर के पास पहुँचने के पहले हीरविजय सूरि अबुलफज़ल के यहाँ कुछ समय ठहरे[2] और उन्हीं के द्वारा इस प्राथमिक मुलाकात का समय निर्णय किया गया।

बादशाह के महल मे सूरि जी बुलाये गये। सूरि जी अपने १२ शिष्यो के साथ महल मे पधारे, अर्थात् कुल १३ साधु इस प्रथम मुलाकात मे थे। अपने तीनों पुत्रो ( शेखूजी, पहाड़ी (मुराद) और दानियाल ), अबुलफज़ल एव बीरबल आदि राज्य के बडे बडे कर्मचारियों सहित अकबर ने, सूरि जी का स्वागत किया। प्रारम्भ में बाहर के दालान मे अनेक सुख वार्त्ताओं की इच्छा होने के पश्चात् अकबर ने महल की चित्रशाला मे पधारने के लिये प्रार्थना की। परन्तु अन्दर के कमरे मे गालीचा बिछा हुआ था। सूरि जी ने इस पर हो कर चलने के लिये अपने साधु धर्मानुसार इन्कार किया। अकबर ने कारण पूछा। सूरि जी ने साधु धर्म दिखलाते हुए 'दृ ष्टि पू त न्य से त पा द म्'—'दृष्टि से पवित्र बनी हुई जगह पर पैर रखना चाहिए।' इत्यादि बाते समझाईं। यहाँ आश्चर्य जनक घटना यह हुई कि सूरि जी को अन्दर ले जाने के लिये ज्योंही अकबर ने गालीचे का एक पल्ला उठाया, उस ने देखा कि हजारो चीटियाँ फिर रही हैं। इस पर अकबर को बड़ा आश्चर्य हुआ और सूरि जी पर श्रद्धा अधिक बढी। बाद मे निर्दोष स्थान मे बैठक रक्खी गई और सूरि जी से बादशाह ने उपदेश सुना।

इस प्रथम मुलाकात मे हीरविजय सूरि ने देव, गुरु और धर्म का स्वरूप समझाया।

इस मुलाकात के प्रसग पर बादशाह ने अपने पर लगी हुई शनि की दशा के खराब असर को दूर करने के लिए तावीज जैसी कोई चीज बना देने की प्रार्थना भी की। परन्तु सूरि जी ने '*मत्र तत्रादि करना साधु का धर्म नहीं है*' ऐसा स्पष्ट उत्तर दिया।

हीरविजय सूरि के सम्बन्ध मे कई ऐसी दन्त कथाएँ, दन्तकथाएँ ही नहीं, बल्कि कुछ संस्कृत ग्रन्थों मे भी ऐसा पाया जाता है कि उन्हों ने अकबर को उस के पिछले पूर्वज बताये, टोपी उडायी, एक बकरी का हक कर उस मे से दो जीव दिखाये, इत्यादि कई चमत्कारिक बातों का वर्णन पाया जाता है। और ऐसा कर के हीरविजय सूरि की अस्वाभाविक महिमा बढाई गई है। परन्तु यह बात बिलकुल गलत है। हीरविजय सूरि ने कोई चमत्कार नहीं दिखाया। बल्कि जब कभी अकबर ने ऐसे प्रश्न किये, तब बिलकुल इन्कार कर दिया। हाँ, इतना अवश्य कहा—'आप जीवो पर रहम कीजिये, जीवों की रक्षा कीजिये, प्रजा के दु खो को निवारण कीजिये। आप का भला होगा। आप दु खो से मुक्त होंगे।'

---

१ जगन्मल्ल कच्छवाह जयपुर के राजा बिहारीमल का छोटा भाई था। विशेष के लिये देखो 'आईन-ए अकबरी' के प्रथम भाग का, ब्लॉकमैन अँग्रेज़ी अनुवाद, पृ० ४३६।

२ विन्सेंट स्मिथ लिखता है —

बादशाह को उन से ( हीरविजय सूरि से ) वार्तालाप करने का अवकाश मिला, तब तक वे अबुल फज़ल के पास बिठाये गये। अकबर पृ० १६७।

अकबर के पास पुस्तकों का एक सुंदर भंडार था। यह भंडार पद्मसुन्दर नामक, नागपुरीय तपागच्छ के साधु के स्वर्गवास होने से अकबर के पास आया था, अकबर ने इस प्रथम मुलाकात में हीरविजय सूरि को यह भंडार भेंट किया, परन्तु सूरिजी ने इस का स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि—"हम जितने ग्रंथ उठा सकते हैं, उतने ही अपने पास रखते हैं। और हमें ग्रंथों की आवश्यकता होती है तो भंडारों में पढ़ने के लिये मांग लेते हैं। आखिर में 'वि ज य प्र श स्ति म हा का व्य' के कर्त्ता के कथनानुसार यह भंडार आगरे में अकबर के नाम से जनता के लाभ के लिये खोला गया।

इस वर्ष का चातुर्मास सूरि जी ने आगरे में ही किया।

**अकबर पर प्रभाव**

हीरविजय सूरि के चरित्र और विद्वत्ता का प्रभाव अकबर पर बहुत गहरा पड़ा। फतहपुर सीकरी, आगरा और उस के आस पास चार साल तक हीरविजय सूरि रहे। अकबर से समय समय पर मिलते रहे, दूर रह कर के भी संदेश किंवा पत्र द्वारा उपदेश देकर कई प्रभावित के व जीव दया के कार्य करवाये।

अकबर के यहाँ जो पक्षी दरबों में बन्द थे, उन को मुक्त कराया, फतहपुर सीकरी के डाबर में मछलियों का पकड़ना बन्द करवाया, पर्युषण पर्व के ८ दिन तथा आगे पीछे के दो दो दिन मिला कर कुल भाद्रपद कृष्ण १० से भाद्रपद शुक्ल ६ तक सारे राज्य में कोई जीवहिंसा न करे, ऐसा हुक्म निकलवाया और 'जजिया' नामक प्रसिद्ध 'कर' तथा तीर्थों पर जो यात्रियों से 'कर' लिया जाता था, वह भी उठवा दिया।

इस प्रकार हीरविजय सूरि जी ने अकबर से बहुत कार्य करवाये।

**शिष्यों से समागम**

बादशाह अकबर के दरबार में हीरविजय सूरि का प्रवेश राजा और प्रजा के लिए अत्यन्त लाभदायक हुआ। हीरविजय सूरि का ही क्यों? हीरविजय सूरि के शिष्यों ने भी अकबर के जीवन पर कुछ कम प्रभाव नहीं डाला था। शान्तिचन्द्र उपाध्याय, भानुचन्द्र जी, सिद्धिचन्द्र जी और विजय सेन सूरि भी अकबर के दरबार के रत्न बने थे। इन्हों ने भी अपने चारित्र के प्रभाव व उपदेश से अच्छे अच्छे कार्य अकबर से करवाये।

शान्तिचन्द्र जी ने अकबर की तारीफ के १२८ श्लोकों का एक काव्य रचा, जिस का नाम 'कृ पा र स को श' है। शान्तिचन्द्र जी बादशाह को यह काव्य सुनाते थे। कभी कभी अपनी अवधान करने की शक्ति से भी बादशाह को चमत्कृत करते थे। बादशाह ने इनके उपदेश से 'अपने (बादशाह के) जन्म दिन वाले सारे महीने में, रविवार के दिनों में, संक्रान्ति के दिनों में और नवरोज के दिनों में कोई भी आदमी जीवहिंसा न करे', ऐसा हुक्म निकाला था। 'ही र सौ भा ग्य काव्य' के कर्त्ता का कथन है कि—"बादशाह ने अपने तीन लड़कों-सलीम, मुराद और दानियाल के जन्म वाले महीनों के लिए भी जीवहिंसा निषेध का फ़र्मान निकाला था।

कुल मिला कर एक वर्ष में छः महीने और छः दिन के लिये अकबर ने अपने सारे राज्य में जीवहिंसा नहीं होने के फर्मान निकाले थे।

कहा जाता है कि—'जजिया' बन्द कराने का फ़र्मान भी शान्तिचन्द्र जी ने ही प्राप्त किया था। शान्तिचन्द्र जी के कराये हुए कार्यों में इन का 'कृ पा र स को श' काव्य प्रधान कारण है।

शान्तिचन्द्र जी के बाद मे भानुचद्र जी और सिद्धिचद्र जी अकबर के पास रहे थे। इन दोनों का सम्बन्ध गुरु शिष्य का था। इन दोनों ने अकबर के पास रह कर अच्छी ख्याति प्राप्त की। भानुचन्द्र जी पर बादशाह बहुत प्रसन्न था। बादशाह जब कभी फतहपुर सीकरी किंवा आगरा छोड कर बाहर जाता, भानुचन्द्र जी को अवश्य साथ ले जाता। भानुचन्द्र जी अपने साधुधर्म के नियमानुसार पैदल ही जाते थे। बादशाह को विश्वास हो गया था कि इन महात्मा के वचनों में सिद्धि है। इस के उसे कई प्रमाण भी मिल गये थे।

इतिहासकारों के कथन से यह बात स्पष्ट है कि बीरबल के अनुरोध से, अकबर प्रतिदिन सूर्योपासना करता था। बदाउनी लिखता है:—

दूसरा यह हुक्म दिया गया था कि—सवेरे, शाम, दुपहर और मध्यरात्रि मे—इस प्रकार दिन में चार बार सूर्य की पूजा होनी चाहिये। बादशाह ने भी सूर्य के १००१ नाम जाने थे। और सूर्याभिमुख होकर भक्ति पूर्वक उन नामों को बोलता था।

सूर्य के ये १००१ नाम किस के द्वारा प्राप्त किये थे? यह किसी ने नहीं बताया। जैन ग्रंथों मे इस के सम्बन्ध मे बहुत सी बातें लिखी गई हैं। ऋषभदास कवि ने 'हीरविजय सूरि रास' में लिखा है:—

"पातशाह काश्मीरें जाय, भाणचद पुठें पणि थाय,
पूछइ पातशा ऋषि ने जोइ, खुदा नजीक कोने वली होई? ॥ १९ ॥
भाणचद बोल्या ततखेव, नजीक तरणी जागतो देव।
ते समयों करि बहुसार, तस नामि ऋद्धि अपार ॥ २० ॥
हुओ हुक्म ते तेणीवार सँभलावे नाम हजार।
आदित्य ने अरक अनेक आदि देवमां घणे विवेक" ॥ २१ ॥

इस से मालूम होता है कि—बादशाह जब काश्मीर गया था तब भानुचन्द्र ने सूर्य के सहस्रनामों का स्तोत्र[1] सुनाया और सिखलाया था। भानुचंद्र जी के उपदेश से सिद्धाचल जी की यात्रा पर जाने वाले लोगों से जो 'कर' लिया जाता था वह बादशाह ने बन्द कर दिया, और उस का फरमान पत्र लिख कर हीरविजय सूरि के पास भेज दिया।

भानुचन्द्र जी को जैन संघ ने 'उपाध्याय' पद दिया, उस मे भी बादशाह का ही अनुरोध था।

भानुचन्द्र जी के शिष्य सिद्धिचद्र जी बड़े विद्वान् और शतावधानी थे। सिद्धिचद्र जी की शक्ति से प्रसन्न हो कर बादशाह ने उन्हें 'खुशफ़हम' का पद दिया था।

भानुचन्द्र जी और सिद्धिचन्द्र जी अक्सर विजयसेन सूरि की प्रशंसा किया करते थे। विजय सेन सूरि हीरविजय सूरि के प्रधान शिष्य थे, पट्टधर थे। अकबर ने हीरविजय सूरि को पत्र लिख कर विजयसेन सूरि को अपने पास बुलाया। वि० स० १६४९ में विजयसेन सूरि राधनपुर (गुजरात) से प्रस्थान करके लाहौर मे अकबर से जा

---

[1] इस स्तोत्र की एक हस्त लिखित प्रति आगरे के 'श्री विजय धर्म लक्ष्मी ज्ञान मंदिर' में है, उसका आदि श्लोक यह है—

"नमः श्री सूर्यदेवाय सहस्रनाम धारिणे।
कारिणे सर्व सौख्यानां प्रतापाहुततेजसे ॥

मिले। इस समय अकबर लाहौर में रहता था। विजयसेन सूरि और अकबर की प्रथम भेंट लाहौर के 'काश्मीरी महल' में हुई। नंदिविजय जी जो कि विजयसेन सूरि के शिष्य थे, अष्टावधान कर बादशाह को प्रसन्न किया। बादशाह ने उन्हें 'खुशफहम' का पद दिया।

विजयसेन सूरि की विद्वत्ता और चारित्र पर अकबर बहुत प्रसन्न हुआ। विजयसेन सूरि के उपदेश से अकबर ने गाय, भैंस, बैल और भैंसों की हिंसा बन्द करा दी। एवं मृत मनुष्य का 'कर' लेना बन्द करा दिया।

अब तक के वृत्तान्त से यह स्पष्ट होता है कि—हीरविजय सूरि, शान्तिचन्द्र उपाध्याय, भानुचन्द्र उपाध्याय, और विजयसेन सूरि ने अकबर के जीवन पर बड़ा भारी प्रभाव डाला था। 'जजिया' कर

विद्वानों का मत

उठवाना, सिद्धाचल, गिरिनार, तारंगा, आबू, ऋषभदेव, राजगृह के पहाड़ और सम्मेत शिखर आदि श्वेताम्बर तीर्थों के परवाने लेना, सिद्धाचल का कर बन्द करवाना, मृत मनुष्यों के धन ग्रहण करने का रिवाज बन्द करवाना, पक्षियों को पिंजरों में से छुड़वाना, गाय, भैंस, बैल, भैंसों की हिंसा रुकवाना आदि अनेक कार्य उपर्युक्त जैन महात्माओं ने करवाये थे और जैन साधुओं के उपदेश से अकबर ने मांसाहार भी बहुत अंशों में बन्द कर दिया था। इन बातों का उल्लेख 'अबुल-फजल' ने 'आईन-ए-अकबरी'[१] में एवं 'बदाउनी' ने भी अपनी पुस्तक में किया है। इसी प्रकार प्रसिद्ध इतिहासकार विन्सेंट स्मिथ भी अपनी अकबर नामक पुस्तक के ३३५वें पृष्ठ में लिखता है —

"मांसाहार पर बादशाह की बिल्कुल रुचि नहीं थी, और अपनी पिछली जिंदगी में तो जब से वह जैनों के स म्प र्क में आया तभी से उसने इसका सर्वथा ही त्याग कर दिया।

स्मिथ यह भी लिखते हैं —

'मगर जैन सा धु ओं ने वर्षों तक अकबर को उपदेश दिया था। बादशाह के कार्यों पर उस उपदेश का बहुत प्रभाव पड़ा था। उन्हों ने अपने सिद्धान्त उससे यहाँ तक मनवा दिये थे कि—लोग उसे जैनी समझने लग गये थे।

विन्सेंट स्मिथ ने अपने 'अकबर' नामक ग्रन्थ के २६२वें पृष्ठ में पिनहरो (Pinhero) नामक एक पुर्तगाली पादरी के पत्र के एक अंश को उद्धृत किया है, जो उपर्युक्त बात को प्रमाणित करता है, उस में कई जैन सिद्धान्तों का उल्लेख करने के साथ यह भी लिखा है।*

---

अन्त में लिखा है—

"इति सूर्यसहस्रनामस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥ अमु श्री सूर्य सहस्र नाम स्तोत्र प्रत्यह' प्रणमत्पृथ्वीपति कोटीरकोटि संघट्टित पदकमल सिंहासनाधिपति दिल्लीपति पातिसाह श्री अकब्बरसाहि जलालदीन प्रत्यह शृणोति, सोऽपि प्रतापवान् भवतु ॥ कल्याणमस्तु॥'

कादम्बरी की टीका, विवेक विलास की टीका और भक्तामर की टीका आदि अनेक ग्रन्थों में भानुचन्द्र जी के नाम के पहले सूर्य सहस्र नामाध्यापक विशेषण का प्रयोग आया है। अतएव यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि भानुचन्द्र जी ने ही अकबर को सूर्य के सहस्र नाम सिखलाए थे।

१ आईन-ए-अकबरी, ब्लोकमैन द्वारा अनुवादित, जि० १, पृ० ११-१२, अलबदाउनी, डब्ल्यू० एच० लो द्वारा अनुवादित, जि० २, पृ० २६४, ३३१।

* "अकबर जैन सिद्धान्तों का अनुयायी है।"

यह पत्र उस ने लाहौर मे ता० ३ सितम्बर १५९५ के दिन लिखा था। यह वही समय है जब कि विजयसेन सूरि लाहौर मे अकबर के पास थे।

धर्म सभा के सदस्य

इतिहासज्ञों मे यह बात छिपी नही है कि अकबर ने सन् १५७९ में 'दीन-ए इलाही' नामक स्वतंत्र धर्म की स्थापना की थी। और एक धर्म सभा भी क़ायम की थी। इस धर्म सभा मे प्रारम्भ मे तो मुसलमान मौलवियों को ही सम्मिलित किया था। परन्तु बाद में ईसाई पादरी, पारसी मोबेद, हिन्दू ब्राह्मण, और जैन साधु भी सदस्य बनाये गये। इनमें कुल मिलाकर १४० सदस्य थे। 'आईन-ए अकबरी' (अङ्गरेजी अनुवाद) के दूसरे भाग के तीसरी 'आयत' में इन सदस्यों की सूची दी गई है। इस धर्म सभा को पाँच श्रेणियो में विभक्त किया गया था। प्रथम श्रेणी मे वे सदस्य रखे जाते थे जो इस लोक और परलोक का ज्ञान रखते थे। जिन जैन महात्माओं द्वारा अकबर के जीवन की काया पलट कर देने का ऊपर उल्लेख किया गया है, उनमे से तीन महात्मा अकबर की इस धर्म सभा के सदस्य थे ऐसा 'आईन-ए अकबरी' की उपर्युक्त सूची से प्रकट होता है। वे तीन हैं—हीरविजय सूरि, भानुचन्द्र जी और विजयसेन सूरि। इन मे हीरविजय सूरि का नाम है प्रथम श्रेणी में, और विजयसेन सूरि तथा भानुचन्द्र जी का नाम है पाँचवीं श्रेणी मे। हीरविजय सूरि का नाम है १६ वें नम्बर में और विजयसेन सूरि तथा भानुचन्द्र जी का नाम है १३९,१४० में। ये तीनों नाम अङ्गरेजी अनुवादक ने इस प्रकार लिखे हैं हीरजी सूर, बिजयसेन सूर, और भानचन्द।

उपसंहार

अब इस लेख को पूर्ण करने के पहले एक बात का यहाँ विचार करना आवश्यक समझता हूँ। यह तो निश्चित हो चुका है कि अकबर के दरबार मे जैन साधुओं का प्रवेश हुआ था, और उन जैन महात्माओं ने अकबर के जीवन पर प्रभाव डाला था। इतना ही नहीं, परन्तु उन्हों ने अकबर से लोकोपकार के व जीवदया के अनेक कार्य करवाये थे, तथापि इस का क्या कारण है कि--विन्सेंट स्मिथ के पहिले किसी भी इतिहासकार ने अकबर के जीवन चरित्र को लिखने के समय जैनों के सम्बन्ध मे कुछ भी नहीं लिखा ?

मैं इस के तीन कारण समझता हूँ। (१) उन ग्रन्थकारों ने जैन साहित्य को देखा ही नहीं। (२) मूल फारसी ग्रन्थों में 'यति' 'सेवड़ा' 'व्रति' आदि शब्द आये हैं, ये कौन हैं ? इस बात को अनुवादक लोग नहीं समझ सके। (३) 'आईन-ए अकबरी' मे उपर्युक्त तीन जैन महात्माओं के नाम पढने में गलती हुई। इन तीन कारणों से अकबर और जैनों का सम्बन्ध इतिहासकारो से गुप्त रहा।

जैन साहित्य ज्यों ज्यों प्रकाश मे आया और विद्वानो के हाथ मे आता गया, त्यों त्यों अब विद्वानों को यह बात ज्ञात हुई कि हीर सौभाग्य काव्य, विजयप्रशस्ति काव्य, जगद्गुरु काव्य, कर्मचन्द्र चरित्र, गुर्वावली, कृपारसकोश, सोमसौभाग्य-काव्य, तथा कई पट्टावलियां आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में तथा हीरविजय सूरि रास, लाभोदय रास, कर्मचन्द चौपाई, तीर्थमालाएँ, विजयतिलक सूरि रास, अमरसेन-वयरसेन आख्यान, मल्लीनाथ रास, पदमहोत्सव रास, दुर्जनशाल बावना, परब्रह्म प्रकाश, विजय चिन्ता मणि स्तोत्र आदि कई प्राचीन गुजराती साहित्य ग्रन्थ हैं, जिन मे अकबर और जैनाचार्यो के सम्बन्ध का काफी वर्णन पाया जाता है।

दूसरी बात जैन पारिभाषिक शब्दों का न समझना। 'यति' और 'सेवड़ा' शब्द मूल फारसी ग्रन्थो मे लिखा गया है। ये शब्द 'बौद्ध' साधुओं के लिये नहीं, परन्तु जैन साधुओं के लिये ही हैं। आज भी

मुसलमान लोग अकसर कर के जैन साधुओं को 'से व ड़ा' कहते हैं। पञ्जाब में तो आमतौर से 'से व ड़ा' नाम से ही पुकारे जाते हैं। जैन साधुओं को प्राचीन समय में 'श्र म ण' कहते थे। सम्भव है यही 'श्र म ण' 'से व ड़ा' के रूप में आगया हो। डॉ० स्मिथ के कथनानुसार सब से प्रथम भूल मि० चैलमर्स ने 'अकबर नामा' के अंग्रेजी अनुवाद करने में की, बाद में इलियट और डाउमन ने भी यही भूल की। इन तीनों की भूल ने वानर्नोअर को भी भूल में डाल दिया। इसी प्रकार भूलें होती आई।

सत्य बात तो यह है कि अकबर के दरबार में कोई 'बौ द्ध सा धु' गया ही नहीं। विन्सेन्ट स्मिथ लिखते हैं —

"अकबर को बौद्धों के साथ न कभी भेंट हुई थी और न उस पर उन का प्रभाव ही पड़ा था। न बौद्धों ने कभी फतहपुर सीकरी की धर्म सभा में भाग लिया था और न कभी अबुलफज़ल के साथ ही किसी बौद्ध साधु की मुलाकात हुई। इस से बौद्ध धर्म के विषय में उस का (अकबर का) ज्ञान बहुत ही कम था। धार्मिक परामर्श सभा में भाग लेने वाले जिन दो-चार लोगों के लिये बौद्ध होने का अनुमान किया गया है यह भ्रम है। वास्तव में वे गुजरात से आये हुए जैन साधु थे।"

स्वयं अबुल फजल 'आईन-ए-अकबरी' में लिखता है "चिरकाल से बौद्ध साधुओं का कहीं पता नहीं है। बेशक पेगु, तनासिरम और तिब्बत में ये लोग कुछ हैं। बादशाह के साथ तीसरी बार स्मरणीय काश्मीर की मुसाफरी में जाते वक्त इस मत के (बौद्ध मत के) दो चार वृद्ध मनुष्यों से मुलाकात हुई थी, मगर किसी विद्वान् से भेंट नहीं हुई।"[1]

इन बातों से स्पष्ट है कि—अकबर की धर्म सभा में कोई 'बौद्ध साधु' नहीं थे—नहीं गये थे।

तीसरी बात यह है कि—अकबर की धर्म सभा के सदस्यों में तीन जैन साधुओं के नाम अवश्य हैं, परन्तु इसके पढ़ने वालों ने गलत पढ़ा और गलत पढ़ने पर भी उस पर परामर्श नहीं किया कि—ये कौन होंगे? हीरविजय सूरि के स्थान में हरि जी सूर, विजयसेन सूरि के स्थान में विजयसेन सूर, और भानुचन्द्र के स्थान में भानचन्द—ऐसा अनुवाद किया गया है।

इस प्रकार वि० सं० १६३९ से वि० सं० १६५१ तक अकबर के साथ जैन साधुओं का सम्बन्ध लगातार रहा था। उस के बाद जब तक अकबर जीवित रहा उस का और उस के बाद उस के लड़के जहाँगीर को भी जैन साधु मिलते और धर्मोपदेश देते रहे थे।

---

१ दे०—आईन्-ए-अकबरी (जेरिट कृत अंग्रेजी अनुवाद), जि० ३, पृ० २१२।

# राजपूत और मराठे

श्रीयुत भास्कर रामचन्द्र भालेराव, ग्वालियर

श्रद्धास्पद श्रीयुत गौरी शंकर जी ओझा महोदय पुरातत्त्व-विशारद है, संशोधक हैं, भारतीय प्राचीन लिपियों के विज्ञ हैं और हैं कई ऐतिहासिक ग्रन्थों के प्रणेता, पर आप का सब से अधिक महत्त्व का और स्थायी कार्य है राजपूतों के इतिहास की सामग्री का संशोधन, सङ्कलन और सम्पादन। यद्यपि प्राचीन काल से ले कर आज तक के हमारे देश के इतिहास के साधन तो यत्र-तत्र बिखरे हुए विपुल रूपेण पाए जाते हैं; किन्तु अंग्रेजी राज्य के स्थापित होने के पूर्व किसी भारतीय पण्डित ने सुसूत्र रूपेण भारतीय, प्रान्तीय या जातीय इतिहास लिखने का प्रयत्न नहीं किया। अंग्रेजी राज्य के आरम्भ काल में कुछ उदाराशय पश्चिमीय विद्वानों ने भारतीय इतिहास की प्राचीन सामग्री एकत्र करना आरंभ किया और एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल जैसी कुछ संस्थाएँ भी स्थापित हुई, साथ ही व्यक्ति गत रूप से ग्राण्ड डफ ने मराठों का इतिहास लिखा, फॉर्बस ने रास माला अर्थात् गुजरात के इतिहास का सम्पादन किया, टॉड ने राजपूताने का इतिहास लिखा तथा मालकम ने मध्यभारत का, कनिंघम ने सिक्खों का, पॉगसन ने बुंदेलों का, ब्रिग्ज ने निज़ाम का, विल्क्स ने मैसूर का तथा उन कार्य कर्त्ताओं के अन्तिम प्रतिनिधि डॉक्टर विन्सेण्ट स्मिथ ने भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास लिखा। यद्यपि भारतीय दृष्टि कोण से उक्त इतिहासों में कई प्रकार की त्रुटियाँ हैं—उस समय इतने साधन भी उपलब्ध नहीं थे और न एक व्यक्ति को इतनी सामग्री मिल ही सकती थी, तथापि तात्कालीन परिस्थिति के देखते उन आरंभिक कार्यकर्त्ताओं ने जो कुछ किया, वह तो अवश्य ही श्रेयस्कर है। आज दिन तक कई भारतीय विद्वानों ने उक्त कृतियों की आलोचनाएँ एवं प्रत्यालोचनाएँ भी कीं, किन्तु अब तक बहुत कम विद्वानों ने तत्सम्बन्धी स्वतन्त्र इतिहास-ग्रन्थ लिखने का प्रयत्न किया है। श्रद्धेय ओझा जी जैसे भाग्यवान इतिहासकार तो उंगली पर गिने जाने योग्य भी न मिलेंगे, जिन्हो ने पूर्ववर्ती सिद्धान्तों का केवल खण्डन-मण्डन ही नहीं किया वरन् राजपूतों का स्वतन्त्र और सर्वाङ्ग पूर्ण इतिहास लिख कर अपनी कृति को ही एक मात्र अधिकारपूर्ण रचना कहलाने का सुयश प्राप्त किया है। अतएव जब तक राजपूत जाति और हिन्दी भाषा जीवित रहेगी, तब तक ओझा जी का राजपूताने का इतिहास ही एकमात्र सन्दर्भ ग्रन्थ माना जायगा। यों तो सर देसाई ने भी महाराष्ट्र का बृहत् इतिहास लिख कर ग्राण्ड डफ के इतिहास की आवश्यकता ही नहीं रक्खी, किन्तु ओझा जी की नाई जंगलों, पहाड़ों, बीहड़ों, गुफाओं आदि विकट स्थानों पर स्वयं घूम कर सामग्री बटोरने जैसा प्रचण्ड प्रयत्न सिवा राजवाड़े के अन्य किसी भारतीय विद्वान ने नहीं किया, राजवाड़े भी कोई सुसूत्र इतिहास न लिख सके. अतएव श्री ओझा जी की कृति सर्वथा अद्वितीय है। हिन्दी का अहो भाग्य है कि उस के एक सपूत ने अपनी कृति के बल पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की, अतएव स्मृति ग्रन्थ के द्वारा उन का अभिनन्दन किया जाना सर्वथा आवश्यक था। अस्तु।

श्री ओझा जी का अधीत विषय है राजपूतों का इतिहास। वास्तव में मराठे भी राजपूत ही हैं और इस बात को श्री ओझा जी ने भी अपने इतिहास के चतुर्थ खण्ड में स्वीकार कर लिया है। महाराष्ट्र के प्राचीन विभाग दण्डकारण्य में बस्ती बसने के समय उत्तरीय भारत के क्षत्रिय और ब्राह्मण ही वहाँ पर उपनिवेशित हुए थे और उन उभय प्रान्तों में पारस्परिक दृढ सम्बन्ध भी था। मध्य युग में भी मुसलमानों के आधिपत्य एवं कौटुम्बिक कलह के कारण छत्रपति शिवा जी महाराज के पूर्वज तथा अन्य क्षत्रिय कुटुम्ब राजपूताने से दक्षिण की ओर चल दिये और

महाराष्ट्र में स्थायी रूप से बस जाने के कारण मराठे कहलाये, किन्तु आश्चर्य की बात है कि एक ही रक्त-मांस पिण्ड के होने पर भी उन दोनों के भिन्न दृष्टि कोण होने के कारण अनन्तर उन में पारस्परिक मनो मालिन्य हो गया। जिस से कई रण-संग्राम हुए और पारस्परिक भलाई बुराई की बातें भी इतिहास में अंकित हुईं। निर्बल राजपूत यवन सत्ता के पोषक और प्रशंसक बने तो मराठों ने पुरुषार्थ और बाहुबल द्वारा यवनों को हेय सिद्ध कर अपना अधिराज्य स्थापित करने का प्रयत्न किया। इस संघर्ष में राजपूत मराठा में खूब ठनी, जिस का वर्णन श्री ओझा जी को भी अपने इतिहास में लिखना पड़ा है। राजपूताने के इतिहास लेखक मराठों का दोषाविष्करण करते हैं और महाराष्ट्र के इतिहास कार राजपूतों की भूलें बताते हैं, अतएव उक्त उभय समाजों के प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक पारस्परिक सम्बन्ध, उन के राजनैतिक प्रमाद आदि विषयों का संशोधन, मनन तथा विवेचन, की अत्यन्त आवश्यकता है। इसी से तत्सम्बन्धी अल्प विवेचन, इस लेख के द्वारा, करने की चेष्टा की जाती है।

मराठे और राजपूत एक ही वंश के हैं, इस में कोई सन्देह नहीं। राजपूतों के पचकुल और छत्तीस कुलों की नाईं प्रान्तिक उपभेदों के कारण मराठों के ९६ कुल माने गये हैं और तत्सम्बन्धी पर्याप्त साधन भी उपलब्ध हैं। मराठा के कुल क्षत्रियों की नाईं, सूर्य, चन्द्र, शेषवंश और यदुवंश में विभाजित हैं। उदयपुर के गोहिल, सीसोदिया, सक्तावत, चूंडावत राणावत आदि उपकुलों की नाईं महाराष्ट्र वासियों के एक ही कुल या वंश के विभिन्न उपनाम (आडनाम) पाये जाते हैं। राजपूत सोलंकी, परमार, प्रतिहार और चौहान की नाईं मराठा में चालुके अथवा सालुख, पावार अर्थात पवार, चव्हाण तथा प्रतिहार हैं। राजपूत और मराठों के कुलों की समानता निम्नलिखित विवेचन से भी सिद्ध है। यथा —

| मराठा कुल | राजपूत कुल |
|---|---|
| सूर्यवंशी, सुर्वेशी, सुर्वे | सूर्य |
| सोम वंशी | सोम |
| यादव उर्फ जाधव | यदु |
| पँवार, पोवार | परमार |
| चालके, सालुङ्के | सोलङ्की |
| चव्हाण | चौहान |
| चावर | चावड़े |
| राठोड़ | राठौर |
| शलार, सलार | सिलार |
| सैन्द्रक, शिन्द | सिन्दा |
| धामपाल | धमपाली |
| अभीरे | अभीर |
| अनङ्ग | अनङ्ग |
| प्रतिहार | प्रतिहार |
| कलिचुरे | कलचुरके |
| मोरे | मोरी |
| तुवार (शिरके-फालके) | तँवर |

| | |
|---|---|
| गोरे ... ... | गौर |
| गूजर ... | बड़ गूजर, बीर गूजर |
| घाटे | घाटी |
| परिहार .. | परिहार |

महाराष्ट्रीय विभिन्न राजपूत कुलों के कुल, गोत्र और आडनामों में भी बड़ा फर्क पड़ गया है, जिस से एक ही गोत्र के विभिन्न कुल-नाम पड़ गये हैं। यथा—

| गोत्र | मराठा कुल | मराठी कुल-नाम |
|---|---|---|
| चौहान .. | चव्हाण | लाड, तावडे, मोहिते, कालभोर, रणदिवे, हम्मीर राव |
| ,, .. | लाड़ कुल . | लाड़ |
| ,, | तावड़े .. | तावड़े, मोंगल, जामले |
| ,, . | मोहिते .. | बँड़े, काँटे, कामरे आदि। |

इसी प्रकार एक गोत्र के कई मराठा कुल और प्रत्येक मराठा कुल के कई आडनाँव पाये जाते हैं, किन्तु वंशों के चिन्ह, छत्र, कुल, देवता, वर्ण, ऋषि, ध्वजा का रंग, वेद, मुख्य स्थान आदि बातें निश्चित हो जाने से उनके मुख्य कुल का पता चल जाता है। उदाहरणार्थ सोमवंशी राजा चव्हाण, नगर मेवाड, अवन्तीपुरी, श्वेत सिंहासन श्वेत छत्र, श्वेत निशान, श्वेत घोडा, ध्वज पर चन्द्र, कुल—देवता, ज्वालामुखी भवानी, हल्दी, सोना, रुई का उपयोग, गुरु वसिष्ठ, गोत्र चव्हाण, वेद ऋग्वेद त्रिपदा गायत्री छन्द, कुल—लाड़ लावंड मोहिते आदि इसी प्रकार चालके उर्फ चालुक्य कुल का तख्त गद्दी बदामी दूसरी गद्दी कल्याण, सफेद सिंहासन, सफेद छत्र, निशान घोडा, ध्वज पर गणेश जी, गुरु दालभ्य, गोत्र चालुक्य, गायत्री मन्त्र, नील वर्ण ये मुख्य चिन्ह बतलाये गये हैं।

मराठों के उपनामों की भी विचित्र रूप से उत्पत्ति हुई। किन्हीं कुल में तो वे ही उपनाम चले आते हैं जो आदि में थे यथा—यादव, पवार, चौहान, तौर आदि, किन्तु कोई कोई नाम विशेषघटनाओं के कारण बदल गए। घुरपड़े वास्तव में सिसोदिया राजपूत हैं, किन्तु उनके पूर्वजों ने घुरपड़ अर्थात् गोह की सहायता से एक किले की दीवार को फांदा था, अतएव यही उनका वंश नाम भी हुआ। फालके असल में तँवर राजपूत हैं। गोलकुण्डा राज्य में इस वंश के दो भ्राताओं में से एक पर प्रसन्न होकर बादशाह ने उसे पोशाक अता की। तब उन दोनों भाइयों ने उसका बटवारा कर लिया, जब वे दरबार में पहुँचे और उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पोशाक के "दोन दोन फाड केले" अर्थात् दो दो टुकड़े कर लिये जिससे बाद को वे फाडके फालके कहलाये। कुछ मराठे अपने ग्राम नामों से प्रसिद्ध हुए यथा पाटणकर सालकी राजपूत हैं निम्बालकर पवार हैं आंग्रेवाडी से आंग्रे, माहुरग्राम से माहुरकर आदि, किन्हीं किन्हीं के वास्तविक नाम दक्षिणी भाषा में बोले जाने के कारण परिवर्तित हो गये हैं। जैसे राना से राने, मौर्य से मोरे, चालुक्य से चालके आदि। महाराष्ट्र के शासक भी राष्ट्र कूट चालुक्य, यादव आदि राजपूत धराने ही थे। छत्रपति शिवा जी के पूर्वज मेवाड के अधीश्वर महाराणा अजीत सिंह के पुत्र सज्जन सिंह और क्षेम सिंह थे, जो सम्वत् १३६७ में दक्षिण में जा कर बसे, जिनकी १२ वीं पीढ़ी में छत्रपति का जन्म हुआ था। प्राचीन समय में इन विभिन्न प्रान्तीय क्षत्रियों में—पारस्परिक विवाह भी होते थे। कल्याण के जैसिंह चालुक्य के पुत्र मूलराज ने अनहिल पट्टण के राजा भोजराज चावड़ा की कन्या से विवाह किया था तथा पृथ्वीराज चौहान का जद्दोभालम

महाराष्ट्र में स्थायी रूप से बस जाने के कारण मराठे कहलाये, किन्तु आश्चर्य की बात है कि एक ही रक्त-मांस-पिण्ड के होने पर भी उन दोनों के विभिन्न दृष्टि कोण होने के कारण अनन्तर उन में पारस्परिक मनो मालिन्य हो गया। जिस से कई रण-संग्राम हुए और पारस्परिक भलाई बुराई की बातें भी इतिहास में अंकित हुईं। निर्बल राजपूत यवन सत्ता के पोषक और प्रशंसक बने तो मराठों ने पुरुषार्थ और बाहुबल द्वारा यवनों को हेय सिद्ध कर अपना अधिराज्य स्थापित करने का प्रयत्न किया। इस संघर्ष में राजपूत मराठा में खूब ठनी, जिस का वर्णन श्री ओझा जी को भी अपने इतिहास में लिखना पड़ा है। राजपूतों के इतिहास लेखक मराठों का न्यायविपर्यय करते हैं और महाराष्ट्र के इतिहास-कार राजपूतों की भूलें बताते हैं, अतएव उक्त उभय समाजों के प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक पारस्परिक सम्बन्ध, उन के राजनैतिक प्रमाद आदि विषयों का संशोधन, मनन तथा विवेचन, की अत्यन्त आवश्यकता है। इसी से तत्सम्बन्धी अल्प विवेचन, इस लेख के द्वारा, करने की चेष्टा की जाती है।

मराठे और राजपूत एक ही वंश के हैं इस में कोई सन्देह नहीं। राजपूतों के पंचकुल और छत्तीस कुलों की नाईं प्रान्तिक उपभेदों के कारण मराठों के ९६ कुल माने गये हैं और तत्सम्बन्धी पर्याप्त साधन भी उपलब्ध हैं। मराठों के कुल क्षत्रियों की नाईं, सूर्य, चन्द्र, शेषवंश और यदुवंश में विभाजित हैं। उदयपुर के गहिल सीसोदिया, मकवाना, चूंडावत, राणावत आदि उपकुलों की नाईं महाराष्ट्र वासियों के एक ही कुल या वंश के विभिन्न उपनाम ( आडनाम ) पाये जाते हैं। राजपूत मालंकी, परमार, प्रतिहार और चौहान की नाईं मराठा में चालके अथवा मालस्ये, पावार अर्थात पवार, चव्हाण तथा प्रतिहार हैं। राजपूत और मराठों के कुलों की समानता निम्नलिखित विवेचन से भी सिद्ध है। यथा —

| मराठा कुल | राजपूत कुल |
|---|---|
| सूर्यवंशी, सुर्वेशी, सुर्वे | सूर्य |
| साम वंशी | सोम |
| यादव एवं जाधव | यदु |
| पँवार, पावार | परमार |
| चालके मालुङ्के | मालङ्की |
| चव्हाण | चौहान |
| चावर | चावड़े |
| राठोड़ा | राठौर |
| शलार, मेलार | सिलार |
| सैन्द्रक शिन्दे | सिन्दा |
| धामपाल | धमपाली |
| अभीर | अभीर |
| अनङ्ग | अनङ्ग |
| प्रतिहार | प्रतिहार |
| कलिचुरे | कलचुरक |
| मार | मोरी |
| तुवार ( शिरके-फालके ) | तँवर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गोरे | ... | ... | .. | गौर |
| गूजर | ... | . | . | बड़ गूजर, बीर गूजर |
| काटे | | | | काठी |
| परिहार | | | .. | परिहार |

महाराष्ट्रीय विभिन्न राजपूत कुलों के कुल, गोत्र और उपनामों में भी बड़ा फर्क पड़ गया है, जिस से एक ही गोत्र के विभिन्न कुल-नाम पड़ गये हैं। यथा—

| गोत्र | | मराठा कुल | | मराठी कुल-नाम |
|---|---|---|---|---|
| चौहान | .. | चव्हाण | . | लाड, तावड़े, मोहिते, पालमोर, रणदिवे, हम्मीर राव |
| " | .. | लाड़ कुल | .. | लाड़ |
| " | . | तावड़े | | तावड़े, मांगल, जामले |
| " | .. | मोहिते | ... | घोंडे, घाटे, कामरे आदि। |

इसी प्रकार एक गोत्र के कई मराठा कुल और प्रत्येक मराठा कुल के कई उपनाँव पाये जाते हैं, किन्तु वंशों के चिन्ह, छत्र, कुल, देवता, वर्ण, ऋषि, ध्वजा का रंग, वेद, मुख्य स्थान आदि बातें निश्चित हो जाने से उनके मुख्य कुल का पता चल जाता है। उदाहरणार्थ सामवंशी राजा चव्हाण, नगर मेवाड़, अवन्तीपुरी, श्वेत सिंहासन श्वेत छत्र, श्वेत निशान, श्वेत घोड़ा, ध्वज पर चन्द्र, कुल—देवता, ज्वालामुखी भवानी, हल्दी, सोना, रुई का उपयोग, गुरु वसिष्ठ, गोत्र चव्हाण, वेद ऋग्वेद त्रिपदा गायत्री छन्द, कुल—लाड़ तावड़े मोहिते आदि इसी प्रकार चालके उर्फ चालुक्य कुल का तख्त गद्दी बदामी दूसरी गद्दी कल्याण, सफेद सिंहासन, सफेद छत्र, निशान घोडा, ध्वज पर गणेश जी, गुरु दालभ्य, गोत्र चालुक्य, गायत्री मन्त्र, नील वर्ण ये मुख्य चिन्ह बतलाये गये हैं।

मराठों के उपनामों की भी विचित्र रूप से उत्पत्ति हुई। किन्हीं कुलों में तो वे ही उपनाम चले आते हैं जो आदि में थे यथा—यादव, पवार, चौहान, तौर आदि, किन्तु कोई कोई नाम विशेष घटनाओं के कारण बदल गए। घुरपडे वास्तव में सिसोदिया राजपूत हैं, किन्तु उनके पूर्वजों ने घुरपड़ अर्थात् गोह की सहायता से एक किले की दीवार को फांदा था, अतएव यही उनका वंश नाम भी हुआ। फालके असल में तँवर राजपूत हैं। गोलकुण्डा राज्य में इस वंश के दो भ्राताओं में से एक पर प्रसन्न होकर बादशाह ने उसे पोशाक अता की। तब उन दोनों भाइयों ने उसका बटवारा कर लिया, जब वे दरबार में पहुँचे और उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पोशाक के "दोन दोन फाड केले" अर्थात् दो दो टुकड़े कर लिये जिससे बाद को वे फाड़के फालके कहलाये। कुछ मराठे अपने ग्राम नामों से प्रसिद्ध हुए यथा पाटणकर सालंकी राजपूत हैं निम्बालकर पवार हैं आंग्रेवाड़ी से आंग्रे, माहुरग्राम से माहुरकर आदि, किन्हीं किन्हीं के वास्तविक नाम दक्षिणी भाषा में बोले जाने के कारण परिवर्तित हो गये हैं। जैसे राना से राने, मौर्य से मोरे, चालुक्य से चोलके आदि। महाराष्ट्र के शासक भी राष्ट्रकूट चालुक्य, यादव आदि राजपूत वंशज ही थे। छत्रपति शिवा जी के पूर्वज मेवाड के अधीश्वर महाराणा अजीत सिंह के पुत्र सज्जन सिंह और क्षेम सिंह थे, जो सम्वत् १३६७ में दक्षिण में जा कर बसे, जिनकी १२ वीं पीढ़ी में छत्रपति का जन्म हुआ था। प्राचीन समय में इन विभिन्न प्रान्तीय क्षत्रियों में—पारस्परिक विवाह भी होते थे। कल्याण के जैसिंह चालुक्य के पुत्र मूलराज ने अनहिल पट्टण के राजा भोजराज चावडा की कन्या से विवाह किया था तथा पृथ्वीराज चौहान का जद्दोमालम

अर्थात् देवगिरि के यादव भिल्लम की कन्या से विवाह होने का भी पता चलता है-पर अनन्तर प्रान्त, भाषा, व्यवहार-वर्ताव आदि भेद तथा प्रवास की असुविधा के कारण पारस्परिक व्यवहार का लोप हो गया। अस्तु।

महाराष्ट्र में क्षत्रियों की चर्चा क्यों और कब हुई? इस विषय की स्वर्गीय डाक्टर भण्डारकर राजाराम शास्त्री भागवत, स्वर्गीय राजवाड़े जी भारताचार्य वैद्य जी आदि ने काफी चर्चा की है। इतिहासाचार्य राजवाड़े जी का तत्सम्बन्धी प्रयत्न अवश्य ही अभिनन्दनीय है। आपने महाराष्ट्र के वसाहत काल के विषय में ग्रामनाम, प्रान्तीय नाम, पर्वत, नदियाँ आदि की काफी खोज भाल करके यह सिद्ध किया है कि नन्दकुल का अन्त होने पर वहाँ के क्षत्रिय चातुर्वर्ण्य की रक्षा के लिये इंग्लैंड के प्यूरिटन फादर्स अथवा फ्रांस के ह्यूजेनो की भाँति उत्तरीय भारत से प्राचीन दण्डकारण्य में आ बसे हैं, अतएव उत्तरी भारत तथा महाराष्ट्र के क्षत्रियों के एक ही कुल होने, उनके महाराष्ट्र में उपनिवेशित होने का समय आदि विषयों की विशेष खोज तथा विवेचन की अत्यन्त आवश्यकता है। अस्तु।

मराठों के मध्य कालीन इतिहास का प्रारम्भ देवगिरि के यादव राज्य पतन से आरम्भ होता है—महाराष्ट्र में मुसलमानों का आधिपत्य स्थापित होने पर वहाँ के क्षत्रियों ने आर्य सभ्यता की रक्षा के लिये सुदूर प्रदेश कर्नाटक में विजयनगर साम्राज्य स्थापित किया। उस राज्य में और बहमनी तथा उसकी पाँच मुसलमान शाखाओं के आश्रय में भी मराठों ने अपने बाहुबल पर बड़ा पुरुषार्थ दिखाया। उस समय भी राजपूताने के क्षत्रियों ने दक्षिण की ओर जाकर अपना भाग्य निर्माण किया जिसके कई प्रमाण उपलब्ध हैं। हाल ही में सुप्रसिद्ध इतिहासविद् डाक्टर बालकृष्ण जी ने छत्रपति शिवाजी के पिता शाहू जी का चरित्र प्रकाशित किया है उसमें मुधोल राज्य के पूर्वजों का शाही फर्मानों के आधार पर सीसोदिया वंशज होना, १४ वीं शताब्दी में उनका दक्षिण में बसना तथा दक्षिण के बहमनी बादशाहों द्वारा जागीर प्राप्त करना आदि बातें लिखी हैं। श्री ओझा जी ने भी अपने इतिहास में तत्सम्बन्धी उल्लेख किया है। शिवा जी के पिता शाहू जी महाराज के दर्बार में जयराम पिण्डे नामक एक कवि हो गया है, जिसका लिखा राधा माधव विलास चम्पू नामक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। उसमें स्पष्ट रूपेण उन्हें सीसोदिया वंशज लिखा है। शाहू जी के दर्बार में विभिन्न भाषा भाषी लगभग ३५ कवि मौजूद थे, उनमें से एक कवि ने लिखा है कि—

जाणा हो शाहराज, राणा जी रो भाई छे जी।
देश छै जी चित्तौड़, कुल जात राणा री॥

छत्रपति शिवाजी के दर्बारी कवि वीर रसाचार्य भूषण ने लिखा है—

\+　\+　लियो विरद सीसोदिया　×　×　×
भूमिपाल तिन में भयो　\+　×
रन भूसिला सु भौंसला　×　×　×　×

उक्त अवतरणों से भी छत्रपति का सीसोदिया होना सिद्ध है। महाराज शिवाजी का राज्याभिषेक करने वाले पण्डित वर्य गागा भट्ट जी ने भी कहा है कि—

य क्षात्रधर्मस्य नवावतार

महाराष्ट्र के तत्कालीन पुराण मत वादी ब्राह्मण छत्रपति शिवा जी को क्षत्रीय स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं थे, अतएव छत्रपति ने अपना मुख्त्यार उदयपुर भेज कर महाराजा जी से स्वयं को सीसोदिया वंशज होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया और पण्डित वर्य गागा भट्टजी को काशी से निमन्त्रित कर उनके द्वारा वेदोक्त पद्धति से निज के उपनयन तथा राज्याभिषेक संस्कार करवाये महाराज शिवा जी का मुगलों से संघर्ष होने के कारण तत्कालीन राजपूत राजा और

सर्दारों से, जिन्हों ने मुगलो की आधीनता स्वीकार कर ली थी, परोक्ष-अपरोक्ष रूप से सम्बन्ध हुआ था। उन में से जोधपुर के महाराजा यशवन्तसिंह तथा जयपुर के महाराजा मिर्जा राजा जयसिंह से विशेष सम्बन्ध हुआ। शिवाजी का उन उभय सर्दारों से जो पत्र व्यवहार हुआ, वह पूर्णतया अद्यावधि उपलब्ध नहीं हुआ है, किन्तु बहुत संभव है कि जयपुर तथा जोधपुर के दर्बारी रेकार्ड से भविष्य में उस का पता चल जाय। महाराजा शिवाजी मुसलमानी सत्ता के बदले स्वराज्य स्थापित करना चाहते थे और मुगल सर्दारों के नाते जयसिंह तथा जसवन्तसिंह का उद्देश्य शिवाजी को घर दबा कर उन्हें मुगलों के आधीन कराना था। वास्तव में शिवाजी का उद्देश्य कहीं ऊँचा और अभिनन्दनीय था और कई नाटकों व उपन्यासों में तत्सम्बन्धी कई मनोरंजक बातें भी लिखी गई हैं, किन्तु आश्चर्य है कि राजपूताने के भाट चारणों ने मराठा और राजपूतों के सम्बन्ध में मराठों को सर्वदा हेय बतलाने की ही चेष्टा की है। एक भाट ने तो यहां तक लिख मारा है कि 'राजपूतों की तलवारों के आगे मराठों के भाले मोच खा गये" वह कवित्त निम्न है—

गजन संभ्रम लिया, गनीमा तारणीनी गढ।
हुई खग तणीं, भाला तणी हार ॥

अर्थात् गजसिंह के पुत्र जसवन्त ने अपने गनीम—शत्रु—मराठों के किले जीत लिये, राजपूती तलवारों के आगे मराठों के भालो की हार हुई।

यों तो महाराजा शिवाजी का बुँदेला नरेश महाराजा छत्रसाल, रामसिंह, उदैभान राठौड़ आदि कई प्रमुख राजपूत सर्दारों तथा राजाओं से परिचय तथा निकट सम्बन्ध हुआ था, पर महाराज के राजनैतिक कार्य में प्रमुखतया जयसिंह, जसवन्तसिंह, रामसिंह तथा छत्रसाल ही विशेष उल्लेखनीय हैं, अतएव उस सम्बन्ध पर ही अब हम विचार करें।

सन् १६६५ में मिर्जा राजा जयसिंह को औरंगजेब ने दक्षिण का सूबेदार बनाया था, पर बीजापुर की सेना से पराजित होने के कारण सन् १६६७ में औरंगजेब ने उन्हें हटा दिया और शाहजादा मुअज्जम को सूबेदार बना कर महाराजा जसवन्तसिंह को उस की सहायतार्थ दक्षिण भेजा। मिर्जा के साथ रामसिंह सीसोदिया, राजा सुजानसिंह बुँदेला, पुत्र कीरतसिंह, पूरणमल बुँदेला आदि राजपूत सर्दार भी थे। मिर्जा जी ने युक्ति प्रयुक्ति से महाराज को दिल्ली चलने तथा किसी प्रकार का धोखा न होने का वचन दिया, जिस के विषय में उन दोनों में बहुत कुछ पत्र व्यवहार हुआ, जो अद्यावधि उपलब्ध नहीं हुआ है। जयसिंह ने समय समय पर जो पत्र बादशाह की ओर भेजे उन का बहुत सा अंश तो प्रकाशित हो चुका है किन्तु उस की दूसरी बाजू, महाराष्ट्र के तत्कालीन पत्र, अभी हिन्दी या अंग्रेजी में प्रकाशित नहीं हुए, अतएव तत्कालीन मुगलों का इतिहास अथवा महाराजा जयसिंह की जीवनी लिखने के लिये मराठी साधनों के अध्ययन की आवश्यकता है। जयसिंह के पुत्र रामसिंह की सहायता से महाराजा शिवा जी का बादशाह की कैद से निकल जाना भी प्रसिद्ध है, किन्तु तत्सम्बन्धी अभी तक यथेष्ट सामग्री उपलब्ध नहीं हुई। सन् १६६८ से १६७१ तक जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह भी मुगल दर्बार से दक्षिण के प्रबन्ध के लिये भेजे गये थे और उनका महाराजा शिवा जी से भी घनिष्ट सम्बन्ध हो गया था, अतएव तत्सम्बन्धी महाराष्ट्र तथा राजपूताने की सामग्री एकत्र करने से ही तत्कालीन वास्तविक घटनाओं का पता चल सकता है। महाराजा छत्रसाल बुँदेला महाराज छत्रपति शिवा जी से दक्षिण जा कर मिले थे, जिस का उल्लेख लालकवि ने 'छत्रसाल प्रकाश' में भी किया है, पर उस विषय के

यथेष्ट प्रमाण अभी नहीं मिले हैं। जैराज, जैमल राठौड़, राजा मान, जसवन्तसिंह कछवाहा, पूरणमल बुँदेला, मोहकमसिंह, मोहनदास, रामसिंह सीसोदिया, सुभानसिंह, सुजानसिंह, सुभानसिंह आदि राजपूत राजा तथा सर्दारों का युद्ध, सन्धि, व्यवहार आदि विविध कारणों से महाराजा शिवाजी से परिचय हुआ था, अतएव उन के विषय की दोनों प्रान्तों की सामग्री का सङ्कलन करना आवश्यक है। तत्कालीन महाराष्ट्र की मुसलमान सत्ता बीजापुर से शाहजहाँ तथा औरंगजेब के युद्ध हुए थे और उन में मुगलों के सर्दारों के नाते स्वराज्य के महाराजा रामसिंह राठौड़ आदि कई राजपूतों ने भाग लिया था। उन के विषय की भी बहुत सी सामग्री महाराष्ट्र में मिल सकती है। इसी प्रकार शिवाजी के पुत्र संभाजी से मारवाड़ राठौड़ दुर्गादास का घनिष्ठ परिचय और सम्बन्ध हुआ था। संभाजी के दीवान कान्यकुब्ज कविकलश उत्तर भारत निवासी थे तथा महेशदास नामक उन के एक दर्बारी कवि का होना भी पाया जाता है। कोई उसे भाट बतलाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व स्वर्गीय मुंशी देवीप्रसाद जी ने कविकलश सम्बन्धी एक पत्र प्रकाशित किया था, उस से सिद्ध होता है कि संभाजी को बादशाह के द्वारा पकड़वाने में उस का भी हाथ रहा हो, इसी से उसे विश्वासघातक मान कर बहिष्कृत कर दिया गया था। इस उदाहरण से भी सिद्ध है कि उभय प्रान्तों की सामग्री का संशोधन करने से राजपूत और मराठा दोनों जातियों के इतिहास की बहुत सी अप्रकाशित बातें ज्ञात हो जायेंगी। अस्तु।

महाराजा जसवन्तसिंह जोधपुर वाले के पुत्र अजीतसिंह गुजरात के सूबेदार थे और वे उस प्रान्त को हड़पना चाहते थे, इसी से उन्हों ने अपने प्रतिस्पर्धी मराठा सर्दार पिलाजीराव गायकवाड़—वर्तमान बड़ौदा राज्य के स्थापक—को मरवा डाला था। उन का लड़का अभयसिंह भी गुजरात में रहा और मालूम से उसी ने सन १७३२ में डाकोर में पिलाजी का खून कराया उस का बदला पिलाजी के भाई महादजी और लड़के दमाजी ने जोधपुर को लूट कर लिया। मराठी में तत्सम्बन्धी बहुत कुछ सामग्री उपलब्ध है। सवाई जयसिंह के सेनापति कृपाराम नादिरशाह की लूट के समय दिल्ली में थे और मराठों से उस का भी सम्बन्ध था। बाजीराव के भाई चिमाजी ने मालवे पर चढ़ाई कर सन १७२४ में वहाँ के मुगलों के सूबेदार गिरधर बहादुर को मार डाला तथा सन १७३१ में स्वयं बाजीराव पेशवा ने राणोजी सिंधिया, मल्हारराव होल्कर उदाजीराव पवार तथा अन्य मराठा सर्दारों की सहायता से मालवे के सूबेदार दयाबहादुर को तिरला के रणक्षेत्र में मार कर मालवा में मराठा शाही स्थापित की। मालवा पर चढ़ाई कर के उस प्रान्त को मुसल्मानों के चङ्गुल से छुड़ाने के लिए इन्दौर के जमींदार रावनन्दलाल मण्डलोई ने सवाई जयसिंह के द्वारा पेशवा बाजीराव को निमंत्रित किया था। तत्सम्बन्धी बहुत सी सामग्री प्रकाशित हो चुकी है और भविष्य में और भी मिल सकती है, विशेष रूपेण सवाई जयसिंह की मराठों सम्बन्धी उदारता तो कभी भुलाई नहीं जा सकती। महाराजा सवाई जयसिंह तथा प्रथम बाजीराव पेशवा में जो पत्र-व्यवहार हुआ था उस में से एक संस्कृत पद्य-मय पत्र पाठकों के अवलोकनार्थ यहाँ पर उद्धृत किया जाता है। पत्र के आरम्भ में बाजीराव ने जयसिंह की बड़ी प्रशंसा की है और 'राजाधिराज' 'महाराज' जैसे विशेषणों से युक्त पत्र लिखा है, साथ ही अपने पुरुषार्थ से धमकाया भी है। उसी पत्र में निम्नश्लोक है।

पीत्वा गर्जन्त्यसौ दिशि दिशि जलदास्त्वं शरण्यो गिरीशाम्
सुप्राणः ग्राम भाजो त्रिदशशिखरिणां जन्मभूमिस्त्वमेव।
गाम्भीर्ये तस्य तास्क त्वयि सलिलनिधे किन्तु विज्ञापयेतत्
सर्वापायेन मैत्रावरुणमुनिकृपापान्थ्य कांक्षणीया ॥ १ ॥

इस श्लोक में राजा जयसिंह को समुद्र की उपमा दे कर कहा है कि तेरा उदक प्राशन करके मेघ चारों ओर गर्जना करते हैं, इन्द्र से पीडित पर्वतों का तू रक्षक है, देववृक्ष अथवा कल्पवृक्ष की जन्मभूमि भी तू है, तेरी गंभीरता भी अगाध है, इन सब गुणों के होते हुए भी सूचित किया जाता है कि सभी उपायों से मित्रावरुण के पुत्र अगस्त्य मुनि की कृपादृष्टि के आकांक्षी बने रहो। इस रूपक का अर्थ यह है कि तेरे सामर्थ्य के आश्रय से अन्य राजा तथा सर्दार अपना बड़प्पन दिखाए हुए हैं, तू मुसलमानों से पीडित लोगों का अभयदाता है, तू हमारी इच्छापूर्ण कर सकता है, किन्तु अगस्त्य मुनि अर्थात् मुझ बाजीराव पेशवा का कृपाकांक्षी बना रह, अन्यथा तेरा नाश होगा। इस का उत्तर जयसिंह ने निम्नलिखित श्लोक से दिया—

क्षन्तव्या द्विजजातय परिभवेऽप्येतद्वच पालनात्।
पीत कुम्भ समुद्भवेन जलधि किं जातमेता घता।
मर्यादा यदि लघयेद्विधिवशात् यस्मिन्क्षणे वारिधि।
त्रैलोक्य सचराचरं भ्रमति चेत् कस्तत्र कुम्भोद्भव॥

महाराजा सवाई जयसिंह उक्त श्लोक में स्वय को समुद्र स्वीकार कर के कहते हैं कि यदि प्रसग वश ब्राह्मण क्षत्रियों का अपमान भी करे तो भी वह क्षम्य ही है, इसी वचन का प्रतिपालन हम करते हैं। कुंभ (घड़े) से उत्पन्न अगस्त्य मुनि ने समुद्र शोषण किया था यह सच है, किन्तु यदि दैव योग से समुद्र अपनी मर्यादा का उलंघन करे तो वह तत्क्षण ही चराचर सहित त्रैलोक्य का डुबो देगा, फिर अगस्त्य मुनि की तो बात ही क्या है? इस रूपक में जयसिंह ने यह बतलाया है कि ब्राह्मणों की रक्षा करना हमारा धर्म है, अतएव हम को उस के लिये कष्ट भी उठाने पड़ें तो भी हम तुम पर कृपा भाव ही बनाये रखेंगे, पर इस से तुम हम को निर्बल मत समझना। यदि मैं क्रोधित हुआ तो सारे देश का बण्टाढार कर दूंगा, फिर तुम्हारी तो बात ही क्या है? सवाई जयसिंह के पास व्यंकाजी नामक बाजीराव का वकील रहा करता था, किन्तु अभी तक जयसिंह और मराठों का पत्र व्यवहार बहुत कम प्रकाशित हुआ है। सन १७३७ में निजाम से साथ मराठों का भोपाल के निकट जो युद्ध हुआ, उस में कोटा के राजा दुर्जनमाल भी मराठों से लड़े थे और तभी से मराठों का ध्यान उस राज्य की ओर आकर्षित हुआ।

बाजीराव पेशवा ने महाराजा छत्रसाल बुँदेला को मुहम्मदखाँ बगश की चढाई के समय जो सहायता दी, वह इतिहास में कभी भुलाई नहीं जा सकती। तत्सम्बन्धी—

जो गति गाह गजेन्द्र की, सो गति भई है आज।
बाजी जात बुँदेल की, बाजी राखो लाज॥

यह दोहा प्रसिद्ध है ही। उस उपकार के उपलक्ष्य में पेशवा को ३॥ लाख की जागीर बुँदेलखण्ड में महाराजा छत्रसाल ने दी थी। छत्रसाल ने मस्तानी नामक एक सुन्दर यवन युवती बाजीराव को भेंट की थी। उसी के वंशज बाँदा के नवाब कहलाये। छत्रसाल के पुत्र हृदयसाह तथा जगतराज के भी साथ पेशवा ने भैयाचारे का नाता खूब निभाया। सवाई जयसिंह के वकील विक्रमाजीत, शिवसिंह, सभाचन्द, सभासिंह आदि अन्य सर्दारों से भी मराठों का सम्पर्क हुआ था। उदयपुर के महाराणा संग्रामसिंह, बाजीराव पेशवा तथा प्रसिद्ध मराठा सर्दार श्रीपतिराव प्रतिनिधि को बड़े आदर की दृष्टि से देखते थे। उदाहरणार्थ महाराणा के उन्हे लिखे हुए दो संस्कृत पत्रों में से यहाँ पर एक पत्र उद्धृत किया जाता है।

श्री एक लिंग (ता० २।४।१७२९)

स्वस्ति श्री महाराजाधिराज महाराणा श्री संग्रामसिंह नृपवर्यादेशात् सौहार्दास्पदेषु स्वामिकार्यैकनिष्ठान्त करणप्रवृत्तिषु मुख्यामात्य राजश्री बाजीरावजी बल्लालेषु सुप्रसादो लिख्यते। यथा श्रीमत्कृपया शमिह भवदीय मीनशमनिशिन्द्रमभितरगा शरणमेवमानमोहा महे। श्रीमतोऽत्रत्य भाविवेपिशोय कृतिमतया यात्मान्योन्यं प्रेम वर्तते तद्धिक वृद्धिमुपगातु अवश्य च ..... शास्त्रियणो राजद्वारीयमुख्यपण्डिता धीश्वर भट्टा विवाहार्थं दक्षिणप्रान्ते यास्यन्ति भवन्माजानागमेषु पथि निष्प्रत्यूह गमनागमने भवन्तस्तथा विधास्यन्ति। श्रीमत किमधिकम् सुविज्ञेषु। संवत् रसरामु मुनीन्द्रसम्ये मध्वमेचक पूर्णायां चन्द्रेशगे रवितोयं वर्णचर ॥
मुख्यामात्य राजश्री बाजीराव बल्लालेषु योग्य मद पत्रम्।

बालाजी बाजीराव पेशवा ने अर्जुन सिंह धंधेरे की भी बड़ी सहायता की थी। इसी समय सिंधिया और होल्कर ने बुंदेलों का जैतपुर किला जीत लिया था। तत्सम्बन्धी बहुत कुछ सामग्री उपलब्ध हो चुकी है। सवाई जयसिंह के पुत्र ईश्वरीसिंह और माधोसिंह में जयपुर की गद्दी हस्तगत करने के लिए जो झगड़ा हुआ, उसमें मराठों ने बहुत कुछ योग दिया। ईश्वरसिंह बड़ा पुत्र था, पर माधोसिंह उदयपुर की राजकन्या का पुत्र होने के कारण राणा जी ने पेशवा को १५,००,००० रुपया नजर देने का वचन देकर माधोसिंह के सहायक होने का आग्रह किया, पर सिंधिया होल्कर ने ईश्वरीसिंह की सहायता करके माधोसिंह तथा उसके सहायक महाराणा जगतसिंह को हरा दिया। कोटा और बूँदी के राजाओं ने भी माधोसिंह की सहायता दी थी, अतएव सिंधिया ने उन दोनों राज्यों पर चढ़ाई करके खूब द्रव्यसञ्चय किया, यह देख कर होल्कर को भी द्रव्य-लोभ छूटा और माधोसिंह ने ६२,००,००० लाख रुपये देने का वचन देते ही होलकर ने पिछली कार्यवाही को भूल कर ईश्वरी सिंह पर चढ़ाई कर दी। अन्त में पेशवा स्वयं राजपूताने में पहुँचे। जब ईश्वरी सिंह ने पेशवा और होलकर दोनों को माधो सिंह का सहायक पाया, तब उसने और द्रव्य पेशवा को देना कबूल कर लिया, पर, पूरी रकम न मिलने से पुनश्च उस पर चढ़ाई की गई। अन्त में ईश्वरीसिंह ने आत्म-हत्या कर ली और माधोसिंह को राज-गद्दी मिली। उसी माधोसिंह का दिया हुआ परगना रामपुर अभी तक होलकर के कब्जे में है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि जयपुर के झगड़े में मराठों ने लोभवश अकारण उठाई धराई की। उन्होंने कभी ईश्वरीसिंह और कभी माधोसिंह का पक्ष ले कर राजपूतों से सदा के लिए शत्रुता कर ली और स्वयं राजनीति तथा इतिहास में सर्वदा के लिए कलंकित हो गए। ता० ७ मार्च सन् १७४७ का पेशवा का लिखा हुआ एक मराठी पत्र प्रकाशित हो चुका है। उसमें लिखा है कि "राणा जी के वकील १५,००,००० रुपये नजर देने के लिए तैयार हैं, इसलिए माधोसिंह को २४ लाख की जागीर दिला दो और माधोसिंह से भी १२-१५ लाख या जितना अधिक हो सके, वसूल करो। इससे दोनों तरफ से लाभ होगा।"—आश्चर्य की बात है कि पेशवा ने ही सबसे पहले ईश्वरीसिंह को गद्दी पर बिठाने की राय दी थी, पर मल्हार राव होल्कर ने माधोसिंह की सहायता देकर पेशवा को भी अपनी ओर मिला लिया। अनन्तर ३० अप्रेल सन् १७४८ को पेशवा स्वयं राजपूताना पहुँचे और ईश्वरीसिंह तथा माधोसिंह दोनों से ३१ लाख और १० लाख रुपया क्रम से वसूल करने की सन्धि की। कहना नहीं होगा कि इस बे-पेंदी की नीति से मराठों की बहुत कुछ बदनामी हुई और तभी से राजपूत और मराठों में पारस्परिक द्रोह उत्पन्न हुआ। बुँदेलखण्ड पर चढ़ाई कर के जैतपुर का किला हस्तगत करने और उसे पुनश्च जगतराज बुँदेला को देने की मराठों की कार्यवाही पर भी अभी प्रकाश पड़ने की आवश्यकता

है। दतिया के राजा पर चढ़ाई करने के विषय में २२ अक्तूबर सन् १७४६ को पेशवा ने जो पत्र लिखा था, उसे पढ़ कर तो अँगरेजों की कूटनीति का स्मरण हो आता है और यह निस्सन्देह कहा जा सकता है कि वेल्‌ज़ली ने मराठों को जीतने मे जिन उपायों का अवलम्बन किया था, वे ही उपाय पेशवा ने अपने सरदारों को सुझाये थे। माधवसिंह जयपुर वाले के सहायक महाराणा जगतसिंह का पेशवा से जो पत्र-व्यवहार हुआ, वह भी अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। सवाई जयसिंह ११ मई सन् १७४१ को धौलपुर में पेशवा से मिले और उसी समय परस्पर सहायक रहकर, ६ मास के अन्दर, मालवा की सनद पेशवा को दिलाने का अभिवचन, सवाई जी ने दिया था, किन्तु अभी तक जयसिंह और मराठों के विशेष सम्बन्ध पर प्रकाश डालनेवाले पत्र प्रकाशित नहीं हुए हैं। सन् १७४२ में ओरछा के राजा से बरवासागर के निकट मराठों का युद्ध हुआ। उसमें राणो जी सेंधिया के पुत्र ज्योतिबा और मल्हारकृष्ण अलगीवाले मारे गये थे। तत्सम्बन्धी विशेष खोज की भी आवश्यकता है। सन् १७४७ में सिन्धिया ने कोटा पर चढ़ाई की थी। उसी समयसे राजा ज़ालिमसिंह का मराठों से सम्पर्क हुआ, जो मराठा-शाही के नष्ट होने तक बना रहा।

ज़ालिमसिंह की राजनैतिक हलचलें मराठों के इतिहास मे विशेष महत्व का स्थान रखती हैं और राजपूतों के इतिहास पर भी उनके व्यक्तित्व की छाप जमी हुई है, अतएव तत्सम्बन्धी दोनों प्रान्तों से सामग्री इकट्ठी की जाना चाहिये। इनके अतिरिक्त जानकी राम, राजा दुर्लभराय, हरीराम, सभासिंह, घासीराम आदि लोगों का भी मराठों के तत्कालीन इतिहास में उल्लेख पाया जाता है। मारवाड के राजा अजीतसिंह के अभयसिंह और बख्त सिंह नामक दो पुत्र थे। सन् १७५० में अभयसिंह की मृत्यु होने पर उनके पुत्र रामसिंह से बख्तसिंह ने राज्य छीन लिया। रामसिंह ने जगन्नाथ पुरोहित तथा सामन्तसिंह द्वारा जयाप्पा सिंधिया से सहायता चाही, किन्तु बख्त-सिंह को अन्य राजपूत राजा तथा जाटों की सहायता थी, पर शीघ्र ही बख्तसिंह की मृत्यु विष खिलाने से हो गई। कर्नल टॉड ने लिखा है कि यदि बख्तसिंह जिन्दा रहता तो मराठों की पटली राजपूताने में कभी न जमती। बख्तसिंह के पुत्र विजयसिंह ने रामसिंह को निर्बल और व्यसनाधीन समझ कर उसके राज्य का बहुत सा अंश हस्तगत कर लिया, अतएव रामसिंह ने अपने वकील चेतराम को जायाप्पा सेंधिया के पास सहायता पाने के लिए भेजा। उस समय सिंधिया होलकर ने सूरजमल जाट पर चढ़ाई की थी। सूरजमल ने जयपुर के ईश्वरीसिंह की सहायता की थी, तभी से मराठों की उससे चढ़ा-चढ़ी हो गई थी। मराठों का उत्तरीय भारत से चौथ वसूल करना भी सूरजमल को अखरता था, तब उससे उसने दिल्ली पर चढ़ाई कर बादशाह को अपने कब्ज़े में करना चाहा। इसी से वज़ीर मीर शहाबुद्दीन ने सूरजमल को घर दबाने का मराठों से आग्रह किया था, तब सिंधिया, होलकर और पेशवा, राघोबादादा ने भरतपुर राज्यान्तर्गत कुम्हेरी के किले पर चढ़ाई कर दी। उस युद्ध में मल्हारराव के इकलौते पुत्र अहिल्याबाई के पति खण्डेराव मारे गये, तब मल्हारराव ने जयद्रथ-वध जैसी जाटों का निःपात करने की भीषण प्रतिज्ञा की। मल्हारराव की यह प्रतिज्ञा सुनकर सूरजमल ने अपने वकील रूपराम कटारे के पुत्र तेजराम कटारे द्वारा जयाप्पा सेंधिया की ओर, पगडी-बदला, भैया-चारा स्थापित करने के विचार मे, अपनी पगडी भेज दी। उधर सिंधिया होलकर मे पहले से मनोमालिन्य हो ही चुका था, अतएव जयाप्पा सेंधिया ने होलकर को अकेला छोड़ कर रामसिंह की सहायतार्थ राजपूताने की ओर कूँच कर दिया। तब होलकर को भी विवश होकर १७ मई १७५४ को ६० लाख रुपये कर लेकर जाटों से सुलह करनी पड़ी। उधर विजय सिंह ने भी ५०-६० हज़ार फौज इकट्ठी करके मराठों से सामना किया। मल्हारराव की सहानुभूति विजयसिंह की ओर थी। सिंधिया ने नागोर के किले में विजय सिंह को महीनों तक घेर रखा। तब विजय सिंह ने

केसरीसिंह गौगार नामक एक राजपूत को भिखारी के वेष में भेज कर जयाप्पा को नहाते समय छुरी से मरवा डाला।

अन्त में केवल [illegible] भय से होल्कर अपनी फौज सहित विजयसिंह के सहायक नहीं हो सके, किन्तु उनके बहकाने से ही जयपुर के माधोसिंह तथा अन्य राजा विजय सिंह के सहायक हुए थे। बाद को जयाप्पा के भाई दत्ताजी ने विजयसिंह को घर दबाया। अन्त में मारवाड़ राज्य के तीन भाग किये जाकर एक हिस्सा विजयसिंह तथा एक रामसिंह और पेशवा को देने की सुलह हुई और २ करोड़ रुपये दंड-स्वरूप विजयसिंह से लेना ते पाया। जयपुर वालों से भी गुनहगारी वसूल की गई। इसी समय से कृष्णा जी जगन्नाथ नामक एक मराठों का वकील विजयसिंह के दरबार में रहने लगा, जिसके लिखे हुए सैकड़ों अखबार ( Newsletters ) उपलब्ध हुए हैं। और उनसे तत्कालीन इतिहास पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

मारवाड़ के युद्ध के अनन्तर ही रामसिंह हाड़ा बूँदी नरेश की मृत्यु हुई, अतएव उनकी रानी ने अपने अल्पायु लड़के को गद्दी पर बिठाने में सिंधिया से मदद चाही, जिसमें दत्ताजी सिंधिया को ४० लाख रुपये मदद ही में मिल गए। पानीपत के युद्ध के समय देवीदत्त नामक एक दिल्ली निवासी कायस्थ शुजाउद्दौला की ओर से सदा शिवराव भाऊ के पास रहता था। लाला रूपाराम नामक एक कायस्थ सवाई जयसिंह का दरबारी था और उसी के द्वारा बाजीराव तथा जयसिंह में मित्रता हुई थी। बाजीराव पेशवा ने उसको तथा उसके पुत्र तुलजाराम को राजपूताने में अपना वकील नियत किया। तुलजाराम के पुत्र सेवकराम ने भी जयपुर में तथा १७७१ से १७९३ तक कलकत्ता में वहाँ नियत मराठों के वकील की नौकरी की थी। उसके बहुत से अखबार उपलब्ध हुए हैं। सूरजमल जाट ने पानीपत के युद्ध में तथा उसके अनन्तर पराजित मराठों को आत्मीय भाव से जो सहायता दी, वह अद्वितीय थी। मराठा जाति उस के उस उपकार को कदापि भूल नहीं सकती। तत्संबंधी बहुत सी सामग्री मराठी में उपलब्ध है।

सूरजमल के पुत्र जवाहरसिंह ने मल्हारराव होलकर की सहायता से दिल्ली पर चढ़ाई करके नजीबखाँ को घेर दबाया था, किन्तु १७६७ के लगभग जवाहरमल मराठों के विरुद्ध हो गया। गोहद के जाट वास्तव में पेशवा के ही बनाये हुए राजा थे। पर, पानीपत के युद्ध के बाद उन्होंने मराठों से मुखालिफत की, तब राघोबा पेशवा ने गोहद पर चढ़ाई कर १५ लाख रुपया खिराज १७६७ उनसे वसूल किया।

काशी के राजा चेतसिंह का मराठों से गहरा सम्पर्क रहा था। वारन हेस्टिंग्ज ने उसके साथ जो कुछ अन्याय किया था, वह कभी भुलाया नहीं जा सकता, किन्तु महादजी सिंधिया ने उसे आश्रय देकर ५ लाख की जागीर दी थी। पेशवा तथा नाना फड़नवीस से भी चेतसिंह का परिचय था और उनका पत्र-व्यवहार भी उपलब्ध हो चुका है। इसी प्रकार अनूप गिरि उर्फ हिम्मतबहादुर नामक गुसाईं सैनिक का मराठों की उत्तर-भारतीय राजनैतिक हलचल में विशेष उल्लेख पाया जाता है। आरंभ में वह तथा उसका भाई उमराव गिरि शुजाउद्दौला के पास नौकर थे और वे पानीपत के युद्ध में मराठों के विरुद्ध लड़े भी थे। जाटों और मराठों के युद्ध में भी उन्होंने जाटों का साथ दिया था। जब दिल्ली के वज़ीर मिर्ज़ा नजफ़खाँ ने उन्हें अपने पास रख लिया, तब उनका मराठों से विशेष सम्बन्ध हुआ। महादजी सिंधिया का दिल्ली पर अधिकार स्थापित होते ही उन्होंने अनूपगिरि की सहायता से दिल्ली के सर्दारों की जागीरें बाँटने और द्रव्य प्राप्त करने के साधन जानने चाहे, किन्तु २-३ वर्ष बाद महादजी के विरुद्ध षड्यंत्र रचने का पता सिंधिया को चलते ही उन्होंने गुसाईं को कैद कर लिया और उनकी जागीर भी जब्त कर ली। तब उसने सिंधिया के विरुद्ध धक्का किया और वह महादजी के प्रतिस्पर्धी तुकोजी होलकर तथा बाँदा के नवाब

अलीबहादुर से जाकर मिला। सिंधिया तथा अनूपगिरि गुसाँई के झगड़े के सैकड़ों कागजात मराठी मे उपलब्ध हैं।

सन् १८०३ मे अनूपगिरि ने अङ्गरेजों का साथ दे कर बुँदेलखण्ड में अङ्गरेजों की सत्ता स्थापित कराई थी। हिन्दी के कवि पद्माकर जी ने "हिम्मत बहादुर विरदावलि" नामक ग्रन्थ भी लिखा है। अस्तु, जब मराठों ने सन् १७८३ मे गोहद के राणा छत्रसाल पर चढ़ाई की, उस समय राजा माणिकपाल करौली वाले ने जाट का आश्रय दिया था, किन्तु अनन्तर उसने महाद जी के आग्रह और दबाव से राणा को सकुटुम्ब महाद जी को सौंप दिया। १७७८ में जयपुर के राजा पृथ्वीसिंह की मृत्यु हुई, किन्तु उसका पुत्र नाबालिग होने से उसका भाई प्रतापसिंह ही शासन-प्रबंध करता था। माचाड़ी के राव राजा प्रतापसिंह महाद जी के मित्र थे, जो मराठों की कृपा के कारण ही अलवर राज्य के संस्थापक कहलाये। वह जयपुर राज्य में अपना प्रभाव स्थापित करना चाहते थे, अतएव उन्हों ने महाद जी को सुझाया कि जयपुर का शासक प्रतापसिंह नालायक है, अतएव यदि पृथ्वीसिंह के लड़के मानसिंह को उसकी ननसाल किशनगढ़ मे लाकर गद्दी पर बिठायेंगे तो आप को ५० लाख रुपये दिलाऊँगा तब जयपुर के प्रधानमन्त्री खुशालीराम बोहरा जयपुर वाले प्रतापसिंह का संदेश लेकर महाद जी के पास गया, किन्तु महाद जी ने साढ़े तीन करोड रुपया, पिछले कर की बकाया, माँगी। पर खुशालीराम ने इतनी रकम देने मे असमर्थता प्रकट की। तब राव राजा ने ६३ लाख रुपये मे झगड़ा निपटया दिया। उस समय ११ लाख रुपया नक्द तथा शेष रकम की वसूली के लिए मुल्क देना करार पाया। पर जब यह नक्द रकम भी नहीं मिली, तब सिंधिया ने फौज भेजकर जयपुर के कई मुहालों पर कब्जा कर लिया। उस समय प्रतापसिंह का साथ विजयसिंह जोधपुर वाले ने दिया और खुशालीराम को मराठों का मित्र समझकर वह मार डाला गया। सन् १७८७में जयपुर पर महाद जी सिंधिया ने चढ़ाई की। उस समय मुहम्मदबग हम्दानी जो दिल्ली का सर्दार था और मराठों से कुढ़ता था, राजपूतों से जा मिला था। उस के षड्यन्त्र से ही राजपूत मराठों में—लालसोट नामक स्थान पर—भीषण युद्ध हुआ, किन्तु मराठा पलटनो की विश्वासघातकता के कारण महाद जी को वापिस लौट जाना पड़ा। जयपुर के उक्त युद्ध सम्बन्धी सैकड़ों असली पत्र मराठी में प्रकाशित हो चुके हैं और अभी सैकड़ों अप्रकाशित पड़े हैं, अतएव कहना नहीं होगा कि बिना उस सामग्री का अध्ययन किये राजपूतों का इतिहास नहीं लिखा जा सकता।

राघोगढ़ के खीची राजा पर बाजीराव पेशवा ने चढ़ाई कर उनसे वार्षिक कर लेना निश्चित किया था। नागोर के युद्ध मे बलभद्र सिंह खीची ने जयाप्पा सिंधिया की सहायता भी की थी, किन्तु अङ्गरेजों के प्रथम युद्ध मे अङ्गरेजों ने खीची को मराठा से फोड कर अपनी ओर मिला लिया था, अतएव महाद जी ने राघोगढ़ पर चढ़ाई करके बलवन्त सिंह को कैद कर लिया, बलवन्त सिंह, उसके पुत्र जयसिंह, दुर्जनसाल आदि खीची सम्बन्धी मराठी साहित्य भी अध्ययन करने योग्य है। महाद जी को सन् १७८५ में आर्थिक सहायता की आवश्यकता हुई। उसी समय बाँदा के गुमानसिंह के पुत्र मधुकरशाह तथा खुमानसिंह में राजगद्दी के लिए झगड़ा उठ खड़ा हुआ, तब महाद जी ने अपने सेनापति खण्डेराव हरी को भेज कर मधुकरशाह को सहायता की। आपा खण्डेराव ने पन्ना, ओरछा, सेंवढ़ा तथा दतिया के भी कई झगड़े तै कर के उन से सन्धियाँ की थीं। खण्डेराव हरी इन पंक्तियों के लेखक के पूर्वज थे, अतएव उस के समय में बुँदेलखण्ड तथा लालसोट सम्बन्धी बहुत सी अप्रकाशित हिन्दी-मराठी सामग्री मौजूद है। उदयपुर के राणा के निर्बल होने से रावत भीमसिंह मन्त्री ही राज्य को दबा बैठा था तब महाद जीने जालिमसिंह कोटे वाले की— सहायता से चित्तौर का किला जीतकर उदयपुर पर अपना प्रभाव स्थापित किया और सुलह की। मराठों को राजपूताने

पर अधिकार स्थापित करने में जालिमसिंह ने बहुत सहायता की। इसके अतिरिक्त जवाहरसिंह, नवलसिंह, रणजीतसिंह जाट, प्रताप सिंह माचेड़ीवाले, विजयसिंह जोधपुर वाले, महाराणा भीमसिंह उदयपुर वाले, किशनगढ़, बीकानेर आदि राज्यों से मराठों का महादजी के समय युद्ध, सन्धि, राजनीति आदि में बहुत कुछ सम्बन्ध रहा। तत्सम्बन्धी विपुल सामग्री भी उपलब्ध है। इसी समय महाराजा रणजीतसिंह जाट का भी मराठों से सम्पर्क हुआ। हम यह तो नहीं कह सकते कि मराठों से राजनैतिक प्रमाद नहीं हुए, किन्तु यह देख कर अत्यन्त आश्चर्य होता है कि ज्योंही मराठे साम्राज्य-सत्ता धारी—अर्थात् दिल्ली के स्वामी—बन बैठे, त्योंही राजपूतों ने उनका विरोध करना आरम्भ कर दिया। जिससे पारस्परिक संघर्ष हुआ और अन्यों की दृष्टि में ये दोनों हेय सिद्ध हुए। इस प्रकार राजपूत और मराठे दोनों सर्वदा के लिए निर्बल हो जाने से ही विदेशीय अङ्गरेजों का आधिपत्य यहाँ स्थापित हो गया, पर यदि मराठे और राजपूत एक होकर अपनी शक्ति को बढ़ाते तो आज भारतवर्ष का मानचित्र किसी और ही रंग का होता।

महादजी के दत्तक पुत्र दौलतराव का उनकी माताओं से झगड़ा हो गया था। इस गृह-कलह ने बड़ा भीषण रूप धारण कर लिया था। दतिया के महाराज छत्रजीत तथा भरतपुर के सर्दार दुर्जनसाल ने उन स्त्रियों की सहायता की थी, तत्सम्बन्धी सामग्री जुटाने की भी आवश्यकता है। गोहद के महाराणा कीरत सिंह तथा अङ्गरेजों में जो सन्धियाँ हुईं, वह भी बड़ी महत्वपूर्ण हैं। यशवन्तराव होल्कर ने जोधपुर के राजा की सहायता से अङ्गरेजों से युद्ध प्रारम्भ किया और मुकुन्दरा के दर्रे में अङ्गरेजी सेना को बुरी तरह से हराया। यद्यपि कोटा के मन्त्री राजा जालिमसिंह की अप्रत्यक्ष रूप से अङ्गरेजों को सहानुभूति थी, पर यशवन्तराव की समर्थ सेना के आगे अङ्गरेजों की कुछ न चली। अन्तिम बाजीराव पेशवा ने भी अङ्गरेजों से युद्ध में जालिमसिंह से सहायता चाही थी। सिंधिया, होल्कर तथा पेशवा का जालिमसिंह से जो पत्र-व्यवहार हुआ, वह बड़ा महत्व-पूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं। रणजीतसिंह जाट भरतपुरवाले तथा यशवन्तराव ने भरतपुर की चढ़ाई में अङ्गरेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। वह एक चिरस्मरणीय ऐतिहासिक घटना है। यशवन्तराव के दीवान बालाराम, सेनापति शमदीन तथा वकील लाला भवानीशंकर, महाराजा दौलतराव के दीवान गोकुल पारख, साहूकार गुशानन्द और मुन्शी कमलनयन, लाहौर के महाराजा रणजीतसिंह का अङ्गरेजों के विरुद्ध होल्कर को सहायता देने का पत्र व्यवहार, जोधपुर के राजा मानसिंह, जयपुर के जगत सिंह, अलवर के राव राजा माचेड़ी वाले, भरतपुर के रणजीतसिंह आदि राजाओं का मराठों से सम्बन्ध विच्छेद और सेनापति लेक से १८०३ सुलह करना तथा सन् १८१७ में उदयपुर, रावगढ़, रतलाम आदि राज्यों को ईस्ट इण्डिया-कम्पनी से सम्बन्ध विषयक सामग्री से मराठे और राजपूत दोनों के इतिहास पर प्रकाश पड़ सकता है। दौलतराव ने जयपुर से संधि की थी और चंदेरी, नरवर, शिवपुर आदि छोटे-छोटे राजपूत राज्यों को परास्त किया था। इन्दौर, ग्वालियर, धार, देवास बड़ौदा आदि महाराष्ट्र राज्यों के अधीन अब भी कई प्राचीन राजपूत राजा जागीरदार और सर्दार हैं, तत्सम्बन्धिनी ऐतिहासिक सामग्री से भी कई ऐतिहासिक गुत्थियाँ सुलझ सकेंगी।

अङ्गरेजी इतिहासकारों ने लिखा है कि "समस्त राजपूत राजाओं ने स्वेच्छा से अपने हथियार अंग्रेजों को सौंप दिये।" किन्तु यह कथन वास्तविकता से परे है। हमको सन् १८१७ का अजमेर के सूबेदार बापूसिंदे का एक पत्र जिसमें उदयपुर के महाराणा जी के एक पत्र को उद्धृत किया है प्राप्त हुआ है, उससे पता चलता है कि

१८ महाराष्ट्रांतील लढाईच्या सैन्यरचनेच्या कसबाची सर्व मदार डोंगरी किल्ल्यांवर असे, म्हणून अशा डोंगरी किल्ल्यांवर महाराजांनीं फारच उत्तम व्यवस्था ठेविली होती। पावसाळा पुरा झाला कीं, घोडदळास परमुलखांत स्वारी करण्यास पाठविण्यांत येत असे। ह्याचा हेतु हा असे कीं, घोडदळाचा आठ महिन्यांचा खर्च, परभारें शत्रूच्या मुलखांतील लुटीवर भागविण्यांत यावा व फौज नेहमीं लढाईच्या कामीं तयार रहावी। स्वारीस जाणाऱ्या लष्करा पैकीं कोणीही इसमानें आपली बायको, बटीक किंवा कलावंतीण बरोबर घेऊं नये व स्वारी बरोबर कलाल नसावे अशी सक्त ताकीद असे। हा नियम मोडणारास देहांत शासन देण्यांत येत असे इतकी सक्त शिस्त। स्वारीस निघण्यापूर्वीं सर्व फौजेची महाराज स्वतः तपासणी करीत असत। स्वार, घोडा व त्याचें सामान बरोबर आहे की नाहीं हें पाहण्यांत येत असे। हल्लींच्या मोबिलीझेशन इन्स्पेक्शन सारखीच ही तपासणी होती। जहागिरी देण्याची पद्धत महाराजांनीं अगदीं बंद केली होती। सर्वांस लायकीप्रमाणें रोकड पगार देण्यांत येत असे। वंश परंपरा एकाच हुद्यावर कायमच ठेवण्यांत येत नसे। कर्तबगारी दाखवावी आणि बढती मिळवावी असा प्रकार होता। प्रत्येक किल्ला, व छावणी व स्वारी यांतील अधिकाऱ्यांवर नजर ठेवण्याकरितां हेर ठेविले होते। शत्रूकडील बातमी काढण्याकरितां ही इंटेलिजन्स डिपार्टमेंट होतें। महाराज स्वतः उत्तम लढवय्ये होते। दोन्ही हातांत पट्टे चढवून लढाईच्या अगदीं गर्दींत ते घुसत असत। यामुळें

त्यांच्या फौजेची त्यांच्यावर नेपोलियन बोनापार्टीं प्रमाणें भक्ति होती। महाराज बक्षिसें देण्यांत ज्याप्रमाणें उदार होते, त्याच प्रमाणें कोणाही कामांत कसूर केली तर त्यास सक्त शासन देण्यांत ते पुढेंमागें पहात नसत।

मराठ्यांचा उदय कसा झाला

१९ डफ व एल्फिन्स्टन यासारखे मराठेशाहीचे इतिहासकार, यांचें म्हणणें असें होतें की, मराठ्यांचा उदय सह्याद्रि पर्वतावरील वाळलेल्या गवतांत अकस्मात उद्भवणाऱ्या वणव्याप्रमाणें होता। या वणव्याचा ज्याप्रमाणें आधीं काहींएक मागमूस नसतो, पण तो एकदम पेट घेतो व त्याचा झपाट्यांत चिहोंकडे फैलाव होतो व तो वणवा लवकरच विलयास जातो। हीच तऱ्हा मराठ्यांच्या राजकीय उदयाची आहे। शिवाजीपासून या राजकीय उदयास एकाएकी प्रारंभ झाला। थोड्याच काळांत मराठशाहीचा सर्व हिंदुस्थानभर विस्तार झाला व थोड्याच काळांत त्याचा विलयही झाला। डफ साहेबांचें हें मत त्यावेळीं सर्वसमत असें समजलें जात असे, पण न्यायमूर्ती रानडे यांनीं आपल्या "मराठ्यांच्या सत्तेचा उदय" या ऐतिहासिक ग्रंथांत मत खोडून काढिलें आहे।

पेशवाईच्या अमदानीचा काळ

२० पेशवाईच्या अमदानींत, छ० छ० शिवाजी महाराजांनीं केलेली लष्कराची रचना व व्यवस्था पुढें चालविण्यांत आली नाहीं। सातारकर राजे पेशव्यांचे मालक न राहतां त्यांच्या कैद्या सारखे राहिले। पेशव्यांसमक्ष देण्यापुरतीच त्यांची नांवारी सत्ता राहिली, बाकी सर्व सत्ता संपुष्टांत येऊन पेशवेच सर्व मराठी राज्याचे मालक बनले। पेशव्यांनीं सरंजामी पद्धत सुरू करून आपल्या हाताखालील सरदारास मोठमोठ्या जहागिरी दिल्यानें ते स्वतंत्रपणें वागू लागले। भोंसले, शिंदे, होळकर, गायकवाड, पवार वगैरे मोठमोठे सरदार मोठमोठ्या लढाऊ फौजा बाळगून मुलुखगिरी करीत असत। पेशव्यांची खडी फौज अशी दहापांच हजारांवर नव्हती। मराठी फौजेंत पायदळापेक्षा घोडदळाचा भरणा अधिक होऊं लागला। गनिमी काव्यानें मैदानांत लढण्याच्या पद्धतीला घोडदळाचाच उपयोग जास्त होऊं लागला, त्यामुळें पायदळ माग पडलें। खडी पायदळ फौज व पागा ही बारमहा नोकरींत असे, परंतु शिलेदार वगैरे इतर फौज तात्पुरती जमविलेली असे। तिच्या नोकरीस ठराविक मुदत नसे। मुलुखगिरीवर फौज निघाली म्हणजे हे लोक येऊन सामील होत व मुलुखगिरी संपून फौज परत फिरली म्हणजे हे लोक आपआपल्या गांवीं परत जात। यांच्यामध्यें शिस्त बिलकूल नव्हती। भरतीकरितां केव्हांही माणसांची अगर घोड्यांची खोट नसे। शिपाईगिरी हा त्यावेळच्या मराठ्यांचा पेशाच झाला होता। बंदुका व तोफा मराठे करीत असत, परन्तु त्या चांगल्या होत नसत। ही हत्यारें इंग्रज फ्रेंच व पोर्तुगीज व्यापाऱ्याकडून विकत घेत असत। तोफांची व बंदुकांची दारू चांगली होत नसे। मराठ्यांच्या स्वारी बरोबर तोफखाना असे, परन्तु त्यांची सारी भिस्त घोडदळावर असे। कवायती पायदळाचा व तोफखान्याचा उपयोग प्रथम पानिपतच्या लढाईंत मराठ्यांनीं केला। पुढें कवायती फौजेची ही पद्धत, महादजी शिंद्यानें तर चांगलीच यशस्वी करून दाखविली। महादजीनें ही कला युरोपियन लोकांपासून उचलली। त्याची महत्वाकांक्षा मोठी असल्यानें लष्करी सामर्थ्याचें हें महत्व त्यानें तावडतोब उपयोगांत आणलें, व डिबॉइनच्या हाताखालीं त्यानें कवायती फौज तयार करविली। हत्यारें व तोफा ओतण्याचा कारखाना शिंद्यानें आग्र्यास काढिला। [illegible] व खर्डा येथील लढायांत या कवायती फौजेचा उपयोग विशेष झाला। या फौजेंत मराठ्यांशिवाय अठरापगड जाती होत्या। "मराठ्यांच्या स्वाराचा घोडा ज्या दिवशीं निघून गेला, त्या दिवशींच त्यांचें राज्य गेलें" असें एकानें म्हटलें आहे। मराठ्यांनीं गनिमी काव्याची युद्धपद्धति टाकून कवायती पद्धति स्वीकारली ही गोष्ट त्यांच्या फायद्याची झाली नाहीं असें पुष्कळ लोकांचें म्हणणें आहे। मुख्य सत्ता कमजोर

झाल्याने सरदार स्वतंत्र झाले। जो तो आपआपल्या पुरता पाहू लागला, यामुळें मराठी साम्राज्याचें तुकडे तुकडे झाले। श्री०छ० शिवाजी महाराज, पहिले बाजीराव पेशवे व महादजी शिंदे ह्यांच्या मराठी साम्राज्य स्थापनेच्या च्या महत्वकांक्षा होत्या त्या रसातळास गेल्या। इंग्रजासारख्या परकीयांचा प्रवेश हिंदुस्थानात होण्यास एकट्या मराठ्यांचाच काय तो अडथळा होता तो अडथळा मराठा साम्राज्याचे तुकडे झाल्यानें नाहिंसा झाला।

२१ मराठा शिपायानें आपला दरारा सर्व हिंदुस्थानभर बसविलेला होता। त्याने मोंगल पातशाही नामधारी पातशाही केली, अफगाणांना खडे चारून अटकेपार घालवून दिले, रोहिल्यांची रग जिरविली, आणि शूरपणामध्यें

मराठ्यांची मर्दुमकी

सान्याजगात गाजलेलें जे रजपूत, त्यास आपल्या ताटावालचीं मांजरें बनविली। रजपूत कधीं कपटानें लढणारे नव्हते, परंतु मराठ्यांशी लढताना ते इतके जेरीस आले कीं, त्यांनीं आपली धर्म युद्धाची परंपरा सोडून जयाप्पा शिंद्यांचा कपटानें मारेकऱ्याहून खून करविला। मराठे गनिमी काव्यांत पटाईत होते, तसेच समोरासमोर दोन हात करण्यात ही कोणाला हार जाणारे नव्हते। त्यांच्या तरवारीचें पाणी व भाल्याची फेंक याना अफगाण व रजपूत हे चांगल्या रीतीने ओळखीत असत। फिरंग्यानाही मराठ्यांच्या शौर्याची ओळख वसईच्या वेढ्यांत व अन्य प्रसंगीं चांगल्या रीतीनें पटली होती। परंतु मराठेशाहीचा अंत झाल्यावर मराठ्यांना वाईट दिवस आले। त्यांच्या तरवारीला गंज चढू लागला व त्यांच्या क्षात्रतेजाला प्रोत्साहन मिळेनासें झालें। पुढें इंग्रज सरकारच्या देशी फौजेंत मराठे नोकर राहूँ लागले मुंबई सरकाचे चीफ सेक्रेटरी मि० पी० आर० कॅडेल यानीं "मराठा शिपाया सबंधी" तारीख २६ फेब्रुवारी सन् १९१९ मध्यें अनथ्रॉपोलॉजिकल नावाच्या मुंबईंतील वजनदार संस्थे पुढें एक निबंध वाचला। त्यामध्यें त्यानीं मराठा शिपायाची फारच तारीफ केली आहे। मराठा शिपाई देखने में ढब्बू नाहीं। तो पठाण किंवा शिख शिपाया प्रमाणें धिप्पाड किंवा मजबूत बांध्याचा दिसत नाहीं। त्याचा पोषाख भपकेदार नसतो। "जी हुजूर" "जी गरीब परवर" अशी दरबारी थाटाची अदबशीर हिंदुस्थानी मिठास भाषा तो वापरत नाहीं, म्हणून इंग्रजी फौजेमध्यें मराठ्यांची भरती कमी करण्याकडे कल होऊं लागला। चालू महायुद्धात "मरेन पण हटणार नाही व "मराठा" हे नाव खरें करीन," अशा प्रतिज्ञेनें तो रणांगणावर लढला। महाराष्ट्रात सैन्य भरतीचें काम जोरानें सुरू झालें तेव्हा पुन्हा मराठे सार्वभौम सरकारास मदत करण्यास पुढें आले। साठमाठे लष्करी अंमलदार मराठा शिपायाच्या पराक्रम, धाडस, हुषारी, काबेबाजपणा, काटकपणा, चिकाटी, इमान इत्यादि विषयीं चोहोंकडे बोलबाला करीत आहेत। फ्रान्स, मेसॉपोटेमिया, ईस्ट आफ्रिका, इजिप्त, पॅलेस्टाईन वगैरे देशांतल्या रणांगणामध्यें मराठ्यानीं आपलें क्षात्रतेज प्रत्ययाला आणून दिलें। जर्मनांना आणि तुर्कांना जेरीस आणण्याच्या कामीं मराठ्यांनीं उत्कृष्ट सहाय्य केलें। मराठ्यांच्या लष्करी बाण्याची परंपरा फार जुनी आहे। त्यांच्या क्षात्रतेजाबद्दल नुसती कागदावर अगर भाषणात बोलबाला करून त्यांचें समाधान होणार नाहीं। इंग्रज सरकारास जर ह्या लष्करी बाण्याच्या लोकांचा खरा उपयोग करून घेणे असेल तर यांच्यातील सुशिक्षित मराठ्यास लष्करी कॉलेज मध्ये शिक्षण देऊन सरकारनें या तरुण मराठ्यास लायक करून सढळ हातानें फौजेमध्ये वरिष्ठ अमलदारांच्या जागा देऊन, त्यांची चूक करणेंच योग्य होईल। प्रत्येक मराठा जातीने शिपाई आहे। लष्करी पेशा हा मराठ्यांचा आवडता पेशा आहे। *त्यांच्या नैसर्गिक* गुणांचें चीज होण्यास त्यास संधी व उत्तेजन मात्र दिलें पाहिजे।

---

# शिवाजी का क्षत्रियत्व

प्रो॰ बालकृष्ण एम॰ ए॰, पी-एच॰ डी॰, कोल्हापुर

**शिवाजी की पूर्व पीठिका**

बृहत्तर महाराष्ट्र के संस्थापक शाहजी भोंसले का वंश सीसोद के सूर्य वंश से जुड़ा हुआ है। राजपूताना में चित्तौड़ और उदयपुर तथा दक्खन में कोल्हापुर और मुधोल के राजाओं का परस्पर रिश्ता था और यह सम्बन्ध अब तक भी चला जाता है। मुधोल के सरदारों को बहमनी और आदिलशाही बादशाहों से जो फ़ारसी सनदें मिली थीं, उन से भोंसलों का मूलत राजपूत होना निःसंशय रूप से सिद्ध हो गया है। सात पीढ़ियों तक वे 'राणा' नाम से प्रसिद्ध थे। यह उपाधि १५३१ ई॰ में भीमसिंह के समय में राजा नाम से बदल दी गई। उस साल से मुधोल के शासकों ने 'राजा घोरपड़े बहादुर' यह बिरुद धारण किया और दूसरी शाखा, देवगिरि जागीर के जागीरदार, भोंसले नाम से प्रसिद्ध रहे। भोंसले शब्द ही उन का भास्वत कुल या सूर्यवंशी होना सूचित करता है। दक्षिण में उन्हों ने प्रचण्ड पराक्रम और उग्र वीरता के काम किए थे, इस लिए भी उन को 'भृशबल' व भोंसले कहते थे। पुराणों ने यह सिद्धांत प्रचारित किया कि कलियुग में केवल दो ही वर्ण हैं—एक ब्राह्मण और दूसरा शूद्र, क्योंकि सच्चे क्षत्रिय और वैश्य विलुप्त होगये हैं। इस कारण दक्खन के क्षत्रिय भोंसले ब्राह्मणों की परिभाषा के अनुसार शूद्र हो गये। ब्राह्मणों के इस बद्धमूल विश्वास ने शिवाजी को क्षत्रिय राजा की तरह वैदिक रीति से राज्याभिषेक कराने के अयोग्य ठहरा दिया। यह प्रचलित विश्वास तात्कालिक एक डच पत्र से प्रकट होता है। उस में लिखा है कि "राज्याभिषेक से ८ दिन पहले २९ मई १६७४ ई॰ को शिवाजी को क्षत्रिय बनाया गया। उसी दिन वे ब्राह्मणों के समान हो गये, क्योंकि अन्य ब्राह्मणों के विरोध करने पर भी गागाभट्ट ने उन के सामने वेदमन्त्रों का पाठ किया।" यह स्मरण रखना चाहिए कि १७ वीं सदी के ब्राह्मणों का राजपूतों को क्षत्रिय मानने से इनकार करना उन के वास्तविक ऐतिहासिक पूर्व-पीढ़ी और उच्च-वंश को नहीं बदल सकता। शिवाजी के मूल पुरुष भोंसलों का सम्बन्ध सीसोदिया से है और इस कारण वे राजपूत कुलों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

**ऐतिहासिकों की भ्रान्त धारणा**

शिवाजी महाराज के पूर्वज किस वंश के थे, इस की खोज में कई ऐतिहासिकों ने मनगढन्त कल्पनाओं और कहानियों का सहारा लिया है। इस रोग से मुसलमान, पुर्तगाली डच और अंग्रेज़ ऐतिहासिकों में से कोई भी अछूता नहीं बचा है। मुगल साम्राज्य और बीजापुर की आदिलशाही के प्रसिद्ध क्रान्तिकारी शिवाजी को नीच वंश का सिद्ध करने में मुस्लिम ऐतिहासिकों ने कुछ उठा नहीं रक्खा है। शिवाजी के महत्त्व को कम करने और उन को एक साधारण किसान का लड़का सिद्ध करने के उद्देश से उन्हों ने निराधार काल्पनिक कहानियाँ गढ़ी हैं। अज्ञानवश कुछ लोगों ने इन निराधार बातों को तथ्य के रूप में मान लिया और अपनी पुस्तकों में भी इसी मत को स्थान दिया। जैसे फादर नवराट (१६७०) ने शिवाजी को एक मुगल लिखा है। इसी तरह Relation ou Journal d'un voyage fait aux Indes Orientales एक फ्रेंच लेखक ने भी महाराज शिवाजी को मुगल सम्राट् का रिश्तेदार बनाया है। गार्डी लिखता है कि शिवाजी बसीन शहर के पास के विरार गांव के स्वामी मेनेजेज का लड़का है। थेवनो ने भी यह गलती की है और वह लिखता है कि शिवाजी बसीन में पैदा हुए थे। भीमसेन ने 'नुस्खए दिलकशा' नामक अपने रोज़नामचे

में शिवाजी के पूर्ववंशजों के विषय में एक कल्पित मत प्रचलित किया है। उस का लिखना है कि राणा भीमसिंह का एक दासी पुत्र पहले खानदेश आया और वहाँ से बाद को पूना चला गया। इस में जो वंशावलि दी गई है, वह सर्वथा असम्बद्ध है। इस लिए यह विश्वास-योग्य नहीं है। मनूची भी इसी बात पर विश्वास कर के लिखता है कि राणा का एक दासी पुत्र मेवाड़ से भाग कर बीजापुर के दरबार में आया और उस को दरबार के चौल, खम्भात, वसीन और बम्बई का इलाका जागीर में मिला। थाफीस्या और फरिश्ता ने भी इसी मत को स्वीकार किया है। ये चारों ऐतिहासिक मुगल-सम्राटों और मुसलमान शासकों के यहाँ नौकर थे। इस लिए इन लोगों का शाहजी और शिवाजी के पूर्वजों के वृत्तान्त को पक्षपात रहित हो कर लिखना सम्भव नहीं था। अब यह बात निर्विवाद मान ली गई है कि शिवाजी और उस के पूर्वज सीसोद और चित्तौड़ के शासक विशुद्ध और सर्वोच्च सूर्यवंशी राजपूतों के वंशज थे।

राजा जसवंतसिंह ने शिवाजी के साथ पूना में गुप्त सन्धि करते समय उसे राजपूत माना था। यह घटना राज्याभिषेक से नौ साल पहले की है। पर यह आश्चर्य जनक है कि प्रो० यदुनाथ सरकार ने अपने चरित्र-नायक की महत्ता पर सब से बड़ी चोट लगाई है, क्योंकि उन के बारे में लिखा है कि "शूद्र का लड़का हो कर भी उसने क्षत्रियों के लिए उचित अधिकार और सम्मान की इच्छा की है।" सरकार के मतानुसार भोंसले न तो क्षत्रिय थे और न द्विज, पर एक खेती करने वाले किसान थे। प्राय सब स्मृतिकार खेतिहरों को वैश्यों के अन्तर्गत मानते हैं और वैश्य द्विजों के अन्तर्गत हैं। इस पर भी सरकार भोंसलों को द्विजों से बाहर रखते हैं। सरकार बाखरों को चिटनीस और दूसरे लेखकों की बाखरों के आधार पर किसान बताते हैं। पर वस्तुत शिवाजी के पूर्वज सनापति और दक्खन के राज्यों के सामन्त थे। चिटनीस के बखर में शिवाजी के आदि पूर्वजों के जो नाम दिये हैं, वे दक्खन के बादशाहों द्वारा दी गई सनदों से पुष्ट होते हैं, इस लिए वे पूर्ण रूप से प्रामाणिक हैं। सरकार एक ओर गागाभट्ट को उस समय का सब से बड़ा धर्मशास्त्री, वाग्मी, चारों वेदों और छओं शास्त्रों का पूर्ण विद्वान बताते हैं। हिन्दू जाति में गागाभट्ट उस समय का व्यास और ब्रह्मदेव के नाम से प्रसिद्ध था। परन्तु दूसरी ओर यह लिख कर कि, 'रुपयों के लोभ में पड़ कर उस समय के व्यास और ब्रह्मदेव ने शिवाजी को क्षत्रिय उद्घोषित कर दिया। यद्यपि वह वस्तुत क्षत्रिय नहीं था। इस तरह इस ब्रह्मदेव ने अपनी अन्तरात्मा को स्वर्ण के टुकड़ों पर बेच दिया।" इस प्रकार गागाभट्ट पर यह लांछन लगा कर उस को साधारण लोगों की नजरों में भी सरकार ने गिरा दिया। इस के अतिरिक्त उन का यह भी कहना है कि भोंसले वंश की वंशावली चतुर मंत्री बालाजी आवाजी और दूसरे कर्मचारियों ने जाली बनाई है। पर सरकार का यह आरोप ठीक नहीं है। क्योंकि चिटनीस घराने और बखरों का वंश-वृक्ष अधिकांश में सनदों से प्रमाणित हो चुका है। शिवाजी के चतुर मन्त्रियों की यह जालसाजी नहीं है, पर वस्तुत सरकार की यह चातुरी है कि बिना कोई कारण दिये उन्होंने वंश-वृक्ष को कल्पित बना दिया है।

सर यदुनाथ सरकार का भ्रम

शिवाजी क्षत्रिय कुलोत्पन्न सूर्यवंशी और सीसोदिया वंश के हैं इस बात पर शिव-काल में किसी को सन्देह ही नहीं हुआ था। उस समय या उस के बाद के साहित्य में शिवाजी को सूर्यवंशी क्षत्रिय सब ने स्वीकार किया है। स्थालीपुलाक न्याय से हम कुछ साक्षियाँ नीचे देते हैं—

साहित्यिक साक्षियाँ

१ 'शिवभारत' लिखता है कि मालोजी और शाहजी सूर्यवंश से सम्बन्ध रखते हैं—

तं सूर्यवंशमनघं कथ्यमानं मयाधुना ।
सर्वेऽप्यवहितात्मानः शृणुध्वं शृण्वतां वराः ॥
दक्षिणस्यां दिशि श्रीमान् मालवर्मा नरेश्वरः ।
बभूव वंशे सूर्यस्य स्वयं सूर्य इवो जमा ॥

शि० भा० अ० १.४१-४२

एक जगह अन्यत्र शिवभारत का कर्ता लिखता है कि सूर्यवंशी लोग डरे हुए पर अपना पराक्रम नहीं दिखाते, इस कारण शिवाजी ने भागती हुई रुस्तम की सेना को पकड़ा नहीं—

ननु शिव नृपस्त्वं प्राप्तभंगं पुरस्तात्
प्रसभमपसरन्तं शात्रवं ससमुन्यं ।
निकटगमपि नैव न्यग्रहीन्निग्रहार्हं
न हि विदधति भीते शूरता सूर्यवंश्याः ॥

शि०भा०अ०२४.७४

२. 'पन्हाल पर्वत ग्रहणाख्यान' शिवाजी का सीसोदिया वंश बताता है।

३. शिवाजी के राज्याभिषेक के समय हुई उन के वंश की खोज का परिणाम लिखते हुए 'सभासद' लिखता है—

"गागाभट्ट ने राजा के वंश की खोज कर के कहा कि राजा शुद्ध क्षत्रिय सीसोदिया वंश के उत्तर से दक्षिण में आये एक घराने से है। उत्तर में क्षत्रियों के जिस प्रकार संस्कार होते हैं उसी प्रकार राजा का संस्कार कराया।"[1]

४. शिवाजी के दरबारी, वीररस के हिन्दी कवि भूषण ने शिवाजी को सूर्यकुलवंशोद्भव लिखा है—

सूर सिरोमनि सूरकुल सिव सरजा मकरंद।
भूषन क्यों औरंग जिते कुल मलिच्छ कुल चंद ॥ १६३ ॥
सीता संग सोभित सुलच्छन सहाय जाके भूपर भरत नाम भाई नीति चारु है।
भूषन भनत कुल सूर कुल भूषन हैं दासरथी सब जाके भुज भुव भारु है।
अरि लंक तोर जोर जाके संग बानर हैं सिंधुर हैं बाँधे जाके दल को न पारु है।
तेगहि कै भेंटै जौन राकस मरद जानै सरजा सिवाजी राम ही को अवतारु है। १६६

(श्री शिवराज-भूषण)

राजवंश का वर्णन करता हुआ मान-कवि लिखता है—

गनत है दिन राज को वंश अवनि अवतंस।
जा में पुनि पुनि अवतरे कंस मथन-प्रभु अंस ॥ ४ ॥
महावीर ता वंस में भयो एक अवनीस।
लियो विरद "सीसोदिया" दियो ईस को सीस ॥ ५ ॥

१ पृष्ठ ८२।

ता कुल में नृप वृद मम उपजे बरान बुलद ।
भूमिपाल तिन मे भयो बडो "माल मकरद" ॥ ६ ॥
(श्री शिवराज-भूषण)

५. शाहजी ने ६-७-१६५७ ई० को कर्णाटक से बीजापुर के सुलतान अली आदिलशाह के नाम एक पत्र लिखा था, जिस मे उस के व्यवहार की शिकायत करते हुए उसे निम्न शब्दों मे चेतावनी दी थी—"मैं सुलतान को स्मरण कराना चाहता हूँ कि मैं राजपूत हूँ। आज तक मैंने चार बादशाहों की नौकरी की है, पर कहीं भी बेइज्जती और गैर मेहरबानगी की नौकरी नहीं की है।"

६ ग्रांट की हिस्ट्री ऑफ डक्न के बुन्देला प्रकरण पृ० ४ में शिवाजी को सीसोदिया राजपूत लिखा हुआ है।

७. खफी खाँ ने लिखा है कि शिवाजी चित्तौड के राणा के वंशज हैं।

८. रामचन्द्र पत आमात्य को, जो शिवाजी, सम्भाजी और राजाराम के समयों मे मन्त्री-पद पर काम करता रहा, शिवाजी के विषय मे पूर्ण ज्ञान था। वह अपने एक राजकीय आदेश मे शिवाजी को 'क्षत्रिय-कुलावतंस' लिखता है।

९ शिवाजी के पिता शाहजी के दरबार के राज-कवि 'जयराम' ने अपने 'राधा-माधव विलास चम्पू' नामक ग्रन्थ मे, जो उस ने १६५४-५८ ई० मे लिखा था, शाहजी को सूर्यवंशी और सोसोदिया राजपूतों का वंशज बताया है —

मुनियतु करन बलि भोज यों करन—
साह सम साता को मनना कोटि करतु है।
शील औ गुरुन वस उन में न एको अम—
सि सो दि या अ ध त स महजु धरतु है ॥४७॥

महीन्या महेंद्रा मधे मुख्य रा णा।
च (द) ली पास त्याचे कुलीं जन्म जाणा ॥
त्याचे कुळीं 'माल' भूपाल झाला।
जयानें जले शत्रु सपूर्ण केला ॥ ८५ ॥

इद भयो सब हींदुन को अरु आयु समान यो छत्र कियो है।
ज्यो हि गोवर्धन कृष्ण धरयो तर गोकुल व लोक जियो है॥
साहे खुमान को दान कहा विधि कैसें क्यो निधि मोल लियो है।
कारनिया को कह्यो करतार नें सी सो दि यें कु ल सी सो दि यो है॥ १०४॥
पुन्छत भाटकुं आबेर के नर दान लयो गुन कौन किये ते।
भाट कहे नृप साह दियो र सि सो दि यो देत अमीस दिये ते ॥१०८॥
शाह महीसुर फौजे चले महामंडल दान चक्र हले।
गढ़ मढ ढप ढर ढुल्ले वैमे कमठ दिपिट्टि मने।
रुद्र रूप भूप जस तज मुंचन्तु सु मन्तु लिले।
विक्रम वसिवीसे उसीनर सीसोदिये ईस जितिलिने॥ ११५॥(२७० पृ०)

१०. प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्रीयुत गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने अपने 'राजपूताना का इतिहास' प्रथम भाग (पृ० ५१८) में लिखा है—"इस पर उस (अजयसिंह) के दोनों पुत्र—सज्जनसिंह और क्षेमसिंह—असन्तुष्ट हो कर दक्षिण चले गये। मेवाड़ की ख्यातों के कथनानुसार इसी सज्जनसिंह के वंश में मरहठों का राज्य स्थापित करने वाले प्रसिद्ध शिवाजी उत्पन्न हुए।"

११. उदयपुर राज्य के 'वीर-विनोद' नामक वृहत् इतिहास में शिवाजी का महाराणा अजयसिंह के वंश में होना लिखा है। (वीर विनोद, खंड २। पृ० १५८९-८२) इस पर टिप्पणी करते हुए श्री ओझा ने लिखा है कि—

'शिवाजी और उन के वंशज मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश में निकले होने के कारण सितारे के राजा शाहू के कोई संतान न होने से उस ने उदयपुर के महाराणा जगतसिंह (दूसरे) के छोटे भाई नाथजी को सितारे की गद्दी के लिए दत्तक लेना चाहा था।"

१२. २८ नवम्बर १६५९ ई० के एक अँगरेजी पत्र में शिवाजी को 'एक महान राजपूत लिखा है।'[1]

१३ १० दिसम्बर १६५९ ई० के एक अँगरेजी पत्र में लिखा है कि "राजपूत इतर हिन्दुओं से अलग समझे जाते हैं।"[2]

१४. टॉड ने अपने राजस्थान के इतिहास के प्रथम भाग में शिवाजी का वंश-वृक्ष दे कर उन को अजयसिंह व अजयसी के पुत्र सज्जनसिंह का वंशज बताया है[3]।

१५ कास्ट एण्ड ट्राइब्स के लेखक मि० रसल ने (भा० ४०, पृ० २००) लिखा है कि—"मि० एनथोवन ने १८३६ ई० में लिखा है कि पवित्र राजपूत घराने के शिरोमणि उदयपुर के महाराणा ने अपने एक धर्मचारी द्वारा जाँच करा कर स्वीकार किया कि भोंसले और अन्य कुछ घराने राजपूत होने का हक रखते हैं।"

१६ इसी की जाँच का परिणाम दो पत्रों में मि० डोंगरे कृत 'सिद्धान्त विजय' में प्रकाशित हुआ था। एक पत्र महाराणा उदयपुर का और दूसरा उन के राजगुरु अमरेश्वर के पुरोहित का, सतारा के महाराजा श्री प्रतापसिंह के नाम लिखा हुआ है। उन में लिखा है कि—"आप हमारे निकट के सम्बन्धी हैं। इस बात के लिए कोई भेद भाव नहीं है। हम इस बात को सदा अपने हृदय में स्थान देंगे। मूलतः हम दोनों एक हैं।"

१७ कर्नल जी० बी० मालसन (१८७५) ने अपनी पुस्तक हिस्टोरिकल स्केचेज ऑफ दि नेटिव स्टेट्स (पृ० २५४-२५५) में लिखा है—"मराठा अनुश्रुति के अनुसार शिवाजी उदयपुर के उस राजकीय परिवार के वंशज हैं, जो डूंगरपुर में राज्य करता था। इस राजघराने के राज्याधिकार से वंचित १३ पुत्रों में से एक अपने पैतृक घर को छोड़ कर बीजापुर के दरबार में आया और उस की सेवाओं के बदले उसे दरबार में मुधोल जिले में ८४ गावों की जागीर और 'राजा' की उपाधि मिली। इस व्यक्ति का नाम सज्जनसी था और इस के चार पुत्र थे, जिन में सब से छोटे पुत्र सूजाजी को शिवाजी का सीधा वंशज बताया जाता है।"

लेखक का Shivaji the Great Vol I. I, 54

---

1. डॉ० बालकृष्ण—शिवाजी दि ग्रेट, जि० १, पृ० २४
2. वहीं, पृ० १२१।
3. रा० रा० जि० १०, पृ० ३१४।

१८. मि० क्लून्स ने Historical Sketch of the princes of India (पृ० १२०) में लिखा है—

"उनमें से 'सज्जन सी' नाम का एक व्यक्ति दक्खन में आया और बीजापुर राज्य की सेवा में भरती हुआ, जिसने उसे मुधोल जिले के ८४ गाँव और राजा की पदवी दी। सज्जनसी के चार पुत्र थे—बाजीराजे, जिसके घराने में मुधोल की जागीर है, दूसरा नि सन्तान मर गया, वलवृसी से कपिशा के घोरपडे उत्पन्न हुए हैं। सब से छोटे सूगा जी के भोसा जी नाम का एक लड़का था, जिससे भोंसले शाखा की उत्पत्ति हुई है। इसके दस पुत्र थे, जिनमें से सब से बड़ा पाटूस के समीप देउलगड में जाकर बसा, जिस गाव का पटेल भालो जी था। वह अहमदनगर के सुलतान के आधीन कर्तृत्ववान पुरुष था और जिसको सुलतान की ओर से एक जागीर मिली थी, जो उसके बाद उसके पुत्र शाह जी को मिला। बाद में वह बीजापुर के सुलतान के नीचे एक प्रधान मराठा सरदार हुआ। उसने अपनी जागीर में सतारा पूना—जितने का आजकल पूना जिले में समावेश होता है—और सतारा जिले का कुछ भाग मिला लिया। इन्हीं घाटियों में उसके पुत्र शिवाजी ने उसकी स्वतन्त्र हिन्दू राज्य की कल्पना को पूर्ण किया।"

इस उद्धरण में बहुत सी बातें अशुद्ध हैं, पर मुख्य बात कि शिवाजी राजपूत थे, निर्विवाद और सन्देह-रहित है।

इस में एक बात ध्यान देने की है कि 'शिवभारत' 'परनाल पर्वत-ग्रहणाख्यान' 'राधामाधव विलास चम्पू' और 'शिवराज भूषण' शिवाजी के राज्याभिषेक से पहले या कुछ काल बाद उन्हीं के जीवन-काल में ही लिखे जा चुके थे, और वे सब मानते थे कि शिवाजी क्षत्रिय हैं और क्षत्रिय कुलावतंस उदयपुर के सीसोदिया राणा के वंशज हैं। इस कारण यह कथा कि शिवाजी के राज्याभिषेक के समय यह प्रश्न उठा कि शिवाजी क्षत्रिय हैं या नहीं और गागा भट्ट ने उन्हें क्षत्रिय उद्घोषित किया, सर्वथा कल्पित प्रतीत होती है, क्योंकि इस की कोई आवश्यकता ही नहीं थी। सब जानते थे और मानते थे कि शिवाजी क्षत्रियकुल शिरोमणि सूर्यवंशी हैं। इस में यदि कुछ सच्चाई का अंश है, तो इतना ही है कि दक्खन में ब्राह्मणों के सिवाय और तीनों वर्णों के संस्कार शूद्रों के समान होते थे। इस कारण सम्भव है कि महाराष्ट्रीय ब्राह्मणों ने यह प्रश्न उठाया हो कि शिवाजी का राज्याभिषेक किस विधि से किया जाय और इस विषय में गागा भट्ट का निर्णय मान कर उन का राज्याभिषेक-संस्कार उत्तर के क्षत्रिय राजाओं के समान किया गया। इस के अतिरिक्त इस प्रचलित कथा में और कुछ सच्चाई नहीं मालूम होती।

यह ऊपर दिखाया गया है कि शिवाजी सूर्यवंशी राजपूत और महाराणा उदयपुर के वंशज थे। पर शिवाजी और भोंसले वंश को क्षत्रिय मान लेने से ही सारा काम नहीं समाप्त हो जाता। इस के लिए यह भी आवश्यक है कि सज्जनसिंह से ले कर शिवाजी तक का वंश-वृक्ष पेश कर के वंशावलि द्वारा सिद्ध किया जाय कि शिवाजी क्षत्रिय थे। इस समय चार वंशावलियाँ—कोल्हापुर दरबार, टॉड-राजस्थान, चिटनीस की बखर और सतारा म्युज़ियम और तंजौर का शिलालेख प्राप्त हैं। इन के अनुसार शिवाजी का वंशवृक्ष आगे दिये वंश-वृक्षों के अनुसार होगा—

प्राप्त वंशावलियाँ

शिवाजी के पूर्वजों का वंश-वृक्ष

| कोल्हापुर दरबार | टॉड राजस्थान | चिटनीस की बखर और सतारा का म्युज़ियम | तंजौर का शिलालेख |
|---|---|---|---|
| १ लक्ष्मणसी १३०३ (मृत्यु) | १ अजयसी | १ लक्ष्मणसिंह | १ येकोजी |
| २. सज्जनसिंह १३१० में साड़ावाडा में आया | २ सज्जनसी | २ सज्जनसिंहजी | २ शरभजी |

| कोल्हापुर दरबार | टॉड-राजस्थान | चिटनीस की बखर और मल्हार का [illegible] | तंजोर का शिलालेख |
|---|---|---|---|
| ३. दलीपसिंह | ३. दलीपजी | ३. दलीपसिंहजी | ३ महासेन |
| ४. शिवाजी | ४. शीघोजी | ४. सिहजी | ४. एकशिव |
| ५ भोमाजी | ५. भोरजी | ५. भीमाजी | ५. रामचन्द्र |
| ६ देवराजजी | ६. देवराज | ६. देवराजजी<br>१४१५ ई० में दक्षिण में आये | ६. भीमाजी |
| ७. उग्रसेन | ७. उग्रसेन | ७. इन्दुसेनजी | ७. एकोजी |
| ८ माहुलजी | ८. माहलजी | ८. शुभकृष्ण | ८. वराह |
| ९ खेलोजी | ९ खेलूजी | ९. रूपसिंहजी | ९. एकोजी |
| १०. जनकोजी | १०. जनकोजी | १०. भूमिन्द्रजी | १० ब्रह्मजी |
| ११. सम्भाजी | ११. सम्भुजी | ११. धापाजी | ११. शाहजी |
| १२. बाबाजी | १२. सम्भाजी | १२. बरधटजी | १२ अम्बाजी रेवायु |
| १३. मालोजी | १३ शिवाजी | १३. खेलकर्ण व खेलोजी | १३. परसोजी |
| १४. शाहजी | | १४. कर्णसिंह व जयकर्ण | १४ बाबाजी रेवायु |
| १५. शिवाजी | | १५. सम्भाजी | १५. मालोजी उमा |
| | | १६. बाबाजी | १६ शाहजी |
| | | १७ मालोजी | १७ एकोजी |
| | | १८. शाहजी | |

तंजौर-शिला लेख में दी गई वंशावली सर्वथा अशुद्ध अप्रामाणिक और अनुपयोगी है। कोल्हापुर और चिटनीस के दिये वंश-वृक्ष में लक्ष्मणसिंह के पुत्र सज्जनसिंह के पिता अजयसिंह व अजयसी का उल्लेख नहीं है। चौथी पीढ़ी में इन में क्रमशः शिवाजी और सिंहजी लिखा है जो दोनों अशुद्ध हैं। सनदों में इस को सिधोजी लिखा है। ७वीं पीढ़ी में चिटनीस ने उग्रसेन के स्थान पर इन्दुसेन लिखा है। हस्त लिखित मुधोलकरार ( पृ० ८८ ) में लिखा है कि इन्द्रसेन शत्रु के हृदय में अपना भय और आतंक बिठाने से उग्रसेन के नाम से प्रसिद्ध था। वह उग्रसिंह के नाम से भी मशहूर था, पर हमने उग्रसेन को स्वीकार किया है क्योंकि सनदों में उसका यही नाम मिलता है। ८वीं पीढ़ी का नाम चारों वंश-वृक्षों में भिन्न भिन्न है। पर अन्तिम तीन नाम बाबाजी, मालोजी और शाहजी पाँचों वंशावलियों में एक ही हैं। शिवाजी के इन तीन पूर्वजों के नाम बहुत से हस्तलिखित पत्रों में मिलते हैं। बीच के नाम उस समय तक सन्देहास्पद रहेंगे, जब तक कि कोई सनद या पत्र न मिले। अब तक ज्ञात शुद्ध वंशावली नीचे दी जाती है —

ये अप्रमाण हैं

## शिवाजी के पूर्वजों की शुद्ध वंशावली

| | |
|---|---|
| सनदों के आधार पर | १ लक्ष्मणसिंह<br>२ अजयसिंह<br>३ सज्जनसिंह—१३२० ई० के लगभग दक्षिण के लिए प्रस्थान किया ।<br>४ दलीपसिंह<br>५ सिधोजी<br>६ भैरोंजी व भीमाजी<br>७ देवराजजी<br>८ उग्रसेन<br>९ शुभकृष्ण |
| पुस्तकों के आधार पर | १० रूपसिंह<br>११ भूमेन्दुजी<br>१२ घोपाजी<br>१३ बारहटजी<br>१४ खेलाजी<br>१५ परसोजी |
| पत्रों के आधार पर | १६ बाबाजी<br>१७ मालोजी<br>१८ शाहजी<br>१९ शिवाजी |

शिवाजी का आदिपुरुष उपर्युक्त वंशावलियों में सज्जनसिंह दिखाया गया है, और वस्तुत वही था भी। यह

शिवाजी के पूर्वज

अजयसिंह व अजयसी का ज्येष्ठ पुत्र था। इस के पूर्वज चित्तौड और सीसोद के शासक थे। इसे निम्न वंश-वृक्ष में दिखाया गया है—

| कोल्हापुर शाखा | टॉड राजस्थान | चिटनीस की बखर और सतारा का म्युज़ियम | तंजोर का शिलालेख |
|---|---|---|---|
| ३ दलीपसिंह | ३ दलीपजी | ३ दलीपसिंहजी | ३ महामल |
| ४ शिवाजी | ४ शाआजी | ४ सिंहजी | ४ भवशिव |
| ५ भामाजी | ५ भारजी | ५ भामाजी | ५ रामचन्द्र |
| ६ देवराजजी | ६ देवराज | ६ देवराजजी | ६ भीमाजी |
| | | १४१५ ई० में दक्षिण में आये | |
| ७ उग्रसेन | ७ उग्रसेन | ७ इन्दुसेनजी | ७ एकोजी |
| ८ माहुलजी | ८ माहुलजी | ८ शुभकृष्ण | ८ वराह |
| ९ खेलोजी | ९ खेलूजी | ९ रूपसिंहजी | ९ एकोजी |
| १० जनकोजी | १० जनकोजी | १० भूमीन्द्रजी | १० ब्रह्माजी |
| ११ सम्भाजी | ११ सम्भुजी | ११ धापाजी | ११ शाहजी |
| १२ बाबाजी | १२ सम्भाजी | १२ बरहटजी | १२ अम्बाजी खायु |
| १३ मालोजी | १३ शिवाजी | १३ खेलकर्ण व खेलोजी | १३ परसोजी |
| १४ शाहजी | | १४ कर्णसिंह व जयकर्ण | १४ बाबाजी खायु |
| १५ शिवाजी | | १५ सम्भाजी | १५ मालोजी उभा |
| | | १६ बाबाजी | १६ शाहजी |
| | | १७ मालोजी | १७ एकोजी |
| | | १८ शाहजी | |

तंजोर शिलालेख में दी गई वंशावली सर्वथा अशुद्ध अप्रामाणिक और अनुपयोगी है। कोल्हापुर और चिटनीस के दिये वंश-वृक्ष में लक्ष्मणसिंह के पुत्र सज्जनसिंह के पिता अजयसिंह व अजयसी का उल्लेख नहीं है। चौथी पीढ़ी में इन्होंने क्रमशः शिवाजी और सिंहजी लिखा है जो दोनों अशुद्ध हैं।

ये अप्रमाण हैं

सनदों में इन को भिवाजी लिखा है। ७वीं पीढ़ी में चिटनीस ने उग्रसेन के स्थान पर इन्दुसेन लिखा है। इन्होंने लिखित मुधालखबर (पृ० ८८) में लिखा है कि इन्द्रसेन शत्रु के हृदय में अपना भय और आतंक बिठाने से उग्रसेन के नाम से प्रसिद्ध था। वह उग्रसिंह के नाम से भी मशहूर था, पर हमने उग्रसेन को स्वीकार किया है क्योंकि सनदों में उसका यही नाम मिलता है। ८वीं पीढ़ी का नाम चारों वंश-वृक्षों में भिन्न भिन्न है। पर अन्तिम तीन नाम बाबाजी, मालोजी और शाहजी पाँचों वंशावलियों में एक ही हैं। शिवाजी के इन तीन पूर्वजों के नाम बहुत से हस्तलिखित पत्रों में मिलते हैं। बीच के नाम उस समय तक सन्देहास्पद रहेंगे, जब तक कि कोई सनद या पत्र न मिले। अब तक ज्ञात शुद्ध वंशावली नीचे दी जाती है —

हो गई। बड़ी शाखा मुधोल में राज्य करती रही और उस के सम्बन्ध में बहुत से फर्मान राजा साहब मुधोल के पास मौजूद हैं।

दूसरी शाखा देवगिरि की जागीर पर कुछ काल तक सन्तुष्ट रही। परन्तु उन्हें भी निज़ामशाही के बादशाहों ने अपना सरदार बनाया और पूना के आस पास की जागीर उन्हें इनाम में दी। बाबाजी, मालोजी और शाहजी के सम्बन्ध में बहुत से हस्तलिखित पत्र मिलते हैं जिन से पता लगता है कि उन्हों ने बहुत बहादुरी के काम कर के यश प्राप्त किया।

इस बात को सिद्ध करने के लिए कि देवगिरि की शाखा मुधोल के राजाओं के साथ सम्बन्ध रखती थी, दो सनदें मौजूद हैं। एक १४९४ ई० में कर्णसिंह और रामकृष्ण नामक दोनों भाइयों को वाई में जागीर दी गई। इस में से कुछ हिस्सा शाहजी ने घोरपडों से वापिस लिया। इस बात को बताने के लिए १६४६ई० की एक सनद मौजूद है, जिस में दोनों शाखाओं का परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट तौर पर बताया गया है[1]। इस की पुष्टि उस पत्र से भी होती है जो शिवाजी ने बाजीराजे के पुत्र मालाजी घोरपडे को लिखा था[2]।

इस तरह बीच के थोड़े से नामों को छोड़ कर पहले और पिछले वंशजों के नाम सनदों, हस्तलिखित पत्रों आदि से पुष्ट होते हैं। इन साक्षियों से सिद्ध होता है कि शिवाजी के पूर्वज सूर्यवंशकुलोत्पन्न थे और सीसोद और चित्तौड के राणाओं के वंशज थे।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि तत्कालीन सनदों और अन्य बातों के आधार पर सिद्ध हो चुका है कि सतारा और कोल्हापुर के शासक और उन के रिश्तेदार मुधोल कापशी आदि घोरपडे शासक सूर्यवंश से सम्बन्ध रखते हैं और चित्तौड और उदयपुर के राणा के वंशज हैं। इस लिए न्याय पूर्वक वे अपना सम्बन्ध ऐतिहासिक महाकाव्य काल के श्री रामचन्द्र से जोड़ सकते हैं। महाराष्ट्र साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी, शिवराम, शिवराज व शिव छत्रपति की नसों में राजपूतों का विशुद्ध रक्त प्रवाहित हो रहा था। उन के पूर्वज शूद्र किसान न थे, दक्खिनी सुलतानों के नीचे १३५०ई० से एक विशाल प्रदेश के शासक थे। इस के अतिरिक्त माता की ओर से देवगिरि के यादवों के वंशज होने का वे गौरव कर सकते थे। बहुत से लोगों ने शिवाजी को शूद्र सिद्ध करने का प्रयत्न किया है, क्योंकि उन्हों ने स्थापित मुसल्मानी राज्य के विरुद्ध विद्रोह का झण्डा खड़ा किया। सब से अधिक शक्तिशाली प्रतापी मुगल-सम्राट् औरंगजेब को नीचा दिखाया, ७०० वर्षों के राष्ट्रीय पतन का प्रतीकार किया, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू धर्म की महिमा और गौरव को फिर से स्थापित किया और मुगल साम्राज्य और दक्खन के सुलतानी राज्यों के भग्नावशेषों पर एक विशाल साम्राज्य का निर्माण किया।

सिंहावलोकन

१ शिवाजी दि ग्रेट जि० १, पृ० २०० ।

२ वही, जि० २, पृष्ठ २८१

सज्जनसिंह के पूर्वजों का वंशवृक्ष १

उक्त दो पीढ़ियाँ सज्जनसिंह और उसके पिता का नाम नवम्बर १३५२ में सज्जनसिंह के पुत्र राणा दिलीपसिंह को मिले हुए फर्मान से पुष्ट होते हैं और यह भी पता लगता है कि देवगिरि या दौलताबाद के प्रान्त में उन को दस गाँव इनाम में दिये गये थे। दिलीपसिंह के पुत्र राणा सिधोजी ने गुलबर्गा के बहमनी बादशाहों को बहुत सहायता दी और इस के बदले में उस 'सीर नौबत' की उपाधि दी गई, ऐसा फरिश्ता का कथन है। सिधोजी के पुत्र भैरोंजी ने भी बादशाह की सेवा में कुछ कसर बाकी न रक्खी। इसलिए इस राणा को १३९८ ई० में मुधोल का नगर और उसके पास के ८४ गाँव इनाम में दिये गये। यह फीरोजशाह की दी हुई सनद से पता लगता है। उसके पुत्र देवराज ने १६ वर्ष तक बादशाह की सेवा की। फिर उसके पुत्र उग्रसेन ने अलाउद्दीन अहमदशाह बहमनी की जान बचाई। इस असाधारण सेवा के बदले में उसे १४२४ ई० में फर्मान दिया गया जिसमें चार पीढ़ियों के नाम स्पष्ट रूप से दिये गये हैं। वे ये हैं—

राणा सिधोजी भैरोसिंह जी, राजसिंह देवराणा और उसका पुत्र राणा उग्रसेन। राणा उग्रसेन का नाम इन्दुसेन भी प्रसिद्ध है। यह अपने भाई प्रतापसिंह के साथ काकणपट्टी को जीतने में लगा रहा। एक बार वह विशालगढ़ या खेलना के शिर्के सरदारों के हाथ में पड़ गया। परन्तु कुछ मुद्दत बाद उस के बहादुर पुत्रों ने उसे छुड़ा लिया। सनदों से ऐसा प्रतीत होता है कि १४५४ ई० तक इन सीसोदिया भोसलों को देवगिरि, मुधोल, रायबाग और वाँई जैसे दूरस्थ इलाकों में जागीरें मिली हुई थीं। उग्रसिंह की मृत्यु के पश्चात् उस के दो पुत्रों कर्णसिंह और शुभकृष्ण में परस्पर वैमनस्य हो गया। इस पर छोटा भाई शुभकृष्ण अपने चाचा प्रतापसिंह के साथ देवगिरि की जागीर पर १४६० ई० के करीब चला गया और इस तरह इन दो भाइयों के अलग अलग होने पर भोंसलों की दो शाखाएँ

१ विशेष के लिए देखिए श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा का राजपूताने का इतिहास भाग १ पृ० ५११

हो गई। बड़ी शाखा मुधोल में राज्य करती रही और उस के सम्बन्ध में बहुत से फर्मान राजा साहब मुधोल के पास मौजूद हैं।

दूसरी शाखा देवगिरि की जागीर पर कुछ काल तक सन्तुष्ट रही। परन्तु उन्हें भी निजामशाही के बादशाहों ने अपना सरदार बनाया और पूना के आस-पास की जागीर उन्हें इनाम में दी। बाबाजी, मालोजी और शाहजी के सम्बन्ध में बहुत से हस्तलिखित पत्र मिलते हैं, जिन से पता लगता है कि उन्हों ने बहुत बहादुरी के काम कर के यश प्राप्त किया।

इस बात को सिद्ध करने के लिए कि देवगिरि की शाखा मुधोल के राजाओं के साथ सम्बन्ध रखती थी, दो सनदें मौजूद हैं। सन् १४९४ ई० में कर्णसिंह और रामकृष्ण नामक दोनों भाइयों को बाई में जागीर दी गई। इस में से कुछ हिस्सा शाहजी ने घोरपड़ों से वापिस लिया। इस बात को बताने के लिए १६४६ई० की एक सनद मौजूद है, जिस में दोनों शाखाओं का परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट तौर पर बताया गया है[1]। इस की पुष्टि उस पत्र से भी होती है जो शिवाजी ने बाजीराजे के पुत्र मालोजी घोरपडे को लिखा था[2]।

इस तरह बीच के थोड़े से नामों को छोड़ कर पहले और पिछले वंशजों के नाम सनदों, हस्तलिखित पत्रों आदि से पुष्ट होते हैं। इन साक्षियों से सिद्ध होता है कि शिवाजी के पूर्वज सूर्य-वंशकुलोत्पन्न थे और सीसोद और चित्तौड़ के राणाओं के वंशज थे।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि तत्कालीन सनदों और अन्य बातों के आधार पर सिद्ध हो चुका है कि सतारा और कोल्हापुर के शासक और उन के रिश्तेदार मुधोल कापशी आदि घोरपडे शासक सूर्यवंश से सम्बन्ध रखते हैं और चित्तौड़ और उदयपुर के राणा के वंशज हैं। इस लिए

सिंहावलोकन

न्याय पूर्वक वे अपना सम्बन्ध ऐतिहासिक महाकाव्य काल के श्री रामचन्द्र से जोड़ सकते हैं। महाराष्ट्र साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी, शिवराम, शिवराज व शिव छत्रपति की नसों में राजपूतों का विशुद्ध रक्त प्रवाहित हो रहा था। उन के पूर्वज शूद्र किसान न थे, दक्खिनी सुलतानों के नीचे १३५०ई० से एक विशाल प्रदेश के शासक थे। इस के अतिरिक्त माता की ओर से देवगिरि के यादवों के वंशज होने का वे गौरव कर सकते थे। बहुत से लोगों ने शिवाजी को तुच्छ सिद्ध करने का प्रयत्न किया है, क्योंकि उन्हों ने स्थापित मुसलमानी राज्य के विरुद्ध विद्रोह का झण्डा खड़ा किया। सब से अधिक शक्तिशाली प्रतापी मुगल-सम्राट् औरंगजेब को नीचा दिखाया, ७०० वर्षों के राष्ट्रीय पतन का प्रतीकार किया, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू-धर्म की महिमा और गौरव को फिर से स्थापित किया और मुगल-साम्राज्य और दक्खन के सुलतानी राज्यों के भग्नावशेषों पर एक विशाल साम्राज्य का निर्माण किया।

1 शिवाजी दि ग्रेट जि० १, पृ० २०० ।

2 वही, जि० २, पृष्ठ २८।

# राजपूताने में प्राचीन शोध

दीवानबहादुर हरबिलास सारडा, अजमेर

भारतवर्ष के इतिहास में सदा से राजपूताने का महत्व-पूर्ण स्थान रहा है। प्राचीन काल में ही नहीं, किन्तु मुसलमानों के समय में भी इस प्रान्त के निवासी उन से लड़ने अथवा उन के सहायक होने के कारण बहुत प्रसिद्ध हुए। इस देश में अनेक वीर, विद्वान एवं कुलाभिमानी राजा, सरदार आदि हुए, जिन्हों ने अनेक युद्धों में अपने प्राणों की आहुति दे कर अपनी कीर्ति को अमर किया। क्षत्रिय जाति सदा से वीरता के लिए प्रसिद्ध रही है। चित्तौड़, कुंभलगढ़, मांडलगढ़, अचलगढ़, रणथंभोर, गागरौन, भटनेर (हनुमानगढ़), बयाना, तहनगढ़, मंडोर, जोधपुर, जालोर, आम्बेर आदि किलों तथा अनेक प्रसिद्ध रणक्षेत्रों में कई बड़े-बड़े युद्ध हुए, जहाँ अनेक वीर क्षत्रियों ने वहाँ की मिट्टी का एक एक कण अपने रक्त से तर किया। कई स्थानों में वीर क्षत्राणियों तथा क्षत्रिय बालाओं ने अपने धर्म तथा सतीत्व की रक्षा के लिए वीरता के साथ जौहर की धधकती हुई आग में कूद कर अपने प्राण दिये। इतना ही नहीं, किन्तु कई जगह उन्होंने तलवार चमका कर लड़ाइयाँ भी लड़ी थीं। राजपूताने में ऐतिहासिक दृष्टि-कोण से भ्रमण करने वालों को स्थान-स्थान पर ऐसे स्मारक मिलेंगे, जिन्हें देखने से मालूम होगा कि यहाँ अनेक वीर पुरुषों ने शत्रुओं से लड़ कर अपने प्राण दिये थे। कर्नल जेम्स टॉड ने राजपूताने के ऐसे अनेक स्थल देख कर यही लिखा है—

"राजस्थान में कोई छोटा-सा राज्य भी ऐसा नहीं है, जिस में थर्मोपिली जैसी रणभूमि न हो और शायद ही कोई ऐसा नगर मिले, जहाँ लियोनिडास जैसा वीरपुरुष उत्पन्न न हुआ हो।"

इस वीरभूमि के भिन्न-भिन्न भागों में समय-समय पर अनेक राजवंशों ने अपना अधिकार जमाया, अनेक बाहरी आक्रमणों से—विशेषतः मुसलमानों की चढ़ाइयों तथा उन के साथ की लड़ाइयों के कारण यहाँ के प्राचीन इतिहास के साधन नष्ट हो गये। अपनी प्राचीन पुस्तकें नष्ट हो जाने के कारण भाटों ने कई पुस्तकें लिख डालीं, जिन में उन्हों ने इस देश पर राज्य करने वाले वर्तमान राज-वंशों के पिछले नाम, जो उन्हें मिल सके, दर्ज किये और पुराने नामों में से जिन जिन प्रसिद्ध राजाओं के नाम परम्परा से सुनने में आते थे, वे ही लिखे। अपनी पुस्तकों को पुरानी बतलाने के लिए उन्हों ने अनेक कल्पित नाम और झूठे संवत् लिखे। जिन प्राचीन वंशों ने यहाँ राज्य किया, उन में से कई एक के नाम तक उन को मालूम न हो सके। उन की पुस्तकें, जो बहुत अशुद्ध लिखी जाती हैं और जिन में उन को दिये हुए इनाम इकराम का हाल अतिशयोक्ति के साथ लिखा रहता है, इतिहास की पुस्तकें समझी जाने लगीं। उन्हें भी वे किसी को बतलाने में, अपनी जीविका के चले जाने के विचार से, बहुधा संकोच करते रहे। ऐसी स्थिति में राजपूताने का प्राचीन इतिहास अंधकार में ही पड़ा रहा और जिन प्रसिद्ध राजाओं के नाम जन-श्रुति से सुनने में आते थे, वे कब हुए और उन्हों ने अपने जीवनकाल में क्या-क्या किया, यह सब प्रायः अज्ञात ही रहा।

भारत में अङ्गरेज़ी राज्य की स्थापना के पश्चात् शिक्षा का फिर प्रचार हुआ और पश्चिमी शैली पर अङ्गरेज़ी के साथ संस्कृत तथा अन्य भाषाओं की पढ़ाई आरंभ हुई। अपने विद्या-प्रेम के कारण कई अङ्गरेज विद्वानों ने संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ किया और सर विलियम जोन्स ने महाकवि कालिदास के अभिज्ञान-शाकुन्तल नाटक का अङ्गरेजी

अनुवाद प्रकाशित किया, जिसे देख कर पाश्चात्य विद्वान् चकित हो गये और शेक्सपियर की तरह कालिदास का आदर करने लगे।

इस प्रकार संस्कृत-साहित्य की महत्ता का परिचय संसार के विद्वानों को होने लगा। शनैः-शनैः यूरोप में संस्कृत का पठन-पाठन आरंभ हुआ। ई० सन् १७८४ में सर विलियम जोन्स के प्रयत्न से एशिया के इतिहास, शिल्प, साहित्य आदि के शोध के लिए कलकत्ते में एशियाटिक-सोसाइटी-ऑव्-बंगाल नाम की संस्था स्थापित हुई और ई० सन् १७८८ में उक्त संस्था के द्वारा 'एशियाटिक रिसर्चेज़' नामक प्राचीन शोध सम्बन्धी पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ। यूरोप के सब देशों में उस की ख्याति फैली और उस का फ्रेंच अनुवाद भी होने लगा। उक्त पत्रिका की २० जिल्दें छपने के पश्चात् ई० सन् १८३२ से उसी संस्था द्वारा उस के स्थान में 'जर्नल-ऑव्-दी-एशियाटिक-सोसाइटी ऑव् बंगाल' नाम का त्रैमासिक पत्र प्रकाशित होने लगा। यूरोप में भी इस विषय की बहुत-कुछ चर्चा आरंभ हुई और ई० सन् १८२३ के मार्च से लंदन में भी उसी उद्देश्य से 'रॉयल-एशियाटिक-सोसाइटी' की स्थापना हुई और उस की शाखाएँ बम्बई और सिलोन (लंका) में भी खुलीं। इसी तरह समय-समय पर फ्रांस, जर्मनी, इटली आदि यूरोपीय देशों में तथा अमेरिका एवं जापान में भी एशिया सम्बन्धी भिन्न-भिन्न विषयों के शोध के लिए संस्थाएँ स्थापित हुईं। उन के मुख-पत्रों में भारतीय पुरातत्व सम्बन्धी विषयों पर अनेक लेख प्रकट हुए और अब तक हो रहे हैं। ई० सन् १८४४ में 'रॉयल-एशियाटिक-सोसाइटी' ने भारत सरकार द्वारा इस कार्य का होना आवश्यक समझ कर ईस्ट-इण्डिया-कम्पनी से निवेदन किया और ई० सन् १८४७ में लॉर्ड हार्डिंज के प्रस्ताव पर 'बोर्ड ऑव् डाइरेक्टर्स' ने इस काम के लिए खर्च की मंजूरी दी। ई० स० १८६१ में युक्त-प्रान्त के मुख्य इंजीनियर कर्नल ए० कनिंगहम ने इस विषय की योजना तैयार कर लॉर्ड केनिंग की सेवा में पेश की, जो स्वीकृत हुई और सरकार की ओर से प्राचीन शोध के निमित्त 'आर्कियॉलॉजिकल-सर्वे (पुरातत्त्व विभाग) नाम का महकमा कायम हुआ। फिर जनरल कनिंगहम ने उत्तरी भारत में और डॉ० जेम्स बर्जेस ने पश्चिमी और दक्षिणी भारत में प्राचीन शोध का कार्य प्रारंभ किया। ई० सन् १८७२ में इसी उद्देश्य से 'इंडियन-एंटिक्वेरी' नामक मासिक-पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ। वह अब तक बराबर निकल रहा था। ई० स० १८८८ में आर्कियॉलॉजिकल सर्वे की ओर से एपिग्राफ़िया इंडिका नाम की त्रैमासिक पत्रिका निकलने लगी, जिस की अब तक २० जिल्दें छप चुकी हैं। भारत के इतिहास के लिए उस का बहुत महत्त्व है। इस प्रकार अनेक विद्वानों के श्रम तथा सरकार के प्रयत्न से भारतवर्ष के प्राचीन इतिहास की बहुत-कुछ सामग्री उपलब्ध हुई है, जिस से राजपूताने के इतिहास के भिन्न-भिन्न भागों पर भी पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। निम्न पंक्तियों में हम राजपूताने के इतिहास के अनेक अंगों की पूर्ति के लिए यत्न करने वाले विद्वानों का कुछ परिचय देते हैं।

मेवाड़ के सुप्रसिद्ध एवं प्रतापी महाराणा कुंभा बड़े वीर, विद्वान्, शिल्प और संगीत के अद्वितीय ज्ञाता तथा अनेक ग्रन्थों के प्रणेता थे। अपने वंश के इतिहास की तरफ़ उन की विशेष रुचि थी, परंतु उस समय उन के पूर्वजों की शुद्ध नामावली तथा उन का चरित्र तक उपलब्ध नहीं था, जिस से उक्त महाराणा ने अपने राज्य में मिलने वाले अनेक प्राचीन शिलालेखों का संग्रह करवाया और उन के आधार पर अपनी वंशावली ठीक की, इतना ही नहीं, किन्तु यथासाध्य उन का वृत्तान्त भी एकत्र किया। उन्हों ने एकलिंग-माहात्म्य का 'राजवर्णन' नाम का अध्याय स्वयं संग्रह किया और वह भी अपनी कल्पना के अनुसार नहीं, किन्तु अनेक प्राचीन शिलालेखों के आधार पर। उन्हीं के समय की

महाराणा कुंभा

कुंभलगढ़ की बड़ी प्रशस्ति की तीसरी शिला के आरंभ में जन-श्रुति के आधार पर उन के पूर्वजों का वर्णन है, फिर 'राज-वर्णन' प्राचीन प्रशस्तियों के आधार पर लिखा गया है। इस 'राजवर्णन' का अधिकांश नष्ट हो गया है, थोड़ा-सा अंश बचने पाया है, परंतु उक्त महाराणा के एकलिंग-माहात्म्य के 'राजवर्णन' नामक अध्याय से नष्ट हुए सारे अंश की पूर्ति हो जाती है। इस प्रकार महाराणा कुंभा को राजपूताने का सर्व-प्रथम प्राचीन शोधक कहना चाहिए।

कर्नल जेम्स टॉड
(ई० सन् १७८२—१८३५)

कर्नल टॉड ई० सन १७९९ के मार्च मास में भारत में आये। उस समय उन की आयु १७ वर्ष की थी। ई० सन् १८०० में वे १४ नंबर की देशी पैदल सेना में लेफ्टनेंट के पद पर नियत हुए। इंजीनियरी के काम में कुशल होने के कारण दूसरे ही वर्ष दिल्ली के पास की पुरानी नहर की पैमाइश का काम उन के सुपुर्द हुआ। चार वर्ष के अनंतर वे दौलतराव सिन्धिया के दरबार के सरकारी राजदूत और रेजिडेंट मि० ग्रीम मर्सर के साथ रहने वाली सरकारी सेना की टुकड़ी के अध्यक्ष नियत हुए। उस समय सिंधिया का मुकाम मेवाड़ में होने से उन्हें आगरे से उदयपुर पहुँचना था। मार्ग में ही टॉड ने पैमाइश शुरू कर दी और कुछ लोगों को उस का काम सिखला कर जहाँ वे स्वयं न जा सके वहाँ अपने ही खर्च से उन्हें भेज कर नकशे तैयार करवाए और उन की जाँच कर सब से पहले राजपूताने का नकशा उन्हों ने ही तैयार किया। ई० सन १८१८ में गवर्नमेण्ट ने राजपूताने के राजाओं से सन्धि आरंभ की और कर्नल टॉड उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बूँदी, सिरोही और जैसलमेर राज्यों के पोलिटिकल-एजेंट नियुक्त हुए और १८२२ की जून तक वे इस पद पर बने रहे। फिर वे स्वदेश को चले गये।

वीर जातियों के इतिहास से उन्हें बड़ा प्रेम था, इस लिए उन्हों ने राजपूतों के इतिहास की सामग्री का संग्रह करना प्रारंभ किया और उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बूँदी तथा सिरोही राज्यों में भ्रमण कर वहाँ के अनेक शिला-लेख, दान-पत्र, सिक्के आदि का बड़ा संग्रह कर लिया। जिन राज्यों में वे न जा सके, वहाँ का इतिहास उन्हों ने उन राज्यों से—अथवा अन्य प्रकार से—प्राप्त किया। स्वदेश जाते समय वे उदयपुर से गोगूंदा, बीजापुर आदि स्थानों में होते हुए सिरोही और वहाँ से आबू पहुँचे। तत्पश्चात परमारों की प्रसिद्ध राजधानी चंद्रावती के प्राचीन खँडहरों का निरीक्षण कर गुजरात होते हुए वे खंभात से काठियावाड़ और कच्छ को पहुँचे। वहाँ से जल-मार्ग द्वारा बम्बई पहुँच कर इंगलैंड को प्रस्थान किया। राजपूताने में रहते समय उन के साथ रहने वाले सरकारी सिपाहियों के अफसर कप्तान वाघ (Waugh) चित्रकला में बड़े निपुण थे। कर्नल टॉड जहाँ-जहाँ जाते, वहाँ वे उन के साथ रहते और प्राचीन मंदिरों मूर्तियों आदि के चित्र उन के लिए तैयार करते। इसी तरह जब से वे आये, तब से उन के प्रस्थान के समय तक यति ज्ञानचंद्र बराबर उन के साथ रहे। उन को टॉड अपना गुरु मानते थे और वही उन्हें पृथ्वीराज रासो आदि भाषा काव्यों का अर्थ सुनाते और शिला लेख आदि पढ़ते थे। कर्नल टॉड राजपूताने से संस्कृत और भाषा के अनेक ग्रन्थ, २० हज़ार प्राचीन सिक्के, कई शिलालेख तथा अन्य सामग्री अपने साथ विलायत ले गये। लंदन पहुँचने के बाद उन्हों ने राजपूताने का कीर्तिस्तम्भ रूप 'एनाल्स ऐंड ऐंटिक्विटीज़ ऑव् राजस्थान' नाम का एक बृहद् ग्रन्थ लिख कर ई० स० १८२९ में उस की पहली जिल्द और १८३२ में दूसरी जिल्द प्रकाशित की, जिस से पहले पहल यूरोप वालों को राजपूतों की वीरता, उदारता आदि गुणों का परिचय हुआ। उस के पश्चात उन्हों ने उदयपुर से प्रस्थान कर बम्बई तक की अपनी यात्रा का वर्णन "ट्रैवल्स-इन-वेस्टर्न इंडिया" नाम के एक बृहद् ग्रन्थ में लिखा, जो उन की मृत्यु के पीछे ई० सन १८३९ में प्रकाशित हुआ।

आधुनिक काल के राजपूताने के प्राचीन शोधकों में कर्नल टॉड सब से पहले थे। उन्हों ने सैकड़ों शिलालेखों, अनेक ग्रन्थों, ख्यातों तथा फरिश्ता आदि की फारसी तवारीखों के आधार पर राजपूताने का जो इतिहास लिखा, वह पहला एवं असाधारण ग्रन्थ है। उन के समय में राजपूताने में रेल, तार, डाक सड़कें आदि न थीं ऐसी दशा में उन्हों ने घोड़ों, हाथियों, ऊँटों आदि पर हजारों मील की यात्रा कर जो कार्य किया, वह उन की असाधारण गवेषणा, अथाह परिश्रम और कुशाग्र बुद्धि का परिचय देता है। राजपूताने की प्राचीन शोध-सम्बन्धी जो बातें इस समय ज्ञात हुई हैं वे बहुधा उस समय अज्ञात थीं और अधिक प्राचीन लेख पढ़ने के साधन न थे, जिस से उन के ग्रन्थों में कहीं कहीं परिवर्तन करने की अब आवश्यकता हुई है, तो भी उस समय के उन के अगाध परिश्रम और गवेषणा को देखते हुए राजपूताने के इतिहास से प्रेम रखने वाला कोई भी विद्वान् उन की सराहना किये बिना नहीं रह सकता।

यति ज्ञानचन्द

ज्ञानचन्द्र जयपुर के खरतरगच्छ के यति अमरचंद के शिष्य थे। भाषा-कविता के अच्छे ज्ञाता होने के अतिरिक्त उन्हें संस्कृत का भी ज्ञान था, इस कारण कर्नल टॉड उन को अपना गुरु मान कर सदा अपने साथ रखते टॉड के राजस्थान तथा ट्रैवल्स इन वेस्टर्न इंडिया में जितने शिला-लेखों और ताम्र-पत्रों का उल्लेख मिलता, वे सब उन्हों ने ही पढ़े थे। वे ई० सन् की १० वीं शताब्दी के आस पास के शिला-लेखों को पढ़ लेते थे, परन्तु प्राचीन शिलालेख उन से ठीक नहीं पढ़े जाते थे। संस्कृत का ज्ञान भी साधारण होने के कारण कहीं कहीं उनमें त्रुटियाँ रह गईं, जो टॉड के ग्रन्थों में ज्यों की त्यों पाई जाती हैं। कर्नल टॉडने महाराणा भीमसिंह से सिफारिश कर उन को बहुत-सी जमीन दिलाई। उन का उपासरा माडल नामक कस्बे में है, जहाँ टॉड के समय की कई एक पुस्तकें, चित्रों तथा शिला-लेखों की नकलें विद्यमान हैं।

अलेग्ज़ेंडर किन्लोक फ़ॉर्ब्स ( ई० सन् १८२१-१८६४ )

जिस प्रकार कर्नल टाड ने राजपूताने के इतिहास के लिए प्रशंसनीय प्रयत्न किया, उसी तरह किलोक फॉर्ब्स ने गुजरात के इतिहास का उद्धार किया। पाटन आदि स्थानों में गुजरात से संबंध रखने वाले कई प्राचीन, संस्कृत ग्रन्थ मिल जाने से इन्हों ने बड़ी खोज के साथ रासमाला नामक गुजरात का वृहद् इतिहास लिखा। उस के सम्बन्ध में उन्हों ने आबू की यात्रा की और वहाँ के कई शिला-लेखों की नकलें कीं और देलवाड़े के दोनों जैन मन्दिरों की कारीगरी की उत्तमता के विषय में बहुत-कुछ लिखा है।

अलग्ज़ेंडर कनिंगहम ( ई० सन् १८१४-१८९३ )

अलेग्ज़ेंडर कनिंगहम इंजीनियर थे और कई लड़ाइयों में रहे थे। ई० सन १९६१ में भारत-सरकार ने आर्कियॉलॉजिकल डिपार्टमेंट स्थापित कर उन्हें उस का अध्यक्ष नियत किया। उन्हों ने चीनी यात्रियों के यात्रा विवरणों को मूल आधार मान कर सारे उत्तर-भारत में प्राचीन शोध का काम किया। राजपूताने में वैराट्, आंबेर, जयपुर, अजमेर, चंद्रावती (झालरापाटन), कोलवी की गुफाएँ (झालावाड़ राज्य), कोटा, भरतपुर, कामा, बयाना, विजयमन्दिरगढ़, तहनगढ़, खानवा, तिजारा, बहादुरपुर, अलवर, राजगढ़, पारानगर आदि स्थानों का निरीक्षण कर वहाँ के शिलालेख, शिल्प आदि पर पर्याप्त प्रकाश डाला। उन के समय तक अशोक के जितने शिला-लेख ज्ञात हुए, उन को उन्हों ने एक पुस्तक प्रकाशित की, जिस में वैराट (जयपुर राज्य) का लेख और भाब्रू वाला अशोक का संघ के नाम का पत्र भी प्रकाशित हुआ है। इन्हों ने पुरातत्व सम्बन्धी कई ग्रन्थ लिखे और भारतवर्ष के प्राचीन भूगोल के सम्बन्ध

में एंश्यंट जिऑग्रफी ऑव इंडिया नाम की बृहद् पुस्तक लिखी, हजारों सिक्के एकत्र किये और उन पर चार ग्रन्थ लिखे। महाराणा कुम्भा के चतुरस्र बड़े सिक्के को पहले पहल उन्हों ने ही प्रकाशित किया। उन के सिक्कों के ग्रन्थों में राजपूताना से सम्बन्ध रखने वाले भी कई सिक्के छपे हैं। उन की रिपोर्टों की २३ जिल्दें तथा अन्य ग्रन्थ राजपूताने के लिए ही नहीं, किन्तु सारे भारतवर्ष के प्राचीन शोध के लिए बड़े महत्त्व के हैं। उन के अगाध परिश्रम और अध्यवसाय का परिचय उन के ग्रन्थों से ही अनुमान किया जा सकता है। सरकार ने आप को सी. एस. आई., के सी. आई. ई. की उपाधियाँ दी थीं।

ए० सी० एल० कार्लाइल

मि० कार्लाइल जनरल कनिंगहम के असिस्टेंट थे। उन्हो ने राजपूताने में खेड़ा, रूपास, बयाना, विजयमन्दिरगढ़, माचेड़ी, बैराट, धौसा, नाई, चाक्सू, शिवडूंगर, टोडा, बघेरा, बासलपुर, कर्कोटकनगर ( जयपुर राज्य ), नगरी ( मध्यमिका, उदयपुर राज्य ), मोरा, निर्जल्यों आदि स्थानों में भ्रमण कर वहाँ का विवरण लिखने के अतिरिक्त कई शिलालेखों का पता लगाया और बहुत से सिक्के संग्रह किये। कर्कोटकनगर में मिलने वाले मालवों तथा शिबि जनपद की मध्यमिका ( नगरी मेवाड़ ) के सिक्के और मेवाड़ के प्रथम राजा गुहिल के सिक्के सब से पहले उन्हीं को मिले थे। ई० सन १८७१ से १८८० तक की जनरल कनिंगहम की आर्कियॉलॉजिकल सर्वे की रिपोर्टों में कई जगह इन के राजपूताना-सम्बन्धी अनुसंधानों का विवरण मिलता है।

एच० बी० डब्ल्यू गैरिक

मि० गैरिक भी जनरल कनिंगहम के असिस्टेंट थे। उन्हों ने बैराट्, आमेर, जयपुर, अजमेर, नागौर, मंडोर, जोधपुर, पाली, नाडौल, जूना खेडा, नाथद्वारा, चित्तौड़, निम्बाहेड़ा, चंद्रावती ( झालरापाटन ) रनटम्ड और भीमगढ़ आदि स्थानों का निरीक्षण किया और कई शिलालेखों का पता लगाया। वे चित्तौड़ के कीर्तिस्तम्भ की बची हुई दो शिलाओं तथा रावल समरसिंह के समय के वि० सं० १३३० के चित्तौड़ के शिलालेख का चित्र सर्व-प्रथम प्रसिद्धि में लाये।

डा० भगवानलाल इन्द्रजी

डॉ० भगवानलाल इंद्रजी जूनागढ़ के रहने वाले प्रश्नोरा नागर थे। रासमाला के कर्ता किलोक फॉर्बस की सिफारिश से वे बम्बई के सुप्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता डा० भाऊदाजी के असिस्टेंट नियत हुए। उन्हों ने भाऊदाजी के साथ रहते समय काठियावाड़, दक्षिण आदि के अनेक शिलालेख संग्रह किये और उन्हें पढ़ा। उड़ीसा की प्रसिद्ध हाथीगुम्फा वाले राजा खारवेल के शिलालेख को सर्व-प्रथम प्रसिद्ध में लाने का श्रेय भी उन्हीं को है। उन्हों ने नेपाल में भ्रमण कर वहाँ के अनेक शिला-लेख संग्रह किये। मथुरा के समीपवर्ती प्रदेश में दौरा कर मथुरा के प्रसिद्ध सिंहध्वज का, जिस पर खरोष्ठी लिपि में क्षत्रपों के कई लेख खुदे हुए थे, पता लगा कर उसे प्राप्त किया। कामा की मसजिद के स्तंभ पर खुदे हुए शूरसेन वंशी यादवों के ई० सन की ७ वीं शताब्दी के लेख को शुद्धतापूर्वक पढ़ा और प्रकाशित किया। मि० कैम्बेल की अध्यक्षता में प्रकाशित होने वाले बम्बई गैजेटियर की पहली जिल्द के लिए गुजरात का प्राचीन इतिहास भी आपने ही लिखा, जिस में राजपूताना के बहुत से भागपर राज्य करने वाले सोलंकियों का विस्तृत इतिहास भी है। अन्य अन्य सिक्कों के सिवा आपने क्षत्रप राजाओं के सिक्कों का बहुत बड़ा संग्रह किया जिसे अपनी मृत्यु के समय उपर्युक्त मथुरा वाले सिंहध्वज के साथ ब्रिटिश-म्यूजियम को भेंट कर दिया। उन की शोधक-बुद्धि, विद्वत्ता और गवेषणा अपूर्व थी। लंदन की युनिवर्सिटी की तरफ़ से आप को 'डाक्टर ऑव् फिलॉसफ़ी,' की उपाधि मिली थी। ई० स० १८८८ के १६ मार्च को उन का स्वर्गवास हुआ।

ये दधवाडिया गोत्र के चारण थे। उन के पूर्वज रूण के सांखले राजाओं के पोलपात थे। सांखलों का रूण का राज्य छूट गया, तब वे भी अपने स्वामी के साथ मेवाड़ में आ रहे। यहाँ समय समय पर उन्हें महाराणाओं की तरफ स कई गाँव मिले। कविराजा श्यामलदास उदयपुर के महाराणा शम्भुसिंह और सज्जनसिंह के विश्वासपात्र रहे। महाराणा सज्जनसिंह ने अपने राज्य का बृहद् इतिहास प्रकाशित करने का निश्चय कर उस के व्यय के लिए एक लाख रुपये स्वीकृत किये और वह कार्य कविराजा के सुपुर्द किया। आपने अंग्रेजी, फारसी और संस्कृत जानने वाले विद्वानों को अपने इतिहास-कार्यालय मे भर्ती किया और मेवाड तथा बाहर के राज्यों में पंडितों का भेज कर अनेक शिलालेखों की छापें तैयार करवा कर उन का संग्रह किया। उन्होंने विस्तार पूर्वक उदयपुर राज्य का और राजपूताना तथा बाहर के अन्य राज्यों का, जिन का किसी न किसी प्रकार उदयपुर से सम्बन्ध रहा, सक्षिप्त इतिहास लिखा। जिन मुसलमान सुलतानों और बादशाहों का मेवाड से युद्ध आदि के रूप में संबंध रहा, उन का भी इतिहास इस ग्रंथ मे लिखा गया। उक्त बृहद् ग्रंथ का नाम 'वीर-विनोद' रक्खा, जिस मे अनेक शिलालेखों, दान-पत्रों, सिक्कों, राजकीय पत्र-व्यवहार, बादशाही फरमान आदि का बहुत अच्छा संग्रह हुआ है। यह उपयोगी ग्रंथ छप तो गया, परन्तु राज्य की तरफ से प्रसिद्ध न किया गया। इस से उन का सारा श्रम वस्तुत जैसा होना चाहिए, वैसा सफल न हो सका और विद्वत्समाज को उस का यथेष्ट लाभ न पहुँच सका। उनका देहान्त वि० स० १९५१ तदनुसार ई० स० १८९४ में हुआ।

महामहोपाध्याय कविराज श्यामलदास ई० सन् (१८३६-१८९४)

मुंशी देवीप्रसाद जाति के कायस्थ थे। पहले वे टोंक राज्य मे नौकर थे, फिर उन्हों ने जोधपुर राज्य की सेवा आरंभ की। वे फारसी के अच्छे विद्वान् और इतिहास के प्रेमी थे। उन्हो ने अनेक फारसी ग्रन्थों के आधार पर बाबर-नामा, हुमायूँनामा, अकबरनामा, जहाँगीरनामा, शाहजहाँनामा, औरंगजेबनामा, खान-खानानामा आदि पुस्तकें लिख कर हिन्दी-पाठकों के लिए मुसलमान-कालीन इतिहास जानने का अच्छा साधन उपस्थित कर दिया। अपने इतिहास प्रेम के कारण उन्हों ने उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर आदि के कई राजाओं के चरित्र भी हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित किये। मुंशी जी जहाँ जाते, वहाँ के शिला लेखों की छापें तैयार करते और अपने इतिहास प्रेमी मित्र गौरीशंकर हीराचंद ओझा के पास भेज कर उन्हे पढवाते। उन्हों ने प्रतिहार राजा बाउक और कक्कुक के शिला-लेख और दधिमति माता के मन्दिर के गुप्त सवत् २८९ (ई० सन् ६०८) का तथा जालौर आदि के शिला लेखों को पुस्तकाकार प्रकाशित किया। वे निर्भीक इतिहास-लेखक थे। उन की पुस्तकों की राजपूताने में बहुत कुछ प्रशंसा है। उन का देहान्त ता० १५ जुलाई ई० सन् १९२३ (वि० स० १९८०) में हुआ।

मुंशी देवीप्रसाद (ई० सन् १८४८—१९२३)

को, नाहर और सांगर अग्निवंशियों की। जिन राजपूत कुरियों की संख्या सौ से कम बतलाई गई है वे ये हैं—बनौधिया, बच्छानिया जलखेड़, पँवार, फरहरा, हाड़ा, हैहयवंशी करचुलि (कलचुरि), सायनी, सिंदा, केसरिया, लन्नर और रकसेल। इन में से बहुतेरे मूल कुरियों की शाखाओं या उपशाखाओं के नाम हैं, जैसे हाडा चौहानों की एक शाखा है, सिदा नागवंशियों का इत्यादि। परन्तु इन में हैहय एक ऐसा कुल है जिस का प्राचीन काल में बड़ा प्रसार और बाहुल्य था। इस वंश का मूल पुरुष कार्त्तवीर्य या सहस्रार्जुन था जिस ने रावण को अपने घर पर कई महीनों तक बाँध रक्खा था। इस को परशुराम ने समूल नष्ट करने का २१ बार प्रयत्न किया, परन्तु सफल न हुए। इस की राजधानी माहिष्मती (वर्त्तमान मान्धाता) में थी, जो मध्यप्रदेशान्तर्गत नीमाड़ जिले में नर्मदा के किनारे पर है। कालान्तर में एक शाखा वर्त्तमान जबलपुर जिले में आ बसी और नर्मदा के तट पर त्रिपुरी को उसने राजधानी बनाया। यह स्थान अब जबलपुर से ६ मील पर तेवर के नाम से प्रसिद्ध है। इस वंश में अनेक प्रतापी राजा हुए, जिन में से कर्ण डहरिया का नाम विशेष स्मरणीय है। उस को नेपोलियन की उपमा दी जाती है। कहावत है—'कर्ण डहरिया कर्ण जुझार। कर्ण हाँक जानै संसार।' कर्ण डहरिया ईसा की ग्यारहवीं शताब्दी में हुआ था। उस समय मध्यभारत कलचुरि क्षत्रियों से परिपूर्ण था परन्तु एक सहस्र वर्ष के भीतर ही इतना हेर-फेर हो गया है कि उन के वंशजों की गणना सहस्रों के बदले दहाई के भीतर आ गई है। इन का राज्य तेरहवीं शताब्दी में अस्त-व्यस्त हो गया, परन्तु प्रश्न उठता है, इन के सहस्रों राजधर क्षत्रियों का क्या हुआ? शोध से प्रकट होता है कि वे लोग कहीं चले नहीं गए। वे क्रमशः यहीं की जनता की अन्य जातियों में समा गए। राज्यच्युत और पदच्युत होने पर प्रत्यक्षतः उन को पेट पालने के लिए अन्य व्यवसायों में संलग्न होना पड़ा। बहुतेरों ने राजघरानों या धनाढ्यों के यहाँ 'कलेवा' आदि बनाने का काम स्वीकार कर लिया और अपने स्वामियों की रुचि मद्य की ओर देख कर उस का भी बनाना आरम्भ कर दिया। फल यह हुआ कि वे अपने-अपने व्यवसाय-सूचक नामों से पुकारे जाने लगे। तथापि कुछ घराने ऐसे भी बच रहे जिन्होंने अपना प्राचीन नाम और काम सुरक्षित रक्खा। वे अब रीवाँ रियासत और जबलपुर जिले में करचुलि नाम से प्रसिद्ध हैं। हैहयों या कलचुरियों के पहले भारत के मध्य भाग में भारशिव और वाकाटक क्षत्रियों का बड़ा दौरदौरा रहा, परन्तु किसी भी व्यक्ति ने अपने को इन वंशों का नहीं बतलाया। कदाचित् इन के वंशजों ने अपने को अधिक प्रचलित नागवंशी नाम में सम्मिलित कर लिया हो, जिन का उत्थान आदि में मध्यभारत के भिलसा स्थान से हुआ। भारशिवों ने अपने बाहुबल से बौद्ध धर्म को हटा कर पुनः हिन्दू धर्म का प्रचार किया और झाँसी के निकट बागाट नामक स्थान से उत्पन्न वाकाटक राजाओं से सम्बन्ध करके भारतवर्ष में एक प्रबल साम्राज्य स्थापित किया जिस का सामना कोई न कर सका। इन का बल प्रचुर काल तक यथावत् स्थिर रहा परन्तु पाटलिपुत्र के गुप्तों ने वाकाटकों को अपनी लड़की दे कर अन्त में उन के राज्य को निर्मूल कर दिया। गुप्तों का भी उभय प्रान्तों में कहीं पता नहीं है, यद्यपि सागर जिले का एरन उन का स्वभोगनगर था।

ऊपर लिखे विवरण से जान पड़ेगा कि मध्यप्रदेश और मध्यभारत में प्राचीन प्रतिभाशाली राजपूत वंश नागवंशी, वाकाटक और भारशिव, हैहयवंशी कलचुरि, परमार या पवाँर, चालुक्यवंशी बघेल, सोमवंशी पाण्डव, राष्ट्रकूट या राठौड, प्रतिहार या पड़िहार और चन्द्रात्रेय या चन्देल थे। इन में से बुंदेले और बघेले समृद्धिवान् रह गए हैं।

---

# वराह अवतार

श्रीयुत रामेश्वर-गौरीशङ्कर ओझा, एम० ए०, अजमेर।

देवो हरिर्जयति यज्ञवराहरूपः सृष्टिस्थितिप्रलयकारणमेकमेव ।
यस्योदरस्थितजगत्त्रयबीजकोशनिर्गच्छदङ्कुरशिरेव विभाति दंष्ट्रा ॥

सोड्ढोक[1]

हिन्दू-धर्म में ब्रह्मा, विष्णु और शिव अथवा महेश इन तीन देवताओं का प्रमुख स्थान है। ये जगत् की तीन भिन्न-भिन्न शक्तियों अथवा प्रवृत्तियों—सृष्टि, स्थिति एवं संहार—के अधिष्ठाता माने जाते हैं। विष्णु का संसार के संरक्षण-पालन आदि से सम्बन्ध रहने के कारण सनातनधर्मावलम्बियों का यह धार्मिक विश्वास है कि विशेष परिस्थिति में कुछ असुरों (कु-प्रवृत्तियों) का नाश करने के लिए अथवा उन के कारण जगत् में फैलने वाले अधर्म एवं अत्याचार के प्रतीकार द्वारा शान्ति स्थापित करने के उद्देश से भगवान् विष्णु समय-समय पर मर्त्य-लोक में मनुष्य एवं मनुष्येतर रूप में अवतीर्ण होते रहे हैं। जिस रूप में भगवान् प्रकट होते हैं, वह उन का अवतार कहा जाता है।

सामान्यतः विष्णु के दस अवतार माने जाते हैं[2]—मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह (या नरसिंह), वामन, परशुराम, राम (रामचन्द्र), कृष्ण, बुद्ध एवं कल्कि। भागवत पुराण में विष्णु के बाईस अवतार बतलाए गए हैं—(१) पुरुष, (२) वराह, (३) नारद, (४) नर-नारायण, (५) कपिल, (६) दत्तात्रेय, (७) यज्ञ, (८) ऋषभ, (९) पृथु, (१०) मत्स्य, (११) कूर्म, (१२ १३) धन्वन्तरि, (१४) नरसिंह, (१५) वामन, (१६) परशुराम, (१७) वेदव्यास, (१८) राम, (१९) बलराम, (२०) कृष्ण, (२१) बुद्ध और (२२) कल्कि[3]। फिर भी विष्णु के उपर्युक्त दस अवतार ही प्रधान माने जाते हैं। विष्णु के अवतारों की ठीक संख्या का निर्णय यहाँ अनावश्यक है; हमें यहाँ केवल वराह अवतार का विचार करना है।

---

१. इस लेख के अन्त में उद्धृत।

२. मत्स्यः कूर्मो वराहश्च नरसिंहोऽथ वामनः ।
रामो रामश्च कृष्णश्च बुद्धः कल्की च ते दश ॥

वामन-शिवराम आप्टे—दि प्रैक्टिकल संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी, 'अवतार'-शब्दान्तर्गत।

म० भा० (कुम्भकोणम्-संस्क०, शान्तिपर्व, अध्याय ३४८, श्लोक २) में उपर्युक्त श्लोक के 'कृष्णश्च' के स्थान में 'रामश्च' पाठ मिलता है, जो बलराम का द्योतक है। सर राजा राधाकान्तदेव के शब्दकल्पद्रुम नामक बृहत् संस्कृत कोश में भी यही पाठ दिया गया है। जयदेव कवि ने अपने 'गीतगोविन्द' काव्य के प्रथम सर्ग के आरम्भ में, मालव राग में, विष्णु के दशावतारों की स्तुति की है, उस में भी कृष्ण के स्थान में हलधर (बलराम) का नाम है, किन्तु कृष्ण के पूर्णावतार होने के कारण हमें बलराम के स्थान पर उन की गणना उचित प्रतीत होती है। लेखक का यह कथन केवल कपोल-कल्पना नहीं है, क्योंकि महाभारत की किसी हस्त-लिखित प्रति में 'कृष्णश्च' पाठ भी मिलता है। दे० कुम्भकोणम्-संस्क० के उपर्युक्त श्लोक का टिप्पण।

३. श्रीमद्भागवत (निर्णयसागर-संस्क०), १. ३. १—२१।

( १ )

उदयगिरि की गुफा में खुदी हुई नृवराह-प्रतिमा

( २ )

राजिम की नृवराह-प्रतिमा

( ३ )

चंद्रकेश्वर मंदिर की वराह-प्रतिमा

( ४ )

फलोदी की वराह प्रतिमा

( ५ )

इन्दौर म्यूजियम की वराह प्रतिमा

ऋग्वेद[1] में रुद्र, मरुत और वृत्र के लिए लाक्षणिक रूप में वराह-सूचक शब्द का प्रयोग हुआ है। उस से ज्ञात होता है कि एक बार विष्णु ने सोम-पान किया और इन्द्र की प्रेरणा से वराह (वृत्र) के सौ भैंसे और दुग्धमय भत्त छीन लिया; इतने में इन्द्र ने आ कर उस भयङ्कर वराह को मार डाला[2]। इस से अवतार-सम्बन्धी कथा का स्पष्टीकरण नहीं होता, इसलिए हमें पहले-पहल शुक्ल यजुर्वेद के शतपथ[3] ब्राह्मण में सृष्टिक्रम के सम्बन्ध में ए मु ष नामक वराह[4] द्वारा पृथ्वी के उठाए जाने का उल्लेख मिलता है। कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता से जान पड़ता है कि "पृथ्वी-रूप जगत् की उत्पत्ति से पूर्व सर्वत्र जल ही जल था। मूर्त शरीर से ठहरने के लिए कोई स्थान न होने के कारण प्रजापति ब्रह्मा वायु-रूप से उस जल में सञ्चार करते थे। उस समय उन्हों ने जल में डूबी हुई पृथ्वी को देखा और वराह का रूप धारण कर वे उसे दाँत से उठा कर जल से ऊपर ले आए। उसे बाहर लाते ही उन्हों ने अपना वराह-रूप छोड़ विश्वकर्मा बन कर उस का विस्तार किया। तब यह दृश्यमान पृथ्वी बन सकी। 'प्रथन' (विस्तार) से ही इस का पृथ्वी नाम पड़ा। तदनन्तर देव-सृष्टि आदि हुई[5]"। इस से पता चलता है कि जगत् की सृष्टि के समय प्रजापति ब्रह्मा ने वराह-रूप धारण किया था, न कि विष्णु ने। तै त्ति री य आ र ण्य क के 'वराहेण कृष्णेन शतबाहुना उद्धृता', इस वाक्य से भी सौ बाहु वाले श्यामवर्ण वराह द्वारा पृथ्वी का उद्धार होना (जल में से निकाला जाना) जान पड़ता है।

---

१. १. ६१. ७।

२. मैकडॉनल—वैदिक माइथॉलॉजी, पृ० ४१।

३. १४. १. २. ११।

४. संस्कृत साहित्य में वराह (सूअर) के लिए कई पर्यायवाची शब्द प्रयुक्त होते हैं, जो पाठकों के परिचय के लिए निम्नांकित श्लोकों में दिए गए हैं—

वराहः सूकरो घृष्टिः कोलः पोत्री किरः किटिः।
दंष्ट्री घोणी स्तब्धरोमा क्रोडो भूदार इत्यपि॥ २॥
　　　　अमरकोष, द्वितीय काण्ड, सिंहादि वर्ग।
..............................अथ किर. किरिः।
भूदारः सूकरः कोलो वराहः क्रोडपोत्रिणौ॥ ३१३॥
घोणी घृष्टिः स्तब्धरोमा दंष्ट्री किटास्तलाङ्गली।
आखनिकः शिरोमर्मा स्थूलनासो बहुप्रजः॥ ३१४॥
　　　　हेमचन्द्राचार्य—अभिधानचिन्तामणि, काण्ड ४ (तिर्यक्काण्ड)।
सूकरे कुमुखः कामरूपी च सलिलप्रियः।
मलेवणो वक्रदंष्ट्रः पङ्कक्रीडनकोऽपि च॥
　　　　अभिधानचिन्तामणि के उपर्युक्त श्लोकों की टीका।

कलि देश के राजा पुरुषोत्तमदेव ने अनुमानतः पन्द्रहवीं शताब्दी में 'त्रिकाण्डशेष' नामक पद्यबद्ध सुंदर संस्कृत कोष लिखा, जिसे बम्बई के खेमराज श्रीकृष्णदास ने सन् १९१६ ई० में प्रकाशित किया। इस संस्करण में मुद्रित सीताराम्ब महार्णव की टीका में 'वराह' शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हुए लिखा है कि 'वराय अभीष्टाय मुस्तादिलाभाय आहन्ति खनति भूमिम्', अर्थात् अपनी प्रिय मुस्ता नामक घास के लिए भूमि को खोदने वाला (पशु) वराह है। वराह को मुस्ता के लिए भूमि खोदना बहुत पसन्द होता है,—दे० विश्रब्धं क्रियतां वराहततिभिर्मुस्ताक्षतिः पल्वले ...॥ कालिदास—अभिज्ञानशाकुन्तल, २. ६।

५. (आनन्दाश्रम-संस्क०) ७. १. ५।

है ति री य ब्रा ह्म ण में है ति री य सं हि ता की वराह सम्बन्धी घटना विशद रूप में वर्णित है। इस के अनुसार "सृष्टि से पूर्व, इसे देख पड़ने वाली पृथ्वी के स्थान में, केवल जल था; इसलिए उस समय प्रजापति ने जगत् की सृष्टि करने के लिए बहुत विचार किया। प्रजापति विचार-मग्न थे, उस समय उन्हें जल पर लम्बी दण्डी का एक कमल पत्र देख पड़ा। उसे देख कर प्रजापति ने अनुमान किया कि यह मृणाल युक्त कमल-पत्र अवश्य किसी न किसी वस्तु के आधार पर ठहरा होगा। उस वस्तु की खोज के लिए जल में डुबकी लगाना आवश्यक था, इसलिए उन्हों ने वराह रूप धारण कर उस कमल-पत्र के मृणाल के पास ही जल में डुबकी लगाई। भीतर पहुँचने पर उन्हें पृथ्वी मिल गई। तत्पश्चात् उस पृथ्वी की बहुत सी गीली मिट्टी अपने दाँत से उखाड़ कर वे ( वराह रूपी प्रजापति ) ऊपर निकल आए और उक्त कमल-पत्र पर उसे फैला दिया। फैलाने (विस्तार) के कारण उस का नाम पृ थ्वी ( अर्थात् विस्तृत ) पड़ा। तदनन्तर सन्तुष्ट हो कर प्रजापति ने कहा कि यह स्थावर-जङ्गम प्राणियों की आधार-वस्तु हो जाय। 'होना' के संस्कृत रूप 'भवति' से इस की व्युत्पत्ति होने से इस का नाम भू मि हुआ। फिर उस आर्द्र भूभाग ( मृत्तिका ) को सुखाने के लिए चारों दिशाओं से प्रजापति-सङ्कल्पित वायु बहने लगा। पवन के झोंकों से सूखती हुई उस भूमि को प्रजापति ने छोटे-छोटे कङ्कड़ों से दृढ़ बनाया और अपने कल्याण की इच्छा की। श र्क रा ( छोटे कङ्कड़ ) द्वारा इस की सुशोभित होने से उस ( पृथ्वी ) का नाम श र्क रा पड़ गया। वराह द्वारा लाई हुई मिट्टी ( पृथ्वी ) की ऐसी महिमा है, इसलिए वराह द्वारा भूमि की जो मिट्टी खोदी जाय, उस का आदर करना चाहिए[1]"। तैत्तिरीय ब्राह्मण के उपर्युक्त वृत्तान्त से जान पड़ता है कि सृष्टि बनाने के लिए प्रजापति ( ब्रह्मा ) ने पृथ्वी का उद्धार किया न कि विष्णु ने, जैसा पिछले ग्रन्थों में लिखा मिलता है।

वैदिक साहित्य के बाद अब हम रामायण, महाभारत, पुराणों आदि पिछले ग्रन्थों को लेते हैं। वाल्मीकि-रामायण में वसिष्ठ रामचन्द्र को पृथ्वी की उत्पत्ति बतलाते हुए कहते हैं—"पहले सर्वत्र जल ही जल था ( अर्थात् जलमयी सृष्टि थी ), उसी में पृथ्वी बनी। फिर देवताओं के साथ ब्रह्मा उत्पन्न हुए, जिन्हों ने वराह-रूप धारण कर पृथ्वी को ( जल से ऊपर ) निकाला और अपने पुत्रों सहित सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि की[2]।" इस कथन से जान पड़ता है कि रामायण के अनुसार भी आदि-सृष्टि के समय ब्रह्मा ने वराह-रूप से पृथ्वी का उद्धार किया था, न कि विष्णु ने। वराह को विष्णु का एक अवतार मान कर उस की जो महिमा प्रचलित है वह वैदिक काल में,

---

१. कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीयब्राह्मणम् ( आनन्दाश्रम-संस्क० ), १, १, ३, पृ० १८। विषय के अधिक स्पष्टीकरण के लिए सायण कृत भाष्य भी देखना चाहिए।

२ क्रुद्धमाज्ञाय रामं तु वसिष्ठः प्रत्युवाच ह।
जाबालिरपि जानीते लोकस्यास्य गतागतिम्॥ १॥
निवर्तयितुकामस्तु त्वामेतद्वाक्यमब्रवीत्।
इमां लोकसमुत्पत्तिं लोकनाथ निबोध मे॥ २॥
सर्वं सलिलमेवासीत्पृथिवी तत्र निर्मिता।
ततः समभवद्ब्रह्मा स्वयम्भूर्दैवतैः सह॥ ३॥
स वराहस्ततो भूत्वा प्रोज्जहार वसुन्धराम्।
असृजच्च जगत्सर्वं सह पुत्रैः कृतात्मभिः॥ ४॥
निर्णयसागर संस्क०, अयोध्याकाण्ड, ११०, पृ० ३२१।

अथवा रामायण काल तक, प्रचलित नहीं थी, केवल वेदोत्तर-काल के—उन में भी पिछले—ग्रन्थों में वराह विष्णु के अवतार के रूप में देख पड़ता है[1]।

महाभारत के वनपर्व में लिखा है कि पाण्डवों के वनवास-काल में एक बार लोमश ऋषि ने युधिष्ठिर से कहा कि एक सींग वाले वराह ( विष्णु भगवान् ) ने पाताल में डूबी हुई पृथ्वी का उद्धार किया। "पूर्व समय में, कृतयुग ( सत्ययुग ) में, एक बार भयङ्कर परिस्थिति उत्पन्न हुई। उस समय आदिदेव ब्रह्मा ने यमत्व ( मृत्यु का निग्रह ) किया, जिस से जगत् में कोई नहीं मरता था, किन्तु सर्वत्र उत्पत्ति देख पडती थी। हिंसक पशु, पक्षी, मृग, बैल, घोड़े, मनुष्य आदि प्राणी हजारों की संख्या में इस प्रकार बढ़ने लगे, जैसे प्रलय-काल में जल की बाढ़ आ जाती है। भयङ्कर संख्या वृद्धि के कारण बोझा बढ़ जाने से पृथ्वी सौ योजन नीचे चली गई, तब उस ने व्यथित हो भगवान् नारायण की शरण में जा कर उन से अपना भार हलका करने के लिए प्रार्थना की। इस पर विष्णु ने उसे आश्वासन दिया कि उसका बोझ हलका हो जायगा, इसलिए उसे भयभीत न होना चाहिए। उन्हों ने पृथ्वी देवी को सान्त्वनापूर्वक विदा कर अत्यन्त देदीप्यमान ( एक ) सींग और लाल नेत्रों वाले वराह का रूप धारण किया। फिर अपने चमकते हुए सींग से सौ योजन नीचे से वसुमती ( पृथ्वी ) को उठा लिया। पृथ्वी के उद्धार के समय बड़ा सक्षोभ हुआ, जिस से देवता, ऋषि, तपस्वी, स्वर्ग, भूमण्डल एवं तीनों लोक, सब में हाहाकार मच गया और देव या मनुष्य किसी को चैन न पड़ने लगा। तब देवताओं एवं ऋषियों ने ब्रह्मा के पास जा कर नम्रतापूर्वक उनसे प्रार्थना की कि तीनों लोकों में सक्षोभ हो रहा है, चराचर जगत् व्याकुल हो गया है, समुद्र-जल क्षुब्ध हो रहा है, सारी पृथ्वी सौ योजन डूब गई है और हम सब सज्ञा हीन हो रहे हैं, इसलिए हमें बतलाइए कि किस के प्रभाव से जगत् में इतनी व्याकुलता मची हुई है। उन को धैर्य दिलाते हुए ब्रह्मा ने कहा कि इस समय तुम्हें असुरों के उत्पात से भयभीत न होना चाहिए, क्योंकि सर्वत्र विचरणशील घट घट वासी परमात्मा के प्रभाव से यह सक्षोभ हो रहा है। सौ योजन पर्यन्त डूबी हुई पृथ्वी उसी विष्णु परमात्मा द्वारा निकाली गई है, उस की उद्धरण-क्रिया को इस सक्षोभ का कारण जान कर तुम अपना सशय मिटाओ। यह सुन देवताओं ने कहा कि यदि आप हमे वह प्रदेश बतला दें जहाँ पृथ्वी का उद्धार हो रहा है, तो हम सब वहीं चले जायँ। ब्रह्मा ने वह स्थान और विष्णु की पहचान बतलाते हुए कहा कि कालाग्नि के समान देदीप्यमान वराह-रूप में भूतल उठाते हुए लोकहितैषी भगवान् को तुम नन्दन वन में खडा पाओगे। उनके वक्ष स्थल पर श्रीवत्स शोभित हो रहा है।"

उपर्युक्त वर्णन के अनुसार वराहरूपी ब्रह्मा द्वारा आदि सृष्टि के समय पृथ्वी का उद्धार नहीं हुआ, किन्तु पशुओं एव मनुष्यों की सख्या में असाधारण वृद्धि होने से भाराक्रान्त पृथ्वी जल मे कई योजन डूब गई, तब उस की प्रार्थना पर ध्यान दे कर भगवान् विष्णु ने उस का उद्धार किया। रामायण में ब्रह्मा द्वारा पृथ्वी का उद्धार बतलाया गया है, किन्तु यहाँ वही कार्य विष्णु द्वारा एक बिल्कुल भिन्न परिस्थिति में सम्पन्न हुआ।

महाभारत के वनपर्व के २७६वे अध्याय[2] में वराह द्वारा पृथ्वी के उद्धार का प्रासङ्गिक उल्लेख है। वहाँ इस सम्बन्ध मे लिखा है कि नाभि-पद्म से उत्पन्न चतुर्मुख ब्रह्मा ने जगत् को शून्य देख कर मरीचि आदि मानस-पुत्रों को उत्पन्न किया, जिन से चराचर जगत्, यक्ष, राक्षस, भूत, पिशाच, नाग, मनुष्य आदि की उत्पत्ति हुई।

---

१ कुम्भकोणम् सस्क०, १४४, २१—६३।

२ श्लो० ४२-५६।

प्रजापति ब्रह्मा अपनी तीन अवस्थाओं द्वारा सृष्टि का सञ्चालन करते हैं—ब्रह्मा-रूप में सृष्टि, पुरुष ( विष्णु )-रूप में पालन और रुद्र-रूप में संहार। तत्पश्चात् विष्णु के अद्भुत कर्मों का निर्देश करते हुए लिखा है कि जिस समय सारी पृथ्वी जलमय हो गई थी, उस समय चराचर-स्वामी भगवान् पृथ्वी को स्थापित करने के लिए उसे इधर-उधर इस प्रकार खोजने लगे मानो वर्षा-काल की रात्रि में जुगनू इधर-उधर उड़ रहा हो ( इस सम्बन्ध में यह विचारणीय है कि इस कथन के अनुसार प्रलयकाल में पृथ्वी जल में डूब गई थी, न कि जन एवं पशु-संख्या की अत्यधिक वृद्धि से भाराक्रान्त हो कर )। अन्त में पृथ्वी को जल में छुपी हुई देख कर वे सोचने लगे कि कौन सा रूप बना कर उसे जल के भीतर से निकाला जाय। दिव्य दृष्टि के प्रभाव से उन्हें जल-विहार की रुचि रखने वाले वराह के रूप का स्मरण हुआ। तब भगवान् ने चतुर्वेदमय यज्ञवराह का रूप धारण कर जल में प्रवेश किया। उस का शरीर सौ योजन लम्बा, दस योजन चौड़ा, गगनचुम्बी महापर्वत जैसा ऊँचा और श्याम मेघ के समान देख पड़ता था। उस का शब्द प्रचण्ड मेघ-गर्जन की समता करता और उस का तीक्ष्ण तथा चमकीला दाँत बाहर निकला हुआ था। वह यज्ञवराह समुद्र में डूब गया और उस ने अपने एक दाँत पर पृथ्वी को उठा कर उसे यथास्थान स्थापित कर दिया। वनपर्व के १०१ अध्याय[1] में भी विष्णु को सम्बोधन कर पृथ्वी का उन के वराह-रूप द्वारा उद्धार होने का उल्लेख[2] मिलता है।

उल्लिखित पंक्तियों से ज्ञान पड़ता है कि वैदिक साहित्य एवं रामायण के रचना-काल तक आदि-सृष्टि के समय जल के अनन्तर स्थल-सृष्टि करने के लिए प्रजापति ( ब्रह्मा ) द्वारा समुद्र में से पृथ्वी का उद्धार होना माना जाता था; किन्तु महाभारत-काल से वराह को विष्णु का एक अवतार माना जाने लगा, जिस के द्वारा पृथ्वी का उद्धार हुआ। अब हमें देखना है कि पौराणिक साहित्य इस विषय में क्या कहता है। विष्णु-पुराण[3] में निम्न-लिखित वृत्तान्त मिलता है।

कल्प के आरम्भ में नारायण नामधारी ब्रह्मा ने प्रजा-सृष्टि की। गत कल्प के अन्त में सत्त्व-गुण-सम्पन्न ब्रह्मा ने रात्रि-निद्रा से उठ कर संसार को शून्य देखा। उस अनादि, सृष्टिकर्ता, ब्रह्मस्वरूप नारायण परमात्मा ने जगत् को सागरमय और पृथ्वी को उस में लीन देख कर उस का उद्धार करने के लिए—पूर्व कल्पों में धारण किए हुए मत्स्य, कूर्म आदि रूपों की भाँति—वराह का रूप ग्रहण किया, जो वेद-यज्ञ-मय था। तत्पश्चात् जनलोकवासी सनक आदि मुनियों द्वारा स्तुति किए जाने पर उस स्थिरात्मा, सर्वात्मा, परमात्मा प्रजापति ने जल में प्रवेश किया। उन के पाताल में पहुँचने पर उन्हें देख कर देवी वसुन्धरा ( पृथ्वी ) भक्ति-पूर्वक प्रणाम कर नाना प्रकार से उन की स्तुति करने लगी, जिस में सर्वव्यापी परमात्मा की विभूति का उत्कृष्ट वर्णन है। पृथ्वी द्वारा स्तुति होने के अनन्तर पृथ्वीधारी ( वराह-रूपी ) परमात्मा ने साम-गान के स्वर में घर्-घर् शब्द से

---

1 त्वया भूमिः पुरा नष्टा समुद्रात्पुष्करेक्षण।
वाराहं वपुराश्रित्य जगदर्थे समुद्धृता ॥ १२ ॥
महाभारत एवं रामायण के वराह-विवरण के सम्बन्ध में दे० हॉपकिन्स—एपिक माइथॉलॉजी, पृ० २१०।

२. म० भा० सभापर्व, अ० ३८ और शान्तिपर्व, अ० २०८ में वराह द्वारा पृथ्वी के उद्धार की जो कथा मिलती है, वह पीछे से जोड़ी हुई जान पड़ती है। सम्भवत. वह पुराणों के आधार पर लिखी गई है।

३ अंश १, ४, श्लो० १—२२।

गर्जना की, और नीलवर्ण देह तथा विकसित पद्म जैसे नेत्र वाला वह महावराह पृथ्वी को अपने दाँत पर उठा कर पाताल से ऊपर उठा......। जिस समय वह पृथ्वी को उठा रहा था, उस के वेदमय शरीर के रोएँ-रोएँ में बसने वाले सनन्दन आदि मुनिजन भक्तिपूर्वक उस की स्तुति करने लगे, जिस में वराह के कुछ अवयवों का यज्ञ के अङ्गों एवं उपकरणों से साम्य दिखलाया गया है। तदनन्तर मुनिजन महावराह-रूपी परमात्मा की महत्ता प्रकट करते हुए उन से जगत् की स्थिति के लिए पृथ्वी का उद्धार कर सब के कल्याण की प्रार्थना करते हैं। इस प्रकार अपनी स्तुति सुन कर भू-धारी परमात्मा ने पृथ्वी को उठा कर समुद्र पर रख दिया, जिस से ऐसा जान पड़ता था मानो उस जल-समूह पर कोई विशाल नाव ठहरी हुई हो। वराह भगवान् के देह की अधिक वृद्धि हो जाने से पृथ्वी डूबती नहीं थी। फिर उसे समतल बना कर अनादि परमेश्वर ने उस पर पर्वत आदि बनाए।

विष्णुपुराणोक्त वराह-वर्णन में प्रलयकाल में पृथ्वी का उद्धार होना बतलाया गया है। इस के अनुसार नारायण-नामधारी विष्णु को ब्रह्मा का एक स्वरूप मान कर उन के द्वारा भू देवी का उद्धार जान पड़ता है। ऋषियों की स्तुति में विष्णु के महावराह-रूप का यज्ञ से सादृश्य दिखाया गया है, अर्थात् उसे यज्ञवराह माना है।

वराह अवतार की यह कथा थोड़े-बहुत अन्तर से—संक्षिप्त या विस्तृत रूप में—वायु, अग्नि, मत्स्य, भागवत, पद्म, लिङ्ग, वराह एवं गरुड आदि पुराणों में भी मिलती है। स्थानाभाव से यहाँ इन सब पुराणों में मिलने वाली इस कथा का सविस्तर परिचय देना सम्भव नहीं है, अतएव तत्सम्बन्धी मुख्य-मुख्य बातों का निर्देश-मात्र किया जाता है। वायुपुराण[1] में लिखा है कि अग्नि से जल की उत्पत्ति हुई। अग्नि के नष्ट होने पर पृथ्वी-तल अन्तराल में लीन हो गया, जिस से स्थावर-जङ्गम सृष्टि का विध्वंस हो कर चारों ओर एकाकार समुद्र देख पड़ने लगा। उस समय नारायण-नामधारी ब्रह्मा योग-निद्रा में निमग्न हुए और सत्त्व-गुण के आधिक्य-वश नींद टूटने पर जगत् को शून्य देख वे वायु बन कर उस जल में, वर्षा-काल में खद्योत की भाँति, सञ्चार करने लगे। फिर पृथ्वी को समुद्र-तल में रही हुई जान कर उस का उद्धार करने के लिए उन्हों ने जल-क्रीड़ा के अनुकूल दस योजन लम्बा और सौ योजन ऊँचा वराह-रूप धारण किया और अपने दाँत से पृथ्वी को उठा कर उस का उद्धार किया। महावराह अथवा यज्ञ-वराह की आकृति आदि का वर्णन[2] महाभारत वन-पर्व के २७३वें अध्याय के उल्लिखित वर्णन से बहुत मिलता-जुलता है। यहाँ यज्ञ-वराह के शरीर के विभिन्न अवयवों का यज्ञ के अङ्गों से भली भाँति साम्य दिखलाया गया है, जिस में वह महावराह यज्ञ का, उस के पैर चारों वेदों के, उस का दाँत यूप ( यज्ञ-स्तम्भ ) का, सीना शक्ति का, मुख चिति ( वेदि बनाने में ईंटों की चुनाई )

---

१. अ० ६, श्लो० १—२७।

२ दशयोजनविस्तीर्णं शतयोजनमुच्छ्रितम्।
नीलमेघप्रतीकाशं मेघस्तनितनिस्वनम् ॥ १२ ॥
महापर्वतवर्ष्माणं श्वेतं तीक्ष्णोग्रदंष्ट्रिणम्।
विद्युदग्निप्रकाशाक्षमादित्यसमतेजसम् ॥ १३ ॥
पीनवृत्तायतस्कन्धं सिंहविक्रान्तगामिनम्।
पीनोन्नतकटीदेशं सुश्लक्ष्णं शुभलक्षणम् ॥ १४ ॥
रूपमास्थाय विपुलं वाराहममितं हरिः।
पृथिव्युद्धरणार्थाय प्रविवेश रसातलम् ॥ १५ ॥

का, जीभ अग्नि की, रोयें दर्भ के, सिर ब्रह्मा का, नेत्र रात दिन के, कान के आभूषण वेदाङ्ग के, नाक ( अर्थात् नाक से निकलने वाला द्रव पदार्थ ) घी का, थूथनी स्रुव की, शब्द साम-घोष का, खुर प्रायश्चित्त के, घुटने यज्ञ-पशु के, आँतें उद्गाता की, लिङ्ग होता का, श्वास-वायु अन्तरात्मा का, नितम्ब मन्त्रों के, रक्त सोमरस का, कन्धे वेदि के, वस की गन्ध हवि ( होमने का पदार्थ ) की, वेग चाल हव्य-कव्य की, शरीर प्राग्वंश ( यज्ञशाला का एक भाग ) का, हृदय ब्राह्मणों को दी जाने वाली दक्षिणा का, एक आभूषण प्रवर्ग्य ( सोम-याग-सम्बन्धी एक क्रिया ) का और उसकी छाया यजमान पत्नी की सूचक[1] है।

मत्स्यपुराण[2] में, पृथ्वी पर होने वाली, प्रजापति की सृष्टि का क्रम बतलाते हुए वराह अवतार का निर्देश किया गया है। उस से जान पड़ता है कि बहुत योजनों तक फैलने वाले पर्वतों की अनेक सुविशाल श्रेणियों के असह्य भार से आक्रान्त हो कर पृथ्वी जल में डूब गई थी। उसे कीचड़ में फँसी हुई दुर्बल गाय की भाँति नीचे जाती देख कर मधुसूदन ( विष्णु ) ने उस के उद्धार का निश्चय किया। उस समय अपने उद्धार के लिए पृथ्वी देवी ने भगवान् की अनेक प्रकार से स्तुति की। इस पर विष्णु परमात्मा ने, उसे सान्त्वना देते हुए, कुछ सोच कर जल क्रीड़ा के लिए वराह-रूप धारण किया। महावराह के शरीर के भिन्न भिन्न अवयवों का यज्ञ के विभिन्न अङ्गों से सादृश्य-सूचक वर्णन और वराह रूप में पृथ्वी के उद्धार का उल्लेख वायुपुराण के तत्सम्बन्धी प्रकरण से ज्यों का त्यों मिलता है। इस में वराह के शरीर की ऊँचाई लम्बाई से दूनी बतलाई गई है[3]।

श्रीमद्भागवत पुराण के प्रथम स्कन्ध में विष्णु के भिन्न-भिन्न अवतारों का उल्लेख है, जिस से ज्ञात होता है कि यज्ञाधिपति परमेश्वर ने रसातल में डूबी हुई पृथ्वी का उद्धार करने के लिए दूसरा, अर्थात् वराह का, स्वरूप धारण किया[4]। इस सम्बन्ध में यह विचारणीय है कि यहाँ वराह को तीसरा नहीं किन्तु दूसरा अवतार

1. स वेदपादो यूपदंष्ट्रः क्रतुदन्तश्चितीमुखः।
अग्निजिह्वो दर्भरोमा ब्रह्मशीर्षो महातपाः ॥ १६ ॥
अहोरात्रेक्षणधरो वेदाङ्गश्रुतिभूषणः।
आज्यनासः स्रुवतुण्डः सामघोषस्वनो महान् ॥ १७ ॥
सत्यधर्ममयः श्रीमान्धर्मविक्रमसंस्थितः।
प्रायश्चित्तनखो घोरः पशुजानुर्महाकृतिः ॥ १८ ॥
उद्गात्रन्त्रो होमलिङ्गः स्थानबीजी महौषधिः।
वाय्वन्तरात्मा मन्त्रस्फिगाज्यस्रुक् सोमशोणितः ॥ १९ ॥
वेदस्कन्धो हविर्गन्धो हव्यकव्यातिवेगवान्।
प्राग्वंशकायो द्युतिमान्नानादीक्षाभिरन्वितः ॥ २० ॥
दक्षिणाहृदयो योगी महासत्रमयो विभुः।
उपाकर्मोष्ठरुचिरः प्रवर्ग्यावर्तभूषणः ॥ २१ ॥
नानाछन्दोगतिपथो गुह्योपनिषदासनः।
छायापत्नीसहायो वै मणिशृङ्गमिवोच्छ्रितः ॥ २२ ॥
भूत्वा यज्ञवराहो वै अपः स प्राविशत्प्रभुः।

२ अ० २४८, श्लो० १—७३।

३ शतयोजनविस्तीर्णमुच्छ्रितं द्विगुणं ततः। . . ॥६७॥

४. द्वितीयं तु भवायास्य रसातलगतां महीम्।
उद्धरिष्यन्नुपादत्त यज्ञेशः सौकरं वपुः ॥ ७ ॥

माना गया है। इस के सिवा तीसरे स्कन्ध के तेरहवे अध्याय में, विदुर-मैत्रेय सवाद में, विदुर ने मैत्रेय से पूछा कि ब्रह्मा के प्रिय पुत्र सार्वभौम राजा मनु ने अपनी पसन्द की पत्नी पा कर क्या-क्या किया? मैत्रेय ने उत्तर दिया कि विवाह के पश्चात् मनु ने हाथ जोड़ कर ब्रह्मा से पूछा कि आप मेरे पिता हैं, मैं आप की सन्तान हूँ; इसलिए बतलाइए, मैं किस प्रकार आप की सेवा कर सकता हूँ? मेरे योग्य कार्यों में से कौन सा करने से मुझे इस लोक में कीर्ति और परलोक में सद्गति प्राप्त होगी? इस पर ब्रह्मा ने उसे अपनी स्त्री से अनुरूप सन्तति उत्पन्न कर पृथ्वी का धर्म-पूर्वक पालन और यज्ञ द्वारा परमेश्वर को प्रसन्न करने को कहा। मनु ने आज्ञा शिरोधार्य कर प्रार्थना की कि पृथ्वी—जो मेरा, मेरी प्रजा और सब प्राणियों का निवास-स्थान है—जल में डूब गई है, इसलिए सब से पहले उसे ऊपर निकाला जाय। पृथ्वी का डूबना जान कर ब्रह्मा उस के उद्धार का उपाय सोचने लगे। ब्रह्मा ने देखा कि ईश्वर ने सृष्टि की उत्पत्ति के लिए हमको पैदा किया है और सृष्टि के आरम्भ मे पृथ्वी रसातल में चली गई, इसलिए जिनके हृदय से वे उत्पन्न हुए, वही परमात्मा पृथ्वी के उद्धार की योजना करें, तो अच्छा हो। वे इस प्रकार सङ्कल्प-विकल्प कर रहे थे, इतने में अचानक उनकी नाक में से अँगूठे के परिमाण का वराह का बच्चा निकल आया। ब्रह्मा ने क्षण भर उस की ओर देखा, इतने ही में वह हाथी जितना बढ गया। यह देख कर उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ और मरीचि आदि विप्रों तथा मनु आदि कुमारों के साथ ब्रह्मा उस वराह के सम्बन्ध में नाना प्रकार के विचार करने लगे। ब्रह्मा को शङ्का हुई कि कहीं यज्ञ रूप भगवान् तो उन्हें मोह में नहीं डाल रहे हैं! अपने पुत्रों के साथ महादेव तर्क-वितर्क में लगे हुए थे, उस समय भगवान् ने अपना शरीर पर्वतप्राय बना कर गर्जना की, जिस से दिशाएँ गूँज उठीं और ब्रह्मा तथा सनकादि ऋषि हर्षित हुए। तदनन्तर जन, तप एवं सत्य लोकों के निवासी ऋषियों ने उस पवित्र वराह-स्वरूप की स्तुति की, जिसे सुन कर आदिवराह ने पुन एक बार गर्जना की और गजराज के समान लीला करते हुए जल में प्रवेश किया। उस समय उक्त महावराह के केश कड़े और चमड़ी मोटी थी, वह अपने खुरों से मेघ पर आघात करता था। उस के दाँत स्वच्छ और पैने, दृष्टि तीक्ष्ण, पैर में तीन जोड़, खुर बाण जैसे लम्बे, पूँछ ऊपर उठी हुई और गर्दन के बाल हिल रहे थे। तमाल-पुष्प के समान नील वर्ण वाले उक्त वराह ने अपने दाँत से पाताल में डूबी हुई पृथ्वी को ऊपर उठा कर जल से बाहर निकाला, इतने में हिरण्याक्ष नामक दैत्य ने अपनी गदा से उस पर आक्रमण किया, जिस से आदिवराह ने क्रुद्ध हो कर—जिस प्रकार सिंह हाथी को मारता है उसी तरह—उस का भी अन्त कर डाला। उस के रक्त से आदिवराह का मुख-मण्डल लाल हो गया। हिरण्याक्ष के वध से ब्रह्मा ने उन्हें ईश्वर जान कर वेदमन्त्रों से उन की स्तुति की, जिस में उन के भिन्न-भिन्न अवयवों की यज्ञ के विभिन्न अङ्गों से तुलना की गई है। ऋषिगण वराह-रूपी परमेश्वर की स्तुति कर रहे थे, उस समय भगवान् अपने खुरों से पृथ्वी को क्षुब्ध जल में भली भाँति स्थापित कर वहाँ से चले गए। भागवत पुराण के तीसरे स्कन्ध के १८-१९वें अध्याय में हिरण्याक्ष-वध का सविस्तर वर्णन मिलता है।

लिङ्गपुराण[1] से जान पड़ता है कि ब्रह्मा ने वराह रूप धारण किया था। प्रलय-रात्रि में, जब सब स्थावर-जङ्गम प्राणियों का नाश हो गया, चारों ओर एकाकार समुद्र देख पड़ता था, ब्रह्मा ने उस पर शयन किया

१ एलिमेंट्स ऑव् हिन्दू आइकानोग्राफी जि० १, भा० १, पृ० १३१।

इसी पुराण में, पूर्व-खण्ड के ४१ वें अध्याय में, दैत्य हिरण्याक्ष द्वारा पृथ्वी के पीड़ित होने और उस के कष्ट के कारण भगवान् विष्णु के उसे पाताल से निकालने की कथा है, जिस से जान पड़ता है कि इस पुराण का यह पिछला अंश किसी समय क्षेपक रूप में जोड़ा गया।

और सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा की। तब उन्हों ने वराह रूप बना कर समुद्र के भीतर से पृथ्वी को निकाल कर उसे पहले की तरह स्थापित कर दिया। इस से यह भी विदित होता है कि पृथ्वी का उद्धार करने के पश्चात् विष्णु[1] अपना वराह स्वरूप छोड़ कर अपने लोक में चले गए तब शङ्कर ने उस दाँत को, जिस पर पृथ्वी उठाई गई थी, ले कर अपने केशपाश में रख लिया, जिस से शिव की शोभा बहुत बढ़ गई।

अग्निपुराण[2] से ज्ञात होता है कि हिरण्याक्ष दैत्यों का राजा था, उस ने देवताओं को जीत कर स्वर्गलोक में निवास किया। तब देवताओं ने यज्ञ-रूपी भगवान् विष्णु के पास जा कर उन की स्तुति की, जिस पर उन्हों ने वराह-रूप धारण कर अन्य दैत्यों के साथ उक्त दानव का संहार किया।

पुराणों के वराह-सम्बन्धी विवरण से मालूम होता है कि विष्णु, वायु एवं मत्स्य में वराह द्वारा पृथ्वी के उद्धार का जो वृत्तान्त है, उस में हमें दैत्य हिरण्याक्ष के साथ के युद्ध का उल्लेख नहीं मिलता। हिरण्याक्ष की कथा श्रीमद्भागवत तथा अन्य पिछले पुराणों में पाई जाती है। अग्नि, गरुड[3], वराह और पद्म पुराण[4] से दैत्य

---

१ अथ युगे गते त्यक्त्वा वाराहं क्षीरसागरम् ॥ २६ ॥
वाराहरूपमनघं चचाल च धरा पुनः।
तस्य दंष्ट्रा भराक्रान्ता देवदेवस्य धीमतः ॥ २७ ॥
यदृच्छया भव पश्यन् जगाम जगदीश्वरः।
दंष्ट्रां जग्राह रुद्रस्तां भूषणार्थमथात्मनः ॥ २८ ॥
दधार च महादेव कूर्चान्ते वै महाऽसि।
देवाश्च दुन्दुभि सेन्द्रा देवदेवस्य वैभवम् ॥ २९ ॥

२ अवतारं वराहस्य वक्ष्येऽहं पापनाशनम्।
हिरण्याक्षोऽसुरेशोऽभूद्देवाञ्जित्वा दिवि स्थितः ॥ १ ॥
देवैर्गत्वा स्तुतो विष्णुर्यज्ञरूपो वराहकः।
अभूत् दानवं हत्वा दैत्यैः सार्धं च कण्टकम् ॥ २ ॥
वेंकटेश्वर-संस्क०, अ० ४।

३ वराहो पालयामास ह्यवतीर्णो हरिः प्रभुः।
दैत्यधर्मस्य नाशार्थं वेदधर्मादिगुप्तये ॥ १ ॥
अवतीर्णो वराहोऽथ हिरण्याक्षं जघान ह।
पृथिवीं धारयामास पालयामास देवताः ॥ ६ ॥
पूर्वखण्ड, अ० १४२।

४ अप्रमाणशरीरः स हिरण्याक्षो मदोद्धतः।
उद्यात्य बाहुसाहस्रैः पृथिवीं समहीधराम् ॥ १२ ॥
स्थाप्य शिरसाऽधाय प्रविवेश रसातलम् ॥ १३ ॥
ततो देवगणाः सर्वे चक्रुः भयपीडिताः।
शरणं प्रययुर्देवं नारायणमनामयम् ॥ १४ ॥
रसातलगतं ज्ञात्वा शङ्खचक्रगदाधरः।
वाराहं रूपमास्थाय विश्वरूपी जनार्दनः ॥ १५ ॥
दंष्ट्रैकया तं दैत्यं जघान परमेश्वरः।
संचूर्णितमहागात्रो ममार निशिताग्रया ॥ १६ ॥
पतितां धरणीं दृष्ट्वा दंष्ट्रयोद्धृत्य पूर्ववत्।
संस्थाप्य धारयामास रूपे कर्मवदृरतदा ॥ १७ ॥
उत्तरखण्ड, अ० २६४।

हिरण्याक्ष द्वारा मर्त्यलोकवासियों के पीड़ित होने, उस के अत्याचारों के फल-स्वरूप पृथ्वी के रसातल में पहुँचने और अन्त में वराह-रूपधारी विष्णु द्वारा उस का उद्धार होने का पता चलता है। हरिवंश[1] का वर्णन वायुपुराण से बहुत मिलता-जुलता है, इसलिए उस का यहाँ पृथक् उल्लेख आवश्यक नहीं। पिछले ग्रन्थों में वराह को विष्णु का अवतार माना गया है और आगम तथा तन्त्र-ग्रन्थों में भी इसी मत की झलक देख पड़ती है।

पुराणोक्त वराह-वर्णन के अनन्तर शिल्प-शास्त्र तथा आगम ग्रन्थों में मिलने वाले विष्णु के इस अवतार के विवरण का यत्किञ्चित् परिचय असङ्गत प्रतीत न होगा। इस के साथ-साथ वराह अवतार की भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतिमाओं का संक्षिप्त विवेचन आवश्यक जान पड़ता है। तक्षण-कला के फलस्वरूप हमें वराह-अवतार की जो खण्डित एवं अखण्डित सुन्दर प्रतिमाएँ भारत में यत्र-तत्र प्राप्त होती हैं, उन्हें स्थूल रूप से तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

( १ ) आदिवराह, नृवराह अथवा भूवराह।

( २ ) प्रलयवराह।

( ३ ) यज्ञवराह।

वैखानसागम के अनुसार आदिवराह अथवा भूवराह की प्रतिमा में मनुष्य के शरीर के साथ वराह का मुख, सन्ध्या-काल जैसा वर्ण और चार हाथ होने चाहिएँ, जिन में से सामान्यतः दो में शङ्ख और चक्र रहें। दाहिना पैर शेषनाग ( सपत्नीक ) के फन की मणि पर ठहरना चाहिए। उस पैर की जाँघ पर अपने पैर लटकाए पृथ्वी देवी बनाई जाय। वराह के शेष दो हाथों में से बाँया भू देवी के पैरों और दाहिना कमर पर रहे। वराह के मुख से जान पड़े कि वह देवी को सूँघ रहा हो। भू देवी के हाथ अञ्जलिबद्ध हों और उस का शरीर वस्त्र, पुष्प एवं आभूषणों से सुसज्जित होना चाहिए। देवी का मुख श्याम-वर्ण और हर्ष एवं लज्जा का सूचक होना चाहिए। उस का सिर वराह के सीने तक पहुँचे। इस की प्रतिमा को पञ्चतालविधि के अनुसार बनाना चाहिए[2]।

विष्णुधर्मोत्तर के अनुसार उपर्युक्त प्रतिमा में शेषनाग के चार भुजाएँ, रत्न-जटित फन और आश्चर्य-विकसित नेत्र हों। आदिशेष का फन कुछ ऊँचा रहे, जिस से जान पड़े कि वह देव को देखने के लिए उत्सुक है। उस के दो हाथों में हल और मूसल रहें। सर्प की पीठ पर भगवान् आलीढासन में विराजमान हों। उन के बाएँ हाथ पर प्रणाम करती हुई दो भुजाओं वाली स्त्रीरूपिणी पृथ्वी रहे। जिस भुजा पर पृथ्वी हो उसमें शङ्ख और शेष में पद्म, चक्र एवं गदा रहनी चाहिए। नृवराह की मूर्ति कपिल की भाँति ध्यानावस्थित रूप में भी होती है अथवा उस के हाथ पिण्डदान करते हुए बनाए जाते हैं। इस के सिवा मनुष्य का शरीर न हो कर केवल शूकर की आकृति की प्रतिमा भी होती है, जिस में बहुत से दानवों के साथ वराह भूमि खोदता हुआ देख पड़ता

---

१. अ० २२४।

२ आदिवराह चतुर्भुजं शङ्खचक्रधरं सन्ध्यश्यामनिभं ( सन्ध्यारश्यामनिभं—पाठान्तर ) नागेन्द्रफणामणिस्थापितदक्षिणपादं तदूरौ महीं दधानं दक्षिणहस्तेन देव्याः पादौ गृह्णन्तं मुखेन देवीं जिघ्रन्तं कृत्वा तां महीं प्राञ्जलीकृतहस्तां प्रसारितपादां पुष्पाम्बरधरां श्यामाभां किञ्चिदेवं समीक्ष्य व्रीडाहर्षेण संयुक्तां सर्वाभरणसंयुतां देवस्य स्तनान्तां वा पञ्चतालेन मानेन कारयेत्। २६वाँ पटल।

है[1]। विष्णुधर्मोत्तर से ज्ञात होता है कि इस अवतार की दार्शनिक व्याख्या सर्वशक्तिमान् ऐश्वर्य-सम्पन्न परमात्मा द्वारा हिरण्याक्ष रूप में मूर्तिमान् अज्ञान का नाश करना है[2]।

शिल्परत्न में लिखा है कि नृवराह शूकर के मुख से शोभित, गदा-पद्म-धारी और अपने दाँत के अग्रभाग पर भूमि देवी को उठाए होना चाहिए। आश्चर्य-विकसित नेत्रों वाली देवी हाथ में नीलोत्पल लिए हुए वराह की बाईं कोहनी पर बैठी हो। उस का एक पैर आदिशेष और दूसरा कमठ (कछुए) पर ठहरना चाहिए। इस ग्रन्थ में भी आधे मनुष्य और आधे शूकर के रूप के सिवा पूरे वराह की आकृति भी मानी गई है। उस में मोटी थूथनी, चौड़े कन्धे, तेज दाँत और गमाभयुक्त विशाल शरीर होना चाहिए[3]।

अग्निपुराण में भी आदिवराह का इस से मिलता-जुलता वर्णन है। इस के अनुसार वराह-प्रतिमा का नारङ्गी के जैसा वर्ण होना चाहिए। उस के दाहिने हाथ में शङ्ख और बाएँ में पद्म अथवा लक्ष्मी रहे। यदि प्रतिमा में लक्ष्मी बनाई जाय, तो भू देवी और शेषनाग उस के चरणों

---

१. भूवराहोऽथवा कार्यः शेषोपरि गतः प्रभुः ।
शेषश्चतुर्भुजः कार्यश्चारुरत्नफणान्वितः ॥
श्लाघ्येनोत्फुल्लनयनो देवीदर्शनतत्परः ।
कर्तव्यौ सीरमुसलौ करयोस्तस्य यादव ॥
सर्वाभरणश्च कर्तव्यस्तस्य रचिताञ्जलिः ।
आलीढस्थानसंस्थानस्तु पृष्ठे भगवानभवत् ॥
वामस्थिगता तस्य योषिद्रूपा वसुन्धरा ।
नमस्कारपरा तस्य कर्तव्या द्विभुजा शुभा ॥
अस्मिन् भुजे धरादेवी तत्र शङ्खो भवेत् ।
अन्ये तस्य कराः कार्याः पद्मचक्रगदाधराः ॥
भूवराहोऽथवा कार्यो ध्याने कपिलसंस्थितः ।
द्विभुजश्चाथवा कार्यः पिण्डनिर्वपणोद्यतः ॥
एकशृङ्गोऽथरूपेण चतुर्दानवमध्यगः ।
नृवराहो वराहश्च कर्तव्यः क्ष्माविदारणः ॥

२. मूर्तिमन्तमनैश्वर्यं हिरण्याक्षं विभुर्यथा ।
ऐश्वर्येणाभिनाशेन स निरस्तोऽरिमर्दन ॥

३. नृवराहं प्रवक्ष्यामि सूकरास्येन शोभितम् ।
गदापद्मधरं धात्रीं दंष्ट्राग्रेण समुद्धृताम् ॥
विस्मय कौर्परे वामे विस्मयोत्फुल्ललोचनाम् ।
नीलोत्पलधरां देवीमुपरिष्टात्प्रकल्पयेत् ॥
दक्षिणं कटिसंस्थं च बाहुं तस्य प्रकल्पयेत् ।
कूर्मपृष्ठे पदं चैकमन्यन्नागेन्द्रमूर्धनि ॥
अथवा सूकराकारं महाकायं तु विलिखेत् ।
तीक्ष्णदंष्ट्राग्रघोणास्यं स्कन्धपर्योर्ध्वरोमकम् ॥
२२वाँ पटल ।

के पास होने चाहिएँ[1]। अग्निपुराण के अनुसार वराह-प्रतिमा स्थापित करने से राज्य-लाभ और भवसागर से मुक्ति मिलती है[2]।

प्रलयवराह की प्रतिमा में भगवान् सिंहासन पर बैठते हैं। उन का दाहिना पैर लटकता और बाँया मोड़ कर आसन पर रखा होता है। पिछली भुजाओं में शङ्ख-चक्र रहते हैं, सामने का दाहिना हाथ अभयमुद्रा में और बाँया जाँघ पर रहता है। प्रतिमा का वर्ण नीला, वस्त्र पीले और शरीर आभूषणों से सुसज्जित होना चाहिए। वराह भगवान् की भाँति पैर रखे हुए भू देवी उन की दाहिनी ओर सिंहासन पर बैठी हो। देवी का वर्ण श्याम और शरीर पर आवश्यक गहने होने चाहिएँ। दाहिना हाथ आसन पर रख, बाएँ में उत्पल लिए हुए वह आश्चर्य-युक्त नेत्रों से भगवान् को देखती हो[3]।

यज्ञवराह की प्रतिमा प्रलयवराह से बहुत मिलती-जुलती होनी चाहिए। वह श्वेत वर्ण की और चतुर्भुज होती है। उस की दाहिनी ओर सोने के वर्ण वाली लक्ष्मी देवी बाएँ हाथ में कमल ले कर वराह भगवान् की भाँति सिंहासन पर बैठती है। प्रलयवराह-प्रतिमा में जहाँ भू देवी बनाई जाती है, वहाँ इस में लक्ष्मी देख पड़ती है। यज्ञ-वराह के बाईं ओर भू देवी रहती है। भू देवी का वर्ण श्याम, बाँया पैर लटकता हुआ और दाहिना मोड़ कर आसन पर रहता है। दाहिने हाथ में नीलोत्पल और बाँया हाथ आसन पर रहता है। भगवान् की ओर मुड़े हुए पृथ्वी देवी के चेहरे से आश्चर्य झलकता है[4]।

विष्णु के राम, कृष्ण आदि प्रसिद्ध अवतारों की भाँति प्राचीन काल में सारे भारत में वराह-पूजा का भी बहुत प्रचार था। इस देश में अनेक स्थानों में वराह-मन्दिर बने हुए थे, जिन में से कुछ अब तक विद्यमान हैं। बहुत से मन्दिर नष्ट हो गए हैं, तो भी उन के खँडहरों से अनेक वराह प्रतिमाएँ अब तक मिलती हैं, जिन में से कई एक पुरातत्त्व-सम्बन्धी संग्रहालयों में सुरक्षित हैं।

---

१ नारङ्गो वाथ कर्तव्यो भूवराहो गदादिभृत्।
दक्षिणे वामके शङ्खो लक्ष्मीर्वा पद्ममेव वा ॥ २ ॥
श्रीर्वामकूर्परस्था तु क्ष्मानन्तौ चरणानुगौ। . ॥ ३ ॥
चतुर्बाहुर्वराहस्तु शेषः पाणितले धृतः।
धारयन्बाहुना पृथ्वीं वामेन कमलाधरः ॥ १६ ॥
वेंकटेश्वर-संस्क०, अ० ५० ।

२ वाराहस्थापनाद्राज्यं भवाब्धितरणं भवेत् ॥ ३ ॥
वही अध्याय।

३. वक्ष्ये प्रलयवराहं वामपादं समाकुञ्च्य दक्षिणं प्रसार्य सिंहासने समासीनं नीलाभं शङ्खचक्रधाममभयदक्षिणहस्तमूरुप्रतिष्ठितवामहस्तं पीताम्बरधरं सर्वाभरणभूषितं कारयित्वा तस्य दक्षिणे देवीं महीं पादं वाममाकुञ्च्य दक्षिणं प्रसार्यासीनां श्यामाभां सर्वाभरणभूषितामुत्पलधरवामकरामासननिहितदक्षिणकरां किञ्चिद्देवं समीक्ष्य विस्मयोत्फुल्ललोचना कारयेत्।

४ अथ यज्ञवराहं श्वेताभं चतुर्भुजं शंखचक्रधरं वामपादं समाकुञ्च्य दक्षिणं प्रसार्य सिंहासने समासीनं पीताम्बरधरं सर्वाभरणभूषितं कारयित्वा तस्य दक्षिणे देवीं श्रियं हेमाभां वामपादं समाकुञ्च्य दक्षिणं प्रसार्यासीनां पद्मधरवामहस्तामासने निहितदक्षिणहस्तां वामपार्श्वे महीं देवीं सत्यश्यामनिभां दक्षिणपादमाकुञ्च्य वामं प्रसार्यासीनामुत्पलधरदक्षिणहस्तामासन निहितवामहस्तां देवं किञ्चित्समीक्ष्य विस्मयोत्फुल्ललोचना कारयेत्।

भारतवर्ष में एक से अधिक स्थानों के साथ वराह का महत्त्व सम्बद्ध है। युक्तप्रान्त में एटा से २७ मील उत्तर-पूर्व में गङ्गा-तट पर सोरों नामक प्रसिद्ध हिन्दू-तीर्थ है, जिस का प्राचीन नाम शूकरक्षेत्र[1] है। वराह पुराण के अनुसार विष्णु ने इसी स्थान पर वराह रूप ग्रहण कर अपने दाँत से पृथ्वी का उद्धार किया था[2]। यहाँ वराह का एक मन्दिर बना हुआ है। भक्त-प्रवर गोस्वामी तुलसीदासजी ने अपने बाल्य काल के पाँच वर्ष यहीं बिताए थे[3] और यहीं इन्होंने अपने गुरु नरहरिदासजी[4] से पहले-पहल रामायण की कथा सुनी थी[5]। काश्मीर में झेलम नदी के पश्चिम तट पर बसे हुए बारामूला के आसपास का प्रदेश भी वराहक्षेत्र[6] कहलाता है। बारामूला संस्कृत के वराहमूल[7] का अपभ्रंश है। कहते हैं, विष्णु के वराह अवतार का यहीं

१ नंदूलाल दे—जिओग्राफिकल डिक्शनेरी ऑव् एन्शंट एण्ड मेडिएवल इंडिया (दूसरा संस्क०) पृ० १९६ से १९८।

२ मम चाप्र पाहुँच गुह्य भागवतप्रियम् ॥ ६ ॥
एवं सौकरवं स्थानं सर्वेषाम् उत्तमोत्तमम्। ॥ ६ ॥
यत्र संस्था च मे देवि ह्युद्धृतासि रसातलात्।
यत्र भागीरथी गङ्गा मम सौकरवं स्थिता ॥ ७ ॥
अ० १३७ (वेंकटेश्वर संस्क०)।

३ रायबहादुर बाबू श्यामसुन्दरदास और पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल—गोस्वामी तुलसीदास (हिन्दुस्तानी एकाडेमी इलाहाबाद) पृ० ४०।

४ रामचरितमानस (सटीक) इंडियन प्रेस लिमिटेड प्रयाग (प्रथम संस्क०) भूमिका भाग पृ० १०; गोस्वामी तुलसीदास पृ० १७। वेणीमाधवदास के गोसाईं चरित्र के अनुसार तुलसीदासजी के गुरु का नाम नरहर्यानन्द था। वही पृ० ४८।

५ मैं पुनि निज गुरु सन सुनी कथा सो सूकरखेत।
समुझी नहिं तसि बालपन तब अति रहेउँ अचेत ॥ ३० ॥
रामचरितमानस बालकाण्ड।

वेणीमाधवदास के मतानुसार इस सूकरखेत की स्थिति सरयू और घाघरा के संगम पर है। यह सूकरखेत सोरों से भिन्न होना चाहिए।

६ नन्दलाल दे—जिओग्राफिकल डिक्शनेरी ऑव् एन्शंट एंड मेडिएवल इंडिया पृ० ९३।

कल्हण-कृत राजतरंगिणी में वराहक्षेत्र और वराहमूल का कई स्थानों में उल्लेख मिलता है।

मग्नं यत्रो च वाराहक्षेत्र यत्र विधायक। ॥ १८६ ॥
नवावमानलिङ्गः स सिद्धिनानन्तमैनिकः।
प्रत्याकृष्य ततो मानी वाराहं क्षेत्रमाययौ ॥ २०४ ॥
डॉ० स्टाइन सम्पा० संस्क० छठा तरंग।

वाराहक्षेत्र एवं वाराहमूल के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक विवरण के सम्बन्ध में दे० डॉक्टर सर ऑरेल स्टाइन—ए क्रॉनिकल ऑव् दि किंग्ज़ ऑव् कश्मीर जि० १ पृ० २३१ टिप्पणी १८९ और जि० २ पृ० ४८२-८३।

७ वराहमूलं प्रविशद्वारानो द्विरदो बलात्। ॥ १३०८ ॥
राजतरंगिणी (स्टाइन-सम्पा०) सातवाँ तरंग।
वराहमूलं संप्राप कथञ्चिद् प्रस्थिति भजन् ॥ ११९ ॥
वराहमूलेन समं तस्य सैन्यमलुण्ठयत् ॥ १९१ ॥
वराहमूलं सम्प्राप्तमपाद्य श्रियं सुतम्।
आश्लिष्य विषयी राजा वसूवानन्दरोदयः ॥ १२२६ ॥
वही आठवाँ तरंग।

आविर्भाव हुआ था। यहाँ आदिवराह का एक मन्दिर है। बारामूला के पास वाले वराह पर्वत[1] का नाम भी इस अवतार के सम्बन्ध के कारण पड़ा होगा। बङ्गाल के पुर्निया जिले में नाथपुर के पास समीर, अरुण और सुनकोशी नदियों के सङ्गम पर भी एक स्थान वराहक्षेत्र[2] कहलाता है। यह वराहक्षेत्र पुराण वर्णित कोकामुख[3] है। इन उदाहरणों से यह जान पड़ता है कि प्राचीन काल में इस देश में ऐसे अनेक स्थान विद्यमान थे, जिन की प्रसिद्धि वराह अवतार के सम्बन्ध से हुई। इसी तरह कुछ गाँव, पर्वत आदि के साथ वराह नाम मिलता है। दक्षिण के राष्ट्रकूट-वंशी राजा गोविन्द तृतीय के राधनपुर से मिले हुए शक सवत् ७३० के दानपत्र में रत्तजुण गाँव की सीमा बतलाते हुए उत्तर में वराह ग्राम[4] का उल्लेख है, जो डॉ० कीलहॉर्न के मतानुसार बम्बई प्रान्त का वर्तमान वरगाँव[5] होना चाहिए। अजमेर के राजपूताना म्यूजियम में रक्खे हुए कन्नौज के रघुवंशी प्रतिहार राजा महेन्द्रपाल द्वितीय (ई० स० की दसवीं सदी) के वि० स० १००३ के शिलालेख में वराहपल्ली[6] गाँव का उल्लेख है। मद्रास प्रान्त के गञ्जाम जिले के अच्युतपुरम् से मिले हुए गङ्गवंशी इन्द्रवर्मन् प्रथम के दानपत्र में वराहवर्त्तनी[7] नामक जिले के सिद्धार्थक गाँव का कुछ अंश दान में दिए जाने का निर्देश है। मद्रास म्यूजियम के गङ्गवंशी वज्रहस्त तृतीय के, शक सवत् ९८४ के, दानपत्र में भी इस जिले का नाम मिलता है[8]। गङ्गवंशियों के कई अन्य दानपत्रों में भी इसका उल्लेख है[9]। गञ्जाम जिले के नडगाम से

---

१ इंस्टीट्यूट्स ऑव् विष्णु—प्रा० ध० म०, जि० ७ पृ० २२९, टि०।

२. न दलाल दे—जियॉग्राफिकल डिक्शनेरी, पृ० २३, १०१ और २०७।

३ श्रीवराह उवाच—

> नास्ति कोकामुखात्क्षेत्र श्रेष्ठ कोकामुखाच्छुचि।
> नास्ति कोकामुखात्स्थानं नास्ति कोकामुखात् प्रियम् ॥ १० ॥
> मम सा परमा मूर्तिर्या न जानन्ति गोपिताम्।
> स्थित कोकामुखं नाम एतत्ते कथित मया ॥ १२ ॥
>
> व० पु०, अ० १४० ।
>
> ततो गच्छेत धर्मज्ञ वाराह तीर्थमुत्तमम्।
> विष्णुर्योऽवराहरूपेण पूर्वं यत्र स्थितो विभु ॥ १८ ॥
> तत्र स्नात्वा नरश्रेष्ठ अग्निष्टोमफलं लभेत्।
>
> म० भा० (कुम्भकोणम् संस्क०), वनपर्व, अ० ८३।

४. उत्तरत वराहग्राम . (पंक्ति ४६)। ए० इ०, जि० ६ पृ० २४६।

५. वही, जि० ६, पृ० २३१ ४२।

६ दक्षिणस्यां दिशि च पलासकूपिकाप्रदेशान्तरित वराहपल्लिग्रामवर्त्मं (पंक्ति २८-२९)। ए० इ०, जि० १४, पृ० १८७।

७ वराहवर्त्तन्यां सिद्धार्थकग्रामे (पंक्ति ८)। ए० इ०, जि० ३, पृ० १२७ २८।

८ वराहवर्त्तन्यां। तामरचरुग्रामो नाम (पंक्ति ४३ ४४)। ए० इ०, जि० ४, पृ० १८।

९ इ० आ०, जि० १३ पृ० १२०, २७३।

ग्राम उपर्युक्त बमहस्त के, शक संवत् ८७८ के, दानपत्र में वराहवर्त्तनी के स्थान में कोलुवर्त्तनी[1] प्रयुक्त हुआ है। संस्कृत में 'वराह' और 'कोल' एक ही अर्थ के सूचक हैं[2]। महाभारत से ज्ञात पड़ता है कि मगध राज्य की प्राचीन राजधानी गिरिव्रज (अथवा राजगृह) नगर पाँच पहाड़ियों से घिरा हुआ था, जिन में एक का नाम वाराह[3] था। इस से अनुमान होता है कि उक्त पहाड़ी पर वराह का कोई मन्दिर भी रहा होगा।

यहाँ कुछ ऐसे प्राचीन स्थानों का उल्लेख युक्तिसङ्गत ज्ञात पड़ता है जहाँ वराह अवतार की उत्कृष्ट प्रतिमाएँ मिलती अथवा मिली हैं। ग्वालियर राज्य के भेलसा जिले में भेलसा से चार मील, २३° ३२′ उत्तर अक्षांश और ७७° ४६′ पूर्व देशान्तर पर, बेतवा और बेस नदियों के बीच उदयगिरि नामक प्राचीन स्थान है, जहाँ पहाड़ी में काट कर बनाई हुई गुफाएँ और आसपास के बौद्ध भग्नावशेष पुरातत्त्ववेत्ता के लिए दर्शनीय हैं। गुफाओं में से चौथी में नरवराह की एक विशालकाय प्रतिमा दीवार पर पत्थर को काट कर बनाई गई है[4]। इस का समय ई० स० ४०० के आसपास[5] माना जाता है। यह गुप्तकालीन तक्षण-कला एक उत्कृष्ट नमूना है।

बिहार के गया जिले में सकरी नदी के दक्षिण तट पर अफसड़ (या अफसण्ड) नामक गाँव में, जिसे जाफ़रपुर भी कहते हैं, वराह अवतार की एक गुप्तकालीन प्रतिमा मिली है[6]। शिल्प और सुन्दरता के कारण भारत की अत्यन्त सुन्दर प्रतिमाओं में इस की गणना होती है[7]। अफसड़ में गुप्तकाल के अनेक प्राचीन देवालय हैं, जिस से अनुमान होता है कि प्राचीन काल में वहाँ वराह का कोई भव्य मन्दिर अवश्य रहा होगा।

मध्यप्रदेश के सागर जिले में एरण (संस्कृत एरिकिण) नामक प्राचीन गाँव में गुप्त-काल में एक वराह-मन्दिर था, जिस के भग्नावशेष वहाँ अब तक विद्यमान हैं। गाँव से आधे मील पश्चिम में प्राचीन मन्दिरों का समूह है, उस के दक्षिण अन्त की ओर एक टूटे हुए मन्दिर में लाल पत्थर की भूवराह की ११ फुट ऊँची और १२ १/२ फुट लम्बी भव्य, पूर्वाभिमुख एवं प्रेक्षणीय मूर्ति[8] है, जिस के शरीर पर हजारों छोटे-छोटे देवता खोदे गए

1. कोलुवर्त्तनीविषये तुगिलग्राम मध्ये —(पंक्ति २०)।
ए० इं०, जि० ४, पृ० ११२।

२. वही, जि० ४, पृ० १०९, टिप्पण २।

३ वैहारो विपुलः शैलो वाराहो वृषभस्तथा।
तथा ऋषिगिरिस्तात शुभाश्चैत्यकपञ्चमाः ॥ २ ॥
एते पञ्चमहाशृङ्गाः पर्वताः शीतलद्रुमाः।
रक्षन्तीवाभिसंहत्य संहताङ्गा गिरिव्रजम् ॥ ३ ॥
कुम्भकोणम्-संस्क० सभापर्व, अ० २१।

भा० पु० में भी एक वराहाद्रि का उल्लेख है। दे० सर मोनियर-विलियम्स—ए संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनेरी (नवीन संस्क०), पृ० ९२९।

४ इंपीरियल गैजेटियर ऑव् इंडिया जि० २४, पृ० १०८-०९। कनिंघम्—आ० स० रि०, जि० १०, प्लेट १८। बर्जेस—दि एन्शंट मोन्युमेंट्स, टेंपल्स ऐंड स्कल्प्चर्स ऑव् इंडिया (१८९७ ई०), प्लेट २१६-१७। डॉ० कुमार-स्वामी—विश्वकर्मा (लंदन १९१४) प्लेट ४४। डॉ० कुमारस्वामी—हिस्ट्री ऑव् इंडियन ऐंड इंडोनेशियन आर्ट, चित्र-संख्या १०४।

५ वही पृ० ८४।

६ फ्लीट—आ० स० स०, जि० ३, पृ० २०१। इंपीरियल गैजेटियर ऑव् इंडिया, जि० ५, पृ० ६६।

७. वही।

८. इस के चित्र के लिए दे० रायबहादुर डॉ० हीरालालजी-रचित सागर-सरोज, पृ० १३।

हैं। वराह के दाहिने दाँत पर स्त्री रूपी पृथ्वी देवी देख पड़ती है। इस की गर्दन के ऊपरी भाग में एक छोटा सा चौकोना देवालय बना है, जिस के प्रत्येक पार्श्व में एक-एक छोटी प्रतिमा बैठी है[१]। इस भव्य एवं अति प्राचीन वराह-प्रतिमा के सम्बन्ध में यह विशेष उल्लेखनीय है कि इस के शरीर पर २ ९ लम्बे और १०$\frac{३}{४}$" चौड़े स्थान में एक गद्यमय संस्कृत लेख[२] की आठ पंक्तियाँ खुदी हुई हैं। इस लेख[३] में अक्षरों में हूण नृपति तोरमाण के राज्य-काल के प्रथम वर्ष के फाल्गुन मास की दशमी तिथि का निर्देश है ( इस में कोई संवत् नहीं दिया गया )। यह एक वैष्णव लेख है, जिस से जान पड़ता है कि स्वर्गीय महाराजा मातृविष्णु के अवसान के पश्चात् उस के छोटे भाई धन्यविष्णु ने विष्णु का वह मन्दिर बनवाया, जिस में यह विशाल प्रतिमा खड़ी थी।

मद्रास प्रान्त में मद्रास से तीस मील दक्षिण में चिङ्गलपट जिले में समुद्र-तट पर महाबलिपुरम् ( मामल्लपुरम् ) नामक स्थान है, जो पाण्ड्यवंशी राजाओं की प्राचीन राजधानी थी। वहाँ चट्टानों को काट कर अत्यन्त सुन्दर गुहा मन्दिर बने हुए हैं और शिलाओं पर यत्र तत्र तक्षण-कला के उत्तम नमूने देख पड़ते हैं। इन में से आठ स्तम्भ वाली वराह गुफा में दीवार पर वराह अवतार की बहुत सुन्दर प्रतिमा खोदी गई है[४]।

बम्बई प्रान्त के बीजापुर जिले में कृष्णा नदी की शाखा मलप्रभा के पास बादामी ( प्राचीन वातापीपुर ) की, जो दक्षिण के चालुक्यों की प्राचीन राजधानी थी, गुफाओं में से तीसरी में अनेक मूर्तियाँ खुदी हुई हैं, जिन में वराह की प्रतिमाएँ[५] प्रमुख एवं उल्लेखनीय हैं।

मध्यप्रदेश के रायपुर जिले के राजिम नामक स्थान में चालुक्यों के राज्य-काल की नृवराह की एक सुन्दर प्रतिमा है। इस में वराह के चार हाथ हैं, जिन में बाएँ की कोहनी पर भू देवी देख पड़ती है। प्रतिमा-शास्त्र के ग्रन्थों में वर्णित वराह लक्षणों से इस में केवल यही भिन्नता है कि यहाँ आलीढासन में बैठे हुए आदिशेष वराह भगवान् को अपने फन के स्थान में दोनों हाथों पर थामे हुए हैं। पास की शिला पर नागकुल देख पड़ता है, जिस में नाग अञ्जलिबद्ध हो कर नृवराह का सम्मान कर रहे हैं[६]।

वेलूर ( मैसूर राज्य ) के चेन्नकेश्वर-मन्दिर में बारह हाथ वाली वराह प्रतिमा[७] है। दाहिनी ओर के ६ हाथों में ( नीचे से ) दानव हिरण्याक्ष के शरीर में डाला हुआ शूल, अङ्कुश, घण्ट, खड्ग, चक्र और बाण हैं। बाईं ओर के हाथों में से दो में फल ( नींबू ) और खेटक देख पड़ते हैं। तीसरे हाथ की वस्तु अस्पष्ट है। चौथा

१. भा० अ० स०, जि० ३, पृ० १२१।

२. वही, पृ० १२१-६०।

३ इसके आरम्भ में वराह अवतार की स्तुति में लिखा है कि—

जयति धरण्युद्धरणे घनघोणाघातघूर्णितमहीध्रः।
देवो वराहमूर्तिस्त्रैलोक्यमहागृहस्तम्भः॥ ( पंक्ति १ )।

४. आ० स० इ० १९१०-११, पृ० २६-२७ और प्लेट २४ ( सी )। कुमारस्वामी—हिस्ट्री ऑव् इंडियन ऐंड इंडोनेशियन आर्ट, पृ० १०२। रावबहादुर कृष्ण शास्त्री—साउथ इंडियन इमेजेज़ ऑव् गॉड्स ऐंड गॉडेसेज़, पृ० २४।

५ गोपीनाथ राव—ऐलिमेंट्स ऑव् हिन्दू आइकोनोग्राफी जि० १, भाग १, पृ० १४०, प्लेट ३०। इ० आ०, जि० ६, पृ० ३२४ के सामने की प्लेट, चित्र-संख्या २। विश्वकर्मा, भाग ६, संख्या ११।

६ वही, पृ० १४१ और प्लेट ३८।

७ वही, पृ० १४३-४४ और प्लेट ४१, चित्र संख्या २।

पृथ्वी के पैर को थामे हुए है। पाँचवें में शङ्ख है और छठा विस्मय सूचित कर रहा है। भगवान् वराह के पैरों से दो असुर कुचले जा रहे हैं। सामने अञ्जलि-बद्ध भू देवी खड़ी है, जिस का सिर टूट गया है। यह प्रतिमा अधिक पुरानी नहीं है, किन्तु इस में बारीक खुदाई देख पड़ती है।

हिन्दुओं के तीर्थ-गुरु पुष्कर (अजमेर से सात मील पश्चिम) में आदिवराह का एक प्राचीन मन्दिर था, जिस में मेवाड़ के महाराणा मोकल (वि० सं० १४७८-८५) ने सोने का तुलादान किया था[1]। मुग़ल बादशाह जहाँगीर ने अपनी दिनचर्या की पुस्तक—तुज़ुके जहाँगीरी—में लिखा है—"पुष्कर के तालाब के चौतरफ़ हिन्दुओं के नए-पुराने मन्दिर हैं।... ..उन में से एक को राणा सङ्कर (सगर) ने, जो विद्रोही अमर (अमरसिंह) का चाचा और मेरे बड़े सरदारों में से एक है, एक लाख रुपया व्यय कर बनवाया था। मैं उस मन्दिर को देखने गया। उस में श्याम पत्थर की एक प्रतिमा थी, जिस का गर्दन से ऊपर का भाग सूअर के जैसा और शेष मनुष्य का था।... ..उसे तुड़वा कर मैंने तालाब में डलवा दिया[2]।"

अजमेर ज़िले के बघेरा (प्राचीन व्याघ्रेरक) नामक स्थान में वराह का एक प्राचीन मन्दिर था, जो मुसलमानों के राज्य-काल में तोड़ा गया। फिर महाराणा अमरसिंह के समय (सन् १५९७-१६२० ई०) रावत मेघसिंह (कालीमेघ) चूँडावत ने उस का जीर्णोद्धार करवाया[3]। अब तक अजमेर-मेरवाड़े में इस मन्दिर की बहुत प्रसिद्धि है। इस में चमकते हुए श्याम पत्थर की शूकर वराह की एक विशाल-काय एवं सुन्दर मूर्ति है, जिस के सारे बदन पर देवताओं की असंख्य छोटी-छोटी मूर्तियाँ खुदी हैं। महामहोपाध्याय रायबहादुर पण्डित गौरीशङ्कर हीराचन्दजी ओझा का कथन है कि उन की देखी हुई भूवराह की सब मूर्तियों में यह सब से अधिक सुन्दर है। इस मन्दिर में अब तक पूजा होती है और प्रतिवर्ष कार्तिकी पूर्णिमा को यहाँ बड़ा मेला लगता है।

मेवाड़ के महाप्रतापी एवं विद्वान् महाराणा कुम्भकर्ण (कुम्भा, ई० स० १४३३-६८) ने चित्तौड़ के इतिहास-प्रसिद्ध दुर्ग पर आदिवराह का मन्दिर बनवा कर[4] अपनी विष्णु-भक्ति का परिचय दिया था। इस की असली प्रतिमा इस समय विद्यमान नहीं है, किन्तु भीतरी परिक्रमा के पिछले ताक में वराह-प्रतिमा होने से इस के गर्भ गृह की असली प्रतिमा के सम्बन्ध में ठीक अनुमान हो सकता है। इस समय लोग इस को कुम्भ-

---

१ कार्त्तिक्यामथ पूर्णिमावरतिथौ योऽदात्तुलां कांचनीं
मासखड्‌गः प्रथम . .. ।
दर्वं पुष्करतीर्थमाश्रितमसुं भारावयं शाश्वतं
रूपेणादिवराहमुत्तमनरै स्वर्णादिकैः पूजयन् ॥ १७ ॥

शृङ्गी ऋषि का शिलालेख (अप्रकाशित)।

२ रॉजर्स—मेमॉयर्स ऑव् जहाँगीर (तुज़ुके जहाँगीरी का अँगरेज़ी अनुवाद), जि० १, पृ० २२५।

इस मन्दिर में महाराणा मोकल के तुलादान करने से यह निश्चित है कि यह राणा सगर से बहुत समय पूर्व बन चुका था, अतएव इस के निर्माण काल के सम्बन्ध में बादशाह जहाँगीर का उपर्युक्त कथन ग़लत जान पड़ता है।

३. महामहोपाध्याय रायबहादुर पं० गौरीशंकर हीराचन्दजी ओझा—राजपूताने का इतिहास जि० २, पृ० ८१७, टि० २।

४ अकारयचादिवराहगेहमनेकधा श्रीरमणस्य मूर्तिः ॥ ३१ ॥

कीर्तिस्तम्भ की प्रशस्ति (अप्रकाशित)।

श्याम का मन्दिर कहते हैं। गुजरात के प्रतापी राजा कुमारपाल सोलङ्की ने भी चित्तौड पर एक वराह-मन्दिर[1] बनवाया था, किन्तु अब उस का वहाँ पता नहीं चलता।

झालावाड राज्य में चन्द्रभागा नदी के तट पर चन्द्रावती नामक प्राचीन नगरी थी, जहाँ अब भी अनेक प्राचीन अवशेष देख पड़ते हैं। बहुत बरस पहले वहाँ भूवराह का एक अत्यन्त सुन्दर प्रतिमा थी, किन्तु वि० स० १६५६ के देशव्यापी दुर्भिक्ष में, उस के पट में धन का शङ्का होन से किसी ने लोभवश उसे तोड़ डाला। उस का शेष भाग—जिस में केवल शेषनाग, वराह के चारों पैरों के चिह्न और भूदेवी का आधा शरीर है—महामहोपाध्याय रा० ब० गौरीशङ्कर हीराचन्दजी ओझा सन् १६०८ ई० में वहाँ से अजमेर के राजपूताना म्यूजियम् के लिए ले आए। इस के आसन पर खुदे हुए लेख से नवीं शताब्दी में चन्द्रावती मे वराह-मन्दिर के अस्तित्व का पता चलता है।

बाँसवाडा राज्य के अर्थूणा नामक पुराने कस्बे में भी एक प्राचीन वराह मन्दिर था, जिस की प्रतिमा इस समय राजपूताना म्यूजियम् म सुरक्षित है। कोटा राज्य में भी कई एक वराह मन्दिर थे, जिन का प्रतिमाएँ यत्र-तत्र बिखरी पडी हैं। आबू पर्वत क नीचे परमारों की प्राचीन राजधानी—चन्द्रावती—में कई वराह मन्दिर थे। चन्द्रावती के देवालयों से लोग उन की प्रतिमाएँ आसपास के गाँवों में ले गए, जहाँ वे आज भी देख पड़ती हैं। इन में से शूकराकृति वराह की एक प्रतिमा को इन पंक्तियों के लेखक ने शेहेरा गाँव में लक्ष्मीनारायण मन्दिर के बाहर देखा है। जोधपुर राज्य के फलोदी नगर की वराह प्रतिमा कला का एक उत्कृष्ट नमूना है। वराह की शरीर गठन, उस के खडे रहने का आकर्षक ढङ्ग, आभूषणों की बारीक खुदाई और फैले हुए कमल पत्र के नीचे नागदेवता द्वारा उन के निवासस्थान—पाताललोक—का प्रदर्शन आदि इस सम्बन्ध में विशेष उल्लेखनीय हैं[2]।

मध्यभारत में उज्जैन नगर अपने प्राचीन गौरव के लिए भारत भर में प्रसिद्ध है। सुप्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में से महाकाल का मन्दिर यहीं है। इस प्राचान नगरी क अवशेषों की खुदाई होने पर किसी दिन भविष्य में अनेक विक्रमकालीन पुरातन वस्तुएँ एव इतिवृत्त प्राप्त होंगे। अब तक ग्वालियर राज्य के पुरातत्त्व विभाग की ओर से उज्जैन में खुदाई नहा हुई है, तो भी वहाँ अनेक वराह प्रतिमाएँ मिलती हैं। इधर कुछ

---

१ कुमारपालदेवाख्य श्चामोत्स्यात्सि नन्दन।
नीतिरेव प्रिया यस्य सम्रनो प्रतिकारिणी॥ (प० ११-१२)।

शौरेः प्रासाद कारयामास॥
विख्या[ता]रिम यदाख्यया विभु सोय वराहो हरि
भूंभार बिभ्राचकार　　　　सवलीलया। (प० २१)।
सोलंकी कुमारपाल का, चित्तोड़गढ़ का, शिलालेख ( अप्रकाशित )।

इस लेख के प्रारम्भ में वराह स्तुति करते हुए लिखा है—

रसातलान्तर्भुवमुज्जिहीर्षो कोलस्य दंष्ट्रा वदनैकदेशे।
नवेंदुलेखेव　　　　　　(पंक्ति १)।

२ एलिमेंट्स आव् हिन्दू आइकोनाग्राफी जि० १, भाग १, प्लेट ३१, चित्र-संख्या २।

वर्षों से उज्जैन में मिलने वाली खण्डित एवं अखण्डित प्राचीन मूर्तियों का महाकाल मन्दिर के एक भाग में संग्रह हो रहा है, जिन में शूकर वराह की भी एक प्रतिमा है। लेखक ने महाकाल-मन्दिर के संग्रह को सन् १९३२ ई० में देखा है। कोई दो वर्ष पूर्व उज्जैन निवासी पुरातत्त्व प्रेमी पं० सूर्यनारायणजी व्यास ज्योतिषाचार्य को दो वराह प्रतिमाएँ मिली थीं, जिन की सूचना इन्हों ने मुझे भेजी थी। इन्दौर राज्य के भानपुरा परगने में भानपुरे से छ मील पर कोहला[1] गाँव प्राचीन अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है। कोहला के अनेक प्राचीन देवालयों में वहाँ का वराह मन्दिर सब से बड़ा और वास्तु कला की दृष्टि से सुन्दर बना हुआ है। इस समय उक्त मन्दिर का सभा मण्डप और गर्भगृह विद्यमान है और वहाँ नियमानुसार पूजा होती है। ई० स० १९२० के परवर्ती मास में लेखक ने इस के गर्भगृह में नृवराह की एक अत्यन्त सुन्दर प्रतिमा देखी थी। सुप्रसिद्ध पुराविद् राखालदासजी बन्द्योपाध्याय, एम० ए० (स्वर्गीय) के मतानुसार यह वराह प्रतिमा सन् १९२० ई० तक उन को मिली हुई सब वराह मूर्तियों में सर्वोत्तम है[2]। कोहला से लगभग तीन मील पर निर्जन वन में घूसर नामक एक पुराने क़स्बे के खण्डहर हैं, जहाँ सन् १९३० ई० में मुझे शूकर-वराह की एक विशाल एवं उत्कृष्ट प्रतिमा मिली थी[3]। तत्पश्चात् वह मेरे प्रयत्न से इन्दौर-म्यूज़ियम् के लिए मँगवा ली गई[4]। पाठक उसे चित्र-संख्या पाँच में देख सकते हैं। इन्दौर म्यूज़ियम् के अनेक दर्शक उसे देख कर बहुत प्रसन्न होते हैं। साहित्याचार्य पं० पद्मसिंहजी शर्मा (स्वर्गीय) अपनी इन्दौर-यात्रा के समय (सन् १९३० ई०) इस प्रतिमा को देख कर मुग्ध हो गए और इन्दौर से लौटते समय उन्हों ने मुझे वचन दिया था कि अपनी मालव-यात्रा के संस्मरणों में वे इस विशाल एवं सुन्दर वराह प्रतिमा का उल्लेख कदापि न भुलाएँगे[5]। काल की कुटिल गति से असमय में श्री शर्माजी का देहान्त हो गया और, खेद है, मालव-यात्रा के संस्मरण उन की चमत्कार-भरी लेखनी से न लिखे जा सके! अस्तु। उल्लिखित पंक्तियों से यह भली भाँति मालूम होता है कि प्राचीन काल में भारत में छोर से छोर तक वराह-पूजा प्रचलित थी। सुदूर ब्रह्मदेश* (बर्मा) भी इस का अपवाद न था। वहाँ के प गा न नगर (=अरिमर्दनपुर—सम्पादक) की शहरपनाह के दक्षिण-पूर्व कोने में कई बौद्ध मन्दिर हैं, उन में से नत्-ह्लौङ क्यौङ नामक दसवीं सदी के देवालय की बाहरी दीवार में कई ताक बने हुए हैं, जिन में से एक में नरवराह की एक प्रतिमा है[6]। यह बनावट में भद्दी है।

वराहपुराण में मथुरा-माहात्म्य के अन्तर्गत कपिलवराहमाहात्म्य-शीर्षक १६३वाँ अध्याय है। उस में बीस योजन के मथुरा-मण्डल के आसपास के तीर्थस्थानों का उल्लेख करते हुए वराह भगवान् पृथ्वी देवी से

---

१ प्रोग्रेस रिपोर्ट आव् दि आ० स० प० भा०, सन् १९२० ई०, पृ० ८३ ८७।

२ वही, पृ० ८४।

३ दि इन्दौर स्टेट गैज़ेटियर (नवीन संस्क०, सन् १९३१ ई०), जि० १, पृ० ३।

४ वही, पृ० १०।

५ वीणा, वर्ष ६, अंक ११ (सितम्बर १९३२) में लेखक का 'स्वर्गीय पण्डित पद्मसिंह शर्मा (संस्मरण)'-शीर्षक लेख, पृ० ८७०।

* महादेश कहीं का नाम नहीं है। अँगरेज़ी बर्मा ब्रह्म-देश का बिगड़ा हुआ रूप है।—सम्पादक।

६ आ० स० इ० सन् १९१२-१३ ई०, पृ० १३७ और प्लेट ७१, चित्र संख्या (ए)।

कहते हैं कि दक्षिण में केशव ( विष्णु ) के आकार जैसी मेरी सुन्दर, विशालकाय एवं दिव्यरूपिणी प्रतिमा है, जिस के दर्शन से ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। सत्य-युग में मान्धाता नामक राजा ने अपनी भक्ति से मुझे सन्तुष्ट किया, तब मैंने यह प्रतिमा उसे दे दी। वह नित्य इस की भक्तिपूर्वक पूजा किया करता था। मथुरा में लवणासुर का वध हुआ, तब वहाँ उक्त प्रतिमा की प्रतिष्ठा हुई। कपिल नामक भक्त ब्रह्मर्षि ने इस शुभ वराह-प्रतिमा का अपने मन से निर्माण किया था। वह सदा इसकी पूजा किया करता। इन्द्र ने कपिल मुनि को प्रसन्न किया, जिस से उस ने यह दिव्य प्रतिमा सुरराज को दे दी। उस की नियमपूर्वक पूजा करने से इन्द्र को दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ। फिर बहुत समय बीतने पर एक बार रावण स्वर्ग-विजय के लिए इन्द्रलोक को गया, जहाँ उस ने युद्ध में इन्द्र सहित सब देवताओं को जीत लिया। इन्द्र को बन्दी कर रावण ने उस के रत्न-भूषित भवन में प्रवेश किया। वहाँ उक्त वराह-प्रतिमा को देखते ही उसे सम्मोह हो गया। उसे प्रसन्न करने के लिए वह नाना प्रकार से स्तुति करने लगा। तब भगवान् जनार्दन ने सौम्य रूप धारण किया। लौटते समय पुष्पक विमान में बैठ कर रावण ने उक्त प्रतिमा को अपने साथ ले जाना चाहा, किन्तु वह अपने स्थान से नहीं हटी। इस पर रावण विस्मयपूर्वक सोचने लगा कि पूर्वकाल में भगवान् शङ्कर के साथ उस ने कैलास को उठा लिया था; किन्तु इस बार एक साधारण सी प्रतिमा को भी अपने स्थान से न हिला सका! तब कपिलवराह ने रावण से कहा कि हे राक्षस! तू तो अवैष्णव है, तुझ में इतनी शक्ति कहाँ से आई? इतने में रावण ने प्रतिमा के दर्शन से अपने में भक्ति का सञ्चार होना प्रकट किया। रावण की भक्ति से उस का रूप छोटा हो गया। फिर रावण उसे लङ्का में ला कर उस का नित्य पूजन करने लगा। मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र ने रावण को मार कर लङ्का में विभीषण का राज्याभिषेक किया, तब वह प्रतिमा विभीषण से माँग ली। रामचन्द्र उसे अयोध्या ले गए। अयोध्या में उस की स्थापना हुई, वहाँ उसका नित्य पूजन होता था। इस तरह १०१० वर्ष बीत गए। फिर लवण का वध करने के लिए राम ने शत्रुघ्न को चतुरङ्गिणी सेना के साथ मथुरा भेजा। लवणासुर को मार कर शत्रुघ्न ने मथुरा में प्रवेश किया। लवण-वध सुन कर श्रीरामचन्द्र बड़े प्रसन्न हुए और उन्हों ने शत्रुघ्न से वर माँगने को कहा। शत्रुघ्न ने वराह भगवान् की याचना की, तब राम ने उन्हें उसे मथुरा ले जाने की अनुमति दी। तदनन्तर शत्रुघ्न ने उसे मथुरा में स्थापित किया।

इस कथा के सम्बन्ध में यह स्मरण रखना चाहिए कि पुराणोक्त स्थल-माहात्म्य प्राय. पीछे से क्षेपक-रूप में जोड़े गए हैं। वैसे तो कई पुराण अधिक प्राचीन नहीं हैं, और वराहपुराण की भी उन में गणना होती है। मथुरा के सम्बन्ध में परिश्रम-पूर्वक ग्रन्थ-निर्माण करने वाले हिन्दी-प्रेमी कलैक्टर ग्राउज साहब के मतानुसार मथुरामाहात्म्य क्षेपक-अंश है[1]; उन का यह मत असङ्गत नहीं प्रतीत होता। ऐसी दशा में कपिलवराह की कथा में सत्यांश कितना है, यह प्रश्न हम विज्ञ पाठकों के निर्णय के लिए छोड़ते हैं। अस्तु।

यह पहले बतलाया गया है कि विष्णु के राम, कृष्ण आदि अवतारों की तरह वराह अवतार में भी हिन्दू-धर्मावलम्बियों की पर्याप्त श्रद्धा थी और जनता में भक्ति-पूर्वक वराह-पूजन होता था। इतिहास से पता चलता है कि इस देश में अनेक वराह-भक्त राजा थे। जिस तरह परमारों का कुल-चिह्न गरुड़ है, उसी प्रकार दक्षिण के चालुक्यों और विजयनगर के राजवंश का राजचिह्न वराह था। इन वंशों के राजाओं के दानपत्रों पर लगी हुई मुद्राओं में वराह

१ मथुरा, ए डिस्ट्रिक्ट मेमॉयर ( द्वितीय संस्क० ), पृ० ७४।

देख पड़ता है[1], इतना ही नहीं किन्तु इन के दानपत्रों के प्रारम्भ में वराह-स्तुति भी मिलती है, जिन के कुछ उदाहरण यहाँ दिए जाते हैं। बम्बई प्रान्त के थाना ज़िले के सञ्जान नामक स्थान से प्राप्त पश्चिमी चालुक्यवंशी राजा युद्धवर्ष के दानपत्र के आरम्भ में 'ॐ भ्रमरसङ्घातकाय भीषणस्तोवर्णीच शिरखण्डानल जयतु सदा वराहरूपम्'[2] लिख कर वराह-स्तुति की गई है, और इसी ताम्रलेख की पाँचवीं पंक्ति के 'प्रणयी वराहलाञ्छनं च चालुक्यानाम्' इस वाक्य-खण्ड से हमारे उपर्युक्त कथन की पुष्टि होती है। मद्रास प्रान्त के कृष्णा ज़िले के पेलमाह स्थान से मिले हुए पूर्वी चालुक्यवंशी राजा वादप के दानपत्र का 'भगवन्नारायणप्रसादसमासादितवराहलाञ्छनेक्षणक्षणवशी-कृताराति मण्डलानां चालुक्यानां कुलमलङ्करिष्णो'[3] (पंक्ति १-४), यह वाक्य भी हमारे कथन का पोषक है। बम्बई प्रान्त में धारवाड ज़िले के सूडी गाँव के जोडुकलशदगुडि नामक मन्दिर में लगे हुए दक्षिण के पश्चिमी चालुक्यवंशी राजा सोमेश्वर प्रथम के शक संवत् ९८१ के शिलालेख के प्रारम्भ में वराह-स्तुति करते हुए लिखा है—

जयत्याविष्कृतं विष्णोर्वाराहं क्षोभितार्णवम्।

दक्षिणोन्नतदंष्ट्राग्रविश्रान्तभुवनं वपुः[4] ॥

श्रीरङ्गम् के सुप्रसिद्ध रङ्गनाथ स्वामी के मन्दिर में सुरक्षित तेलङ्ग देश के राजा गुम्माडिनायक के शक संवत् १२३० के दानपत्र के प्रारम्भ में वराह अवतार के सम्बन्ध में ये श्लोक[5] हैं—

---

१ गजेटियर ऑव् दि बम्बे प्रेसिडेंसी (कैनेडा सम्पा०), जि० १, भाग २ पृ० २११ जि० ४, पृ० ३३८। ए० इं० जि० १३, पृ० १२२।

वराहाङ्कित मुहर के सम्बन्ध में दे० पूर्वी चालुक्य राजा अम्मराज दूसरे की मुहर—इं० आ०, जि० ७ पृ० १२० के सामने का चित्र।

मध्यभारत के सीतामऊ राज्य के राजचिह्न में भी दो वराह अङ्कित हैं। सिन्धु देश के राजा जयद्रथ की ध्वजा में वराह अङ्कित होने से वह वराहध्वज कहलाता था—

वराहः सिन्धुराजस्य राजतोऽभिविराजन।
ध्वजाग्रे लोहिताङ्गाभो हेमजालपरिष्कृत ॥ २० ॥
शुशुभे केतुना तेन राजतेन जयद्रथः। ॥ २१ ॥
म० भा० (कुम्भकोणम्-संस्क०) द्रोणपर्व अ० १०२।

२ ए० इं०, जि० १४ पृ० १४४।

३ वही, जि० ११ पृ० १४१। इस से बहुत मिलती-जुलती भाषा के लिए दे० सन् ६१२ ई० का हैदराबाद से मिला हुआ पुलिकेशी द्वितीय का दानपत्र (इं० आ० जि० ६, पृ० ७३)।

४ ए० इं०, जि० १२ पृ० ८७। दक्षिण के चालुक्यों के अनेक लेखों में यह श्लोक मिलता है। स्थानाभाव-वश अब तक प्राप्त तत्सम्बन्धी सब लेखों का उल्लेख न कर यहाँ केवल इस के कुछ उदाहरण दिए जाते हैं—

(१) मिरज राज्य (दक्षिण भारत) में कौठेम नामक कस्बे से प्राप्त पश्चिमी चालुक्य राजा विक्रमादित्य पाँचवें (त्रिभुवनमल्ल) का शक संवत् ९३० का दानपत्र (प० १)—इं० आ० जि० १६, पृ० २१।

(२) बम्बई प्रान्त के धारवाड़ ज़िले के हङ्गल तालुक के करगुन्दी गाँव में लगे हुए पश्चिमी चालुक्यवंशी राजा विक्रमादित्य छठे और उसके सामन्त वनवासी के महामण्डलेश्वर तैलप दूसरे का कनड़ी भाषा का शिलालेख (दूसरा श्लोक)—इं० आ०, जि० १० पृ० २५१।

(३) पश्चिमी चालुक्य महाराजाधिराज विनयादित्य सत्याश्रय के राज्यकाल के ११ वें वर्ष का करनूल ज़िले से प्राप्त दानपत्र (पहला श्लोक)—इं० आ०, जि० ६ पृ० ८६।

इस सम्बन्ध में विशेष परिचय के लिए दे०, इं० आ, जि० ३, पृ० १२४, १२६, १३० और १३३।

५ ए० इं०, जि० १४ पृ० ९०, श्लो० २३।

श्वेत शुभ दिशतु शश्वदसौ वराह पातालसद्मनि तमोगहने रहो य ।
औत्सुक्यनुनधृतिरुद्वहनीत्सवात् प्राक् दन्तेन किंचिदनुनोदधर धराया ॥
सदारपर्यैव प्रथितेऽत्र कल्पे मन्वन्तर सप्तम आगतेस्मिन् ।
बहुष्वतीतेषु चतुर्युगेषु कलि विदु सम्प्रति वर्तमानम् ॥

विजयनगर के हिन्दू-राजवंश के अनेक राजाओं के ताम्रलेखों के प्रारम्भ में, विष्णु के इस अवतार की स्तुति में, भिन्न भिन्न[1] श्लोक पाए जाते हैं।

दक्षिण के चालुक्यवंशी राजाओं के सोने और तांबे के सिक्कों पर वराह पाया जाता है। इस सम्बन्ध में पूर्वी चालुक्यवंशी शक्तिवर्मा ( सन् १०००-१०१२ ई० ) और राजराज ( सन् १०१२-१०६२ ई० ) के सोने के सिक्के उल्लेखनीय हैं[2]। चाँदी के 'वराह' का—इस सिक्के का यह नाम वराह अवतार के अङ्कित होने के कारण जान पड़ता है[3] —मूल्य लगभग ३½ रु० के बराबर माना जाता है[4]।

---

१ (१) ओंकाराकारदृष्टाय क्रीडते भूनिपल्वले ।
स्थिराभ्धारयते शक्ति नम प्रथमपोत्रिणे ॥ १ ॥
विरूपाक्ष का शक संवत् १३०५ का आरुपुण्डि से मिला हुआ दानपत्र, ए० ई०, जि० ३, पृ० २२६ ।

(२) हेलोत्खातधरस्य दंष्ट्रादण्डः स पातु व ।
हेमाद्रिकलशा यत्र धात्री-छत्रश्रिय दधौ ॥
कञ्चीरम् ( मद्रास प्रान्त ) से प्राप्त राजा कृष्णदेवराय का शक संवत् ११४४ का दानपत्र, प० २ ४, ए० ई०, जि० १३, पृ० १२६ ।

यह श्लोक विजयनगर के राजाओं के अनेक दानपत्रों के आरम्भ में मिलता है, जिस के कुछ उदाहरण यहाँ दिए जाते हैं—

( क ) मद्रास प्रान्त के चिङ्गलपट जिले के उदयम्बाक्कम् गाँव से मिले हुए विजयनगर के दूसरे राजवंश के राजा कृष्णदेव राय का शक संवत् १४५० का दानपत्र, प० २ ३ ए० ई०, जि० १४, पृ० १७० ।

( ख ) सदाशिवराय का शक संवत् १४७३ का दानपत्र प० २ ३, ए० ई० जि० १४, पृ० २११ १७ ।

( ग ) विजयनगर के तीसरे राजवंश के राजा तिरुमल प्रथम के राज्य काल का, शक संवत् १४९३ का पेनुगुलुरु गाँव ( कडप्पा ज़िला मद्रास प्रान्त ) से प्राप्त दानपत्र प० २ ४ ए० ई०, जि० १६ पृ० २४७ ।

(३) सभक्ति श्रीवराहो व सम्पादयतु भूयसीम् ।
सामोदामुद्वहन् भूमि समुद्रसलिलाप्लुताम् ॥
विजयनगर के पहले राजवंश के राजा विजयभूपति का दण्डपल्ली ( चित्तूर जिला, मद्रास प्रान्त ) से मिला हुआ शक संवत् १३३२ का दानपत्र, प० ३ ६, ए० ई०, जि० १४ पृ० ७१ ।

(४) अत्युज्ज्वलमुदाराङ्गं घृष्टिकाय बिभर्ति य ।
स पायादखिल विश्व विष्णुरेष सनातन ॥
श्रीशैलम् से मिले हुए विजयनगर के प्रथम राजवंश के राजा विरूपाक्ष का शक संवत् १३८८ का दानपत्र, ए० ई० जि० १५ पृ० २०१

२ ब्राउन—दि कॉइन्स ऑव इंडिया पृ० ५६ और प्लेट ७ संख्या ३ का सिक्का। सर वॉल्टर इलियट—कॉइन्स ऑव सदर्न इंडिया ( दि इंटरनेशनल न्युमिस्मेटा ओरिएंटेलिया में प्रकाशित ) पृ० १५२ डी और प्लेट ३ ७१-८६ संख्या तक के सिक्के।

३. ब्राउन—कॉइन्स ऑव इंडिया, पृ० ४७, टिप्पणी १। ए० ई०, जि० ४ पृ० ४८, टिप्पणी १।

४ ए० ई० जि० ८ पृ० १३०

प्राचीन काल में वराह-पूजा का पर्याप्त प्रचार था और जनता में विष्णु के इस अवतार के लिए बहुत भक्ति थी, यह इसी से स्पष्ट है कि जिस प्रकार आजकल रामसिंह, रामदास, कृष्णसिंह, नरसिंहदास, वामनराव, बुद्धसिंह, परशुराम आदि विष्णुवाचक नामों के साथ विष्णु के इन अवतारों का सम्बन्ध है, उसी तरह प्राचीन काल में अनेक पुरुषों के साथ वराह नाम जुड़ा रहता था। कतिपय राजाओं के नामों के अन्त में भी वराह शब्द देख पड़ता है। कन्नौज के रघुवंशी प्रतिहार राजा भोजदेव (सन् ८४३-८८१ ई०) का दूसरा नाम आदिवराह था। इस के चाँदी और ताँबे के सिक्कों में एक तरफ 'श्रीमदादिवराहदेव' लेख और दूसरी ओर वराह (नृवराह) बना हुआ है[1]। कामरूप (आसाम) के राजा इन्द्रपाल के गौहाटी से मिले हुए दानपत्र से ज्ञात पड़ता है कि वहाँ के राजा रत्नपाल का विरुद श्रीवराह[2] था। ईसवी सन् की दसवीं शताब्दी में काठियावाड़ के वर्द्धमानपुर (बढ़वान) में चापवंशी धरणीवराह[3] राज्य करता था। अनङ्ग नामक राजा के बुलन्दशहर से मिले हुए वि० सं० १२३३ के दानपत्र में भी धरणीवराह[4] नामक एक शासक का नाम मिलता है। बीजापुर (जोधपुर राज्य) से प्राप्त हस्तिकुण्डी (हथुण्डी) के राष्ट्रकूट-वंशी धवल के वि० सं० १०५३ के शिलालेख में उस के समकालीन शासकों में धरणीवराह[5] नामक राजा का उल्लेख है। जिनसेन-रचित दिगम्बर जैन हरिवंशपुराण में दक्षिण के राष्ट्रकूट-वंशी गोविन्द तृतीय के समकालीन राजाओं का निर्देश करते हुए पश्चिम में वराह (जयवराह) नामक राजा[6] बतलाया गया है।

प्राचीन भारत में राजाओं के सिवा साधारण व्यक्तियों के नामों में भी 'वराह' का प्रचुर प्रयोग देख पड़ता है। गुप्तकालीन भारत के ज्योतिषी वराहमिहिर का नाम भारत भर में प्रसिद्ध है। वराह नामक एक प्राचीन विद्वान् ने गृह्यसूत्रों और श्रौतसूत्रों की रचना की, उस के ग्रन्थ कुछ समय पूर्व प्रकाश में आए हैं। शाश्वत (आठवीं शताब्दी) नामक कोषकार ने अपने संस्कृत कोष 'अनेकार्थसमुच्चय' के अन्त में वराह नामक एक समसामयिक विद्वान् का उल्लेख[7] किया है। इस के सिवा 'ज्योतिषरत्न' प्रणेता वराहशर्मन्[8], व्याकरण-सम्बन्धी

---

१. वी० ए० स्मिथ—कै० सं० मि० सु०, जि० १, पृ० २४१-४२ और प्लेट २५, चित्र-संख्या १८। रैप्सन—भा० मु०, प्लेट ५, संख्या ६।

२ ज० ए० सा० बं०, जि० ६६, पृ० ११८। हेमचन्द्र राय—डायनेस्टिक हिस्ट्री ऑव् नार्दर्न इंडिया, कलकत्ता, १९३१, जि० १, पृ० २६३।

३ इं० आ०, जि० १२, पृ० १९४-९६।

४ ज० ए० सा० बं०, जि० १८, भाग १, पृ० २६। कीलहॉर्न—ए लिस्ट ऑव् दि इन्स्क्रिप्शन्स ऑव् नार्दर्न इंडिया, संख्या १००।

५ कीलहॉर्न—ए लिस्ट ऑव् दि इन्स्क्रिप्शन्स ऑव् नार्दर्न इंडिया, संख्या ५३।

६ पूर्वां श्रीमदवन्तिभूभृति नृपे वत्साधिराजेऽपराम्।
सौराणामधिमण्डलं जययुते वीरे वराहेऽवति॥

गैज़ेटियर ऑव् दि बॉम्बे प्रेसिडेंसी, जि० १, भाग २, पृ० १९७, टिप्पणी २ और पृ० ३१७—१८। इं० आ०, जि० १५, पृ० १४२।

७. महावज्रेण कविना वराहेण च धीमता।
सह सम्भवपरासूत्वं विमृशेत प्रयत्नतः॥८००॥

शाश्वतकोश (कृष्णाजी-गोविन्द ओक सम्पा०), पृ० ६०।

८ आफ्रेक्ट—कैटेलॉगस् कैटेलॉगॉरम्, जि० १, पृ० ५५२।

'प्रयोगसग्रहविवेक' के रचयिता वराह पण्डित[1], गृह्यसूत्रव्याख्याता वराहदेव स्वामी[2] और ज्योतिष की 'प्रश्नचूड़ामणि' के कर्ता वराह मिश्र[3] के नाम भी इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय हैं। वराह नाम-युक्त ग्रन्थों में वराहपुराण, वराहसंहिता, वराहस्फुट और वराहोपनिषद्[4] आदि का निर्देश किया जा सकता है।

मेवाड के गुहिलवंशी राजा अपराजित ने महाराज वराहसिंह[5] को अपना सेनापति नियुक्त किया था। अजण्टा मे प्राप्त एक खण्डित शिलालेख में वाकाटकवंशी राजाओं के वराहदेव[6] नामक मन्त्री का उल्लेख मिलता है। पालीताणा से मिले हुए गारुलकवंशी सामन्त सिंहादित्य के वलभी-संवत् २२५ (सन् ५७४ ई०) के दानपत्र में उस वंश के सेनापति वराहदास प्रथम और उस के पुत्र सामन्त महाराज वराहदास[7] का नामोल्लेख है। इस के सिवा प्राचीन ऐतिहासिक साहित्य में वराह[8], वराहदत्त[9],

१ आफ्रेक्ट—कैटेलागस् कैटेलागरम् जि० १, पृ० ५५१।

२ वही, पृ० ५५२।

३ वही, जि० ३, पृ० ११७।

४ इन ग्रन्थों के सम्बन्ध में दे० वही, पृ० ५५२–५३।

५ राजा श्रीगुहिलान्वयामलपयोराशौ स्फुरद्दीधिति
श्रीमानित्यपराजितः क्षितिभृतामभ्यर्चितो मूर्धभि ॥ ३ ॥
शिवात्मजो खण्डितशक्तिसंपद्
वर्यः समाक्रान्तभुजङ्गशत्रुः।
तेनेन्द्रवत्स्कन्द इव प्रणेता
वृतो महाराजवराहसिंह ॥ ४ ॥

राजा अपराजित का वि० सं० ७१८ का उदयपुर का शिलालेख (ए० इ०, जि० ४, पृ० ३१)।

६ आ० स० व० भा०, जि० ४, पृ० १२४। कीलहार्न—ए लिस्ट ऑव् दि इन्स्क्रिप्शन्स ऑव् नॉर्दर्न इंडिया, संख्या ६२२। सिस्टर निवेदिता—फुटफॉल्स इन इंडियन हिस्ट्री पृ० ७१।

७ ए० इ०, जि० ८, पृ० १०–१८।

८ (१) भूति के पुत्र वराह का राजतरङ्गिणी में उल्लेख मिलता है—
प्रमादशाल्वैश्यस्य गौरीशत्रिदशालये।
भूतेर्हलधरो वज्रो वराहश्चाभवन्सुताः ॥ २०७ ॥
सातवाँ तरङ्ग (स्टाइन-सम्पा० संस्क०)।

(२) बोधिसत्त्व वराह का कथा सरित्सागर में उल्लेख है और वहाँ उस की कथा भी है—
पुरा गुहायां विन्ध्याद्रावासीद्बुद्धांशसम्भवः।
वराहः कोऽपि सुहृदा मर्कटेन समं सुधीः ॥ १२१ ॥
निर्णयसागर-संस्क०, तरङ्ग ७२, पृ० ३७८।

(३) जैनों के नवे तीर्थङ्कर का पहला गणधर वराह है और तेरहवें का लाञ्छन भी वराह ही है। इस सम्बन्ध में दे०—मुनि रत्नचन्द्रजी महाराज द्वारा सम्पा० वृहत् 'सचित्र अर्धमागधी कोष', जि० ४, पृ० ३३२-३३।

९. युक्तप्रान्त के अल्मोड़ा ज़िले के तालेश्वर नामक स्थान से मिले हुए विष्णुवर्मन के दानपत्र के दूतक का नाम वराहदत्त है—
दूतकः प्रमातारवराहदत्त (पं० २८)—ए० इ० जि० १३, पृ० १२०।

वराहदेव[1], वराहगुप्त[2], वराहतीर्थ[3], वराहदेव शर्मा[4], वराहस्वामी[5], वराहरात[6] और वराहदिन्न[7] आदि व्यक्तियों का भी पता चलता है।

लेख समाप्त करने के पूर्व यहाँ वराह अवतार-सम्बन्धी कुछ अन्य ज्ञातव्य बातों का थोड़ा सा परिचय आवश्यक है। वराह अवतार का जिस समय प्रादुर्भाव हुआ, तब से आरम्भ होने वाला कल्प वाराह (या श्वेत वाराह)-कल्प[8] कहलाता है। अब तक यही कल्प चल रहा है; इस में इस समय सातवाँ (वैवस्वत) मन्वन्तर है। माघ मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी को वराहद्वादशी[9] कहते हैं। उस दिन वराह अवतार के उपलक्ष्य में वराह-मन्दिरों में उत्सव होता है। यह विष्णु के वराह अवतार ग्रहण करने की तिथि जान पड़ती है। वराहाङ्कित सिक्कों का, जिन्हें 'वराह'[10] कहते हैं, पहले उल्लेख हो चुका है। वराह की देवीरूप शक्ति को

---

१. राजतरङ्गिणी में वराहदेव नामक द्वाराधिकारी (ड्योढ़ी के दारोगा) का उल्लेख है—

तेन सर्वाधिकारेषु जयानन्दो निवेशितः।
द्वारे वराहदेवश्च विजयाभ्रपुरोद्भवः ॥११४॥

सातवाँ तरङ्ग।

२. श्रीचन्द्रदेव के रामपाल (बङ्गाल में) से मिले हुए दानपत्र में दानभोगी व्यक्ति के दादा (पितामह) का नाम वराहगुप्त है—

वाराहगुप्तपौत्राय सुमंगलगुप्तस्य पुत्राय शान्तिवारिकश्रीपीतवासगुप्तशर्मणे...(पं० २०-२८)

ए० इं०, जि० १२, पृ० १३६।

३. दक्षिण भारत के मौद्रे नामक स्थान के मठ में प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान् मध्वाचार्य की शिष्य-परम्परा की जो नामावली सुरक्षित है, उस में मध्वाचार्य की शिष्य-परम्परा में आठवें पुरुष का नाम वराहतीर्थ है (ए० इं०, जि० १२, पृ० २३६, टिप्पण ४)।

४. बङ्गाल के बर्दवान जिले में नैहाटी से मिले हुए सेनवंशी राजा बल्लालसेन के ११वें राज्यवर्ष के दानपत्र में दानभोगी आचार्य ओवासुदेवशर्मा के प्रपितामह का नाम वराहदेवशर्मा है—

वराहदेवशर्म्मणः प्रपौत्राय (पं० ४६)—ए० इं०, जि० १४, पृ० १६१।

५. बङ्गाल के राजशाही जिले में धनैदह गाँव से मिले हुए गुप्तवंशी कुमारगुप्त प्रथम के, गुप्त संवत् ११३ के, ताम्रपत्र में वाराहस्वामी नामक किसी सामवेदी ब्राह्मण को दान दिए जाने का उल्लेख है—

भ्रातृकटकवास्तव्य-च्छन्दोगब्राह्मणवाराहस्वामिनो दत्तं (प० १२)—ए० इं०, जि० १७, पृ० ३४७।

६. मुंगेर (बङ्गाल) से प्राप्त पालवंशी राजा देवपाल के राज्यकाल के ३३वें वर्ष के दानपत्र में दानभोगी के पिता का नाम भट्ट वराहरात है—वेदार्थविदे भट्टवरस्वरातस्य पौत्राय विद्यावदातचेतसो भट्ट श्रीवराहरातस्य पुत्राय......भट्टवर श्रीवीकरातभिधाय शासनीकृत्य प्रतिपादितः (पं० ४२—४४)—ए० इं०, जि० १८, पृ० ३०६।

७. बघेलखण्ड के सोहावल कस्बे से प्राप्त उच्छकल्प के महाराज शर्वनाथ के गुप्त संवत् १९१ के दानपत्र के लेखक, महासान्धिविग्रहिक मनोरथ, के पिता का वराहदिन्न (संस्कृत—वराहदत्त) नाम मिलता है—

लिखितं संवत्सरशते एकनवत्युत्तरे भोगिकवराहदिन्नपुत्रेण महासान्धिविग्रहिकमनोरथेन (प० २७-३०)—ए० इं०, जि० १९, पृ० १३०।

८. सनातनधर्मावलम्बियों के स्नान आदि के सङ्कल्प में 'श्वेतवाराहकल्पे' का उच्चारण होता है।

९. सर मोनियर-विलियम्स—ए संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी (नवीन संस्क०), पृ० ९२१।

१०. कञ्जीवरम् (मद्रास प्रान्त) के शारदा मठ के आचार्य महादेवेन्द्र सरस्वती के शक संवत् १६०८ के दानपत्र में रामाशास्त्री को अन्य दानों के साथ देर वराह (करीब ७ ६०) प्रतिवर्ष दिए जाने का उल्लेख है। ए० इं०, जि० १७, पृ० ३२७ और ३२९।

वाराही कहते हैं और उस की सप्तमातृकाओं[1] में गणना होती है। इस की भी प्रतिमाएँ यत्र-तत्र मिलती हैं। अजमेर के राजपूताना म्यूज़ियम् में भी वाराही की एक प्रतिमा है।

वराह-भक्ति से प्रेरित हो कर कई एक प्राचीन विद्वानों ने वराह अवतार की स्तुति अथवा उस के द्वारा पृथ्वी के उद्धार का उल्लेख किया है, जिनमें कविकुलगुरु कालिदास[2], जयदेव[3], जीवक[4], बाणभट्ट[5], मनोरथ[6], मातङ्गदिवाकर[7],

---

१ ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।
माहेन्द्री चैव वाराही चामुण्डा सप्त मातरः॥

२. रसातलादादिभवेन पुंसा भुवः प्रयुक्तोद्वहनक्रियायाः।
अस्याच्छमम्भः प्रलयप्रवृद्धं मुहूर्तवक्त्राभरणं बभूव॥

रघुवंश, सर्ग १३, श्लोक ८।

३. वसति दशनशिखरे धरणी तव लग्ना
शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना।
केशव धृतशूकररूप जय जगदीश हरे॥ ३॥

गीतगोविन्द, सर्ग १।

४. मेरुहकेसरमुदारदिगन्तपत्रमामूललम्बिबलशेषशरीरनालम्।
येनोद्धृतं कुवलयं सलिलात्सलीलमुत्तंसकार्थमिव पातु स वो वराहः॥

वल्लभदेव-सङ्कलित सुभाषितावलि ( डॉ॰ पीटर्सन-सम्पा॰ ), संख्या ६४।

५. (१) कश्चित्प्रत्यग्रवनेव महावराहदंष्ट्राग्रमुत्खातधरणिमण्डला—कादम्बरी ( निर्णयसागर-संस्क॰ ), पृ॰ ११॰ ( विन्ध्याटवी के प्रसंग में )।

(२) आदिवराहसमुद्धृतधरामण्डलस्थानमिव जलपूरितम्—कादम्बरी ( पम्पासर-वर्णन ), पृ॰ ४१-४२।

(३) असुरारिमिव प्रकटितनरहरिवराहरूपम्—कादम्बरी, पृ॰ ८०।

६. क्वेदानीं दर्पितास्ते घनमदमदिरामोदिनो दिग्द्विपेन्द्राः
हे मेरो मन्दराद्रे मलय हिमगिरे साधु वः क्ष्माधरत्वम्।
शेष श्लाघ्योऽसि दीर्घैः पृथुभवनभरोच्चण्डशोण्डैः शिरोभिः
शोचन्तोऽन्यानमुच्चैरिति धरणिभृतः पातु युष्मान्वराहः॥

सुभाषितावलि, श्लोक ४८।

७. पातु वो मेदिनीरेखा बालेन्दुद्युतितस्करी।
दंष्ट्रा महावराहस्य पातालगृहदीपिका॥

सुभाषितावलि, ३०।

वराहमिहिर[१], विभूतिबल[२], विभूतिमाधव[३], विशाखदत्त[४], व्यास[५], सोन्नोक[६] और हनूमत्[७] आदि उल्लेखनीय हैं। इस के सिवा 'सुभाषितरत्नभाण्डागारम्' में वराह-स्तुति के कई श्लोक[८] दिए गए हैं जिन के लेखकों का पता नहीं चलता।

---

१. क्षीणे क्षोणीकदंबे नभसि नयनयोस्तेजसि क्वापि याते
व्यासप्रासोपयुक्ते मरुति जलनिधौ पायुरन्ध्रार्धपीते।
पोत्रप्रान्तैकरोमान्तरविवरगतां शृण्वतः शार्ङ्गपाणेः
क्रोडाकारस्य तूष्णीमकलितविषयं वैभवं वः पुनातु॥

सुभाषितावलि, ४७।

२. ...दंष्ट्रया वराहवपुरिन्दुकलाप्रकाशः।
दंष्ट्रोद्धृतक्षिति हरेरवतु स्मितं वः॥

सुभाषितावलि, ३१।

३. न मुस्तीयम् भुद्धी कथमिव मही पोत्रविकर्ष-
गुंजाभिज्ञाभिः कनकगिरिरीयाश्च विलयम्।
न शष्पेषुः क्वापी. सलिलनिधयः सन्ति च कथं
वराहोऽयं पायादिति विपुलचिन्तापरिकरः॥

सुभाषितावलि, ४६।

४. वाराहीमात्मयोनेस्तनुमवनविधावास्थितस्यानुरूपां
यस्य प्राग्दन्तकोटिं प्रलयपरिगता शिश्रिये भूतधात्री॥

मुद्राराक्षस, अङ्क ७, श्लोक १९ ( भरतवाक्य )।

५. नमस्तस्मै वराहाय हेलयोद्धरते महीम्।
खुरमध्यगतो यस्य मेरुः खुरखुरायते॥

सुभाषितावलि, ७।

६. देवो हरिर्जयति यज्ञवराहरूपः
सृष्टिस्थितिप्रलयकारणमेकमेव।
यस्योद्धृताखिलजगत्त्रयबीजकोश-
निर्भिन्नकुड्मलमिवैव विभाति दंष्ट्रा॥

कवीन्द्रवचनसमुच्चय (बिब्लियोथेका इंडिका में डॉ० थामस द्वारा सम्पा०), ४०।

७. न पङ्कोत्सेधं कलयति धरित्रीमपभया-
न्मुखप्रासादूरोऽप्युरगनगरभ्रंशभयतः।
न यातो ब्रह्माण्डस्फुटनभयतः घर्घरार्तं
महाक्रोडः पायादिति सकलसङ्कोचितमुखः॥

सुभाषितरत्नभाण्डागार, पृ० ११, श्लो० २१। शार्ङ्गधरपद्धति, ८३।

८. पृ० ११, श्लो० २१—३०।

# राजपूत जाति

श्रीयुत विश्वेश्वरनाथ रेउ, साहित्याचार्य, जोधपुर।

शास्त्रों से पता चलता है कि पहले आर्य जाति में किसी प्रकार का वर्ण विभाग नहीं था। परन्तु कालान्तर में चार वर्णों की उत्पत्ति हुई। राजा भोज ने अपने "समराङ्गणसूत्रधार[1]" नामक ग्रन्थ में लिखा है—*ब्रह्मा ने संसार में शान्ति बनाए रखने के लिए पृथु को पहला राजा बनाया और उस ने राज्य प्रबन्ध के सुभीते और जाति की उन्नति के लिए चार वर्णों और चार आश्रमों की स्थापना की।* उस समय देव भक्त, शुद्ध आचार विचार वाले, विद्वान् और गुणी पुरुष ब्राह्मण बनाए गए, बहादुर, उत्साही, बलिष्ठ और रक्षा करने में समर्थ क्षत्रिय हुए, चतुर, धन कमाने की इच्छा वाले, विश्वासी, फुर्तीले और दया वाले वैश्य कहलाए और इज्जत, धर्म, सचाई और पवित्रता के विचार से शून्य शूद्र बना दिए गए।

इस कथन का तात्पर्य केवल इतना ही है कि पहले पहल आर्य जाति में चारों वर्णों का विभाग गुण, कर्म और स्वभाव के अनुसार ही हुआ था[2]। जन्म से इस का कोई सम्बन्ध नहीं था।

इस विषय का यहीं समाप्त कर अब हम आर्य जाति के क्षत्रिय वर्ण के विषय में विचार करते हैं।

वैदिक और पौराणिक साहित्य को देखने से ज्ञात होता है कि क्षत्रिय वर्ण में भी सूर्यवंश और चन्द्रवंश नाम के दो विभाग हो गए थे। ग्रियर्सन साहब ने भारतीय आर्यों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं का अध्ययन कर उन का दो विभिन्न दलों में भारत में आना और इसी से दो भिन्न वंशों में विभक्त होना माना है। परन्तु कुछ काल बाद इस वर्ण में अग्निवंश नाम के तीसरे विभाग का उत्पन्न होना भी पाया जाता है[3]। पहले पहल इस का उल्लेख वि० सं० की ग्यारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में बने पद्मगुप्त के 'नवसाहसाङ्कचरित' में मिलता है। उस में लिखा है कि— आबू पर्वत पर रहने वाले वशिष्ठ ने, विश्वामित्र से अपनी गाय छीन लाने के लिए, अग्नि से एक वीर पुरुष उत्पन्न किया। वह 'पर मार' अर्थात् शत्रु को मार कर वशिष्ठ की गाय को वापिस ले आया इसी से

---

१ अ० ७, श्लो० ११७।

२ चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।

भगवद्गीता, अ० ४, श्लो० १३।

३ वि० सं० ११६६ (ई० स० ११०९) के गोविन्दचन्द्र के लेख में लिखा है—

अस्मत्ते सूर्यसोमोद्भवविदितमहाक्षत्रवंशद्वयेऽस्मिन्

*... धर्ममार्गान् प्रथितमिह तथा चन्द्रवंशद्वय च ॥*

इस से प्रकट होता है कि उस समय तक भी क्षत्रिय वर्ण में सूर्यवंश और चन्द्रवंश नाम के दो ही प्रसिद्ध विभाग माने जाते थे।

मुनि ने उस का नाम प र मा र रक्खा।" इस से अनुमान होता है कि विक्रम की नवीं शताब्दी के प्रारम्भ में किसी वशिष्ठगोत्री ब्राह्मण ने किसी बौद्धमतानुयायी क्षत्रियवंश को, प्रायश्चित्त द्वारा, फिर से ब्राह्मण धर्म में दीक्षित कर अपनी सहायता के लिए तैयार किया होगा। परन्तु पद्मगुप्त के समकालीन हलायुध ने अपनी 'पिङ्गल-सूत्रवृत्ति' में इस वंश के राजा मुञ्ज को "ब्र ह्म क्ष त्र कु ली न"[1] लिखा है।

अग्निवंश का स्पष्ट उल्लेख 'पृथ्वीराजरासो' में पाया जाता है। उस में परमार, चालुक्य ( सोलङ्की ), पड़िहार ( प्रतिहार ) और चौहान वंशों का वशिष्ठ की अग्नि से उत्पन्न होना मान कर उन्हें अग्निवंशी कहा है। इसी के आधार पर डॉक्टर दे० रा० भाण्डारकर[2] आदि देशी और मिस्टर वि० आ० स्मिथ आदि विदेशी विद्वान् इन वंशों को आर्येतर-विदेशी ( खिज़र=गुर्जर ) जाति की सन्तान अनुमान करते हैं और ब्राह्मणों का प्रायश्चित्त करवा कर इन्हें क्षत्रिय जाति में मिला लेना मानते हैं। परन्तु एक तो 'पृथ्वीराजरासो' में दिया पृथ्वीराज, उस के कुटुम्बियों और समकालीन नरेशों का अधिकांश हाल इतिहास के विरुद्ध सिद्ध होता है। दूसरा उस में मेवाड़-नरेश महारावल समरसिंह का वि० सं० १२४८ ( ई० स० ११९२ ) में पृथ्वीराज की तरफ़ से लड़ कर मारा जाना लिखा है। परन्तु समरसिंह वि० सं० १३२४ ( ई० स० १२६७ ) के बाद मेवाड़ की गद्दी पर बैठा था और वि० सं० १३५८ ( ई० स० १३०२ ) में उस का देहान्त हुआ। तीसरा 'रासो' में भविष्य-कथन के तौर पर मेवाड़-नरेश का वि० सं० १६७७ के बाद दिल्ली-विजय करना भी लिखा है[3]। ऐसी हालतों में उस के लेख पर विश्वास कर लेना अनुचित ही है।

वास्तव में देखा जाय तो क्षत्रिय वर्ण के ये वंश-विभाग राजवंशों की प्राचीनता और महत्त्व को प्रदर्शित करने के लिए कवियों की कल्पना मात्र ही हैं। यदि ऐसा न होता तो भारत के सभी प्रसिद्ध राजाओं के शिला-लेखों और ताम्रपत्रों में उन के वंश का उल्लेख अवश्य मिलता। इस के अलावा यदि किसी वंश के नरेशों की प्रशस्तियों में उन के वंश का उल्लेख मिलता भी है तो उस में बड़ी गड़बड़ पाई जाती है। यदि एक स्थान पर एक वंश को सूर्यवंशी लिखा है तो दूसरे स्थान पर उसी को चन्द्रवंशी आदि लिख दिया है। परमारवंश के विषय में पहले लिखा जा चुका है। आगे कुछ अन्य वंशों के सम्बन्ध में अवतरण दिए जाते हैं।

चालुक्य ( सोलङ्की ) विक्रमादित्य छठे के वि० सं० ११३३ ( ई० स० १०७६ ) के लेख में चालुक्य ( सोलङ्की )-वंश को चन्द्रवंशी लिखा है। परन्तु 'विक्रमाङ्कदेवचरित' में उस वंश को ब्रह्मा के चुल्लू से—और बिलहारी से मिले हैहय ( कलचुरी ) युवराजदेव द्वितीय के लेख में द्रोण के चुल्लू से—उत्पन्न हुआ माना है।

ग्वालियर से मिली प्रतिहार भोज[4] की प्रशस्ति में प्रतिहारों ( पड़िहारों ) को सूर्यवंशी लिखा है। परन्तु बाउक के वि० सं० ८९४ के लेख में उन की उत्पत्ति हरिश्चन्द्र नामक ब्राह्मण की क्षत्रिया स्त्री से बतलाई है[5]।

---

1. कुछ विद्वान् इस विशेषण से इन का पहले 'वशिष्ठगोत्री' ब्राह्मण होना और बाद में क्षत्रियत्व ग्रहण करना अनुमान करते हैं। आजकल परमार-वंश वाले अपने को मालव नरेश विक्रमादित्य के वंशज मानते हैं।

२. ई० आ०, जि० ४०, पृ० ७-३६।

३. सोरहै सत्तोतरै विक्रम साक बदीत। दिल्लीश्वर मेवारपति लेहि खग्ग बल जीत।

तीसरा समय, छं० ७७, पृ० २५२।

४. इस का समय वि० सं० ९०० और ९३८ ( ई० स० ८४३ और ८८१ ) के बीच माना गया है।

५. इसी में पहले प्रतिहार-वंश का लक्ष्मण से, जो अपने भाई रामचन्द्र का प्रतिहार ( द्वारपाल ) था, उत्पन्न होना ध्वनित किया है।

चौहान लुम्भा के भाबू से मिले, वि० सं० १३७७ के, लेख में चौहानों को चन्द्रवंशी लिखा है। परन्तु वीसलदेव चतुर्थ के लेख में उन को सूर्यवंशी कहा है।

ऐसी हालत में देशी और विदेशी विद्वानों का 'पृथ्वीराजरासो' के आधार पर ही उपर्युक्त वंशों को अग्नि-वंशी मान कर विदेशी गुर्जरों ( खिजरों ) की सन्तान अनुमान करना उचित प्रतीत नहीं होता।

आगे राजपूतों को अनार्य जाति की सन्तान मानने वाले विद्वानों के दिए प्रमाणों पर विचार किया जाता है—

पूर्वपक्ष—'हरिवंशपुराण' में हैहय ( कलचुरि )-वंशियों का यवनों, पारदों और काम्बोजों के साथ उल्लेख किया गया है। इस से हैहय क्षत्रिय विदेशी हैं[1]।

उत्तरपक्ष—परन्तु हैहयों की प्रशस्तियों में उन्हें चन्द्रवंशी लिखा है और पुराणों से भी उन का शुद्ध क्षत्रिय होना सिद्ध होता है। ऐसी हालत में उन का यवनों, पारदों और काम्बोजों के साथ उल्लेख होने से ही उन्हें विदेशी मान लेना ठीक नहीं है। इस के अलावा मनु ने तो यवनों, पारदों और काम्बोजों तक को क्षत्रिय माना है। वह लिखता है[2]—

> शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः ।
> वृषलत्वं गता लोके ब्राह्मणाऽदर्शनेन च ॥ ४३ ॥
> पौण्ड्रकाश्चौड्रद्रविडाः काम्बोजा यवनाः शकाः ।
> पारदाः पह्लवाश्चीनाः किराताः दरदाः खशाः ॥ ४४ ॥

अर्थात् पौण्ड्रक, चौड्र, द्रविड, काम्बोज, यवन, शक, पारद, पह्लव, चीन, किरात, दरद और खश नाम की क्षत्रिय जातियाँ धीरे-धीरे धार्मिक कर्मों को छोड़ देने और ब्राह्मणों के सम्पर्क में न रहने से शूद्र समझी जाने लगीं।

पूर्वपक्ष—'हर्षचरित' में बाण ने थानेश्वर के राजा प्रभाकरवर्धन का हूणों के साथ ही गुर्जरों को जीतना लिखा है। इस से गुर्जरों का विदेशी होना और हूणों के साथ भारत में आना सिद्ध होता है।

उत्तरपक्ष—परन्तु वास्तव में बाणभट्ट की लिखी—"हूणहरिणकेसरी, सिन्धुराजज्वरो, गुर्जरप्रजागरः"[3] इस पंक्ति में गुर्जर शब्द से गुर्जर देश निवासियों का तात्पर्य ही झलकता है। ऐसी हालत में इस स्थान पर गुर्जर ( खिजर ) जाति के विदेशी लोगों की कल्पना करना उचित प्रतीत नहीं होता। इस के अलावा आज तक के प्राप्त इतिहास से भी विदेशी खिजिर जाति का भारत में आना सिद्ध नहीं होता।

पूर्वपक्ष—राजोर ( अलवर राज्य ) से मिले प्रतिहार मथनदेव के वि० सं० १०१६ ( ई० स० ९६० ) के लेख में मथनदेव को गुर्जर प्रतिहार-वंशी लिखा है। इसी प्रकार दक्षिण के राष्ट्रकूटों की प्रशस्तियों में कन्नौज के प्रतिहारों को 'गुर्जरेश्वर' और अरबों की पुस्तकों में 'जुर्ज' लिखा है। इस से सिद्ध होता है कि प्रतिहार क्षत्रिय भी विदेशीय गुर्जरों की सन्तान थे।

उत्तरपक्ष—परन्तु वास्तव में वहाँ पर प्रतिहारों के गुर्जर जाति के होने का उल्लेख न हो कर उन के गुज-रात के निवासी या गुजरात के शासक होने का उल्लेख है। उस समय राजपूताने का एक बड़ा भाग

---

१ ई० आ०, भा० ४०, पृ० १६।

२ अ० १०।

३ उच्छ्‌वास २, पृ० २४३।

'गुर्जरत्रा'[1] या गुजरात के नाम से प्रसिद्ध था और उस की राजधानी भीनमाल थी[2]। सम्भव है, इसी से वहाँ के प्रतिहारों के लेखों में, कन्नौज के प्रतिहारों की शाखा से उन की भिन्नता प्रकट करने के लिए ही, उन के निवासस्थान का उल्लेख किया गया हो।

कन्नौज के प्रतिहारों ने चावड़ों[3] को हटा कर पहले अपना राज्य भीनमाल में स्थापित किया था। प्रतिहार नागभट प्रथम ( नागावलोक ) के सामन्त भर्तृवड्ढ के, वि० सं० ८१३ ( ई० स० ७५६ ) के, दानपत्र से उस समय भड़ोच तक के प्रदेश का प्रतिहारों के अधीन होना प्रकट होता है। इस के बाद वहाँ से आ कर इन्हों ने कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया था। ऐसी हालत में यदि राष्ट्रकूटों की प्रशस्तियों और अरब लेखकों की पुस्तकों में इन्हें गुर्जरेश्वर आदि लिखा है तो इस में आश्चर्य की कौन सी बात है।

पूर्वपक्ष—गुर्जरवंशी क्षत्रिय विदेशी खिजर जाति की सन्तान हैं। यह जाति, ईसवी सन् की छठी शताब्दी में, यूरोप और एशिया की सीमाओं के सङ्गम-स्थान पर रहती थी। कुछ लोग इस जाति का कनिष्क के समय और कुछ हूणों के आक्रमण के समय भारत में आना अनुमान करते हैं। इसी जाति के सम्बन्ध से इस के जीते हुए प्रदेश का नाम गुर्जर या गुजरात हुआ था।

उत्तरपक्ष—परन्तु एक तो, पहले लिखे अनुसार, आज तक के प्राप्त इतिहास से इस जाति का भारत में आना ही सिद्ध नहीं होता। दूसरा भड़ोच के गुर्जर नरेश जयभट तृतीय के, कलचुरी संवत् ४५६ ( वि० सं० ७६२ = ई० स० ७०५ ) के, ताम्रपत्र[4] में इस वंश को महाराज कर्ण की सन्तान लिखा है। तीसरा विक्रम की सातवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आने वाले चीनी यात्री हुएन्त्सांग ने भी गुर्जर देश की राजधानी भीनमाल और वलभी के राजाओं को क्षत्रिय बतलाया है।

इसी प्रकार बड़गूजर भी क्षत्रिय हैं और उन का विवाह-सम्बन्ध अब तक उच्च कुल के क्षत्रियों में होता है[5]।

---

१. प्रतिहार भोजदेव का वि० सं० ९०० का ताम्रपत्र।

ए० इ०, जि० ५, पृ० २११।

२. हुएन्त्सांग का यात्रा विवरण।

३. कुछ विद्वान् चावड़ों को भी गुर्जर-वंश का मानते हैं। परन्तु लाट के चालुक्य ( सोलङ्की ) पुलकेशीराज के कलचुरी संवत् ४९० ( वि० सं० ७९६ = ई० स० ७३९ ) के ताम्रपत्र में लिखा है—"सैन्धव कच्छेल्ल सौराष्ट्र चावोटक मौर्य गुर्जरादि राज्ये"। इस से प्रकट होता है कि उस समय गुर्जर और चावड़ ( चावोत्कट ) दोनों भिन्न वंशी माने जाते थे।

वं० ग०, जि० १, भा० १, पृ० १०९।

४. इं० ऐं०, जि० १३, पृ० ७७।

५. यद्यपि प्राचीन काल में आर्य जाति के तीनों वर्णों अर्थात् ब्राह्मणों, क्षत्रियों और वैश्यों में अनुलोम विवाह होते थे, तथापि अन्त में इस का निषेध कर दिया गया था। इस की पुष्टि बात के अवतरणों से होती है—

ईसवी सन् से पूर्व की तीसरी शताब्दी में आने वाले ग्रीक लेखक मेगास्थनीज़ ने लिखा है—कोई भी पुरुष न तो अपनी जाति से बाहर विवाह ही कर सकता है और न अपना पेशा ही बदल सकता है ( मेक्क्रिंडल-कृत अँगरेज़ी अनुवाद, पृ० ८२-८६ )।

ईसवी सन् की सातवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारत की यात्रा करने वाले चीनी यात्री हुएन्त्सांग ने लिखा है—प्रत्येक जाति का पुरुष अपनी जाति में ही विवाह कर सकता है ( हुएन्त्सांग का वॉटर्स कृत अनुवाद जि० १, पृ० १६८ )।

इस के पश्चात् यदा-कदा हो जाने वाले अनुलोम विवाहों की सन्तान माता के वंश की समझी जाने लगी थी। जैसे मारवाड़ के राठोड़ मूहथा की क्षत्रिया स्त्री से उत्पन्न सन्तान मूहथोत क्षत्रिय और वैश्या स्त्री की सन्तान मूहथोत वैश्य समझी जाती है।

पूर्वपक्ष—उत्तर-पश्चिमीय भारत से सासानी शैली के कुछ सिक्के मिले हैं। उन पर नागरी में "श्री वासुदेव वहमन" और पहलवी में "तकान ज़ावलस्तान सपर्द लक्षान" लिखा है[1]। कुछ विद्वान् 'वहमन' को 'चाहमान' मान कर इस वासुदेव को चाहमान-वंश का सब से पहला ज्ञात नरेश मानते हैं और सिक्कों में के सपादलक्षान से हिमालय के सिवालक नाम से प्रसिद्ध पहाड़ी प्रदेश का तात्पर्य लेते हैं। उन का अनुमान है कि हूणों के साथ आने वाले गुर्जर ( खिजर ) जाति के लोग ही वहाँ जा कर बस गए थे। इस से चाहमानों के गुर्जर होने में कोई सन्देह नहीं रहता।

ये सिक्के खुसरो द्वितीय ( परवेज़ ) के सैंतीसवें राज्य-वर्ष के सिक्कों से मिलते हुए हैं। इसलिए चाहमान-वंशी वासुदेव का समय ई० स० ६२७ ( वि० स० ६८५ ) के क़रीब होना चाहिए।

उत्तरपक्ष—परन्तु इस विषय में भी विद्वानों में बड़ा मतभेद है। जनरल कनिंगहम इन सिक्कों में के वासुदेव को हूण-वंश का और मिस्टर रैप्सन सासानी-वंश का अनुमान करते हैं। इसी प्रकार अन्य विद्वान् लेख में के कल्पित 'चाहमान' को 'वहमन' पढ़ते हैं।

इस के अलावा राजशेखर सूरि के बनाए 'प्रबन्धकोष'[2] के अन्त की वंशावली में चाहमान वासुदेव का समय वि० स० ६०८ ( ई० स० ५५१ ) लिखा है। इस समय में और उपर्युक्त सिक्कों के आधार पर स्थिर किए समय में ७६ वर्ष का अन्तर आता है।

चौहानों के इतिहास से ज्ञात होता है कि इस वासुदेव का सातवाँ वंशज गूवक ( प्रथम ) था। हर्षनाथ से मिले वि० सं० १०१३ के लेख में उस का, अपनी वीरता के कारण, नागावलोक की सभा में वीर की पदवी प्राप्त करना लिखा है। चौहान भर्तृवृद्ध के वि० सं० ८१३ ( ई० स० ७५६ ) के लेख में भर्तृवृद्ध को नागावलोक का सामन्त कहा है। इस से नागावलोक और गूवक का वि० सं० ८१३ के क़रीब विद्यमान होना सिद्ध होता है। ऐसी हालत में इस समय में से वासुदेव से गूवक तक के आठ राजाओं के लिए २०० वर्ष का समय निकाल देने से वासुदेव के राज्यारम्भ का समय 'प्रबन्धकोष' में दिए समय के निकट ही आता है।

फिर, चौहानों का राज्य पहले-पहल सिन्ध या मुलतान में न रह कर अहिच्छत्रपुर[3] में रहा था और वहाँ से ये शाकम्भरी ( साँभर ) की तरफ़ आए थे। चीनी यात्री हुएन्त्संग ने ( जो वि० सं० ६९७=ई० स० ६४० के क़रीब भारत में आया था ) अपने यात्रा-विवरण में इस नगर का वर्णन किया है और उसी के आधार पर जनरल कनिंगहम ने उस का बरेली से २० मील पश्चिम में आधुनिक रामनगर के पास होना माना है। 'महाभारत' के अनुसार भी यह अहिच्छत्रपुर उत्तर पाञ्चाल देश की राजधानी था। रही सपादलक्ष प्रदेश के हिमालय में होने की बात। परन्तु विद्वान् लोग सपादलक्ष से सवा लाख पहाड़ों के सिलसिले वाले प्रदेश का अर्थ न ले कर सवा लाख गाँवों वाले प्रदेश का तात्पर्य लेते हैं[4], और चौहानों से शासित साँभर,

1. इन में के अन्य प्रकार के सिक्कों पर पहलवी में "सफ़ वसुदेव ( श्री वासुदेव ) वहमन मुल्तान मलका" लिखा है।

2. यह कोष वि० सं० १४०५ ( ई० स० १३४८ ) में बनाया गया था।

3. रुहेलखण्ड के पूर्वी भाग में।

थोमस वाटर्स—हुएन्त्संग, जि० १, पृ० ३३२; एटकिंसन, जियोग्राफ़ी ऑफ़ इंडिया पृ० ३२६।

4. 'स्कन्दपुराण' में (जिस का रचना-काल ईसवी सन् की नवीं शत का अनुमान किया जाता है) साँभर, मेवाड़, कर्नाटक, आदि प्रदेशों में से प्रत्येक में सपादलक्ष ( सवा-सवा लाख ) गाँव होना लिखा है।

कुमारखण्ड, अ० ३९, श्लो० १३६-१४०।

नागौर और अजमेर का प्रदेश इस समय भी सवालख के नाम से पुकारा जाता है। ऐसी हालत में चाहमानों का गुर्जर-वंशी होना और हिमालय की तरफ़ से राजपूताने में आना नहीं माना जा सकता।

यही हाल राष्ट्रकूट, गुहिल आदि अन्य क्षत्रिय जातियों का भी है। श्रीयुत विंसेंट स्मिथ आदि ने राजपूत जाति का ई० सन् की आठवीं या नवीं शताब्दी में एकाएक उत्पन्न होना मान कर उन का विदेशी या आर्येतर होना अनुमान किया है[1]। परन्तु उन का यह अनुमान ठीक नहीं है। क्योंकि ई० स० की पाँचवीं शताब्दी में दक्षिण में राष्ट्रकूटों का राज्य विद्यमान था और इसी शताब्दी के अन्तिम भाग में उस पर सोलङ्की जयसिंह ने अधिकार किया था। सोलङ्की त्रिलोचनपाल के, शक संवत् ९७२ ( वि० सं० ११०७= ई० स० १०५१ ) के, ताम्रपत्र से प्रकट होता है कि राष्ट्रकूटों के दक्षिण में जाने से पहले उन ( राष्ट्रकूटों ) का राज्य किसी समय कन्नौज में भी रह चुका था[2]।

इसी प्रकार मेवाड़ राज्य के इतिहास से गुहिल-वंश के संस्थापक गुहिल ( गुहदत्त ) का ई० सन् की छठी शताब्दी के उत्तरार्ध में और बापा रावल का ई० सन् की आठवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में मौजूद होना पाया जाता है।

अन्त में हम राजपूतों को अनार्य मानने वाले विद्वानों से एक बात पूछना चाहते हैं। वह यह कि यदि वास्तव में ही उन का अनुमान ठीक है तो आख़िर सुदीर्घ काल से भारत में राज्य करने वाले वे पुराने क्षत्रिय-वंश कहाँ और कैसे लुप्त हो गए?

( १ ) यदि यह कहा जाय कि उन के बौद्ध या जैन मत ग्रहण कर लेने से उन का वर्ण नष्ट हो गया तो यह बात उचित नहीं प्रतीत होती, क्योंकि वैशाली के लिच्छवि क्षत्रियों के बौद्ध धर्म ग्रहण कर लेने और दक्षिण के राष्ट्रकूट-नरेश अमोघवर्ष प्रथम के जैन मत ग्रहण कर लेने पर भी उन के वंशज क्षत्रिय ही बने रहे थे।

( २ ) यदि यह मान लिया जाय कि विदेशी आक्रमणकारियों ने क्षत्रिय वर्ण को समूल नष्ट कर दिया तो यह भी सम्भव प्रतीत नहीं होता; क्योंकि हूण नरेश मिहिरकुल के ( वि० सं० ५९९=ई० स० ५४२ में ) मरने के बाद से क़रीब पौने पाँच सौ वर्ष ( अर्थात् महमूद ग़ज़नवी के पञ्जाब पर अधिकार करने ) तक भारतवर्ष बाहरी आक्रमणों से बचा रहा था[3]। और लिच्छवि क्षत्रियों के वि० सं० ८११ ( ई० स० ७५४ ) तक के मिले लेखों[4] से उन का उस समय तक भी विद्यमान होना सिद्ध होता है। ऐसी हालत में 'पाराशर स्मृति' के "कलावाद्यन्तयोः स्थितिः" इस वचन की दुहाई दे कर राजपूतों को अनार्य मान लेना उचित प्रतीत नहीं होता।

---

१. श्रीयुत वि० आ० स्मिथ का चन्देलों, राठोड़ों और गाहड़वालों को अनार्य गोंड, भर और खरवारों की सन्तान अनुमान करना भी प्रमाणशून्य ही है। चन्देलों के शिलालेखों में उन को चन्द्रवंशी लिखा है।

२. कान्यकुब्जे महाराज ! राष्ट्रकूटस्यकन्यकाम्।

लब्ध्वा सुखाय तस्यां त्वं चौलुक्यान्प्रदि सन्ततिम् ॥ ९ ॥

ई० आ०, जि० १२, पृ० २०१।

३. यद्यपि ई० सन् की आठवीं शताब्दी में अरबों ने सिन्ध विजय किया था, तथापि उन का प्रभाव भारत के अन्य प्रान्तों पर नहीं पड़ा था।

४. ई० आ०, जि० ९, पृ० १६३, १९०।

# राठोड़ राजवंश का मूल इतिहास

श्रीयुत जगदीशसिंह गहलोत, जोधपुर।

जोधपुर का प्रसिद्ध राजघराना राठोड़ राजवंश कहलाता है। क्षत्रियों के छत्तीस राजकुलों में राठोड़ों का राजवंश प्राचीन है। "आईन-अकबरी" से ज्ञात होता है कि सम्राट् अकबर की सेना में ६० हज़ार सवार और दो लाख पैदल राठोड़ थे[1]। कर्नल टॉड का मत है कि मुग़ल सम्राटों ने जितनी विजय प्राप्त की थी, उन में से अधिकांश का श्रेय राठोड़ों को था।

राजपूताना में प्रसिद्ध है कि—

बलहट-बङ्का देवड़ा, करतब बङ्का गौड़।
हाड़ा बङ्का गाढ़ में, रणबङ्का राठौड़॥

अर्थात् देवड़ा राजपूत बल और हठ में एक ही है, गौड़ अपने कर्तव्य में अपूर्व है, हाड़ा बदन से गठीला होने में लासानी है और राठोड़ रणक्षेत्र में अद्वितीय है।

अज देशां, चन्दन बड़ा, मेरु पहाड़ा मौड़।
गरुड़ खगां लङ्का गढ़ां, राजकुलां राठौड़॥

अर्थात् देशों में अज, वृक्षों में चन्दन, पहाड़ों में सुमेरु, पक्षियों में गरुड़, क़िलों में लङ्का और राजकुलों में राठोड़ बड़े हैं।

राठोड़ों की उत्पत्ति के विषय में बड़ा मतभेद है। इन की ख्यात में लिखा है कि ये इन्द्र की रहट (रीढ़) से उत्पन्न हुए, इसलिए राठोड कहलाए[2]। एक मत है कि इन की कुलदेवी राष्ट्रसेना या राठासी थी, उस के नाम से राष्ट्रकूट या राठोड़ कहलाए[3]। कहीं लिखा है कि इन का मूलपुरुष राष्ट्रकूट था, इस से ये राठोड़ प्रसिद्ध हुए[4]। दूसरी ओर राठोड़ों के भडवा-भाट इन को दैत्यवंशी हिरण्यकशिपु की सन्तान बतलाते हैं[5]। कर्नल टॉड ने इन्हें भी राजपूतों के दूसरे वंशों की तरह उत्तर की ओर से आए हुए शक आदि अनार्यों की—जिन्होंने हिन्दू-धर्म तथा सभ्यता स्वीकार कर ली थी—सन्तान लिखा है[6]। डॉ० विंसेंट स्मिथ और उस के लेखों की छाया पर निर्भर रहने वाले कुछ भारतीय विद्वानों का कहना है कि राठोड, गाहड़वाल और चन्देल आदि प्रसिद्ध राजवंश

---

१. आईन अकबरी, जि० २, पृ० ४४-४५।

२. राजरत्नाकर, भा० १, तरङ्ग १, पृ० ८७।

३ सर सुखदेव—दि राठोर्स, देयर ओरिजिन एंड ग्रोथ (१८९९ ई०), भूमिका, पृ० १।

४ राजरत्नाकर, भा० १, तरङ्ग १, पृ० ८८, टॉड-राजस्थान, भाग १, पृ० १०५।

५. टॉड-राजस्थान, जि० १, पृ० १०६; ए० ई०, जि० ५, पृ० २३।

६. टॉड-राजस्थान, जि० १, पृ० ७३।

प्राचीन आर्य क्षत्रिय नहीं हैं, किन्तु ये गोंड, भर आदि अनार्य अथवा जातियों में निकले हैं और इन्हों ने अपनी उत्पत्ति सूर्य और चन्द्र से जा मिलाई[1]। कुछ लोगों का ऐसा भी अनुमान है कि राठोड़ दक्षिण के द्रविड़ हैं। परन्तु राठोड़ अपने को शुद्ध क्षत्रिय आर्य और अयोध्या के महाराजा रामचन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र कुश के वंशज बतलाते हैं।

राठोड़ों का सम्बन्ध प्राचीन अभिलेखों और वाङ्मय के रठिकों या राष्ट्रिकों से जिन के नाम से महाराष्ट्र देश का नाम पड़ा है, प्रतीत होता है। रठिकों का उल्लेख हम अशोक के समय से पाते हैं[2]।

वेरूल की गुफाओं में खुदे लेखों में भी राष्ट्रकूट शब्द मिलता है[3]। कई विद्वान् यह मानते हैं कि राष्ट्रकूट या राठोड़ उत्तर भारत से दक्षिण में गए, परन्तु सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक विद्वान् डॉ॰ सर रामकृष्ण गोपाल भाण्डारकर और महामहोपाध्याय रायबहादुर गौरीशंकर हीराचन्द ओझा के मतानुसार राठोड़ों का मूलराज्य दक्षिण में था और वहीं से इन्हों ने पीछे से गुजरात, राजपूताना, मध्यप्रदेश, मालवा, गया ( पटना ) आदि प्रान्तों में राज्य स्थापित किए।

राठोड़ों का, सातवीं शताब्दी के पूर्व का, प्राचीन इतिहास अन्धकार में है। उत्तर भारत के राष्ट्रकूट राजा अभिमन्यु का ताम्रपत्र मिला है जिस में पेठिकवाटिका नामक ग्राम का दान देना सूचित होता है[4]। उस में संवत् नहीं है, परन्तु उस की लिपि सातवीं शताब्दी की अनुमान की जाती है[5]।

सिरूर[6] और नवसारी[7] से मिले शिलालेखों और ताम्रपत्रों में राष्ट्रकूट और रट्ट शब्द का प्रयोग किया गया है। मेवाड़ के महाराणा कुम्भा के बड़े रायमल की रानी और राव जोधा राठोड़ की पुत्री शृङ्गारदेवी की बनाई हुई घोसुंडी बावड़ी के सं॰ १५६१ वि॰ के शिलालेख में 'राष्ट्रवर्य' शब्द तथा नाडोल ( मारवाड़ ) के चौहान कीर्तिपाल के सं॰ १२१८ सावन सुदि १४ के ताम्रपत्र में "राष्ट्रउड़" शब्द राठोड़ों के लिए मिलता है[8]। इसी राष्ट्रउड़ शब्द से राठोड़ बन गया और यही आजकल प्रचलित है।

आजकल राठोड़ अपने को सूर्यवंशी मानते हैं। राठोड़-राजवंश के प्रायः ५० प्राचीन शिलालेख और ताम्रपत्र दक्षिण गुजरात आदि से मिले हैं। इन में से वि॰ सं॰ ६९७ से १०६५ तक के ८ लेखों में राठोड़ों

१ ब॰ हि॰ ई॰ ( तृतीय संस्क॰ ) पृ॰ १२१।

२ डॉ॰ बर्नेल रट्ट शब्द को तेलगु भाषा के रेड्डी शब्द का रूपान्तर मानते हैं जो उस भाषा में वहाँ के आदिम निवासी किसानों के लिए प्रयुक्त होता है।

३ केव टेम्पल्स इन् इण्डिया, पृ॰ ११।

४ अर्ली हिस्टरी ऑफ् दि देखन, पृ॰ ४०।

५ ऍपिग्राफिया इं॰, भा॰ ८, पृ॰ १६३, प्र॰ ई॰, जि॰ ८, पृ॰ १११।

६ ई॰ ऍ॰, जि॰ १२, पृ॰ २२०।

७ ज॰ बॉ॰ ब्रा॰ ए॰ सो॰, जि॰ १८, पृ॰ २६१।

८ जोधपुर राज्य के बाली परगने के गाँव कायलाणा का अप्रकाशित लेख इस प्रकार है—

संवत १२०८ माघ सुदि १

सोम को जसधवल राठ

राष्ट्रउड़ पुन्यसिंह सुत

पृथ्वीपाल सुत व इस्तु सा

मनह वि॰ पंचम दा (?) कारीता

का चन्द्रवंशी होना लिखा है[1], बाकी में उन की उत्पत्ति के विषय में कुछ नहीं लिखा। राठोड़ों का सूर्यवंशी होना सोलहवीं शताब्दी के लेखों से प्रारम्भ हुआ पाया जाता है।

इतिहासवेत्ताओं में एक और विवाद चला आता है। वह यह है कि क्या राठोड़ और गाहडवाल (गहरवार) वंश एक है या भिन्न। जोधपुर राज्य के मतानुसार गाहडवाल और राठोड़ एक ही वंश है और गाहडवाल राठोड़ों की एक शाखा मात्र है। इस विषय में कई विद्वान् यह प्रश्न करते हैं कि राठोड़ों का गोत्र गौतम और गाहडवालों का कश्यप है, फिर दोनों एक कैसे? गहरवारों का राठोड़ होना आज तक किसी शिलालेख में नहीं मिला। राठोड़ों की गाहडवाल शाखा होना किसी ख्यात या काव्य आदि में भी नहीं पाया जाता। राठोड़ और गाहडवाल आज तक आपस में विवाह तक करते हैं[2]। इस के सिवा गाहडवालों को कर्नल टॉड ने राठोड़ों से हलका माना है। पुराने लेखों में गाहडवालों को सूर्यवंशी और राठोड़ों को चन्द्रवंशी लिखा है।

इन शङ्काओं के उत्तर में जोधपुर राज्य के इतिहास-विभाग का कहना है कि गोत्र तो अपने गुरु के बदलने पर बदल जाता है। विवाह एक ही खाँप (कुल) की उपशाखा में हो जाया करता है और गाहडवाल भी अपने को राठोड़ ही कहते हैं। रहा चन्द्रवंश और सूर्यवंश की बात; सो यह एक मनगढ़न्त कल्पना मात्र है। इस विषय में कैप्टेन ल्युअर्ड[3], हेमचन्द्र राय[4], ओझा आदि कई विद्वानों का मत है कि गाहडवाल राठोड़ों की शाखा नहीं है, गाहडवाल एक स्वतन्त्र कुल है। कन्नौज के गाहडवालों के राज्य में बदायूँ पर राठोड़ों का अधिकार था।

इस के साथ-साथ यह प्रश्न भी है कि वर्तमान जोधपुर-राजवंश के मूलपुरुष किस के वंशधर हैं? राज्य तो इन को कन्नौज के गाहडवाल महाराजा जयचन्द्र के वंशधर मानता है। उस के मत में कन्नौज के गाहडवाल और उस के पड़ोसी बदायूँ के राठोड़ों का मूलपुरुष एक ही था; अर्थात् जो चन्द्र नाम का था। उस का कहना है कि चन्द्र ने पहले बदायूँ और बाद में कन्नौज पर अधिकार किया। बदायूँ में वह राठोड़ कहलाया और कन्नौज में उस के वंशजों का नाम गाहडवाल पड़ा। क्योंकि कन्नौज का पुराना नाम गाधिपुर था जो बिगड़ कर गाहडवाल हुआ। चन्द्र का बड़ा पुत्र मदनपाल कन्नौज की गद्दी पर बैठा और विग्रहपाल को छुटभैया रूप में बदायूँ का राज्य मिला। यही हाल सं० १२५३ के आसपास तक रहा। कन्नौज की शाखा में जयचन्द्र और उस का पुत्र हरिश्चन्द्र हुआ और बदायूँ की शाखा में लखनपाल (लगभग वि० सं० १२८० में)। कन्नौज की शाखा में हरिश्चन्द्र का पुत्र सेतराम माना जाता है जिस का पुत्र राव सीहा वि० सं० १२८२ के लगभग कन्नौज से मारवाड़ में आया।

परन्तु कई विद्वानों का मत इस के विरुद्ध है। वे तो बदायूँ की शाखा को राठोड़ और कन्नौज की शाखा को गाहडवाल मान कर इन दोनों राजवंशों को भिन्न-भिन्न मानते हैं और कहते हैं कि कन्नौज और बदायूँ के राजघरानों का मूलपुरुष एक न था, जैसा कि जोधपुर राज्य के महकमे-तवारीख़ ने माना है। बदायूँ के

---

१ ए० इ०, जि० ६, पृ० २६; ज० बं० ए० सो०, जि० १८, पृ० २६१।

२ क्षत्रियमित्र (दिसंबर १९३३), भाग २४, संख्या २१, पृष्ठ २५, पंक्ति ३३।

३ इण्डियन प्रिंसेज़ ऐंड चीफ़्स ऐंड लीडिंग फ़ेमिलीज़ इन सेंट्रल इंडिया (१९२२ ई०), पृ० ३।

४. डायनेस्टिक हिस्ट्री ऑव् नॉर्दर्न इंडिया (प्राचीन काल और मध्य काल), कलकत्ता युनिवर्सिटी, जि० १, पृ० ५५४-५५।

राठोड़ों के मूलपुरुष का नाम चन्द्र मिलता है और कन्नौज को विजय करने वाले राजा का नाम चन्द्रदेव। बदायूँ का चन्द्र कन्नौज के चन्द्रदेव से पहले हुआ था। उस के छठे उत्तराधिकारी मदनपाल का सं० ११७६ (ई० स० १११९) का शिलालेख गोंडा (अवध) ज़िले के सहेठ महेठ से मिला है। उस में लिखा है कि गाधिपुर (कन्नौज) के राजा गोपाल का सलाहकार विद्याधर था और मदन के समय भी वह उसी पद पर नियत था। गोपाल कन्नौज के गाहड़वाल राजाओं में कोई नहीं हुआ। इस से पाया जाता है कि मदन गोपाल का पुत्र होगा। बदायूँ के शिलालेख में गोपाल के तीन पुत्रों के नाम त्रिभुवनपाल, मदनपाल और देवपाल लिखे हैं, जिन्हों ने एक-दूसरे के बाद वहाँ का राज्य पाया। मदन या मदनपाल वि० सं० ११७६ (ई० स० १११९) में विद्यमान था। उस के पहले उस का भाई त्रिभुवनपाल राजा था और त्रिभुवनपाल का पिता गोपाल कन्नौज का राजा था। इस से पाया जाता है कि बदायूँ के राष्ट्रकूट राजा गोपाल ने पड़िहारों के कमज़ोर होने पर उन का राज्य छीन लिया था। मदन या मदनपाल वि० सं० ११७६ में विद्यमान था, ऐसी दशा में उस के भाई त्रिभुवनपाल का वि० सं० ११५६ के आसपास होने का अनुमान किया जा सकता है और गोपाल का वि० सं० ११३६ (ई० स० १०७९) के आसपास मौजूद होना माना जा सकता है।

उधर गाहड़वाल चन्द्रदेव का सब से पहला दानपत्र वि० सं० ११४८ (ई० स० १०९१) का मिला है[1], इसलिए पाया जाता है कि गाहड़वाल चन्द्रदेव ने राठोड़ गोपाल या उस के पुत्र त्रिभुवनपाल से कन्नौज का राज्य छीन लिया हो।

बदायूँ के शिलालेख के अनुसार वंश-वृक्ष नीचे लिखे अनुसार बनता है—

१. चन्द्र (राष्ट्रकूट)
२. विग्रहपाल
३. भुवनपाल
४. गोपाल (कन्नौज का राजा)

५. त्रिभुवनपाल — ६. मदनपाल (वि० सं० ११७६ में विद्यमान) — ७. देवपाल

७. देवपाल
८. भीमपाल
९. शूरपाल

१०. अमृतपाल — ११. लखनपाल

गाहड़वाल चन्द्रदेव ने कन्नौज का राज्य या तो गोपाल राठोड़ से या उस के पुत्र त्रिभुवनपाल से लिया होगा। बदायूँ का राठोड़ चन्द्र, गाहड़वाल चन्द्रदेव से भिन्न और उस से पहले हुआ था।

उन का कथन है कि बदायूँ (कन्नौज प्रान्त) के राठोड़ों के वंशज सेतराम व सीहाजी थे। जोधपुर के राठोड़ गाहड़वाल राजा जयचन्द्र के वंशज होते तो बुन्देलों की नाईं वे गाहड़वालों की छोटी शाखा में माने जाते। अतः वे गाहड़वाल नहीं किन्तु शुद्ध राठोड़ ही हैं।

१. ऐ०—आ० स० ई० (न्यू सीरीज), जि० १, पृ० ७१; ज० बं० ए० सो०, जि० ६१, भा० १।

ऐतिहासिक खोज के पूर्व कन्नौज के राजा जयचन्द्र को पृथ्वीराजरासो और कर्नल टॉड के अनुसार राठोड़ ही मानते थे। परन्तु अब कन्नौज के जयचन्द्र के पूर्वजों के अनेक ताम्रपत्र मिले हैं जिन में उन को गाहडवाल ही लिखा है, राठोड़ कहीं नहीं लिखा। इस से विद्वानों ने अनुमान किया है कि कन्नौज का गाहडवाल राजवंश एक स्वतन्त्र वंश है, वह किसी की शाखा नहीं। इधर जोधपुर राजघराना अपने को राठोड़ मानता है इसलिए इस राठोड़-वंश का कन्नौज से आना मानते हैं परन्तु बदायूँ भी कन्नौज राज्य के अन्तर्गत था। इसलिए बदायूँ से गए हुए राठोड़ कन्नौज राज्य से आए हुए माने जावें तो कोई आपत्ति नहीं।

जोधपुर के राठोड़ों का सम्बन्ध कन्नौज के गाहडवालों से मिलाना शायद भाटों की कल्पना है। आधुनिक खोजों से वह कल्पना हिल गई है और इन की उत्पत्ति क न्नौ ज प्रा न्ती य ब दा यूँ के राठोड़ों से होना पुष्ट हो रहा है। जो हो, इस में तो तनिक भी सन्देह नहीं कि मारवाड़ में प्रथम प्रवेश करने वाले तथा इस वर्तमान राठोड़-राजवंश के मूलपुरुष राव सीहाजी राठोड़ ही थे जो लगभग सं० १३०० के इधर आए।

---

# भूवृत्त

# नकुल का पश्चिम-दिग्विजय

श्रीयुत जयचन्द्र विद्यालंकार

प्रस्तावना

वह माँगे पिसाई, वह पत्थर डाले !

कईं पीता खीर, कईं पीता पाणी, रात इक्को जीं विहाणी ।

किसी ने पिया दूध, किसी ने पिया पानी, रात एक-सी बीती ।

कईं गोए दी पेसी दे अग्गे ई हाल दिस्सा हाई ।

किसी ने गोबर की पोथ के आगे भी (दिल का) हाल दिया (कहा) था !

आदमी दुखी होता है तो पत्थर को भी जा सुनाता है ।

कख दी चोरी, ते लख दी चोरी ।

तिनके की चोरी, और लाख की चोरी ।

दोनों का नाम चोरी है ।

कटी कुद्दी है किल्ले दे जाण ते ।

कटड़ी कूदती है खूँटे के बल पर ।

कदाई तां डोमां ई गांवण छड्या हाई ।

कभी तो डोमों ने भी गाना छोड़ दिया था ।—कभी तो हर कोई अपनी प्रकृति छोड़ देता है ।

पंजाब में डोमों का मुख्य पेशा ब्याह-शादी में गाना है ।

कणक दा पंध, सुत्ते बाल दा हत्थ ।

[पंध=कई सतों का एक ढेर]

गेहूँ का पंध और सोते बालक का हाथ (बराबर होते हैं) ।—सोता बालक बहुत बोझल होता है ।

कन्ध पैरे ते, रोटी पेटे ते ।

दीवार नींव पर (अनुसार), रोटी पेट पर (अनुसार) ।

कन्ध दा विछोड़ा, पन्ध दा विछोड़ा ।

[पन्ध=पथ, रास्ता]

दीवार का विछोह, दूर देश का विछोह (एक ही है) ।—चाहे दीवार भर का हो चाहे दूर का हो विछोह तो विछोह ही है ।

कन्ध कू लेपा डेवो, कन्ध ई सूणी लगदी ह।
दावार को लाप दो, दावार भी सुन्दर लगता है।

कन्धाँ कू कन्न हेन।
दावारों का (भी) कान हैं।

कन्धी ते नुस्टडा अज्ज ढट्टा कॅ कल।
[कन्धी=नदी का कगार बस्टडा=बूटा पौदा]
कगार पर बूटा, आज गिरा या कल।
बूढे आदमी की जिन्दगी का क्या भरोसा है?

कन्धू दूर, कन्धारू दूर।
दावार से दूर (है तो), कन्दहार से दूर (है तो, एक ही बात है)।

कपड़ा आपे तू मेकूं रख ताः कर, ते मैं तैकूं कड्डा पातशाः कर।
कपडा कहता है तू मुझे रख तह कर, तो मैं तुझे निकालू बादशाह (बना) कर।

कब्बर चूनेगज, मुर्दा बेइमान।
कब्र पर तो चूना फिरा है, मुर्दा बेईमान (है)। ऊपर से सुन्दर, अन्दर से कुटिल।

कम करे गोली, टप बाने ममोली।
काम करे दासी, कूद (कर) बैठे निठल्ला।
घर में जिन्हें एक सा काम करना चाहिए, उन में से एक तो दासी की तरह काम करती है, दूसरी निठल्ली बैठी रहती है।

कम दा कम, ते दिल्ली तोडी वञ्ञ।
काम (के बदले) का काम (है), तो दिल्ली तक जा।
दूसर से कराए काम के बदले में उस का काम करना पड़े, तो शिकायत न करनी चाहिए।

कम पिआरा होंदे, चम पिआरा नई होंदा।
काम प्यारा होता है, चाम प्यारा नहीं होता।
आदमी के काम से मतलब होता है, उस का मुँह तो देखना नहीं होता।

कमले जट्ट कचोरा लद्धा पी पी ढिड्ड अफरा!
पगले जाट ने कटोरा पाया, पी पी पेट अफरा (लिया)।
दुर्लभ चीज पा कर फूले न समाना।

कमल्यां दे सिर कोई सिंग होंदेन?
पगलों के सिर कोई सींग होते हैं?

कर मजरी ते खा चूरी।
कर मज़दूरी तो खा चूरमा। महनत का फल मीठा होता है।

F 1.

घर वड़ाई त धा छाई।

[वड़ाई = घमण्ड। छाई – धूल]

अभिमान कर, तो धूल था। ऊँचे शाल का सिर नीचा।

धर्मां नाल विलड़ी भेड़, दूइ तुन दाव।

[विलड़ी = पगली भेड़ी। भेड़ण = झगड़ना]

पगली कर्मों के साथ झगड़ा कर। झूठे दावे बाँधे।

कर्मों पर कभी किसी का वश चल सकता है?

वहाणियाँ मुराणियाँ, मुट्टी पुत्र करन, जर धन्म निकम्म उठ बह सुणेन।

[बहाणियाँ = 'कहाणियाँ' का अनुकरण शब्द। मुनिअण = मुनित होना ठगा जाना गँवाना]

कथा कहानियाँ, गँवाऊ (निठल्ले) वहे किया करते हैं, जो घर में निकम्मे (हैं) वे ही बैठ सुना करते हैं।

काई सव्वड़ ह जा पूरा नई आन्दी?

(यह) कोई रजाई है जो पूरी नहीं आती?

किसी ऐसी वस्तु के विषय में, जिस को थोड़ा थोड़ा कर के बहुतों में भी बन्वारा हो सके, कोई सदेह दिखलाए कि इतने आदमियों को कैसे पूरी पड़ेगा, तब यह कहा जाता है।

काँ, किराड़, कुत्ते त, विसा न करें सुत्ते ते।

कौआ, किराड़ (और) कुत्ता (इन तीनों) पर—सोते पर (भी तू) विश्वास न करना। इनकी नींद बड़ा कच्ची होती है। जरा से खटके से जाग जाते हैं।

का गए हन हंसाँ दी चाली सिक्खण, आपणी ई वञा आए हन।

[वञावण = गँवाना]

कौए गए थे हंसों की चाली सीखने, अपनी भी गँवा आए थे।

काँ नी जिब्भा खाधी होई हेस (या, काँ दा भेजा खाधा होया हेस।)

(इस ने) कौए की जीभ खाई हुई है (या, कौए का भेजा खाया हुआ है)। बहुत बतियाने वाले के विषय में कहा जाता है।

काजी ता मोया कजा नाल, तू क्यिउ मोयों रजा नाल?

काजी तो कजा से मरा, तू (अपनी) रजा से क्यों मरा? जिसे लाचार कष्ट भोगना पड़े वह भोगे, दूसरा व्यर्थ क्यों भोगे?

काड़सी काड़सा, जीन्दयाँ कू भुख मारसी, ता मोया कू क्या तारसी?

[काड़सी का केवल तुकबन्दी के लिए दोहरा दिया है]

एकादशी जीतों को भूखा मारेगी, तो मरों को क्या तारेगी?

काणी अख न रौंधी गुज्झी , तैं मारी ते मैं बुज्झी ।

[गुज्झी = गुप्त, छिपी । अख मारण = आंख से इशारा करना ; काणी अख मारण = कान की तरह अर्थात् टेढ़ी आँख से देखना, दुष्टतापूर्ण कटाक्ष]

"कानी आँख" छिपी नहीं रहती, तू ने "मारी" और मैंने बूझी ।

कात्यां दा चिलकार ते नौलू जागदा ।

छुरियों की झनझनाहट (हुई) और न्योला जागता है। नींद में पड़ा जो व्यक्ति अपने मतलब की बात पर एकाएक जाग पड़े, उस पर अन्योक्ति ।

काल पिया दुचित्ता, मा पिउ ड्रेवण छोड़्या, धीरीं मारया पित्ता ।

[दुचित्ता = दोतरफा; काल = अकाल]

दोतरफा अकाल पड़ा, माँ बाप ने देना छोड़ा बेटियों ने बाप मारा ।

माँ बाप बेटी को देना छोड़ दें तो बेटी भी ऐसा व्यवहार करती है मानो वे मर गए हों ।

काले मूल न थींदे बगे, भांवें सौ मण साभण लग्गे ।

काले हर्गिज गोरे नहीं होते, भले ही सौ मन साबुन लग जाय ।

किटकिट घड़े दा पाणी सुकेंदी ए ।

किचकिच घड़े का पानी (भी) सुखा देती है ।

किराड़पुत्र जित्ती दुरचा उत्ती भुरचा ।

[भुरया = क्षीण होना]

किराड़पुत्र ने जितना सफर किया उतना क्षीण हुआ (धन से) ।

सफ़र में हर-हाल खर्च बहुत होता है ।

किराड़ दा छोटा भाई, जट दा जुँवाई ।

किराड़ का छोटा भाई जाट का जमाई (दोनों को नौकर के समान काम करना पड़ता है) ।

किराड़पुत्र वञा के सिखदे ।

किराड़पुत्र गँवा कर सीखता है ।—नुकसान उठाने के बाद उसे अकल आती है ।

किसबी दा किस्मत चल्ले कुण्ड दी जान गुले ।

[कुण्ड = कुण्ठितबुद्धि, अनाड़ी]

कारीगर की कारीगरी चलती है, अनाड़ी की जान जाती है ।—कारीगर की कारीगरी से जो काम हो जाता है, वह अनाड़ी के जान देने से भी नहीं होता ।

क़िस्मत बाझ न पीतो बुक भर, कौन आखे नसीबा ईवें कर ?

[बाझ = बिना। बुक = अञ्जलि]

किस्मत के बिना (तू ने) अंजलि-भर (पानी भी) नहीं पिया। कौन कहे कि नसीब, (तू) ऐसा कर ?—किस्मत के बिना सामने उपस्थित जल-भण्डार में से अञ्जलि-भर पानी भी किसी को नहीं मिलता, भाग्य से कोई अपनी मनचाही नहीं करा सकता।

कीते दा मैं कदर न जाणां खेड़ा बेबुण्यादा।

[खेड़ा = अरोड़ों की एक उपजाति]

किये की मैं कदर न जानूँ, (कैसा) बेबुनियाद—बेपेंदी का—खेड़ा हूँ।

कृतघ्न पर उक्ति।

कीतोस चा: नाल खादोस सट्टी दा: नाल।

(मैंने) किया (तो) चाव के साथ, (पर) खाया खट्टी छाछ के साथ।

असफलता पर खेद।

कुक्कड़ बांग न देसी, तां डीं न थीसी ?

मुर्गा बाँग न देगा तो (क्या) दिन न होगा ?

कुक्कड़ बांदा तोहां ते, भाजी देंदा मुँहां ते।

मुर्गा अपनी ख़ास जगहों पर ही बैठता है, (अमुक आदमी) मुँह देख कर भाजी बाँटता है (अपने लिहाज़-मुलाहज़े के आदमियों को ही देता है)। तुच्छ आदमी की मुर्गे के साथ तुलना।

कुचज्जी गई धौंवण, से आई घग्गरे दी लौंवण।

कुचज्जी नहाने गई, घाघरे का आँचल भिगो आई।

कुझ खाया कुझ पिच्छे जोगा रख्या।

[जोगा = योग्य]

कुछ खाया कुछ पीछे की ख़ातिर रखा। भला आदमी उपकार करने लगे तो एक ही समय उस पर बहुत बोझ न डालना चाहिए।

कुत्ता राज बहाइए, चक्की चट्टण जा।

कुत्ते को राजगद्दी पर बिठाइए (फिर भी) चक्की चाटने जाएगा।

कुत्ता वी पूछली वला बहिंदे।

[वलावणा = घुमाना, फेरना]

कुत्ता भी पूँछ फेर कर (पूँछ से जगह साफ़ कर के) बैठता है।

कुत्ते दी पुच्छ कूँ कई बारा वरये नडकी इच रख्या हाई, ता ई सिध्धी नाई थई।
कुत्ते की पूँछ को किसी ने बारह वर्ष नली में रक्खा था तो भी सीधी न हुई।

कुत्ते धरमसाल दे जिन्द डितीवैठे दाल ते।
[धरमसाल = गुरुद्वारा]
धरमसाला के कुत्ते दाल पर जान दिए बैठे हैं। पंजाब की धरमसालों या गुरुद्वारों में रोटी-दाल का लंगर (भण्डारा) खुला रहता है। धर्मस्थानों पर अपनी जीविका का निर्भर रखने वालों पर अन्योक्ति।

कुन्नीं उभरदी ए, आपणे कण्डल पई सड़ेंदी ए।
[साड़न = जलाना]
हाँडी उभरती है, अपने किनारे जला रही है। क्रोधी अपना ही बिगाड़ करता है।

कुम्भार दे घर वुट्टा लोटा।
कुम्हार के घर फूटा लोटा।—कुम्हार के अपने घर में फूटे लोटे ही रहते हैं, हलवाई स्वयं मिठाई नहीं खाते।

कोई न रिहा नाल, ते बैठी राम सम्भाल।
[सम्भालण = स्मरण करना]
कोई न रहा साथ, (तू) बैठा राम का स्मरण कर।

कोई मरे कोई जीवे, सुथरा घोल पतासे पीवे।
[सुथरा = इस इलाके का एक साधुओं का सम्प्रदाय]
कोई मरे कोई जिये, सुथरा बताशे घोल कर पीता रहता है।
किसी के सुख-दुःख में सहानुभूति न रखने वाले पर आक्षेप।

कोढ़ी नूँ गोदा खल दा, सूणी नूं टोटा महल्ल दा।
[कोढ़ा = कुरूप। सूणी = शोभना, सुन्दर]
कुरूप पताहू (मानो) खला का टुकड़ा है, (और) सुन्दर पताहू (मानो) महल का टुकड़ा है।

कोल्या दी दलालीं इच हत्थ ई काला पेर ई काला।
कोयलों की दलाली में हाथ भी काला पैर भी काला।

कौडी घड़ा भर, धी दा दाद पूरा करे।
[दाद = रिवाज का देन]
(माँ बाप चाहे) कौड़ी में (एक) घड़ा भरें, (पर बेटी का देन पूरा करें—जैसे वैसे बेटी का देन पूरा करना चाहिए)।

कौन कईं कण औंदा ? न रिस्मत आंदा गार।
कौन किसी के पास आता है ? भाग्य ही उसे पकड़ लाता है। बड़े भाग्य से किसी का आना होता है, आने वाले का स्वागत ही करना चाहिए।

खा पी न मुकर।

खा पी (कर) मुकर मत।

खावण आपणा तान पराई।

खाना अपना पडताल पराई। अपना खाना है तो दूसरों की पड़ताल क्यों की जाय?

खांवण दी मैं डुर्थी पुर्थी, पाई तां मैंडा जुँन।
कतण दी मैं भाँभणी, छिमाई वाड़ा सुँन।

[डुर्थी-पुर्थी=फीकी-फाकी, पाई=करीब सोलह सेर, जुँन=एक समय का भोजन, भाँभणी=बहुत ही तेज, वाड़ा=करीब आध पाव धुनी हुई रुई का गोला, सुँन=शून्य]

खाने में मैं बहुत ही ढीली हूँ, पाई भर मेरा एक समय का भोजन है! कातने में मैं बहुत ही तेज हूँ—छमाही में एक वाड़ा कभी निकालती हूँ, कभी वह भी नहीं।

खावणा छाणा ते पद मारने पिस्सी दे।

खाना चोकर और पाद मारना मैदे के।
अमीरी की झूठा डींगें हाँकना।

खावाँ पींवाँ सत वलाईं, उठी न सगाँ बुए ताईं।

खाऊँ पीऊँ (तो) सात बलाएँ, (पर) उठ न सकूँ दरवाजे तक (दरवाजे तक भी उठ कर न जा सकूँ)।

खावे गुल्ला मरीजे कल्हा।

खावे (तो) सारा परिवार (और) मारा जाय अकेला—पाप की कमाई करने वाले का धन खाता तो सारा परिवार है, पर फल उसे अकेले ही भोगना पड़ता है।

खावे पा कमावे स्वा, खावे सेर कमावे शेर।

खाये पाव तो कमाये राख, खाये सेर तो कमाये शेर (की तरह)। जो खायगा अधिक वह कमायेगा भी अधिक।

खिल खिल विढाईं कलेजे हथ घताईं।

[विढावण=हिसाब या बदला चुकाना]

(ऊपर से) हँस हँस (कर) चुका दूँ, (अन्दर से) कलेजे में हाथ डालूँ।
ऊपर से मीठे और अन्दर से घातक बनना।

खिल्या हस्या मन परचाया, नाँ कुझ गिआ नाँ कुझ आया।

हँस लिया, मुसकरा लिया, मन बहला लिया (इस से) न कुछ गया न कुछ आया।—खुशमिजाज बनने से यदि हाथ कुछ न आय तो जाता भी तो नहीं।

खीर दा खीर पाणी दा पाणी, गुजरी वेच के पिच्छोताणी।

[खीर=क्षीर, दूध]

दूध का दूध (रहा) पानी का पानी (हो गया); गूजरी बेच कर पछताई। इस कहावत पर एक कहानी है—एक गूजरी दूध में पानी मिला मिला कर बेचती रही। थोड़े दिनों में उस के पास कुछ रुपये जमा हो गए। उन से उस ने सोने के कंगन बनवाये। एक दिन वह नदी में मुँह हाथ धोने लगी तो उस के हाथ का एक कंगन गिर पडा और बह गया। तब उस की समझ में आ गया कि जो कंगन गिर गया वह पानी की कमाई का था और जो बचा है वह वास्तव में दूध की कमाई का है। सो वह बहुत पछताई और उस दिन से उस ने पानी मिलाना छोड़ दिया।

खुर्री दा दारू कोई नईं।

आयु-क्षय की कोई दवा नहीं।

खूहां दरिआवां दा अन्त पाते, बन्दयां दा अन्त कोई नईं पाता।

कुओं नदियों का अन्त पा लिया गया है, (पर) मनुष्यों (के हृदय) का अन्त किसी ने नहीं पाया।

खूह दी मिट्टी खूह खा वैंदे।

कुएँ की मिट्टी कुआँ (ही) खा जाता है।

गज़ां मुलू पग्गां वदा कच्छेंदे।

[कच्छण=मापना। वदण=फिरना; सहायक क्रिया-रूप में]

गजों बिना पगडियाँ नापता फिरता है।

साधनों बिना काम साधन की डींग हाँकना।

गॅंढ न पल्ले, ख़्वाँसा हल्ले।

गाँठ पल्ले (तो) कुछ है नहीं, जेब हिल रही है। पास में तो कुछ है नहीं, बातें बड़ी बड़ी बनाई जा रही हैं।

गङ्गी छुट्टी धांवण्यां तेल मिट्टी लावण्यां।

गंगा नहाने और तेल-मिट्टी लगाने से बच गई। पश्चिमी पंजाब और सिन्ध में प्राय मुलतानी मिट्टी से ही बाल धोये जाते हैं।

गरमी दा मण सहींदा वेंदे, वा दी रत्ती ई नईं सहींदी वैंदी।

पित्त का मन-भर सह लिया जाता है, वात की रत्ती भर भी नहीं सही जाती।

ग़रीबां रोज़े रक्खे, डीं वड्डे थए।

ग़रीबों ने रोज़े रक्खे (तो) दिन बडे हो गए।

दैव की मार भी ग़रीबों पर ही पडती है।

गुल्ली ते आया, तली ते खाया।

[तली=हथेली]

गली पर आया, हथेली पर खाया (गया)। घर के अन्दर भी न पहुँच पाया और खा उड़ा लिया गया।

गल्लीं ते सटेसी, शरीक ते मिन्नत न लैसी।
[शरीक=रिश्तेदार, दाय में भाग बँटाने वाला]
गली पर फेंकेगी, (पर) शरीक पर एहसान न करेगी।
चीज जाया चली जाय किन्तु किसी को देना नहीं।

गाँ न वच्छी, निन्द्र कर हच्छी।
(तेरे पास) गाय है न बछिया, अच्छी नींद कर।
गाय बछिया वालों को दिन रात का काम रहता है।

गाल नाल गाल अखाईं, वलें नाल नक कपाईं।
[वला=घुमाव]
बात के साथ बात कहूँ, एक ढंग से नाक काटूँ।
ढंग से बात कह के दूसरे को शर्मिंदा कर देना।

गालीं करेंदे, रम्बे दे गन कोलूं सिध्धां।
[रम्बा=खुरपा, गन=दस्ता]
बातें करता है खुरपे के दस्ते से भी सीधी।
बे सिर-पैर की बातें करता है।

गालीं धां गालीं, रोकां दे मोठ।
बातों की बातें, दामों के मोठ।

इस कहावत पर एक कहानी चली आती है। कोई आदमी मुलतान जा रहा था। उस के मित्र, परिचितों में से किसी ने कहा मेरे लिए वहाँ का रेशम लाना, किसी ने कहा चाँदी के बटन लाना, इत्यादि। दाम किसी ने न दिये। एक ने अधन्नी पकड़ाते हुए कहा मेरे लिए दो पैसे के मोठ लेते आना। जब वह लौटा तो जिस ने दाम दिये थे, उसे तो मोठों की पोटली पकड़ा दी। बाकियों से इधर-उधर की बातें करना शुरू किया। जब सब ने अपनी अपनी चीज़ों के विषय में पूछा, तब उसने उक्त कहावत सुना दी।

गिदड़ कूं जेरे वेले सी लगदे, ऊँ वेले गुड़ खटेंदे।
[सी=शीत]
गीदड़ को जिस समय जाड़ा लगता है, उस समय बिल खोदता है।

गुज़र गई गुज़रान, क्या झुपड़ी क्या मिदान ?
गुज़र हो गई—झोंपड़ी (हुई तो) क्या ? (और) मैदान हुआ तो क्या ?

गुड़ दी भा केरी कोड़ी होंदी हे ?
गुड़ की कौन सी जगह कड़वी लगती है ?
सभी स्नेही एक से प्यारे लगते हैं।

गुमास्ते खांदे शक्करां, ते शाः मरेंदे टक्करां ।
गुमाश्ते शक्करें खाते हैं और शाह टक्करें मारते हैं ।

गो क् मिली गो, जिश्रो श्रो ते जिश्रां श्रो ।
गोह को गोह मिल गई, जैसा वह है वैसा वह है ।

गोगी आप जोगी ।
[गोगी = छोटी सी मोटी रोटी]
गोगी अपने लायक ही है ।—जिस के पास गोगी है, उसी का पेट श्रम से मुश्किल से भर पाता है, दूसरे को क्या दे ?

गोरी नार, कजले दा सिंगार ।
गोरी स्त्री (का) काजल ही सिंगार हो जाता है ।

घर ए तां जग ए ।
[ए = हे = है]
घर है तो जग है ।

घर कुड़ी जग ढोका ।
[कुड़ी = बहू, दुलहिन]
घर (में) बहू, लोगों में ढंढोरा ।

घर डांग नईं बन्दूक ले आओ ।
घर लाठी नहीं है, (कहते हैं) बन्दूक ले आओ ।

घर दाणे नईं, "अम्मां पीड़ण गई ए" ।
घर दाना नहीं है (कहते हैं) अम्मां पीसने गई है ।

घर दा जोगी जोगड़ा, बार दा जोगी सिद्ध ।
घर का जोगी जोगड़ा, बाहर का जोगी सिद्ध ।

घर दा भेदी लंका ढावे ।
घर का भेदी लंका ढाय ।

घर दी सड़ी भर गई, ते भर कूं लग्गी भा ।
घर की जली झाग गई, तो झाड़ने को (भी) आग लग गई ।

घर दी गंगा धांदा कोई नईं ।
घर की गंगा नहाता कोई नहीं ।

घर दी होवे रज्जी, बारूं आवे थाली कज्जी ।
घर की अघाई होवे (तो) बाहर से भी थाली ढकी आवे ।

घर लक्ख दा, बैंर कख दा।
घर लाख का, बाहर तिनके का।

घरु न फिट्टे ताणां, ते कोई न सड्डे काणी।
घर में से ताना न बिगड़े, तो कोई कानी न पुकारे। घर के लोगों में एकता हो तो बाहर बेइज्जती नहीं हो सकती।

घरुं सिख दिराणी दी मत, बारुं सिख गवांढण दी मत।
[दिराणी = दिरानी, किन्तु पति के भाई को—चाहे वह बड़ा हो छोटा—देर (देवर) कहा जाता है, इस लिए यहाँ दिराणी का अर्थ जेठानी है]।
घर में से सीख जेठानी की मति, बाहर से सीख पड़ोसन की मति।

घाई घा मारेंदा मर गिआ, ध्रत्र सावे दा सावां।
[घा मारना = घास काटना]
घसियारा घास काटता काटता मर गया, दूब हरी की हरी।

घिउ खांदे सुके, ते पाणी पींदे कुप्पे।
[कुप्पे = मोटे मुसण्डे]
घी खाते सूखे, और पानी पीते मोटे-ताज़े।

घिन्नण कीते भीण मिल्याणी, डेवण कीते मुसलमानी।
लेने की खातिर 'बहन मखि' (पुकारती है), देन की खातिर (अपने को) मुसलमानी (बताती है)।

घूं इच जित्ती लक्कड़ मारो उत्ती बो खिन्डदी हे।
गू में जितना लकड़ा चलाओ उतना बदबू फैलती है।

घूं ई गोए ते चघदे।
[चघण = दाग बता कर चिढ़ाना]
गू भी गोबर को चिढ़ाता है।

चड्डे दी चङाई, उलटा सिर कूँ खावण आई।
भले की भलाई उलटा सिर को खाने आई। भले-न बुरे की भलाई की, तो भले को कष्ट ही उठाना पड़ा।

चारे पल्लो मैंडे चिक्कड़ भरचे, केरा मल मल धोवां?
मर चारों पल्ले कीचड़ से भर (हैं), कौन सा मल मल कर धोऊँ?

चाकरां दी चूकरां ते चूकरां दी कीश कीश।
[चूकर = चाकर के नमूने पर कल्पित शब्द]
चाकर (के जिम्मे) की (बात) 'चूकर' पर पड़ा, चूकरों की टालमटाल।
एक दूसरे पर छोड़ता है, दूसरा तीसरे पर, इस तरह काम यों ही रह जाता है।

चाँदणी रात ते मा पिउ दा राज़।
चाँदनी रात और माँ बाप का राज। माँ बाप का राज्य चाँदनी रात की तरह होता है।

चिट्टा सिर धुप ते कीतेस!
[चिट्टा=सफेद]
(अमुक ने) धूप पर (से) सिर सफेद किया है।
बूढ़ा है, किन्तु व्यवहार बुद्धिमत्ता का नहीं।

चिट्टी दाढ़ी ते अट्टा ख़राब।
सफेद दाढ़ी है और (फिर भी) भाग्य खराब (अपना मिट्टी ख़राब करते हैं)। सफेद दाढ़ी होने पर भी बुराइयों से बाज़ नहीं आते।

चिन्ता चिता बरोबर ए।
चिन्ता चिता समान है।

चिट्टे कपड़े ते सलामी दी नटी।
सफेद कपड़े तो सलामी की आफत। केवल सफेद कपड़े पहन कर चल फिरने वालों के कारण लोगों पर सलामी की आफत आ पड़ती है।

चिट्टा वेड़ा द नदुम्में ईं बुरे पएन, गुण होवेन।
सफेद तो कपास के ढोड़ भी बहुत पड़े हैं, गुण हों। गोरे रंग से कुछ नहीं होता गुण होने चाहिए।

चिट्टा भड़क द वट्टे द वट पएन।
[भड़क=दूधिया रंग का पत्थर; वट्टा=पत्थर भड़क द वट्टे=दूधिया रंग के पत्थर]

चुआ खुड न मावे पिच्छू रस्से छज्ज।
चूहा (स्वयं तो) बिल में नहीं समाता (और अपने) पीछे सूप बाँधे (बाँध लाता है)।

चुल अंगारयाँ नई रज्जी, मा बाल्याँ नईं रज्जी।
चूल्हा (कभी) अंगारों से नहीं अघाया माँ (कभी) बच्चों से नहीं अघाई।

चुल ते, मा दिल ते।
(जो) चूल्हे पर, सो दिल पर। जो समीप होता है उसी से अधिक प्रेम होता है।

चुल दी ग़ैर, कुल दी ख़ैर।
चूल्हे का कुशल, कुल का कुशल। पहले अपनी भलाई करो कुल की भलाई स्वयं होगी।

चुल द पिच्छू पसरी, उठ सस्सेड़ घर मेरा।
अगे खाधा ई बुतरा, हुण वारी आया ई मेरा।
[खाधा ई=तूने खाया है]
(बहू कहती है) चूल्हे के पीछे पसरी [ये शब्द केवल तुकबन्दी के लिए हैं], अब उठ सास, घर मेरा (है)। आगे तूने बहुतरा खाया है, अब मेरी बारी आई है।

चेत्र विसाख भँवे, जेठ हाड़ सँवे,
सावण भद्रों धँवे, अस्सूं कत्ते थोड़ा खावे,
तवीव पुच्छण न जावे।
चैत वैसाख घूमे, जेठ असाढ़ सोवे,
सावन भादों नहावे, असौज कातिक थोड़ा खावे,
(तो) हकीम (को) पूछने न जावे।

चोर आवे तां छपीजे, चुगल आवे गाल लुकीजे।
चोर आय तो चीज़ छुपाई जाय, चुगलख़ोर आय तो बात छुपाई जाय।

चोर कू आख्या 'घर भन्न', साध कू आख्या 'भजदा पई'।
चोर को कहा 'घर फोड़', साधु को कहा 'टूट रहा है'। इधर की बात उधर, उधर की इधर।

चोर दा ग्वाः गण्ढीकप।
चोर का गवाह गिरहकट।

चोरी कोलूं मीणां हे, जारी कोलूं मीणां हे, पोरत्ते दा के मीणां हे?
चोरी से उलहना (मिलता) है, जारी से उलहना है, मेहनत मजूरी में क्या उलहना है?

छत्ते मूं दो आ वैसेन, जुम्मां आया खड़े!
[छुत्ते = सिर के बाल; मूं दो = मुँह की तरफ।]
छत्ते मुँह के सामने आ जायँगे, जुम्मा आया खड़ा है। मुसलमान लोग जुम्मे पर हजामत करवाते हैं। जब कोई किसी के दोष दिखाए तो वह कहता है, समय दूर नहीं है, तुम्हारे दोष भी सामने आ जायँगे।

छा न मक्खण अजाया भगण।
छाछ न मक्खन, व्यर्थ का बिलोना।

छिक्के ते पड़छिका, तुसां बारां ते मैं हिक्का।
[पड़छिका = छीकों की परम्परा]
एक छीके पर दूसरा छीका, उस पर तीसरा, (इसी प्रकार) तुम बारह और मैं अकेली।
एक छीके पर टँगे अनेक छीके जैसे एक ही छीके का काम देते हैं, वैसे तुम बारह का मैं अकेली मुक़ाबला कर सकती हूँ।

जँञ पराई ते आमक नच्चे।
पराई बरात पर मूर्ख नाचता है।

जुट कू किस दी वडाई? शुक दी वडाई।
जाट को किस का अभिमान? थूक का। तुच्छ मनुष्य तुच्छ वस्तु पर इतराता है।

जट के जाणे कचालू खा ?

जाट क्या जाने अरबी खाना ? बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद ?

जट बुधान, अल्ला दी अमान।

मोटू जाट, भगवान पर आश्रित।

जट्ट कुनींचट्ट, पिआला धो ते मुच्छां वट्ट।

जाट देगचा चाटे, प्याला धोवे (धो कर पा जाय) और (उस पर भी) मूँछों पर ताव देता है।

जम ते मत होंदी ए।

जन्म पर समझ होती है। आयु के अनुसार समझ।

जम्म न डिना डुँदवण ने लालां भरया वात।

[जम्म – 'जम कर, जन्म ले कर, डुँदवण डुँदण = दातुन करना, वात = वदन, मुँह]

पैदा हो कर (पैदा होने के बाद से) दातुन नहीं किया तो (भी) मुँह लारों से भरा है। दाँतुन करने से लार टपकनी चाहिए, पर उस के बिना टपक रही है। उम्र भर तो अमुक चीज देखने को नहीं मिली, अब नखरे हो रहे हैं।

जवाँ दी ढेरी, गद्दू रखला।

जौ की ढेरी, गधा रखवाला। दूध की राखी बिल्ली।

जाए सिखेंदे आए।

[आए = पैदा हुए बच्चे]

बच्चे सीख देते आए (हैं)। आने वाली सन्तति पिछलों से अधिक चतुर होती है।

जागदयाँ दीयां कटयां, सम पिआं दे वट्टे।

जागतों की कटड़ियाँ सोतों के कटड़े। बँटवारे के समय जागने वालों ने तो कटड़ियाँ ले लीं और सोने वालों के हिस्से के कटड़े बचे। जागरूक नफे में रहते हैं।

ज़ात दी किरली, छतीरां हथ पाने।

जाति की छिपकली (हो कर) शहतीरों पर हाथ डाले।

तुच्छ व्यक्ति ऊँचे काम में हाथ डालना चाहता है।

जाया पुत्र ते वंडो रेत।

पुत्र पैदा हुआ है तो बालू बाँटो। कुपूत है इस कारण।

जितना पोश उतना पाला;
जितना धन उतना डिवाला;
जितना कुटुम्ब उतना मुकाला।
जितने कपड़े उतना जाड़ा (अधिक कपड़ों वाले को जाडा अधिक लगता है), जितना धन उतना दिवाला, जितना कुटुम्ब उतना मुँह काला (अपयश)।

जित्तों गुड़ तित्तों मिठाई।
जितना गुड उतनी मिठास।

जित्ती पड़्या उत्ती सड़्या।
जितना पढ़ा उतना जला (बिगड़ता गया)।

जित्थां घग्घर वाली वस्से, उत्थां सिन्नां सुका मूल न वच्चे।
[घग्घर वाली = कोई एक स्त्री]
जहाँ घग्घर वाली बसे, वहाँ गीला (हरा) सूखा कुछ भी नहीं बचता।

जित्थां लग्गी भा, उत्था सड़ी भा।
जिस जगह आग लगी, वहीं जगह जली। जिस तन लागी सोई तन जाने और न जाने कोई।

जिन्ते सौ तिन्ते पँझा।
जिधर सौ (गये) उधर पचास (और सही)।

जिन्द सुख, जहान सुख।
(अपनी) जिन्दगी सुखी (है) तो जहान सुखी (है)।
अपनी तबियत खुश हो तभी सब कुछ अच्छा लगता है।

जिन्द ए तां जहान है।
जिन्दगी है तो दुनिया है।

जिन्नां घर दाणे, ओ कमले ई सिआणे।
जिन के घर दाने (अन्न अर्थात् धन धान्य), वे मूर्ख भी सयाने।

जिन्नां जुत्ते खू सुख न सुत्ते रु।
[रु = रूह]
जिन्हों ने कुएँ (रहट) जोत (खेती-बाड़ी की), वे सुखी चित्त से न सोए।
पच्छिमी पंजाब में खेती कुओं के चौगिर्द ही होती है। और कुओं पर रहट चलते हैं।

जिन्ना रड़ा भोगिआ सावण तिना ते वुट्ठे।
[रड़ा = सूखी भूमि या सूखा मैदान, वुट्ठे = बरसे]
जिन्होंने सूखा भोगा, सावन उन्हीं पर बरसे।
दुःख के बाद सुख अनिवार्य होता है।

जिभ आरया मिट्ठा मिट्ठा, संग आख्या कुझ न डिट्ठा।
जीभ ने कहा मीठा मीठा, गले ने कहा कुछ न देखा। चीज स्वादु, तो थी, पर थी इतनी जरा सी कि गले तक पहुँची ही नहीं।

जीन्दा शेर ए, मोया मिट्टी दा ढेर ए।
जाता (मनुष्य) शेर है, मरा मट्टी का ढेर है।

जीवें करनी उवें भरनी।
जैसी करनी वैसी भरनी।

जीवें चोला पाड़ी हेइ, उवें वैं कर सीं।
जैसे (तू ने) चोला फाड़ा है, वैसे बैठ कर सी।

जुलाब घिनए तां पक्के कोठे कूं संध लावए हे।
जुलाब लेना तो पक्के काठे को सेंध लगाना है।

जू मुत्तु सुरकार नईं, धी मुत्तु हाल नईं।
जूँ के बिना खुजलाहट नहीं, बेटी के बिना (दिल का) हाल नहीं (कहा जाता)। माँ अपना दिल बेटी के आगे खोलती है।

जे नू कुआरी, सस गुल्यां तू वारी।
जे नू परनी सस शीख़ डिची घड़नी।
जे नू पीढ़े वैठी आ के, सस शीख़ डिची ता के।
[शीख़ = लोहे की सलाई जिस पर कबाब भूना जाता है]
जो (जब) बहू क्वारी, तो सास गलियों पर वारी (बहू के कूचे पर भी वारी जाती है)। जो बहू ब्याही आई, तो सास ने सलाई गढ़ा जान को दी। जो बहू पीढ़े पर आ के बैठी, तो सास ने सलाई तपा कर दी।

जेरा बाल पिआ मुरके, ऊँदी मा किउँ धुड़के?
जो बच्चा हगता रहे, उस की माँ क्यों डर?
कब्ज न होगी तो बच्चा बीमार न होगा।

जेरा बोल्ले, उओ बुआ खोल्ले।
जो बोले, वही दरवाजा खोले।

जेरा सड़े, चार डिहाड़े अग्गे मरे।
जो जल (ईर्ष्या करे), चार दिन पहले मरे।

जेरा सुख ह छज्जू दे चवारे, ओ न बलख़ न बुख़ारे।
जो सुख है छज्जू के चौबारे, वह न बलख़ में न बुख़ारे में।

अपने घर में जो सुख है वह विदेश में हर्गिज़ नहीं। छज्जू भगत का चौबारा लाहौर में अब भी है। यह छज्जू की उक्ति मानी जाती है। वह बहुत दूर दूर घूमा था।

जेरी फुट्टी न विआई, ओ के जाणे पीड़ पराई।
जो न (कभी) फूटी (जिस के कभी गर्भपात नहीं हुआ) और न वियानी, वह पराई पीड़ा क्या जाने?

जेरे राह न वैंत्रणा, ऊँदा पंध के पुछणा?
[पन्ध = पन्था, दूरी]
जिस रास्ते न जाना, उस की दूरी क्या पूछना?

जेरां दे शेर थी खड़ोंदेन।
[जेर = जरायु]
जरायुओं (छोटे बच्चों) के शेर बन खड़े होते हैं। छोटे बच्चे के मरने का भी अफ़सोस कुछ कम न मानना चाहिए। बड़ा हो कर वह भी जवान बन जाता।

जे वस होवी आपणा, पाणी मंग न पीं।
यदि अपना वश चले, (तो) पानी (भी) माँग कर मत पी।
जहाँ तक हो स्वावलम्बी बनो।

जैकूं रक्खे साइयाँ, मार न सग्गे को।
जाको राखे साइयाँ, मार न सकिहै कोय।

जैं खाधी सगुले दी दाल, ओ के जाणे टवरां नाल।
[सगुला = छोटी देगची। टब्बर = कुनबा]
जिस ने (छोटी सी) देगची की दाल खाई हो वह कुनबों के साथ (रहना) क्या जाने?

जैंदा खाविए, ऊँदा गाँविए।
जिस का खाइए, उस का गाइए।

जैंदा बाल बुलाया, ओ मा बुलाई।
जिस के बच्चे को बुलाया (दिया, खिलाया) गया, वह माँ बुलाई गई।

जैंदी पेकी पत्राई दुक्खी, ओ धी के जलेसी सुक्खी?
जिस का मायका तरफ़ दु:खी, वह बेटी क्या सुखी (जीवन) गुजारेगी?

जैंदे पिच्छूं चार, ऊकूं कड्ढो मार।
जिस के पीछे चार (आदमी पड़ जायें) उस को मार निकालो।

जैंदे हत्थ डोई, भुक्ख मोया सोई।
जिस के हाथ चिलड़ा, वही भूखा मरा।
बाँटने वाला सदा घाटे में रहता है।

जो कुज्झ करे खीर, न गुर करे न पीर।
जो कुछ (लाभ) दूध करता है, (सो) न गुरु करता है न पीर।

जो कुज्झ करे घिउ, करे न मा करे न पिउ।
जो कुछ (लाभ) घी करता है, (सो) न माँ करती है न बाप।

जो मन हाबी आपणा पर दी जाव्वाँ जाण।
(तो) अपना मन जैसा हो, दूसर का भी वैसा जान।

झड़ भिड़कोल डाँ गिआ, बिलल्ली दा ठक्कुर भुक्ख मोया।
झड़ बदली में दिन चला गया, कुचाली का कुनबा भूखा मरा।

ˈझिका न खावे थिका।
[झिका = झुकने वाला, विनीत]
झुकने वाला धक्का नहीं खाता।

टके दी रन, ते आने दी जुलमाँ।
टके की लुगाई और आने की जोंकें। स्वयं तो टके की है, पर अपनी चिकित्सा के लिए आना खर्चना चाहती है।

टप पौंदे ताँ नै टप वेंदे, खड़ो वेंदे ताँ अड्ड तूं खड़ो वेंदे।
[अड्ड = खेत में पानी रोकने को डाली गई मट्टी]
फाँद पड़ता है तो नदी फाँद जाता है, खड़ा हो (रुक) जाता है तो मेंड से (पर) खड़ा हो जाता है।

ठड्ढा घड़ा आप कूं छाँ ते रखवेंदे।
ठण्डा घड़ा अपने को छाया में रखवाता है। गुणों की भाप से आप कदर होती है।

ठुल्ली वन्नी खावे खन्नी, पाए आखे मैंडी कोठी भन्नी।
पतली नार खावे चार, पाए आखे मैंडी सरफ़ेदार।
[वन्नी = दुलहिन। खन्नी = आधी। भन्नी = टूटी। सरफ़ेदार = किफ़ायतदार]
मोटी दुलहिन आधी (रोटी) खाये (तब भी) पति कहे मेरी कोठी (अन्न की) टूटी। पतली दुलहिन चार खायें, तब भी पति कहे मेरी (स्त्री) किफ़ायतदार है।

ठुल्ला सुत्र बगवाणी दा, न पेंदे दा न ताणी दा।
[बगवाणी = बागवान की स्त्री, पेटा = बाना]
मालिन का मोटा सूत, न बाने (के काम) का, न ताने (के काम) का।
मोटी अक्ल के आदमी पर अन्योक्ति।

डुई पारें ज़मदी ए।

दही पहरों में जमता है। कर्मों का फल देर से मिलता है।

डंडा पीर मुस्टंड्यां तरुड्यां नाड़यां दा।

डंडा मोटों मुस्टण्डों का (भी) पीर है। उन्हें भी सीधे रास्ते ले आता है।

डुण्डुम मोटे दा मोटा, न ला जाणे न ओटा।

[ला = लाग, प्रेम। ओटा = घटना]

ढीठ मोटे का मोटा है, न किसी से समवेदना करना जानता है न घटना (जानता है)।

डुंग ते पहोड़ी, मुहा रोटी तोड़ी,
लक्खीं ते करोड़ी मुहा रोटी तोड़ी।

[डुंग = लाठी, पहोड़ी = लकड़ी के डंडों की सीढ़ी।]

(जिस के पास केवल) लाठी और निसेनी (है उस का भी) लक्ष रोटी तक (है और जो) लखपति और करोड़पति (है उस का भी) लक्ष रोटी तक है।

डाचीं वी ते तोड़ा त्री।

[डाची = ऊँटनी, तोड़ा = ऊँट]

ऊँटनियाँ बीस और ऊँट तीस (बराबर हैं)।

डाढे कोल न डर, डाढे दी डुढाई कोलूं डर।

जबरदस्त से मत डर, जबरदस्त की जबरदस्ती से डर।

डाढे ते मैं फर न आवां, हीणे ते चढ़ लत्तां ड्वां।

[फर आवणा = काबू पाना]

जबरदस्त पर मेरा दाव न लगे, दुर्बल पर चढ़ (कर) लातों से दबाऊँ।

डाढे,दा सत्तां विग्रां सौ है।

जबरदस्त का सात बीसे सौ है।

ड्िंगी रोटी खाध्यें कोई ढिड ड्िंगा थींदे ?

टेढ़ी रोटी खाने से कोई पेट टेढ़ा होता है ?

डिट्ठे नईं सो मिट्ठे नईं।

(जब तक) देखे नहीं (तब तक) मीठे नहीं। देखने के साथ ही मीठे लगने लगते हैं—पति और पत्नी एक दूसरे को।

डित्ता गिद्दा भायां दा, काला कुत्ता सायां दा।

दिया लिया भाइयों का, काला देगचा साँईंयों का।

कुरूप बहू के माँ बाप बहुत कुछ देवें भी तो वह देन-दहेज तो शरीक-बिरादरी में बट जाता है। मालिकों के घर में तो वही रहती है।

दिराणिआं जिठाणिआं, रल बहिन तां करेन कहाणिआं, नई तां दड्डा दीआं विराणिआं।

[विराणिआं = वैरिनें]

दिरानियें जिठानियें मिल बैठें (मेल से रहें) तो कहानियाँ कहें, नहीं तो दाढ़ों की वैरिनें।

डिस्सण दे बगले विच्चूं मच्छीआं दे टरकाऊ।

दीखने के बगले अन्दर से मछलियों के हड़पने वाले। बगला भगत।

दीवा तां कौडी दा लाल ए।

दिया तो कौड़ी का लाल है।

दीं लत्था पलङ्ग निकल्या!

दिन ढला जनाज़ निकले!

दुपहर तत्ता गुड्डूं धत्ता।

दोपहर तपा गधा मचला।

सुबह ठण्डे वक्त न आ कर दोपहर आने वाले पर आक्षेप।

दू ते दू ? चार रोटीआँ।

दो और दो चार रोटियाँ।

दू घरां दा मिहमान भुक्खा रांहे।

दो घरों का मेहमान भूखा रहता है।

दू भाण्डे खड़कदे आएन।

दो बर्तन टकराते आये हैं।

दू रन्नां त्रीभा धन्नां।

[धन्नां = आदमी का नाम, धनपत का संक्षेप]

दो स्त्रियाँ तीसरा धन्ना।

स्त्रियों के बीच में कोई मर्द बैठे वाले तो उस पर यह व्यंग्य चलता है।

दे के पिनणी, नां रखाई पिनणी।

[पिन्नण = भीख माँगना]

दे कर लेने वाली (का) नाम रक्खूं मंगती।

दैण मोई दुद्द सट मोई।

डाइन मरी दाँव फेंक मरी।

डोंडर कां, डोडर कां, पाए दा खट्या पिउ दा नां।
[डोडर कां = पहाड़ी कौवा—यहाँ ये शब्द केवल तुकबन्दी के लिए हैं]
डोडर कौवा डोडर कौवा, पति की कमाई बाप का नाम।

डूमां घर विआ, जीवें आवी उवें गां।
डोमों के घर ब्याह (है) जैसा आए वैसा गाओ।

डौरे अग्गूं गाविए, अन्धे अग्गूं नच्चिए।
बहरे के आगे गाया जाय, अन्धे के आगे नाचा जाय (तो क्या लाभ)?

डुड्डी दित्ता बुरड़ी खाया।
[डुड्डी = एक धूर्त स्त्री, बरड़ी = उसी नमूने की दूसरी]
डुड्डा ने दिया, बरड़ी ने खाया। चुपचाप दिया गया, जिस से कुछ यश नहीं हुआ।

तलवार दा फट मिल वैंदे, ज़बान दा फट नईं मिलदा।
तलवार का घाव मिल (भर) जाता है, ज़बान का घाव नहीं भरता।

तलवार सामणें आव, सींण सामणें न आवे।
[सींण = समधी]
तलवार सामने आवे, समधी सामने न आवे।

ताड़ी हमेशां दुहत्थेंड़ वजदी हे।
ताली हमेशा दो हाथों से बजती है।

तुरत दान महा पुन्न।
[पुन्न = पुण्य]
तुसाडे पीठे दा कोई छाणन हे?
आप के पीसे का कोई छानना है? आप के काम में संशोधन की आवश्यकता नहीं।

तूं आपणी भरी निवेड़।
तू अपनी भरी निपटा। (दूसरे की बात में व्यर्थ दखल मत दे)।

तूं कौन? मैं खामखा।
तू कौन? मैं ख्वाहमख्वाह!—दाल भात में मूसलचन्द।

तूं न जाणा मैंहूं, तां मैं थुकां तैंहूं।
तू मुझे न जान (मेरी परवाह न कर) तो मैं तुझे (तुम पर) थूकूं।

नरांवाली ने सारां रमा, अन्दर मार ग्रुसा परदुसी; बाहर वन्न कोई वी न टूसी।
बरह चालां वाली चोर चारह भग (भगा) वाली (अत्यन्त चालाक है) अन्दर परदमा मार बैठेगी, बाहर किसी का पता न लगा।

तैरवी ह ता मेंदरा ह, मेंरदी कू हथ न ला।
तरी है ता मरी है, मरी का हाथ न लगा।

तेरा मेंरा जाइ, मेंडे कार न हाथी गर।
तेरा मेंरा नजाड़, मेंर_ कार त सुर न पाइ।
तरी मरी बनी है (ता) मरा छत पर हाथी चला।
तरी मरा अनबन है (ता) मरा छत पर सुइ मत गाड़।

थुक्क सर्ट क निगलींदा ह ?
थूक फेंक कर निगली जाती है ?

थाड़ा थ ड़ा कन्ने निकम्मा मूल न बन्ने।
थाड़ा थोड़ा काम, पर निकम्मा हर्गिज न रहे।

न्प डिग्राती ते नित्त विसाखी।
प्राय धन है ता नित वैशाखी (है)। वैशाखी या वैशाख-संक्रान्ति पंजाब का मब म बड़ा त्यौहार है, यह नववर्षारम्भ का दिन होता है।

न्लि विच होवा सच्च, गली न नगी थी क नच्च।
(हर) दिल म होवे सचाइ ता (भले ही) गली में नंगी हो कर नाच।

न्ल्ली न लड्डू जरा खाव, पछताव, जरा न खावे ओ वी पछतावे।
दिल्ली क लड्डू जा खाए पछताए जा न खावे सा भा पछताय।

दुनिआँ रग-बरंगी राइ राजा त काइ भगा।
दुनिया रग बिरगा काई राजा ता काई भगा।

दिखाण कन्ड वलाइ, चप्पर उकावड़ आइ।
बढइ न पीठ फरी, चिप्पड़ उखड़ आइ।

धन करेंदा कम्म, काला रात कूं।
धन काला (अँधियारी) रात म भी काम कर देता है।

धाता किराड़, भुक्खा भिघाड़।
नहाया किराड, भूखा बघेला (सा होता है)—हिन्दू को नहाने के बाद बड़ा भूख लगती है।

धिए डी मैं तेक़ आखां, नुए डी तू कन्न धर।
अरी बेटी मैं तुझ कहूँ, अरी पतोहू तूँ कान कर। एक का लक्ष्य कर दूसरे से बात कहना।

धी उसरी भीण विसरी।
[उसरी=चढ़ी हुई]
लड़का बड़ा हुई, बहन बिसर गई।

धी दा देण, कुन्नें दा ल्प, कड़ाईं पूरा नईं थींदा।
बेटी का देन, देगची का लेप (मट्टी का), कभी पूरा नहीं होता।

धी निवी आई, खा घिन, नू निवी आई हडा घिन,
[हडावण=किसी चीज़ का विशेष कर कपड़े गहने का प्रयोग कर के घिसाना]
बेटी नहीं आई तो खा ले, पतोहू नहीं आई तो पहन ओढ़।

धी वन्धण्यें मां संभण्यें।
[व धणा—लम्बा सा कपड़ा जिस से बन्नू दराजात के इलाके में गोद के बच्चे को बांध कर सुलाते हैं कहते हैं इस से बच्चा ठोस और मज़बूत होता है। संभण=संचय करना]।

बेटी गोद में, माँ (दहेज के कपड़े लत्ते) जमा करने में। बेटी के पैदे होते ही माँ को उस के दहेज की फ़िक्र करनी पड़ती है।

धीरीं आया कत्त के, मा ठरी वे लोको ठरी।
धीरीं मगन घग्घरिया, मा सड़ी वे लोको सड़ी।
[वे लोको—अरे लोगो]
बेटियां कात के आईं तो मां (की छाती) ठंडी हो गई बेटियाँ घाघरियाँ माँगें तो मां जल भुन गई।

धीरीं मग्या कईं नईं, लभ्याँ दर कईं हेन।
बेटियाँ माँगीं किसी ने नहीं, पाईं हरेक ने हैं।

धी लाधी ह मा दी डित्त।
बेटी मां बाप की देन पाती है। मां बाप सम्बन्धियों मित्रों की बेटियों को जैसे जैसे देते हैं वैसे वैसे ही बेटियों को उन लोगों से मिलता है।

धोबी दा कुत्ता न घर दा न घाट दा।
धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का।

धाव्या दे घर पए चोर, आ न मुट्ठे मुट्ठे होर।
[मुट्ठे=मुषित]
धोबियों के घर चोर पड़े, (तो) उन का कुछ नुकसान नहीं हुआ, दूसरों का नुकसान हुआ।

धुक धुक मोई, पेक्ये न अपड़ी।
दौड़ दौड़ मरी, मायके न पहुँची।

न काबल दी खट्टी, न चौके दी मीन।
[मीन = मितव्यय]
न काबुल की कमाई, न चौके का मितव्यय। काबुल की कमाई से उतनी बचत नहीं हो सकती, जितनी रसोई की किफ़ायत से।

न चोहण दी न दोहण दी।
न मार कर मांस बनाने लायक, न दुहने लायक। किसी काम की नहीं।

नक-कन्न-कप्प्या, ते शरम साईं रक्खा।
नाक-कान-कटा हुआ, और लाज भगवान् ने रखी। बिलकुल निर्लज्ज।

नक न नासां, पलंगां ते चढ़ बासां।
नाक है न नथुने हैं, पलंगों पर चढ़ बैठूंगी। अत्यन्त कुरूप होते हुए भी शाही ठाठों में रहती है।

नंगी धासी, के निचड़ेसी ?
नंगी नहायगी, क्या निचोड़ेगी ? जिस के पास कुछ न हो, वह किसी को देगा कहाँ से ?

नचदी टपदी रह गई, काई भुल बन्दी कूं पै गई।
[बन्दी = बन्दा का स्त्रीलिङ्ग]
नाचती कूदती रह गई, बन्दी को कोई भूल पड़ गई। सब तैयारियाँ यों ही पड़ी रह गईं।

नच्च न जाणां, वेड़े दोः।
नाच न जानूं आँगन को दोष।

न ठड्हे सुख, न तत्ते सुख।
न ठंडे में सुख, न गरम में सुख।

नदी-नाव-संजोगां दे मेले होंदे न।
नदी-नाव-संयोगों के (की तरह) मेल होते हैं।

न परन्ये हासें न जंञ ढुक्ये हासें।
[जंञ = बरात, जंञ ढुकणा = बरात ले आना]
न (हम) ब्याहे थे न बरात ले गए थे। हमारे लिए यह बात अपूर्व है।

नवीं कुड़ी, नऊँ दिहाड़े।
नयी दुलहिन, नौ दिन (तक)।

न सराः न सराः, मतां निंदावणी पेवी ।
मत सराह मत सराह, ऐसा न हो कि (फिर) निन्दा करनी पड़े ।

नानी मुणस कीता, चट्टी ड़ोत्र्यां कू पई ।
[मुणस = मनुष्य, जार]
नानी ने (दूसरा) मर्द किया, घाटा दोहतों को पड़ा । ननमाल से मिलना बन्द हो गया ।

नाले ड़ू ड़ू नाले चोपड़्यां ।
साथ ही दो दो साथ ही चुपड़ी हुईं ।—चुपड़ी और दो दो ।—अनुचित माँग ।

नां-चड़्या वपारी खट्ट खावे, नां-चड़्या चोर फाए ड़िच्चे ।
[नां = नाम, नां-चड़्या = नामी]
नामी व्यापारी कमा खावे, नामी चोर फाँसी चढ़े ।

नां तेड़ा घिरां मेड़ा ।
नाम तेरा, ग्रास मेरा । खायें एक, नाम दूसरे का लगे ।

निरम्मा किराड़ ते वहिआं फोले ।
निकम्मा किराड़ वहियाँ उलटता पलटता है ।

निकलदे दे घरूं बोरा, ते वड़दे दे घर भेरा ।
[भेरा = छोटा सा टुकड़ा]
निकलते के घर से बोरा, और घुसते के घर टुकड़ा । बाँटने वाले के घर से बोरा निकला, पाने वाले को टुकड़ा मिला । बहुत आदमियों में बाटे तो ढेरों चीज थोड़ी थोड़ी आएगी ।

निका निका कम्म, त्रुट मोई रन्न ।
छोटा छोटा काम, लुगाई टूट मरी । फुटकर काम छोटा छोटा भी जान ले लेता है ।

निमाज़ां वख्शावण गई हाई, रोज़े गल पा आई ।
[बख्शावण = माफ़ करवाना]
निमाजें छुड़वाने गई थी, रोजे गले डलवा आई ।

निपन खोटी वहाने ढेर ।
स्पष्ट ।

नीम हकीम खतरा जान, नीम मुल्लां खतरा इमान ।
[मुल्लां = मुल्ला, इमान = ईमान]
स्पष्ट ।

नूरपुर दीयां गाईं, उहो चोर ते उहो साईं।
[नूरपुर = काँगड़ा जिले में एक बस्ती, अथवा से कोई भी अन्य स्थान]
नूरपुर की गौएँ, वही चोर और वही साईं। नूरपुर में चोर और मालिक का फ़र्क नहीं होता—बड़े बड़े आदमी भी चोरी करते हैं।

नेकी बरबाद, गुनां बाकी।
नेकी बरबाद, गुनाह बाकी। किसी का जो भला करोगे उसे वह भुला देगा, जो बुरा करोगे याद रक्खेगा।

पक्खा लैके अन्दर वड़िए, सफ़ाई लैके बूहे निकलिए।
(असौज कातिक में रात को सोने के लिए) पंखा ले कर अन्दर घुसिए, (चैत बैसाख में) रजाई ले कर बाहर निकलिए। असौज कातिक में ओस में सोना बहुत बुरा है, चैत-बैसाख में अन्दर की बन्द हवा में सोना बुरा है।

पंचां दा आख्या सिर मत्थे, परनाला उथाईं दा उथाईं।
पंचों का कहा सिर माथे, पनाला वहीं का वहीं। मुँह से तो मान लेना, अमल में न लाना।

पट्या पहाड़ निकल्या चूहा, उह्वी ई मोया होया।
खोदा पहाड़ निकला चूहा, वह भी मरा हुआ।

पहूल नूं चड्डी, खोसल नूं मन्दी।
[खोसल — चरखा कातते समय तार तोड़ तोड़ फेंकने वाली]
पादन वाली बहू भली, पर खोसल (सूत बिगाड़ने वाली) बहुबुरी।
बूढ़ी औरतों की दृष्टि में कातते समय रूई की रत्ती भी न खराब होनी चाहिए।

पढ़न वाले दा टोपा, सुणन वाले दी पाई;
ढेरी उन्हां दी जिन्हां तन नाल लाई।
[टोपा = मापने का एक बर्तन जिस में प्रायः चार सेर अनाज समाता है, पाई = १६ सेर अनाज का बर्तन]
पढ़ने वाले का टोपा, सुनने वाले की पाई, ढेरी उन की जिन्हों ने चित्त में लगाई। सुनने वाले को पढ़ने वाले से चौगुना फल मिलता है और अमल करने वाले को उस से भी कई गुना।

परदेस दी सारी नालों घर दी अद्धी चड्डी है।
परदेस की सारी (साबुत) से घर की आधी अच्छी है।

पर पैया जट्ट, बैठा कबर पट्ट।
पार माल जाट मरा, (और अब उस का तू साथी) कब्र खोद बैठा। मुद्दतों की बीती बात ढूंढता है।

पराई आस कुत्ते दी वास।
पराई आशा तो देगची की बास (भाप) है (जिस से पेट नहीं भरता)।

पराई मझ दा चड्डा वड्डा डिसदे।
[चड्डा=थनों का ऊपरला भाग जिस में दूध भरा रहता है]
पराई भैंस का चड्डा बड़ा दीखता है।

पराया गाणां पा, ते अद्धा हाल वजा।
पराया गहना पहन, तो आधा हाल गँवा।—खोने टूटने का अँदेसा बराबर लगा रहता है जो कि आधा खो देने के बराबर है।

पराया मोया ते डैणीं खाधा।
पराया मरा तो डाँइनों ने खाया।—हमें क्या?

पराये घर उठ मोया नईं लभदा।
पराये घर मरा ऊँट भी नहीं मिलता।—क्योंकि अपने घर की तरह वहाँ स्वतन्त्रता से खोजा नहीं जा सकता।

पहूँ दे रो: सुहावणे लगदेन।
[रो=पहाड़]
दूर के पहाड़ सुहावन लगते हैं।

पहाज मक्खण दी ई नईं सिवींदी।
[पहाज=सौत, सिवींदी=सही जाती]
सौत मक्खन की (बनी हो तो) भी नहीं सही जाती।

पाए आवणीं पुत्र जावणां दी हिक्को मन पकेसां।
[जावणाँ=पैदा होना, मन=मीठा मोटा रोट जो उत्सवों पर पकाया जाता है और त्योहारों, उत्सवों पर खाया जाता है]
पति आने और पुत्र पैदा होने का एक ही मन पकाऊँगी।

पाणी हमेशां झिक्की झा खड़ींदे।
पानी हमेशा नीची जगह ठहरता है।

पिउ तोल मैं अमी नाई, डाडे दा गुड़ खा के।
तमाशा डेखण मैं गई पडडाडा कुच्छड़ चा के।
बाप से मैं पहले जन्मी, दादा का गुड़ खा कर।
तमाशा देखने मैं गई, परदादा बगल में उठा कर। छोटे मुँह बड़ी बात।

पुछदा कावल ते कन्धार वञ वड़दे।
पूछता पूछता काबुल और कन्धार जा पहुँचता है।

पुत्र कपुत्र तां क्या धन जोड़े? पुत्र सपुत्र तां क्या धन लोड़े?
पूत कपूत है तो काहे धन जोड़े? पूत सुपूत है तो धन काहे चाहिए?

पुत्र कपुत्र ग्न्धण्यों सुञापदेन।
पूत कपूत बन्धणे में (शैशव में) पहिचाने जाते हैं।

पुत्रां पोतें पोत्रे वध वेंदेन।
पुत्रों से पोते बढ़ जाते हैं। मूल से ब्याज बढ़ जाता है।

पेकी भुक्ख इचूं धी निक्ल वेंदी ए, सावरी भुक्ख इचूं नहीं निक्लदी।
[भुक्ख=ग़रीबी, सावरी=ससुराल की]
बेटी मायके की ग़रीबी में से निकल जाती है, (पर) ससुराल की ग़रीबी में से नहीं निकल सकती।

पेके न सावरे बुड़ मोई नानावरे।
न मायके न ससुराल, डूब मरी ननियालससुराल। न इधर के रहे, न उधर के रहे।

पेट ई आपणा ए ते कत्त ई आपणा ए।
पेट भी अपना है और छुरी भी अपनी है। अमुक का चरित्र तो निन्द्य है, पर क्या करें अपना ही आदमी है।

पेट न पिआं रोटिआं ते सब्भे गल्लां खोटिआं;
पेट न पिआ ताम ते याद न आया राम।
[ताम=खाने की ठोस चीज़]
पेट न पड़ी रोटियाँ, तो सभी बातें खोटी।
पेट न पड़ा खाना, तो याद न आया राम।

पेरा दे बेर हेंदेन।
पैरों के बेर होते हैं। परिश्रम से मीठा फल मिलता है।

पैला सुआ, तां क्या हुआ ? दूजा सुआ भिट्टी दी न्याईं।
[भिट्टना=अशुचि होना, छूने लायक न रहना; भिट्टी=मासिक-धर्म]
पहला प्रसव, तो क्या हुआ ? दूसरा प्रसव मासिक धर्म की न्याईं। स्वस्थ स्त्री को पहले प्रसव को तो कुछ अनुभव ही न करना चाहिए और दूसरे का भी कष्ट मासिक धर्म से अधिक न मानना चाहिए।

पैलों की पिच्छली नहीं मिलदी।
पहली को बाद की नहीं मिलती। पीछे अपनाई हुई दुलहिन अथवा नौकर चाकर पहले वाले की बराबरी नहीं कर सकता।

पैले डीं मिज़मान, डूजे डीं बईमान।
पहले दिन मेहमान दूसरे दिन बेइमान। अधिक दिन मेहमान न बने रहना चाहिए।

पैसा डित्ता रोक, खल्ला मारया ठोक।
पैसा नकद दिया और जूता ठोक मारा। नकद दाम देने वाला माल ठोक-बजा कर ले सकता है।

फ़ज्जर गई निमाशां आई।
सवेरे गई सन्ध्या (की) आई।

फुल दी बो कशवो बाग़ तोड़ो वैसी, वन्दे दी नेकी बदी दिल्ली कश्मीर तोड़ी वैसी।
फूल की दुर्गन्धि सुगन्धि बाग तक जाएगी, आदमी की नेकी बदी दिल्ली कश्मीर तक जायगी।

फुल नाई डेंदी मांगवां, ते डित्ता बाग़ लुटा।
[मांगवां = उधार मांगा गया]
उधार माँगा फूल नहीं देती थी, और बाग लुटा दिया। जीते जी रत्ती भर चीज़ किसी को न दी, मरने पर सर्वस्व दूसरों के हाथ चला गया।

बुउं गुलामी जुग्गा चौड़।
बहुत (बहुतों की) गुलामी में घर चौपट। जहाँ बहुतों के हाथ में प्रबन्ध हो वहाँ व्यवस्था नहीं रहती।

बुउं पिआर ते बुउं ख़ुआर।
बहुत प्यार तो बहुत ख़्वार (बिगाड़)।

बुकरी खीर डेसी मेंगणे घत के।
बकरी दूध देगी मेंगनियाँ डाल के। काम कर भी दिया तो बहुत कहने सुनने पर और बुरे ढंग से।

बख़्त छित्ता कुत्ता है, जैंदे पिछूं लग वंजे।
भाग्य पागल कुत्ता है, जिस के पीछे पड़ जाए।

बग्गे मूल न थींदे काले, भांवें मल बावेन मुकाले।
गोरे हर्गिज़ काले नहीं होते, भले ही मुँह पर कालख मल बैठें।

बणी बणाई, ते बुध उत्था आई।
बनी बनाई, और बुद्धि वहीं आई। जो होनहार होता है वैसी ही अक्ल हो जाती है।

बत्ती चुए खा, ते राणी हज्ज कू चली!
बत्तीस चूहे खा कर रानी हज को चली है!

बत्ती डन्द नईं बत्ती कात्यां हेन।
बत्तीस दाँत नहीं हैं बत्तीस छुरियाँ हैं। सोच समझ कर मुँह खोलना चाहिए।

बन्दा मुक वैंदे, धन्धा नईं मुकदा।
बन्दा ख़तम हो जाता है, धन्दा ख़तम नहीं होता।

बन्दे दे पिच्छे बन्दा, बन्दे दा अक्कल अन्धा।
बन्द के पाछे बन्दा, बन्द का अकल अन्धा। किसी आदमी के पीछे सब लोग पड़ जाँय—सभी उसे बुरा कहने लगें—तो वह घबरा कर अन्धा सा हो जाता है।

बाल गमगाल होंदेन।
बच्चे गम टालने वाले होते हैं।

बाल हथ दी वडछी होंदेन।
बच्चे हाथ की कड़छी होते हैं। बच्चों से काम काज में बहुत कुछ सहायता मिल सकती है।

बाला दा कम अमूगडा होंदा।
[अमूगड़ा—मुफ्त का]
बच्चों का काम मुफ्त का होता है।

बावा टल, पकी पकाई घल।
[बावा टल=एक पंजाबी सन्त जिन के नाम का लंगर अमृतसर के गुरुद्वारे में है]
हे बावा टल, पकी पकाई भेज। जो आदमी चाहे कि मेहनत कुछ न करना पड़े और काम तैयार मिल जाए उस पर व्यंग्य।

बिल्ली कुत्ता खाय, मनुक्खा अर्थ न आवे।
बिल्ली कुत्ता खा जाय पर मनुष्यों के काम न आवे। जहाँ अव्यवस्था से नाश जाता हो, उस पर उक्ति।

बिल्ली कू खाब छिछड़या दा।
बिल्ली को छीछड़ों का ख्वाब। अपने मतलब की बात का ही ध्यान रखना।

बिल्ली शीह पढाया, शीह बिल्ली कू खावण आया।
बिल्ली ने सिंह पढाया, सिंह बिल्ली को खाने आया। गुरुद्रोह।

बिशर्मी या दूर बलाईं।
बेशर्मों की बलायें दूर (हो जाती हैं)। एकां लज्जां परित्यज्य त्रिलोक विजयी भवत्।

बुड्ढा घिउ पीवे, त जुआन न थीवे।
बूढ़ा घी पीवे, तो (भी) जवान न होवे।

बुद्धू दी नू, सुँन द पासे मू।
[बुद्धू=किसी का नाम। सुन=शून्य]
बुद्धू की पतोहू, उजाड़ जंगल की ओर मुँह। आदमियों से मिलना जुलना पसंद न करने वाले पर अन्योक्ति।

बूटे बूटे लग्गी भा, मैं निम्मीं लाई, लाई एई खुदा।

बूटे बूटे लगी आग, मैंने नहीं लगाई, खुदा ने लगाई है। बुराई कर के कहना कि परमात्मा की करनी है।

बेड़ी डिठ्ठे पेर डिंगे होंदेन।

नाव देख कर पैर टेढे पड़ते हैं। वाहन सामने रहने पर पैदल नहीं चला जाता।

बैर सुणींदा लक्ख दा, अन्दर त्रै पा अट्टा पकदा।

बाहर लाख का सुना जाता (है), अन्दर तीन पाव आटा पकता है।

भट्ट भठ्यारी भाटिआ, त्रइये कुपत्ती ज़ात।

भाट भटियारी भाटिया, तीनों बुरी जात हैं।

भट्ठ सूनां जेरा कंन ग्रोड़े, भट्ठ मूरखे जेरा रंन छोड़े।

धिक्कार उस सोने को जो कान तोड़े, धिक्कार उस मूर्ख को जो बहू छोड़े।

भाजी दी भाजी, ते कीं मुथाजी ?

भाजी (के बदले) की भाजी, तो क्या मुहताजी ?

भा दी सड़ी, टिंडाणें कोल डरी।

आग की जली, जुगनू से डरी।

भांदे दा मंहूं सभ्भो कुछ भांदा, न भांदे दा कुझ न भांदा।

भाने वाले का मुझे सब कुछ भाता (है), न भाने वाले का कुछ नहीं भाता।

भावें आपणी कन्ध ढै पोवे, तां वी पराई मंझ ज़रूर मरे।

भले ही अपनी दीवार गिर पड़े, तो भी पराई भैंस ज़रूर मरे।

भिण्ड्यां तूर्यां, कदें न कीत्यां पूर्यां।

*[भिण्डी तूरी = भिण्डी]*

भिण्डियां किसी ने पूरी न कीं। भिण्डी की तरकारी से कभी पूरा नहीं पडता, क्योंकि वह बहुत सूख जाती है।

भैंण दे घर भाई, ओ वी कुत्ता, सौरे घर जंवाई ओ वी कुत्ता।

बहन के घर भाई वह भी कुत्ता, ससुर के घर जमाई वह भी कुत्ता।

भुख सुख है।

भूख सुख है। भूख लगना स्वास्थ्य की निशानी है।

भुन्ना तां रुन्ना होंदे।

भुरता तो रोया (हुआ) होता है। सिकुड़ जाने के कारण बहुत थोड़ा बनता है।

भैड़ा जी न धुप्प सादे न सी।

जी बुरा (है) न धूप सहता है न शीत। किसी अवस्था में सन्तुष्ट नहीं रहता।

मेंढे दी पनशाई, मंगी मीं ते पुल्ले छाई।
[मीं = मेंह]
वुरे की बादशाही, माँगो मेंह तो चल पड़ता है अन्धड़।

मक्खन खाँवें कुई दे दुन्द घसदेन ?
मक्खन खाते किसी के दाँत घिसते हैं ?

मक्खणां दी पल्ली, टुकरां दी गल्ली।
मक्खनों पर पली, (रोटी के) टुकड़ों से दुबला गई।

मक्खी ख्वाध्यें नां मरे, ते मलमला मर जा।
मक्खी खाने से नहीं मरता, पर (उस की) मतली (से) मर जाता है। वहम बुरी चीज़ है।

मखट्टू पुत्र ते खोटा पैसा, औखे वेले कम आंदेन।
निखट्टू बेटा और खोटा पैसा, कठिन समय काम आते हैं।

मच्छी मंदे पूंगड़े, जमदों पए तरेन।
[मंदे = संग-दे, साथ के; पूंगड़ा = जानवर का बच्चा]
मछली के बच्चे पैदा होते ही तैर रहे होते हैं।

मत्तीं डुदी बिआं कूं, ते लुड़दी वैंदी आप।
मत देती है दूसरों को, और आप बहती जाती है।
मत्तीं डेवेन भीण भाई, मन कू न लग्गे काई।
सीख देवें बहन भाई, (पर) मन को कुछ नहीं लगता। किसी भी हितैषी के उपदेश का असर नहीं होता।

मत्रेई, अल्ला मरेई ! पावे मेंडे लिक्खी;
पेड़ा घड़ें फोली जेडा ताड़ी मारें तिक्खी;
पावे कू जो आंदा डेखें टिक्की डेवें तिक्खी।
[फोली = करीब पैसे जितना लकड़ी का एक गोल छोटा सा टुकड़ा]
हे सौतेली माँ, तुझ पर ईश्वर की मार पड़े ! तू मेरे बाप की लिखी है (मेरे बाप ने तुझे मेरे भाग्य में लिख दिया है), तू फोली जितना पेड़ा बनाती है, पर तीग्गी (ज़ोर की) ताली बजाती है (पेड़ा ज़ोर से थपकाती है जिस से मालूम हो कि भारी रोटी बना रही है)। बाप को जो (तू) आता देखे तो रोटी बड़ी जल्दी देती है (ताकि छोटी रोटी बना के देने की बात बाप को मालूम न हो)।

मनभवन्दा खाइये ते जग-भवन्दा हंढाइये।
मन-भाता खाइये और जग-भाता पहरिये ओढ़िये।

मन मंगे पतशाइया, मैं क्त्थूँ नित्त कढ़ां ?
मन माँगता है बादशाहियां, मैं कहाँ से नित नित निकालूँ ?

मन हरामी ते हुज्जतां ढेर ।
मन हरामी है तो हुज्जतें बहुत हैं ।

ममणां ममणां, हिक खा ने बिग्रा समणां ।
[ममणां ममणां—निरर्थक तुकबन्दी] ।
एक खाना और दूसरा सोना ।

मम्मोदाणां, कुज्भ न जाणां ।
(मैं तो) भोली-भाली (हूँ) कुछ नहीं जानती । अनजानपन का ढोंग करने वाले पर उक्ति ।

मर न जी, हलाक पई थीं ।
[हलाक = अत्यन्त दुःखी]
न मर (और) न जी, अत्यन्त दुःखी होती रह । जिस आदमी को न मरने दिया जाय न जीने दिया जाए—काम करने की स्वतंत्रता भी न दी जाय और काम के लिए जिम्मेदार भी ठहराया जाय—वह अत्यन्त दुःखी रहता है ।

मरन्यों मुंग, ते परन्यों सीरा ।
[सीरा = हलुग्रा]
मरने से मूँग और शादी से हलुग्रा । किसी के मरने पर सिर्फ मूँग ले लेने से मतलब, और किसी की शादी पर सिर्फ हलुए से ।

मर्द दी पुट्ठ गुड़ दी है ने मूं लोहे दा ।
मर्द की पीठ गुड़ की है और मुँह लोहे का ।—पुरुष मुँह से कड़ुए पर अन्दर से हितैषी होते हैं ।

मर्दां दा खट्या खा, डिट्ठा न खा ।
मर्दों का कमाया खा, (पर) देखा न खा । स्त्री को पुरुष की कमाई खर्चने को मिलनी चाहिए पर खर्च का हिसाब उस से न माँगा जाना चाहिए ।

मर्दां दी पट्ट दी गंढ होंदी है ।
मर्दों की रेशम की गाँठ होती है । मर्द अपने दिल में पक्की गाँठ बाँधते हैं ।

मलूक बणन सावला ते गड्डूर बणन ग्रावला ।
आराम-तलब बनना सहल (है) और मोटे रहन-सहन वाला बनना कठिन है ।

मांह् सिम्राला आएह्रा दर दर बलयां भाईं । हर कईं दा अन्त लधोमें कोई कईं दा नाईं ।
[मांह = मास, लधोमें = हम न पाया]
जाड़े का मास आया, दर दर आग जलती है। हर एक का अन्त पाया, कोई किसी का नहीं।

मा कढ्‌दे धी खावे, घर दी बला घर इच राहे।
माँ निकाले (दान का सङ्कल्प करे) बेटी खावे, घर की बला घर में रहे।

मा कोल्हूं धी सिम्राणी, रिद्धे-पक्के पाए पाणीं।
माँ से बेटी सयानी, रँधे-पके में पानी डाले।—है तो ऐसी लायक कि रँधे-पके में पानी डाल देती है और बनती है माँ से भी सयानी।

मा जणेंदी सत पुत, बख्त न देंदी वंड।
माँ सात बेटे पैदा करती है, पर भाग्य नहीं बाँट देती।

मा जिहीं मासी, कन्ध पेरे ते आसी।
[कन्ध = स्कन्ध, दीवार]
माँ जैसी मौसी, दीवार नींव के अनुसार आएगी।

माजू दी मन्याणी, रातीं परनी डिहां चुधरयाणी।
दुहाजू की दूसरी बहू, रात को ब्याही दिन को चौधराइन।

माणक मोती नैं वहें, मिले पिरारबध।
[नैं = नदी]
नदी में माणक मोती बहते हैं पर मिलती है प्रारब्ध।

मा दा हां पट्ट, ते बाल दा हां भट्ट।
माँ का जी रेशम, पर सन्तान के जी को धिक्कार।

मा दे लेखे पुत्र वड्डा पिया थींदे, ईं न जाणे डीं पए खुट्टदेन।
माँ की समझ में बेटा बड़ा हो रहा है, यह नहीं जानती कि दिन (उम्र के) घट रहे हैं।—ज्यों ज्यों दिन बीतते हैं जीवन-काल घटता जाता है।

मा धी आपो आप, भुआ भत्रीजी हिक्को साथ।
[आपो आप = अपनी अपनी जगह पर]
माँ बेटी अलग अलग (होती हैं), पर बुआ भतीजी एक ही साथ की।—बुआ भतीजी का रूप स्वभाव आदि बहुत बार एक-सा होता है।

मा धी न करे, धी हंग हंग घघरे भरे।
माँ (तो उसे) बेटी नहीं बनाती, (पर) बेटी हग हग (माँ के) लहँगे भरे। एक पक्ष की नितान्त उपेक्षा, दूसरे पक्ष का स्नेहाधिक्य।

मा न पावे गाखड़ी, धी दी गिच्ची आकड़ी।
[गाखड़ी = इस्लो पर पकी मोटी रोटी]
माँ टिक्कड न पावे, (पर) बेटी की गर्दन अकडी हुई है।

मा न भैण, कौन करे वैण ?
[वैण = मरने का विलाप]
(न) माँ है न बहन, कौन विलाप करे ?

मा पिन्ने, पुत्र घोड़े घिन्ने !
माँ भीख माँगे, बेटा घोड़े लेवे (खरीदे) !

मा भठ्यारी पुत्र तिल्लेदारी !
[तिल्ला = कलाबत्तू, तिल्लेदारी = बढ़िया बढ़िया पोशाकें पहनने वाला]
माँ भटियारन बेटा राजकीय-वेषधारी !

माया जग् विरमाया है।
माया ने जगत् को भरमाया है।

मारण आले दा हथ नप्पा वैंदे, अलावण आले दा मूं नईं नप्पा वैंदा।
[नप्पण = पकड़ना, अलावण = बोलना]
मारने वाले का हाथ पकड़ा जाता है, (पर) बोलने वाले (बुरा भला कहने वाले) का मुँह नहीं पकड़ा (रोका) जाता।

मार न कुट्ट, आन्द्र च घुट्ट।
[आन्द्र = अन्तस्तल, प्राण]
(न) मार न पीट, और दम घोंट दे। मर्म-वेदना पहुँचाना।

मारे मा, न मारण ड्।
माँ (खुद भले ही) पीट ले, पीटने नहीं देती।

मिह्मान आया, भगवान आया।
मेहमान आया, (मानो) भगवान् आया।

मित्रां नाल करेंदे ठगिआं, थींदे जनम कसाई।
जो (मित्रों) के साथ ठगी करते हैं (अगले) जन्म (में) कसाई होते हैं।

मियां करे निक्का निक्का, बीबी ढेरे इक्को धिक्का।
मियाँ कर छोटा छोटा, बीबी दे (डाले) एक ही धक्का। मियाँ तो थोड़ा थोड़ा कर के जोड़ता है, बीबी उसे एक-बारगी उजाड़ डालती है।

मियां घर नईं, बीबी नूं डर नईं।
मियाँ घर नहीं, बीबी को डर नहीं।

मियां बीबी राजी तां की ए मुथाजी ?
मियाँ बीबी राजी तो (किसी दूसरे की) मोहताजी क्या है ?

मुही रन्न सवादां दी, तं रक्खे आइतवार।
